вспры́скивать (अपू०), **вспры́снуть** (पू०) १. छींटे मारना ; गीला करना ; в. бельё пе́ред гла́женьем लोहा करने से पहले कपड़ों पर पानी के छींटे देना ; २. (चिकि०) सुई लगाना ; इंजेक्शन देना ; ३. (के लिए) मद्यपान-उत्सव मनाना; в. но́вую шине́ль नये कोट की ख़ुशी में मद्यपान-उत्सव मनाना ।

вспу́гивать (अपू०), **вспугну́ть** (पू०) डराकर भगा देना ; вспугну́ть за́йца ख़रगोश को डराकर भगा देना ।

вспуха́ть (अपू०), **вспу́хнуть** (पू०) सूज जाना ।

вспу́чи||вать (अपू०), **вспу́чить** (पू०) फूलना ; живо́т —ло पेट फूल गया ।

вспыли́ть (पू०) भभक उठना ; (गुस्से से) आग-बबूला हो जाना ; भड़क उठना ।

вспы́льчив||ость (स्त्री०) तेज़मिज़ाज ; चिड़चिड़ापन ; क्रोध ; **—ый** (वि०) तेज़मिज़ाज का ; चिड़चिड़े स्वभाव का ; —ый челове́к तेज़मिज़ाज का आदमी ; क्रोधी मनुष्य ।

вспы́||хивать (अपू०), **вспы́хнуть** (पू०) १. (आग) भभक उठना ; भड़क उठना ; (युद्ध) छिड़ जाना ; вспы́хнул пожа́р आग भभक उठी ; २. लजाना ; (लज्जा से) मुँह लाल हो जाना; **—шка** (स्त्री०) आवेश ; —шка гне́ва क्रोधावेश ।

вспять (क्रि० वि०) पीछे को ; возврати́ться в. पीछे लौटना ।

встава́ние (नपुं०) खड़े होने की क्रिया ।

встава́ть (अपू०), **встать** (पू०) (वर्त० встаю́, встаёшь ; भवि० вста́ну, вста́нешь) १. खड़ा होना ; उठना ; встать на́ ноги (अपने) पाँव पर खड़ा होना ; вста́ть ! खड़े हो जाओ !; пора́ в. उठने का समय है ; २. (तारागण का) उदय होना ; ३. ठीक आ जाना ; стол вста́нет в э́тот у́гол मेज़ इस कोने में ठीक आ जायेगी ; ४. (प्रश्न का) उठना ; вопро́с не вста́л प्रश्न नहीं उठा ।

вста́вить दे० вставля́ть.

вста́вка (स्त्री०) १. जड़ने की क्रिया ; (चौखटा) लगाने की क्रिया ।

встав||ля́ть (अपू०), **вста́вить** (पू०) (भवि० вста́влю, вста́вишь) रखना ; जड़ना ; जोड़ देना ; в. карти́ну в ра́мку चित्र को चौखटे में जड़ना ; в. себе́ зу́бы (अपने) बनावटी दाँत लगवाना ; **—но́й** (वि०): —ны́е ра́мы खिड़की की दुहरी चौखट ; —ны́е зу́бы बनावटी दाँत ।

вста́вочка (स्त्री०) १. вста́вка का अल्प० ; २. होल्डर (लेखनी की डंडी) ।

встарину́ (क्रि० वि०) प्राचीन काल में ।

встарь = встарину́.

встать दे० встава́ть.

встрево́жить दे० трево́жить ; **—ся** (आत्म० पू०) चौंकना ।

встрёпанный (वि०) (बाल आदि) बिखरे हुए ; व्यस्तकेश ।

встрепену́ться (आत्म० पू०) (झुँझलाकर) सोकर उठना ; जागना ; (पक्षी का) पंख फड़फड़ाना ; (दिल का) धड़कना ।

встрёпк||а (स्त्री०) झाड़ ; फटकार ; зада́ть —у кому́-л. в. किसीको झाड़ पिलाना ; फटकारना ; २. आघात ; सदमा ; धक्का ।

встре́тить(ся) दे० встреча́ть(ся).

встре́ч||а (स्त्री०) १. मिलन; मिलाप; भेंट; स्वागत; ра́достная в. शुभ मिलन ; स्वागतम् ; при —е с кем-л. किसी से मिलने पर ; для —и э́того това́рища इस साथी के स्वागत के लिए ; २. (खेल में) मैच ।

встреча́ть (अपू०), **встре́тить** (पू०) (भवि० встре́чу, встре́тишь) १. मिलना ; भेंट करना ; в. отка́з जवाब मिलना ; २. स्वागत करना ; в. госте́й अतिथियों का स्वागत करना ; **—ся** (आत्म०) १. (-से) मिलना ; भेंट होना ;

२. встреча́ть का कर्मवाच्य।

встре́чн||ый (वि०): в. ве́тер प्रतिकूल वात ; सामने की हवा ; в. по́езд दूसरी ओर से आने-वाली गाड़ी ; —ое наступле́ние प्रत्याक्रमण।

встря́ска (स्त्री०) १. हिलाने/झटका देने की क्रिया ; २. झिड़की ; झाड़ ; फटकार ; дать —у кому́-л. किसीको झाड़ पिलाना।

встря́хивать (अपू०), **встряхну́ть** (पू०) १. झाड़ना ; в. пальто́ कोट झाड़ना ; २. मानसिक क्षोभ पैदा करना ; ३. हिचकोले खाना ; **—ся** (आत्म०) १. (पक्षी आदि का पंख फड़फड़ाकर) अपने आपको झाड़ना ; пти́чка встряхну́лась по́сле дождя́ वर्षा के बाद पक्षी ने पंख फड़फड़ाकर अपने ऊपर से पानी झाड़ लिया; २. चैतन्य होना ; ३. встря́хивать का कर्मवाच्य।

вступа́ть (अपू०), **вступи́ть** (पू०) (भवि० вступлю́, всту́пишь) १. प्रवेश करना ; शामिल होना ; в. в чле́ны सदस्य बनना ; २. आरम्भ करना ; (-में) पड़ना ; в. в спор बहस आरम्भ करना ; बहस में पड़ना ; в. в разгово́р बातचीत आरम्भ करना ; ☐ в. в де́йствие चालू होना ; в. в си́лу लागू होना ; в. во владе́ние क़ब्ज़ा लेना ; в. в брак विवाह करना ; в. в до́лжность पद ग्रहण करना ; **—ся** (आत्म०) १. (किसीकी) सहायता करना ; पक्ष में खड़ा होना ; दखल देना ; в. в чужо́й разгово́р दूसरों की बातचीत में दखल देना।

вступи́тельн||ый (वि०) प्रवेश- ; परिचयात्मक; в. экза́мен प्रवेश-परीक्षा ; в. взнос प्रवेश-शुल्क ; —ая статья́ परिचयात्मक लेख।

вступ||и́ть(ся) दे० вступа́ть(ся), **—ле́ние** (नपुं०) १. (में) प्रविष्टि ; प्रवेश ; दाखिला ; २. भूमिका ☐ —ле́ние на престо́л सिंहासनारोहण ; —ле́ние в до́лжность पद ग्रहण करना।

всу́е (क्रि० वि०) व्यर्थ।

всу́нуть दे० всо́вывать.

всухомя́тку (क्रि० वि०): пита́ться в. (ठंडे, सूखे) मेवे पर गुज़ारा करना।

всуча́ть (अपू०), **всучи́ть** (पू०) (धोखे से या ज़बर्दस्ती) किसीके मत्थे मढ़ देना ; они́ не зна́ли кому́ э́то всучи́ть वह नहीं जानते कि इसको किसके मत्थे मढ़ें।

всхли́пывание (नपुं०) सिसकियाँ लेने की क्रिया।

всхли́пывать (अपू०), **всхли́пнуть** (पू०) सिसकियाँ लेना।

всходи́ть (अपू०), **взойти́** (पू०) (वर्त० всхожу́, всхо́дишь ; भवि० взойду́, взойдёшь, भूत० взошёл) १. (ऊपर) चढ़ना ; в. на верши́ну शिखर पर चढ़ना ; २. (तारागण आदि का) उदय होना; ३. (बीज का) फूट निकलना।

всхо́ды (बहु०) अंकुर।

всхо́ж||ий (वि०) (खेतीबाड़ी-सम्बन्धी) उगने-योग्य ; —ие семена́ उगने-योग्य बीज।

всыпа́||ть (अपू०), **всы́пать** (पू०) (भवि० всы́плю, всы́пишь) १. (में) डाल देना ; в. пшени́цу в мешо́к गेहूँ बोरी में डाल देना ; २. मारना ; पीटना ; в дра́ке ему́ здо́рово —ли लड़ाई-झगड़े में उसको बहुत मार पड़ी (अर्थात् उसकी बुरी गत बनी)।

всю́ду (क्रि० वि०) सर्वत्र।

вся весь का स्त्री० रूप।

вся́к||ий (वि०) १. कोई ; प्रत्येक ; हर ; во —ое вре́мя किसी समय ; в. раз हर बार ; без —ого сомне́ния बिना किसी सन्देह के ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) प्रत्येक व्यक्ति; ३. कुछ ; —ое быва́ет कुछ भी हो सकता है ; सब-कुछ सम्भव है।

вся́||чески (क्रि० वि०) प्रत्येक सम्भव रीति से ; यथासम्भव ; в. стара́ться यथासम्भव प्रयत्न करना ; **—ческий** (वि०) हर प्रकार का ; —ческими спо́собами हर प्रकार से ; **—чина** (स्त्री०) вся́кая —чина फुटकर पदार्थ ; विभिन्न पदार्थों का समूह।

вта́йне (क्रि० वि०) गुप्त रीति से ; चोरी-छिपे।

вта́лкивать (अपू०), **втолка́ть** (पू०)

(-में) धकेल देना।

вта́птывать (अपू०), **втопта́ть** (पू०) (भवि० втопчу́, втóпчешь) (पाँव से) रौंद देना।

вта́скивать (अपू०), **втащи́ть** (पू०) (-में) घसीट लेना।

вта́чивать (अपू०), **втача́ть** (पू०) (-में) सी देना।

втащи́ть दे० вта́скивать.

втащи́ться (आत्म० पू०) अपने आपको बीच में घसीट लेना।

втека́ть (अपू०), **втечь** (पू०) (भवि० втеку́, втечёшь) (-में) बह आना।

втёмную (क्रि० वि०) बिना देखे; बिना सोचे-विचारे; अन्धे होकर; आँखें मूँदकर।

втемя́ши||ться (आत्म० अपू०) दिमाग़ में बैठ जाना; —лось ему́ (в го́лову), что он бо́лен उसके दिमाग़ में यह बात बैठ गयी कि वह बीमार है।

втере́ть(ся) दे० втира́ть(ся).

втечь दे० втека́ть.

втира́ние (नपुं०) १. रगड़ने या मालिश करने की क्रिया; २. लेप करने या मालिश करने की ओषधि।

втира́ть (अपू०), **втере́ть** (पू०) (भवि० вотру́, вотрёшь) रगड़ना; मलना; ☐ в. очки́ кому́-л. किसीकी आँखों में धूल झोंकना; **—ся** (आत्म०) १. घुस जाना; —ся в толпу́ भीड़ में घुस जाना; २. втира́ть का कर्मवाच्य।

вти́скивать (अपू०), **вти́снуть** (पू०) भींचना; **—ся** (आत्म०) १. भिंचना; भिंचकर बैठ जाना/खड़ा हो जाना; २. вти́скивать का कर्मवाच्य।

втихомо́лку (क्रि० वि०) चुपके से; चोरी-छिपे।

втиши́ (क्रि० वि०) १. शोर से दूर; жить в. शोर से दूर रहना; २. चुपके से; चोरी-छिपे।

втолкну́ть दे० вта́лкивать.

втолко́вывать (अपू०), **втолкова́ть** (पू०) (भवि०—ку́ю) समझाना; समझाने की कोशिश करना; в. что-л. кому́-л. किसीको कुछ समझाना।

втопта́ть दे० вта́птывать.

вто́ра (स्त्री०) (संगीत में) दूसरा स्वर।

вторга́ться (आत्म० अपू०), **вто́ргнуться** (आत्म० पू०) (किसी देश पर) आक्रमण करना; अनधिकार हस्तक्षेप करना; दखल देना; अतिक्रमण करना; в. в чужи́е дела́ किसी दूसरे के काम में दखल देना।

вторже́ние (नपुं०) आक्रमण; अतिक्रमण; अनधिकार हस्तक्षेप।

вто́рить (अपू०) दुहराना।

втори́чн||о (क्रि० वि०) दूसरी बार; दुबारा; **—ый** (वि०) १. दूसरी बार होनेवाला; दुहराया हुआ; २. गौण; दूसरे दर्जे का।

вто́рник (पुं०) मंगलवार; по —ам हर मंगलवार को।

второго́дник (पुं०) असफल विद्यार्थी।

второ́е: (नपुं०) (वि० रू०) (खाने का) दूसरा व्यंजन (कोर्स); (क्रि० वि०) दूसरे स्थान पर; दूसरे।

втор||о́й (वि०) १. दूसरा; в. час एक बज चुका है; —ое число́ (ме́сяца) (महीने की) दूसरी तारीख़; в. эта́ж दूसरी मंज़िल; в. но́мер नम्बर दो; २. (दो में से) पिछला।

второкла́сс||ник (पुं०), **—ница** (स्त्री०) दूसरी कक्षा का विद्यार्थी; **—ный** (वि०) दूसरी कक्षा का; दूसरे दर्जे का।

второпя́х (क्रि० वि०) जल्दबाज़ी में; भाग-दौड़ में।

второ||разря́дный (वि०) दूसरे दर्जे का; **—со́ртный** (वि०) द्वितीय कोटि का; घटिया।

второстепе́нный (वि०) दूसरे दर्जे का; मामूली।

вправ||ля́ть (अपू०), **втрави́ть** (पू०) (भवि० втравлю́, втра́вишь) (बुरे काम में) घसीट लेना; बुरी आदत डाल देना; прия́тели —и́ли его́ в пья́нство मित्रों ने उसे शराब पीने की बुरी आदत डाल दी।

в-тре́тьих (क्रि० वि०) तीसरे स्थान पर; तीसरे।

втри́дорога (क्रि० वि०) तिगुने दामों पर ; बहुत महँगा ; драть в. बहुत महँगे दाम लेना ।

втро́е (क्रि० वि०) तिगुना ; увели́чить в. तिगुना करना ; сложи́ть в. तीन तहें करना ; в. ме́ньше तीसरा भाग ।

втроём (क्रि० वि०) तीनों मिलकर ; तीनों ; они́ рабо́тали в. उन तीनों ने मिलकर काम किया ।

втройне́ (क्रि० वि०) तीन गुना अधिक ।

вту́лка (स्त्री०) १. (पहिये की) ब्रुश ; २. प्लग ।

вту́не (क्रि० वि०) व्यर्थ ।

втупи́к (पुं०); поста́вить кого́-л. в. किसीको चक्कर में डालना ।

втыка́ть (अपू०), **воткну́ть** (पू०) (कोई नुकीली चीज़) चुभोना; गाड़ना ; в. ко́л в. зе́млю भूमि में खूँटा गाड़ना ; в. иго́лку सुई चुभोना ।

втя́гивать (अपू०), **втяну́ть** (पू०) १. (-में) खींच लेना ; २. आकर्षित करना ; (-में) फँसा लेना ; □ в. во́здух साँस भरना ; **—ся** (आत्म०) १. अभ्यस्त हो जाना ; आदत पड़ जाना ; आकर्षित होना ; २. втя́гивать का कर्मवाच्य ।

втяжно́й (वि०) चूषण ; (-में) खींचने का ।

вуа́ль (स्त्री०) नक़ाब ; पर्दा ।

вулка́н (पुं०) ज्वालामुखी पहाड़ ।

вульга́рный (वि०) अशिष्ट ; अश्लील ।

вход (पुं०) प्रवेश ; द्वार ; в. воспрещён भीतर आना मना है ; пла́та за в. प्रवेश-शुल्क ।

вход||и́ть (अपू०), **войти́** (पू०) (वर्त० вхожу́, вхо́дишь; भवि० войду́, войдёшь) १. प्रवेश करना ; भीतर आना ; दाखिल होना ; он вошёл वह भीतर आया ; войдёмте ! आइए, भीतर चलें ! войди́те ! भीतर आ जाइए !; २. ठीक नाप का होना ; ठीक आना ; э́то е́ле вхо́дит यह बहुत तंग है ; □ в. в счёт गिनना ; в. в число́ गिना जाना ; в. в соглаше́ние समझौता करना ; в. в сноше́ние सम्बन्ध स्थापित करना ; в. в си́лу चालू होना ; लागू होना ; в. в долги́ ऋणी होना ; в. в дове́рие विश्वास-पात्र होना ; в. с предложе́нием प्रस्ताव करना ; सुझाव देना ; **—но́й** (वि०) प्रवेश- ; —ная пла́та प्रवेश-शुल्क ।

вхожде́ние (नपुं०) प्रवेश ।

вхо́ж||ий (वि०) परिचित ; घर में आने-जानेवाला ; быть —им (к, в) प्रविष्ट किया जाना ; दाखिल किया जाना ।

вцепля́ться (आत्म० अपू०), **вцепи́ться** (आत्म० पू०) (भवि० вцеплю́сь, вце́пишься) ज़ोर से पकड़ लेना ; चिपटे रहना ; в. кому́-л. в во́лосы किसीको बालों से पकड़ लेना ।

ВЦСПС (Всесою́зный Центра́льный Сове́т Профессиона́льных Сою́зов) अखिल संघीय ट्रेड-यूनियन की केन्द्रीय सोवियत ।

вчера́ (क्रि० वि०) कल (जो बीत गयी) ; в. ве́чером कल शाम ; **—шний** (वि०) вчера́ से वि० ; весь —шний день कल सारा दिन ।

вчерне́ (क्रि० वि०) कच्चे मसौदे के रूप में ; речь гото́ва в. भाषण का कच्चा मसौदा (प्रारूप) तैयार है ।

вче́тверо (क्रि० वि०) चौगुना ; चारगुना ; увели́чить в. चौगुना करना ; сложи́ть в. चार तहें करना ।

вчетверо́м (क्रि० वि०) चारों ; चारों मिलकर они́ рабо́тали в. उन चारों ने मिलकर काम किया ।

в-четвёртых (क्रि० वि०) चौथे ; चौथे स्थान पर ।

вчиня́ть (अपू०), **вчини́ть** (पू०) в. иск नालिश करना ; दावा करना ; वाद प्रस्तुत करना ।

вчи́стую (क्रि० वि०) अन्तिम रूप से ।

вчи́тываться (आत्म० अपू०), **вчита́ться** (आत्म० पू०) सावधानी से पढ़ना ; ध्यानपूर्वक पढ़ना ।

вчу́же (क्रि० वि०) ему́ в. жаль वह अपरिचित है पर फिर भी उसे दया आती है ।

вше́стеро (क्रि० वि०) छहगुना ; увели́чить в. छहगुना करना ।

вшестеро́м (क्रि० वि०) छहों मिलकर ; они́ рабо́тали в. उन छहों ने मिलकर काम किया ।

вшива́ть (अपू०), **вшить** (पू०) (भवि०

вошью́, вошьёшь) (में) सी देना ।

вши́веть (अपू०), **обо—, за—**(पू०) जूँ पड़ जाना ।

вшивно́й (वि०) (-में) सिला हुआ ।

вши́вый (वि०) जूँवाला ।

вширь (क्रि० वि०) चौड़ाई में ; разраста́ться в. चौड़ा होना ।

вшить दे० вшива́ть.

въеда́||ться (आत्म० अपू०), **въе́сться** (आत्म० पू०) १. (भवि० въе́мся, въе́шься) सोख जाना ; хими́ческая кра́ска —ется в. мате́рию रासायनिक रंग कपड़े पर चढ़ गया है ; २. (चारे का) अभ्यस्त हो जाना ; постепе́нно телёнок —ется в сено́ धीरे-धीरे बछड़े को घास खाने की आदत पड़ रही है ।

въезд (पुं०) प्रवेश ; प्रवेश-द्वार ; при —е в го́род नगर के प्रवेश-द्वार पर ; пра́во —а प्रवेशाधिकार ।

въездн||о́й (वि०) प्रवेश- ; —ая ви́за प्रवेश-वीज़ा ।

въезжа́ть (अपू०), **въе́хать** (पू०) (भवि० въе́ду, въе́дешь प्रवेश करना ; (गाड़ी पर चढ़कर) अन्दर आना ।

въе́сться दे० въеда́ться.

въе́хать दे० въезжа́ть.

въявь (क्रि० वि०) १. जागते हुए (स्वप्न में नहीं) ; सचमुच ; ви́деть в. स्वयं अपनी आँखों से देखना ।

вы (सर्वनाम) (सम्बन्धकारक вас, सम्प्रदानकारक вам, करणकारक ва́ми) आप ; благодарю́ вас आपको धन्यवाद ; что с ва́ми ? आपको क्या हुआ ? ; э́то ва́ми напи́сано ? क्या यह आपने लिखा है ?

вы- (क्रि०-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं : १. कार्य की पूर्ति और समाप्ति का अर्थ, जैसे вы́ловить मछलियाँ पकड़ लेना ; २ भीतर से बाहर को गति का अर्थ, जैसे вы́бежать बाहर को दौड़ना ; ३. 'बहुत' तथा 'थककर चूर हो जाने' का अर्थ, जैसे вы́бегаться बहुत दौड़ना ; दौड़ते-दौड़ते थककर चूर हो जाना ।

выба́лтывать (अपू०), **вы́болтать** (पू०) बक देना; भेद खोल देना; вы́болтать секре́т भेद खोल देना ।

выбега́ть (अपू०), **вы́бежать** (पू०) (भवि० вы́бегу, вы́бежишь) (बाहर) भाग जाना; в. на у́лицу सड़क पर भाग जाना ।

вы́белить दे० бели́ть.

выбива́ть (अपू०), **вы́бить** (पू०) (भवि० вы́бью, вы́бьешь) १. पीटकर निकाल देना ; गिरा देना ; (फुटबाल आदि को) किक मारकर बाहर निकाल देना ; в. из седла́ काठी से गिरा देना ; в. пыль गर्द झाड़ना ; २. मुहर लगाना ; ठप्पा लगाना ; **—ся** (आत्म०) १. बाहर निकालना ; २. выбива́ть का कर्मवाच्य ; ☐ вы́биться на доро́гу ठीक रास्ता ढूँढ लेना ।

выбира́ть (अपू०), **вы́брать** (पू०) (भवि० вы́беру, вы́берешь) १ चुनना ; छाँटना ; २. (राय देकर) निर्वाचन करना ; वरण करना ; ३. в. пате́нт पेटेंट करना ; ४. सब-कुछ ले लेना ; **—ся** (आत्म०) १. बाहर निकालना ; —ся из затрудне́ний मुसीबतों से पिंड छुड़ाना ; २. मकान बदलना ।

вы́бить दे० выбива́ть.

выблёвывать (अपू०), **вы́блевать** (पू०) (भवि० вы́блюю, вы́блюешь) उलटी करना ; क़ै करना ; वमन करना ।

вы́боина (स्त्री०) (गाड़ियों के आने जाने से सड़क पर पड़ा) गड्ढा ।

вы́болтать दे० выба́лтывать.

вы́бор (पुं०) चुनाव ; छाँटी ; वरण ; विकल्प ; पसन्द ; останови́ть свой в. चुनना ; полага́ться на чей-л. в. किसीकी पसन्द पर छोड़ना ।

вы́борка (स्त्री०) १. चुनने/छाँटने की क्रिया ; २. निर्वाचन ; चुनाव ; छाँटी ।

вы́борн||ый (वि०) १. चुनाव का ; निर्वाचनीय ; निर्वाचन-साध्य ; मुलय ; —ый бюллете́нь चुनाव की पर्ची ; —ая до́лжность निर्वाचन-साध्य पद ; २. (पुं०) (वि० रू०) प्रतिनिधि ; शिष्ट ।

вы́борочный (वि०) निर्वाचन-सम्बन्धी ।

вы́борщик (पुं०) निर्वाचक ; चुनाव करनेवाला ।

вы́боры (बहु०) चुनाव ; в. в сове́т सोवियत के चुनाव ; в. в парла́мент संसद के चुनाव ; всео́бщие в. आम चुनाव ; дополни́тельные в. उपचुनाव ।

вы́бранить (पू०) धिक्कारना ; लानत-मलामत करना ।

выбра́сыватель (पुं०) (बन्दूक में से) खाली कारतूस निकाल फेंकने का यन्त्र ।

выбра́сывать (अपू०), **вы́бросить** (पू०) (भवि० вы́брошу, вы́бросишь) १. बाहर फेंक देना ; в. на бе́рег तट पर फेंक देना ; в. в окно́ खिड़की से बाहर फेंक देना ; २. अस्वीकार कर देना ; रद्द कर देना ; ३. в. зря (धन) वृथा गँवाना ; вы́бросить из головы́ दिमाग़ से निकाल फेंकना ; **—ся** (आत्म०) १. बाहर गिर जाना ; छलाँग मारना ; २. —ся на мель (पोत का) खुश्की पर जा चढ़ना (पहुँचना) ; выбра́сывать का कर्मवाच्य ।

вы́брать(ся) दे० выбира́ть(ся).

выбрива́ть (अपू०), **вы́брить** (पू०) दाढ़ी बनाना ; हजामत बनाना ।

вы́бритый (वि०) हजामत बनाये हुए ; гла́дко в. खूब अच्छी तरह हजामत बनाये हुए ; भद्राकृत ।

вы́брить दे० выбрива́ть.

вы́брос (पुं०) निकाल फेंकी हुई वस्तु ।

вы́бросить(ся) दे० выбра́сывать(ся).

вы́бучить दे० бу́чить.

выбыва́ть (अपू०), **вы́быть** (पू०) (भवि० вы́буду, вы́будешь) चले जाना ; छोड़ जाना ।

вы́бытие (नपुं०) प्रस्थान ; रवानगी ; चले जाना ; за —м из го́рода नगर से चले जाने के कारण ।

вы́быть दे० выбыва́ть.

выва́ливать (अपू०), **вы́валить** (पू०) (गिराकर) बाहर फेंक देना ; **—ся** (आत्म०) बाहर गिर जाना ; (गाड़ी पर से) गिर जाना ।

вы́валять(ся) दे० валя́ться.

выва́ривать (अपू०), **вы́варить** (पू०) १. उबालना ; पकाना ; २. आसवन करना ; अर्क़ निकालना ।

вы́вар‖ка (स्त्री०) आसवन ; अर्क़ खींचने की क्रिया ; उद्वाष्पीकरण ; भाप बनाकर उड़ा देना ; **—ки** (बहु०) तलछट ; मैल ; कीच ; **—очный** (वि०) उद्वाष्पीकरण द्वारा प्राप्त ; —очная соль उद्वाष्पीकरण द्वारा प्राप्त नमक ।

выве́дывать (अपू०), पता लगा लेना ; भेद निकाल लेना ; पता लगाने की कोशिश करना ; в. чьи-л. наме́рения किसीके इरादे का पता लगा लेना ।

вы́везти दे० вывози́ть.

вы́вер‖ить दे० выверя́ть ; **—ка** (स्त्री०) (घड़ी) मिला लेना ।

вывёртывать (अपू०), **вы́вернуть** (पू०) १. पेच खोलना ; २. मरोड़ना ; रिंच से घुमाना ; ३. (कोट आदि को) उलटा देना ; **—ся** (आत्म०) १. पेच का खुलकर बाहर निकल आना ; २. (बाहर) फिसल जाना ; सरक जाना ; खिसक जाना ; ३. कठिनाई को पारकर जाना ।

выверя́ть (अपू०), **вы́верить** (पू०) (घड़ी) मिला लेना ।

вы́весить दे० выве́шивать.

вы́веска (स्त्री०) **I.** नाम-पटल ; संकेत-पटल ; साइनबोर्ड ; **II.** तोलने का कार्य ।

вы́вести(сь) दे० выводи́ть(ся).

выве́тривать (अपू०), **вы́ветрить** (पू०) (हवा आदि) बाहर निकाल देना ; (खिड़की आदि खोलकर) दूषित वायु बाहर निकाल देना ; (दिमाग़ से) निकाल देना ; в. дурно́й за́пах из ко́мнаты कमरे की दुर्गन्ध बाहर निकाल देना ; **—ся** (आत्म०) लुप्त हो जाना ; —ся из па́мяти दिमाग़ से निकल जाना ।

выве́шивать (अपू०), **вы́весить** (पू०) (भवि० вы́вешу, вы́весишь) **I.** (झंडा आदि) लटकाना ; टाँगना ; (घोषणा आदि) सूचना-पट पर चिपका देना ; **II.** तोलना ।

выви́нчивать (अपू०), **вы́винтить** (पू०) (भवि० вы́винчу, вы́винтишь) पेच खोलना ; в. винт पेच खोलना ; पेच ढीला करना ; **—ся**

(आत्म०) १. पेच का खुलकर बाहर निकल आना ; २. выви́нчивать का कर्मवाच्य ।

вы́вих (पुं०) हड्डी उतर जाना ; जोड़ उतर जाना ; **—нуть** (पू०) शरीर के जोड़ या हड्डी का उतर जाना ; —нуть но́гу पाँव की हड्डी उतर जाना ।

вы́вод (पुं०) १. पीछे हट जाना ; २. निष्कर्ष ; निगमन ; अनुमान ; сде́лать в. अनुमान लगाना ; निष्कर्ष निकालना ।

выводи́ть (अपू०), **вы́вести** (पू०) (वर्त० вывожу́, выво́дишь ; भवि० вы́веду, вы́ведешь) १. बाहर ले जाना ; किसीको बाहर जाने के लिए विवश करना ; (सेना को) पीछे हटाना ; (किसीको कष्ट आदि से बाहर निकलने में) सहायता देना ; २. हटा देना ; दिमाग़ से निकाल देना ; (धब्बे) दूर करना ; ३. उन्मूलन करना ; जड़ से उखाड़ना ; नष्ट कर देना ; ४. निष्कर्ष निकालना ; अनुमान लगाना ; नतीजे पर पहुँचना ; из э́того он вы́вел, что .. इससे उसने यह निष्कर्ष निकाला कि... ; इससे वह इस नतीजे पर पहुँचा कि... ; ५. उगाना ; (अंडे) सेना ; ६. चित्रण करना ; □ в. из себя́ кого́-л. किसीको आपे से बाहर करना ; **—ся(сь)** (आत्म०) १. लुप्त हो जाना ; २. प्रयोग में न रहना ; पुराना हो जाना ; ३. (अंडे) सेना ; ४. (धब्बों का) मिट जाना ; ५. выводи́ть का कर्मवाच्य ।

вы́водок (पुं०) (पक्षी का) बच्चा ।

вы́воз (पुं०) १. बाहर ले जाने की क्रिया ; २. निर्यात ।

вывози́ть (अपू०), **вы́везти** (पू०), १. बाहर ले जाना ; हटा देना ; २. निर्यात करना ; ३ (अपने साथ) वापस लाना ; ४. बचाना ।

вы́вози||ться (आत्म० पू०) (गर्द या कीचड़ से) लथपथ हो जाना ; धूलि-धूसरित होना ; соба́ка —лась в пы́ли कुत्ता धूलि-धूसरित हो गया अथवा गर्द से सन गया ।

вы́возка (स्त्री०) (गाड़ी आदि द्वारा) ढोना ; बाहर ले जाना ; в. дров लकड़ियाँ ढोना ।

вывозн||о́й (वि०) निर्यात- ; —а́я по́шлина निर्यात-शुल्क ।

выволя́кивать (अपू०), **вы́волочить, вы́волочь** (पू०) (вы́волочь से : вы́волоку, вы́волочешь) (बाहर) घसीट लाना ।

вывора́чивать(ся) = вывёртывать(ся).

вы́воротить : вывора́чивать का पू० दे० вывёртывать.

выга́дывать (अपू०), **вы́гадать** (पू०) लाभ उठाना ; नफ़ा कमाना ; он на э́том не вы́гадал उसे इस पर कोई लाभ नहीं हुआ ।

вы́гиб (पुं०) वक्र रेखा ; मोड़ ।

выгиба́ть (अपू०), **вы́гнуть** (पू०) झुकाना ; в. спи́ну पीठ झुकाना ; **—ся** (आत्म०) १. झुकना ; २. выгиба́ть का कर्मवाच्य ।

вы́гладить दे० гла́дить और выгла́живать.

вы́глаженный (कृदन्त और वि०) इस्तरी किया हुआ ; लोहा किया हुआ (कपड़ा) ।

выгла́живать (अपू०), **вы́гладить** (पू०) (भवि० вы́глажу, вы́гладишь) (कपड़े पर) इस्तरी करना ; लोहा करना ।

вы́глядеть (पू०) **I.** १. देख लेना ; पता लगा लेना ; в то́лпе он вы́глядел своего́ дру́га भीड़ में उसने अपने मित्र को देख लिया अथवा ढूँढ लिया ; २. जासूसी करना ; **II.** (अपू०) (के सदृश) दिखायी पड़ना ; в. но́вым नया दिखायी पड़ना ; в. молоды́м जवान दिखायी पड़ना ।

выгля́дывать (अपू०), **вы́глянуть** (पू०) १. (-में से) बाहर को देखना ; в. из окна́ खिड़की में से देखना ; २. आ टपकना ; आ निकलना ; в. из-за чего́-л. किसीके पीछे से आ निकलना ।

вы́гнать दे० выгоня́ть.

вы́гну||тый (कृदन्त और वि०) टेढ़ा ; **-ть(ся)** दे० выгиба́ть (ся).

выгова́ривать (अपू०), **вы́говорить** (पू०) १. बोलना ; कहना ; उच्चारण करना ; ребёнок вы́говорил пе́рвое сло́во बच्चे ने पहला शब्द मुँह से निकाला ; он сло́ва у́много не вы́говорил с ро́ду उसने अपने जीवन में कोई बुद्धिमानी का शब्द मुँह से नहीं निकाला ; २. (बातचीत करके) (अपने लाभ के लिए) राज़ी कर लेना ; в. себе́ рассро́чку платежа́ क़िस्तों में अदा करने के लिए राज़ी कर लेना ; ३. झिड़की देना ; झाड़ना ; мать вы́говорила ма́льчику за ша́лость माता ने बच्चे को शरारत के लिए झिड़की दी ; **—ся** (आत्म०) अन्त तक कह देना ।

вы́говор (पुं०) १. उच्चारण ; у него́ хоро́ший в. उसका उच्चारण अच्छा है ; २. भर्त्सना ; फटकार ; стро́гий в. कड़ी फटकार ; **—ить-(ся)** दे० выгова́ривать(ся).

вы́год||а (स्त्री०) लाभ ; नफ़ा ; फ़ायदा ; извле́чь —у из (से) लाभ उठाना ; э́то даёт мно́го вы́год इसके बड़े लाभ हैं ; нет никако́й —ы э́то де́лать इसके करने से कोई लाभ नहीं ; быть в большо́й —е पाँचों उँगलियाँ घी में होना ।

вы́годн||о (क्रि० वि०) लाभ से ; **—ость** (स्त्री०) लाभ ; **—ый** (वि०) लाभदायक ।

вы́гон (पुं०) पंचायती चरागाह ।

вы́гонка (स्त्री०) आसवन ; अर्क़ खींचने की क्रिया ।

выгоня́ть (अपू०), **вы́гнать** (पू०) १. बाहर निकाल देना ; मार भगाना ; भगा देना ; в. и́з дому घर से बाहर निकाल देना ; в. кого́-л. со слу́жбы किसीको नौकरी से निकाल देना ; в. из шко́лы кого́-л. किसीको स्कूल से बाहर निकाल देना ; २. अर्क़ खींचना ; आसवन करना ।

выгора́живать (अपू०), **вы́городить** (पू०) (भवि० вы́горожу, вы́городишь) १. बाड़ या मेंड़ लगा देना; २. ज़िम्मेदारी से बरी करना; भद्दी स्थिति से निकाल देना ; सफ़ाई पेश करना ।

выгора́ть (अपू०), **вы́гореть** (पू०) **I.** जला देना ; в. дотла́ जलकर राख कर देना ; २. (धूप में) रंग फीका पड़ जाना ; रंग उड़ जाना ; **II.** सफल होना ; де́ло не вы́горело काम में सफलता नहीं मिली ; काम सफल नहीं हुआ ।

вы́городить दे० выгора́живать.

вы́гравировать (पू०) (—рую) नक़्क़ाशी करना ; खुदाई का काम करना ।

выгреба́ть (अपू०), **вы́грести** (पू०) **I.** (भवि० вы́гребу, вы́гребешь) (राख आदि) फावड़े से साफ़ करना ; (गड्ढा) साफ़ करना ; **II.** (वायु अथवा बहाव के विरुद्ध) नाव खेना ।

выгребн||о́й (वि०): —ая я́ма मलगर्त ; कूड़े का गड्ढा ।

выгружа́ть (अपू०), **вы́грузить** (पू०) (भवि० вы́гружу, вы́грузишь) सामान उतारना ; जहाज़ पर से माल उतारना ; **—ся** (आत्म०) सामान या माल उतारा जाना ।

вы́груз||ка (स्त्री०) सामान या माल की उतराई ; **—чик** (पुं०) सामान या माल उतारनेवाला मज़दूर ।

выгрыза́ть (अपू०), **вы́грызть** (पू०) (दाँतों से) कुतर डालना ।

выдава́ть (अपू०), **вы́дать** (पू०) (भवि० вы́дам, вы́дашь) १. देना ; बाँटना ; в. дово́льствие रसद देना / बाँटना ; в. кому́-л. распи́ску किसीको रसीद देना ; в. паёк राशन बाँटना ; в. за́работную пла́ту तनख़्वाह बाँटना ; २. (अभियुक्त, अपराधी को) हवाले करना ; सौंप देना ; ३. ज़ाहिर कर देना ; भंडा फोड़ देना ; रहस्य प्रकट करना ; улы́бка вы́дала его́ उसकी मुस्कराहट ने उसका रहस्य प्रकट कर दिया ; в. голово́й кого́-л. किसीको धोखा देना ; ४. बनना ; (-का) बहाना करना ; в. себя́ за кого́-л. अपने आपको कोई और ज़ाहिर करना ; **—ся** (आत्म०) १. उमड़ आना ; (-के लिए) विशिष्ट होना ; —ся среди́ други́х दूसरों से विशिष्ट होना ; २. घटित होना ; (अवसर आदि का) आना/मिलना ; когда́ выдава́лся слу́чай जब अवसर मिला ; вы́дался хоро́ший день शुभ दिन आया ; ३. выдава́ть का कर्मवाच्य ।

выда́вливать (अपू०). **вы́давить** (पू०) (भवि० вы́давлю, вы́давишь) १. निचोड़ना ;

в. сок из лимо́на नींबू का रस निचोड़ना ; २. विवश होना ; вы́давить смех हँसने पर विवश होना ; ३. (दबाकर) तोड़ना ; вы́давить стекло́ शीशा तोड़ना ।

выда́ивать (अपू०), **вы́доить** (पू०) (गाय आदि का) पूरा दूध दुह लेना ।

выда́лбливать (अपू०), **вы́долбить** (पू०) (भवि० вы́долблю, вы́долбишь) तराशना ; (बार-बार गिरकर) गड्ढा कर देना ; ка́пля вы́долбила я́мку बार-बार बूँद के टपकने से छोटा सा गड्ढा पड़ गया ।

вы́дань||е (नपुं०) на —е विवाह-योग्य ।

вы́дать(ся) दे० выдава́ть(ся).

вы́дача (स्त्री०) १. वितरण ; बँटवारा ; अदायगी; २. (अपराधी का दूसरी सरकार को) प्रत्यर्पण ; हवाले किया जाना ।

выда́ющийся (वि०) प्रमुख ; प्रख्यात ; विलक्षण ।

выдвига́ть (अपू०), **вы́двинуть** (पू०) १. (बाहर को) खींच लेना ; सरका देना ; в. я́щик (मेज़ आदि का) दराज़ खोलना ; २. प्रस्तुत करना ; पेश करना ; в. тео́рию सिद्धान्त प्रस्तुत करना ; ३. नियुक्त करना ; в. на до́лжность पद पर नियुक्त करना ; в. в кандида́ты उम्मीदवारी के लिए नाम पेश करना ; नामज़द करना ; ४ तरक़्क़ी देना ; ५. (सेना को) आगे बढ़ाना ; **—ся** (आत्म०) १. (दरवाज़े आदि का) खुलना और बन्द होना ; २. उन्नति करना ; तरक़्क़ी करना ; विशिष्ट होना ; ३. выдвига́ть का कर्मवाच्य ।

выдвиж||е́нец (पुं०) पदोन्नत (जिसको तरक़्क़ी मिली हो) ; **—е́ние** (नपुं०) तरक़्क़ी ; उन्नति ।

выдвижно́й (वि०) सरकनेवाला (जिसको इधर-उधर किया जा सके) ।

вы́двинуть दे० выдвига́ть.

выдворя́ть (अपू०), **вы́дворить** (पू०) घर से बाहर निकाल देना ; बाहर निकाल देना ।

вы́делать दे० выде́лывать.

выделе́ние (नपुं०) १. अनुभाजन ; २. पृथक्करण ३. (सेना०) टुकड़ी ; ४. (चिकि०) उत्सर्जन ; ५. (पीप आदि का) बहना ।

вы́делить दे० выделя́ть.

вы́делка (स्त्री०) १. वस्तु-निर्माण ; उत्पादन ; в. ко́жи चमड़ा कमाना ; २. कोटि ; хоро́шая в. अच्छी कोटि का काम ।

выде́лыва||ть (अपू०), **вы́делать** (पू०) १. (माल) तैयार करना ; (चमड़ा) कमाना ; २. что он там —ет ? वह वहाँ क्या कर रहा है ?

выделя́ть (अपू०), **вы́делить** (पू०) १. चुनना ; नियतन करना ; (किसी काम के लिए) उठा रखना ; २. (पद पर) नियुक्त करना ; (सम्पत्ति का) बँटवारा करना ; भाग निश्चित करना ; ३. रेखांकित करना ; ४. (चिकि०) उत्सर्जन करना ; ५. पृथक् करना ; अलगाना ; **—ся** (आत्म०) १. विशिष्ट होना ; प्रमुख होना ; २. अपना भाग प्राप्त करना ; ३. (चिकि०) उत्सर्जन ; प्रस्रवण ; ४. выделя́ть का कर्मवाच्य ।

выдёргивать (अपू०), **вы́дернуть** (पू०) (खींचकर) बाहर निकालना ; उखाड़ देना ; в. зуб दाँत उखाड़ना ।

вы́держанн||ость (स्त्री०) १. दृढ़ता ; स्थिरता ; २. एकरूपता ; **—ый** (वि०) १. संयमी ; он о́чень —ый челове́к वह बड़ा संयमी है ; २. स्थिर ; दृढ़ ; ३. एकरूप ; —ый стиль एकरूप शैली ; ४. —ое вино́ बिल्कुल तैयार शराब ।

выде́рживать (अपू०), **вы́держать** (पू०) १. सहन करना ; बरदाश्त करना ; вы́держать пы́тку पीड़ा सहन करना ; он не мог э́того бо́льше вы́держать वह इसको अधिक सहन न कर सका ; २. (अपने आपको) क़ाबू में रखना ; он не вы́держал и рассмея́лся वह अपने आपको क़ाबू में न रख सका और हँस पड़ा ; (पशु आदि को किसी विशेष उद्देश्य से) पालना ; в. соба́ку कुत्ता पालना ; вы́держать экза́мен परीक्षा में सफल होना/पास होना ; в. под аре́стом हिरासत में लेना ।

вы́держк||а (स्त्री०) **I.** उद्धरण ; अवतरण ; привести́ —у उद्धरण देना ; **II.** १. आत्मसंयम ;

आत्मनिग्रह ; सहनशीलता ; दृढ़ता ; स्थिरता ; २. (फ़ोटो०) विगोप (अंग्रेजी एक्सपोज़र) ।

вы́дернуть दे० выдёргивать.

выдира́ть (अपू०), **вы́драть** (पू०) फाड़ डालना ।

вы́доить दे० выда́ивать.

вы́долбить (पू०) १. दे० выда́лбливать ; २. कंठस्थ करना (दे० долби́ть) ।

вы́дох = вы́дых ; **—нуть(ся) = выдыха́ть(ся).**

вы́дохшийся : १. выдыха́ться से कृदन्त ; २. थका हुआ ।

вы́дра (स्त्री०) जलमार्जार ; ऊदबिलाव ।

вы́драть (पू०) १. दे० выдира́ть ; २. चाबुक या कोड़े से पीटना ।

вы́дрессировать दे० дрессирова́ть.

вы́дубить (पू०) (भवि० вы́дублю, вы́дубишь) चमड़ा कमाना ।

выдув||а́льщик (पू०) काँच को फूँककर बर्तन आदि बनानेवाला ; **—а́ть** (अपू०), **вы́дуть** (पू०) (भवि० —дую) १. (बाहर को) उड़ाना ; २. भट्टी उड़ाना ।

вы́дув||ка (स्त्री०) भट्टी उड़ाने की क्रिया ; **—но́й** (वि०) फूँका हुआ (शीशा आदि) ।

вы́дум||анный (वि०) मनगढ़न्त ; गढ़ा हुआ ; कपोलकल्पित ; —анная исто́рия मनगढ़न्त कथा ; **—ать** दे० выду́мывать ; **—ка** (स्त्री०) १. कपोलकल्पना ; २. टालमटोल ; ३. कल्पित कथा ।

вы́думщик (पुं०) १. आविष्कारकर्ता ; २. मनगढ़न्त बातें बनानेवाला ; झूठा ; गप्पी ।

выду́мывать (अपू०), **вы́думать** (पू०) १. आविष्कार करना ; в. но́вую констру́кцию маши́ны मशीन के नवनिर्माण का आविष्कार करना ; २. कपोलकल्पित बातें करना ; बातें गढ़ना ।

вы́дуть दे० выдува́ть.

вы́дых (पुं०), **—а́ние** (नपुं०) निःश्वास ।

выдыха́ть (अपू०), **вы́дохнуть** (पू०) श्वास निकालना ; **—ся** (आत्म०) १. गुन्ध खोना; २. थक जाना ; हाँफ जाना ; ३. выдыха́ть का कर्मवाच्य ।

выеда́ть (अपू०), **вы́есть** (पू०) (भवि० вы́ем, вы́ешь) मोरचा खा जाना; जंग लग जाना ।

вы́езд (पुं०) १. (घोड़े, गाड़ी आदि पर) रवानगी ; प्रस्थान ; २. (वाहन आदि का) निर्गम-द्वार ; **—ить** दे० выезжа́ть ; **—ка** (स्त्री०) घोड़े को फेरने या निकालने की क्रिया ; **—но́й** (वि०) (वाहन आदि के) निर्गम-सम्बन्धी ।

выезжа́ть (अपू०), **вы́ездить** (पू०) (भवि० выезжу́, выезди́шь) **I**. (गाड़ी आदि पर) प्रस्थान करना ; चला जाना ; в. из го́рода नगर से चला जाना ; в. за грани́цу विदेश चला जाना; **II.** घोड़ा फेरना या निकालना ।

вы́емка (स्त्री०) १. बाहर निकालने की क्रिया ; पकड़ ; डाक-बक्स से पत्र इकट्ठा करने की क्रिया ; (खनिज पदार्थों की) खुदाई ; २. खोखला भाग ; गुहा ; पोल ; गड्ढा ।

вы́есть दे० выеда́ть.

вы́ехать दे० выезжа́ть.

вы́жать дे० выжима́ть.

вы́ждать दे० выжида́ть.

вы́жечь दे० выжига́ть.

выжива́ть (अपू०), **вы́жить** (पू०) (भवि० вы́живу, вы́живешь) १ (जीवित) बचना ; больно́й не вы́живет रोगी नहीं बचेगा ; २. भगा देना ; मार भगाना ; पीछा छुड़ाना ।

вы́жига (उभ०) १. धूर्त ; कपटी ; २. कंजूस ; मक्खीचूस ।

выжига́ние (नपुं०) जला देने की क्रिया ।

выжига́ть (अपू०), **вы́жечь** (पू०) (भवि० вы́жгу, вы́жжешь) जला देना ; झुलस देना ; दाग़ना ।

выжида́||ние (नपुं०) प्रतीक्षण ; प्रतीक्षा करने का कार्य ; **—тельный** (वि०) —тельная поли́тика प्रतीक्षा-नीति ।

выжида́ть (अपू०), **вы́ждать** (पू०) प्रतीक्षा करना ; समय काटना ; в. удо́бного слу́чая सुअवसर की प्रतीक्षा करना ।

выжима́ние (नपुं॰) **I.** दबाने/भींचने की क्रिया ; (कपड़े) निचोड़ने की क्रिया ; **II.** (व्यायाम में) भार उठाने की क्रिया ।

выжима́ть (अपू॰), **вы́жать** (पू॰) (भवि॰ вы́жму, вы́жмешь) **I.** १. दबाकर/भींचकर निकाल देना ; निचोड़ डालना ; в. сок из лимо́на नींबू में से रस निचोड़ना ; **II.** (व्यायाम में) भार उठाना ।

вы́жимка (स्त्री॰) दबाने/भींचने की क्रिया ; (कपड़े) निचोड़ने की क्रिया ।

вы́жимки (बहु॰) (फल आदि का रस निचोड़ने के उपरान्त बचा हुआ) छिलका ; फोक ; (पशुओं के खाने की) खली ।

вы́жить दे॰ выжива́ть.

вы́звать(ся) दे॰ вызыва́ть(ся).

вы́звезде||ть (कर्तृ-निरपेक्ष) —ло आकाश तारक-जटित है अर्थात् आकाश में तारे चमक रहे हैं ।

вызволя́ть (अपू॰), **вы́зволить** (पू॰) छुड़ाना ; बाहर निकालना ; в. кого́-л. из беды́ किसीको कष्ट से बाहर निकालना ।

выздора́влива||ть (अपू॰), **вы́здороветь** (पू॰) (भवि॰ вы́здоровею, вы́здоровеешь) (बीमारी के बाद) अच्छा होना ; स्वस्थ होना ; चंगा होना ; он —ет वह स्वस्थ हो रहा है ।

выздровле́ние (नपुं॰) (बीमारी से) आराम ; स्वास्थ्य-लाभ ।

вы́зов (पुं॰) बुलावा ; (न्यायालय का) समन ; चुनौती ; в. по телефо́ну टेलीफ़ोन पर बुलावा ; бро́сить в. चुनौती देना ; приня́ть в. चुनौती स्वीकार करना ।

вы́золотить (पू॰) (भवि॰ вы́золочу, вы́золотишь) (सोने का) मुलम्मा करना ; सोने का पानी करना ।

вызрева́ть (अपू॰), **вы́зреть** (पू॰) पकना ; पक जाना ।

вызу́бривать (अपू॰), **вы́зубрить** (पू॰) कंठस्थ करना ; रट लेना ।

вызыва́ть (अपू॰), **вы́звать** (पू॰) (भवि॰ вы́зову, вы́зовешь) १. बुलाना ; बुला भेजना ; в. из ко́мнаты कमरे से बाहर बुलाना ; в. по телефо́ну टेलीफ़ोन पर बुलाना ; в. врача́ डाक्टर को बुलाना ; २. चुनौती देना ; ललकारना ; в. на дуэ́ль द्वन्द्वयुद्ध के लिए ललकारना ; ४. (न्यायालय का) समन भेजना ; ५. जागृत करना ; उत्तेजित करना ; पैदा करना ; в. гнев गुस्सा दिलाना ; в. любопы́тство कौतूहल पैदा करना ; **—ся** (आत्म॰) : (अपने आपको) पेश करना ; он вы́звался пойти́ उसने जाने के लिए अपने आपको पेश किया ; २. вызыва́ть का कर्मवाच्य ।

вызыва́ющий : १. вызыва́ть से कृदन्त ; २. (वि॰) चुनौती देनेवाला ; उद्धत ।

выи́грывать (अपू॰), **вы́играть** (पू॰) १. जीतना; लाभ उठाना; вы́играть три рубля́ у кого́-л. किसीसे तीन रूबल जीतना ; в. матч मैच जीतना ; вы́играть у своего́ проти́вника अपने शत्रु को जीतना ; от э́того он то́лько вы́играет इससे उसको लाभ ही होगा ।

вы́игрыш (पुं॰) (खेल में) जीती हुई वस्तु ; जीता हुआ धन ; जीत ; लाभ ; नफ़ा ; **—ный** (वि॰) १. जीत का ; लॉटरी का ; —ный биле́т लॉटरी का टिकट ; २. लाभदायक ; प्रभावपूर्ण ; —ная пье́са प्रभावपूर्ण नाटक ।

вы́йти दे॰ выходи́ть.

выка́зывать (अपू॰), **вы́казать** (पू॰) (भवि॰ вы́кажу, вы́кажешь) दिखाना ; प्रदर्शित करना ; प्रकट करना ; в. му́жество शौर्य दिखाना ; в. ра́дость हर्ष प्रकट करना ।

выка́лывать (अपू॰), **вы́колоть** (पू॰) १. चुभोना; गड़ाना ; в. глаз आँख गड़ाना ; २. (सुई आदि चुभोकर) नमूना उतारना ३. (पत्थर, बर्फ़ का ढेला आदि) (बीच में से) तोड़ देना ; □ темно́, хоть глаз вы́коли अँधेरा-घुप्प है ; हाथ को हाथ नहीं सूझता ।

выка́пывать (अपू॰), **вы́копать** (पू॰) १. (गड्ढा) खोदना ; २. भूमि खोदकर निकालना ;

(गड़ा हुआ) मुर्दा निकालना ; ☐ откуда́ он вы́копал э́ту но́вость यह ख़बर वह कहाँ से उड़ा लाया है ।

выкара́бкиваться (आत्म० अपू०), **вы́карабкаться** (आत्म० पू०) (हाथ-पाँव के सहारे चढ़कर) बाहर निकल आना ; (अपने आपको कष्ट आदि से) विमुक्त कर लेना ; (रोग आदि से) बच निकलना ।

выка́рмливать (अपू०), **вы́кормить** (पू०) (भवि० вы́кормлю, вы́кормишь) पोषण करना ; दूध पिलाना ; в. гру́дью स्तनपान कराना ; दूध चुँघाना ।

вы́катать (पू०) (यन्त्र द्वारा कपड़ा) निचोड़ना ; (डबलरोटी या पेस्ट्री बनाने के लिए) आटा बेलना ।

выка́тывать (अपू०), **вы́катить** (पू०) (भवि० вы́качу, вы́катишь) (पहियेवाली वस्तु को धकेलकर) बाहर निकालना ; (पहियेवाली कुर्सी आदि को) बाहर ले जाना ; **—ся** (आत्म०) १. (पहियों पर लुढ़ककर) बाहर निकलना ; २. выка́тывать का कर्मवाच्य ।

выка́чивать (अपू०), **вы́качать** (पू०) (पम्प से) बाहर निकालना ।

выка́шивать (अपू०), **вы́косить** (पू०) (हँसिये से) घास काटना ।

выка́шливать (अपू०), **вы́кашлять** (पू०) (खाँसकर) कफ़ निकालना : बलग़म निकालना ; खखारना ।

выки́дывать (अपू०), **вы́кинуть** (पू०) १. बाहर फेंकना ; त्यागना ; नौकरी से हटा देना ; в. что-л. в окно́ कोई चीज़ खिड़की से बाहर फेंकना; २. गर्भपात होना; жена́ моя́ вы́кинула मेरी पत्नी का गर्भपात हो गया ; ☐ вы́кинуть флаг झंडा फहराना ; вы́кинуть шту́ку, но́мер, фо́кус चालाकी करना ; चाल चलना ।

вы́кидыш (पुं०) १. गर्भपात ; २. भ्रूण ।

вы́кинуть दे० выки́дывать.

выкипа́ть (अपू०), **вы́кипеть** (पू०) (भवि० вы́киплю, вы́кипишь) उबलना ।

выкипятить (पू०) (вы́кипячу, вы́кипятишь) उबलना ; в. бельё (धोने से पहले) कपड़ों को उबालना ।

вы́кладка (स्त्री०) १. (माल की) सजाकर रखना ; २. (ईंटों आदि का) फ़र्श बनाना ; ३. (गणित) गणना ; ४. (सेना०) सिपाही का झोला ; थैला ।

выкла́дывать (अपू०), **вы́ложить** (पू०) १. (निकालकर) बाहर रखना ; फैलाना ; в. я́блоки на стол из карма́на जेब में से सेब निकालकर मेज़ पर रखना ; २. सविस्तार वर्णन करना ; в. ново́сти समाचारों का सविस्तार वर्णन करना ; ३. साफ़-साफ़ कह देना ; (से) ढाँप देना ; в. дёрном घास लगाना ; в. кирпичо́м ईंटों का फ़र्श लगाना ; ईंटें बैठाना ; ५. (मगज़ी आदि लगाकर कपड़े को) सजाना ; ६. (केवल पू०) बधिया करना ।

выклёв||ывать (अपू०), **вы́клевать** (पू०) (भवि० вы́клюю, вы́клюешь) (चोंच से) फाड़ डालना; बाहर निकाल लेना; воро́ны вы́клевали глаз у тру́па कौवों ने मुर्दे की आँखें निकाल लीं ; २. (पक्षियों का) सब खा जाना ।

выклика́ть (अपू०), **вы́кликнуть** (पू०) (चिल्लाकर) पुकारना ; बुलाना ; в. по спи́ску हाज़िरी बोलना ।

выключа́тель (पुं०) (बिजली का) स्विच (बटन) ।

выключ||а́ть (अपू०), **вы́ключить** (पू०) १. (बिजली, गैस आदि का) स्विच (बटन) बन्द करना ; (इंजन) बन्द कर देना ; в. мото́р इंजन बन्द कर देना ; **—е́ние** (नपुं०) (बिजली, गैस आदि का) स्विच (बटन) बन्द करने की क्रिया ; (इंजन) बन्द करने की क्रिया ।

выкля́нчивать (अपू०), **вы́клянчить** (पू०) बार-बार माँगकर प्राप्त करना ; (किसीसे कोई वस्तु) माँगकर प्राप्त करने की कोशिश करना ।

выко́вывать (अपू०), **вы́ковать** (पू०) (भवि० —кую) गढ़ना ; (हथौड़े से पीटकर) गढ़ना ।

выковы́ривать (अपू०), **вы́ковырять**

(पू०) १. (खुरचकर) उतार देना ; в. замáзку из óкна खिड़की के शीशों पर से मसाला उतार देना ; २. ढूँढ निकालना ।

выколáчивать (अपू०), **вы́колотить** (पू०) (भवि० вы́колочу, вы́колотишь) १. (पीटकर) निकालना ; झाड़ना ; в. пыль गर्द झाड़ना ; в. ковры́ (पीटकर) दरियाँ झाड़ना ; २. बलात् ग्रहण करना ; विवश करके लेना ।

вы́колоситься (आत्म० पू०) (अन्न की) बालें निकलना ।

вы́колотить दे० выколáчивать.

вы́колоть दे० выкáлывать.

вы́копать दे० выкáпывать.

вы́кормить दे० выкáрмливать.

выкорчёвывать (अपू०), **вы́корчевать** (पू०) (भवि० —чую) १. (भूमि से) ठूँठ निकालना ; २. जड़ से उखाड़ना ; उन्मूलन करना ।

вы́косить दे० выкáшивать.

выкрáдывать (अपू०), **вы́красть** (पू०) (भवि० вы́краду, вы́крадешь) चुराना ।

выкрáивать (अपू०), **вы́кроить** (पू०) (कपड़े की) कटाई करना ; □ в. врéмя समय निकालना ।

вы́красить दे० выкрáшивать.

вы́красть दे० выкрáдывать.

выкрáшивать (अपू०), **вы́красить** (पू०) (भवि० вы́крашу, вы́красишь) रँगना ; रौग़न करना ; вы́красить что-л. голубóй крáской नीला रौग़न करना ।

вы́крик (पुं०) चीत्कार ; चीख़ ; पुकार ।

выкри́кивать (अपू०), **вы́крикнуть** (पू०) १. चीख़ मारना ; चिल्ला उठना ; २. चिल्लाकर पुकारना ; बुलाना ।

выкристаллизовáться (आत्म० पू०) (—зýется) केलासन ; दाना जमना ; रवा बनना ।

вы́кроить दे० выкрáивать.

вы́кройк||а (स्त्री०) (कपड़े की) काट ; फ़ैशन ; नमूना ; снять —у नमूना काटना ।

выкрутáс||ы (बहु०) १. हेर-फेर ; २. छल-कपट ; दिखावा ; आडम्बर ; человéк с —ами आडम्बरी मनुष्य ।

выкрýчивать (अपू०), **вы́крутить** (पू०) (भवि० вы́кручу, вы́крутишь) पेच खोल देना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको मुसीबत आदि से) बाहर निकालना ; छुटकारा पाना ; २. выкрýчивать का कर्मवाच्य ।

вы́куп (पुं०) १. (गिरवी रखी हुई वस्तु) छुड़ाने की क्रिया ; (धन देकर) बन्दी को रिहा करने की क्रिया ; २. बन्दीमुक्ति-धन ।

выкупáть (अपू०), **вы́купить** (पू०) (भवि० вы́куплю, вы́купишь) (गिरवी रखी हुई वस्तु) छुड़ा लेना ; (धन देकर) बन्दी को रिहा करा लेना ।

вы́купаться दे० купáться.

вы́купить दे० выкупáть.

выкупн||óй (वि०) вы́куп से वि० ; —ые платежи́ मुक्तिधन ।

выкýривать (अपू०), **вы́курить** (पू०) १. (सिगरेट आदि) पी लेना ; २. (अर्क़ आदि) खींचना ; आसवन करना ; ३. (धुआँ देकर) कीटाणु आदि भगाना ; ४. पीछा छुड़ाना ।

вылáвливать (अपू०), **вы́ловить** (पू०) (भवि० вы́ловлю, вы́ловишь) (मछलियाँ आदि) पकड़ना ; निकाल लेना ।

вы́лазк||а (स्त्री०) (सेना०) १. धावा ; आक्रमण ; сдéлать —у धावा बोलना ; आक्रमण करना ; २. सैर-सपाटा ।

вы́лака||ть (पू०) १. (चपचप का शब्द करके) पी जाना ; кóшка —ла всё молокó बिल्ली सारा दूध पी गयी ; २. सारा पी जाना ।

вылáмывать (अपू०), **вы́ломить** (पू०) (भवि० вы́ломлю, вы́ломишь) तोड़ देना ; в. дверь दरवाज़ा तोड़ देना ।

вы́лежать (पू०) (रोगी का) (पलँग पर) लेटे रहना ; в. недéлю, в течéние недéли तीन सप्ताह तक पलँग पर लेटे रहना ; तीन सप्ताह चारपाई से न उठना ; **—ся** (आत्म०) १. (पलँग पर लेटकर) आराम करना ; २. पक जाना ।

вылеза́ть (अपू०), **вы́лезть** (पू०) १ (रेंगकर) बाहर निकल आना ; (खिड़की आदि में से चढ़कर) बाहर निकल आना ; बाहर निकल जाना ; २. (बालों का) गिर जाना ; झड़ जाना ; мех вылеза́ет पोस्तीन झड़ रही है ।

вы́лепить दे० лепи́ть.

вы́лет (पु०) (पक्षी, वायुयान की) उड़ान ; ☐ быть ра́ненным в грудь на в. छाती पर गोली लगने से घायल हो जाना ।

вылета́ть (अपू०), **вы́лететь** (पू०) (भवि० вы́лечу, вы́летишь) १. (पक्षी आदि का) बाहर उड़ जाना ; (वायुयान का) उड़ान भर जाना ; (वेग से) बाहर निकलना ; २. नौकरी से निकाल दिया जाना ; ☐ у него́ э́то вы́летело из головы́ वह इसे बिल्कुल भूल ही गया है ।

выле́чивать (अपू०), **вы́лечить** (पू०) रोगमुक्त करना ; चिकित्सा करना ; इलाज करना ; **—ся** (आत्म०) १. रोग से मुक्ति पाना ; इलाज करवाना ; २. выле́чивать का कर्मवाच्य ।

вылива́ть (अपू०), **вы́лить** (पू०) (भवि० вы́лью, вы́льешь) १. (पानी आदि) उँडेलना ; (बाल्टी आदि) खाली कर देना ; २. (धातु आदि) ढालना ; **—ся** (आत्म०) १. (पानी आदि का) बाहर निकल जाना ; बह जाना ; रूप धारण करना/परिणत होना ; —ся че́рез край किनारों पर से बह जाना ; во что вы́льется всё это ? इसका परिणाम क्या होगा ?

выли́зывать (अपू०), **вы́лизать** (पू०) चाटना ; चाटकर साफ़ कर देना ।

вы́линять (पू०) १. फीका पड़ जाना ; मुरझा जाना २. (पशुओं के) रोएँ गिरना ।

вы́литый : вылива́ть से कृदन्त ; ☐ он в. оте́ц वह बिल्कुल अपने पिता की प्रतिमूर्ति है ।

вы́лить(ся) दे० вылива́ть(ся).

вы́ловить दे० выла́вливать.

вы́ложить दे० выкла́дывать.

вы́ломить दे० вылáмывать.

вы́лощить (पू०) पालिश करना ; चमकाना ।

вылу́живать (अपू०), **вы́лудить** (पू०) (भवि० вы́лужу, вы́лудишь) कलई करना ; в. посу́ду बर्तन पर कलई करना ।

вылупля́ться (आत्म० अपू०), **вы́лупиться** (आत्म० पू०) (अंडों में से बच्चों का) बाहर निकलना ।

вылу́щивать (अपू०), **вы́лущить** (पू०) छिलका या भूसी उतारना ; (अखरोट आदि का) छिलका उतारना ।

выма́зывать (अपू०), **вы́мазать** (पू०) १. पोतना ; लेपना ; в. гли́ной मिट्टी से लेपना ; २. मलिन करना ; गन्दा करना ; **—ся** (आत्म०) अपने आपको मलिन करना ; मैला करना ।

выма́ливать (अपू०), **вы́молить** (पू०) प्रार्थना करना ; विनय करना ; प्रार्थना करके प्राप्त करना ; он вы́молил себе́ проще́ние उसे क्षमा मिल गयी ।

выма́нивать (अपू०), **вы́манить** (पू०) १. (बाहर जाने के लिए) विवश करना ; फुसलाना ; २. छल-कपट करके ले लेना; फुसलाकर ले लेना ; ठग लेना ; у него́ вы́манили все де́ньги उसका सारा धन ठग लिया गया ।

выма́рывать (अपू०), **вы́марать** (पू०) १. मलिन करना ; मैला करना ; (दे० выма́зывать) ; २. (सूची आदि में से) काट देना ।

выма́тывать (अपू०), **вымота́ть** (पू०) शोषण करना ; थका देना ; в. все си́лы у кого́-л. किसीकी सारी शक्ति का शोषण करना/थका देना ; **—ся** (आत्म०) थक जाना ।

выма́чивать (अपू०), **вы́мочить** (पू०) भिगोना ; गीला करना ।

выме́нивать (अपू०), **вы́менять** (पू०) विनिमय करना ; माल की अदला-बदली करना ।

вы́мереть दे० вымира́ть.

вымерза́ть (अपू०), **вы́мерзнуть** (पू०) १. (तुषार/पाले से) नष्ट हो जाना ; २. जम जाना ; बर्फ़ में परिणत हो जाना ।

вы́мерить दे० вымеря́ть.

вы́мерш||ий (वि०) लुप्त ; विनष्ट ; —ие живо́тные विलुप्त पशु ।

вымеря́ть (अपू०), **вы́мерить** (पू०) नापना ; नपाई करना ; в. по́ле खेत की नपाई करना ।

вы́месить दे० выме́шивать.

вы́мести(сь) दे० вымета́ть(ся).

вы́местить दे० вымеща́ть.

вы́метать दे० вымётывать.

вымета́ть (अपू०), **вы́мести** (पू०) (भवि० вы́мету, вы́метешь) (कमरे आदि में) झाड़ू देना ; साफ़ करना ; **—ся(сь)** (आत्म०) вымета́ть का कर्मवाच्य ।

вымётывать (आत्म०), **вы́метать** (पू०) (बटनों के) काज करना ।

выме́шивать (अपू०), **вы́месить** (पू०) (भवि० вы́мешу, вы́месишь) (आटा आदि) गूँधना ।

вымеща́ть (अपू०), **вы́местить** (पू०) (भवि० вы́мещу, вы́местишь) в. зло́бу на ком-л. किसी पर गुस्सा उतारना ।

вымира́ть (अपू०), **вы́мереть** (पू०) (भवि० вы́мру, вы́мрешь) मर जाना ; नष्ट हो जाना ; लुप्त हो जाना ; उजड़ जाना ।

вымога́тель (पुं०) (धमकाकर) रुपया ऐंठनेवाला ; (धन आदि) ऐंठनेवाला ; बलात् ग्रहण करनेवाला ।

вымога́ть (अपू०), लूटना ; (रुपया आदि) ऐंठना ; धमकी देकर लेना ; в. де́ньги у кого́-л. किसी-से धन लूटना ।

вымока́ть (अपू०), **вы́мокнуть** (पू०) भीग जाना ; गीला हो जाना ; तरबतर होना ।

вымола́чивать (अपू०), **вы́молотить** (भवि० вы́молочу, вы́молотишь) (पू०) दायँ चलाना ; (पीटकर) भूसे से अनाज अलग करना ।

вымолви́ть (पू०) (भवि० вы́молвлю, вы́молвишь) कहना ; उच्चरित करना ; не в. ни сло́ва कुछ न कहना ; मुँह से एक शब्द न निकालना ।

вы́молить दे० выма́ливать.

вы́молот (पुं०) भूसी से अलग किया हुआ अन्न ।

вы́молотить दे० вымола́чивать.

вымора́живание (नपुं०) जमने की क्रिया ; बर्फ़ में परिणत होने की क्रिया ।

вымора́живать (अपू०), **вы́морозить** (पू०) जम जाना ; बर्फ़ में परिणत हो जाना ।

вы́морить (पू०) विनाश करना ; लुप्त करना ।

вы́морозить दे० вымора́живать.

вы́морочн||ый (वि०) : —ое иму́щество (किसीकी मृत्यु के पश्चात्) राजसात्कृत सम्पत्ति ; हक़सरकार जायदाद ।

вы́мостить (पू०) (вы́мощу, вы́мостишь) पत्थर या ईंट बैठाना ; फ़र्श लगाना ।

вы́мотать(ся) दे० выма́тывать(ся).

вы́мочить दे० выма́чивать.

вы́мпел (पुं०) (नौचालन०) १. छोटा झंडा ; २. (वायुयान से गिराया हुआ) सूचना-थैला ।

выму́чивать (अपू०), **вы́мучить** (पू०) बलात् ग्रहण करना ; विवश करके प्राप्त करना ; ऐंठना ।

вы́муштровать (पू०) (—рую) (सेना०) क़वायद कराना ; परेड कराना ।

вымыва́ть (अपू०), **вы́мыть** (पू०) (भवि० вы́мою, вы́моешь) धो देना ; धो डालना ; **—ся** (आत्म०) हाथ-मुँह धोना ।

вымы́ливать (अपू०), **вы́мылить** (पू०) सारा का सारा साबुन प्रयोग में ले आना ।

вы́мысел (पुं०) कल्पना ; मनगढ़न्त बात ; झूठी बात ।

вы́мыслить दे० вымышля́ть.

вы́мыть(ся) दे० вымыва́ть(ся) और мы́ть(ся).

вы́мышленный (वि०) कल्पित ; मनगढ़न्त ।

вымышля́ть (अपू०), **вы́мыслить** (पू०) कपोलकल्पित बातें करना ; (बात) गढ़ना ।

вы́мя (स्त्री०) (पशु का) थन ।

вына́шивать (अपू०), **вы́носить** (पू०) (भवि० вы́ношу, вы́носишь) १. (माता का) जन्म तक बच्चे को पेट में रखना ; गर्भ में धारण

करना ; २. भली भाँति सोच विचार कर लेना ।

вы́нести(сь) दे० выноси́ть(ся).

вынима́ть (अपू०), **вы́нуть** (पू०) बाहर निकालना ; बाहर खींचना ; निकाल लेना ; **—ся** (आत्म०) १. बाहर निकलना ; २. вынима́ть का कर्मवाच्य ।

вы́нос (पुं०) (मुर्दे को) ले जाने की क्रिया ।

вы́носить दे० вына́шивать.

выноси́ть (अपू०), **вы́нести** (पू०) (भवि० вы́несу, вы́несешь) १. बाहर ले जाना ; ले जाना ; в. на у́лицу सड़क पर ले जाना ; в. на ры́нок मंडी में ले जाना ; २. सहन करना ; बरदाश्त करना ; ३. (सभा के सम्मुख) रखना ; पेश करना ; □ в. под стро́ку पाद-टिप्पणी लिखना ; в. пригово́р दंड देना ; в. резолю́цию प्रस्ताव पास करना ; в. реше́ние निर्णय करना ; निर्णय देना ; **—ся(сь)** (आत्म०) (एकदम) बाहर निकल जाना ; выноси́ть का कर्मवाच्य ।

вы́носка (स्त्री०) १. हटाने या बाहर ले जाने की क्रिया ; २. टिप्पणी ; पाद-टिप्पणी ; पार्श्व-टिप्पणी ।

выно́слив||ость (स्त्री०) सहनशीलता ; धैर्य ; **—ый** (वि०) सहनशील ; धीर ।

вынужда́ть (अपू०), **вы́нудить** (पू०) (भवि० вы́нужу, вы́нудишь) विवश करना ; मजबूर करना ; он вынуждён пойти́ वह जाने के लिए विवश है ।

вы́нужденн||ый (वि०) १. вынужда́ть से कृदन्त ; २. (वि०) विवश ; मजबूर ; —ая поса́дка (वायुयान का) विवश अवतरण ।

вы́нуть(ся) (दे०) вынима́ть(ся).

вы́нырнуть (पू०) १. गोता मारकर फिर पानी की सतह पर आ जाना ; २. सहसा आ टपकना ।

выню́хивать (अपू०), **вы́нюхать** (पू०) १. सुर्ती सूँघना ; नसवार लेना ; २. सूँघ लेना ; पता लगा लेना ।

выня́нчивать (अपू०), **вы́нянчить** (पू०) (बच्चे को) पालना ; पालन-पोषण करना ।

вы́пад (पुं०) आक्रमण ; झपट ।

выпад||а́ть (अपू०), **вы́пасть** (पू०) (भवि० вы́паду, вы́падешь) १. बाहर गिर जाना ; (बालों का) गिरना ; झड़ना ; в. из ру́к हाथ से गिर जाना ; २. बूंद आदि का गिरना ; мно́го дождя́/сне́гу вы́пало बहुत वर्षा हुई/बहुत बर्फ़ पड़ी ; ३. घटित होना ; ४. в. на до́лю кому́-л. किसीके भाग्य में होना ; **—е́ние** (नपुं०) पतन ; (बालों का) गिरना ; झड़ना ।

выпа́ивать (अपू०), **вы́поить** (पू०) दूध पिलाना ।

вы́пал (पुं०) (गोले आदि का) धमाका ।

выпа́лывать (अपू०), **вы́палить** (पू०) निशाना लगाना ; गोली चलाना ; вы́палить из ружья́ (बन्दूक की) गोली चलाना ।

выпа́лывать (अपू०), **вы́полоть** (पू०) निराई करना ।

вы́паривание (नपुं०) उद्वाष्पन ; भाप बनाकर उड़ाना ।

выпа́ривать (अपू०), **вы́парить** (पू०) उद्वाष्पन करना ; भाप बनाकर उड़ाना ।

выпа́рывать (अपू०), **вы́пороть** (पू०) (फाड़कर) उतार देना; उधेड़ देना; в. подкла́дку из пальто́ कोट का अस्तर उधेड़ देना ।

вы́пасть दे० выпада́ть.

вы́пачкать (पू०) मलिन करना ; गन्दा करना ; в. па́льцы черни́лами स्याही से उँगलियाँ गन्दी करना ; **—ся** (आत्म०) अपने आपको गन्दा करना ; गन्दा होना ।

выпека́ть (अपू०), **вы́печь** (पू०) (भवि० вы́пеку, вы́печешь) पकाना ।

вы́переть दे० выпира́ть.

вы́пестовать (पू०) (—стую) (छोटे बच्चों का) लालन-पालन करना ।

вы́печка (स्त्री०) पकाने की क्रिया ; पकायी हुई वस्तुओं की मात्रा ।

вы́печь दे० выпека́ть.

выпива́ть (अपू०), **вы́пить** (पू०) (भवि० вы́пью, вы́пьешь) पीना ; в. за́лпом एक घूँट में पी जाना ; в. до дна, в. всё सारा पी

जाना ; вы́пить ча́шку ча́я चाय का प्याला पीना ; вы́пить воды́ थोड़ा-सा पानी पीना ; он выпива́ет वह (शराब आदि) पीता है ।

вы́пивка (स्त्री०) १. पान-गोष्ठी ; मद्यपान-उत्सव ; २. (मदिरा आदि) मादक पेय ।

выпи́ливать (अपू०), **вы́пилить** (पू०) (आरी से) चीरना ; काटना ; (चीरकर) बनाना ; в. ра́мку चौखट बनाना ।

выпира́||ть (अपू०), **вы́переть** (पू०) (भवि० вы́пру, вы́прешь) १. उभर आना ; आगे को बढ़ आना ; у э́того толстяка́ —ет живо́т इस मोटे आदमी की तोंद बढ़ रही है ; २. बाहर को धकेलना ; ३. भगा देना ; (नौकरी से) अलग कर देना ; его́ вы́перли со слу́жбы वह नौकरी से अलग कर दिया गया ।

вы́писать(ся) दे० выпи́сывать(ся).

вы́писка (स्त्री०) १. प्रतिलिपि करने की क्रिया ; नक़ल करने/अवतरण लेने की क्रिया ; २. अवतरण ; ३. (माल के लिए) आर्डर करने की क्रिया ; (पत्रिका आदि का) चन्दा ; ४. (अस्पताल से) छुट्टी ; больно́й предназна́чен к —е रोगी को (अस्पताल से) छुट्टी मिलनेवाली है ।

выпи́сывать (अपू०), **вы́писать** (पू०) (भवि० вы́пишу, вы́пишешь) १. (पुस्तक आदि से) अवतरण लेना ; в. не́сколько цита́т कुछ उद्धरण ले लेना ; नक़ल कर लेना ; २. पूरा लिख लेना ; ३. (माल आदि के लिए) आदेश भेजना ; (पत्रिका आदि के लिए) चन्दा भेजना ; ४. (पत्र भेजकर) बुलाना ; ५. सूची में से निकाल देना ; (अस्पताल से रोगी को) छुट्टी देना ; в. из больни́цы अस्पताल से छुट्टी देना ; **—ся** (आत्म०) १. सूची में से अपना नाम कटवाना ; (अस्पताल से) छुट्टी पाना ; он уже́ вы́писался из больни́цы उसको अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है ; २. выпи́сывать का कर्मवाच्य ।

вы́пить दे० выпива́ть और пить.

выпи́хивать (अपू०), **вы́пихнуть** (पू०) (धकेलकर) बाहर निकाल देना ; जबर्दस्ती बाहर निकाल देना ; в. его́ из ко́мнаты उसको कमरे से बाहर निकाल दो ।

вы́плав||ить दे० выплавля́ть ; **—ка** (स्त्री०) १. गलाने की क्रिया ; गलाई ; २. गली हुई धातु ।

выплавля́ть (अपू०), **вы́плавить** (पू०) (भवि० вы́плавлю, вы́плавишь) गलाना ।

вы́плакать (पू०) (भवि० вы́плачу, вы́плачешь) १. रोकर दूर कर लेना ; в. го́ре रोकर शोक दूर करना ; २. रोकर प्राप्त करना ; **—ся** (आत्म०) जी भरकर रोना ; ख़ूब रोना ।

вы́плата (स्त्री०) अदायगी ; भुगतान ; в. до́лга ऋण का भुगतान ; в. в рассро́чку क़िस्तों में भुगतान ।

выпла́чивать (अपू०), **вы́платить** (पू०) (भवि० вы́плачу, вы́платишь) अदा कर देना ; भुगतान कर देना ; चुका देना ; в долг ऋण चुका देना ; в. в рассро́чку क़िस्तों में चुकाना ।

выплёвывать (अपू०), **вы́плюнуть** (पू०) (बाहर) थूक देना ; कुल्ला कर देना ।

выплёскивать (अपू०), **вы́плеснуть** (पू०) (पानी आदि) बाहर फेंकना ।

выплета́ть (अपू०), **вы́плести** (पू०) (भवि० вы́плету, вы́плетешь) १. (गुँथी हुई चीज़ को) खोलकर बाहर निकालना ; в. ле́нту из ко́сы चोटी में से फ़ीता निकाल लेना ; २ गूँथकर तैयार करना ।

выплыва́ть (अपू०), **вы́плыть** (पू०) (भवि० вы́плыву, вы́плывешь) १. बाह तैर जाना ; (तैरकर) स्थल पर आ जाना ; निक आना ; в. в откры́тое мо́ре (जहाज़ आदि का खुले सागर में चले जाना ; она́ вы́плыла и ко́мнаты वह कमरे से बाहर निकल आयी ; лу вы́плыла из туч चन्द्रमा बादलों में से नि आया ; २. (अचानक ही) आ निकलना ।

вы́плюнуть दे० выплёвывать.

вы́поить दे० выпа́ивать.

выпола́скивать (अपू०), **вы́полоскать** (पू०) (भवि० вы́полощу, вы́полощешь) खँगालना ; (कपड़े को धोते समय) पानी में डुबो

साबुन हटाना ; в. гóрло कुल्ला करना ; ग़रारे करना ।

выползáть (अपू०), **вы́ползти** (पू०) (रेंगकर) बाहर निकल आना ; (बाहर को) रेंग आना ।

выполнéние (नपुं०) कार्यान्विति ; कार्य-निष्पत्ति; सिद्धि ।

выполня́ть (अपू०), **вы́полнить** (पू०) कार्यान्वित करना ; पूरा करना ; в. свой обя́занности अपना कर्तव्य पूरा करना/निभाना ; в. чьи-л. желáния किसीकी इच्छा पूरी करना ।

вы́полоскать दे० выполáскивать.

вы́полоть दे० выпáлывать.

вы́пороть दे० выпáрывать और порóть.

вы́порхну||ть (पू०) (फुर से) बाहर उड़ जाना (प्राय: नन्हें पक्षियों के बारे में); лáсточка —ла из гнездá चिड़िया अपने घोंसले से फुर से उड़ गयी ; (युवती का) फुर से बाहर निकलना ; из дóма —ла дáма घर से एक युवती निकली ।

вы́потрошить दे० потроши́ть.

вы́правка (स्त्री०) शोधन ; संशोधन ।

выправля́ть (अपू०), **вы́править** (पू०) (भवि० вы́правлю, вы́правишь) १. सीधा करना ; в. погну́вшуюся лóжку टेढ़े चम्मच को सीधा करना ; २. संशोधन करना ; ३. ठीक करना ; (पारपत्र आदि) प्राप्त करना ; **—ся** (आत्म०) १. सीधा होना ; अपने आपको सीधा करना ; (अपना) सुधार करना ; २. выправля́ть का कर्मवाच्य ।

вы́прастывать (अपू०), **вы́простать** (पू०) १. खाली करना ; вы́простай корзи́ну! टोकरी खाली कर दो ; २. बाहर निकालना ; в. ру́ки из-под одея́ла रज़ाई में से हाथ बाहर निकालना ।

выпрáшивать (अपू०), **вы́просить** (पू०) (भवि० вы́прошу, вы́просишь) किसी-को फुसलाकर कुछ पूछ लेना अथवा किसी बात का पता लगा लेना ।

выпровáживать (अपू०), **вы́проводить** (पू०) (भवि० вы́провожу, вы́проводишь) भेज देना ; बोरिया-बिस्तर उठवा देना ; छुटकारा पाना ।

вы́просить दे० выпрáшивать.

вы́простать दे० выпрáстывать.

выпры́гивать (अपू०), **вы́прыгнуть** (पू०) (बाहर) कूद जाना ; छलाँग मारना ; в. из окнá खिड़की से बाहर कूद जाना ।

выпрягáть (अपू०), **вы́прячь** (पू०) (भवि० вы́прягу, вы́пряжешь) (घोड़े की) जोत हटाना ; (गाड़ी से) घोड़ा खोलना ।

выпрями́тель (पुं०) (भौ०) ऋजुकारी ।

вы́прям||ить(ся) दे० выпрямля́ть(ся) ; **—лéние** (नपुं०) १. सीधा करने की क्रिया ; २. (भौ०) ऋजुकरण ।

выпрямля́ть (अपू०), **вы́прямить** (पू०) (भवि० вы́прямлю, вы́прямишь) १. सीधा करना ; २. (भौ०) ऋजुकरण ; **—ся** (आत्म०) १. सीधा होना ; अपने आपको सीधा करना ; सीधा खड़ा होना ; २. выпря́млять का कर्मवाच्य ।

вы́прячь दे० выпрягáть.

вы́пуклина (स्त्री०) उभार ; सूजन ।

вы́пукл||ость (स्त्री०) उभार ; सूजन ; **—ый** (वि०) उभरा हुआ ; (आगे को) बढ़ा हुआ ; सूजा हुआ ; —ые глазá सूजी हुई आँखें ; —ое стеклó उत्तल शीशा ।

вы́пуск (पुं०) १. (मुद्रा-कम्पनी के हिस्सों आदि का) जारी करना ; निर्गम ; (माल का) उत्पादन ; в. из печáти प्रकाशन ; २. स्कूल या कालेज की विद्या समाप्त करनेवाले विद्यार्थियों का समूह ; स्नातकगण ; в. в э́том году́ бу́дет большóй इस वर्ष स्नातकों (स्कूल या कालेज की विद्या समाप्त करने-वालों) की संख्या अधिक होगी ; ३. काट-छाँट ; пьéсу давáли с больши́ми —ами नाटक में बहुत काट-छाँट की गयी है ; नाटक बड़ी काट-छाँट के पश्चात् दिखाया गया ; ४. भाग ; क़िस्त ; (पत्रिका आदि का) अंक ।

выпуск||áть (अपू०), **вы́пустить** (पू०) (भवि० вы́пущу, вы́пустишь) १. बाहर

निकालना ; (बाहर को) छोड़ना ; в. вóду (из чегó-л.) पानी छोड़ना ; खाली करना ; в. дым धुआँ छोड़ना ; в. из рук हाथ से निकाल देना/छोड़ देना/जाने देना ; в. на свобóду मुक्त करना ; आज़ाद करना ; २. (माल आदि) मंडी में भेजना ; उत्पादन करना ; ३. काट-छाँट करना ; ४. (शिक्षा देकर) (विद्यार्थी, विशेषज्ञ) तैयार करना ; в. инженéров इंजीनियर तैयार करना ; ५. प्रकाशित करना ; ☐ в. из ви́ду आँखों से ओझल करना ; в. кóгти पंजे बाहर निकालना ; **—ни́к** (पुं०) अन्तिम वर्ष (कक्षा) का विद्यार्थी ; **—нóй** (वि०) —нóй экзáмен अन्तिम परीक्षा ; —нáя ценá बाज़ार का भाव ।

выпу́тываться (आत्म० अपू०), **выпутáться** (आत्म० पू०) (उलझनों से) मुक्ति पाना; बच निकलना ; в. из долгóв ऋण से मुक्ति पाना ।

вы́пученн||ый (वि०): с —ыми глазáми (आश्चर्य से) फूली हुई आँखें ।

выпу́чивать (अपू०), **вы́пучить** (पू०) ☐ फुलाना ; в. живóт पेट फुलाना ; в. глазá (आश्चर्य से) आँखें फुलाकर देखना ; **—ся** (आत्म०) живóт вы́пучился पेट बढ़ गया है ।

вы́пушка (स्त्री०) मगज़ी ; किनारी ।

выпы́тывать (अपू०), **вы́пытать** (पू०) (पूछताछ करके) पता लगा लेना ; в. секрéт भेद का पता लगा लेना ।

выпь (स्त्री०) (दलदल या नदी पर रहनेवाला) एक प्रकार का पक्षी ।

выпя́ливать (अपू०), **вы́пялить** (पू०) (आगे को) उभारना ; फुलाना ; (चौखट अथवा फ़्रेम में से) बाहर निकाल देना ; в. глазá (आश्चर्य से) आँखें फुलाकर देखना ।

выпя́чивать (अपू०), **вы́пятить** (पू०) (भवि० вы́пячу, вы́пятишь) १. (बाहर को) निकालना ; (पेट आदि) फुलाना ; उभारना ; २. (किसी बात पर) अत्यधिक ज़ोर देना ; **—ся** (आत्म०) १. बाहर को निकल आना ; उभरना ; २. выпя́чивать का कर्मवाच्य ।

вырабáтывать (अपू०), **вы́работать** (पू०) १. वस्तु-निर्माण करना ; उत्पादन करना ; बनाना ; २. (योजना आदि) तैयार करना ; ३. в. в себé си́лу вóли अपने में संकल्प-शक्ति का विकास करना ; лишéния вы́работали из негó выносли́вого человéка कठिनाइयों ने उसको सहनशील (अथवा सुदृढ़) बना दिया ; ४. जीविका कमाना ; ५. खनिज पदार्थ निकालना ।

вы́работка (स्त्री०) १. वस्तु-निर्माण ; उत्पादन ; २. (योजना आदि) तैयार करने की क्रिया; ३. खनिज पदार्थ निकालने की क्रिया ।

вырáвнив||ание (नपुं०) समतल/बराबर करने की क्रिया ; (सेना या खेल में) पंक्ति में खड़ा करने की क्रिया ; **—атель** (पुं०) समतल/बराबर करने का यन्त्र ।

вырáвнивать (अपू०), **вы́ровнять** (पू०) १. समतल करना ; बराबर करना ; एकसार करना ; २. (सेना या खेल में) सीधी पंक्ति में खड़ा करना ; **—ся** (आत्म०) १. बराबर होना ; एकसार होना; समतल होना ; २. सीधी पंक्ति में खड़ा होना ; ३. вырáвнивать का कर्मवाच्य ।

выражáть (अपू०), **вы́разить** (पू०) (भवि० вы́ражу, вы́разишь) व्यक्त करना; प्रकट करना ; ज़ाहिर करना ; в. свою́ мы́сль अपने विचार प्रकट करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने विचार प्रकट करना ; २. व्यक्त होना ; प्रकट होना ; ज़ाहिर होना ; ३. गाली देना ; झाड़ना ; ४. выражáть का कर्मवाच्य ।

выражéние (नपुं०) अभिव्यक्ति; अभिव्यंजना; (गणित) व्यंजक ।

вырази́тель (पुं०) : в. мнéния प्रवक्ता; अभिवक्ता ।

вырази́тельн||ость (स्त्री०) १. व्यंजकता; २. महत्ता ; ३. वाक्पटुता ; **—ый** (वि०) १. व्यंजक ; सूचक ; दर्शक ; २. महत्वपूर्ण; ३. वाक्पटु ।

вы́разить(ся) दे० выражáть(ся).

вырастáть (अपू०), **вы́расти** (पू०) (भवि० вы́расту, вы́растешь) बढ़ जाना;

в. на 20 % बीस प्रतिशत बढ़ जाना ।

выра́щивать (अपू॰), **вы́растить** (पू॰) (भवि॰ вы́ращу, вы́растишь) (बच्चों आदि का) पालन-पोषण करना ; (पशु आदि) पालना ; प्रजनन करना ; (वनस्पति आदि) उगाना ; (कार्मिकों को) प्रशिक्षण देना ; ट्रेनिंग देना ।

вы́рвать दे॰ вырыва́ть और рвать.

вы́рваться दे॰ вырыва́ться.

вы́рез (पुं॰) १. काट ; २. काटी हुई वस्तु ; ☐ покупа́ть на в. (арбу́з) (तरबूज़) काटकर (देखकर) खरीदना ।

выреза́ть (अपू॰), **вы́резать** (पू॰) (भवि॰ вы́режу, вы́режешь) १. काटकर अलग कर देना ; в. карти́нки из кни́ги पुस्तक में से चित्र काट लेना ; २. (लकड़ी आदि पर) खुदाई का काम करना ; в. своё и́мя на кольце́ अँगूठी पर अपना नाम खोदना ; ३. हत्याकांड करना ; क़त्लेआम करना ।

вы́резка (स्त्री॰) कटाई ; (लकड़ी आदि पर) खुदाई का काम ।

вырезно́й (वि॰) खुदाई का काम करके बनाया हुआ ।

выре́зыв||ание (नपुं॰) कटाई ; (लकड़ी आदि पर) खुदाई ; **—ать** = выреза́ть.

вырисо́вывать (अपू॰), **вы́рисовать** (पू॰) (भवि॰ —сую) सर्वांगी चित्र खींचना ; (सावधानी से) चित्र खींचना ; **—ся** (आत्म॰) १. स्पष्ट दिखायी पड़ना ; вдали́ на́чал —ся кора́бль दूर एक जहाज़ स्पष्ट दिखायी देने लगा ; २. вырисо́вывать का कर्मवाच्य ।

вы́ровнять(ся) दे॰ выра́внивать(ся).

вы́родиться दे॰ вырожда́ться.

вы́родок (पुं॰) अधःपतित ।

вырожд||а́ться (आत्म॰ अपू॰), **вы́родиться** (आत्म॰ पू॰) (भवि॰ вы́рожусь, вы́родишься) अधःपतित होना ; **—е́ние** (नपुं॰) अधःपतन ।

вы́ронить (पू॰) गिराना ; गिरने देना ; в. что-л. из рук हाथ से कुछ गिराना ।

выруба́ть (अपू॰), **вы́рубить** (पू॰) (भवि॰ вы́рублю, вы́рубишь) १. (पेड़ आदि) काटना ; काट गिराना ; २. (छेद आदि) करना ; ३. संगतराशी करना ; पत्थर तराशकर मूर्ति बनाना ।

вы́рубка (स्त्री॰) १. कटाई ; (पेड़ों को) काट गिराने की क्रिया ; २. (जंगल में पेड़ काटकर साफ़ किया हुआ) स्थान ।

вы́ругать(ся) दे॰ руга́ть(ся).

выруч||а́ть (अपू॰), **вы́ручить** (पू॰) १. (किसीको कठिन स्थिति से निकालने के लिए) सहायता करना ; छुड़ाना ; в. из пле́на क़ैद से छुड़ाना ; २. (खर्च किया हुआ धन) लौटा लेना ; в. затра́ченное अपना खर्च निकाल लेना ; **—ка** (स्त्री॰) १. लाभ ; नफा ; आय ; дневна́я в. दैनिक आय (व्यापार आदि से) ; २. सहायता ; приходи́ть на —ку (किसीको कठिन स्थिति से निकालने के लिए) सहायता के लिए आना ।

вырыва́ние (नपुं॰) **I.** (दाँत आदि) बाहर खींचने अथवा खींचकर निकाल देने की क्रिया ; (पेड़ आदि) जड़ से उखाड़ देने की क्रिया ; **II.** खोदने की क्रिया ।

вырыва́ть I. (अपू॰), **вы́рвать** (पू॰) १. (खींचकर) बाहर निकालना ; बाहर खींचना ; फाड़ देना ; (पौधे, पेड़ आदि) जड़ से उखाड़ देना ; в. страни́цу из кни́ги पुस्तक में से पन्ना फाड़ना ; в. что-л. у кого́-л. из рук किसीके हाथ से कुछ छीनना ; в. себе́ зуб (у врача́) (डाक्टर से) दाँत निकलवाना ; २. (बलात्) कर्षण करना ; खींचना ; в. согла́сие у кого́-л. किसीसे 'हाँ' करा लेना ; в. призна́ние у кого́-л. किसीसे बलात् स्वीकार कराना ।

вырыва́ть II. (अपू॰), **вы́рыть** (पू॰) (भवि॰ вы́рою, вы́роешь) (गढ़ा आदि) खोदना; खोदकर निकालना ; **—ся** (आत्म॰) вырыва́ть **II.** का कर्मवाच्य ।

вырыва́ться (आत्म॰ अपू॰), **вы́рваться** (आत्म॰ पू॰) १. अलग हो जाना ; छुटकारा पाना ; बच निकलना ; अपने आपको छुड़ा लेना ; в. из чьих-л. объя́тий किसीके आलिंगन से अपने आपको छुड़ाना ; २. फूट पड़ना ; из его́ груди́ вы́рвался стон वह कराहने लगा ।

вы́рядить (पू॰) (भवि॰ вы́ряжу, вы́рядишь) कपड़े पहनाना ; (कपड़े पहनाकर) सजाना ; **—ся** (आत्म॰) कपड़े पहनना ; (कपड़े पहनकर) सजना ।

вы́садить(ся) दे॰ выса́живать(ся).

вы́садка (स्त्री॰) १. (जहाज़ आदि से) उतारने की क्रिया ; २. रोपण ; पौधे को एक स्थान से उखाड़कर दूसरे स्थान पर लगाने की क्रिया ।

выса́живать (अपू॰), **вы́садить** (पू॰) (भवि॰ вы́сажу, вы́садишь) १. (जहाज़, ट्राम आदि से) उतारना ; в. деса́нт सेना उतारना ; в. кого́-л. из трамва́я किसीको ट्राम से उतारना; २. रोपण ; पौधे को एक स्थान से उखाड़कर दूसरे स्थान पर लगाना ; ३. (शीशा आदि) तोड़ देना ; **—ся** (आत्म॰) १. (ट्राम, गाड़ी आदि से) उतरना; —ся из по́езда गाड़ी से उतरना ; २. выса́живать का कर्मवाच्य ।

выса́сывать (अपू॰), **вы́сосать** (पू॰) चूस लेना ; चूसकर सुखा देना ; □ в. все со́ки из кого́-л. किसीको निःसत्त्व कर देना ।

высве́рливать (अपू॰), **вы́сверлить** (पू॰) छेद करना ; सुराख़ करना ।

высви́стывать (अपू॰), **вы́свистать, вы́свистеть** (पू॰) (भवि॰ вы́свищу, вы́свищешь-вы́свистишь) सीटी बजाना ।

высвобожда́ть (अपू॰), **вы́свободить** (पू॰) (भवि॰ вы́свобожу, вы́свободишь) स्वतन्त्र करना ; खुला छोड़ना ; छुड़ाना ; **—ся** (आत्म॰) (अपने आपको) स्वतन्त्र करना ; २. высвобожда́ть का कर्मवाच्य ।

вы́сев (पुं॰) बुआई ; **—а́ть** (अपू॰), **вы́сеять** (पू॰) १. (बीज) बोना ; २. छलनी से छानना ; **—ки** (बहु॰) छानस ; चोकर ।

высе́ивать = высева́ть.

высека́ть (अपू॰), **вы́сечь** (पू॰) (भवि॰ вы́секу, вы́сечешь) काटना ; (लकड़ी पर) खुदाई का काम करना ।

выселе́ние (नपुं॰) बेदख़ली ; निस्सृति ।

вы́селить(ся) दे॰ выселя́ть(ся).

вы́селки (बहु॰) (एकवचन вы́селок) नयी बस्ती ।

выселя́ть (अपू॰), **вы́селить** (पू॰) बेदख़ली करना ; निस्सृत करना ; (एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाकर) बसाना ; **—ся** (आत्म॰) १. (नये स्थान पर जाकर) बसना ; вы́селиться на но́вую кварти́ру नये घर में जाकर बसना ; २. выселя́ть का कर्मवाच्य ।

вы́серебрить (पू॰) चाँदी का पानी करना ; चाँदी का मुलम्मा करना ।

вы́сечка (स्त्री॰) कटाई ; (लकड़ी पर) खुदाई का काम ।

вы́сечь दे॰ высека́ть और сечь.

вы́сеять दे॰ высева́ть.

вы́сидеть दे॰ выси́живать.

выси́жива||ние (नपुं॰) (अंडा) सेने की क्रिया; **—ать** (अपू॰), **вы́сидеть** (पू॰) (भवि॰ вы́сижу, вы́сидишь) १. (कुछ समय तक) बैठे रहना ; вы́сидеть до конца́ ле́кции भाषण के अन्त तक बैठे रहना ; вы́сидеть три дня до́ма तीन दिन घर बैठे रहना ; २. (पक्षी का) अंडे सेना ।

выска́бливание (नपुं॰) खुरचने की क्रिया ।

выска́бливать (अपू॰), **вы́скоблить** (पू॰) खुरच डालना ; вы́скоблить сло́во रबड़ से शब्द मिटाना ।

выска́зывание (नपुं॰) १. अभिव्यक्ति ; २. घोषणा ; वक्तव्य ; सम्मति ; राय ।

выска́зывать (अपू॰), **вы́сказать** (पू॰) (भवि॰ вы́скажу, вы́скажешь) बताना; कहना ; व्यक्त करना ; ज़ाहिर करना ; प्रकट करना; в. что-л. в лицо́ кому́-л. किसीके मुँह पर कुछ कहना ; в. мне́ние सम्मति प्रकट करना; राय ज़ाहिर करना ; в. предложе́ние प्रस्ताव करना; सुझाव देना ; он ему́ всё вы́сказал उसने उसको सब-कुछ बता दिया ; **—ся** (आत्म॰) १.

कहना ; अपनी राय प्रकट करना ; अपनी बात कहना; он уже́ вы́сказался उसे जो कुछ कहना था, कह दिया ; २. выска́зывать का कर्मवाच्य ।

выска́кивать (अपू०), **вы́скочить** (पू०) १. बाहर कूद जाना ; (छलाँग मारकर) बाहर निकल जाना ; в. в коридо́р बरामदे में कूद जाना ; в. отку́да-то कहीं से आ टपकना ; अनायास ही आ जाना ; २. बाहर गिर जाना ।

выска́льзывать (अपू०), **вы́скользнуть** (पू०) खिसक जाना ; (खिसककर) गिर जाना ; паке́т вы́скользнул из рук पैकेट हाथ में से खिसककर गिर गया ; в. из ко́мнаты कमरे में से (चुपके से) खिसक जाना ।

вы́скоблить दे० выска́бливать.

выскольза́ть = выска́льзывать.

вы́скочить दे० выска́кивать.

вы́скочка (उभ०) नया रईस ।

выскреба́ть (अपू०), **вы́скрести** (पू०) (भवि० вы́скребу, вы́скребешь) खुरच डालना ; (घोड़े पर) खरहरा करना ; (हँगी से) साफ़ कर देना ।

вы́слать दे० высыла́ть.

высле́живать (अपू०), **вы́следить** (पू०) (भवि० вы́слежу. вы́следишь) पीछा करना ; (खोजी की सहायता से) ढूँढना ।

вы́слуг||а (स्त्री०) за —у лет लम्बी और प्रशंसनीय सेवाओं के लिए ।

выслу́живать (अपू०), **вы́служить** (पू०) १. हक़दार होना ; в. пе́нсию (नियत समय तक नौकरी करके) पेंशन का हक़दार या अधिकारी होना ; २. (केवल पू०) вы́служить 20 лет बीस वर्ष तक सेवा करना ; **—ся** (आत्म०) १. कृपा-पात्र बनना; चापलूसी करना ; २. выслу́живать का कर्मवाच्य ।

вы́слушать दे० выслу́шивать.

выслу́шивание (नपुं०) (चिकि०) परिश्रवण ; (फेफड़े, दिल आदि की धड़कन सुनकर रोग-निदान करना) ।

выслу́шивать (अपू०), **вы́слушать** (पू०) १. ध्यान से सुनना ; अन्त तक सुनना ; २. (चिकि०) परिश्रवण (फेफड़े, दिल आदि की धड़कन सुनकर रोग-निदान करना) ।

высма́тривать (अपू०), **вы́смотреть** (पू०) ढूँढना ; खोज करना ; जासूसी करना ; (अति-प्रयोग द्वारा) आँखों को खराब कर लेना ।

высме́ивать (अपू०), **вы́смеять** (पू०) हँसी उड़ाना ; उपहास करना ।

вы́смолить (पू०) कोलतार से पोतना ।

вы́сморкать(ся) दे० сморка́ть(ся).

вы́смотреть दे० высма́тривать.

высо́вывать (अपू०), **вы́сунуть** (पू०) बाहर को निकालना ; в. язы́к जीभ बाहर निकालना ; **—ся** (आत्म०) १. बाहर को झुकना ; २. आत्म-प्रदर्शन करना ; ३. высо́вывать का कर्मवाच्य ।

высо́к||ий (वि०) ऊँचा ; उच्च ; (क़द में) लम्बा ; —ая вода́ ज्वार ; —ая температу́ра उच्च तापांक ; в. лоб उच्च ललाट ; ऊँचा माथा ; быть —ого мне́ния (किसीके बारे में) उच्च विचार रखना ; अच्छी राय रखना ।

высоко́ (क्रि० वि०) १. ऊँचा ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) опусти́те пони́же, мне в. थोड़ा-सा और नीचा कर दो, यह मेरे लिए बहुत ऊँचा है ।

высокока́чественный (वि०) उच्चकोटि का ; बढ़िया ।

высококвалифици́рованный (वि०) परम योग्य ; अत्यन्त कुशल ।

высокоме́р||ие (नपुं०) घमंड ; अहंकार ; **—ный** (वि०) घमंडी ; अहंकारी ।

высокообразо́ванный (वि०) उच्च शिक्षा-प्राप्त

высокопа́рн||о (क्रि० वि०) शब्दाडम्बरपूर्ण रीति से ; **—ость** (स्त्री०) शब्दाडम्बर ; **—ый** (वि०) शब्दाडम्बरपूर्ण ।

высокопоста́вленный (वि०) उच्च पदाधिकारी ।

высокопро́бный (वि०) (सोने आदि की चीजों के बारे में) खरा ; शुद्ध ।

высокосо́ртный (वि०) उच्चकोटि का ।

высокочувстви́тельный (वि०) अति संवेदनशील ।

вы́сосать दे० выса́сывать.

высот||а́ (स्त्री०) १. ऊँचाई ; на —е́ 100 ме́тров एक सौ मीटर की ऊँचाई पर ; лета́ть на небольшо́й —е́ थोड़ी ऊँचाई पर उड़ना ; २. (गणित) ऊँचाई ; तुंगता ।

высо́тный (वि०) ऊँचा ।

высотоме́р (पुं०) ऊँचाईमापी ; तुंगतामापी ।

вы́сохнуть दे० высыха́ть.

высоча́йший (वि०) १. высо́кий का तम-प्रत्ययान्त रूप ; २. (क्रान्ति-पूर्व) शाही ; राजकीय ।

высо́чество (नपुं०): ва́ше в. राज्यमान ।

вы́спаться दे० высыпа́ться.

выспра́шивать (अपू०), **вы́спросить** (पू०) (भवि० вы́спрошу, вы́спросишь) (किसीसे) पूछताछ करना ; किसी बात का पता लगाने की कोशिश करना ।

вы́ставить(ся) दे० выставля́ть(ся).

вы́ставка (स्त्री०) प्रदर्शनी ; नुमायश ; в. карти́н चित्र-प्रदर्शनी ; в. лошаде́й अश्व-प्रदर्शनी ; घोड़ों की नुमायश ।

выставля́ть (अपू), **вы́ставить** (पू०) (भवि० вы́ставлю, вы́ставишь) १. आगे बढ़ाना ; आगे धकेलना ; सामने रखना ; बाहर रखना; в. но́гу अपना पाँव बढ़ाना ; २. в. чью-л. кандидату́ру उम्मीदवारी के लिए किसीका नाम पेश करना ; किसीके नाम का प्रस्ताव करना ; ३. प्रदर्शित करना ; दिखावा करना ; в. себя́ आत्म-प्रदर्शन करना ; в. напока́з свои́ зна́ния अपने ज्ञान का दिखावा करना ; в. кого́-л. дурако́м किसीको मूर्ख सिद्ध करने का प्रयत्न करना ; ४. (माँग, युक्ति) पेश करना ; देना ; в. тре́бования माँगें पेश करना ; в. аргуме́нты युक्तियाँ देना ; ५. भगा देना ; निकाल देना ; вы́ставить кого́-л. со слу́жбы किसीको नौकरी से निकाल देना ; ६. в. о́кна खिड़की की एक चौखट/तख्ता आदि उतार देना (रूस में सर्दी के कारण खिड़कियों में दुहरी चौखट और तख्ते लगे होवे हैं) ; **—ся** (आत्म०) १. आत्म-प्रदर्शन करना; २. выставля́ть का कर्मवाच्य ।

вы́ставочный (वि०) вы́ставка से वि०; в. комите́т प्रदर्शनी-समिति ।

выста́ивать (अपू०), **вы́стоять** (पू०) १. (निश्चित समय के लिए) खड़े रहना ; २. जमे रहना ; डटे रहना ; **—ся** (आत्म०) १. (समय पाकर) परिपक्व होना ; २. (घोड़े का) आराम करना ।

вы́стегать (पू०) तोशक या रजाई भरना ; दो तहों में जोड़ना ।

выстила́ть (अपू०), **вы́стлать** (पू०) १. (चादर आदि) बिछाना ; अस्तर लगाना ; २. पत्थर या ईंट बैठाना ; फ़र्श लगाना ।

вы́стирать दे० стира́ть.

вы́стлать दे० выстила́ть.

вы́стоять(ся) दे० выста́ивать(ся).

вы́страдать (पू०) १. (कष्ट आदि) सहना ; २. बहुत कष्ट उठाकर प्राप्त करना ।

выстра́ивание (नपुं०): в. рядо́в दोनों की पंक्तियाँ बनाना ।

выстра́ивать (अपू०), **вы́строить** (पू०) १. बना चुकना ; в. дом घर बना लेना ; २. पंक्तियाँ बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. पंक्तियाँ बनाकर खड़े होना ; २. выстра́ивать का कर्मवाच्य ।

вы́стрел (पुं०) गोली ; गोली की आवाज ; произвести́ в. गोली चलाना ; **—ить** (पू०) गोली चलाना ।

вы́строгать (पू०) रन्दा करना ; в. до́ску तख्ते पर रन्दा करना ।

выстрига́ть (अपू०), **вы́стричь** (पू०) (भवि० вы́стригу, вы́стрижешь) (बाल आदि) कैंची से काट देना ; मूँड देना ; छाँटना ; **—ся** (आत्म०) अपने बाल छँटवाना ; मुँडवाना ; हजामत बनवाना ।

вы́строить (पू०) I. दे० выстра́ивать ; II. (मकान आदि) बनाना ; निर्माण करना ।

вы́строиться दे० выстра́иваться.

вы́строчить (पू०) बखिया करना ; टाँके लगाना ।

выстýживать (अपू०), **вы́студить** (पू०) (भवि० вы́стужу, вы́студишь) ठंडा करना ; शीतल करना ; в. кóмнату कमरा ठंडा करना ।

выстýкивание (नपुं०) ठकठकाना ।

выстýкивать (अपू०), **вы́стукать** (पू०) ठकठक करना ।

вы́ступ (पुं०) उभार ; प्रलम्बन ; आगे निकला हुआ हिस्सा ।

выступáть (अपू०), **вы́ступить** (पू०) (भवि० вы́ступлю, вы́ступишь) १ आगे आना ; बढ़ना ; в. из берегóв तट पर से बह जाना ; २. (सेना०) प्रस्थान करना ; ३. (जनता के सामने) प्रकट होना ; बोलना ; (कलाकार का) अभिनय करना ; в. на сцéне रंगमंच पर आना ; в. на собрáнии सभा में बोलना (अनौपचारिक रूप से) ; в. за предложéние प्रस्ताव का समर्थन करना ; प्रस्ताव के पक्ष में बोलना ; в. прóтив предложéния प्रस्ताव के विपक्ष में बोलना ; в. с рéчью भाषण देना ; в. по рáдио रेडियो पर बोलना ; в. от и́мени когó-л. किसीकी ओर से बोलना ; ४. пот вы́ступил на лбу माथे पर पसीना आ गया ; слёзы вы́ступили на глазáх आँखों में आँसू आ गये ; ५. प्रलम्बित होना; उभरना ; किसी हिस्से का आगे निकल आना ; ६. अकड़कर चलना ।

выступлéни‖е (नपुं०) १. (रंगमंच पर) अभिनय ; (जनता के सम्मुख) भाषण ; २ प्रस्थान ; прикáз о —и (सेना का) प्रस्थान-आदेश ।

вы́сунуть(ся) दे० высóвывать(ся).

высýшивание (नपुं०) सुखाने की क्रिया ।

высýшивать (अपू०), **вы́сушить** (पू०) १. सुखाना ; २. क्षीण करना ; ३. (सुखाकर) कड़ा करना ।

вы́сушить दे० высýшивать और суши́ть.

вы́сушиться дे० суши́ться.

вы́сш‖ий (वि०) (высóкий का तर-प्रत्ययान्त रूप) अधिक ऊँचा ; श्रेष्ठतर ; (высóкий का तम-प्रत्ययान्त रूप) ; सर्वोच्च ; उच्चतम ; सबसे ऊँचा ; सर्वोत्तम ; —ее образовáние उच्चतम शिक्षा ।

высылáть (अपू०), **вы́слать** (पू०) (भवि० вы́шлю, вы́шлешь) १. भेजना ; २. देश-निकाला देना ; निर्वासित करना ; बाहर भेजना ।

вы́сылк‖а (स्त्री०) १. भेजने की क्रिया ; чéрез мéсяц пóсле —и посы́лки पार्सल भेजने के एक मास पश्चात् ; २. निर्वासन ; देशनिकाला ।

высыпáть (अपू०), **вы́сыпать** (पू०) (भवि० вы́сыплю, вы́сыплешь) १. बाहर निकाल फेंकना ; खाली कर देना ; в. песóк из мéшка बोरी में से रेत फेंक देना ; २. ददोरा या चकत्ता निकल आना ; вы́сыпало на лицé मुँह पर ददोरा निकल आया ; ३. (भीड़ के विषय में) вы́сыпать на ýлицу सड़क पर भीड़ कर देना ; ४. एकदम कह डालना ; **—ся** (आत्म०) (बाहर) गिर जाना ; बिखर जाना ; высыпáть का कर्मवाच्य ।

высыхáть (अपू०), **вы́сохнуть** (पू०) १. सूख जाना ; २. मुरझा जाना ।

высь (स्त्री०) शिखर ; ऊँचाई ; चोटी ; заоблачная в. मेघ (बहु०) ; в. гор पर्वत-शिखर ।

вытáлкивать (अपू०), **вы́толкать, вы́толкнуть** (पू०) (धकेलकर) बाहर निकाल देना ; बाहर धकेल देना ।

вытанцóвыва‖ться (आत्म० अपू०) ☐ (केवल नकारात्मक रूप में) सफल होना ; дéло не —ется काम में सफलता नहीं हो रही है ।

вытáпливать (अपू०), **вы́топить** (पू०) (भवि० вы́топлю, вы́топишь) १. (भट्टी) तपाना ; २. पिघलाना ; (घी आदि गर्म करके) निथारना ।

вытáптывать (अपू०), **вытóптать** (पू०) (पाँवों से) रौंदना ; (पाँवों से) गन्दा कर देना ।

вы́таращить दे० тарáщить.

вытáскивать (अपू०), **вы́таскать** (भवि० вы́тащу, вы́тащишь) (खींचकर) बाहर निकाल देना ; घसीट लेना ; चुराना ; вы́тащить что-л. у когó-л. किसीके पास से कुछ चुराना ; ☐ в. когó-л. из беды́ किसीको कष्ट से उबारना ; **вы́тащить когó-л. на концéрт** किसीको

संगीत-समारोह में घसीट ले जाना ।

вы́тачка (स्त्री०) टाँका ।

выта́чивать (अपू०), **вы́точить** (पू०) सान रखना ; तेज करना ।

вы́твердить (पू०) (भवि० вы́твержу, вы́твердишь) कंठस्थ करना ; मुँहज़बानी याद करना ।

вытворя́ть (अपू०) कोई अजीब, हास्यास्पद या अनुचित बात करना ; в. глу́пости मूर्खता की बातें करना ।

вытека́ть (अपू०), **вы́течь** (पू०) (भवि० вы́теку, вы́течешь) १. (बाहर को) बह जाना ; चू जाना ; २ (नदी आदि का) उद्गम होना ; ३. परिणाम होना ; फल होना ।

вы́тереть(ся) दे० вытира́ть(ся).

вы́терпе||ть (पू०) (भवि० вы́терплю, вы́терпишь) सहन करना ; सहना ; он е́ле —л э́то वह इसको कठिनाई से सहन कर सका ।

вы́тертый १. вытере́ть से कृदन्त ; २. (कपड़े के विषय में) तार-तार ।

вытесне́ние (नपुं०) १. (भींचकर) बाहर निकालने की क्रिया ; २. (भौ०) विस्थापन ; ३. (व्यापार में प्रतिद्वन्द्वी को) उखाड़ फेंकना ।

вытесня́ть (अपू०), **вы́теснить** (पू०) १. (भींचकर) बाहर निकाल देना ; बाहर धकेल देना ; २. (भौ०) विस्थापन करना ; ३. उखाड़ फेंकना ।

вы́течь दे० вытека́ть.

вытира́ть (अपू०), **вы́тереть** (पू०) (भवि० вы́тру, вы́трешь) १. पोंछना ; в. но́ги पाँव पोंछना ; в. пыль गर्द झाड़ना ; २. (कपड़े पहनते-पहनते) तार-तार कर देना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने शरीर को पोंछना ; २. (वस्त्र का पहनने से) तार-तार हो जाना ; ३. вытира́ть का कर्मवाच्य ।

вытисня́ть (अपू०), **вы́тиснить** (पू०) छाप लगाना ।

вы́ткать (पू०) बुनना ।

вы́толкать, вы́толкнуть दे० выта́лкивать.

вы́топить दे० вытáпливать.

вы́топтать दे० вытáптывать.

выторго́вывать (अपू०), **вы́торговать** (पू०) (भवि० —гую) १. सौदेबाज़ी करना ; मूल्य में कमी कराना ; в. пять рубле́й मूल्य में पाँच रूबल की कमी कराना ; २. (व्यापार द्वारा) जीविका कमाना ।

вы́точить दे० вытачива́ть.

вы́травить दे० вытравля́ть और трави́ть.

вытрав||ля́ть (अपू०), **вы́травить** (पू०) (भवि० вы́травлю, вы́травишь) १. (विष आदि देकर) नष्ट करना ; मारना ; в. всех мы́шей सारे चूहे मार देना ; २. गर्भपात करना ; ३. (ताम्र-पत्र आदि पर) हाथ से या तेज़ाब से खोदना ; ४. (घास) रौंदना ; **—но́й** (वि०) संक्षारक ।

вы́требовать (पू०) (—бую) १. बुलाना ; बुलावा भेजना ; समन भेजना ; в. в суд пове́сткой कचहरी में आने के लिए समन भेजना ; २. माँगकर प्राप्त करना ।

вытрезвля́ть (अपू०), **вы́трезвить** (पू०) (भवि० вы́трезвлю, вы́трезвишь) संयमी बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. संयमी बनना ; २. вытрезвля́ть का कर्मवाच्य ।

вытряса́ть (अपू०), **вы́трясти** (पू०) (भवि० вы́трясу, вы́трясешь) в. ковёр दरी झाड़ना ।

вытря́х||ивать (अपू०), **вы́тряхнуть** (पू०) १. झाड़ना ; २. गिरा देना ; вы́нимая плато́к, вы́тряхнул из карма́на письмо́ रुमाल निकालते हुए जेब में से पत्र गिरा दिया ।

вы́турить (पू०) भगा देना ; ज़लील करके निकालना ।

выть (अपू०) (वर्त० во́ю, во́ешь) चिंघाड़ना ; दहाड़ना ; चिल्लाना ; सायँ-सायँ करना ; ве́тер во́ет हवा सायँ-सायँ कर रही है ।

вытьё (नपुं०) दहाड़ ; चिंघाड़ ; चिल्लाहट ; सायँ-सायँ का शब्द ।

вытя́гивать (अपू०), **вы́тянуть** (पू०)

१. खींचकर बाहर निकाल देना ; खींचकर फैलाना ; в. рези́нку रबड़ (खींचकर) फैलाना ; २. он до́лго не вы́тянет वह अधिक नहीं जम पायेगा ; ☐ дым вы́тянуло धुआँ निकल गया ; **—ся** (आत्म०) १. फैलना ; २. बढ़ जाना ; ३. सीधा खड़ा होना ; ४. вытя́гивать का कर्मवाच्य ; ☐ лицо́ у него́ вы́тянулось उसका मुँह उतर गया ।

вы́тя||жка (स्त्री०) (रस०) अर्क़ ; सत ; ☐ стоя́ть на —жку तनकर खड़े होना ; **—нуть(ся)** दे० вытя́гивать(ся).

выу́живать (अपू०), **вы́удить** (पू०) (भवि० вы́ужу, вы́удишь) (काँटे से मछलियाँ) पकड़ना ; (सूचना, भेद आदि) निकाल लेना ; в. у кого́-л. де́ньги किसीसे धन ठग लेना ; отку́да ты вы́удил э́ти но́вости ? तुम ये समाचार कहाँ से ले आये ?

вы́утюжить दे० утю́жить.

вы́ученик (पुं०) शिष्य ; विद्यार्थी ; अनुयायी ।

выу́чивать (अपू०), **вы́учить** (पू०) १. सीखना ; в. наизу́сть कंठस्थ करना ; २. सिखाना ; पढ़ाना ; вы́учить ребёнка чита́ть बच्चे को पढ़ना सिखाना ; вы́учить ученико́в ру́сскому языку́ विद्यार्थियों को रूसी भाषा पढ़ाना ; **—ся** (आत्म०) १. सीखना ; —ся чита́ть पढ़ना सीखना ; २. вы́учивать का कर्मवाच्य ।

выу́чка (स्त्री०) सिखाने की क्रिया ; प्रशिक्षण ; शिक्षण ।

выха́живать (अपू०), **вы́ходить** (पू०) (भवि० вы́хожу, вы́ходишь) (रोगी की) परिचर्या करना ; (बच्चे का) पालन-पोषण करना ।

выхва́тывать (अपू०), **вы́хватить** (पू०) (भवि० вы́хвачу, вы́хватишь) छीन लेना ; в. из рук हाथों से छीन लेना ।

вы́хлопотать (पू०) बड़े कष्ट से प्राप्त करना ।

вы́ход (पुं०) १. निर्गमन ; बाहर निकलना ; (पुस्तक आदि का) प्रकाशन ; в. в отста́вку पद-त्याग; त्याग-पत्र ; इस्तीफ़ा ; в. из го́рода नगर से प्रस्थान ; в. на рабо́ту काम पर उपस्थिति ; ждать чьего́-л. —а किसीके बाहर आने की प्रतीक्षा करना ; по́сле —и кни́ги पुस्तक के प्रकाशित होने के पश्चात् ; २. निर्गम-द्वार ; बाहर निकलने का मार्ग ; друго́го —а нет (इसके अलावा) कोई और चारा नहीं ; ३. उपज ।

вы́ходец (पुं०) दूसरे देशों से आकर बसनेवाला ; в. из крестья́нской среды́ जन्म का किसान ; он в. из Кита́я वह चीनी है (अर्थात् वह चीन का निवासी है) ; ☐ в. из того́ све́та भूत ; प्रेत ।

выходи́ть, (अपू०), **вы́йти** (पू०) (वर्त० выхожу́, выхо́дишь ; भवि० вы́йду, вы́йдешь) १. बाहर जाना ; в. и́з дому घर से बाहर जाना ; в. на рабо́ту काम पर जाना ; он вы́шел вче́ра в пе́рвый раз वह कल पहली बार घर से निकला था ; в. из окруже́ния घेरे से बाहर निकलना ; २. (पुस्तक आदि का) प्रकाशित होना ; (हुक्म का) जारी होना ; кни́га вы́йдет на бу́дущей неде́ле पुस्तक आगामी सप्ताह प्रकाशित होगी; ३. समाप्त हो जाना ; खर्च हो जाना ; у него́ вы́шли все де́ньги उसका सारा धन खर्च हो चुका है ; срок уже́ вы́шел समय समाप्त हो चुका है ; ४. परिणाम निकलना ; из э́того ничего́ не вы́йдет इसका कुछ परिणाम नहीं निकलेगा; отсю́да и вы́шли все неприя́тности यहीं से तो सब झगड़ों का आरम्भ हुआ ; из него́ вы́йдет хоро́ший инжене́р वह अच्छा इंजीनियर बनेगा ; его́ докла́д вы́шел интере́сным उसका भाषण दिलचस्प रहा ; ५. он вы́шел из крестья́н वह जन्म का किसान है ; ६. छोड़ देना ; अलग होना ; पृथक् होना ; в. из сою́за संघ छोड़ना ; संघ से अलग होना ; ७. (केवल अपू०) ко́мната выхо́дит о́кнами на у́лицу कमरे की खिड़कियाँ सड़क पर खुलती हैं ; окно́ выхо́дит в сад खिड़की बग़ीचे की ओर खुलती है ; ☐ в. в отста́вку पद त्यागना ; в. за́муж (за) विवाह करना ; в. за преде́лы सीमा का उल्लंघन करना ; в. из себя́ आपे से बाहर होना ; он ро́стом не вы́шел उसका क़द नाटा ही रहा ।

вы́ходк||а (स्त्री०) धोखा ; छल-कपट ; शरारत ; зла́я в. про́тив кого́-л. किसीके साथ छल-कपट/चालाकी ; ребя́ческие —и बच्चों जैसी शरारतें ।

выходн||о́й (वि०) बाहर जाने का ; —а́я дверь बाहर निकलने का दरवाज़ा ; в. день छुट्टी का दिन ; быть —ы́м छुट्टी पर होना ।

выхола́щивать (अपू०), **вы́холостить** (पू०) (भवि० вы́холощу, вы́холостишь) बधिया करना ।

вы́холенн||ый (वि०) सुलालित ; पाला हुआ ; —ая борода́ पाली हुई दाढ़ी ; —ое те́ло पाला हुआ शरीर ।

вы́холостить दे० выхола́щивать.

вы́хухоль (स्त्री०) छछूँदर ।

выцара́пывать (अपू०), **вы́царапать** (पू०) १. खरोंचना ; नाख़ून मारना ; २. (किसीसे कुछ) कठिनता से प्राप्त करना ; निकालना ; ऐंठना ।

выцвета́ть (अपू०), **вы́цвести** (पू०) (भवि० вы́цвету, вы́цветешь) मुरझा जाना ।

вычёркивать (अपू०), **вы́черкнуть** (पू०) (सूची आदि में से) काट देना ; निकाल देना ; в. из спи́ска सूची में से काट देना/निकाल देना ।

выче́рпывать (अपू०), **вы́черпать** (पू०) (बाँध, सरोवर आदि से) पानी निकालकर समाप्त कर देना ; बाहर निकाल देना ; в. воду́ из ло́дки किश्ती में से पानी बाहर निकाल देना ।

выче́рчивать (अपू०), **вы́чертить** (पू०) (भवि० вы́черчу, вы́чертишь) रेखाचित्र बनाना ; स्केच बनाना ।

вы́честь दे० вычита́ть.

вычёсывать (अपू०), **вы́чесать** (पू०) (भवि० вы́чешу, вы́чешешь) कंघी से साफ़ करना ; в. вшей कंघी करके जूँ निकालना ।

вы́чет (पुं०) कटौती ।

вычисл||е́ние (नपुं०) गणना ; **—и́тель** (पुं०) गणना करनेवाला ; गणना करने की मशीन ; **—я́ть** (अपू०), **вы́числить** (पू०) गणना करना ।

вы́чистить दे० вычища́ть.

вы́чита́||емое (नपुं०) (वि० रू०) (गणित) वियोजक ; **—ние** (नपुं०) (गणित) घटाना ; व्यवकलन ; произвести́ —ние घटाना ।

вычита́ть (अपू०), **вы́честь** (पू०) (भवि० вы́чту, вы́чтешь) घटाना ; व्यवकलन करना ।

вычи́тывать (अपू०), **вы́читать** (पू०) १. (पुस्तक आदि पढ़कर) पता लगा लेना ; ढूँढ़ लेना ; २. (हस्तलेख को) पढ़ लेना ।

вычища́ть (अपू०), **вы́чистить** (पू०) (भवि० вы́чищу, вы́чистишь) १. साफ़ करना ; вы́чистить щёткой ब्रुश से साफ़ करना ; २. (संस्था की सदस्यता से) बाहर निकाल देना ।

вы́чурный (वि०) कल्पनाप्रसूत ; (साहित्यिक शैली) शब्दाडम्बरयुक्त ; कलापूर्ण ।

вышвы́ривать (अपू०), **вы́швырнуть** (पू०) (ज़ोर से) बाहर फेंक देना ; в. ве́щи из ваго́на रेलगाड़ी के डिब्बे में से चीज़ें बाहर फेंक देना ।

вы́ше : १. высо́кий और высоко́ का तर-प्रत्ययान्त रूप ; २. अधिक ऊपर ; в. нуля́ शून्य से ऊपर ; де́ти восьми́ лет и в. आठ वर्ष से ऊपर के बच्चे ; в. мои́х сил मेरी शक्ति से बाहर ; смотри́ в. ऊपर देखो ; как ска́зано в. जैसे ऊपर कहा गया है ।

выше||изло́женный (वि०) उपर्युक्त ; **—озна́ченный, —ука́занный, —упомя́нутый** (वि०) पूर्वोक्त ; उपर्युक्त ; **—речённый, —ска́занный** (वि०) पूर्वकथित ; उपर्युक्त ।

вышиба́ла (पुं०) सराय आदि या सार्वजनिक स्थानों से शराबियों और गुंडों को बाहर निकालनेवाला ।

вышиба́ть (अपू०), **вы́шибить** (पू०) १. (धक्का देकर) गिरा देना ; (द्वार आदि) तोड़ गिराना ; в. что-л. из рук кого́-л. धक्का देकर किसीके हाथ से कोई वस्तु गिरा देना ; в. дверь द्वार तोड़ गिराना ; २. निकाल देना ; भगा देना ; в. кого́-л. со слу́жбы किसीको

नौकरी से निकाल देना।

вышива́‖льщица (स्त्री०) कढ़ाई का काम करनेवाली ; **—нье** (नपुं०) कढ़ाई का काम ; कशीदा।

вышива́ть (अपू०), **вы́шить** (पू०) (भवि० вы́шью, вы́шьешь) कढ़ाई का काम करना ; कशीदा करना।

вы́шивка (स्त्री०) कढ़ाई का काम ; कशीदा।

вышин‖а́ (स्त्री०) ऊँचाई ; —о́й в 100 ме́тров सौ मीटर की ऊँचाई पर।

вы́шить (दे०) вышива́ть.

вы́шка (स्त्री०) मीनार ; बुर्जी।

вы́школить (पू०) शिक्षा देना ; अनुशासन सिखाना।

вы́шлифовать (पू०) (—фую) (धातु, पत्थर पर) पालिश करना।

вы́шмыгну‖ть (पू०) खिसक जाना ; (चुपके से) निकल जाना ; мы́шка —ла из мышело́вки चूहा पिंजड़े में से निकल गया।

выштукату́ривать (अपू०), **вы́штукатурить** (पू०) (दीवार, छत आदि पर) पलस्तर करना।

вышу́чивать (अपू०), **вы́шутить** (पू०) (भवि० вы́шучу, вы́шутишь) हँसी करना ; मज़ाक करना।

выщи́пывать (अपू०), **вы́щипать** (पू०) नोंचना ; उखाड़ना ; в. пе́рья у пти́цы पक्षी के पंख उखाड़ना ; в. во́лосы बाल नोंचना।

выявля́ть (अपू०), **вы́явить** (पू०) (भवि० вы́явлю, вы́явишь) १. ज़ाहिर करना ; दिखाना ; भंडा फोड़ना ; **—ся** (आत्म०) ज़ाहिर होना ; पता लगना।

выясне́ние (नपुं०) स्पष्टीकरण।

выясня́ть (अपू०), **вы́яснить** (पू०) १. स्पष्टीकरण करना ; в. вопро́с प्रश्न का स्पष्टीकरण करना ; २. पता लगाना ; मालूम करना ; **—ся** (आत्म०) १. स्पष्ट होना ; २. выясня́ть का कर्मवाच्य।

вью́га (स्त्री०) बर्फ़ का तूफ़ान।

вьюк (पुं०) (लद्दू जानवरों पर लादे जानेवाला) गटठर ; बोझ।

вьюн (पुं०) एक प्रकार की लम्बी मछली।

вьюно́к (पुं०) एक प्रकार का सरकंडा।

вью́чить (अपू०), **на—** (पू०) लादना।

вью́чн‖ый (वि०) : —ое живо́тное लद्दू पशु।

вью́шка (स्त्री०) (हवा का खिंचाव बन्द करने के लिए भट्ठी की चिमनी का) ढक्कन।

вяз (पुं०) एल्म नामक पेड़।

вяза́ль‖ный (वि०) बुनाई का; —ная спи́ца बुनाई की सलाई ; —ная маши́на बुनाई की मशीन ; **—щик** (पुं०) १. बाँधनेवाला ; २. बुनाई करनेवाला।

вяза́нка (स्त्री०) १. बुनी हुई जर्सी ; २. в. дров लकड़ियों का गट्ठा।

вя́заный (वि०) (सलाइयों से) बुनी हुई।

вяза́нье (नपुं०) १. बुनाई का काम ; २. (गट्ठर आदि) बाँधने की क्रिया।

вяза́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० вя́жу, вя́жешь) १. बाँधना ; в. снопы́ गट्ठर बाँधना ; २. (सलाइयों से) बुनना।

вяза́ться (आत्म० अपू०) १. मेल खाना ; ठीक बैठना ; пло́хо вя́жется (с) यह मेल नहीं खाता ; २. вяза́ть का कर्मवाच्य।

вязи́га दे० визи́га.

вя́зка (स्त्री०) १. बाँधने की क्रिया ; २. बुनाई।

вя́зк‖ий (वि०) १. चिपचिपा ; २. कीचड़वाला ; दलदलवाला ; **—ость** (स्त्री०) चिपचिपाहट।

вя́знуть (अपू०) धँस जाना ; в. в грязи́ कीचड़ में धँस जाना।

вязь (स्त्री०) जुड़वाँ टाइप।

вя́ление (नपुं०) (धूप या हवा में) सुखाने की क्रिया।

вя́лить (अपू०), **по—** (पू०) (धूप या हवा में) सुखाना ; в. фру́кты फल सुखाना।

вя́л‖о (क्रि० वि०) मन्द गति से ; हतोत्साह होकर ; **—ый** (वि०) १. मुरझाया हुआ ; २. सुस्त ; मन्द ; हतोत्साह।

вя́нуть (अपू०), **за—** (पू०) मुरझा जाना।

вя́щ‖ий (वि०) बड़ा ; महान् ; для —его успе́ха महान् सफलता के लिए।

Г

г. год, господи́н, го́род का संक्षिप्त रूप ।

га гекта́р का संक्षिप्त रूप ।

габари́т (पुं०) निर्धारित आयाम ।

га́вань (स्त्री०) बन्दरगाह ।

га́га (स्त्री०) एक प्रकार की गोताख़ोर चिड़िया जिसके पंख बड़े नर्म और बहुमूल्य होते हैं ।

гага́р||а (स्त्री०) एक प्रकार का उत्तरी जलपक्षी ; **—ка** (स्त्री०) ध्रुवदेश का समुद्री पक्षी ।

гага́чий (वि०) га́га से वि० ।

гад (पुं०) सरीसृप ; रेंगनेवाला जन्तु ।

гада́||лка (स्त्री०) भविष्य बतानेवाली ; रमल लगानेवाली ; **—льщик, —тель** (पुं०) भविष्य बतानेवाला ; रमल लगानेवाला ; **—ние, —нье** (नपुं०) १. भविष्य बताने/रमल लगाने की क्रिया ; २. अनुमान लगाने की क्रिया ; **—тельный** (वि०) १. भविष्य बताने का ; —тельные ка́рты भाग्यनिर्देशक-पत्र (कार्ड) ; २. सन्दिग्ध ; अनिश्चित ; всё э́то о́чень —тельно यह सब बातें बहुत सन्दिग्ध हैं ।

гада́ть (अपू०), **по—** (पू०) १. भविष्य बताना ; रमल लगाना ; २. अनुमान करना ; कल्पना करना ; बूझना ।

га́д||ина (स्त्री०) नीच ; घृणित व्यक्ति ; **—ить** (अपू०), **нага́дить** (पू०) (वर्त० га́жу, га́дишь) १. मलिन करना ; गन्दा करना ; २. हानि पहुँचाना ; ख़राब करना ।

га́дкий (वि०) (मौसम आदि के बारे में) ख़राब ; (बच्चे के बारे में) शरारती ; जघन्य ; भद्दा ; г. утёнок भद्दा बत्तख़ का बच्चा ।

гадли́в||о (क्रि० वि०) घृणा से ; जुगुप्सा से ; **—ость** (स्त्री०) घृणा ; जुगुप्सा ; **—ый** (वि०) वीभत्स ।

га́дость (स्त्री०) १. कूड़ा-कर्कट ; कीचड़ ; गन्दगी ; २. दुष्टता ; сде́лать г. दुष्टता का काम करना ।

гадю́ка (स्त्री०) विषैला साँप ; काला साँप ।

га́ер (पुं०) विदूषक ; भाँड ; ठिठोलिया ; **—ство** (नपुं०) विदूषकत्व ; **—ствовать** (अपू०) (—ствую) विदूषक का काम करना ।

га́ечный (वि०) ढिबरी का ; г. ключ ढिबरी कसने का रिंच ।

газ (पुं०) **I.** गैस ; слезоточи́вый г. अश्रु-गैस (आँसू लानेवाली गैस) ; **II.** (केवल एकवचन) जालीदार कपड़ा ; जाली ; пла́тье из га́за जाली के कपड़े ।

газе́ль (स्त्री०) एक प्रकार का मृग ।

газе́т||а (स्त्री०) समाचार-पत्र; अख़बार ; **—ный** (वि०) समाचार-पत्र का ; **—чик** (पुं०) १. समाचार-पत्र बेचनेवाला ; २. समाचार-पत्र के कार्यालय या छापेख़ाने का कर्मचारी ।

гази́рованн||ый (वि०) ; —ая вода́ गैसयुक्त पानी ।

га́зовый (वि०) газ से वि० ; г. заво́д गैस-फ़ैक्टरी ; г. счётчик गैसमापी ; गैसमीटर ।

газоме́р (पुं०) गैसमापी ; गैसमीटर ।

газомёт (पुं०) गैस-प्रक्षेपी ; गैस-प्रोजेक्टर ।

газо́н (पुं०) दूब ; घास ; по —ам ходи́ть воспреща́ется घास पर चलना मना है ।

газообра́зный (वि०) गैस के समान ; गैस जैसा ।

газоубе́жище (नपुं०) गैस से बचने का स्थान ।

газохрани́лище (नपुं०) १. गैसधारक ; २. गैसमापी ।

га́йка (स्त्री०) ढिबरी ।

гала́ (स्त्री०) г. представле́ние भव्य नाटक आदि समारोह ।

гала́ктика (स्त्री०) तारापुंज ; आकाशगंगा ।

галакто́метр (पुं०) दुग्धमापी ।

галантере́йность (स्त्री०) (मज़ाक से) शिष्टाचारिता ; मिलनसारी ।

галантере́йный (वि०) галантере́я से वि० ।

галантере́я (स्त्री०) (केवल एकवचन) बिसाती की दुकान ।

галанти́р (पुं०) जिलैटीन ; लसलसा खाद्य ।

гала́нт||ность (स्त्री०) स्त्रियों के प्रति अत्यधिक शिष्टाचार ; **—ный** (वि०) स्त्रियों के प्रति अत्यधिक शिष्ट ।

гал||дёж (पुं०) (केवल एकवचन) कोलाहल ; शोरगुल ; **—де́ть** (अपू०) (प्रथम पुरुष का रूप प्रयुक्त नहीं होता, галди́шь) कोलाहल करना ; शोरगुल करना ।

гале́ра (स्त्री०) १. बहुत-से चप्पुओं से चलाये जानेवाला एक प्राचीन पोत ; २. (दंड देने के लिए) अपराधी से जहाज़ के चप्पू चलवाना ।

галёрка (स्त्री०) (केवल एकवचन) दीर्घा ; गलियारा ; वीथि ; गैलरी ।

галиматья́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) निरर्थक शब्द ; сплошна́я г. बिल्कुल बकवास ।

галифе́ (नपुं०) (घुड़सवारी की) बिरजिस ।

га́лка (स्त्री०) कौवे की जाति का एक काला पक्षी ।

гал(л)ере́я (स्त्री०) दीर्घा ; गलियारा ; वीथि ; गैलरी ; карти́нная г. चित्र-वीथि ; ми́нная г. सुरंग ।

га́ллий (पुं०) (रस०) गालियम ।

гал(л)о́н (पुं०) गैलन ।

галлюцина́ция (स्त्री०) भ्रम ; भ्रान्ति ।

галоге́н (पुं०) (रस०) हैलोजन ।

гало́ид (पुं०) (रस०) हेलायड ।

гало́п (पुं०) १. (घोड़े की) सरपट दौड़ ; २. चक्राकार नृत्य ; **—ом** (क्रि० वि०) सरपट चाल से ।

га́лючий (वि०) га́лка से वि० ।

гало́ш||а (स्त्री०) गालौश (चमड़े के बूट पर पहनने का रबड़ का जूता) ; ☐ сесть в —у गड़बड़झाले में फँसना ; किंकर्त्तव्यविमूढ़ होना ।

га́лстук (पुं०) टाई ।

галу́н (पुं०) (केवल एकवचन) लेस ; गोटा ।

галу́шки (बहु०) (युक्रेन प्रदेश का एक भोजन) दूध अथवा शोरबे में तली हुई पकौड़ियाँ ।

галчо́нок (पुं०) काले कौवे का बच्चा ।

гальванизи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) जस्ता चढ़ाना ; गेल्वनीकरण ।

гальвано́||ме́тр (पुं०) गेल्वनोमीटर ; धारामापी ; **—ско́п** (पुं०) गेल्वनोस्कोप ; धारादर्शी ।

га́лька (स्त्री०) (केवल एकवचन) कंकड़ ।

гам (पुं०) (केवल एकवचन) कोलाहल ; शोरगुल ।

гама́к (पुं०) झूलती खाट ।

га́мма (स्त्री०) (संगीत) सरगम ।

га́нглий (पुं०) (शरीररचना०) गैंग्लियान ; गुच्छिक ; कंडरापुटी ; नाड़ी-केन्द्र ।

гангре́на (स्त्री०) (चिकि०) शरीर के किसी अंग की सड़न ।

гандика́п (पुं०) (खेल में) बाधा ; अटकाव ।

гара́ж (पुं०) मोटरघर ।

гара́нт (पुं०) प्रतिभू ; ज़ामिन ; **—ия** (स्त्री०) प्रत्याभूति ; ज़मानत ; गारंटी ।

гардеро́б (पुं०) १. वस्त्रागार ; वस्त्र रखने का कमरा या अलमारी ; २. (केवल एकवचन) वस्त्र ; **—ная** = гардеро́б-१. ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) वस्त्रागार में काम करनेवाला, वाली ।

гарди́на (स्त्री०) (पूरी खिड़की का) पर्दा ।

гаре́м (पुं०) अन्त:पुर ; ज़नानख़ाना ; हरम ।

га́ркать (अपू०), **га́ркнуть** (पू०) चिल्लाना ; га́ркнуть на кого́-л. किसी पर चिल्लाना ।

гармониза́ция (स्त्री०) सामंजस्य करने की क्रिया ।

гармо́ника (स्त्री०) अकार्डियन (हारमोनियम जैसा एक बाजा) ।

гармони́ровать (अपू०) (—рую) समस्वर करना ; समंजस करना ; तालमेल करना ।

гармони́ст (पुं०) अकार्डियन बजानेवाला ।

гармони́||ческий, —чный (वि०) समस्वर ; सामंजस्ययुक्त ; समंजस ।

гармо́ния (स्त्री०) १. समस्वरता ; सामंजस्य ; २.=гармо́ника.

гармо́нь = гармо́ника.

гарнизо́н (पुं०) गैरीज़न ; नगररक्षक सेना ।

гарнизо́нный (वि०) гарнизо́н से वि० ।

гарни́р (पुं०) मछली, मांस आदि के साथ परोसी हुई सब्ज़ी, सलाद, प्याज़ आदि ।

гарниту́р (पुं०) (फ़र्नीचर, छपाई के टाइप आदि का) पूरा सैट ।

га́рн||ый (वि०): —ое ма́сло (लैम्प आदि में) जलाने का तेल ।

га́рпия (स्त्री०) १. (पौराणिक) स्त्री के मुख और शरीर तथा पक्षी के पर और पंजेवाला काल्पनिक दैत्य ; डाइन ; २. दक्षिणी अमरीका का बाज़ ; ३. दक्षिण एशिया का एक बड़ा चमगादड़ ।

гарпу́н (पुं०) ह्वेल मछली पकड़ने की रस्सा-बँधी बर्छी; бить —ом (इस प्रकार की) बर्छी से मारना ।

гарт (पुं०) (छपाई-सम्बन्धी) टाइप ढालने की धातु ।

га́рус (पुं०) एक प्रकार का खुरदरा ऊनी कपड़ा ; पट्टू ।

гарцова́ть (अपू०) (—цу́ю) अपनी प्रवीणता दिखाने के लिए घोड़े पर तिरछे होकर बैठना ।

гар||ь (स्त्री०) : па́хнет —ью चिरायँध आ रही है ; कपड़ा जलने की गन्ध आ रही है ।

гаси́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० гашу́, га́сишь) १. बुझा देना ; г. свечу́ मोमबत्ती बुझा देना ; г. газ गैस बन्द कर देना ; २. ऋणमुक्त होना ; हिसाब चुकाना ; □ г. и́звесть चूना बुझाना ।

га́снуть (अपू०), **по—** (पू०) बुझ जाना ; धुँधला हो जाना ; धीरे-धीरे क्षय होना ।

гастри́||т (पुं०) (चिकि०) आमाशय का रोग ; **—ческий** (वि०) आमाशय- ; आमाशय-सम्बन्धी ।

гастрол||ёр (पुं०), **—ёрша** (स्त्री०) (भ्रमण करती हुई अथवा दौरा करती हुई मंडली का सदस्य) अतिथि कलाकार ; **—и́ровать** (अपू०), (वर्त० —рую) (नाटक अथवा कलाकारों की मंडली का) दौरे पर जाना ; (किसी दूसरे स्थान पर जाकर) नाटक ख़ेलना ।

гастро́л||ь (स्त्री०) (कलाकारों की मंडली का) दौरा ।

гастроно́м (पुं०) गास्त्रोनौम (वह दुकान जहाँ ा-पीने की वस्तुएँ मिलती हों) ।

гать (स्त्री०) (दलदल आदि में से गुज़रने के लिए बनाया गया) काष्ठपथ ; लकड़ी का रास्ता ।

га́убица (स्त्री०) एक प्रकार की छोटी तोप ।

гауптва́хта (स्त्री०) गारद-कमरा ।

га́чник (पुं०) पतलून की पेटी ; गेलिस ।

гаш||е́ние (नपुं०) (आग) बुझाने का कार्य ; **—ёный** (वि०) बुझाया हुआ ; —ёная и́звесть बुझाया हुआ चूना ।

гвалт (पुं०) (केवल एकवचन) कोलाहल ; शोर-गुल ; поднима́ть г. शोर-गुल करना ।

гвард||е́ец (पुं०) गारद का सिपाही ; **—е́йский** (वि०) गारद-सम्बन्धी ।

гва́рдия (स्त्री०) (केवल एकवचन) गारद ; кра́сная г. लाल गारद ।

гво́здик (पुं०) छोटी मेख़ ।

гвозди́ка (स्त्री०) (केवल एकवचन) लवंग ।

гвозди́льный (वि०) : г. заво́д मेख़ें बनाने का कारखाना ।

гвозди́чн||ый (वि०) लवंग-सम्बन्धी ; —ое ма́сло लवंग का तेल ।

гвозд||ь (पुं०) मेख़ ; (चौड़े माथे की) छोटी कील ; прибива́ть —я́ми मेख़ों से गाड़ना ।

гвоздяни́к (पुं०) मेख़ों का डिब्बा ।

где (क्रि० वि०) कहाँ ; г. бы ни जहाँ भी ; □ г. бы то ни́ было जहाँ भी हो ; г. ему́ поня́ть ! उसकी समझ में क्या आयेगा ! (अर्थात् वह इसको नहीं समझ सकता !) ।

где́-либо, где́-нибудь, где́-то (क्रि० वि०) कहीं ; не вида́ли ли вы где́-нибудь мое́й кни́ги ? आपने कहीं मेरी पुस्तक तो नहीं देखी ?

гей (सम्बोधन) हे !

ге́йзер (पुं०) गर्म पानी का झरना ।

гекза́метр (पुं०) श्लोक का षट्पदी चरण ।

гекса́эдр (पुं०) षड्भुज ।

гекта́р (पुं०) हैक्टर (२.४७१ एकड़ के बराबर) ।

ге́лий (पुं० (रस०) हीलियम ।

гелио́граф (पुं०) प्रकाश-सन्देशवाहक ; सौर सन्देशवाहक ।

гемоглоби́н (पुं०) (भौ०) होमोग्लोबीन ।

геморро́й (पुं०) बवासीर ।

генеалоги́ческий (वि०) वंशपरम्परा (वंशावली)-सम्बन्धी ।

генеало́гия (स्त्री०) वंशवृक्ष ।

ге́незис (पुं०) सृष्टि ; आदि ; मूल ।

генера́л (पुं०) (सेना०) जनरल ।

генарали́ссимус (पुं०) जनरलिस्सिमो ।

генера́льный (वि०) मुख्य ; प्रधान ; जनरल ; г. секрета́рь प्रधान सचिव ।

генера́льский (वि०) जनरल का ; г. чин जनरल का पद ।

генера́тор (पुं०) जनित्र ; जैनरेटर ।

гене́т‖ика (स्त्री०) उत्पत्ति-शास्त्र ; **—и́ческий** (वि०) उत्पत्ति-विषयक ।

гениа́льность (स्त्री०) १. प्रतिभा; अपूर्व मेधा ; २. महानता ।

гениа́льный (वि०) अपूर्वमेधा-सम्पन्न ; महान् ; प्रतिभाशाली ; г. план महान् योजना ; г. писа́тель प्रतिभाशाली/महान् लेखक ।

ге́ний (पुं०) १. प्रतिभाशाली ; अपूर्वमेधा-सम्पन्न मनुष्य ; २. प्रेत ; पिशाच ; до́брый г. सुदैव ।

гео́гр‖аф (पुं०) भूगोल-विशेषज्ञ ; भूगोल का अध्यापक ; **—афи́ческий** (वि०) भौगोलिक ; **—а́фия** (स्त्री०) भूगोल-शास्त्र ।

гео́л‖ог (पुं०) भूतत्त्व-वेत्ता ; **—оги́ческий** (वि०) भूतत्त्वविद्या-सम्बन्धी **—о́гия** (स्त्री०) भूतत्त्व-विद्या ।

гео́метр (पुं०) ज्यामिति में प्रवीण ; **—и́ческий** (वि०) ज्यामिति-सम्बन्धी ।

геоме́трия (स्त्री०) ज्यामिति ; भूमिति ; रेखागणित ।

георги́н(а) (पुं०) (स्त्री०) डेहलिया ; एक प्रकार का बड़े फूल का पौधा ।

герб (पुं०) युद्ध-चिह्न (अंग्रेजी—कोट-आफ़-आर्म्ज़) ।

ге́рбо́в‖ый (वि०) герб से वि० ; ☐ г. сбор मुद्रांक ; —ая бума́га स्टाम्प काग़ज़ ।

геркуле́с (पुं०) **I.** बलवान मनुष्य ; **II.** (केवल एकवचन) जई का दलिया ।

герма́н‖ец (पुं०) जर्मनी-निवासी ; जर्मन ; **—ский** (वि०) जर्मनी का ; —ский язы́к जर्मन भाषा ।

гермети́ческ‖и (क्रि० वि०): закры́тый г. संमुद्रित ; **—ий** (वि०): —ая каби́на (उड्डयन-सम्बन्धी) संमुद्रित कोष्ठिका ।

герои́зм (पुं०) शूरता ; पराक्रम ।

геро́ика (स्त्री०) शूरता की भावना ।

герои́‖ня (स्त्री०) वीरांगना ; नायिका ; **—ческий** (वि०) वीरता का ; —ческая эпо́ха वीर-युग ।

геро́й (पुं०) १. वीर ; शूरवीर ; г. социалисти́ческого труда́ समाजवादी श्रमवीर ; २. नायक ; **—ский** (वि०) геро́й से वि० ; **—ство** (नपुं०) शूरता ; पराक्रम ।

геро́льд (पुं०) अग्रदूत ।

герц (पुं०) (बिजली-सम्बन्धी) हेर्ट्ज़ (प्रति सैकिंड चक्रण) ।

ге́рцог (पुं०) ड्यूक ; **—и́ня** (स्त्री०) डचैस ; ड्यूक की पत्नी ।

гетероге́нн‖ость (स्त्री०) विभिन्नजातीयता ; पृथग्विधता ; **—ый** (वि०) विभिन्नजातीय ; विविधजातीय ; विविध प्रकार का ; पृथग्विध ।

ге́тман (पुं०) कज़ाक सरदार ।

ге́тры (बहु०) (टाँगों पर बाँधने की) गर्म पट्टी ।

гиббо́н (पुं०) (लम्बे हाथवाला बन्दर) गिब्बन ।

ги́бель (स्त्री०) (केवल एकवचन) १. मृत्यु ; नाश ; (पोत आदि का) टूटकर डूब जाना ; (सरकार का) पतन ; г. всех наде́жд सब आशाओं का नाश ; २. (कीड़ों का) झुंड/समूह ; (लोगों की) भीड़ ।

ги́бель‖ный (वि०) विनाशक ; विध्वंसक ; घातक ; —ная поли́тика घातक नीति ।

ги́бк‖ий (वि०) नम्य ; लचीला ; मुलायम ; (बुद्धि के बारे में) चपल ; चंचल ; **—ость** (स्त्री०) नम्यता ; लचक ; लचीलापन ; मुलायमी ।

ги́бл‖ый (वि०) ख़राब ; निकम्मा ; —ое де́ло ख़राब काम ; —ое ме́сто ख़राब जगह ।

ги́бнуть (अपू०), **по—** (पू०) नष्ट होना ; बरबाद होना ।

гибри́д (पुं०) वर्णसंकर ; द्विजातीय ; दुनस्ला ;

दोगला ; **—изáция** (स्त्री०) द्विजातीयकरण ।

гигáнт (पुं०) विकट ; बड़ा भारी ; भीमकाय ; завóд-г. बड़ी भारी फ़ैक्टरी ।

гигиéн‖а (स्त्री०) आरोग्य-शास्त्र; **—и́ческий, —и́чный** (वि०) आरोग्यशास्त्र-सम्बन्धी ; सफ़ाई-विषयक ; स्वास्थ्य-सम्बन्धी ।

гид (पुं०) मार्गदर्शक; गाइड (पुस्तक) ; प्रदर्शिका ।

ги́дра (स्त्री०) जलसर्प ।

гидрáвл‖ика (भौ०) द्रवगति-शास्त्र ; **—и́ческий** (वि०) द्रवचालित ; जलशक्ति से चालित ; —и́ческий дви́гатель द्रवचालित इंजन ।

гидрáт (पुं०) (रस०) हाइड्रेट ।

гидродинáмика (स्त्री०) (भौ०) द्रवगतिकी ।

гидрóлиз (पुं०) (रस०) जलविश्लेषण ।

гидрóметр (पुं०) आर्द्रतामापी ।

гидропáт (पुं०) जल-चिकित्सक ; **—и́ческий** (वि०) जलचिकित्सा-सम्बन्धी ; **—ия** (स्त्री०) जल-चिकित्सा ।

гидроплáн (पुं०) जलविमान ।

гидростá‖тика (स्त्री०) उत्प्लावन-विज्ञान ; **—ти́ческий** (वि०) उत्प्लावन- ।

гидротерапи́я (स्त्री०) जल-चिकित्सा ।

гидроэлектри́ческий (वि०) पनबिजली का ; जलविद्युत्-सम्बन्धी ।

гиéна (स्त्री०) लकड़बग्घा ।

ги́ка‖нье (नपुं०) सिंहनाद ; रणनाद ; रणगर्जन; (आक्रमण करते हुए) हू-हू का शब्द करना ; **—ть** (अपू०), **ги́кнуть** (पू०) सिंहनाद करना ; (आक्रमण करते हुए) हू-हू का शब्द करना ।

ги́льдия (स्त्री०) गिल्ड ; (शिल्पी) संघ ।

ги́льза (स्त्री०) १. (ख़ाली) कारतूस ; стрéляная г. चलाया हुआ कारतूस ; २. (सिगरेट लपेटने का) काग़ज़ ; ३. ट्यूब ; बुश ।

гильоти́на (स्त्री०) सिर काटने का यन्त्र ।

гимн (पुं०) भजन ; госудáрственный г. राष्ट्रीय गान ।

гимн‖ази́ст (पुं०), **—ази́стка** (स्त्री०) हाई या सैकिंडरी स्कूल का विद्यार्थी ; माध्यमिक कक्षा का छात्र ; **—ази́ческий** (वि०) гимнáзия से वि० ; **—áзия** (स्त्री०) हाई स्कूल ; सैकिंडरी स्कूल ; жéнская —áзия कन्या-विद्यालय ।

гимнáст (पुं०) व्यायाम करनेवाला ; कसरत करनेवाला ।

гимнáст‖ика (स्त्री०) (केवल एकवचन) व्यायाम; कसरत ; **—и́ческий** (वि०) व्यायाम-सम्बन्धी ; —и́ческий зал व्यायामशाला ।

гинекóл‖ог (पुं०) नारीरोग-चिकित्सक या डाक्टर; **—оги́ческий** (वि०) नारीरोगचिकित्सा-सम्बन्धी ; **—óгия** (स्त्री०) नारीरोगचिकित्सा-शास्त्र ।

гинéя (स्त्री०) (अंग्रेज़ी मुद्रा) गिन्नी = २१ शिलिंग।

гипéрбол‖а (स्त्री०) १. (गणित) अतिपरवलय ; एक विशिष्ट प्रकार का चाप ; २. अतिशयोक्ति ; मुबालग़ा ; **—и́ческий** (वि०) гипéрбола से वि० ।

гипертрофи́я (स्त्री०) अतिवर्धन (किसी अंग की अस्वाभाविक वृद्धि) ।

гипнó‖з (पुं०) मोहनिद्रा ; मेसमेरिज़्म ; सम्मोहन-विद्या ; **—тизёр** (पुं०) मोहनिद्रा-प्रेरक ; मेसमेरिज़्म करनेवाला ; सम्मोहनविद् ; **—тизи́ровать** (अपू०) **загипнотизи́ровать** (पू०) (—рую) मोहनिद्रा में लीन करना ; मेसमेरिज़्म करना ; **—ти́зм** (पुं०) सम्मोहन-विद्या ; मेसमेरिज़्म ; मोहनिद्रा ।

гипóтеза (स्त्री०) कल्पना ; (ज्यामिति) परिकल्पना ।

гипотети́ч‖еский, —ный (वि०) कल्पनात्मक ; परिकल्पित ।

гипподрóм (पुं०) घुड़दौड़ का मैदान ।

гиппопотáм (पुं०) दरियाई घोड़ा ।

гипс (पुं०) (रस०) सेलखड़ी ; खड़िया मिट्टी ; प्लास्टर ।

гирля́нда (स्त्री०) हार ; फूलमाला ; украшáть —ми फूलमालाओं से सजाना ; फूलमालाएँ पहनाना ।

ги́ря (स्त्री०) (कसरत करने के लिए) डम्बल ; भार।

гитáр‖а (स्त्री०) गिटार (एक वाद्ययन्त्र) ; **—и́ст** (पुं०) गिटार बजानेवाला ।

главá (पुं०) मुख्य ; मुखिया ; प्रधान ; सरदार ;

г. семьи́ परिवार का मुखिया ; २. =голова́ ; ३. गुम्बद ; ४. (पुस्तक का) अध्याय ।

глава́рь (पुं०) नेता ; सरदार ।

главе́нство (नपुं०) प्राधान्य ; प्रभुता ; **—ва́ть** (अपू०) (—ствую) नेतृत्व करना ; मुखिया बनना ।

главнокома́ндование (नपुं०) प्रधान केन्द्र ; सर्वोच्च सैनिक-केन्द्र ।

главнокома́ндующий (पुं०) (वि० रू०) प्रधान सेनापति ।

гла́вн||ый (वि०) मुख्य ; प्रधान ; प्रमुख ; शिरोमणि ; г. го́род मुख्य नगर ; राजधानी ; —ое управле́ние केन्द्रीय प्रशासन ; —ым о́бразом प्रधानतः ; э́то —ое यह मुख्य बात है ।

-главый (वि०) —सिरवाला ; трёхглавый तीन सिरोंवाला ।

глаго́л (पुं०) १. क्रियापद ; धातु ; २. (काव्य०) पद ; **—ьный** (वि०) (व्या०) क्रिया-सम्बन्धी ।

глади́льн||ый (वि०) लोहा करने का ; —ая доска́ लोहा करने का तख्ता ।

гла́дить (अपू०), **вы—, по—** (पू०) (वर्त० гла́жу, гла́дишь) १. (вы́гладить पू० के साथ) (कपड़े पर) लोहा करना ; २. (погла́дить पू० के साथ) (प्यार से) थपथपाना ; सहलाना ; हाथ फेरना ; ☐ г. по голо́вке सिर पर हाथ फेरना ।

гла́дк||ий (वि०) १. साफ़ ; एकसार; —ая доска́ साफ़ तख्ता ; २. (बालों आदि के बारे में) चिकना ; ३ प्रवाहमय ; —ие сти́хи प्रवाहमयी कविता ; ४. (कपड़ा) बिना छापे का ; सादा ; ☐ с него́ взя́тки —и उससे कुछ मिलना कठिन है ।

гла́дко (क्रि० वि०) साफ़ ; सहज ; बिना रुकावट के ; брить г. खूब अच्छी तरह दाढ़ी बनाना ; всё прошло́ г. कोई रुकावट नहीं हुई ; काम ठीक चलता रहा ।

гла́дкость (स्त्री०) चिकनाहट ; सफ़ाई ; प्रवाह ; г. ко́жи चमड़ी की चिकनाहट ; г. речи́ भाषण का प्रवाह ।

гладь (स्त्री०) १. शीशे की भाँति चमकती हुई पानी की सतह ; २. चटकदार कढ़ाई ; ☐ тишь да г. सुख और शान्ति ।

гла́женье (नपुं०) (कपड़ों पर) लोहा करने की क्रिया ।

глаз (पुं०) (बहु० глаза́) नेत्र ; आँख ; ☐ плохи́е —а́ कमज़ोर निगाह ; по́ртить себе́ —а́ अपनी आँखें खराब कर लेना ; о́стрый г. पैनी आँख ; броса́ться в —а́ नज़र पड़ना ; ध्यान आकर्षित करना ; в —а́ (сказать) मुँह पर (कहना) ; в —а́х кого́-л. किसीकी दृष्टि में ; किसी की राय में ; за —а́ पीठ पीछे ; закрыва́ть —а́ на что-л. किसी वस्तु/बात की ओर से आँखें मूँद लेना ; не смыка́я глаз बिना आँख झपकाये ; निर्निमेष ; открыва́ть кому́-л. —а́ किसीकी आँखें खोल देना ; с глаз доло́й - из се́рдца вон नज़र से दूर, दिल से दूर ; с глаз мои́х доло́й ! मेरी आँखों से दूर हो जा ! ; с —у на г. गुप्त रीति से ; хоть г. вы́коли हाथ को हाथ नहीं सूझता ।

глаза́стый (वि०) विशाल नेत्र ; बड़ी-बड़ी आँखोंवाला ; तेज़ नज़रवाला ।

глазе́т (पुं०) किमखाब ।

глазе́||ть (अपू०), **по—** (पू०) (कौतूहल से, निरुद्देश्य) देखना ; то́лпа —ла на слона́ भीड़ कौतूहल से हाथी को देख रही थी ।

глазиро́ванный (वि०) १. शीशे लगा हुआ (बरामदा) ; २. चिकना (काग़ज़) ।

гла́зки (बहु०) глаза́ का अल्प० ।

глаз||ни́к (पुं०) आँखों का डाक्टर ; **—ни́ца** (स्त्री०) १. नेत्रगर्तिका ; आँखों का गड्ढा ; २. कुकरे (एक नेत्र-रोग); **—но́й** (वि०) नेत्र- ; आँख का ; —но́й врач आँखों का डाक्टर ; —на́я боле́знь नेत्र-रोग ; —но́е я́блоко नेत्रगोलक ; —на́я впа́дина नेत्रगर्तिका ।

глазо́к (पुं०) १. глаз का अल्प० ; २. झरोखा ; गवाक्ष ।

глазоме́р (पुं०) (देखकर) अनुमान; अन्दाज़ा ।

глазу́нья (स्त्री०) तले हुए अंडे ।

глазу́рь (स्त्री०) १. (फलों के लिए) चाशनी ; २.

(केक आदि पर) बर्फ़ या चीनी की परत ; ३. (बर्तन पर) चमक ; पालिश ।

гла́нда (स्त्री०) टॉन्सिल ; गला आना ; कौवा फूलना

глас (पुं०) = го́лос.

гласи́||ть (अपू०) (глашу́, гласи́шь) कहना ; बताना ; (पत्र आदि में) लिखा होना ; посло́вица —т कहावत में कहा गया है . . . ; कहावत है कि ; докуме́нт —т दस्तावेज़ में लिखा है ।

гла́сно (क्रि० वि०) खुल्लमखुल्ला ; खुले तौर पर ।

гла́сност||ь (स्त्री०) प्रचार ; преда́ть —и प्रचार करना ।

гла́сный (वि०) १. स्वर ; г. звук स्वर-अक्षर ; स्वर ; २. (प्रचार आदि) खुला ; г. суд खुली अदालत (जहाँ सार्वजनिक रूप से मुक़दमा चलाया जाये) ।

гла́уберова соль (स्त्री०) (रस०) सोडियम सलफ़ेट ।

глаша́тай (पुं०) ढिंढोरा पीटनेवाला ।

гле́тчер (पुं०) हिमनदी ।

гли́н||а (स्त्री०) मिट्टी ; **—истый** (वि०) मिट्टी का (बना हुआ) ; **—озём** (पुं०) एल्यूमिना ; **—яный** (वि०) मिट्टी का ; —яная посу́да मिट्टी का बर्तन ।

гли́птика (स्त्री०) (केवल एकवचन) नक़्क़ाशी ।

глист (पुं०) कीट ; कीड़ा ; केंचुआ ।

глиста́ (स्त्री०) भीमकाय/लम्बा-तड़ंगा आदमी ।

глистого́нный (वि०) कीटनाशक ओषधि ।

глицери́н (पुं०) (रस०) ग्लिसरीन ।

гло́бус (पुं०) पृथिवी ; गोला ।

глода́ть (अपू०) (гложу́, гло́жешь) चबाना ; दाँतों से काटना ; соба́ка гло́жет кость कुत्ता हड्डी चबा रहा है ।

гло́сса (स्त्री०) १. टीका ; भाष्य ; व्याख्या ; २. चमक ।

глота́||ние (नपुं०) निगल जाने या हड़प जाने की क्रिया ; **—тельный** (वि०) निगलने का ; **—ть** (अपू०) निगल जाना ; हड़प जाना ; ☐ —ть слёзы आँसू थामना ; —ть слова́ शब्द खा जाना ; अस्पष्ट बोलना ।

гло́т||ка (स्त्री०) गला ; श्वासनली ; ☐ во всю —ку गला फाड़कर ; ऊँचे स्वर से ।

глотну́ть (पू०) घूँट भरना ।

глот||о́к (पुं०) घूँट ; он попроси́л —о́к воды́ उसने एक घूँट पानी माँगा ; одни́м —ко́м एक घूँट में ; сде́лать —о́к घूँट भरना ।

гло́хнуть-I. (अपू०), **о—** (पू०) बहरा हो जाना ।

гло́хнуть-II. (अपू०), **за—** (पू०) १. शब्द सुनायी पड़ना बन्द हो जाना ; २. (नगर आदि का) जनशून्य हो जाना ; वीरान हो जाना ।

глу́бже : глубоко́ और глубо́кий का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

глуби́н||а (स्त्री०) १. गहराई ; गहनता ; на —е 10 ме́тров दस मीटर की गहराई पर ; г. чу́вства भावनाओं की गहराई ; २. वन या देश का) मध्य भाग ; ३. आभ्यन्तर ; भीतरी भाग ; ☐ в —е веко́в प्राचीन काल में ।

глуби́нный (वि०) १. गहरा ; २. (केन्द्र या सड़क से) दूर का ।

глубо́к||ий (वि०) गहरा ; गहन ; —ая таре́лка शोरबे की गहरी तश्तरी ; —ая печа́ть गहरा छापा ; г. сон गहरी नींद ।

глубоко́ (क्रि० वि०) गहराई से ; गम्भीरतापूर्वक ; г. сиде́ть в воде́ (जहाज़ का) गहरे पानी में बैठना ।

глобоково́дный (वि०) गहरे पानी का ।

глубокомы́сл||енный (वि०) गम्भीर विचारों वाला ; गम्भीर ; गहरा ; **—ие** (नपुं०) विचारों की गहनता ; विचार-गाम्भीर्य ।

глубокоуважа́емый (वि०) (सम्बोधन में) माननीय ! आदरणीय !

глубоме́р (पुं०) गहनतामापी ।

глубь (स्त्री०) (केवल एकवचन) गहराई ; गहनता ।

глум||и́ться (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० глумлю́сь, глуми́шься) दिल्लगी करना ; हँसी उड़ाना ; —и́ться над старико́м बूढ़े की हँसी उड़ाना ; **—ле́ние** (नपुं०) हँसी ; दिल्लगी ।

глупе́ть (अपू०), **по—** (पू०) बुद्धू बनना ; मूर्ख बनना ।

глупе́ц (नपुं०) बुद्धू ; मूर्ख ।

глупи́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० глуплю́, глупи́шь) मूर्ख बनना ; मूर्खता की बातें करना ; не глупи́ ! मूर्ख मत बनो ।

глу́по (क्रि० वि०) मूर्खता से ।

глупова́тый (वि०) मूर्ख-सा ।

глу́пост||ь (स्त्री०) मूर्खता ; बकवास ; бро́сьте э́ти —и ये मूर्खता की बातें छोड़ो ।

глу́пый (वि०) मूर्ख ; बुद्धू ।

глупы́ш (पुं०) मूर्ख व्यक्ति ।

глухова́тый (वि०) ऊँचा सुननेवाला ; कुछ बहरा ।

глух||о́й (वि०) १. बहरा ; он соверше́нно глух वह बिल्कुल बहरा है ; २. (व्या०) अघोष (वर्ण) ; ३. ऊजड़ ; ४. एकान्त ; ५. घना (जंगल) ; г. лес घना जंगल ; ६. —а́я ночь सुनसान रात ; ७. बहरा मनुष्य ।

глухо||немо́й (वि०) बहरा और गूंगा ; **—та́** (स्त्री०) बहरापन ।

глуши́тель (पुं०) निःशब्दक ; साइलेंसर ।

глуши́ть (अपू०), **за—**, **о—** (पू०) १. (оглуши́ть पू० के साथ) धमाके से चेतनाहीन करना ; г. ры́бу (पकड़ने के लिए) धमाके से मछली को चेतनाहीन करना ; २. (заглуши́ть पू० के साथ) वृद्धि रोकना ; दबा देना ; крапи́ва заглуши́т сад बिच्छू का पेड़ बग़ीचे को बढ़ने से रोकता है ; □ г. во́дку अत्यधिक वोदका पी जाना ।

глушь (स्त्री०) (केवल एकवचन) १. घना जंगल ; २. एकान्त स्थान ।

глы́ба (स्त्री०) मिट्टी का ढेला ।

глюко́за (स्त्री०) (रस०) ग्लूकोज़ ।

гляд||е́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० гляжу́, гляди́шь) १. देखना ; टकटकी बाँधकर देखना ; २. (केवल अपू०), दिखायी पड़ना ; ३. (केवल अपू०) (की भाँति) दिखायी पड़ना ; г. геро́ем देखने से ही वीर प्रतीत होना ; ४. देखभाल करना ; г. за ребёнком बच्चे की देखभाल करना ; □ г. в о́ба सचेत होना ; того́ и —и́ пойдёт дождь मुझे लगता है कि वर्षा होगी ।

гляде́ться (आत्म० अपू०) अपना प्रतिबिम्ब देखना ; г. в зе́ркало शीशा देखना ।

гля́нец (पुं०) (केवल एकवचन) (लकड़ी, चमड़े की) पालिश ; наводи́ть г. (на) पालिश करना ।

гля́нуть (पू०) नज़र डालना ।

гля́нц||евый, **—овый**, **—ови́тый** (वि०) पालिश किया हुआ ; चमकदार ।

гм (विस्मय०) हूँ ! हुम् !

гнать (अपू०) (वर्त० гоню́, го́нишь) १. भगाना ; मार भगाना ; (बाहर) हाँक देना ; г. и́з дому घर से भगा देना/निकाल देना ; гони́те его ! उसको भगा दो ! उसको निकाल दो ! ; г. ста́до मवेशी बाहर हाँक देना ; २. ज़ोर देना ; ३. पीछा करना ; पीड़ा देना ; ४. आसवन करना ; सत निकालना ; अर्क़ खींचना ; **—ся** (आत्म०) (за) पीछा करना ; तलाश करना ; —ся за неприя́телем शत्रु का पीछा करना ।

гнев (पुं०) क्रोध ; कोप ; ग़ुस्सा ; в припа́дке —а क्रोधावेश में ; не по́мнить себя́ в —е क्रोध में अपने आपको भूल जाना ; **—аться** (आत्म० अपू०) **разгне́ваться** (आत्म० पू०) (на) क्रुद्ध होना ; कुपित होना ; ग़ुस्सा करना ।

гневи́ть (अपू०), **про—** (पू०) (भवि० гневлю́, гневи́шь) क्रोध दिलाना ; कुपित करना ; ग़ुस्सा दिलाना ।

гне́вн||о (क्रि० वि०) क्रोध से ; ग़ुस्से से ; कोप से ; **—ый** (वि०) क्रुद्ध ; ग़ुस्सेवाला ; सकोप ।

гнедо́й (वि०) १. कुम्मैत (घोड़े का रंग) ; २. (पुं०) (वि० रू०) कुम्मैत घोड़ा ।

гнезди́ться (आत्म० अपू०) (वर्त० гнезжу́сь, гнезди́шься) घोंसला बनाना ; नीड़ बनाना ; (रोग का) जड़ पकड़ना ।

гнездо́ (नपुं०) घोंसला ; नीड़ ; вить г. घोंसला बनाना ।

гнёздышко (नपुं०) гнездо́ का अल्प० ।

гнести́ (अपू०), (वर्त० гнету́, гнетёшь) १. सताना ; २. दबाना ; (दबाव डालकर) झुकाना ।

гнёт (पुं०) (केवल एकवचन) १. दबाव ; भार ;

२. दमन ; अत्याचार ।

гни́да (स्त्री०) लीख ; जूँ का अंडा ।

гни||е́ние (नपुं०) सड़न ; क्षय ; नाश ; **—ло́й** (वि०) १. सड़ा हुआ ; दूषित ; २. (मौसम) सीला ; गीला ; आर्द्र ।

гнилокро́вие (नपुं०) रक्तदोष ; रुधिर का विषला होना (एक रोग) ।

гни́л||остность (स्त्री०) सड़ाँध ; दुर्गन्ध ; **—остный** (वि०) सड़ा हुआ ; दुर्गन्धयुक्त ; **—ость** (स्त्री०) सड़ाँध ; दुर्गन्ध ।

гниль (स्त्री०) (केवल एकवचन) (समू०) सड़ी हुई वस्तुएँ ; गन्दगी ।

гнить (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० гнию́, гниёшь) सड़ जाना ; दुर्गन्धयुक्त होना ।

гнию́чий (वि० दुर्गन्धयुक्त ; सड़ा हुआ ।

гное́ние, гноетече́ние (नपुं०) पीप पड़ जाना ।

гнои́ть (अपू०), **с—**(पू०) सड़ाना ; г. в тюрьме́ जेल में सड़ाना ; **—ся** (आत्म०) सड़ जाना ; पीप पड़ जाना ।

гной (पुं०) (केवल एकवचन) पीप ; **—ник** (पुं०) फोड़ा ; **—ный** (वि०) पीप से भरा हुआ ।

гном (पुं०) पाताल-लोक का एक लघुकाय देव ।

гно́ма (स्त्री०) कहावत ; लोकोक्ति ।

гно́мон (पुं०) धूपघड़ी की मध्य-कील ।

гну (नपुं०) एक प्रकार का बारहसिंगा ।

гнуса́вить (अपू०) (гнуса́влю, гнуса́вишь) नाक से बोलना ।

гнус||а́во (क्रि० वि०) नाक के स्वर में ; **—а́вый, —ли́вый** (वि०) नाक का ; सानुस्वार ; अनुनासिक ।

гну́с||ность (स्त्री०) कलंक ; अपकीर्ति ; сде́лать г. अपकीर्ति का काम करना ; नीच काम करना ; **—ый** (वि०) कलंकयुक्त ; गर्हणीय ; निन्द्य ।

гнуть (अपू०), **со—** (पू०) १. झुकाना ; मोड़ना; २. (केवल अपू०), लक्ष्य करना ; я ви́жу, куда́ он гнёт मैं देखता हूँ कि उसका लक्ष्य क्या है ; **—ся** (आत्म०) झुकना ; дере́вья гну́тся от ве́тра हवा के मारे पेड़ झुक रहे हैं ।

гнуша́ться (आत्म० अपू०), **по—** (आत्म० पू०) (घृणा करके किसी से) दूर भागना ।

гобеле́н (पुं०) (सजावट के लिए) दीवार पर टाँगने का ग़लीचा ।

гове́ть (अपू०), व्रत रखना ; उपवास करना ।

го́вор (पुं०) (केवल एकवचन) १. (बोलने का) शब्द ; २. बोली ; उपभाषा ।

говор||и́ть (अपू०), **сказа́ть, погово-ри́ть** (पू०) १. (сказа́ть पू० के साथ) कहना ; बताना ; он —и́т, что वह कहता है कि ; г. пра́вду सत्य कहना ; говоря́т тебе́ ! सुनते हो ! तुमसे कह रहे हैं ! ; २. (поговри́ть पू० के साथ) बातचीत करना ; ३. (केवल अपू०), (अकर्मक) बोलना ; ребёнок ещё не говори́т बच्चा अभी बोलता नहीं ; г. по-хинди́ हिन्दी बोलना ; —и́т Москва́ हम मास्को से बोल रहे हैं ; □ —я́т कहा जाता है ; कहते हैं ; ина́че —я́ दूसरे शब्दों में ; что и г. यह सत्य है ।

говори́ться (आत्म० अपू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) как говори́тся जैसे कहावत है ; जैसे कहा जाता है ।

говор||ли́вость (स्त्री०) वाचालता ; बकवास ; **—ли́вый** (वि०) वाचाल ; बकवासी ।

говору́н (पुं०), **—ья** (स्त्री०) वाचाल ; बकवासी ; गप्पी ।

говя́||дина (स्त्री०) (केवल एकवचन) गोमांस ; **—жий** (वि०) गोमांस का ।

го́гол||ь (पुं०) एक प्रकार का सुनहरी आँखोंवाला पक्षी ; □ ходи́ть —ем अकड़कर चलना ।

го́голь-мо́голь (पुं०) (केवल एकवचन) खाँड-मिश्रित तोड़ा हुआ अंडा ।

го́гот (पुं०), **—а́нье** (नपुं०) (केवल एकवचन) १. बत्तख़ की टर्राहट ; गुटरगूँ ; २. ठहाका ; **—а́ть** (अपू०) (гогочу́, гого́чешь) १. बत्तख़ का टर्राना ; २. ठहाका मारकर हँसना ।

год (पुं०) वर्ष ; साल ; пошёл деся́тый г. उसको दसवाँ वर्ष चल रहा है ; ему́ 32 —а उसकी आयु बत्तीस वर्ष की है ; в бу́дущем —у अगले वर्ष ; в про́шлом —у पिछले वर्ष ; три —

тому́ наза́д तीन वर्ष हुए ; че́рез три —а तीन वर्ष में ; तीन वर्ष के पश्चात् ; в ста́рые —ы प्राचीन काल में ; високо́сный г. लीप का साल ; теку́щий г. चालू वर्ष ; ☐ кру́глый г. सालभर ; но́вый г. नववर्ष ; встреча́ть но́вый г. नववर्ष मनाना ; де́тские —ы बचपन ; без —у неде́ля कुछ दिन ।

года́ми (क्रि० वि०) वर्षों ; г. живёт заграни́цей वह वर्षों विदेश रहता है ; г. быва́ют отли́чные урожа́и वर्षों में अर्थात् कभी-कभी अच्छी फ़सल होती है ।

годи́на (स्त्री०) समय ; тяжёлая г. कठिन समय ।

год‖и́ться (आत्म० अपू०) (гожу́сь, годи́шься) योग्य होना ; उपयुक्त होना ; काम आना ; он не —и́тся в учителя́ वह अध्यापक बनने के योग्य नहीं है ; э́та бума́га ему́ —и́тся यह काग़ज़ उसके काम आयेगा ; э́ти боти́нки ему́ не годя́тся यह बूट उसके नाप के नहीं है ; так поступа́ть не —и́тся ऐसा व्यवहार करना शोभा नहीं देता ।

годи́чный (वि०) १. वर्ष का ; बारह मास का ; г. срок एक वर्ष का समय ; २. वार्षिक ; г. отчёт वार्षिक विवरण (रिपोर्ट) ।

го́дн‖ость (स्त्री०) योग्यता ; उपयुक्तता ; (टिकट आदि के) चालू रहने की अवधि ; मान्यता ; **—ый** (वि०) योग्य ; उपयुक्त ; (टिकट आदि) मान्य ; биле́т го́ден на два дня टिकट दो दिन तक चलेगा ; टिकट दो दिन काम आयेगा ; —ый к вое́нной слу́жбе सेना की नौकरी के योग्य ; —ый для питья́ पीने के योग्य ; —ый на всё हरफ़नमौला ; ни к чему́ не —ый बिल्कुल निकम्मा ।

годов‖а́лый (वि०) १. एक वर्ष (की आयु) का ; г. ребёнок एक वर्ष का बच्चा ; २. वार्षिक ; г. дохо́д वार्षिक आय ; **—щи́на** (स्त्री०) वार्षिकोत्सव ; वर्ष-दिवस ।

Госна́к (Госуда́рственное управле́ние по вы́пуску де́нежных зна́ков) बैंक-नोट जारी करने का सरकारी दफ़्तर ।

гол (पुं०) (फ़ुटबाल आदि के खेल में) गोल ; заби́ть г. गोल करना ।

голена́стый (पुं०) (वि० रू०) लम्बी टांगोंवाला एक पक्षी ।

голени́ще (नपुं०) बूट का ऊपरी भाग ।

го́лень (स्त्री०) पिंडली (घुटने से टखने तक का भाग) ।

голе́ц (पुं०) एक प्रकार की मछली ।

голки́пер (पुं०) (फ़ुटबाल आदि में) गोलची ।

голла́нд‖ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) हालैंड-निवासी/निवासिनी ; **—ский** (वि०) हालैंड का ।

голов‖а́ (स्त्री०) **I.** सिर ; शीश ; मस्तिष्क ; दिमाग़ ; у меня́ э́того да́же и в —е́ не́ было मेरे तो दिमाग़ में भी यह नहीं था ; мне пришла́ в го́лову мысль मुझे सूझा ; с непокры́той —о́й नंगे सिर ; ☐ челове́к с —о́й बुद्धिमान ; समझदार व्यक्ति ; г. са́хару खाँड का ढेला ; —у дава́ть на отсече́ние सिर की बाज़ी लगाना ; —у повеси́ть निराश होना ; вали́ть с больно́й —ы́ на здоро́вую किसी दूसरे पर अपराध थोपना ; с —ы́ до ног सिर से पाँव तक ; пе́рвую —у सर्वप्रथम ; вы́кинуть из —ы́ पीछा छुड़ाना ; лома́ть себе́ —у सिर फोड़ना ; вы́дать —о́й кого́-л. किसीको धोखा देना ; очертя́ —у सिर के बल ; подня́ть —у सिर उठाना ; у меня́ г. идёт кру́гом मेरा सिर चकरा रहा है ; у него́ э́то из —ы́ вон वह इसके बारे में बिल्कूल भूल गया ; **II.** मुखिया ; सरदार ।

голова́стик (पुं०) मेंढक का बच्चा ; (अंग्रेज़ी—टैडपोल) ।

голове́шка (स्त्री०) सुलगती हुई लकड़ी ।

голови́зна (स्त्री०) (केवल एकवचन) मछली का सिर ।

голо́в‖ка (स्त्री०) १. голова́ का अल्प० ; २. नेतागण ; अग्रणी ; ३. (मेख, पिन आदि का) सिरा ; नक्का ; ४. जूते का पंजा (अग्रभाग) ; ५. गिल्टी ; ग्रन्थि ; गाँठ ; ☐ —ка лу́ка एक प्याज़ ;

—но́й (वि०) १. सिर का ; —на́я боль सिरदर्द ; —но́й убо́р टोपी ; —но́й мозг मस्तिष्क ; २. अग्रणी ; नेतृत्व करनेवाला ।

головня́ (स्त्री०) १. सुलगती लकड़ी ; २. (केवल एकवचन) (वनस्पति का रोग) कँडवा ।

головокруж||е́ние (नपुं०) सिर चकराना ; जी मतलाना ; чу́вствовать г. सिर चकराना ; जी मतलाना ; **—и́тельный** (वि०) सिर चकरानेवाला ; जी मतलानेवाला ।

головоло́м||ка (स्त्री०) पहेली ; **—ный** (वि०) चकरा देनेवाला ; गूढ़ ; कठिन ; —ная зада́ча (चकरा देनेवाली कठिन समस्या ।

головомо́йк||а (स्त्री०) झाड़ ; झिड़की ; зада́ть кому́-л. —у किसीको झाड़ पिलाना ; झिड़की देना ; फटकारना ।

головоре́з पुं०) हत्यारा ; गला काटनेवाला ; बदमाश ।

голо́вушка (स्त्री०) голова́ का अल्प० ।

-голо́вый = -гла́вый

го́лод (पुं० १. भूख ; क्षुधा ; чу́вствовать г. भूख लगना ; утоли́ть г. भूख मिटाना ; мори́ть —ом भूखों मारना ; २. अकाल ; दुर्भिक्ष ; ३. कमी ; кни́жный г. पुस्तकों की कमी ; **—а́ние** (नपुं०) भूखों मरना ; **—а́ть** (अपू०) भूखों मरना ; भूखे रहना ; व्रत रखना ; भूख-हड़ताल करना ।

голо́дн||ый (वि०) १. भूखा ; быть —ым भूखा होना ; २. अकाल- ; अकाल का ।

голодо́вк||а (स्त्री०) भूख-हड़ताल ; объявля́ть —у भूख-हड़ताल करना ।

голоно́гий वि०) नंगी टाँगोंवाला ।

го́лос (पुं०) १. वाणी ; स्वर ; कंठध्वनि ; आवाज़ ; во весь г. पूरे ज़ोर से (चिल्लाकर) ; возвыша́ть г. आवाज़ उठाना ; २. मत ; राय ; वोट ; пра́во —а मताधिकार ; пода́ть г. वोट देना ; □ в оди́н г. एक स्वर से ; सर्वसम्मति से ; с —а कान से (सुनकर) ; **—и́стый** (वि०) कोलाहलकारी ; मोटी आवाज़वाला ; **—и́ть** (अपू०) (голошу́, голоси́шь) ऊँचे स्वर से बोलना ; शोक मनाना ; विलाप करना ।

голосло́вный (वि०) सुना-सुनाया ; प्रमाण-रहित ।

голосов||а́ние (नपुं०) मतदान ; откры́тое —а́ние प्रत्यक्ष मतदान ; हाथ खड़ा करके मत देना ; та́йное —а́ние गुप्त मतदान ; पर्ची द्वारा मत देना ; всео́бщее —а́ние व्यापक मताधिकार ; **—а́ть** (अपू० और पू०) (—су́ю) १. मत देना ; वोट देना ; २. मत लेना ; राय लेना ।

голосово́й (वि०) वाचिक ; स्वर-सम्बन्धी ।

голубегра́мма (स्त्री०) कबूतर द्वारा भेजा गया सन्देश ।

голубе́ть (अपू०), १. नीला दिखायी पड़ना ; २ नीला हो जाना ।

голубе́ц (पुं०) गोलुबेत्स (गोभी के पत्ते में लिपटा हुआ माँस और रोटी का टुकड़ा) ।

голубизна́ (स्त्री०) नीलापन ; आसमानी रंग।

голуби́н||ый (वि०) १. го́лубь से वि० ; —ое гнездо́ कबूतर का घोंसला ; २. कबूतर के सदृश ।

голу́б||ить (अपू०), **при—** (पू०) (भवि० голу́блю, голу́бишь) पुचकारना ; लाड़ करना ; **—ка** (स्त्री०) १. कबूतरी ; २. प्रेयसि ; प्रियतमा ; **—ки** (बहु०) पंडुक नाम की चिड़िया ; फ़ाख़्ता ।

голуб||ова́тый (वि०) नीला-सा ; **—огла́зый** (वि०) नीली आँखोंवाला ।

голубо́й (वि०) नीला ; आसमानी (रंग का) ।

голубо́к (पुं०) го́лубь का अल्प० ।

голу́б||ушка (स्त्री०) प्रियतमा ; प्रेयसि ; **—чик** (पुं०) प्रिय ; प्रियतम ; प्रिय मित्र ।

го́луб||ь (पुं०) कबूतर ; फ़ाख़्ता ; **—я́тник** (पुं०) १. कबूतर-प्रेमी ; २ कबूतर को खानेवाला बाज़ ; **—я́тня** (स्त्री०) दरबा ; कबूतरख़ाना ।

го́л||ый (वि०) नग्न ; नंगा ; —ая голова́ नंगा सिर ; गंजा सिर ; —ые но́ги नंगे पाँव ; नंगी टाँगें ; —ое те́ло नंगा शरीर ; □ —ыми рука́ми ख़ाली हाथ ।

голы́ш (पुं०) १. नंगा बच्चा ; २. कंकड़ ; **—о́м** (क्रि० वि०) नंग-धड़ंग ; बिल्कुल नंगा ।

голь (स्त्री०) (केवल एकवचन) (समू०) ग़रीब लोग ; г. на вы́думки хитра́ आवश्यकता आविष्कार की जननी है ।

гольём (क्रि० वि०) ख़ालिस ; बिना मिलावट की (ब्रांडी आदि) ।

гомеопа́т (पुं०) होमियोपैथ डाक्टर ; **—ия** (स्त्री०) होमियोपैथी ।

гомоге́нный (वि०) १. सजातीय ; एकजातीय ; २. (भौ०) समांग ।

го́мон (पुं०) (केवल एकवचन) कोलाहल ; शोर ।

гонг (पुं०) घड़ियाल ; घंटा ; уда́рить в г. घड़ियाल (घंटा) बजाना ।

гондо́ла (स्त्री०) गोंडोला (एक प्रकार की नाव) ।

гоне́ни||е (नपुं०) संपीड़न ; क्लेश ; दुःख ; подверга́ться —ю संपीड़ित होना ।

гоне́ц (पुं०) दूत ; हरकारा ; सन्देशवाहक ।

гони́мый (वि०) संपीड़ित ।

гони́тель (पुं०) आततायी ; संपीड़क ; अत्याचारी ।

го́нка (स्त्री०) १. (केवल एकवचन) जल्दबाज़ी ; भागादौड़ी ; २. (केवल एकवचन) (लकड़ी आदि) तैराने की क्रिया ; ३. (प्रतियोगिता) दौड़ ।

го́нор (पुं०) उद्दंडता ; он с больши́м —ом वह बहुत उद्दंड है ।

гонора́р, гонора́рий (पुं०) पारिश्रमिक ; मेहनताना ।

гонорре́я (स्त्री०) सूज़ाक (एक रोग) ।

го́ночный (वि०) (प्रतियोगिता में) दौड़ने का ; г. автомоби́ль दौड़ में ।

гонт (पुं०) (केवल एकवचन) (समू०) (लकड़ी के) पतले तख्ते ; फट्टे ; पट्टियाँ ; **—ово́й** (वि०) гонт से वि० ।

гонча́р (पुं०) कुम्हार ; **—ный** (वि०) कुम्हार का ; —ный круг कुम्हार का चाक ; —ные изде́лия मिट्टी के बर्तन ।

го́нчая (स्त्री०) (वि० रू०) शिकारी कुत्ता ।

го́нщик पुं०) १. दौड़ में भाग लेनेवाला ; दौड़नेवाला ; २. (लकड़ियाँ) तैरानेवाला ।

гоня́ть अपू०) १. हाँकना ; भगाना ; मार भगाना ; г. с ме́ста на ме́сто एक स्थान से दूसरे स्थान पर भगाना ; २. (किसीको) सन्देश लेकर भेजना ; ☐ г. ло́дыря निकम्मे बैठना ; **—ся** (आत्म०) (किसीका) पीछा करना ; शिकार करना ; तलाश करना ।

гопа́к (पुं०) गोपाक (युक्रेनियन लोकनृत्य) ।

гор||а́ (स्त्री०) १. पर्वत ; पहाड़ ; पहाड़ी ; итти́ в го́ру पहाड़ पर जाना ; २. ढेर ; ☐ не за —а́ми समीप ही ; у меня́ как г. с плеч свали́лась मानो मेरे सिर पर से पहाड़ (भार) उतर गया ।

гора́зд (वि०) चतुर ; प्रवीण ; он на всё г. वह हरफ़नमौला है ।

гора́здо (क्रि० वि०) बहुत ; अधिक ; г. лу́чше बहुत अच्छा ।

горб (पुं०) कूबड़ ; ☐ свои́м —о́м ख़ून-पसीना एक करके ; **—а́тый** (वि०) कुबड़ा ; ☐ —а́того моги́ла испра́вит कूबड़ क़ब्र में ही ठीक होता है ; गधा पीटने से घोड़ा नहीं होता ; **—и́нка** (स्त्री०) छोटा कूबड़ ।

го́рбить (अपू), **о—** (पू०) (भवि० го́рблю, го́рбишь) झुकाना ; कुबड़ा करना ; г. спи́ну अपनी पीठ को कुबड़ा करना ; **—ся** (आत्म०) झुकना ; नमित होना ।

горбу́н (पुं०), **—ья** (स्त्री०) कुबड़ा/कुबड़ी ।

горбу́ша (स्त्री०) गोरबूशा (एक प्रकार की सामन-मछली) ।

горбу́шка (स्त्री०) (रोटी के टुकड़े के) किनारों का भाग ।

горбы́ль (पुं०) पटिया ।

горде́лив||о (क्रि० वि०) उद्दंडता से ; गर्व से ; अकड़ से ; **—ость** (स्त्री०) उद्दंडता ; गर्व ; अकड़ ; **—ый** (वि०) उद्दंड ; गर्वीला ।

горде́ц (पुं०) गर्वीला ; घमंडी ।

го́рдиев у́зел : वज्रगाँठ ।

горди́ться (आत्म० अपू०) (वर्त० горжу́сь, горди́шься) (чем) गर्व करना ; घमंड करना ; हवा में उड़ना ; ज़मीन पर पाँव न रखना ।

го́рдо (क्रि० वि०) गर्व से ।

го́рд||ость (स्त्री०) १. गर्व ; २. महत्ता ; बड़प्पन;

—ый (वि०) १. गर्वीला ; २. महान् ; बड़ा ; **—ыня** (स्त्री०) उद्दंडता ; **—я́чка** (स्त्री०) गर्विणी ; गर्वीली स्त्री ।

го́р||е (नपुं०) शोक ; दुःख ; दुर्भाग्य ; обезу́меть от —я शोक से पागल हो जाना ; к моему́ —ю, на моё г. मेरे दुर्भाग्य से ; दुर्भाग्यवश ; ☐ слеза́ми —ю не помо́жешь अब रोने-धोने से कुछ नहीं बनता ; अब पछताये होत क्या जब चिड़ियाँ चुग गयीं खेत ।

горева́ть (अपू०) (वर्त० горю́ю, горю́ешь) शोक मनाना ।

горе́лка (स्त्री०) मशाल ; ज्वालक ।

горе́лки (बहु०) छू-पकड़ खेल ।

горе́лый (वि०) जला हुआ ; झुलसा हुआ ।

горемы́ка (उभ०) ग़रीब बेचारा ; ग़रीब बेचारी ।

горе́ние (नपुं०) दहन ; जलन ; जलने की क्रिया ; जोश ।

го́рести (बहु०) आपदाएँ ; कष्ट ; मुसीबत ; दुर्दैव ।

го́рестн||о (क्रि० वि०) शोक से ; उदास होकर ; **—ый** (वि०) शोकपूर्ण ; उदास ; शोकग्रस्त ।

гор||е́ть (अपू०) १. जलना ; चमकना ; дом —и́т घर जल रहा है ; де́ло —и́т काम ज़ोरों पर है ; २. उत्सुक होना ।

го́рец (पुं०) पर्वतारोही ; पहाड़ पर चढ़नेवाला ।

гореча́вка (स्त्री०) चिरायता ।

го́речь (स्त्री०) कडुआपन ; कटुता ; कड़ई वस्तु ।

горже́тка (स्त्री०) स्त्रियों का रोएँदार गुलूबन्द ।

горизо́нт (पुं०) १. क्षितिज ; २. समतल ; г. воды́ पानी की सतह ; **—а́ль** (स्त्री०) क्षितिज-रेखा ; (भूगोल०) समोच्चता रेखा ; **—а́льный** (वि०) क्षैतिज ।

гори́лла (स्त्री०) वनमानुष (अफ़्रीका का बड़ा बन्दर) ।

гори́стый (वि०) पार्वत्य ; पहाड़ी ।

горицве́т (पुं०) लवंग जैसा एक प्रकार का पौधा ।

го́рка (स्त्री०) १. छोटी पहाड़ी ; टीला २. (बहुमूल्य बर्तन रखने की) छोटी अलमारी ।

го́ркнуть (अपू०), **про—** (पू०) कड़वा हो जाना ।

горко́м (городско́й коми́тет) नगर-समिति ।

горла́н (पुं०) चिंघाड़नेवाला ; चिल्लाकर बोलनेवाला ; **—ить** (अपू०) चिंघाड़ना ; चिल्लाना ।

го́рл||о (नपुं०) गला ; कंठ ; боле́зни — गले के रोग ; в —е пересо́хло गला सूख गया ; у него́ перши́т в —е उसके गले में ख़ारिश है ; ☐ схвати́ть за г. गले से पकड़ना ; драть г. गला फाड़कर चिल्लाना; по г. (पानी की गहराई के बारे में) गले तक ; **—ово́й** (वि०) го́рло से वि०, गले का ; **—ышко** (नपुं०) १. го́рло का अल्प० ; २. बोतल का गला ।

горн (पुं०) १. भट्टी ; २. बिगुल ; हार्न ।

го́рний (वि०) (काव्य०) स्वर्गिक ; दिव्य ।

горни́ло (नपुं०) दे० горн-१.

горни́ст (पुं०) बिगुल बजानेवाला ।

го́рница (स्त्री०) कमरा ; (किसान की झोंपड़ी का साफ़-सुथरा) कमरा ।

го́ничная (स्त्री०) (वि० रू०) नौकरानी ; दासी ।

горново́й (वि०) भट्टी का ।

горнозаво́д||ский (वि०) खनन और धातुशोधन-सम्बन्धी ; **—чик** (पुं०) धातुशोधन के कारख़ाने का मालिक ।

горнорабо́чий (पुं०) खनक ; खान में काम करनेवाला मज़दूर ।

го́рн||ый (वि०) १. гора́ से वि० ; —ая цеп पर्वत-शृंखला ; पर्वतमाला ; २. पहाड़ी ; —ая страна́ पहाड़ी देश ; ३. खनन ; **—я́к** (पुं०) खनक ; खानों का इंजीनियर ; **—я́цкий** (वि०) खनन-सम्बन्धी ; खनकों का ।

го́род (पुं०) नगर ; शहर ; столи́чный г. राजधानी ; гла́вный г. मुख्य नगर ; вы́ехать за́ г. नगर से बाहर जाना ; देहात में जाना ।

городи́ть (अपू०) (горожу́, городи́шь) г. вздор बकवास करना ; огоро́д г. हल्लागुल्ला करना ।

городи́шко (नपुं०) छोटा नगर ।

городи́ще (नपुं॰) नगर के खँडहर ; प्राचीन नगर के अवशेष ।

город||ни́чий (पुं॰) (वि॰ रू॰) नगरपति ; नगरपाल ; **—ово́й** (पुं॰) (वि॰ रू॰) पुलिस का सिपाही ।

городо́к (पुं॰) го́род का अल्प॰ ; छोटा नगर ; вое́нный г. छावनी ।

городск||о́й (वि॰) го́род से वि॰ ; पौर ; नगर का ; शहर का ; —ая голова́ नगरपाल ; मेयर ; —ое управле́ние नगरपालिका ; г. жи́тель नगरवासी ; г. сове́т नगर-सोवियत ; नगर-परिषद् ; г. населе́ние नगर की जनसंख्या ; आबादी ।

горожа́н||ин (पुं॰), **—ка** (स्त्री॰) नगर-निवासी/निवासिनी ; नागरिक ।

гороско́п (पुं॰) जन्मपत्रिका ।

горо́||х (पुं॰) (केवल एकवचन) मटर ; हरी मटर ; दाने ; **—ховый** (वि॰) горо́х से वि॰ ; —ховый суп मटर का सूप ; шут —ховый विदूषक ; भाँड ।

горо́||шек (पुं॰) १. зелёный г. हरी मटर ; २. धब्बे ; **—шина, —шинка** (स्त्री॰) मटर ।

горсове́т (городско́й сове́т) नगर-सोवियत ; नगर-परिषद् ।

го́рсточка (स्त्री॰) मुट्ठी-भर ।

горст||ь (स्त्री॰) ओक ; मुट्ठी ; пить из —и ओक लगाकर पानी पीना ।

горта́||нный (वि॰) १. कंठ्य ; कंठ-सम्बन्धी ; २. г. звук कंठस्थ स्वर ; **—нь** (स्त्री॰) कंठ ; □ у него́ язы́к прили́п к —ни उसकी जीभ को काठ मार गया ।

горли́ть (अपू॰) कड़ुआ स्वाद होना ।

горчи́||ца (स्त्री॰) सरसों ; सरसों का चूर्ण ; **—чник** (पुं॰) सरसों का पलस्तर ; पुलटिस ; **—чница** (स्त्री॰) सरसोंदानी ; **—чный** (वि॰) सरसों का ; —чное ма́сло सरसों का तेल ।

горше́чн||ик (पुं॰) कुम्भकार ; कुम्हार ; **—ый** (वि॰) : —ый про́мысел कुम्भकार / कुम्हार का व्यवसाय ; —ый това́р मिट्टी के बर्तन ।

горшо́к (पुं॰) (मिट्टी का) बर्तन ; цвето́чный г. फूलदान ।

го́рькая (स्त्री॰) (वि॰ रू॰) (केवल एकवचन) कड़ुई शराब ।

го́рьк||ий (वि॰) कड़ुआ ; कटु ; अभागा ; —ая до́ля दुर्भाग्य ; —ая и́стина कटु सत्य ; **—о** (क्रि॰ वि॰) कटुता से ; —о пла́кать फूट-फूटकर रोना ।

горю́ч||ее (नपुं॰) (वि॰ रू॰) ईंधन ; पेट्रोल ; **—есть** (स्त्री॰) ज्वलनशीलता ; दाह्यता ; **—ий** (वि॰) ज्वलनशील ; दाह्य ; —ий материа́л ईंधन ; दाह्य पदार्थ ।

горя́чечн||ый (वि॰) : г. бред (ज्वर में) मतिविभ्रम ; प्रलाप ; —ая руба́шка (ज्वर के रोगी को पहनायी जानेवाली) कमीज ।

горя́чий (वि॰) गर्म ; उष्ण ; उत्कट ; सोत्साह ; उग्र ; г. спор गर्मागर्म बहस ; г. приём हार्दिक स्वागत ; —ее вре́мя व्यस्त समय ; г. напи́ток तीव्र पेय ।

горяч||и́тельный (वि॰) : —и́тельные напи́тки तीव्र पेय ; **—и́ть** (अपू॰), **разгорячи́ть** (पू॰) उत्तेजित करना ।

горячи́ться (आत्म॰ अपू॰), **по—, раз—** (आत्म॰ पू॰). उत्तेजित होना ; क्रोध में आना ।

горя́ч||ка (स्त्री॰) १. ज्वर; बुखार; २. जल्दबाजी ; **—ность** (स्त्री॰) उत्साह ; जोश ।

горячо́ (क्रि॰ वि॰) उत्साहपूर्वक ; जोश से ; г. люби́ть बहुत प्रेम करना ; г. спо́рить उत्तेजित होकर बहस करना ; गर्मागर्म बहस करना ; г. поздравля́ть हार्दिक बधाई देना ।

гос : госуда́рственный का संक्षिप्त रूप ।

госаппара́т (पुं॰) (госуда́рственный аппара́т) शासन-यन्त्र ।

Госба́нк (पुं॰) (Госуда́рственный банк) राज्य-बैंक ; सरकारी बैंक ।

го́спиталь (पुं॰) अस्पताल (मुख्यत: सेना का) ; **—ный** (वि॰) го́спиталь से वि॰ ।

Госпла́н (Госуда́рственный комите́т плани́рования) राजकीय योजना-आयोग ।

господа́ (बहु०) सज्जनो ! ; सज्जन ; श्रीमन्त ; सर्वश्री ।

го́споди ! (विस्मय०) बाप रे ! ; не дай г. ! ईश्वर न करे !

господи́н (पुं०) १. सज्जन ; २. श्री ; श्रीमान् ; ३. मालिक ; स्वामी ।

госпо́дский (वि०) १. господи́н और господа́ से वि० ; २. जमींदारी का ।

госпо́дств||о (नपुं०) १. शासन ; प्रभुत्व ; अभिभव ; २. सर्वश्रेष्ठता ; प्राधान्य ; **—овать** (अपू०) (वर्त० —ствую) १. शासन करना ; २. छा जाना ।

госпо́дь (पुं०) (केवल एकवचन) ईश्वर ; प्रभु ; ☐ г. его́ зна́ет ! ईश्वर जाने !

госпожа́ (स्त्री०) श्रीमती ; स्वामिनी ; गृह-स्वामिनी ।

Госстра́х (Госуда́рственное страхова́ние) सरकारी/राष्ट्रीय बीमा ।

гостеприи́м||ный (वि०) अतिथि-सत्कार करनेवाला **—ство** (नपुं०) अतिथि-सत्कार ; आवभगत ।

гости́ная (स्त्री०) (वि० रू०) १. गोष्ठी-कक्ष ; अतिथिशाला ; ड्राइंग-रूम ; बैठने का कमरा ; गोल कमरा ; २. गोल कमरे का सोफ़ासेट ।

гости́нец (पुं०) १. उपहार ; भेंट ; २. (केवल बहु०) मिठाई ।

гости́ниц||а (स्त्री०) होटल ; содержа́тель —ы होटल का मालिक ।

гости́ный (वि०) अतिथि का ।

гости́ть (अपू०) (वर्त० гощу́, гости́шь) (किसीके यहाँ) अतिथि होना ; ठहरना ।

гост||ь (पुं०), **го́стья** (स्त्री०) अतिथि ; итти́ в —и (к) (किसीके यहाँ) अतिथि होना ; किसीसे मिलने जाना ; принима́ть —е́й अतिथियों का स्वागत करना ।

госуда́рственн||ый (वि०) госуда́рство से वि० ; —ое пра́во सार्वजनिक विधि ; —ое устро́йство राज-पद्धति ; —ая грани́ца राज्य-सीमा ; г. долг सरकारी ऋण ; राष्ट्रीय ऋण ; г. язы́к राष्ट्र-भाषा ; राज-भाषा ; г. переворо́т राज्योत्क्षेपण ; राज उलटना ; г. челове́к, г. де́ятель राजनीतिज्ञ ; —ая слу́жба सरकारी नौकरी ; —ая казна́ ; राज-कोष ; सरकारी खज़ाना ।

госуда́рство (नपुं०) राज्य ; सरकार ; сове́тское г. सोवियत सरकार ।

госуда́рыня (स्त्री०) साम्राज्ञी ; मलिका ; (सम्बोधन में) श्रीमती जी !

госуда́рь (पुं०) सम्राट ; शाहज़ादा ; (सम्बोधन में) श्रीमान् ! माननीय !

готова́льня (स्त्री०) ड्राइंग-बक्स ।

гото́вить (अपू०), **при—** (पू०) (भवि० гото́влю, гото́вишь) १. तैयार करना ; शिक्षण देना ; г. уро́к पाठ तैयार करना ; २. (खाना) पकाना ; तैयार करना ; (बातें) गढ़ना ; ३. बचाकर रखना ; **—ся** (आत्म०) (-के लिए) तैयारी करना ; तैयार होना ; —ся к войне́ युद्ध की तैयारी करना ।

гото́вност||ь (स्त्री०) तत्परता ; तैयारी ; в полно́й —и बिल्कुल तैयार ।

гото́в||ый (वि०) १. तैयार ; उद्यत ; обе́д гото́в खाना तैयार है ; г. на вся́кие же́ртвы हर प्रकार के बलिदान के लिए तैयार ; он гото́в на всё वह सब-कुछ करने के लिए तैयार है ; २. —ое пла́тье सिले-सिलाये कपड़े ।

гофирова́ть (अपू० और पू०) (—ру́ю) (बालों या कपड़े पर) लहरिया बनाना ।

граб||ёж (पुं०) डकैती ; लूटमार ; **—и́тель** (पुं०) डाकू ; लुटेरा ; **—и́тельский** (वि०) граби́тель से वि० ; लूटने का ; लूटमार करने का ; —и́тельские во́йны लूटमार के लिए युद्ध ।

гра́бить (अपू०), (पू०) (भवि० гра́блю, гра́бишь) डाका मारना ; लूटना ; छीन लेना ; लूटमार करना ।

гра́бли (बहु०) हेंगी ।

грабштúхель (पुं॰) नक़्क़ाशी करने का औज़ार।

гравёр (पुं॰) कनसार ; नक़्क़ाशिया ; खुदाई का काम करनेवाला ; г. по дéреву लकड़ी पर खुदाई का काम करनेवाला।

грáв‖ий (पुं॰) कंकड़ ; посыпáть —ием कंकड़ बिछाना।

гравиров‖áть (अपू॰) (—рýю) लकड़ी/पत्थर पर खुदाई का काम करना ; नक़्क़ाशी करना ; **—щик** (पुं॰) = гравёр.

гравитáция (स्त्री॰) (भौ॰) गुरुत्वाकर्षण।

гравю́ра (स्त्री॰) (लकड़ी या पत्थर आदि पर) खुदाई का काम ; छपाई।

град (पुं॰) **I.** करका-वृष्टि ; ओला ; वर्षा ; बौछार идёт г. करका-वृष्टि हो रही है ; ओले पड़ रहे हैं ; г. пуль गोलियों की वर्षा ; засы́пать —ом вопрóсов प्रश्नों की बौछार करना ; प्रश्न पर प्रश्न करना ; **II. = город-I.**

градáция (स्त्री॰) अनुक्रम।

градиéнт (पुं॰) (भौ॰) प्रवणता ; ढाल की मात्रा या परिमाण।

грáдина (स्त्री॰) ओला ; करका।

градúр‖ня (स्त्री॰) १. नमक का कारख़ाना ; २. (वाष्पीकरण द्वारा) नमक बनाने का साधन ; **—овать** (अपू॰) (—рую) —овать соль वाष्पीकरण द्वारा नमक बनाना।

градобúтие (नपुं॰) करका-वृष्टि या ओलों से हानि।

градовóй (वि॰) ओलों का।

градоначáльник (पुं॰) नगरपति।

грáдус (पुं॰) ताप/हिमांश ; दर्जा ; डिग्री ; ýгол в 60 —ов ६० दर्जे का कोण ; сегóдня 10 —ов морóза आज १० हिमांश है ; сегóдня 10 —ов теплá आज १० तापांश है ; **—ник** (पुं॰) तापमापी ; थर्मामीटर।

граждан‖úн (पुं॰), **—ка** (स्त्री॰) नागरिक ; г. Совéтского Сою́за सोवियत संघ का नागरिक ; **—ский** (वि॰) नगर-सम्बन्धी ; पौर ; असैनिक ; जानपद ; —ский долг पौर कर्तव्य ; —ское прáво व्यवहार-विधि ; दीवानी क़ानून ; —ская войнá गृहयुद्ध ; —ский брак वैध विवाह ; —ский иск दीवानी मामला ; ज़ाब्ता दीवानी ; —ское плáтье पौर वस्त्र ; असैनिक वस्त्र ; **—ство** (नपुं॰) नागरिकता ; правá —ства नागरिकता-अधिकार ; получúть правá —ства नागरिकता-अधिकार प्राप्त करना।

грамм (पुं॰) ग्राम (तोल)।

граммáт‖ика (स्त्री॰) व्याकरण ; **—úческий** (वि॰) व्याकरण का ; व्याकरणिक ; —úческая ошúбка व्याकरण की अशुद्धि ; —úческие прáвила व्याकरण के नियम।

грам(м)офóн (पुं॰) ग्रामोफ़ोन।

грáмот‖а (स्त्री॰) (केवल एकवचन) १. साक्षरता ; учúться —е साक्षर बनना ; लिखना-पढ़ना सीखना ; २. दस्तावेज़ ; प्रलेख ; चार्टर ; верúтельная г. प्रत्यय-पत्र ; жáлованная г. स्वाधिकार-पत्र ; (अंग्रेज़ी—लैटर्ज़-पेटेंट) ; **—éй, —ник,** (पुं॰), **—ница** (स्त्री॰) साक्षर ; अधीत व्यक्ति।

грáмотно (क्रि॰ वि॰) ठीक प्रकार से ; व्याकरण के नियमों के अनुसार ; कुशलता से।

грáмот‖ность (स्त्री॰) साक्षरता ; कुशलता ; (व्याकरण के अनुसार) शुद्धता ; पांडित्य ; **—ный** (वि॰) साक्षर ; व्याकरण का।

гран (पुं॰) ग्रेन (एक तोल)।

гранáт (पुं॰) अनार (वृक्ष या फल)।

гранáта (स्त्री॰) (सेना॰) हथगोला ; विस्फोट-गोला।

гранáтник (पुं॰) अनार का पेड़।

гранáтов‖ый (वि॰) **I.** अनार का ; —ое дéрево अनार का पेड़ ; **II.** रक्तमणि का ; तामड़ा रत्न का।

гранатомётчик (पुं॰) (सेना॰) गोलिहा ; गोला फेंकनेवाला।

гранд (पुं॰) ग्रैंडी (स्पेन का कुलीन)।

грандиóзн‖ость (स्त्री॰) शान ; महानता ; **—ый** (वि॰) शानदार ; महान्।

гране́ние (नपुं०) (हीरे आदि की) कटाई ; г. алма́зов हीरों की कटाई ।

грани́ль‖ный (वि०) रत्नों की कटाई के काम का ; **—щик** (पुं०) जौहरी ; रत्नों का व्यापारी ।

грани́т (पुं०) इमारती पत्थर ।

грани́ть (अपू०) (हीरे आदि) काटना ।

грани́‖ца (स्त्री०) सीमा ; हद ; सीमान्त ; за —цей विदेश में ; за —цу विदेश को ; из-за —цы विदेश से ।

гра́нка (स्त्री०) (छपाई-सम्बन्धी) प्रूफ़ ; गेली-प्रूफ़ ।

гранул‖и́ровать (अपू० और पू०) (—рую) दानेदार बनाना ; **—я́ция** (स्त्री०) दानेदार बनाने की क्रिया ।

грань (स्त्री०) १. सीमा ; हद ; २. नगीने का कोई-सा पार्श्व/पहलू ; ३. किनारा ।

граф (पुं०) अर्ल (सामन्ती पदवी) ; काउंट ।

графа́ (स्त्री०) पृष्ठभाग ; (रजिस्टर या समाचार-पत्र का) खाना ।

гра́фик (पुं०) १. रेखाचित्र ; २. ग्राफ़ ।

гра́фик‖а (स्त्री०) चित्रकला ; ड्राइंग ; вы́ставка —и चित्रों की प्रदर्शनी ।

графи́н (पुं०) (पानी या शराब डालने के लिए) शीशे की सुराही ।

графи́ня (स्त्री०) अर्ल की पत्नी ; काउंटेस ।

графи́т (पुं०) काला सीसा ; (पैंसिल का) सिक्का ।

графи́ть (अपू०) (वर्त० графлю́, графи́шь) (काग़ज़ पर) लकीरें खींचना ।

графлёный (वि०) लकीरदार ।

грацио́зн‖о (क्रि० वि०) सुन्दरता से ; **—ый** (वि०) सुशोभित ; सुन्दर ।

гра́ция (स्त्री०) शोभा ।

грач (पुं०) एक प्रकार का कौवा ।

грачо́нок (पुं०) कौवे का बच्चा ।

гребёнка (स्त्री०) कंघी ।

гре́бень (पुं०) १. कंघा ; २. मुर्ग़े आदि की कलँगी ; ३. (पहाड़ की) चोटी ।

гребе́ц (पुं०) माँझी ; केवट ; नाव खेनेवाला ।

гребешо́к (पुं०) १. =гребёнка ; २. =гре́бень २.

гре́бля (स्त्री०) खेने की क्रिया ; चप्पू चलाने की क्रिया ।

гребно́й (वि०) खेने/चप्पू चलाने से सम्बन्ध रखनेवाला ।

грёза (स्त्री०) स्वप्न ; दिवा-स्वप्न ; मिथ्या कल्पना ; мир грёз स्वप्न का संसार ; मिथ्या संसार ।

гре́зить (अपू०) (гре́жу, гре́зишь) (का) स्वप्न देखना ; **—ся** (आत्म० अपू०) **пригре́зиться** (आत्म० पू०) ему́ (при)гре́зилось, что··· उसे स्वप्न आया कि··· ।

грек (पुं०) यूनानी ।

гре́лка (पुं०) (सेक देने के लिए) गर्म पानी की बोतल ।

греме́ть (अपू०), (वर्त० гремлю́, греми́шь) गरजना ; (घुँघुरुओं का) बजना ; (बर्तनों का) झनझनाना ; —ит बादल गरज रहे हैं ; г. ключа́ми कुंजियाँ (तालियाँ) छनकाना ।

грему́чий (वि०) गरजनेवाला ; ☐ г. газ विस्फोटक गैस ।

гре́на (स्त्री०) (रेशम के कीड़ों के) अंडे ।

греню́к (पुं०) टोस्ट ; रस्क ।

грести́ (अपू०) (वर्त० гребу́, гребёшь) १. चप्पू चलाना ; नाव खेना ; २. हेंगी चलाना ।

греть (अपू०), १. उष्णता देना ; २. गर्मी पहुँचाना ; गर्म करना ; г. суп सूप गर्म करना ; **—ся** (आत्म०) —ся на со́лнце धूप सेकना ।

грех (पुं०) पाप ; соверши́ть г. पाप करना ; г. тра́тить сто́лько бума́ги इतना काग़ज़ बरबाद करना पाप है ; г. сказа́ть यह कहना पाप है ; **—о́вный** (वि०) पापपूर्ण ; **—ово́дник** (पुं०), **—ово́дница** (स्त्री०) पापी/पापिन ; **—ово́дничать** (अपू०) पाप करना ।

гре́цкий (वि०) : г. оре́х अखरोट ।

греча́нка (स्त्री०) यूनानी स्त्री ।

гре́ческий (वि०) यूनानी ।

гречи́ха (स्त्री०) मोथी (अन्न) ।

греши́ть (अपू०) पाप करना ; गुनाह करना ।

гре́шн‖ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) पापी/पापिन ।

грешно́ (क्रि० वि०) (कर्तृ-निरपेक्ष) грешно́...

греш||но́ (क्रि० वि०) (कर्तृ-निरपेक्ष) грешно́... पाप है ; **—ный** (वि०) पापयुक्त ; पापपूर्ण ; быть —ным अपराधी होना ; **—о́к** (पुं०) अपराध ; पाप ।

гриб (पुं०) कुकुरमुत्ता ; छत्रक ; कवक (अँग्रेज़ी—फ़ंगस) ; **—ни́ца** (स्त्री०) कवकजाल (अंग्रेज़ी—माइसीलियम) ; **—но́й** (वि०) гриб से वि० ; —но́й суп कुकुरमुत्ते का सूप ; **—о́к** (पुं०) гриб का अल्प० ।

гри́ва (स्त्री०) ग्रीवा ; अयाल का वह भाग जिस पर केश हों ।

гри́венник (पुं०) दस कौपे का सिक्का ।

грим (पुं०) (अभिनय के लिए) रंग-भूषा ।

грима́с||а (स्त्री०) मुँह बनाना ; मुख-विकृति ; сде́лать —у मुँह बनाना/लटकाना ; **—ник** (पुं०), **—ница** (स्त्री०) मुँह बनाने या लटकानेवाला/वाली ; **—ничать** (अपू०), मुँह बनाना ; मुँह लटकाना ।

грим||ёр (पुं०), **—ёрша** (स्त्री०) (अभिनय-सम्बन्धी) रंग-भूषा करनेवाला/वाली ; **—ирова́ть** (अपू०) **загримирова́ть** (पू०) (—ру́ю) (अभिनय-सम्बन्धी) रंग-भूषा करना ; **—ирова́ться** (आत्म० अपू०) **загримирова́ться** (आत्म० पू०) अपनी रंग-भूषा करना ; **—иро́вка** (स्त्री०) रंग-भूषा ।

грипп (पुं०) श्लेष्मा-ज्वर ; (अंग्रेज़ी—इन्फ़्लुएन्ज़ा) ; он бо́лен —ом उसको श्लेष्मा-ज्वर है ।

гриф (पुं०) १. एक कल्पित जन्तु जिसका शरीर और पंजा शेर के समान तथा चोंच और डैने बाज़ पक्षी के समान माने जाते हैं ; २. गिद्ध (पक्षी) ; ३. हस्ताक्षर की मुहर ।

гри́фель (पुं०) स्लेट की पेंसिल ; स्लेटी ।

грифо́н (पुं०) १. दे० гриф-१. ; २. एक प्रकार का कुत्ता ।

гроб (पुं०) १. शवपेटिका ; मुर्दा रखने का बक्स ; कफ़न ; क़ब्र ; □ стоя́ть одно́й ного́й в —у́ एक पाँव क़ब्र में होना ; २. अकर्मण्य/निकम्मा मनुष्य ; **—ни́ца** (स्त्री०) क़ब्र ; शवस्थान ; **—ово́й** (वि०) до —ово́й доски́ मृत्यु पर्यन्त ; **—вщик** (पुं०) कफ़न बनानेवाला ।

грог (पुं०) (केवल एकवचन) गर्म पानी में मिली हुई ब्रांडी ।

гроза́ (स्त्री०) १. (बिजली और गड़गड़ाहट के साथ आनेवाला) तूफ़ान ; २. आतंक ; भय ।

гроздь (स्त्री०) गुच्छा ; г. виногра́да अंगूरों का गुच्छा ।

гроз||и́ть (अपू०), **по—**, **при—** (पू०) (भवि० грожу́, грози́шь) १. डराना ; धमकाना ; भयभीत करना ; он —и́т уби́ть его́ वह उसको जान से मारने की धमकी देता है ; २. (केवल अपू०) ему́ —и́т опа́сность वह ख़तरे में है ; дом —и́т паде́нием घर के गिरने का डर है ।

гро́зно (क्रि० वि०) धमकी से ; डराकर ।

гро́зный (वि०) भीषण ; भयंकर ; प्रबल ; Ива́н Гро́зный भीषण इवान ।

грозово́й (वि०) гроза́ से वि० ।

гром (पुं०) मेघ-ध्वनि ; गरज ; г. греми́т बिजली कड़क रही है ; मेघ-ध्वनि हो रही है / बादल गरज रहे हैं ।

грома́д||а, —ина (स्त्री०) १. बड़ी भारी वस्तु ; २. (ऐतिहासिक) युक्रेनियन और श्वेत रूस की कुछ राजनीतिक संस्थाओं के नाम ।

грома́дн||ый (वि०) बहुत बड़ा ; भारी ; विशाल ; —ая зада́ча भारी काम ।

громи́ла (पुं०) सेंधमार ।

громи́ть (अपू०), **раз—** (पू०) (वर्त० громлю́, громи́шь) १. आक्रमण करना ; लूटना ; लूटमार करना ; हराना ; क़ब्ज़ा करना ; २. (शत्रु को) नष्ट-भ्रष्ट कर देना ।

гро́мк||ий (वि०) १. ऊँचे स्वर का ; ऊँचा ; २. विख्यात ; प्रख्यात ; —ое и́мя विख्यात नाम ।

гро́мко (क्रि० वि०) ऊँचे स्वर से ; г. смея́ться ज़ोर-ज़ोर से हँसना ।

громкоговори́тель (पुं०) उद्घोषित्र ; (अंग्रेज़ी—लाउडस्पीकर) ।

громово́й (वि०) गर्जनायुक्त ; गरजनेवाला ।

громогла́сно (क्रि० वि०) ऊँचे स्वर से चिल्ला-कर ; खुल्लमखुल्ला ।

громозди́ть (अपू०), (वर्त० громозжу́, громозди́шь) ढे- लगाना ; अम्बार लगाना ।

громо́здкий (वि०) विशालकाय ; भारी ; मोटा ; भारी-भरकम ।

громоотво́д (पुं०) विद्युत्प्रवाहक ।

громоподо́бный (वि०) बादल की तरह गरजनेवाला ; कड़कनेवाला ।

гро́мче гро́мкий और гро́мко का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

громыха́||ние (नपुं०) गड़गड़ाहट ; **—ть** (अपू०). गड़गड़ाहट का शब्द करना ।

грос(с) (पुं०) ग्रुस (बारह दर्जन) ।

гро́с(с)бух (पुं०) खाता ।

гроссме́йстер (पुं०) शतरंज खेलने में प्रवीण ।

гроте́ск (पुं०) (कलाकृति के बारे में) अद्भुत् ; विलक्षण ।

гро́хнуть (पुं०) धड़ाम से गिराना ; धड़ाम से फेंकना ; **—ся** (आत्म०) धड़ाम से गिरना ; —ся с ле́стницы सीढ़ी पर से गिरना ।

гро́хот (पुं०) **I.** (केवल एकवचन) धमाका ; गरज ; कड़क ; **II.** मोटी छलनी ।

грохота́ть (अपू०), **про—** (पू०) (भवि० грохочу́, грохо́чешь) १. गरजना ; कड़कना ; धमाके का शब्द करना ; २. अट्टहास करना ; ठहाका मारकर हँसना ।

грохоти́ть (अपू०), **про—** (पू०) (वर्त० грохочу́, грохоти́шь) छलनी से छानना ।

грош (पुं०) १. आधे कौपे का सिक्का ; २ धेला ; быть без —а́ एक धेला भी पास न होना ; у него́ —а́ нет за душо́ю उसके पास फूटी कौड़ी भी नहीं ।

грубе́ть (अपू०), **о—** (पू०) खुरदरा होना ।

груб||и́ть (अपू०), **на—** (पू०) (भवि० грублю́, груби́шь) रुक्षता (रूखेपन) से बोलना ; **—ия́н** (पुं०) रुक्ष ; दुर्विनीत ; **—ия́нить** (अपू०), **нагрубия́нить** (पू०) रुक्षता (रूखेपन) का व्यवहार करना ; **—ия́нка** (स्त्री०) रूखी औरत ; दुर्विनीत लड़की ।

гру́бо (क्रि० वि०) रुक्षता से ; रुखेपन से ; अविन से ; अशिष्टता से ।

гру́б||ость (स्त्री०) १. रूक्षता ; रूखापन अविनय ; अशिष्टता ; २. खुरदरापन ; **—ый** (वि०) १. खुरदरा ; रद्दी ; २. रूक्ष ; रूखा ; अशिष्ट; अविनय ; ३. कच्चा ; —ый подсчёт कच्च अनुमान ।

гру́да (स्त्री०) ढेर ; г. камне́й पत्थरों का ढेर।

груда́стый (वि०) चौड़ी छातीवाला ।

груди́на (स्त्री०) उरास्थि ; गर्दन से पेट तक क हड्डी ।

грудн||о́й (वि०) грудь से वि० ; —а кость = груди́на.

грудобрю́шн||ый (वि०) ; —ая прегра́д झिल्ली ; मध्यच्छदा ।

грудь (स्त्री०) १. वक्ष ; छाती ; боль в —і छाती में दर्द ; таи́ть в —и́ भेद छिपाना ; дат г. ребёнку बच्चे को स्तनपान कराना ; बच्चे क दूध पिलाना ; २. (केवल एकवचन) (क़मीज़ का) अग्रभाग ।

гружёный (वि०) लदा हुआ ।

груз (पुं०) (केवल एकवचन) १. भार ; बोझ ; २ सामान ; असबाब ।

груздь (पुं०) एक प्रकार का कुकुरमुत्ता ।

грузи́ло (नपुं०) (मछलियाँ पकड़ने के जाल आदि को पानी में डुबोये रखने का सीसे या किसी दूसरे धातु का) भार ।

грузи́н (पुं०), **—ка** (स्त्री०) जार्जिया-निवासी निवासिनी ; **—ский** (वि०) जार्जिया का ।

грузи́ть (अपू०), **на—, по—** (पू०) (वर्त० гружу́, грузи́шь) लादना ; भार लादना ; माल लादना ; г. това́р на су́дно जहाज़ पर माल लादना ; **—ся** (आत्म०) грузи́ть का कर्मवाच्य।

гру́зн||о (क्रि० वि०) भारीपन मे ; **—ость** (स्त्री०) भारीपन ; मुटापा ; **—ый** (वि०) भारी ; बोझिल ; बड़ा ; हृष्ट-पुष्ट ; मांसल; —ная фигу́ра भीमकाय ।

грузови́к (पुं०) (मोटर) लॉरी ; ट्रक ।

грузовладе́лец (पुं०) सामान का मालिक।

грузов||óй (वि०) माल / असबाव का ; г. автомобúль (मोटर) लॉरी ; ट्रक ; —óе движéние माल की यातायात ।

грузоотправúтель (पुं०) प्रेषक ; माल भेजनेवाला ।

грузоподъёмный (वि०) भार उठानेवाला ; г. кран मलसूत ; क्रेन ।

грузополучáтель (पुं०) प्रेषिती ; जिसको माल भेजा जाये ।

грузопотóк (पुं०) माल की यातायात ।

грýзчик (पुं०) माल लादनेवाला मज़दूर ।

грунт (पुं०) भूमि ; मिट्टी ।

грýпп||а (स्त्री०) गिरोह ; मंडली ; समूह ; झुंड ; **—ировáть** (अपू०), **сгруппировáть** (पू०) (—рýю) गिरोह बनाना ; मंडलियाँ बनाना ; वर्गीकरण करना ।

грустúть (अपू०) (वर्त० грущý, грустúшь) उदास होना ; (किसीकी याद से) दुःखी होना ।

грýстн||о (क्रि० वि०) उदासी से ; दुःखी होकर ; शोक से ; **—ый** (वि०) उदास ; दुःखी ; शोकातुर ।

грусть (स्त्री०) उदासी ; दुःख ; शोक ।

грýш||а (स्त्री०) १. नाशपाती (फल और पेड़) ; २. नाशपाती के आकार की पिचकारी ; **—евúдный** (वि०) नाशपाती के आकार का; **—евый** (वि०) грýша से वि० ; —евый сад नाशपातियों का बाग़ ; —евое дéрево नाशपाती का पेड़ ; **—óвка** (स्त्री०) (केवल एकवचन) नाशपाती की शराब ।

грыжа (स्त्री०) अन्त्रवृद्धि ; आँत उतरना ; (अंग्रेज़ी—हरनिया) ।

грызн||я́ (स्त्री०) १. (केवल एकवचन) (कुत्तों की) लड़ाई ; २. झगड़ा ; затéять —ю́ झगड़ा खड़ा करना ।

грызть (अपू०) (दाँतों से) चबाना ; काटना ; **—ся** (आत्म०) १. (कुत्तों का) लड़ना ; २. झगड़ना ।

гряд||á (स्त्री०) १. (बगीचे में) क्यारी ; २. पहाड़ी ।

гря́дка (स्त्री०) छोटी क्यारी ।

грядýщий (वि०) भावी ; आनेवाला ।

грязе||вóй (वि०) कीचड़ का ; कीचड़वाला ; **—лечéние** (क्रि० वि०) (चिकि०) पंक-स्नान ; कीचड़ द्वारा चिकित्सा ।

грязнúть (अपू०), **за—, на—** (पू०) १. (загрязнúть पू० के साथ) मैली करना ; गन्दा करना ; २. (нагрязнúть पू० के साथ) कूड़ा-कर्कट बिखराना ; **—ся** (आत्म० अपू०), **загрязнúться** (आत्म० पू०) मैला होना ; गन्दा होना ।

гря́зно (क्रि० वि०) मलिनता से ; मैलेपन से ।

грязновáтый (वि०) मैला-सा ; गन्दा-सा ।

грязнý||ля, —ха (उभ०) गन्दा व्यक्ति ; फूहड़ ।

гря́зный (वि०) मैला ; मलिन ; गन्दा ; कीचड़दार ।

гряз||ь (स्त्री०) (केवल एकवचन) १. मैल ; गन्दगी ; भ्रष्टता ; २. कीचड़ ; брызги —и कीचड़ के छींटे ।

гря́нуть (पू०) (धमाके से) फटना ; फूट निकलना; छूटना ; гря́нул вы́стрел गोली धमाके से निकली ; гря́нула мýзыка संगीत प्रवाहित हो उठा ।

губ||á (स्त्री०) **I.** ओठ ; вéрхняя г. ऊपर का ओठ ; ☐ молокó на —áх не обсóхло अभी तो ओठों का दूध भी नहीं सूखा अर्थात् अभी तो वह दूध-पीता बच्चा है ; **II.** (भूगोल०) खाड़ी ; खलीज ।

губáстый (वि०) मोटे ओठोंवाला ।

губернáтор (पुं०) राज्यपाल ; प्रान्तपाल ; गवर्नर ।

губéрн||ия (स्त्री०) प्रान्त ; **—ский** (वि०) प्रान्त का ; प्रान्तीय ।

губúтель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) विनाशक ; **—ность** (स्त्री०) विनाश ; **—ный** (वि०) विनाशक ; नष्ट करनेवाला ।

губúть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० гублю́, гýбишь) नाश करना ; बरबाद करना ।

гýбка (स्त्री०) स्पंज ; (पेड़ों पर) कवक (अंग्रेज़ी—फ़ंगस) ।

губн||óй (वि०) १. ओष्ठ्य ; २. ओठ-सम्बन्धी ;

—а́я пома́да ओष्ठरंजनी ; (अंग्रेजी—लिपस्टिक)।

губоцве́тные (बहु०) (वि० रू०) (वन०) लेबिएटी।

губошлёп (पुं०) गँवार ; स्थूलबुद्धि ।

гу́бчатый (वि०) स्पंजदार ।

гуверна́нтка (स्त्री०) अध्यापिका ।

гу-гу́ (विस्मय०) об э́том ни гу-гу́ इसके विषय में एक भी शब्द मुँह से न निकालना ; он сиде́л и ни гу-гу́ वह चुप्पी साधे बैठा रहा।

гуде́ние (नपुं०) भनभनाहट ; धूतू का शब्द ।

гуд||е́ть (अपू०) (वर्त० гужу́, гуди́шь) भनभनाना ; धूतू का शब्द करना ; धूतू बजाना ; **—о́к** (पुं०) धूतू ; हूटर ; सीटी ; (मोटर का) भोंपू ; हार्न ।

гудро́н (पुं०) अलकतरा ; कोलतार ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) कोलतार बिछाना ।

гуж (पुं०) रस्सा ; ☐ взя́лся за г. не говори́ что не дюж अब क़दम पीछे नहीं हटाना ; **—ево́й** (वि०) गाड़ी का ; **—о́м** (क्रि० वि०) вози́ть —о́м गाड़ी द्वारा ले जाना ।

гул (पुं०) शोर ; गुल ; (वायु की) सायँ-सायँ ; **—кий** (वि०) शब्द करनेवाला ; दूर तक सुनायी देनेवाला ।

гу́льден (पुं०) गुलडन (एक सिक्का) ; गिलडर (हालैंड का सिक्का) ।

гуля́||ка (पुं०) आवारा ; घुमक्कड़ ; **—нье** (नपुं०) सैर-सपाटा ; टहलना ; **—ть** (अपू०) १. सैर करना ; टहलना ; ताज़ी हवा में घूमना ; он —ет в па́рке वह बाग में सैर कर रहा है ; २. निकम्मा रहना ; काम न करना ; आवारागर्दी करना ; ३. रंगरेलियाँ मनाना ; मद्योत्सव मनाना ।

гуля́ш (पुं०) गुल्याश (हंगरी देश का एक भोजन) ।

гуля́щий (वि०) निकम्मा ; आवारा ।

гуман||и́зм (पुं०) मानवतावाद ; **—и́ст** (पुं०) मानवतावादी ।

гума́нн||о (क्रि० वि०) इंसानियत से; मानवीयता से; **—ость** (स्त्री०) मानवता ; **—ый** (वि०) मानवीय ; दयालु ; कृपालु ।

гунн (पुं०) हून (एक जाति) ।

гуня́вый (वि०) गंजा (जिसके बाल रोग के कारण झड़ गये हों) ।

гурма́н (पुं०) खुशख़ोर ; बढ़िया भोजन का प्रेमी ; खूब खानेवाला ; **—ство** (नपुं०) खुशख़ोरी ; बढ़िया भोजन से प्रेम ।

гурт (पुं०) रेवड़ ; पशु-पक्षी इत्यादि का समूह ; **—овщи́к** (पुं०) चरवाहा ; गड़रिया ; **—о́м** (क्रि० वि०) १. थोक ; २. सामूहिक रूप से ; गिरोह में ।

гурьб||а́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) भीड़ ; г. дете́й बच्चों की भीड़ ; **—о́й** (क्रि० वि०) भीड़ में ; войти —о́й भीड़ में आना ; इकट्ठे होकर दाख़िल होना ।

гуса́к (पुं०) हंस ।

гуса́р (पुं०) हुस्सार ; अश्वारोही सेना का सैनिक।

гу́сени||ца (स्त्री०) १. झिंगा ; **—чный** (वि०) гу́сеница से वि० ; —чный тракто́р झिंगानुमा ट्रैक्टर ।

гус||ёнок (पुं०) हंस का बच्चा ; **—и́ный** (वि०) हंस का ।

гу́сл||и (बहु०) गुसली (एक प्रकार का वाजा) ; **—я́р** (पुं०) गुसली बजानेवाला ।

густе́||ть (अपू०) गाढ़ा होना ; घना होना ; тума́н —ет धुन्ध घनी हो रही है ।

гу́сто (क्रि० वि०) गाढ़ेपन से ; घनेपन से ।

густ||о́й (वि०) १. घना ; गाढ़ा ; г. лес घ जंगल ; —о́е населе́ние घनी आबादी ; — сли́вки गाढ़ी मलाई ; २. (रंग) गहरा ; (आवाज) मधुर ; मीठी ।

густоли́ственный (वि०) घनी पत्तियोंवाला ; घना ।

густота́ (स्त्री०) घनत्व ; गाढ़ापन ; (रंग की) गहराई ।

гусы́ня (स्त्री०) हंसिनी ।

гусь (पुं०) हंस ।

гусько́м (क्रि० वि०) एक पंक्ति में ; एक के पी दूसरा ।

гуся́тина (स्त्री०) हंस का मांस ।

гута́лин (पुं०) बूट-पालिश ।

гут(т)апе́рча (स्त्री०) गटापारचा ।

гуто́рить (अपू०) गप्पें हाँकना ; प्रलाप करना ; बकवास करना ।

гу́ща (स्त्री०) (केवल एकवचन) १. मल ; कीट ; तलछट ; २. जंगल का घना भाग ।

гу́ще : гу́сто और густо́й की तर-प्रत्ययान्त रूप ।

гуя́ва (स्त्री०) अमरूद (वृक्ष और फल) ।

гяу́р (पुं०) काफ़िर ।

Д

да (अ०) १. हाँ ; (स्वीकृति, निश्चयसूचक) бы́ли ли вы там ? —Да क्या आप वहाँ थे ? हाँ ; २. (विस्मयसूचक) हैं ! ; सचमुच ! ; अच्छा ! ; вы зна́ете, он жени́лся ? —Да ? А я и не знал क्या आप जानते हैं, उसने विवाह कर लिया है ? ; अच्छा ! मुझे तो पता ही नहीं था ; ३. परन्तु ; ओह ! परन्तु ; да ты гото́ва ? ओह ! परन्तु तू तो तैयार है ? ; он охо́тно сде́лал бы э́то, да у него́ нет вре́мени वह इसे ख़ुशी से कर लेता परन्तु उसके पास समय नहीं है ; ४. да здра́вствует Сове́тская Армия सोवियत सेना की जय ; सोवियत फ़ौज ज़िन्दाबाद ; ५. और ; व ; तथा ; (इसके अलावा) और; он да я वह और मैं ; да ещё इसके अलावा ; और ; ☐ да бу́дет так तथास्तु ! ऐसा ही होगा !

да́бы (अ०) ताकि ; д. вы э́то зна́ли ताकि आपको पता लग जाये ।

дава́й, —те : "इच्छा" आदि के द्योतक विधिलिङ् के अर्थ में ; д. петь आओ गायें ; д. чита́ть आओ पढ़ें ।

дава́ть (अपू०), **дать** (पू०) (वर्त० даю́, даёшь ; भवि० дам, дашь) १. देना ; д. взаймы́ उधार देना ; д. взя́тку रिश्वत देना ; घूस देना ; д. согла́сие स्वीकृति देना ; २. ему́ не да́ли говори́ть उसको बोलने नहीं दिया गया ; д. поня́ть समझाना ; да́йте мне поду́мать मुझे सोचने दो ; ☐ д. лека́рство ओषधि पिलाना ; दवा देना ; д. звоно́к घंटी देना ; घंटी वजाना ; д. кля́тву सौगन्ध दिलाना ; д. сло́во वचन देना ; д. приме́р आदर्श उपस्थित करना ; д. доро́гу रास्ता देना ; д. ме́сто स्थान देना ; д. телегра́мму तार देना ; **—ся** (आत्म०) १. आसान होना ; सरल होना ; ру́сский язы́к даётся мне легко́ रूसी भाषा मेरे लिए बड़ी सरल है ; २. дава́ть का कर्मवाच्य ।

да́веча (क्रि० वि०) अभी ; हाल में ।

дави́ло (नपुं०) अँगूरों का रस निचोड़ने का उपकरण ।

дави́ть (अपू०) (वर्त० давлю́, да́вишь) १. भार डालना ; (भार से) दबाना ; снег да́вит на кры́шу बर्फ़ के बोझे से छत दब रही है; २. कुचलना; толпа́ бежа́ла давя́ сби́тых с ног भीड़ गिरे हुए लोगों को पाँवों से कुचलती हुई भाग निकली; ३. (दबाकर) निचोड़ना ; д. лимо́н नींबू निचोड़ना ; **—ся** (आत्म० अपू०), **подави́ться** (आत्म० पू०) १. दम घुटना ; —ся от ка́шля खाँसी से दम घुटना ; २. дави́ть का कर्मवाच्य ।

да́вка (स्त्री०) (केवल एकवचन) कुचलने/निचोड़ने की क्रिया ।

давле́ние (नपुं०) दबाव ; под —м दबाव में; ☐ кровяно́е д. रक्तचाप ; ख़ून का दबाव; ока́зывать д. दबाव डालना ।

давне́нько (क्रि० वि०) चिरकाल से ।

да́вн||ий (वि०) पुराना ; पुरातन ; с —их пор चिरकाल से ; **—и́шний** = да́вний.

давно́ (क्रि० वि०) १. बहुत समय हुआ ; давны́м д. बहुत समय हुआ ; २. चिरकाल से ; बड़ी देर से; я д. его́ не ви́дел मैंने उसे बहुत समय से नहीं देखा ; मैं उससे बहुत समय से नहीं मिला ; уже́ д. пора́ уходи́ть जाने का समय कभी का हो गया ।

давнопроше́дш||ий (वि०): —не време́на́ पुरातन काल ; प्राचीन काल ।

да́вность (स्त्री०) १. पुरातनता ; प्राचीनता ; २. परम्पराधिकार ; रुढ़ि-अधिकार ।

да́же (अ०) भी ; यहाँ तक कि ; он д. предста́вить себе́ не мог वह इसका अनुमान भी न कर सका ; рабо́тали все, д. де́ти सभी काम कर रहे थे, यहाँ तक कि बच्चे भी ।

да́кать (अपू०) "हाँ" करना ; "हाँ" में उत्तर देना ।

да́лее (क्रि० वि०) आगे ; फिर ; и так д. इत्यादि ।

далёк||ий (वि०) १. दूर का ; लम्बा ; —

путеше́ствие लम्बा सफ़र ; २. चालाक ; он не о́чень д. челове́к वह बहुत चालाक नहीं है।

далекó, далёко (क्रि० वि०) दूर ; बहुत दूर ; д. позади́ बहुत पीछे ; д. за по́лночь आधी रात के बहुत देर बाद ; он д. пойдёт वह बहुत ऊपर उठेगा (आगे बढ़ेगा) ।

даль (स्त्री०) (केवल एकवचन) दूरी ; फ़ासला ।

дальневи́дение (नपुं०) दूरवीक्षण ; टेलीविज़न ।

дальневосто́чный (वि०) दूरपूर्वीय ।

дальне́йш‖ий (वि०) (да́льний का तम-प्रत्ययान्त रूप) सब से दूर का ; в —ем बाद में ; भविष्य में ; अबसे ; निम्न (लिखित) ।

да́льн‖ий (वि०) दूर का ; फ़ासले पर का ; д. ро́дственник दूर का सम्बन्धी ; दूर का रिश्तेदार ; д. путь दूर का सफ़र ; Д. Восто́к सुदूर पूर्व ; ☐ без —их слов बिना कुछ और कहे-सुने ; तुरन्त ।

дальнобо́йн‖ость (स्त्री०) (शस्त्र की) दूर की मार ; पहुँच ; **—ый** (वि०) (शस्त्र) दूर की मार करनेवाला ।

дальнови́дн‖ость (स्त्री०) दूरदर्शिता ; **—ый** (वि०) दूरदर्शी ।

дальнозо́ркий (वि०) दूरदर्शी ।

дальноме́р (पुं०) परास-निर्धारक ; दूरीमापी ।

да́льность (स्त्री०) दूरी ; फ़ासला ; (शस्त्र की) मार ; परास ; д. расстоя́ния लम्बा फ़ासला ।

дальтони́зм (पुं०) रंगान्धता ।

да́льше १. далёкий और далекó का तरप्रत्ययान्त रूप ; २. (क्रि० वि०) फिर ; आगे ; что же д. ? फिर आगे ? ; да́льше ! आगे ! , चलते चलिए ।

да́ма (स्त्री०) १. महिला ; २. (ताश में) बेग़म ।

да́мба (स्त्री०) बाँध ।

да́мка (स्त्री०) (ड्राफ़्ट खेल में) बादशाह ।

да́мский (वि०) да́ма से वि० ; д. портно́й महिलाओं का दर्ज़ी ।

да́нник (पुं०) सहायक नदी ।

да́нные (बहु०) (वि० रु०) आँकड़े ; цифровы́е д. आँकड़े ।

да́нный (वि०) १. дава́ть से कृदन्त ; २. (वि०) प्रस्तुत ; в д. моме́нт इस समय ।

данти́ст (पुं०), **—ка** (स्त्री०) दन्त-चिकित्सक ; दाँतों का डाक्टर ।

дань (स्त्री०) दान ; भेंट ; योगदान ; д. уваже́ния श्रद्धांजलि ।

дар (पुं०) १. उपहार ; दान ; अनुदान ; सहायता ; २. ईश्वरीय देन ; प्रतिभा ।

дари́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) दानी ; दाता ।

дари́ть (अपू०), **по—** (पू०) उपहार-रूप में देना ; भेंट करना ।

дармое́д (पुं०), **—ка** (स्त्री०) परजीवी ; टुकड़खोर।

дарова́ние (नपुं०) उपहार ; प्रतिभा ।

дарова́ть (अपू० और पू०) (—ру́ю) क्षमा-दान देना ; д. проще́ние кому́-л. किसीको क्षमा-दान देना ; क्षमा करना ; д. кому́-л. жизнь किसीको जीवन-दान देना ।

дарови́т‖ость (स्त्री०) प्रतिभा ; **—ый** (वि०) प्रतिभाशाली ; प्रतिभा-सम्पन्न ।

даровóй (वि०) मुफ़्त का ; उपहार-रूप में मिला हुआ ।

даровщи́нк‖а (स्त्री०): на —у मुफ़्त ; उपहाररूप में ।

да́ром (क्रि० वि०) १. मुफ़्त ; बिना मूल्य के ; он э́того и д. не возьмёт वह इसको मुफ़्त में नहीं लेगा ; २. व्यर्थ ; весь день д. пропа́л सारा दिन व्यर्थ नष्ट हो गया ; ☐ д. что चाहे ; э́то ему́ д. не пройдёт उसे इसका मूल्य चुकाना पड़ेगा ।

да́рственн‖ый (वि०) : —ая за́пись तमस्सुक ।

да́та (स्त्री०) तारीख़ ; दिनांक ; поста́вить —у (на) तारीख़ डालना ।

да́тельный (वि०) д. паде́ж (व्या०) सम्प्रदान-कारक ।

датировать (अपू० और पू०) (—рую) तारीख़ डालना ।

дáтский (वि०) डेन्मार्क का ।

датчáн||ин (पु०), **—ка** (स्त्री०) डेन्मार्क-निवासी/निवासिनी ।

дáть(ся) (दे०) давáть(ся).

дáча (स्त्री०) **I.** १. दान देने की क्रिया ; д. взаймы́ उधार देना ; २. भाग ; राशन ; **II.** दाचा (देहात में घर) ; **III.** वृक्षों से परिपूर्ण भूमि ।

дáчн||ик (पु०), **—ица** (स्त्री०) दाचा (दे० дáча-II) निवासी/निवासिनी ।

дáчный (वि०) дáча-II से वि० ।

два (पु० के साथ) ; (две स्त्री० के साथ) दो ; кáждые д. дня हर दूसरे दिन ; ☐ в двух словáх दो शब्दों में ; в двух шагáх दो क़दम पर ।

двадцатилéтие (नपु०) १. बीसवां वर्ष-दिवस ; २. बीस वर्ष का समय ।

двадцáт||ый (वि०) बीसवाँ; однá —ая बीसवाँ भाग ; —ое мая मई की बीस तारीख़ ; बीस मई ।

двáдцать (गिनती) बीस ।

двáжды (क्रि० वि०) दो बार ; दुगुना ; д. два четы́ре दो और दो चार ।

двенадцатилéтний (वि०) बारह वर्ष का ; д. мáльчик बारह वर्ष का लड़का ।

двенáдцат||ый (गिनती) बारहवाँ ; страни́ца —ая बारहवाँ पृष्ठ ।

двенáдцать (गिनती) बारह ।

дверн||óй (वि०) дверь से वि० ; —áя рáма दरवाज़े की चौखट ।

двéрца (स्त्री०) (मोटर आदि का) दरवाज़ा ।

двер||ь (स्त्री०) द्वार ; दरवाज़ा ; входнáя д. प्रवेश-द्वार ; показáть на д. комý-л. दरवाज़ा दिखाना (किसीको घर से बाहर निकालना) ; поли́тика откры́тых —éй उन्मुक्तद्वार-नीति ।

двéсти (गिनती) दो सौ ।

дви́гатель (पु०) इंजन ; **—ный** (वि०) प्रेरक ; कारणभूत ।

дви́гать (अपू०), **дви́нуть** (पू०) हिलाना ; गतिशील करना ; अभिवृद्धि करना ; बढ़ाना ; д. рукóй हाथ से गतिशील करना ; д. наýку विज्ञान की अभिवृद्धि करना ; **—ся** (आत्म०) गतिशील होना ; हिलना ; आगे बढ़ना ; он не дви́нулся с мéста वह अपने स्थान से नहीं हिला ; —ся в путь प्रस्थान करना ; कूच करना ।

движéни||е (नपु०) गति ; आन्दोलन ; поры́вное д. झटका ; поступáтельное д. आगे बढ़ना ; приводи́ть в д. गतिशील करना ; вам нýжно побóльше —я आपको अधिक कसरत करनी चाहिए ; железнодорóжное д. रेलगाड़ियों की आवा-जाई ; रेल-परियात ; национáльное д. राष्ट्रीय/जनपदीय आन्दोलन ; революциóнное д. क्रान्ति-आन्दोलन ।

дви́жим||ость (स्त्री०) १. गतिशीलता ; २. चल सम्पत्ति ; **—ый** (वि०) चल ; जंगम ; गतिशील ; —ое имýщество चल सम्पत्ति ।

дви́нуть दे० дви́гать.

двóе (गिनती) दो ; их д. वे दो हैं ; ☐ на своíх на двоíх पैदल ; **—брáчие** (नपु०) द्विविवाहत्व (द्विपत्नीत्व या द्विपतित्व) ; **—влáстие** (नपु०) द्वैध शासन ; **—дýшие** (नपु०) द्विधा-भाव ; कपट-व्यवहार ; **—жéнец** (पु०) दो पत्नियोंवाला पुरुष ; **—жéнство** (नपु०) द्विपत्नीत्व ।

двоетóчие (नपु०) कोलन ; विसर्ग (:)-चिह्न ।

доне́льзя (क्रि॰ वि॰) अत्यधिक ; अधिक से अधिक ; हद से हद ।

донесе́ние (नपुं॰) सूचना ; प्रतिवृत्त ; रिपोर्ट ।

донести́ -I दे॰ доноси́ть ; **II.** (-तक) ले जाना ; लाना ।

до́низу (क्रि॰ वि॰) नीचे तक ; све́рху д. ऊप से नीचे तक ।

донима́ть (अपू॰), **доня́ть** (पू॰) (भवि॰ дойму́, доймёшь) तंग करना ; नाक में द करना ।

до́нор (पुं॰) (रक्त) दाता ; दानी ।

доно́с (पुं॰) चुग़ली ; अभिशंसा ; शिकायत ।

доноси́ть -I दे॰ дона́шивать.

доноси́ть -II (अपू॰), **донести́** (पू॰) (भवि॰ донесу́, донесёшь) १. प्रतिवृत्त देना ; सूचना देना ; रिपोर्ट देना ; २. कान भरना ; अभिशंसा करना ; **—ся(сь)** (आत्म॰) १. कान तक पहुँचना ; सुनायी पड़ना ; зву́ки доноси́лись из сосе́дней ко́мнаты शब्द पासवाले कमरे से सुनायी पड़ रहा था ।

доно́счик (पुं॰) अभिशंसक ; मुख़बिर ; शिकायत करनेवाला ।

доны́не (क्रि॰ वि॰) अब तक ।

доня́ть दे॰ донима́ть.

доотва́ла (क्रि॰ वि॰) जी भरकर ; पेट भरकर ; нае́сться д. पेट भरकर खाना ; जी भरकर खाना ।

допека́ть (अपू॰), **допе́чь** (पू॰) (भवि॰ допеку́, допечёшь) १. (-तक) पकाना ; पका चुकना ; २. थका देना ; दुःख देना ; तंग करना ।

допетро́вский (वि०) पीतर-पूर्व ।

допе́чь दे० допека́ть.

допива́ть (अपू०), **допи́ть** (पू०) (भवि० допью́, допьёшь) पी जाना ; (गिलास, प्याला आदि) पीकर खाली कर देना ।

допи́сывать (अपू०), **дописа́ть** (पू०) (भवि० допишу́, допи́шешь) (पत्र आदि) लिख चुकना ; (-तक) लिखना ।

допи́ть दे० допива́ть.

допла́та (स्त्री०) और भुगतान ; और अदायगी ।

допла́чивать (अपू०), **доплати́ть** (पू०) (भवि० доплачу́, допла́тишь,) और भुगतान करना ; और अदा करना ।

доплета́ться (आत्म० अपू०), **доплести́сь** (आत्म० पू०) (भवि० доплету́сь, доплетёшься) घिसटकर जाना ; он е́ле доплёлся до до́му वह बड़ी कठनाई से घर पहुँचा ; कठिनता से पहुँचना ।

доплыва́ть (अपू०), **доплы́ть** (पू०) (भवि० доплыву́, доплывёшь) (-तक) तैर जाना ; (तैरकर) पहुँच जाना ।

допо́длинн||о (क्रि० वि०) ठीक-ठीक ; सही ; э́то мне д. изве́стно इसका मुझे ठीक-ठीक पता है ; **—ый** (वि०) सही ; प्रामाणिक ।

доползa̋ть (अपू०), **доползти́** (पू०) (तक) रेंगकर चलना ।

дополне́ни||е (नपुं०) १. परिशिष्ट ; वृद्धि ; в —и के अतिरिक्त ; २. (व्या०) कर्म ।

дополни́тельн||о (क्रि० वि०) (-के) अतिरिक्त; **—ый** (वि०) अतिरिक्त ; पूरक ; अनुपूरक ; सहायक ; उपांगभूत ।

дополня́ть (अपू०), **допо́лнить** (पू०) पूरा करना ; परिशिष्ट-रूप में देना ; он допо́лнил свой расска́з но́выми подро́бностями उसने अपनी कथा के परिशिष्ट-रूप में नया विवरण दिया ।

дополуча́ть (अपू०), **дополучи́ть** (पू०) और अधिक प्राप्त करना ; बक़ाया वसूल करना ।

допото́пн||ый (वि०) वर्तमान युग से पूर्व ; —ые взгля́ды पुराने ढंग के विचार ।

допра́шивать (अपू०), **допроси́ть** (भवि० допрошу́, допро́сишь) प्रश्न करना ; सवाल पूछना ; पूछताछ करना ; प्रतिप्रश्न करना ; जिरह करना ।

допризы́вн||ик (पुं०) (सेना०) प्राथमिक प्रशिक्षण लेनेवाला युवक ; **—ый** (वि०) (सेना०) प्राथमिक प्रशिक्षण का ।

допро́с (पुं०) पूछताछ ; प्रतिप्रश्न ; जिरह ।

допроси́ть दे० допра́шивать.

допроси́ться (आत्म० पू०) प्रार्थना करके प्राप्त करना ; माँगना ; у него́ ничего́ не допро́сишься तुम उससे कुछ न पा सकोगे ।

допры́гивать (अपू०), **допры́гнуть** (पू०) (-तक) कूद जाना ।

до́пуск (पुं०) प्रवेशानुमति ; दाखिला ।

допуска́ть (अपू०), **допусти́ть** (पू०) (भवि० допущу́, допу́стишь १. अनुमति देना; स्वीकृति देना ; २. बरदाश्त करना ; ३. अनुमान करना ; फ़र्ज़ करना ; कल्पना करना ; допу́стим कल्पना कीजिए ; फ़र्ज़ कीजिए ; ४. प्रवेशानुमति देना ; दाख़िल करना ।

допусти́мый (वि०) अनुज्ञेय ; स्वीकार्य ; ग्राह्य ।

допусти́ть दे० допуска́ть.

допуще́ние (नपुं०) कल्पना ; धारणा ।

допы́тываться (आत्म० अपू०), **допыта́ться** (आत्म० पू०) १. पता लगाना ; पूछना ; २. (केवल अपू०) पता लगाने अथवा पूछने की कोशिश करना ।

до́пьяна (क्रि० वि०) : напи́ться д. नशे में चूर होना ।

дораба́тывать (अपू०), **дорабо́тать** (पू०) काम समाप्त करना ; पूरा करना ; विशद रूप से करना ; **—ся** (आत्म०) १. (थक जाने तक) काम करना ; २. дораба́тывать का कर्मवाच्य ।

дораста́ть (अपू०), **дорасти́** (पू०) (भवि० дорасту́, дорастёшь) १. उगना ; २. он ещё не дорóс, чтóбы ходи́ть в кинó वह सिनेमा जाने के लिए अभी बहुत छोटा है ।

дорвáться (आत्म० पू०) (-पर) टूट पड़ना ; д. до еды́ खाने पर टूट पड़ना ।

дореволюциóнный (वि०) क्रान्ति-पूर्व ।

дорéзать (पू०) १. काट चुकना ; २. और अधिक काटना ; ३. काट डालना ; मार डालना ।

дореформенный (वि०) सुधार-पूर्व का ।

дорóг||а (स्त्री०) १. सड़क ; मार्ग ; रास्ता ; большáя д. बड़ी सड़क ; राजमार्ग ; желéзная д. रेल की सड़क ; २. सफ़र ; यात्रा ; дáльняя д. लम्बा सफ़र ; —ой रास्ते में ; отправля́ться в —у प्रस्थान करना ; ☐ мне с вáми по —е हम सफ़र के साथी हैं ; стать комý-л. поперёк —и किसी के रास्ते में खड़ा होना ।

дóрого (क्रि० वि०) महँगा ; अधिक दामों पर ।

дорогови́зна (स्त्री०) महँगाई ।

дорогóй (वि०) १. महँगा ; अधिक मूल्य का ; २. प्यारा ; प्रिय ।

дорóдн||ость (स्त्री०) स्थूलता ; मुटापा ; **—ый** (वि०) स्थूल ; मोटा ।

дорожáть (अपू०), **вз—** (पू०) मूल्य चढ़ना ; महँगा होना ।

дорóже дóрого और дорогóй का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

дорожи́ть (अपू०) मूल्यवान समझना ; महत्व देना ; सम्मान करना ; **—ся** (आत्म०) अत्यधिक मूल्य माँगना ।

дорóж||ка (स्त्री०) १. पथ ; रास्ता ; २. (सीढ़ियों पर बिछाने की) दरी ; **—ник** (पुं०) सड़क बनानेवाला ; **—ный** (वि०) १. дорóга से वि० ; २. सफ़री ; सफ़र करने का ; —ный костю́м सफ़री पोशाक ।

дорубáть (अपू०), **дораби́ть** (पू०) (भवि० дорублю́, дорýбишь) १. (पेड़ आदि) काट चुकना ; २. और अधिक काटना ।

дорывáть (अपू०); **доры́ть** (पू०) (भवि० дорóю, дорóешь) खोद चुकना ।

досáда (स्त्री०) अवसाद ; नैराश्य ; खीझ ।

досади́ть दे० досаждáть.

досáдный (वि०) १. अवसादकारी ; २. खिझानेवाला ; निराशाजनक ; क्लेशकर ।

досáдовать (अपू०), (—дую) उद्विग्न होना ; खीझना ।

досаждáть (अपू०), **досади́ть** (पू०) (भवि० досажý, досади́шь) उद्विग्न करना ; खिझाना ।

доси́живать (अपू०), **досидéть** (पू०) (भवि० досижý, досиди́шь) (-तक) बैठना ; д. до концá अन्त तक बैठना ।

доск||á (स्त्री०) तख़्ता ; клáссная д. (कक्षा का) श्यामपट ; ब्लैकबोर्ड ; д. насти́ла शतरंज का तख़्ता; гри́фельная д. स्लेट; ☐ до гробовóй —и́ मृत्यु पर्यन्त ।

доскáзывать (अपू०), **досказáть** (पू०) (कथा आदि) समाप्त करना ; (-तक) बताना ; कह देना ।

доскакáть (पू०) (доскачý, доскáчешь) (-तक) फुदकना ; फुदककर पहुँच जाना ; (-तक) घोड़े को सरपट दौड़ाना ।

доскональн||о (क्रि० वि०) अच्छी तरह से ; पूरे तौर पर ; पूर्ण रूप से ; **—ый** (वि०) सम्पूर्ण ; पूरा ।

дослáть दे० досылáть.

дослéдование (नपुं०) पूरक तहक़ीक़ात/जांच-पड़ताल ।

дослéдовать (अपू० और पू०) (—дую) तहक़ीक़ात पूरी करना ।

дослóвн||о (क्रि० वि०) शब्दशः ; **—ый** (वि०) शाब्दिक ; बिल्कुल सही ; —ый перевóд शाब्दिक अनुवाद ।

дослýшивать (अपू०), **дослýшать** (पू०) सुन लेना ; (-तक) सुनना ।

досмáтривать (अपू०), **досмотрéть** (पू०) १. अन्त तक देखना ; २. (за) केवल नकारात्मक रूप में दे० недосмотрéть.

досмóтр (पुं०) निरीक्षण ।

досмотрéть दे० досмáтривать.

досóхнуть दे० досыхáть.

доспáть दे० досыпáть.

доспевáть (अपू०), **доспéть** (पू०) पूरा पक जाना ।

доспéхи (बहु०) कवच ।

досрóчн||о (क्रि० वि०) समय से पहले ; **—ый** (वि०) नियत समय से पूर्व का ; नियत समय से पहले होनेवाला ।

доставáть (अपू०), **достáть** (पू०) (वर्त० достаю́, достаёшь ; भवि० достáну, достáнешь) १. (-तक) पहुँचना ; २. प्राप्त करना ; **—ся** (आत्म०) १. भाग्य में आ पड़ना ; (कर्तृ-निरपेक्ष) (दंड के विषय में) емý достáлось उसको फटकार पड़ी ।

достáвить दे० доставля́ть.

достáвка (स्त्री०) दाति ; वितरण ।

доставля́ть (अपू०), **достáвить** (पू०) (भवि० достáвлю, достáвишь) १. (पत्र आदि) वितरण करना ; सम्भरण करना ; २. (चिन्ता/प्रसन्नता आदि का) कारण होना ; देना ; उत्पन्न करना ; д. удовóльствие प्रसन्नता देना ।

достáт||ок (पुं०) १. (केवल एकवचन) समृद्धि; बहुलता ; в —ке बहुलता में ; २. (बहु०) सम्पत्ति ; आय ; आमदनी ।

достáточн||о (क्रि० वि०) काफ़ी ; पर्याप्त रूप से ; **—ый** (वि०) १. काफ़ी ; पर्याप्त ; २. खाता-पीता ; समृद्ध ।

достáть(ся) दे० доставáть(ся).

достигáть (अपू०), **дости́чь** (дости́гну, дости́гнешь), **дости́гнуть** (पू०) पहुँचना ; प्राप्त करना ; ýтром он дости́г Москвы́ प्रातःकाल वह मास्को पहुँच गया ; д. успéха सफलता प्राप्त करना ।

достижéни||е (नपुं०) १. सम्प्राप्ति ; सिद्धि ; २. по —и पहुँचने पर ; д. вы́сшей тóчки चरम परिणति ।

достижи́мый (वि०) सहजलभ्य ; सुसाध्य ।

дости́чь दे० достигáть.

достовéрн||ость (स्त्री०) विश्वस्तता ; सत्यता ; प्रामाणिकता ; **—ый** (वि०) विश्वसनीय ; प्रामाणिक ।

достóинств||о (नपुं०) (केवल एकवचन) १. प्रतिष्ठा ; गरिमा ; शान ; э́то ни́же егó —а यह उसकी प्रतिष्ठा के अनुकूल नहीं ; чýвство сóбственного —а आत्मसम्मान की भावना ; २. गुण ; मूल्य ; монéта 10 рублёвого —а दस रूबल मूल्य का सिक्का ।

достóйн||о (क्रि० वि०) औचित्यपूर्वक ; उचित ढंग से ; **—ый** (वि०) सुपात्र ; सुयोग्य ; —ый внимáния ध्यान देने योग्य ; —ый похвалы́ प्रशंसनीय ; быть —ым सुपात्र होना ; —ый человéк सुयोग्य व्यक्ति ।

достопáмятный (वि०) स्मरणीय ।

достопримечáтельн||ость (स्त्री०) सुरम्य स्थल ; осмáтривать —ости सुरम्य स्थल देखना ; **—ый** (वि०) विलक्षण ; अद्भुत् ; दर्शनीय ।

достоя́ние (नपुं०) (केवल एकवचन) सम्पत्ति ; нарóдное д. राष्ट्रीय सम्पत्ति ।

дострáивать (अपू०), **дострóить** (पू०) निर्माण कर चुकना ; निर्माण-कार्य पूरा करना ।

дострóйка (स्त्री०) निर्माण-कार्य की समाप्ति/पूर्ति ।

дóступ (पुं०) पहुँच ; रसाई ; прáво —а पहुँच/प्रवेश का अधिकार ।

достýпн||ость (स्त्री०) १. पहुँच ; रसाई ; २. सहजलभ्यता ; **—ый** (वि०) सहजलभ्य ; जिस तक रसाई/पहुँच हो ; सहज ; —ые цéны उचित मूल्य ।

достучáться (आत्म पू०) (जब तक कोई उत्तर न मिले या किवाड़ खुल न जायें) किवाड़ खटखटाना ।

досý||г (पुं०) खाली समय ; फ़ुर्सत ; अवकाश ; на —е अवकाश में ; फ़ुर्सत में ।

досýж||ий (वि०) खाली समय का ; फ़ुर्सत का ; —ие тóлки खाली समय की बातचीत ; गपशप ।

дóсуха (क्रि० वि०) सूखने तक ; вытирáть д. पोंछकर सुखा देना ।

досчи́тывать (अपू०), **досчитáть** (पू०) गिन चुकना ; (·तक) गिनना ।

досылáть (अपू०), **дослáть** (पू०) (भवि० дошлю́, дошлёшь) (शेष) भेजना ; और भेजना; он дослáл 20 рублéй उसने बीस रूबल और भेजे ।

досыпáть -I (अपू०), **досы́пать** (पू०) १. और डालना ; д. мукú в мешóк बोरी में और आटा डालना ; २. भर देना ।

досыпáть -II (अपू०), **доспáть** (पू०) सो लेना ।

дóсыта (क्रि० वि०) जी भरकर ; наéсться д. जी भरकर खाना ।

досыхáть (अपू०), **досóхнуть** (पू०) सूख जाना ।

досю́да (क्रि० वि०) यहाँ तक ।

досягáе||мость (स्त्री०) सहजलभ्यता ; **—мый** (वि०) सहजलभ्य ।

дотáция (स्त्री०) अनुदान ; आर्थिक सहायता ।

дотащúть (पू०) -तक खींच लाना ।

дотлá (क्रि० वि०) पूरी तरह से ; सर्वथा ; сгорáть д. जलाकर राख कर देना ।

дотóшный (वि०) अत्यन्त सावधान ; अत्यन्त सचेत ; д. человéк अत्यन्त सावधान व्यक्ति ।

дотрáгиваться (आत्म० अपू०), **дотрóнуться** (आत्म० पू०) (तक) छूना ।

дотýда (क्रि० वि०) वहाँ तक ; उस स्थान तक ।

дотя́гивать (अपू०), **дотянýть** (पू०) १. (-तक) खींचना ; २. (-तक) जीना ; он не дотя́нет до утрá वह सवेरे तक नहीं जी सकेगा ; **—ся** (आत्म०) (कठिनता से) पहुँचना ।

доупáду (क्रि० वि०) दम टूटने तक ; गिरने तक ; онá танцовáла д. वह इतनी नाची कि उसका दम टूट गया अर्थात् वह नाचते-नाचते थककर चूर हो गयी ।

доýчивать (अपू०), **доучúть** (पू०) १. सीख चुकना ; पढ़ाई समाप्त करेंना/पूरी करना ; २. सिखाना/पढ़ाना समाप्त करना ; **—ся** (आत्म०) (विद्याध्ययन) समाप्त करना ; он доучúлся до 10 клáсса वह दसवीं कक्षा तक पढ़ा ।

дохá (स्त्री०) (साइबेरिया में बना) पोस्तीन का कोट ।

дóхлый (वि०) १. (पशु) मृत ; २. (मनुष्य) मुर्री ; रोगी ।

дохля́тина (स्त्री०) १. (केवल एकवचन) शव ; मुर्दा ; सड़ा हुआ गन्दा माँस ; २. रुग्ण मनुष्य ।

дóхнуть (अपू०), **по—** (पू०) (पशुओं का) मर जाना ।

дохнýть (पू०) १. साँस लेना ; २. फूँक मारना ।

дохóд (पुं०) आय ; आमदनी ; लाभ ; नफ़ा ; годовóй д. वार्षिक आय ; чúстый д. निवल लाभ ; शुद्ध लाभ ; валовóй д. कुल आय ; государственный д. राजस्व ; सरकारी आय ।

доходúть (अपू०), **дойтú** (पू०) (वर्त० дохожý, дохóдишь; भवि० дойдý, дойдёшь) १. (-तक) जाना ; पहुँचना ; письмó до негó не дошлó पत्र उस तक नहीं पहुँचा ; २. प्रभाव डालना ; игрá не дохóдит до зрúтеля दर्शकों पर खेल का कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है ; ३. (अकर्मक) हो जाना ; पक जाना ; ४. (खर्च आदि) पहुँच जाना ; расхóды дохóдят до 5000 рублéй खर्च पाँच हज़ार रूबल तक पहुँच गया ।

дохóдн||ость (स्त्री०) लाभ ; नफ़ा ; **—ый** (वि०) लाभदायक ; नफ़ेवाला ।

дцоветáть (अपू०), **доцвестú** (पू०) (भवि० доцветý, доцветёшь) १. (केवल अपू०) अन्तिम फूल तक खिलना ; २. (-तक) प्रफुल्लित होना ; (-तक) खिलना ; рóзы доцвелú до ноября́ गुलाब नवम्बर तक खिले रहे ।

доцéнт (पुं०) उपाचार्य ।

дочéрний (वि०) बेटी का ।

дóчиста (क्रि० वि०) बिल्कुल साफ़ होने तक ; बिल्कुल साफ़ ; съесть всё д. खाकर थाली साफ़ कर देना ।

дочúтывать (अपू०), **дочитáть** (पू०) १. अन्त तक पढ़ना ; पढ़ चुकना ; २. (-तक) पढ़ना ।

дóчка = дочь.

дочýрка (स्त्री०) नन्हीं बेटी ; बिटिया ।

дочь (स्त्री०) पुत्री ; बेटी ; लड़की ।

дошива́ть (अपू०), **доши́ть** (पू०) (भवि० дошью́, дошьёшь) (वस्त्र आदि) सी चुकना ; सीना समाप्त कर देना ।

дошко́льн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) विद्यालय-पूर्व आयु का बच्चा/बच्ची ; **—ый** (वि०) विद्यालय-पूर्व ; —ое воспита́ние विद्यालय-पूर्व शिक्षा ।

доща́тый (वि०) (लकड़ी के) तख़्तों का बना हुआ ।

доще́чка (स्त्री०) प्लेट ; (लकड़ी का) छोटा तख़्ता ; (लिखने के लिए) छोटी मेज़ ।

доя́рка (स्त्री०) दूध दुहनेवाली ।

драгоце́нн||ость (स्त्री०) १. बहुमूल्य वस्तु ; हीरा ; २. आभूषण ; गहना ; **—ый** (वि०) बहुमूल्य ।

драгу́н (पुं०) घुड़सवार ।

драгу́нский (वि०) д. полк रिसाला ; घुड़सवार पलटन ।

драже́ (नपुं०) (खाँड लगी) खजूर ।

дразни́ть (अपू०) १. चिढ़ाना ; २. उकसाना ; उत्तेजित करना ; भड़काना ।

дра́к||а (स्त्री०) भिड़न्त ; गुत्थमगुत्था ; हाथापाई ; झगड़ा ; कलह ; доходи́ть до —и बात हाथापाई तक पहुँचना ।

драко́н (पुं०) (पौराणिक) पक्षधर नाग ।

дра́ма (स्त्री०) नाटक ; **—ти́ческий** (वि०) नाटकीय ; —ти́ческий кружо́к नाटक-मंडली ; **—ти́чный** (वि०) नाटकीय ; **—ту́рг** (पुं०) नाटककार ; नाट्य-शास्त्री ; **—турги́я** (स्त्री०) नाटक-कला ; नाट्य-कला ।

дра́нка (स्त्री०) तख़्ते की पट्टी ।

дра́ный (वि०) फटा हुआ ।

дрань = дра́нка.

драп (पुं०) मोटा कपड़ा ।

дра́пов||ый (वि०) मोटे कपड़े का ; —ое пальто́ मोटे कपड़े का कोट ।

драпри́ (नपुं०) पर्दे आदि ।

дра́тва (स्त्री०) (केवल एकवचन) (जूते आदि सीने के लिए) मोम लगा हुआ मोटा धागा ।

драть (अपू०) (деру́, дерёшь) १. फाड़ना ; д. лы́ко जँभीरी नींबू का छिलका उतारना ; д. за́ уши кого́-л. किसीके कान खींचना ; д. за́ волосы बालों से पकड़कर खींचना ; д. шку́ру चमड़ी उधेड़ना ; २. कोड़े आदि मारकर सज़ा देना ; ☐ д. го́рло गला फाड़ना ; чорт его́ дери́! वह भाड़ में जाये !

дра́ться -I (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) १. लड़ना ; झगड़ा करना ; на у́лице деру́тся सड़क पर लड़ाई हो रही है ; २. (केवल अपू०) -के लिए संघर्ष करना/लड़ना ।

дра́ться -II (आत्म० अपू०), **разодра́ться** (आत्म० पू०) फट जाना ।

дра́хма (स्त्री०) १. ड्राचमा (यूनान देश का सिक्का) ; २. ड्राम (एक तोल) ।

драчли́в||ость (स्त्री०) कलहप्रियता ; **—ый** (वि०) कलहप्रिय ; लड़ाका ; झगड़ालू ।

драчу́н (पुं०) लड़ाका/झगड़ालू आदमी ; он большо́й д. वह बड़ा झगड़ालू है ; **—ья** (स्त्री०) झगड़ालू स्त्री/लड़की ।

дребеде́нь (स्त्री०) व्यर्थ की बात ; बकवास ।

дребезжа́ние (नपुं०) खनखनाहट ।

дребезжа́ть (अपू०) खनखनाना ; от топо́та ног дребезжа́ла посу́да на столе́ पद-चाप से मेज़ पर रखा बर्तन खनखनाने लगा ।

древеси́на (स्त्री०) काष्ठ ।

древе́сница (स्त्री०) (पेड़ों पर रहनेवाला) मेंढक ।

древе́сный (वि०) де́рево से वि० ; д. у́голь लकड़ी का कोयला ; —ая лягу́шка पेड़ों पर रहनेवाला मेंढक ।

дре́вко (नपुं०) (भाले का) दस्ता ; ध्वजदंड ।

древнегре́ческий (वि०) प्राचीन यूनान का ।

дре́вний (वि०) प्राचीन ; पुरातन ; —яя исто́рия प्राचीन इतिहास ।

дре́вность (स्त्री०) १. प्राचीनता ; पुरातनता ; २. (बहु०) प्राचीन अवशेष ; पुरातन अवशेष ।

дре́во (नपुं०) पेड़ ; родосло́вное д. वंशावली ; वंशवृक्ष ।

древови́дный (वि०) पेड़ के सदृश ।

древонасажде́ние (नपुं०) वृक्षारोपण ।

дредно́ут (पुं०) एक प्रकार का युद्धपोत।

дрези́на (स्त्री०) ट्राली।

дрема́, дрёма (स्त्री०) = дремо́та.

дрема́ть (स्त्री०) (अपू०) (дремлю́, дре́млешь) ऊँघना ; झपकी लेना ; не д. सावधान।

дремо́та (स्त्री०) झपकी ; ऊँघ ; तन्द्रा ; आलस्य।

дрему́чий (वि०) घना ; गहन ; д. лес घना जंगल ; गहन वन।

дрена́ж (पुं०) नाली आदि की व्यवस्था ; जलनिकास-व्यवस्था ; **—ный** (वि०) дрена́ж से वि० ; जलनिर्गम-; जलनिकास-।

дрени́ровать (अपू० और पू०) (—рую) जल की निकासी करना ; निर्जल करना।

дрессирова́ть (अपू०), **вы—** (पू०) (—ру́ю) (पशुओं को) सधाना ; д. соба́к कुत्ते सधाना।

дрессиро́в‖ка (स्त्री०) पशु सधाने की क्रिया ; **—щик** (पशुओं को) सधानेवाला।

дриа́да (स्त्री०) (पौराणिक) वनपरी।

дроби́лка (स्त्री०) पत्थर तोड़ने की मशीन।

дроби́льн‖ый (वि०): —ая маши́на पत्थर तोड़ने की मशीन।

дроби́нка (स्त्री०) (बन्दूक की) गोली का छर्रा।

дроби́ть (अपू०), **раз—** (पू०) (वर्त० дроблю́, дроби́шь) (पत्थर आदि) फोड़ना ; तोड़ना ; टुकड़े-टुकड़े करना ; (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ раздроби́ло ру́ку उसके हाथ की हड्डियाँ टूट गयी हैं ; **—ся** (आत्म०) १. टूट जाना ; २. дроби́ть का कर्मवाच्य।

дро́бн‖ый (वि०) भिन्नात्मक ; —ое число́ भिन्नात्मक संख्या।

дробови́к (पुं०) छर्रे छोड़नेवाली बन्दूक।

дробь (स्त्री०) १. (गणित) भिन्न ; десяти́чная д. दशमलव भिन्न ; пра́вильная д. उचित भिन्न ; непра́вильная д. अनुचित भिन्न ; проста́я д. साधारण भिन्न ; २. (बन्दूक की) छोटी गोली ; गोली का छर्रा।

дрова́ (बहु०) (जलाने की) लकड़ी।

дро́вни (बहु०) (किसानों की) लकड़ियाँ आदि ढोने की गाड़ी।

дровозагото́вка (स्त्री०) (जलाने के लिए) लकड़ियाँ काटने की क्रिया।

дрово́кол (पुं०) १. लकड़ियाँ फाड़नेवाला ; २. कुल्हाड़ा।

дровосе́к (पुं०) लकड़हारा ; लकड़ियाँ काटनेवाला।

дровяно́й (वि०) дрова́ से वि० ; д. склад लकड़ी की टाल।

дро́ги (बहु०) मुर्दा ढोने की गाड़ी या टिकठी।

дро́гнуть -I (अपू०), **про—** (पू०) ठिठुरना ; (ठंड से) काँपना।

дро́гну‖ть -II (पू०) हिलना ; थर्राना ; डगमगाना ; его́ рука́ не —ла उसका हाथ डगमगाया नहीं।

дрожа́ние (नपुं०) कम्पन ; थरथराहट ; डगमगाहट।

дрожа́ть (अपू०) १. काँपना ; हिलना ; थर्राना ; д. от хо́лода ठंड के मारे काँपना ; २. बहुत अधिक देखभाल करना।

дрожа́щий: १. дрожа́ть से कृदन्त ; २. (वि०) काँपनेवाला ; थर्रानेवाला।

дро́жж‖и (बहु०) ख़मीर ; ста́вить на —а́х ख़मीर देना।

дрожь (स्त्री०) कँपकँपी ; थर्राहट।

дрозд (पुं०) एक प्रकार की चिड़िया।

дромаде́р (पुं०) एक प्रकार का ऊँट।

дро́ссель (पुं०) (टेक०) वाष्परोध (अंग्रेजी—थ्रौटल)।

дро́тик (पुं०) (जुए आदि में फेंकने की) छोटी-सी बर्छी/शंकु।

друг (पुं०) १. मित्र ; бли́зкий д. घनिष्ठ मित्र ; закады́чный д. प्रिय सुहृद ; जिगरी दोस्त ; २. д. —а एक दूसरा ; д. за —ом एक के बाद दूसरा ; д. про́тив —а आमने-सामने।

друг‖о́й (वि०) १. अन्य ; दूसरा ; भिन्न ; и тот и д. दोनों ; кто-то д. कोई दूसरा ; оди́н за —и́м एक के बाद दूसरा ; э́то —о́е де́ло

यह दूसरी बात है ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) अन्य वस्तु; ३. —úе (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) दूसरे ; बाक़ी लोग ; अन्य लोग ।

дру́жб||а (स्त्री०) मित्रता ; тéсная д. घनिष्ठ मित्रता ; ☐ не в слу́жбу, а в —у मित्रता के नाते ।

дружелю́б||ие (नपुं०) मैत्री ; **—ный** (वि०) मित्रतापूर्ण ।

дру́жеск||ий (वि०) मित्रतापूर्ण ; मित्र- ; —ая услу́га मित्रता का काम ; по-дру́жески मित्रवत् ; быть на —ой ногé (с) किसी से मित्रता का सम्बन्ध रखना ।

дру́жественн||ый (वि०) मित्र- ; —ая держáва मित्र-राष्ट्र ।

дружи́на (स्त्री०) (प्राचीन रूस में सम्राट की) अंगरक्षक सेना ।

дружи́нник (पुं०) (प्राचीन रूस में सम्राट का) अंगरक्षक ।

дружи́ть (अपू०) मित्रता का सम्बन्ध स्थापित करना ; मित्रता करना ।

дружи́ще (नपुं०) मित्र ।

дру́жн||о (क्रि० वि०) १. मित्रतापूर्वक ; жи́ть д. मित्रतापूर्वक रहना ; २. साथ-साथ ; इकट्ठे ; **—ый** (वि०) १. मित्रतापूर्ण ; быть —ым मित्र बनना ; २. एकस्वर ; एकमत ; ३. एकदम/एकाएक (शीघ्रता से) आनेवाला ; साथ-साथ का ; —ая веснá एकदम (सहसा) आनेवाली वसन्त ।

друзья́ друг का बहु० ।

дры́гать (अपू०) झटका देना ।

дры́хнуть (अपू०) अत्यधिक सोना ।

дря́бл||ость (स्त्री०) पिलपिलापन ; थलथलपन ; **—ый** (वि०) पिलपिला ; थलथल ; —ое тéло पिलपिला शरीर ; —ая гру́ша पिलपिली नाशपाती ।

дря́зги (बहु०) मामूली झगड़े ।

дрянн||о́й (वि०) कमबख़्त ; ख़राब ; निकम्मा ; रद्दी —óе пальтó रद्दी कोट ; —áя погóда ख़राब मौसम ।

дрянь (स्त्री०) (केवल एकवचन) गन्द ; कूड़ा-कर्कट ।

дряхлéть (अपू०), **о—** (पू०) जराग्रस्त होना ; जीर्ण हो जाना ; निर्बल हो जाना ।

дря́хл||ость (स्त्री०) जराग्रस्तता ; जीर्णता ; निर्बलता ; **—ый** (वि०) जराग्रस्त ; जीर्ण ; निर्बल ।

дуали́||зм (पुं०) द्वैतवाद ; **—ст** (पुं०) द्वैतवादी ; **—сти́ческий** (वि०) द्वैतवादी ।

дуб (पुं०) शाहबलूत का पेड़ ।

дуба́сить (अपू०) (वर्त० дубáшу, дубáсишь) १. डंडे आदि से मारना ; ज़ोर से पीटना; २. (द्वार) ज़ोर से खटखटाना ।

дуб||и́льный (वि०) : —и́льная корá चमड़ा कमाने के लिए (बबूल इत्यादि की) छाल ; —и́льная кислотá टैनिक अम्ल ; **—и́льня** (स्त्री०) चमड़ा कमाने का कारखाना ; **—и́льщик** (पुं०) चमड़ा कमानेवाला ।

дуби́на (स्त्री०) १. डंडा ; सोटा ; २. मूर्ख ; बुद्धू ।

дуби́нка (स्त्री०) डंडा ; सोटा ।

дуби́ть (वर्त० дублю́, дуби́шь) चमड़ा कमाना ।

дублéние (नपुं०) चमड़ा कमाने की क्रिया ।

дублёр (पुं०) दो का अभिनय करनेवाला ।

дублика́т (पुं०) प्रतिलिपि ।

дубли́ровать (अपू०) (—рую) १. दुहरा काम करना ; दो का अभिनय करना ; २. प्रतिलिपि करना ।

дубня́к (पुं०) आबनूस के पेड़ों का जंगल ।

дубова́тый (वि०) १. खुरदरा ; भद्दा ; २. मूर्ख ; बुद्धू ।

дубо́вый (स्त्री०) आबनूस (वृक्ष) का ।

дубра́ва (स्त्री०) पत्तेदार पेड़ों का झुरमुट ; घना जंगल ।

дуга́ (स्त्री०) कमान ; चाप ।

дугообра́зный (वि०) कमान के सदृश ।

дудéть (अपू०) (प्रथम पुरुष का रूप प्रयुक्त नहीं होता, дуди́шь) तुरही बजाना ।

ду́дк||а (स्त्री०) तुरही ; ☐ плясáть под чужу́ю —у किसीके इशारों पर नाचना ।

ду́дки (विस्मय०) इनकार के अर्थ में ; дай мне долг ! Нет, д., от тебя́ наза́д не полу́чишь 'मुझे कर्ज़ दो', 'नहीं तुझ से वापस कुछ नहीं मिलेगा'।

ду́жка (स्त्री०) १. дуга́ का अल्प० ; २. (बर्तन का कमान जैसा) दस्ता ।

ду́ло (नपुं०) (बन्दूक आदि की) नाली का मुँह ।

ду́льный (वि०) ду́ло से वि० ।

ду́ма (स्त्री०) १. (काव्य०) विचार ; ду́мать —у ध्यानमग्न होना ; २. वीरगीत ; शोकगीत ; ३. परिषद् ; городска́я д. पौर परिषद् ।

ду́мать (अपू०), **по—** (पू०) विचार करना ; सोचना ; ☐ мно́го о себе́ д. अपने आपको बेहुत-कुछ समझना ।

ду́маться (आत्म० अपू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ ду́мается उसका विचार है ।

ду́мка (स्त्री०) छोटा तकिया ।

дунове́ние (नपुं०) झोंका ।

ду́нуть (पू०) झोंका आना ।

ду́пель (पुं०) बड़ा चाहा पक्षी ।

дупли́стый (वि०) खोखला ; д. зуб खोखला दाँत ।

дупло́ (नपुं०) (पेड़ का) खोखला भाग ; कोटर ।

ду́р||а (स्त्री०), **—а́к** (पुं०) मूर्ख ; ☐ наби́тый —а́к, —а́к —ако́м महामूर्ख ; निरा बुद्धू ; оставля́ть в —ака́х кого́-л. किसीको मूर्ख बनाना ; остава́ться в —ака́х मूर्ख बनना ; **—але́й** (पुं०) मूर्ख ।

дуралюми́ний = дюралюми́ний.

дура́цкий (वि०) मूर्खतापूर्ण ; मूर्ख- ।

дура́чество (नपुं०) मूर्खता ।

дура́чить (अपू०), **о—** (पू०) मूर्ख बनाना ; बुद्धू बनाना ।

дура́читься (आत्म० अपू०) मूर्ख बनना ; बुद्धू बनना ।

дура́чливый, дура́шливый (वि०) मूर्ख ।

ду́рень (पुं०) मूर्ख ।

дуре́ть (अपू०), **о—** (पू०) मूर्ख बनना ।

дури́ть (अपू०) १. शरारत करना ; де́ти дуря́т बच्चे शरारतें करते हैं ; २. मज़ाक करना ; ३. (घोड़े का) अड़ जाना ।

дурма́н (पुं०) (एक प्रकार का) धतूरा ।

дурма́нить (अपू०), **о—** (पू०) नशे से बेहोश करना ।

дурне́ть (अपू०), **по—** (पू०) कुरूप होना ; सुन्दरता खोना ।

ду́рн||о (क्रि० वि०) बुरी तरह से ; बुरा ; खराब ; д. обраща́ться बुरा व्यवहार करना ; д. говори́ть बुराई करना ; д. воспи́танный दुर्ललित ; **—о́й** (वि०) १. बुरा ; खराब ; —а́я пого́да ख़राब मौसम ; —о́е поведе́ние दुर्व्यवहार ; —а́я сла́ва अपकीर्ति ; अपयश ; २. असुन्दर ; बदसूरत ; भद्दा ।

дурнот||а́ (स्त्री०) : чу́вствовать —у́ जी मिचलाना ।

дурну́шка (स्त्री०) बदसूरत स्त्री/लड़की ।

ду́рочка (स्त्री०) ду́ра का अल्प० ।

дуршла́г (पुं०) पौनी ; झरनी ।

дурь (स्त्री०) (केवल एकवचन) मूर्खता ; मूर्खता का कार्य ; बेवकूफ़ी ; вы́кинь д. из головы́ इस बेवकूफ़ी को दिमाग़ से निकाल फेंको ।

дуть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० ду́ю, ду́ешь) (हवा का) चलना ; ве́тер ду́ет हवा चल रही है ; здесь ду́ет यहाँ तेज़ हवा चल रही है ; यहाँ हवा लग रही है ।

дутьё (नपुं०) (टेक०) उड़ाना ; ब्लास्ट करना ।

ду́ться (आत्म० अपू०), **на—** (आत्म० पू०) (वर्त० ду́юсь, ду́ешься) फूँ-फाँ करना ; она́ ду́ется на него́ वह उस पर फूँ-फाँ कर रही है ।

дух (पुं०) १. भाव ; д. зако́на क़ानून का मूल भाव ; २. उत्साह ; साहस ; па́дать —ом हतोत्साह/निरुत्साह होना ; साहस खो बैठना ; прису́тствие —а प्रत्युत्पन्नमति ; सूझबूझ ; ३. श्वास ; साँस ; во весь д. पूरी रफ़्तार से ; одни́м —ом एक साँस में ; ४. भूत ; पिशाच ; ☐ злой д. दुरात्मा ; शैतान ; पिशाच ; быть в —е मौज में होना ; расположе́ние —

चित्तवृत्ति ; о нём ни слýху, ни —у उसका कोई अता-पता नहीं ; в э́том —е इस ढंग का ; इस प्रकार का ।

ду́хи (बहु०) भूत ; प्रेत ।

духи́ (बहु०) इत्र-फुलेल ।

духове́нство (नपुं०) (समू०) पादरीगण ।

духо́вка (स्त्री०) भट्टी ।

духовни́к (पुं०) धर्म-गुरु जिसके सामने दोष या पाप स्वीकार किया जाता है ।

духо́вн||ый (वि०) १. आध्यात्मिक ; २. धार्मिक ; गिरजाघर-सम्बन्धी ; —ая му́зыка धार्मिक संगीत ; —ое лицо́ पादरी ।

духов||о́й (वि०) : **I.** д. инструме́нт सुषिर वाद्य ; फूँक से बजाये जानेवाले वाद्ययन्त्र ; **II :** —а́я печь भट्टी ।

духота́ (स्त्री०) दमघोट ; बेहद गर्मी ।

душ (पुं०) (स्नान करने का) फ़व्वारा ; принима́ть д. फ़व्वारे से स्नान करना ।

душ||а́ (स्त्री०) १. आत्मा ; प्राण ; २. व्यक्ति ; по 5 рубле́й с —и́ पाँच रूबल प्रति व्यक्ति के हिसाब से ; в семье́ пять душ परिवार में पाँच सदस्य (अथवा व्यक्ति) हैं ; ☐ д. моя́ प्राणप्रिय ; д. в ду́шу एक मत से ; —и́ не ча́ять (в) बहुत प्रेम करना ; पूजा करना ; быть —о́й (का) प्राण होना ; душа́ о́бщества समाज का प्राण ; зале́зть в ду́шу किसीका विश्वास प्राप्त करना ; игра́ть с —о́й (किसीकी) भावनाओं से खेलना ; ему́ э́то не по —е́ यह उसको पसन्द नहीं ; говори́ть по —а́м с кем-л. किसीसे दिल की बात कहना ; пить ско́лько —е́ уго́дно जी भरकर पीना ।

душева́я (स्त्री०) (वि० रू०) फ़व्वारेवाला ग़ुसलखाना ।

душевнобольн||о́й (वि०) १. पागल ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) पागल व्यक्ति ; больни́ца для —ы́х पागलखाना ।

душе́вн||ый (वि०) १. душа́ से वि० ; —ое споко́йствие मन की शान्ति ; २. सच्चा : हार्दिक ; ३. मानसिक ; —ая бо́лезнь मानसिक रोग ।

душев||о́й (वि०) प्रतिव्यक्ति ; —о́е потребле́ние प्रतिव्यक्ति खपत ।

душегре́йка (स्त्री०) (स्त्रियों की) रुईदार वास्कट ।

душегу́б (पुं०) हत्यारा ।

душегу́бка (स्त्री०) १. हत्यारी ; २. डोंगी ।

ду́шенька (स्त्री०) प्रियतमे! ; प्राणप्रिया ! ।

душеприка́зчик (वि०) इच्छापत्र-निष्पादक ।

душераздира́ющий (वि०) हृदयविदारक ।

ду́шечка = ду́шенька.

души́стый (वि०) सुगन्धित ; खुशबूदार ।

души́ть -I (अपू०), **за—** (पू०) गला घोटना ; गला घोटकर मार डालना ।

души́ть -II (अपू०), **на—** (पू०) सुगन्धित करना ; **—ся** (आत्म०) (अपने शरीर पर) इत्र-फुलेल लगाना ।

ду́шка (उभ०) १. (पुरुष के बारे में) प्रियतम ; सुन्दर ; (स्त्री के बारे में) प्रियतमा ; प्राणप्रिया ; सुन्दरी ; २. गर्दन के निचले भाग का गड्ढा ।

ду́шн||о (क्रि० वि०) (कर्तृ-निरपेक्ष) : в ко́мнате д. कमरे में दम घुट रहा है ; мне д. मेरा दम घुट रहा है ; **—ый** (वि०) (वायु के बारे में) दम घोटनेवाली ; गर्म ; д. день बहुत गर्मी का दिन ।

душо́к (पुं०) (केवल एकवचन) दुर्गन्ध ।

душо́нка (स्त्री०) : дрянна́я д. दुरात्मा ।

дуэ́л||ь (स्त्री०) द्वन्द्वयुद्ध ; вы́звать на д. द्वन्द्वयुद्ध के लिए ललकारना ; дра́ться на —и द्वन्द्वयुद्ध करना ।

дуэ́т (पुं०) युगलगान ; दुगाना ।

ды́бом (क्रि० वि०) : у него́ во́лосы вста́ли д. उसके रोएँ खड़े हो गये ; उसे रोमांच हो आया ।

ды́бы́ : станови́ться на д. घोड़े का पिछली टाँगों पर खड़ा हो जाना ; अड़ जाना ।

дым (पुं०) धूम ; धुआँ ; пуска́ть д. धुआँ निकालना ।

дыми́ть (अपू०), **на—** (पू०) (भवि० дымлю́, дыми́шь) धुएँ से भर देना ; धुएँदार करना ; **—ся** (आत्म०) धुआँ देना ; धुएँ से भर जाना ।

ды́мка (स्त्री०) (हल्की) धुन्ध ।

дымн||ый (वि०) धुएँ से भरा हुग्रा ; —ая кóмната धुएँ से भरा कमरा ।

дымов||óй (वि०) дым से वि० ; —áя трубá चिमनी ।

дымогáрн||ый (वि०) : —ая трубá धुग्राँ-कस ।

дымóк (पुं०) धुएँ का क़श ।

дымопýск (पुं०) (सेना०) धुग्राँ छोड़ना ।

дымохóд (पुं०) धुग्राँकस ; धुग्राँ निकलने का मार्ग ।

дымчатый (वि०) धुएँदार ; धुग्राँरा ; धुएँ के रंग का ।

дыня (स्त्री०) तरबूज ।

дыр||á (स्त्री०) १. छिद्र ; सूराख ; २. (केवल बहु०) ख़ामियाँ ; कमियाँ ; ☐ заткнýть —ý कमी पूरा करना ।

дырка (स्त्री०) дырá-१. का ग्रल्प० ।

дырявить (ग्रपू०) छिद्र करना ; सूराख करना ।

дырявый (वि०) सछिद्र ; छिद्रोंवाला ; सूराख़दार ।

дыхáние (नपुं०) साँस लेने की क्रिया ।

дыхáтельн||ый (वि०) साँस लेने का ; श्वास- ; —ое гóрло (शरीररचना०) टेंटुग्रा ।

дышáть (ग्रपू०) साँस लेना ; тяжелó д. हाँफना ।

дышло (नपुं०) दो घोड़ोंवाली गाड़ी का ग्रगले धुरे से जुड़ा हुग्रा बम (इससे गाड़ी को मुड़ने मे सहायता मिलती है) ।

дьявол (पुं०) शैतान ; **—ьски** (क्रि० वि०) शैतान की तरह ; ग्रत्यधिक ; я —ьски устáл मैं थककर चूर हो गया हूँ ; **—ьский** (वि०) शैतान का ।

дьяк (पुं०) (प्राचीन रूस में किसी संस्था का) मन्त्री ।

дьякон (पुं०) छोटा पादरी ; डीकन् ।

дьячóк (पुं०) गिरजाघर का एक ग्रधिकारी ।

дюжий (वि०) हृष्ट-पुष्ट ।

дюжина (स्त्री०) दर्जन ; बारह ; чóртовая д तेरह ।

дюйм (पुं०) इंच ; **—óвый** (वि०) एक इं का ; एक इंच लम्बा/चौड़ा ।

дюна (स्त्री०) (सागरतट पर) बालू का टीला ।

дюрáль = дюралюминий.

дюралюминий (वि०) (रस०) ड्यूरालिमीन ।

дяденька (पुं०) चाचा ।

дядька (पुं०) १. (बच्चों को मजाक में बुला का शब्द) चाचा ; २. (ग्रभिजात-कुल में बच्चे क देखभाल के लिए रखा) नौकर ।

дядюшка (पुं०) चाचा ।

дядя (पुं०) चाचा ; मामा ; ताऊ ।

дятел (पुं०) कठफोड़ा ।

E

ева́нгелие (नपुं०) इंजील ।

евангели́ст (पुं०) १. इंजील का लेखक ; २. इंजील को माननेवाला ।

евге́ника (स्त्री०) सन्तति-शास्त्र ।

евкали́пт, евкали́птовый = эвкали́пт, эвкали́птовый.

е́внух (पुं०) नपुंसक ; हिजड़ा ।

евре́й (पुं०), **—ка** (स्त्री०) यहूदी ; **—ский** (वि०) यहूदी का ।

европе́||ец (पुं०) यूरोप-निवासी ; **—йский** (वि०) यूरोपीय ।

е́герь (पुं०) वेतनभोगी शिकारी ; (क्रान्ति-पूर्व) धनुर्धर सैनिक ।

еги́петский (वि०) मिस्र देश का ; मिस्री ; □ е. труд कठिन और दीर्घकालिक परिश्रम ।

еги́птя́н||ин (पुं०), **—ка** (स्त्री०) मिस्र-निवासी/निवासिनी ।

его́ (सर्वनाम पुं०) दे० он.

егоза́ (उभ०) चंचल पुरुष/स्त्री ; он тако́й е. वह इतना चंचल है !

ед||а́ (स्त्री०) भोजन ; खाना ; во вре́мя —ы́ खाते हुए ; खाने के समय ; пе́ред —о́й खाने से पहले ।

едва́ (क्रि० वि०) १. कठिनता से ; मुश्किल से ; он е. по́днял э́то उसने इसे कठिनता से उठाया ; он е. спа́сся वह बाल-बाल बचा ; २. он тогда́ е. начина́л говори́ть по-ру́сски उसने तब रूसी भाषा बोलना शुरू ही किया था ; е. он уе́хал, как वह गया ही था कि- ; □ е. ли не लगभग ।

едине́ние (नपुं०) एकता ।

едини́ц||а (स्त्री०) १. इकाई ; टुकड़ी ; войскова́я е. सेना की टुकड़ी ; २. (गणित) एक ; इकाई ; ३. (केवल बहु०) कुछ लोग ; —ы ду́мают так कुछ लोगों का ऐसा विचार है ।

едини́чный (वि०) १. अकेला ; केवल एक ; पृथक् ; е. слу́чай एकमात्र उदाहरण ; २. व्यक्ति ।

единобо́жие (नपुं०) एकेश्वरवाद ।

единобра́ч||ие (नपुं०) एक-विवाह पद्धति (प्रथा) ; एक पत्नी अथवा एक पति रखने की प्रथा ; **—ный** (वि०) (वन०) द्विलिंगी ।

единове́р||ец (पुं०) सधर्मी ; एक ही धर्म में विश्वास करनेवाला ; **—ие** (नपुं०) समानधर्म ; एक धर्म में विश्वास ।

единовла́ст||ие (नपुं०) एकतन्त्र ; **—ный** (वि०) एकतन्त्रीय ।

единовре́менн||о (क्रि० वि०) १. केवल एक बार ; २. = одновре́менно ; **—ый** (वि०) १. केवल एक बार दिया हुआ ; —ое посо́бие असाधारण सहायता ; २. = одновре́менный.

единогла́с||ие (नपुं०) ऐकमत्य ; सर्वसम्मति ; **—но** (क्रि० वि०) एकमत से ; सर्वसम्मति से ; при́нято —но (प्रस्ताव) सर्वसम्मति (अथवा एकमत) से पास हुआ ; **—ный** (वि०) सर्वसम्मत ।

единоду́ш||ие (नपुं०) ऐकमत्य ; सर्वसम्मति ; **—ный** (वि०) सर्वसम्मत ।

единокро́вный (वि०) सगोत्र ; सगे-सम्बन्धी ।

единоличный (वि०) व्यक्तिगत ; निजी ; केवल एक व्यक्ति द्वारा कार्यान्वित ।

едино||мы́слие (नपुं०) विचारों की एकता ; **—мы́шленник** (पुं०) १. समान विचार रखनेवाला ; २. सहापराधी ।

единонача́лие (नपुं०) एक व्यक्ति का प्रबन्ध ।

единообра́з||ие (नपुं०) एकरूपता ; समानता ; **—ный** (वि०) एकरूप ; समान ।

единопле́ме́нник (पुं०) एक ही क़बीले/जाति से सम्बन्ध रखनेवाला ; सजातीय ।

единоро́г (पुं०) १. एकशृंग नामक एक पौराणिक पशु ; २. एक सींगवाला पशु ।

единоутро́бный (वि०) सौतेला (जिसकी माता तो एक हो परन्तु पिता दूसरा हो) ; е. брат सौतेला भाई ।

еди́нственн||о (क्रि० वि०) एकमात्र ; केवल एक ; е. возмо́жный спо́соб एकमात्र सम्भाव्य उपाय ; **—ый** (वि०) केवल एक ; अद्वितीय ; —ый сын इकलौता बेटा ; —ый спо́соб केवल एक उपाय ; —ое число́ (व्या०) एकवचन ।

еди́нство (नपुं०) एकता ; е. па́ртии दल की एकता ; е. взгля́дов मत की एकता ।

еди́ный (वि०) १. संयुक्त ; अविभाज्य ; е. фронт संयुक्त मोर्चा ; २. = еди́нственный.

е́дк||ий (वि०) दाहक ; क्षारक ; काटनेवाला ; तीखा ; (धुआँ आदि) कोंचनेवाला ; е. натр सोडा कास्टिक ; —ое замеча́ние तीखी बात ।

едо́к (पुं०) (एक मेज पर खाना खानेवाला) परिवार का सदस्य ; (खानेवाला) एक व्यक्ति ; на —а́ प्रति-व्यक्ति ; у него́ в семье́ пять —о́в उसके परिवार में पाँच (खानेवाले) व्यक्ति हैं ।

её दे० она́.

ёж (पुं०) सेही ।

ежеви́ка (स्त्री०) काले रंग का शीशा ।

ежего́дн||ий = ежего́дный ; **—ик** (पुं०) वार्षिक पुस्तक/पत्रिका ; **—о** (क्रि० वि०) प्रतिवर्ष ; **—ый** (वि०) वार्षिक ।

ежедне́вн||о (क्रि० वि०) प्रतिदिन ; **—ый** (वि०) दैनिक ; —ая газе́та दैनिक पत्र ।

е́жели = е́сли.

ежеме́сячн||ик (पुं०) मासिक पत्रिका ; **—о** (क्रि० वि०) प्रति मास ; **—ый** (वि०) मासिक ।

ежемину́тно (क्रि० वि०) हर मिनट ; प्रति पल ; प्रतिक्षण ।

еженеде́льн||ик (पुं०) साप्ताहिक पत्र ; **—о** (क्रि० वि०) प्रतिसप्ताह ; **—ый** (वि०) साप्ताहिक ।

ежеча́сн||о (क्रि० वि०) प्रतिघंटा ; **—ый** (वि०) प्रतिघंटे का ।

ёжиться (आत्म० अपू०) १. (ठंड से) ठिठुरना ; २. सकुचाना ; शर्माना ।

ежо́в||ый : ёж से वि० ; ☐ держа́ть кого́-л. в —ых рукави́цах किसीको डंडे से क़ाबू में रखना ; किसीसे सख़्ती से पेश आना ।

езд||а́ (स्त्री०) १. (घोड़ा/गाड़ी/मोटर आदि पर) सफ़र ; सवारी ; в. трёх часа́х —ы́ (от) तीन घंटे का सफ़र ; до́лгая е. लम्बा सफ़र ; २. (सड़क पर का) यातायात ।

е́здить (अपू०) (е́зжу. е́здишь) ; **е́хать** (अपू०) (е́ду, е́дешь), **пое́хать** (पू०) (किसी सवारी पर) जाना ; सफ़र करना ; सवारी करना ; е. верхо́м घोड़े की सवारी करना ; е. на по́езде रेल से सफ़र करना ।

ездов||о́й (वि०) १. езда́ से वि० ; —ая соба́ка भारवाही कुत्ता ; वाहक कुत्ता ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) (सेना०) (तोपखाने का) चालक ; ड्राइवर ।

ездо́к (पुं०) सवार ; घुड़सवार ।

е́зженый (वि०) (रास्ता, सड़क) चालू ।

ей दे० она́.

ей-бо́гу (विस्मय०) परमात्मा की सौगन्ध ; ईश्वर की शपथ ।

ей-ей, е́й-же-е́й (विस्मय०) हाय-हाय ।

ёкать (अपू०), **ёкнуть** (पू०) धड़कना ; се́рдце ёкает हृदय धड़क रहा है ।

е́ле (क्रि० वि०) कठिनाई से ; он е. успе́л сде́лать э́то वह इसे बड़ी कठिनाई से कर सका ; он е. мог подня́ть э́то वह उसे मुश्किल से उठ सका ।

еле́й (पुं०) (गिरजाघर में काम आनेवाला) जैतून क तेल ।

ёлка, ель (स्त्री०) सरो का पेड़ ; नये वर्ष पर सजाया हुआ पेड़ ।

ёмк||ий (वि०) बड़ा ; —ая посу́да बड़ा बर्तन ।

ёмкость (स्त्री०) धारिता ; परिमाण ।

ему́ दे० он, оно́.

ено́т (पुं०) १. अमरीका देश का रीकून नामक पशु ; २. रीकून की पोस्तीन ; **—овый** (वि०) енó से वि० ।

епи́скоп (पुं०) बिशप ; पादरी ।

ерала́ш (पुं०) १. गड़बड़झाला ; दुर्व्यवस्था ; २. ताश का एक प्राचीन खेल ।

ерепе́ниться (आत्म० अपू०) ग़ुस्से में होना ।

éресь (स्त्री०) धर्म-विरुद्ध मत ; पाखंड ; ☐ нести́, городи́ть е. बकवास करना ।

ерети́к (पुं०) प्रचलित-मत विरोधी ; पाखंडी ।

ёрзать (अपू०) (एक स्थान पर बैठे-बैठे) इधर-उधर हिलना ; टिककर न बैठना ।

ермóлка (स्त्री०) (सिर पर चिपककर लगनेवाली) टोपी ।

ерóшить (अपू०), **взъ—** (पू०) (बाल) बिखराना ; **—ся** (आत्म०) (बाल) बिखर जाना ।

ерунд||á (स्त्री०) १. बकवास ; कबाड़ ; э́то е. ! यह बकवास है !; говори́ть —ý बकवास करना ; २. तुच्छ बात ; हल्की बात ; आसान काम ; मामूली बात ; научи́ться плáвать сýщая е. तैरना सीखना बहुत मामूली बात है अर्थात् सहज है ।

ёрш (पुं०) **I.** १. एक प्रकार की मछली ; २. (लैम्प की चिमनी साफ़ करने का) बुरुश ; ३. दाँतेदार मेख ; **II.** वोदका और बीयर की मिलावट से बना पेय जिससे जल्दी नशा चढ़ता है ।

ерши́ть = ерóшить ; **—ся** (आत्म०) ग़ुस्से से लाल होना ।

éсли (अ०) यदि ; е. он бýдет свобóден, он сдéлает э́то यदि उसको अवकाश हुआ तो वह यह कर देगा ; е. бы не дождь, он пошёл бы гуля́ть यदि वर्षा न होती, तो वह टहलने चला जाता ; е. тóлько बशर्ते कि ; е. тóлько он придёт बशर्ते कि वह आ जाये ।

естéственн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) प्रकृतिवादी ; **—о** (क्रि० वि०) प्रकृत्या ; स्वाभाविक रूप से ; स्वतः ; **—ый** (वि०) स्वाभाविक ; प्राकृतिक ; —ым óбразом स्वाभाविक रूप से ; —ые богáтства प्राकृतिक समृद्धि ।

естествó (नपुं०) १. प्रकृति ; स्वभाव ; २. द्रव्य ; पदार्थ ।

есть (अपू०), **съ—** (पू०) (वर्त० ем, ешь) **I.** १. खाना ; २. (धुएँ आदि का) लगना ; дым ест глазá धुआँ आँखों में लग रहा है ; **II.** быть का वर्त० रूप ; **III.** (विस्मय०) बहुत अच्छा !; ठीक !

ефрéйтор (पुं०) (सेना०) लांस-कार्पोरल ।

éхать दे० éздить.

ехи́дна (स्त्री०) १. (आस्ट्रेलिया का) विषैला साँप ; २. दुष्ट मनुष्य ।

ехи́дничать (अपू०), **съ—** (पू०) (किसीके बारे में) अपवचन कहना ; ज़हर उगलना ।

ехи́дный (वि०) विषैला ; जहरीला ; दुष्ट ।

ехи́дство (नपुं०) दुष्टता ।

ещё (क्रि० वि०) १. अभी तक ; अब भी ; ли́стья е. зелёные पत्ते अभी तक हरे हैं ; он е. не устáл वह अभी तक थका नहीं ; ты прочёл э́ту кни́гу ? —Нет е. क्या तूने यह पुस्तक पढ़ी है ? अभी तक नहीं ; всё е. идёт дождь अभी तक वर्षा हो रही है ; он е. успéет на пóезд वह अब भी गाड़ी पकड़ सकता है ; २. е. в 1920 годý १९२० में ; е. (тóлько) вчéра अभी कल ही ; ३. कुछ और ; और भी ; дай мне ещё дéнег मुझे कुछ और धन दो ; онá стáла е. краси́вее वह और भी सुन्दर हो गयी है ; е. бóльше और अधिक ; ещё и ещё बार-बार ; अधिकाधिक ; е. оди́н एक और ; э́то е. ничегó यह तो कुछ भी नहीं ।

Ж

ж दे० же

жа́ба (स्त्री०) १. भेक; मेंढक जाति का एक विषैला जानवर ; २. गले की गिल्टी ; (अंग्रेज़ी—टॉन्सिल) ।

жа́берный (वि०) (मछली आदि की) श्वासेन्द्रिय-सम्बन्धी ; गलफड़े का ।

жа́бры (बहु०) (मछली आदि की) श्वासेन्द्रिय ; गलफड़ा ।

жа́воронок (पुं०) भारद्वाज (चिड़िया) ।

жа́д||ничать (अपू०) लोभी होना ; लालची होना ; **—но** (क्रि० वि०) लोभ से ; लालच से ; —о есть बेसबरी से खाना ; **—ность** (स्त्री०) लोभ ; लालच ; **—ный** (वि०) लोभी ; लालची ।

жа́жд||а (स्त्री०) प्यास ; तृष्णा ; पिपासा ; उत्कट इच्छा ; томи́ться от —ы प्यास से तड़पना ; утоля́ть —у प्यास बुझाना ; ж. зна́ний ज्ञान-पिपासा ; **—ать** (अपू०) बहुत प्यास लगना ; उत्कट इच्छा करना ।

жаке́т (पुं०) (स्त्रियों के पहनने की) जाकेट ; (पुरुषों का प्रातःकाल पहनने का) छोटा कोट ।

жале́ть (अपू०), **по—** (पू०) १. (के लिए) खेद प्रकट करना ; २. अफ़सोस करना ; он жале́л, что она́ не пришла́ उसे अफ़सोस था (अथवा उसे खेद था) कि वह नहीं आयी ; вы пожале́ете об э́том आप इसके लिए पछतायेंगे ; ३. दया करना ; (कसर न) छोड़ना ; не ж. сил कोई कसर न छोड़ना ; पूरा ज़ोर लगाना ।

жа́лить (अपू०), **у—** (पू०) डंक मारना ; काटना ; пчёлы жа́лят मधुमक्खियाँ डंक मारती हैं ।

жа́лк||ий (वि०) दयनीय ; करुण ; दीन ; —ая улы́бка करुण मुस्कराहट ; —ое оправда́ние झूठा बहाना ।

жа́ло (नपुं०) डंक ।

жа́лоб||а (स्त्री०) शिकायत ; नालिश ; подава́ть —у शिकायत करना ; नालिश करना ; **—ный** (वि०) शोकार्त ; शोकपूर्ण ; व्यथित ; उद्विग्न ; उदास ; —ный го́лос शोकार्त वाणी ; व्यथित स्वर ; □ —ная кни́га शिकायत-पुस्तिका ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) वादी ; मुद्दई ।

жа́лованн||ый жа́ловать से कृदन्त ; □ —ая гра́мота एकस्व-पत्र ; चार्टर ।

жа́лован||ие, —ье (नपुं०) वेतन ; तनख्वाह ; मज़दूरी ।

жа́ловать (अपू०), **по—** (पू०) (—лую) १. प्रदान करना ; ж. титу́л उपाधि प्रदान करना ; पदवी देना ; २. (केवल अपू०) अनुग्रह करना ; कृपा दिखाना ; про́сим люби́ть и ж. हम प्रेम और अनुग्रह के प्रार्थी हैं ; ३. दर्शन देना ; добро́ пожа́ловать ! स्वागतम् ! ; **—ся** (आत्म०) शिकायत करना ; —ся на головну́ю боль सिर-दर्द की शिकायत करना ; на что вы жа́луетесь ? आपको क्या शिकायत है ? ; —ся в суд नालिश करना ; मुक़दमा चलाना ।

жа́лост||ливый (वि०) सहानुभूतिशील ; दयालु ; —ливая стару́ха सहानुभूतिशील बुढ़िया ; **—ный = жа́лобный**

жа́лост||ь (स्त्री०) करुणा ; दया ; из —и दया करके ; кака́я ж. ! कितने खेद की बात है !

жаль (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ его́ ж. उसे उसके लिए बड़ा दुःख है ; ему́ до слёз ж. उसको उस पर इतनी दया आती है कि बरबस आँसू निकल आते हैं ; как ж. ! कितने दुःख की बात है ! ; мне ж. смотре́ть на него́ मुझे उसको देखकर बड़ा दुःख होता है ।

жанда́рм (पुं०) (पुलिस का) सिपाही ।

жанр (पुं०) १. (साहित्य की) विधा ; साधारण प्रकार ; विषय ; २. चरित-चित्र ; ३. फ़ैशन ; शैली ; शौक ; ж. пестро́ одева́ться चटकदार कपड़े पहनने का शौक ।

жар (पुं०) १. उष्णता ; ताप ; गर्मी ; उत्साह ;

говори́ть с —ом गर्मी में आकर बोलना ; २. बुख़ार ; ज्वर ; ३. अंगारे ; ☐ горе́ть как ж. अंगारों की तरह चमकना ; чужи́ми рука́ми ж. загреба́ть दूसरे के कन्धे पर रखकर बन्दूक चलाना ।

жара́ (स्त्री०) उष्णता ; गर्मी ।

жарго́н (पुं०) दुर्बोध शब्द ; गँवारू बोली ; देशस्थ भाषा ।

жа́рение (नपुं०) तलने की क्रिया ; (आग पर) भूनने की क्रिया ।

жа́реное = жарко́е.

жа́реный (वि०) तला हुआ ; भुना हुआ ।

жа́рить (अपू०) तलना ; भूनना ; ☐ со́лнце жа́рит सूर्य भूने दे रहा है ; **—ся** (आत्म०) तला जाना ; भूना जाना ; —ся на со́лнце धूप सेकना ।

жа́рк‖ий (वि०) उष्ण ; गर्म ; उत्कट ; प्रचंड ; ж. кли́мат गर्म जलवायु ; ж. спор गर्मागर्म बहस ; **—о** (क्रि० वि०) गर्मी से ; उष्णता से ; प्रचंडता से ; **—о́е** (नपुं०) (वि० रू०) भूना हुआ मांस ।

жаро́вня (स्त्री०) अग्निकुंड ; बरोसी ।

жаропонижа́ющ‖ий (पुं०) (वि० रू०) ज्वर कम करने का ; —ее сре́дство ज्वर हटानेवाली या कम करनेवाली ओषधि ।

жасми́н (पुं०) मल्लिका ; माधवी ; चमेली ।

жа́тв‖а (स्त्री०) (फ़सल की) कटाई ; फ़सल ; вре́мя —ы फ़सल काटने का समय ; ж. созре́ла फ़सल पक गयी है ।

жа́твенн‖ый (वि०) : —ая маши́на फ़सल काटने की मशीन ।

жа́тка = жа́твенная маши́на दे० жа́твенный.

жать -I. (अपू०) (वर्त० жму́, жмёшь) १. दबाना ; भींचना ; ж. ру́ку हाथ दबाना ; २. (जूते, वस्त्र आदि का) तंग होना ।

жать -II. (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० жну́, жнёшь) (फ़सल) काटना ।

жа́ться (आत्म० अपू०), **прижа́ться** (आत्म० पू०) भिचना ; सिकुड़ना ; ж. друг к дру́гу भिचकर बैठना या खड़ा होना ; ж. от хо́лода सर्दी के मारे सिकुड़ना ।

жбан (पुं०) (काठ का) बर्तन ।

жва́чк‖а (स्त्री०) चबाने की क्रिया; जुगाली; रौंथ ; жева́ть —у जुगाली करना; चबाना; रोंथना ।

жва́чн‖ый (वि०) जुगाली करनेवाला ; —ое живо́тное जुगाली करनेवाला पशु ।

жгут (पुं०) (घास या चमड़े के फ़ीतों से बटा हुआ) रस्सा ।

жгу́ч‖ий (वि०) जलानेवाला ; दाहक ; प्रखर ; तीव्र ; —ие слёзы (मन) पिघला देनेवाले आँसू ; हृदय-द्रावक अश्रु ; —ее со́лнце झुलसा देनेवाला सूर्य/धूप ; ж. вопро́с ज्वलन्त प्रश्न ।

ждать (अपू०) प्रतीक्षा करना ; इन्तज़ार करना ; आशा रखना ।

же (अ०) १. और ; परन्तु ; он остаётся, она́ же уезжа́ет वह ठहरेगा और वह चली जायेगी ; е́сли же вы не хоти́те परन्तु यदि आप नहीं चाहते ; २. почему́ вы ему́ не ве́рите ? Он же до́ктор आप उस पर विश्वास क्यों नहीं करते ? वह डाक्टर जो है ! ; ३. "भी" के अर्थ में ; когда́ же вы бу́дете гото́вы जब भी आप तैयार होंगे ; говори́те же ! बोलिए भी ; ४. тот же वही ; тако́й же वैसा ही ; так же इसी प्रकार ; тогда́ же तभी ; там же, здесь же वहीं ; यहीं ।

жева́н‖ие (नपुं०) चबाने की क्रिया ; जुगाली ; रौंथना ।

жева́тельн‖ый (वि०) चबाने का ; —ая рези́на चुइंग गम (बच्चों की एक प्रकार की चबाने की मिठाई) ।

жева́ть (अपू०) चबाना ; जुगाली करनी ; रौंथना ; ж. жва́чку जुगाली करना ।

жезл (पुं०) १. (सत्ता का चिह्न) दंड ; छड़ी ; фельдма́ршальский ж. फ़ील्डमार्शल का दंड ; २. (भूमि नापने का) डंडा ।

жела́н‖ие (नपुं०) इच्छा ; चाह ; अभिलाषा ; आकांक्षा ; पिपासा ; по ва́шему —ию आपकी

इच्छा के अनुसार ; по моему́ со́бственному —ию मेरी अपनी इच्छा पर ; про́тив —ия इच्छा के प्रतिकूल ; удовлетворя́ть ж. इच्छा पूर्ण करना ; **—ный** (वि०) अभिप्रेत ; वांछित ।

жела́тельн||ый (वि०) अभिप्रेत ; वांछित ; —ое наклоне́ние (व्या०) इच्छावाचक विधिलिंग ।

желати́н (पुं०) जिलैटीन (लसलसा या चिपचिपा खाद्य पदार्थ) ; **—овый** (वि०) желати́н से वि० ।

жела́||ть (अपू०), **по—** (पू०) इच्छा करना ; चाहना ; आकांक्षा करना ; ж. добра́ кому́-л. किसीका भला चाहना ; —ю вам успе́ха आपकी सफलता का आकांक्षी हूँ ! ; она́ никому́ не —ет зла वह किसीका बुरा नहीं चाहती ।

жела́ющие (बहु०) (वि० रू०) इच्छुक ।

желва́к (पुं०) सूजन ; गाँठ ; गिल्टी ।

желе́ (नपुं०) जेली ।

желез||а́ (स्त्री०) ग्रन्थि ; गिल्टी ; поджелу́дочная ж. अग्न्याशय (पेट की पाचन-रस की थैली) ; миндалеви́дные же́лезы टॉन्सिल ।

желе́зистый (वि०) **I.** गिल्टीदार ; गिल्टी-सम्बन्धी ; **II.** लौहयुक्त ।

желе́зка (स्त्री०) १. लोहे का टुकड़ा ; २. (केवल एकवचन) ताश का एक खेल (शेमिन दी फेर) ।

желёзка (स्त्री०) железа́ का अल्प० ।

железнодоро́жн||ик (पुं०) रेल-कर्मचारी ; **—ый** (वि०) रेल का ; रेलवे- ; —ый путь रेलपथ ; रेल-लाइन ; —ая ве́тка शाखा लाइन ।

желе́зн||ый (वि०) १. желе́зо से वि० ; लौह ; लोहस ; —ая руда́ लौह-अयस्क ; ☐ ж. това́р लोहे की बनी वस्तुएँ ; —ая доро́га रेलपथ ; городска́я —ая доро́га ट्रामपथ ; ж. век लौह-युग ; —ая во́ля दृढ़ संकल्प ।

железня́к (पुं०) लौह ; पत्थर ; бу́рый ж. भूरा लौह-अयस्क ; भूरा हैमेटाइट ; кра́сный ж. हैमेटाइट ।

желе́зо (नपुं०) लोहा ।

железобето́н (पुं०) लोह-कंक्रीट ।

железо||де́лательный (वि०) ж. заво́д लोहे का कारख़ाना ; **—плави́льный** (वि०) —плави́льный заво́д लोहे की ढलाई का कारख़ाना ।

жёлоб = жо́лоб.

желебо́к (पुं०) नाली ; नाबदान ।

желт||е́ть (अपू०), **по—** (पू०) पीला हो जाना ; **—изна́** (स्त्री०) पीलापन ; **—ова́тый** (वि०) पीला-सा ।

желто́к (पुं०) अंडे का पीला भाग ।

желторо́тый (वि०) १. पीली चोंचवाला (पक्षी) ; २. अनुभवहीन ; ж. юне́ц अनुभवहीन युवक ।

желтофио́ль (स्त्री०) एक प्रकार का पीला फूल ।

желту́||ха (स्त्री०) पांडुरोग ; पीलिया ; **—шный** (वि०) पांडुरोग-सम्बन्धी ।

жёлт||ый (वि०) पीला ; ☐ —ая пре́сса घटिया अख़बार ।

желудо́вый (वि०) ж. ко́фе शाहबलूत की काफ़ी ।

желу́д||ок (पुं०) पेट ; несваре́ние —ка अपच ; बदहज़मी ; क़ब्ज़ी ; **—очек** (पुं०) (शरीररचना०) निलय (अँग्रेज़ी—वेंट्रिकल) ; **—очный** (वि०) उदरीय ; उदर- ; पेट-सम्बन्धी ।

жёлудь = жо́лудь.

жёлчн||ость (स्त्री०) १. पीलिया ; २. चिड़चिड़ापन ; ग़ुस्सा ; **—ый** (वि०) १. पैत्तिक ; —ый пузы́рь पित्तकोष ; २. चिड़चिड़ा ।

жёлч||ь (स्त्री०) १. पित्त ; २. ग़ुस्सा ; он проли́л це́лое мо́ре —и на жанда́рмов उसने अपना सारा ग़ुस्सा सिपाहियों पर उतारा ।

жема́н||иться (आत्म० अपू०) बनना ; (मुँह) बनाकर बोलना ; ज़ाहिरदारी करना ; **—ный** (वि०) बननेवाला ; मुँह बनाकर बोलनेवाला ; ज़ाहिरदारी करनेवाला ; **—ство** (नपुं०) कृत्रिम रंग-ढंग ; ज़ाहिरदारी ।

же́мч||уг (पुं०) (समू०) मोती ; **—у́жина** (स्त्री०) मोती ; **—у́жница** (स्त्री०) मोती की सीप ; **—у́жный** (वि०) же́мчуг से वि० ;

—у́жное ожере́лье मोतियों का कंठहार ; —у́жная ра́ковина मोती की सीप ।

жена́ (स्त्री०) पत्नी ; □ у —ы́ под башмако́м पत्नी के इशारों पर नाचनेवाला ; जोरू का ग़ुलाम ।

жена́тый (वि०) विवाहित ।

жени́ть (अपू० और पू०) विवाह करना ।

жени́тьба (स्त्री०) विवाह ।

жени́ться (आत्म० अपू०) (पुरुष के बारे में) (अपना) विवाह करना ।

жени́х (पुं०) वर ; मँगेतर ; वाग्दत्त ; दूल्हा ।

женолюби́вый (वि०) स्त्रियों के प्रति रुझान रखनेवाला ; он ж. челове́к वह स्त्रियों के प्रति रुझान रखता है ।

женоненави́стник (पुं०) स्त्रियों से घृणा करनेवाला ; स्त्री-द्वेषी ।

женоподо́бный (वि०) स्त्रैण ; स्त्री-स्वभाव का ; स्त्री-सदृश ।

же́нск||ий (वि०) स्त्री ; स्त्रैण ; स्त्री-सदृश ; स्त्री-स्वभाव का ; ж. род (व्या०) स्त्रीलिंग ; □ —ое ца́рство स्त्री-राज्य ; स्त्रियों की सरकार ; по —и स्त्रीवत् ; औरत की तरह ।

же́нственн||ость (स्त्री०) स्त्रैणता ; स्त्री-स्वभाव ; **—ый** (वि०) स्त्रैण ; स्त्री-सदृश ; स्त्री-स्वभाव का ।

же́нщина (स्त्री०) १. स्त्री ; заму́жняя ж. विवाहित स्त्री ; молода́я ж. युवती ; ж.-врач डाक्टरनी (लेडी डाक्टर) ; २. स्त्री जाति ।

жердь (स्त्री०) चिड़ियों के बैठने का अड्डा ; худо́й как ж. छड़ी की तरह पतला ।

жереб||ёнок (पुं०) घोड़ी का बच्चा ; **—и́ться** (आत्म०) **ожереби́ться** (पू०) (प्रथम और मध्यम पुरुष के रूप प्रयुक्त नहीं होते) घोड़ी का बच्चा देना ; ब्याहना ; **—е́ц** (पुं०) बीजाश्व ; बिना आख़्ता किया हुआ घोड़ा ।

жеребьёвка (स्त्री०) (लाटरी में) पर्ची डालने की क्रिया ।

жерло́ (नपुं०) १. बन्दूक की नाली का मुँह ; २. ज्वालामुखी पहाड़ का मुख ।

жёрнов = жо́рнов.

же́ртв||а (स्त्री०) १. बलिदान ; बलि ; भेंट ; क़ुर्बानी ; приноси́ть —у बलिदान करना ; २. शिकार ; стать —ой शिकार होना ; **—енник** (पुं०) बलिवेदी ; **—енный** (वि०) बलिदान-सम्बन्धी ; भेंट-सम्बन्धी ।

же́ртвователь (पुं०), **—ница** (स्त्री०) दानी ; भेंट करनेवाला/वाली ; बलिदान करनेवाला/वाली ।

же́ртвовать (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० —вую) बलिदान करना ; क़ुर्बानी करना ; भेंट देना ।

жертвоприноше́ние (नपुं०) बलि ; भेंट ; क़ुर्बानी ।

жест (पुं०) चेष्टा ; इशारा ; **—икули́ровать** (अपू०) (वर्त० —рую) चेष्टाएँ करना ; मुद्राएँ बनाना ; **—икуля́ция** (स्त्री०) चेष्टाएँ करने की क्रिया ।

жёстк||ий (वि०) कठोर ; कड़ा ; सख़्त ; —ие во́лосы मोटे बाल ; ж. ваго́н बिना गद्दों की जगहोंवाला रेल का डिब्बा ; —ие ме́ры सख़्त कार्यवाही ।

жесто́к||ий (वि०) क्रूर ; निष्ठुर ; पाशविक ; —ая боль सख़्त दर्द ।

жестокосе́рд||ие (नपुं०) कठोर-हृदयता ; निर्ममता ; क्रूरता ; **—ный** (वि०) कठोर-हृदय ; निर्मम ; क्रूर ।

жесто́кость (स्त्री०) क्रूरता ; निर्दयता ।

жест||ь (स्त्री०) लोहे की चादर ; टीन ; **—я́ник** (पुं०) टीनसाज़ ; कसेरा ; **—я́нка** (स्त्री०) टीन का डिब्बा ; **—яно́й** (वि०) жесть से वि० ; —яна́я посу́да टीन के बर्तन ।

жето́н (पुं०) तमग़ा ; टोकन ।

жечь (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० жгу, жжёшь) १. जलाना ; я сжёг бума́гу मैंने काग़ज़ जला दिया ; ого́нь сжёг бума́гу काग़ज़ जल गया ; २. (केवल अपू०) (बिच्छू आदि का) डंक (मारकर) जलन पैदा करना ; डंक मारना ।

же́чься (आत्म० अपू०) जलन होना ; (बिच्छू का) डंक मारना ।

жже́ние (नपुं०) जलने की क्रिया ; जलन ।

жжёнка (स्त्री०) तेज़ शराबों और फलों को

मिलाकर तैयार किया गया एक पेय-विशेष ।

живи́тельный (वि०) जीवनप्रद ; प्राण फूँकनेवाला ।

жи́вность (स्त्री०) (समू०) मुर्ग़ीख़ाना ।

жи́во (क्रि० वि०) १. सजीवता से ; प्राणवत्ता से ; २. शीघ्रतापूर्वक ; жи́во ! живе́й जल्दी कीजिए ।

живодёр (पुं०) चमार ; मरे हुए पशुओं की चमड़ी उतारने का व्यवसाय करनेवाला ; **—ня** (स्त्री०) मरे हुए पशुओं की चमड़ी उतारने की जगह ।

жив||о́й (वि०) जीवित ; सजीव ; सोत्साह ; जोशीला ; फ़ुर्तीला ; жив и здоро́в राज़ी-खुशी/कुशलक्षेम (से) ; пока́ жив бу́ду आजीवन ; —ы́е цветы́ ताज़े फूल ; असली फूल ।

живопи́сец (पुं०) चित्रकार ।

живопи́сн||ость (स्त्री०) सुन्दरता ; सुरम्यता ; **—ый** (वि०) १. चित्र-सम्बन्धी ; चित्रमय ; २. चित्र के सदृश ; अतिसुन्दर ।

жи́вопись (स्त्री०) (रंगीन) चित्र ।

живородя́щие (वि०) जीवित बच्चा जननेवाले (पशु) ।

живоры́бный (वि०) ж. садо́к मछलियों का तालाब ।

жи́вость (स्त्री०) सजीवता ; उत्साह ; स्फूर्ति ; फ़ुर्तीलापन ।

живо́т (पुं०) **I.** उदर ; पेट ; у него́ боли́т ж. उसके पेट में दर्द है ; **II.** जीवन ; не на ж. а на́ смерть प्राण हथेली पर रखकर ; जान की बाज़ी लगाकर ।

живо́тик (पुं०) живо́т का अल्प० ।

животново́д (पुं०) पशुपालक ; **—ство** (नपुं०) पशुपालन ; पशु-प्रजनन ; **—ческий** (वि०) पशुपालन/पशुप्रजनन-सम्बन्धी ।

живо́тн||ое (नपुं०) (वि० रू०) पशु ; जानवर ; पशु-प्रकृति मनुष्य ; вью́чное ж. लद्दू पशु ; хи́щное ж. हिंस्र पशु ; **—ый** (वि०) १. पाशविक ; पशु-सम्बन्धी ; २. पशु-प्रकृतिवाला ।

животрепе́щущ||ий (वि०) रोमांचकारी ; महत्वपूर्ण ; —ая но́вость रोमांचकारी/उत्तेजक समाचार ; ж. вопро́с महत्वपूर्ण प्रश्न ।

живу́ч||есть (स्त्री०) प्राणवत्ता ; जीवन; प्राण ; **—ий** (वि०) प्राणवान् ; सप्राण ; живу́ч как ко́шка उसकी जीवन-क्षमता बिल्ली की-सी है ।

живу́щ||ий १. жить से कृदन्त ; २. (संज्ञा) (वि० रू०) प्राणी ; всё —ее सब प्राणी ।

жи́вчик (पुं०) १. सजीव/फ़ुर्तीला प्राणी ; २. शुक्राणु ।

живьём (क्रि० वि०) जीवित ।

жи́дк||ий (वि०) १. तरल ; द्रव ; पतला ; पनीला ; —ое молоко́ पतला (पनीला) दूध ; २. छितरा ; विरल ; —ие во́лосы छितरे बाल ; ३. दुर्बल ; कमज़ोर ; **—ость** (स्त्री०) तरलता ।

жи́жа (स्त्री०) कर्दम ; कीचड़ ; तलछट ; गाढ़ा तरल पदार्थ ।

жи́жица (स्त्री०) жи́жа का अल्प० ।

жизнеде́ятельн||ость (स्त्री०) क्रियाशीलता ; कर्मण्यता ; **—ый** (वि०) क्रियाशील ; कर्मण्य ।

жи́зненн||ость (स्त्री०) प्राणशक्ति ; **—ый** (वि०) महत्वपूर्ण ; —ый вопро́с महत्वपूर्ण प्रश्न ; —ый путь जीवन ।

жизнеописа́ние (नपुं०) जीवनी ; जीवन-वर्णन ।

жизн||ь (स्त्री०) जीवन ; о́браз —и रहने का ढंग ; обще́ственная ж. सार्वजनिक जीवन ; зажи́точная ж. ऐश्वर्य का जीवन ; показна́я ж. दिखावे का जीवन ; похо́дная ж. कैम्प-जीवन ; борьба́ за ж. जीवन-संघर्ष ; лиши́ть себя́ —и आत्मघात करना ; проводи́ть что-л. в ж. कार्यान्वित करना ; уме́ренный о́браз —и सादा जीवन ; зараба́тывать на ж. जीविका कमाना ; сре́дства к —и जीवन-साधन ; जीविका ; при —и जीवनकाल में ; вопро́с —и и сме́рти जीवन और मरण का प्रश्न ।

жиклёр (पुं०) जेट (कारबोरेटर) ।

жи́ла (स्त्री०) १. पुट्ठा ; रग ; २. शिरा ; रक्तवाहिनी नस ; ३. मक्खीचूस ; दूसरों का खून

चूसनेवाला ; लुटेरा ।

жиле́т (पुं॰), **—ка** (स्त्री॰) वास्कट ; बंडी ; **—ный** (वि॰) वास्कट का ; —ный карма́н वास्कट की जेब ।

жиле́ц (पुं॰) रहनेवाला ; किरायेदार ।

жи́листый (वि॰) पुट्ठेदार ।

жили́ца (स्त्री॰) रहनेवाली ; किरायेदारनी ।

жили́щ||е (नपुं॰) निवास-स्थान ; मकान ; **—ный** (वि॰): —ное строи́тельство मकानों का निर्माण ।

жи́лка (स्त्री॰) शिरा ; रक्तवाहिनी नस ; (वन॰) रेशा ।

жил||о́й (वि॰) रिहायशी ; रहने के योग्य ; निवास करने के योग्य ; —а́я ко́мната रिहायशी कमरा ।

жиль||ё (नपुं॰) निवास ; निवास-स्थान ; रिहायश ; в по́исках —я निवास-स्थान की तलाश में ।

жи́молость (स्त्री॰) मधुचूष (एक प्रकार का सुगन्धित फूल का पौधा) ।

жир (पुं॰) चर्बी ; चिकनाहट ; расти́тельный ж. वनस्पति घी (तेल) ; ры́бий ж. मछली का तेल ।

жира́ф (पुं॰), **—а** (स्त्री॰) जिराफ़ (अफ़्रीका देश का एक पशु) ।

жире́ть (अपू॰), **раз—** (पू॰) मोटा होना ; स्थूल होना ।

жи́рный (वि॰) १. मोटा ; स्थूल ; २. चिकना ; चर्बीदार ।

жи́ро (नपुं॰) पृष्ठांकन (अंग्रेज़ी—एंडोर्समेंट) ।

жиров||и́к (पुं॰) १. (एक प्रकार का पत्थर) स्टीटाईट ; २. मोटा फोड़ा ; **—о́й** (वि॰) चर्बीदार; चर्बी से भरा हुआ ।

жироприка́з (पुं॰) पृष्ठांकन (दे॰ жи́ро) ।

жите́йск||ий (वि॰) दैनिक जीवन-सम्बन्धी ; जागतिक ; दुनियावी ; ☐ де́ло —ое यह तो दैनिक जीवन की बात है ।

жи́тель (पुं॰), **—ница** (स्त्री॰) निवासी / निवासिनी ; अधिवासी ; городско́й ж. नगर-निवासी ; се́льский ж. ग्राम-निवासी ; **—ство** (नपुं॰) निवास ; ме́сто —ства निवास-स्थान ।

жи́тница (स्त्री॰) धान्यागार ; खत्ती ।

жи́то (नपुं॰) अनाज (बिना पिसा हुआ) ।

жить (अपू॰) (वर्त॰ живу́, живёшь) रहना ; जीना ; दिन बिताना ।

жить||ё (नपुं॰) जीवन ; अस्तित्व ; —я нет जीवन दूभर है ; ж.-бытьё जीवन ; रहने का ढंग ।

жи́ться (आत्म॰ अपू॰) (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ живётся непло́хо वह खासा खाता-पीता है ।

жму́рить (अपू॰) ж. глаза́ = жму́риться.

жму́риться (आत्म॰ अपू॰) आँखें तरेरना ।

жму́рки (बहु॰) आँखमिचौली का खेल ; игра́ть в ж. आँखमिचौली खेलना ।

жмыхи́ (बहु॰) खली ; बिनौलों की खली ।

жне́йка (स्त्री॰) फ़सल काटने की मशीन ।

жнец (पुं॰) फ़सल काटनेवाला ।

жнея́ (स्त्री॰) १. = жни́ца ; २. = жа́твенная маши́на.

жни́во = жнивьё.

жнивьё (नपुं॰) १. (अन्न के पौधे का) ठूँठ ; २. कटा हुआ खेत ।

жни́ца (स्त्री॰) फ़सल काटनेवाली ।

жоке́й (पुं॰) (घुड़दौड़ का) जॉकी ।

жо́лоб (पुं॰) (लकड़ी या लोहे आदि का बना) परनाला ।

жо́лудь (पुं॰) शाहबलूत का फल ।

жонглёр (पुं॰) जादूगर ; मदारी ।

жо́рнов (पुं॰) चक्की का पाट ।

жрать (अपू॰), **сожра́ть** (पू॰) हड़प जाना ; निगल जाना ।

жре́бий (पुं॰) लाटरी ; प्रारब्ध ; भाग्य ; броса́ть ж. लाटरी की पर्चियाँ डालना ; ж. пал на меня́ यह मेरे भाग्य में लिखा था ।

жрец (पुं॰) पुरोहित ।

жре́ческий (वि॰) पुरोहित का ।

жужжа́ние (नपुं॰) भिनभिनाहट ; भर्राहट ।

жук (पुं॰) गुबरैला ।

жу́лик (पुं॰) धूर्त ; शठ ; दुर्जन ; कपटी ; ठग ।

жу́льнич||ать (अपू॰), ठगना ; छल-कपट करना ; **—ество** (नपुं॰) ठगी ; छल-कपट ; धूर्तता ।

жу́пел (पुं॰) हौआ ।

журáвль (पुं०) **I.** सारस (एक पक्षी) ; ☐ не сулú —я́ в нéбе, дай синúцу в рýки नौ नगद न तेरह उधार ; हाथ की आधी भली ; **II.** घिरनी ; कुएं से पानी निकालने की चर्ख़ी ।

журúть (अपू०), **по—** (पू०) झिड़की देना ; फटकारना ; झाड़ना ; बुरा-भला कहना ।

журнáл (पुं०) १. पत्र ; पत्रिका ; ежéмесячный ж. मासिक पत्रिका ; २. दैनन्दिनी ; डायरी ; ३. बहीखाता ; **—úст** (पुं०) पत्रकार ; **—úстика** (स्त्री०) पत्रकार-कला ; पत्रकारिता ।

журчáние (नपुं०) (जल का) कलकल शब्द ।

жýтк‖ий (वि०) भयंकर ; डरावना ; мне —о मुझे डर लगता है ।

жуть (स्त्री०) भय ; आतंक ; меня́ ж. берёт मुझे भय लग रहा है ।

жучóк (पुं०) жук का अल्प० ।

жюрú (नपुं०) जूरी ; अभिनिर्णायक ; जूरी का सदस्य ; (खेल में) निर्णायक ; अंककार ; मध्यस्थ ।

З

за (अ०) १. पीछे : पार ; दूसरी ओर ; за шкáфом, за шкаф अलमारी के पीछे ; за рекóй, зá реку नदी के पार ; за ворóтами, за ворóта फाटक के दूसरी ओर ; २. पर ; си́дя за пи́сьменным столóм लिखने की मेज़ पर बैठकर ; за обéдом खाने पर ; за шáхматами शतरंज खेलते हुए ; проводи́ть вéчер за чтéнием पढ़ने में शाम बिता देना ; ३. पश्चात् ; पीछे ; день за днём दिन-प्रतिदिन ; бежáть, гнáться за кем-л. किसी के पीछे भागना ; охóтиться за зáйцами खरगोश का शिकार करना ; ४. को ; के लिए ; посылáть за врачóм डाक्टर को बुला भेजना ; éздить за билéтами टिकट लेने के लिए जाना ; ५. के कारण ; за недостáтком, за неимéнием अभाव के कारण ; за отсýтствием अनुपस्थिति में ; за стáростью лет बुढ़ापे के कारण ; ६. -की ख़ातिर ; -के वास्ते ; -के लिए ; борóться за свобóду स्वाधीनता के लिए लड़ना ; беспокóиться за когó-л. किसीके लिए चिन्ता करना ; награждённый за что-л. किसी काम आदि के लिए पुरस्कृत ; благодари́ть когó-л. за что-л. (किसी बात के लिए) किसी को धन्यवाद देना; за дéсять рублéй दस रूबल के लिए अर्थात् दस रूबल मूल्य पर ; ७. -के स्थान पर ; -की ओर से; जितना ; बराबर ; распи́сываться за когó-л. (किसीके स्थान पर अथवा किसी की ओर से) हस्ताक्षर करना ; рабóтать за трои́х तीन के बराबर काम करना अथवा तीन का काम करना ; ८. (समय) में ; भीतर ; दौरान में ; за послéдние дéсять лет पिछले दस वर्षों में ; э́то мóжно сдéлать за час यह एक घंटे के भीतर किया जा सकता है ; ९. पूर्व ; पहले ; за мéсяц до э́того इससे एक मास पूर्व ; за недéлю до прáздников छुट्टियों से एक सप्ताह पहले ; १०. दूरी पर ; за двáдцать киломéтров от Москвы́ मास्को से बीस किलोमीटर की दूरी पर ; ११. से ; брáть, вести́ когó-л. зá руку किसीको हाथ से पकड़कर ले जाना ; дёргать, тянýть когó-л. зá волосы किसीको बालों से पकड़कर खींचना ; ☐ зá городом, зá город शहर के बाहर ; за рубежóм विदेश ; быть (зáмужем) за кем-л. किसीसे किसी (स्त्री) का विवाह होना ; за ним дéсять рублéй उससे दस रूबल लेने हैं ; за и прóтив पक्ष में और विपक्ष में ; зá сорок चालीस से ऊपर ; зá полночь निशीथ के बाद ; अर्धरात्रि के पश्चात् ; आधी रात के बाद ।

за- (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं : १. कार्य के आरम्भ होने का अर्थ, जैसे запéть (गाने लगना या गाना आरम्भ करना) ; २. किसी वस्तु के किनारे या सतह पर अथवा छूते हुए कार्य के सम्पन होने का अर्थ (जैसे над के साथ) запили́ть=надпили́ть (ऊपर चीरना) ; ३. कार्य के किसी सीमा तक होने का अर्थ, जैसे ; залéзть на сáмый верх चोटी पर चढ़ जाना ; ४. अत्यधिक (अर्थात् सीमा से बढ़कर) का अर्थ, जैसे закорми́ть (अत्यधिक खिलाना) ; задари́ть (उपहारों से लाद देना); ५. —ся (—сь) में अन्त होनेवाली क्रियाओं में कार्य के सीमा से बाहर तक होने तथा कार्य के बहुत देर तक जारी रहने पर कर्ता पर ज़ोर पड़ने या उसके थक जाने का अर्थ, जैसे зарабóтаться (अधिक देर काम करने से थक जाना) ; ६. रास्ते में जाते-जाते किसी के यहाँ थोड़े समय के लिए रुकने या मिलने का अर्थ, जैसे заходи́ть.

заалéть (पू०) १. लाल होना ; चमकना ; २. алéть का पू० ।

зааплоди́ровать (पू०) (—рую) तालियाँ बजाना शुरू करना ; वाह-वाह करने लगना ।

заарендóвывать (अपू०), **заарендовáть** (पू०) (भवि० —дýю) किराये पर लेना ।

заартáчиться दे० артáчиться.

заатланти́ческий (वि०) प्रशान्त महासागर पार का ।

заба́в||а (स्त्री०) १. मनोविनोद ; मनोरंजन ; दिलबहलाव ; २. क्रीड़ा ; खेल ; де́тская з. बच्चों का खेल ; **—ля́ть** (अपू०) (दूसरे का) मन बहलाना ; मनोरंजन करना ; **—ля́ться** (आत्म०) (अपना) मन बहलाना ; मनोरंजन करना ; **—ник** (पुं०) विनोदी ; मनोरंजन करनेवाला ; हँसने-हँसानेवाला आदमी ।

заба́вн||о (क्रि० वि०) १. विनोदपूर्वक ; मज़े से ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ з. उसे यह बात बड़ी मज़ेदार लगती है ; **—ый** (वि०) विनोदपूर्ण ; मनोरंजक ; मज़ेदार ; —ый слу́чай मज़ेदार घटना ।

забаллоти́ровать (पू०) किसी के विपक्ष में वोट देना ।

забараба́нить (पू०) (ढोल आदि) बजाने लगना ; थपथप का शब्द करने लगना ।

забастова́ть (पू०) (—ту́ю) हड़ताल करना ।

забасто́в||ка (स्त्री०) हड़ताल ; политúческая з. राजनीतिक हड़ताल ; всео́бщая з. आम हड़ताल ; з. солида́рности सहानुभूति में हड़ताल ; **—очный** (वि०) हड़ताल-सम्बन्धी ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) हड़ताली ; हड़ताल करनेवाला/वाली ।

забве́ние (नपुं०) विस्मरण ; विस्मृति ।

забе́г (पुं०) दौड़-प्रतियोगिता ।

забе́гать (पुं०) भागदौड़ करने लगना ; (नज़र, आँखें) इधर से उधर दौड़ाना ।

забега́ть (अपू०), **забежа́ть** (पू०) (भवि० забегу́, забежи́шь) १. किसीसे मिलने जाना ; (जाते-जाते रास्ते में) किसीके यहाँ रुकना ; २. (बहुत दूर) भाग जाना ; भागकर पहुँचना ; ☐ з. вперёд आगे दौड़ना ; з. вперёд в расска́зе कथा का अन्त पहले से ही जान लेना ।

забе́гаться (आत्म० पू०) भागते-भागते थककर चूर हो जाना ।

забежа́ть दे० забега́ть.

забели́ть (पू०) १. सफ़ेद रोग़न करना ; २. (शोरबे आदि में) दूध या मलाई डालना ; з. суп молоко́м दूध डालना ।

забере́менеть दे० бере́менеть.

забеспоко́иться (आत्म० पू०) १. चिन्ता करने लगना ; २. беспоко́иться का पू० ।

забива́ть (अपू०), **заби́ть** (पू०) (भवि० забью́, забьёшь) १. (हथौड़े आदि से) ठोकना ; गाड़ना ; २. (ठूँसकर) भर देना ; (तख़्ते वग़ैरा ठोककर) द्वार आदि बन्द कर देना ; з. о́кно до́сками तख़्ते ठोककर खिड़की बन्द कर देना ; ३. (से) बाज़ी ले जाना ; बढ़ जाना ; ४. (फ़ुटबाल आदि में) गोल करना ; ☐ з. го́лову кому́-л. किसीके मस्तिष्क में मूर्खतापूर्ण विचार भर देना ; **—ся** (आत्म०) १. छिपना ; —ся в у́гол कोने में छिप जाना ; २. अवरुद्ध हो जाना ; ३. забива́ть का कर्मवाच्य ।

забинто́вывать (अपू०), **забинтова́ть** (पू०) (भवि०—ту́ю) (घाव आदि पर) पट्टी बाँधना ।

забира́ть (अपू०), **забра́ть** (पू०) (भवि० заберу́, заберёшь) ; १. ले लेना ; एकत्र करना ; अधिकार जमाना ; क़ब्ज़ा करना ; (भावनाओं पर) क़ाबू पाना ; २. टाँका लगाना ; **—ся** (आत्म०) (चिड़ियों आदि का) अड्डे पर बैठना ; चढ़ना ; चढ़ जाना ; он забра́лся на кры́шу वह छत पर चढ़ गया ।

заби́ть -I दे० забива́ть.

заби́ть -II (पू०) १. पीटना शुरू करना ; २. бить का पू० ; **—ся** (आत्म०) दे० १. забива́ться ; २. बजने लगना ; у него́ заби́лось се́рдце उसका हृदयं धड़कने लगा ।

забия́ка (उभ०) झगड़ालू ; कलहकारी ।

заблаговре́менн||о (क्रि० वि०) नियत समय से पूर्व ; पहले से ही ; शीघ्र ; я прие́хал на вокза́л з. मैं रेलवे स्टेशन पर नियत समय से पहले आ गया ; **—ый** (वि०) नियत समय से पूर्व किया हुआ ।

заблагорассу́ди||ться (आत्म० पू०) (प्रथम और मध्यम पुरुष के रूप प्रयुक्त नहीं होते)

де́лает что ему́ —тся वह जो चाहता है करता है ; ему́ не —лось мне отве́тить उसने मुझे उत्तर देना व्यर्थ समझा ।

заблесте́||ть (पू०) (भवि० заблещу́, заблести́шь) १. चमकने लगाना ; её глаза́ —ли उस (स्त्री/बालिका) की आँखें चमकने लगीं ; २. блесте́ть का पू० ।

забле́ять (पू०) १. (भेड़ों का) मिमियाना शुरू करना ; २. бле́ять का पू० ।

заблиста́ть दे० заблесте́ть.

заблуди́ться (आत्म० पू०) (заблужу́сь, заблу́дишься) रास्ता भूल जाना ; भटक जाना ।

заблужд||а́ться (आत्म० अपू०) ग़लती करना ; **—е́ние** (नपुं०) ग़लती ; भ्रान्ति ; भ्रम ; быть в —е́нии ग़लती पर होना ; भ्रम में पड़ना ।

забода́ть (पू०) (सींगों से) टक्कर लगाकर मार देना या घायल कर देना ; его́ коро́ва забода́ла उसको गाय ने मारा ।

забо́й (पुं०) खोदा हुआ स्थान ; **—щик** (पुं०) खान से कोयला निकालनेवाला ।

забола́чиваться (आत्म० अपू०), **заболоти́ться** (आत्म० पू०) (भवि० अन्य पुरुष का रूप заболо́тится) दलदल से ढक जाना ; दलदल हो जाना ।

заболева́||емость (स्त्री०) रोग की प्रवृत्ति ; रोगियों की प्रतिशत संख्या ; **—ние** (नपुं०) रोग ; बीमारी ;

заболева́ть (अपू०), **заболе́ть** (पू०) रोगग्रस्त होना ; बीमार पड़ना ।

заболе́ть (पू०) **I.** दे० заболева́ть ; **II.** पीड़ा आरम्भ होना ; दर्द शुरू होना ; у него́ заболе́ла голова́ उसके सिर में दर्द होने लगा ; у него́ заболе́ло го́рло उसके गले में दर्द होने लगा ।

за́болонь (स्त्री०) रस-दारू ; रसकाष्ठ-वृक्ष (अंग्रेज़ी—सैपवुड)

заболта́ться (आत्म० पू०) (с) (किसीसे) लम्बी बातें करना ; बातों में समय भूल जाना ; गप्पें झोंकना ।

забо́р (पुं०) मेंड़ ; बाड़ ।

забо́ристый (वि०) (शराब, तम्बाकू आदि) तीखा ; तेज़ ; तीव्र ।

забо́рн||ый (वि०) **I.** १. забо́р से वि० ; २. अशिष्ट ; भद्दा ; **II.** —ая кни́жка राशन के हिसाब का रजिस्टर ।

заборони́ть (पू०) हेंगी चलाना ; पटेला करना ।

забо́т||а (स्त्री०) १. चिन्ता ; २. कष्ट ; देखभाल ; □ без забо́т चिन्तारहित ; **—и́ть** (अपू०) (забо́чу, забо́тишь) परेशान करना ; चिन्ता उत्पन्न करना ; э́то его́ о́чень забо́тит इससे वह बहुत चिन्तित है ; э́то его́ ма́ло забо́тит इसकी उसे कम चिन्ता है ; **—иться** (आत्म०) देखभाल करना ; (के लिए) परेशान होना ; चिन्ता करना ; —иться о своём здоро́вье अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना ; **—ливость** (स्त्री०) देखभाल ; चिन्ता ; ध्यान ; **—ливый** (वि०) विचारपूर्ण ; सचिन्त; सावधान ।

забракова́ть दे० бракова́ть.

забра́л||о (नपुं०) (सेना०) मुखत्राण ; □ с откры́тым —ом निष्कपटता से ; साफ़-साफ़ ।

забра́сывать -I (अपू०), **заброси́ть** (पू०) (भवि० заброшу́, забро́сишь) १. दूर फेंकना ; з. мяч गेंद फेंकना ; судьба́ забро́сила его́ на се́вер भाग्य ने उसे उत्तर में जा पटका ; २. उपेक्षा करना ; त्यागना ; छोड़ देना ; ३. (-की) व्यवस्था करना ; (किसी व्यक्ति या वस्तु को) कहीं ले जाना / लाना ।

забра́сывать -II. (अपू०), **заброса́ть** (पू०) १. चारों ओर बिखराना ; बौछार करना ; वर्षा करना ; арти́стов заброса́ли цвета́ми कलाकारों पर फूल बरसाये गये ; заброса́ть кого́-л. камня́ми किसी पर पत्थर फेंकना / बरसाना ; २. भर देना ; ढक देना ।

забра́ть(ся) दे० забира́ть(ся).

забре́дить (पू०) (забре́жу, забре́дишь) प्रलाप करना ; अचेत अवस्था में बड़बड़ाने लगना ।

забре́зжи||ть (पू०) दिखायी पड़ना ; प्रकाश या उजाला शुरू होना ; чуть —л свет दिन चढ़ा

ही था ; —ло दिन चढ़ रहा था ; उजाला हो रहा था ।

забрести́ (पू०) (забреду́, забредёшь) (भटककर या भूल से) कहीं पहुँच जाना ; (जाते-जाते) रास्ते में कहीं अटक जाना ।

забри́ть (पू०) (किसीको) सेना में भरती करना ; ☐ з. лоб (ऐतिहासिक) सेना में भरती करना ; (प्राचीन रूस में नये रँगरूटों का सिर मूँड दिया जाता था) ।

заброни́ровать दे० брони́ровать.

забро́с (पुं०) де́ти в —е उपेक्षित बच्चे ।

заброса́ть दे० забра́сывать-II.

забро́сить दे० забра́сывать-I.

забро́шенный : १. забра́сывать-II से कृदन्त ; २. (वि०) उपेक्षित ; परित्यक्त ; छोड़ा हुआ ; з. дом छोड़ा हुआ घर ; з. ребёнок परित्यक्त बालक ।

забры́згивать (अपू०), **забры́згать** (पू०) (पानी या कीचड़ के) छींटे मारना ; उछालना ; забры́згать гря́зью कीचड़ के छींटे मारना ।

забрюхате́ть (पू०) पेट होना ; गर्भ धारण करना ।

забубённ||ый (वि०) निश्चिन्त ; फक्कड़ ; —ая голо́вушка लम्पट ; फक्कड़ ।

забулды́га (स्त्री०) लम्पट ; विषयासक्त ; शराबी ।

забути́ть दे० бути́ть.

забушева́ть (पू०) (—шу́ю) १. क्रोधावेश में आने लगना ; २. бушева́ть का पू० ।

забуя́нить (पू०) उच्छृंखल होना ।

забыва́ть (अपू०), **забы́ть** (पू०) (भवि० забу́ду, забу́дешь) भूल जाना ; з. оби́ду अपमान को भूल जाना ; он соверше́нно забы́л об э́том वह इसे बिल्कुल भूल गया ; и ду́мать забу́дь इसका विचार भी छोड़ दो ; इसको मस्तिष्क से निकाल दो ; ☐ что он там забы́л ? उसका वहाँ क्या काम है ? ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) भूल जाना ; ध्यानमग्न होना ; २. забы́ть का कर्मवाच्य ।

забы́вчив||ость (स्त्री०) विस्मरणशीलता ; भुलक्कड़पन ; **—ый** (वि०) विस्मरणशील ; भुलक्कड़ ।

забы́т||ый: забы́ть से कृदन्त ; —ые ве́щи खोयी हुई वस्तुएँ ।

забы́ть दे० забыва́ть.

забытьё (नपुं०) मूर्च्छा ; बेहोशी ; तन्द्रा ; впасть в з. मूर्च्छित होना ; बेहोश होना ।

зав = заве́дующий.

зава́л (पुं०) १. रुकावट ; अवरोध ; снéжные —ы बर्फ़ के कारण रुकावटें ; २. बदहज़्मी ; क़ब्ज़ी ; अजीर्ण ।

зава́ливать (अपू०), **завали́ть** (पू०) १. (गढ़ा आदि) मुँह तक भरना ; з. я́му गढ़ा भर देना ; २. रास्ता रोक देना ; брёвна́ми завали́ли у́лицу तख़्तों से सड़क का रास्ता रुक गया है ; ३. बिखरा देना ; двор завалён му́сором सहन में कूड़ा-कर्कट बिखरा पड़ा है ; ४. अत्यधिक भर देना ; магази́ны завале́ны о́вощами दूकानें सब्ज़ियों से भरी पड़ी हैं ; ५. (काम आदि से) लादना ; служа́шие завале́ны рабо́той नौकर काम से दबे पड़े हैं ; ६. (पर) रखना ; टेकना ; з. шкаф к сте́не अलमारी दीवार के सहारे खड़ी करना ; **—ся** (आत्म०) १. (गिरकर) खो जाना ; (बीच में या पीछे) गिर जाना ; кни́га завали́лась за дива́н पुस्तक सोफ़े के पीछे गिर गयी है ; २. —ся спать सो जाना ; ३. गिर जाना ।

зава́линка (स्त्री०) ज़ावालीन्का (रूसी किसान के घर के इर्द-गिर्द मिट्टी का पुश्ता) ।

за́вал||ь (स्त्री०) १. (केवल एकवचन) काठ-कबाड़ ; कूड़ा-कर्कट ; **—я́ться** (आत्म० पू०) १. बिना प्रयोग में आये अथवा बिना हिले-जुले बहुत देर तक पड़े रहना ; заявле́ние завали́лось в конто́ре प्रार्थना-पत्र दफ़्तर में ही बहुत समय तक पड़ा रहा ; २. (माल) न बिकना ; **—я́щий** (वि०) रद्दी ; —я́щая книжо́нка रद्दी किताब ।

зава́ривать (अपू०), **завари́ть** (पू०) १. (चाय, काफ़ी) और उबालना ; २. खौलता हुआ पानी गिराना ; खौलते हुए पानी या भाप से झुलसाना ; ३. आरम्भ करना ; ☐ сам завари́л ка́шу, сам и расхлёбывай ! जैसी करनी वैसी भरनी ; **—ся** (आत्म०) чай заварился चाय तैयार है ।

завáрк||а (स्त्री०): чáю остáлось на однý —у केवल एक बार के लिए चाय रह गयी है ; केवल एक केतली के लिए चाय रह गयी है ।

заварнóй (वि०) १. उबालने का ; з. котёл (चाय आदि) उबालने की केतली ; २. आधा उबला हुआ ।

заведéние (नपुं०) संस्था ; ☐ учéбное з. विद्यालय; पाठशाला ; прáчечное з. कपड़े धोने का कारख़ाना ; लांडरी ; питéйное з. मधुशाला ; शराबख़ाना ।

завéдова||ние (नपुं०) प्रबन्ध ; देखरेख ; **—ть** (अपू०) (—дую) प्रबन्ध करना ; देखरेख करना ।

завéдом||о (क्रि० वि०) जान-बूझकर ; जानते-समझते हुए ; **—ый** (वि०) कुख्यात ; он —ый лентя́й वह आलस्य के लिए कुख्यात (प्रसिद्ध) है ।

завéдующий (पुं०) (वि० रू०) प्रबन्धकर्ता ; मैनेजर ; अध्यक्ष ; з. канцеля́рией हेडक्लर्क ; з. магазúном दूकान का मैनेजर/प्रबन्धकर्ता ; з. шкóлой मुख्याध्यापक ; प्रधानाध्यापक ; हेडमास्टर ।

завéдывание = завéдование

завéдывать = завéдовать

завезтú दे० завозúть

завербовáть दे० вербовáть.

завер||éние (नपुं०) १. निश्चित वक्तव्य ; घोषणा ; निश्चयपूर्वक कहना ; २. गवाही ; साक्ष्य ; **—úтель** (पुं०), **—úтельница** (स्त्री०) गवाह ; साक्षी ।

завéрить दे० заверя́ть.

завернýть (ся) दे० завёртывать(ся).

завертéть (पू०) (भवि० заверчý, завéртишь) १. घुमाने लगना ; घुमाना आरम्भ करना ; २. вертéть का पू० ; ३. з. когó-л. किसीकी बुद्धि फेर देना ; **—ся** (आत्म०) १. घूमने लगना ; २. вертéться का पू० ; बुद्धि खोना ।

завёртывать (अपू०), **завернýть** (पू०) १. (काग़ज आदि) लपेटना ; २. (एक ओर को) मोड़ना ; ३. (रास्ते में) किसी स्थान पर अटकना / ठहरना ; ४. (पेच आदि) कसना ; ५. (आस्तीन आदि) ऊपर चढ़ाना ; लपेटना ; **—ся** (आत्म०) १. (कम्बल आदि) ओढ़ना ; २. मुड़ जाना ; तह किया जाना ; ३. завёртывать का कर्मवाच्य ।

завершáть (अपू०), **завершúть** (पू०) पूरा करना ; समाप्त करना ; **—ся** (आत्म०) पूरा होना ; समाप्त होना ।

заверш||áющий завершáть से कृदन्त ; अन्तिम ; **—éние** (नपुं०) समाप्ति ; पूर्ति ।

завершúть(ся) दे० завершáть(ся).

заверя́ть (अपू०), **завéрить** (पू०) १. आश्वासन देना ; २. साक्ष्यांकित करना ; प्रमाणित करना ।

завéс||а (स्त्री०) पर्दा ; आवरण ; ☐ приподня́ть —у पर्दा उठाना ।

завéсить दे० завéшивать.

завестú दे० заводúть.

завéт (पुं०) (किसी महापुरुष का अगली पीढ़ी के लिए) अनुदेश ; प्रवचन ; з. Лéнина लेनिन का अनुदेश ; **—ный** (वि०) १. निहित ; —ный клад छिपा हुआ ख़ज़ाना ; २. पवित्र ; पावन ।

завéшивать (अपू०), **завéсить** (पू०) (भवि० завéшу, завéсишь) पर्दा गिराना ; з. óкна खिड़की का पर्दा गिराना ; з. портрéт चित्र को पर्दे से ढकना ।

завещá||ние (नपुं०) रिक्थ-पत्र ; वसीयतनामा ; **—тель** (पुं०) रिक्थकर्ता ; वसीयत करनेवाला ; **—тельный** (वि०) रिक्थ-पत्र का ; वसीयतनामा-सम्बन्धी; **—ть** (अपू० और पू०) रिक्थ-पत्र लिखना; वसीयत करना ।

завзя́тый (वि०) पक्का ; असली ; з. охóтник पक्का शिकारी ।

завивáть (अपू०), **завúть** (पू०) (भवि० завью́, завьёшь) (बाल) घूँघरदार बनाना ; घुँघराले बनाना ; लच्छे बनाना ; **—ся** (आत्म०) अपने बालों को घूँघरदार (घुँघराले) बनाना/लच्छेदार बनाना ।

завúвк||а (स्त्री०) १. घूँघरदार (घुँघराले) बाल बनाने का कार्य ; дéлать —у अपने बाल घूँघरदार

(घुँघराले) बनाना ; २. घूँघर ।

зави́деть (पू०) (भवि० зави́жу, зави́дишь) दूर से देखना ।

зави́дн||о (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ з. उसे रश्क है ; **—ый** (वि०) स्पृहणीय ; रश्क के लायक़ ।

зави́довать (अपू०), **по—** (पू०) (—дую) रश्क करना ।

завиду́щ||ий (वि०) : —ие глаза́ लोलुप नेत्र ; लालची आँखें ।

завизжа́ть (पू०) १. किकियाने लगना ; चीख़ने लगना ; चीत्कार करने लगना; २. визжа́ть का पू० ।

завиля́ть (पू०) १. हिलाना शुरू करना ; २. टालमटोल करने लगना ; ३. виля́ть का पू० ।

зави́нчивать (अपू०), **завинти́ть** (पू०) (वर्तं० завинчу́, завинти́шь) पेच या ढिबरी कसना ;, з. га́йку ढिबरी कसना ; **—ся** (आत्म०) (पेच आदि का) कसा जाना ।

завира́ться (आत्म० अपू०), **завра́ться** (आत्म० पू०) झूठ बोलना ; अंटसंट बकना ; बेसिर-पैर की हाँकना ; बेपर की हाँकना ।

зави́с||еть (अपू०) (зави́шу, зави́сишь) (पर) निर्भर होना ; э́то бу́дет з. от обстоя́тельств यह परिस्थितियों पर निर्भर होगा ; **—имость** (स्त्री०) निर्भरता ; крепостна́я —имость दासता ; ग़ुलामी ; быть в —имости от кого́-л. किसी पर निर्भर होना ; ☐ в —имости от तदनुकूल ; (-के) अनुसार ; **—имый** (वि०) निर्भर ।

зави́стлив||о (क्रि० वि०) ईर्ष्या से ; ईर्ष्यापूर्वक ; **—ый** (वि०) ईर्ष्यापूर्ण ; ईर्ष्यालु ।

за́висть (स्त्री०) ईर्ष्या ; डाह ।

завито́й (वि०) कुंचित ; घूँघरदार ; लहरदार ।

завит||о́к १. घूँघर ; (बालों की) लट ; (लिखाई की) सजावट ; (वनस्पति का) तन्तु ; (अंग्रेज़ी—टेंड्रिल) ; २. (सजावट के लिए खम्भे के सिरे पर लगा) लट्टू ; **—у́шка** = завито́к.

зави́ть(ся) दे० завива́ть(ся).

завко́м = заводско́й комите́т (दे० заводско́й).

завладева́ть (अपू०), **завладе́ть** (पू०) अधिकार में लेना ; क़ब्ज़ा करना ; छीनना ; з. ума́ми मन जीत लेना ।

завлека́тельный (वि०) मोहक ; लुभानेवाला ।

завлека́ть (अपू०), **завле́чь** (पू०) (भवि० завлеку́, завлечёшь) मोह लेना ; लुभाना ।

заво́д (पुं०) **I.** कारख़ाना ; फ़ैक्टरी ; मिल ; виноку́ренный з. शराब बनाने का कारखाना ; вое́нный з. गोला-बारूद का कारखाना ; кирпи́чный з. ईंटों का भट्टा ; са́харный з. खाँड का कारख़ाना ; **II.** (घड़ी की) चाबी ; **III.** у нас э́того и в —е нет यहाँ इसका रिवाज नहीं ; ऐसा यहाँ कभी नहीं हुआ ।

заводи́ть (अपू०), **завести́** (पू०) (वर्तं० завожу́, заво́дишь ; भवि० заведу́, заведёшь) **I.** (किसीको किसी स्थान पर) ले जाना ; छोड़ आना ; लाना ; **II.** १. ग्रहण करना ; ख़रीदना ; प्राप्त करना ; з. привы́чку आदत पड़ जाना ; २. स्थापित करना ; з. поря́док व्यवस्था-स्थापित करना ; з. де́ло कारोबार शुरू करना ; ३. з. семью́ पारिवारिक जीवन में प्रवेश करना ; घर बसाना ; ☐ з. знако́мство परिचय प्राप्त करना ; з. разгово́р बातचीत शुरू करना ; з. ссо́ру झगड़ा खड़ा करना ; **III.** (घड़ी में) चाबी देना ; (इंजन आदि को) चालू करना ; з. мото́р इंजन चालू करना ।

заводи́ться (आत्म० अपू०), **завести́сь** (आत्म० पू०) : **I.** १. у него́ завели́сь де́ньги उसके पास (ख़र्च करने को) काफ़ी धन है ; в ку́хне завели́сь тарака́ны रसोई में बहुत पिस्सू हो गये हैं ; २. स्थापित होना ; завели́сь но́вые поря́дки नयी व्यवस्था स्थापित हो गयी है अथवा नये नियम लागू हो गये हैं ; **II.** (घड़ी में) चाबी भरी जाना ; (इंजन आदि का) चालू किया जाना ।

заво́дка (स्त्री०) (घड़ी आदि में) चाबी देने की क्रिया ; (इंजन आदि को) चालू करने की क्रिया ।

заво́дск||ий, —о́й (वि०) заво́д से वि० ; ☐ —ая —о́й комите́т कारख़ाना-समिति ; —ая ло́шадь बीजाश्व ; साँड़ घोड़ा ।

заво́дчик (पुं०) कारखाने का स्वामी ।

за́водь (स्त्री०) अन्तर्जल ; प्रतीप जल ; नदी या सागर से बहकर एक ओर आया हुआ बन्द पानी ।

завоева́‖ние (नपुं०) १. विजय ; २. सिद्धि ; **—тель** (पुं०) विजयी ; **—тельный** (वि०) अप्रधर्षणशील ; अभिधावनशील ।

завоёвывать (अपू०), **завоева́ть** (पू०) (भवि० завою́ю, завою́ешь) १. विजय प्राप्त करना ; जीतना ; (संघर्ष करके) प्राप्त करना ; २. (जीविका) कमाना ।

заво́з (पुं०) परिवहन ।

завози́ть (अपू०), **завезти́** (पू०) (वर्त० завожу́, заво́зишь ; भवि० завезу́, завезёшь) (किसीके पास या किसी स्थान पर) छोड़ना ; (माल आदि का) सम्भरण करना ; ले जाना ; वितरण करना ।

завози́ться (आत्म० पू०) १. इधर से उधर पटका जाना/घूमने लगना ; २. вози́ться का पू० ; ३. завози́ть का कर्मवाच्य ।

завола́кивать (अपू०), **заволо́чь** (पू०) (भवि० заволоку́, заволочёшь) ढक लेना ; не́бо заволокло́ облака́ми आकाश पर मेघ छा गये हैं ; **—ся** (आत्म०) ढक जाना ।

заво́лжский (वि०) वोल्गा-पार का ; वोल्गा नदी के बायें तट पर स्थित अथवा निवास करनेवाला ; з. жи́тель वोल्गा-पार का निवासी ।

заволнова́ться (आत्म० पू०) उत्तेजित होना ; क्षुब्ध होना ; अकुलाना ।

заволо́чь(ся) दे० завола́кивать(ся).

завопи́ть (पू०) (завоплю́, завопи́шь) चिल्लाने/चीखने लगना ; सिसकियाँ भरने लगना ; २. вопи́ть का पू० ।

завора́живать (अपू०), **заворожи́ть** (पू०) जादू करना ; मन्तर करना ।

savora = завора́чивать -I = завёртывать.

завора́чивать -II (अपू०), **завороти́ть** (पू०) (भवि० заворочу́, заворо́тишь) १. घुमाना ; २. मोड़ना ; लपेटना ; (कमीज़ के बाज़ू) ऊपर चढ़ाना ; **—ся** (आत्म०) मुड़ना ।

за́воро́т -I. (पुं०) з. кишо́к आँतों की ऐंठन ।

заворо́т -II. = поворо́т.

завороти́ть(ся) दे० завора́чивать(ся).

завра́ться दे० завира́ться.

завсегда́тай (पुं०) अभ्यस्त ; आदी ।

за́втра (क्रि० वि०) कल (आनेवाली) ; з. днём कल दिन में ; з. ве́чером कल शाम ; до з. कल फिर मिलेंगे (विदाई के समय का अभिवादन) ।

за́втрак (पुं०) नाश्ता ; प्रातराश ; ☐ корми́ть кого́-л. —ами केवल आशाएँ बँधाकर किसीका पेट भरना ।

за́втракать (अपू०), **по—** (पू०) नाश्ता करना ।

за́втрашн‖ий (वि०) за́втра से वि० ; с —его дня कल से ।

завуали́ровать (पू०) (—рую) -पर पर्दा डालना ; ढकना ।

завши́веть (पू०) जूँ पड़ जाना ।

завыва́ть (अपू०), **завы́ть** (पू०) (भवि० заво́ю, заво́ешь) (जानवरों का) गुर्राना ; चीखना ; चिल्लाना ; कराहना ।

завяза́ть -I दे० завя́зывать.

завяза́ть -II (अपू०), **завя́знуть** (पू०) फँसना ; धँसना ; завя́знуть в грязи́ कीचड़ में धँसना ।

завяза́ться दे० завя́зываться.

завя́зка (स्त्री०) १. रस्सी ; २. (कथानक का) आरम्भ ; उपक्रम ; з. бо́я प्रारम्भिक लड़ाई ।

завя́знуть दे० завяза́ть-II.

завя́зывать (अपू०), **завяза́ть** (पू०) १. बाँधना ; गाँठ देना ; з. у́зел गाँठ बाँधना ; з. глаза́ кому́-л. किसीकी आँखों पर पट्टी बाँधना ; з. боти́нки बूटों के फ़ीते कसना ; з. га́лстук टाई बाँधना ; २. आरम्भ करना ; завяза́ть разгово́р बातचीत शुरू करना ; з. отноше́ния सम्बन्ध स्थापित करना ; **—ся** (आत्म०) १. बँध जाना ; गाँठ में बँध जाना ; २. आरम्भ होना ; शुरू होना ; завяза́лся разгово́р बातचीत शुरु हो गयी ।

за́вязь (स्त्री०) (वन०) अंडाशय (अंग्रेज़ी—ओवरी)।

завя́лить (पू०) सुखाना ; з. рыбу मछली सुखाना।

завя́нуть दे० вя́нуть.

загада́ть दे० зага́дывать.

зага́дить दे० зага́живать.

зага́д‖ка (स्त्री०) १. पहेली ; २. रहस्य ; **—очный** (वि०) रहस्यपूर्ण ; गूढ़।

зага́д‖ывать (अपू०), **загада́ть** (पू०) १. (पहेली) पूछना ; з. зага́дки पहेली पूछना ; २. (पहेली आदि) बूझना ; —а́йте число́ ! अंक बूझिए ; ३. योजना बनाना।

зага́живать (अपू०), **зага́дить** (पू०) (भवि० зага́жу, зага́дишь) मलिन करना ; गन्दा करना।

загалде́ть (पू०) १. शोरगुल करने लगना ; ज़ोर-ज़ोर से बोलने लगना ; २. галде́ть का पू०।

зага́р (पुं०) (सूर्य की किरणों द्वारा) कलछौंहा होना।

загаси́ть (पू०) (загашу́, зага́сишь) बुझाना।

загво́здк‖а (स्त्री०) कठिनाई ; दुख ; зада́ть —у दुःख देना ; вот в чем з. ! यही तो दुःख की बात है !

заги́б (पुं०) १. झुकाव ; मोड़ ; २. अतिरंजन ; किसी बात को तोड़-मरोड़ कर कहना।

загиба́ть (अपू०), **загну́ть** (पू०) १. (ऊपर को/नीचे को) मोड़ना ; झुकाना ; з. страни́цу पृष्ठ को दुहरा करना/मोड़ना ; २. अतिरंजित करना ; ☐ загну́ть це́ну अत्यधिक मूल्य माँगना/लेना ; **—ся** (आत्म०) १. (ऊपर को/नीचे को) मुड़ना ; २. загиба́ть का कर्मवाच्य।

загипнотизи́ровать दे० гипнотизи́ровать.

загла́в‖ие (नपुं०) शीर्षक ; (पुस्तक का) मुखपृष्ठ ; под —ием शीर्षक से ; **—ный** (वि०) загла́вие से वि० ; —ный лист मुखपृष्ठ ; ☐ —ная бу́ква बड़ा अक्षर।

загла́живать (अपू०), **загла́дить** (पू०) (भवि० загла́жу, загла́дишь) १. बराबर या समतल करना ; २. (कपड़े पर) लोहा करना ; ३. प्रायश्चित्त करना ; भूल का परिष्कार करना।

загл‖аза́ (क्रि० वि०) १. पीठ-पीछे ; २. बहु काफ़ी ; पर्याप्त ; э́того з. дово́льно यह बहु काफ़ी है ; **—а́зно** (क्रि० वि०) किसीकी अनु-पस्थिति में ; बिना देखे।

загло́хнуть (पू०) निःशब्द हो जाना ; (इंज का) चलना बन्द हो जाना ; ☐ сад загло́ (लापरवाही के कारण) बाग़ उजड़ गया ; самова́ загло́х सामोवार ठंडा हो गया है।

заглуша́ть (अपू०), **заглуши́ть** (पू०) १. (पीड़ा) कम करना ; (कपड़े से ढककर) शब्द धीम करना ; (बहुत शोर करके) किसीका शब्द न सुन देना ; २. बड़े पौधों का उगकर छोटे पौधों को दब लेना ; ३. दमन करना ; दबाना।

заглуши́ть दे० заглуша́ть और глуши́ть.

загляде́‖нье (नपुं०) मनोरम दृश्य ; **—ться** दे० загля́дываться.

загля́дыва‖ть (अपू०), **загляну́ть** (पू०) १. झाँकना ; सरसरी नज़र से देखना ; з. в слова́р शब्दकोश में देखना ; он не —л в кни́гу उसने पुस्तक खोलकर नहीं देखी ; २. (जाते-जाते) किसी के यहाँ मिलते जाना ; ☐ з. вперёд प्रत्याशा करना।

загля́дываться (आत्म० अपू०), **загля-де́ться** (आत्म० पू०) (भवि० загляжу́сь, загляди́шься) किसीकी ओर कौतूहल-भरी दृ से देखना ; आँखें फाड़-फाड़कर देखना ; प्रशंसा-भरी दृष्टि से देखना।

загляну́ть दे० загля́дывать.

загна́иваться (आत्म० अपू०), **загной-ться** (आत्म० पू०) सड़ने लगना।

загна́ть दे० загоня́ть.

загнива́ние (नपुं०) सड़न ; पीप पड़ जाना ; क्षय होना।

загнива́ть (अपू०), **загни́ть** (पू०) सड़ना।

загнои́ться दे० загна́иваться.

загну́ть(ся) दे० загиба́ть(ся).

загова́ривать (अपू०), **заговори́ть** (पू०) १. (किसीसे) बोलना ; सम्बोधन करना ; सम्भाषण करना ; कुशल-क्षेम पूछना ; २. बातें करके किसीका सिर खा जाना ; ३. जादू करना ; (रोग को) जादू से दूर करना ; छू-मन्तर करना ; ☐ з. зу́бы кому́-л. किसीको मीठी-मीठी बातें करके बुद्धू बनाना ; **—ся** (आत्म०) बकवास करना ; बहकी-बहकी बातें करना ; कुछ-का-कुछ कह जाना ।

за́говор (पुं०) १. षड्यन्त्र ; अभिसन्धि ; २. जादू-टोना ; भूत-प्रेत का अपसारण ; भूत-प्रेत भगाना ।

загово́рщи||к (पुं०) षड्यन्त्रकारी ; **—ица** (स्त्री०) षड्यन्त्रकारिणी ; **—цкий** (वि०) रहस्यपूर्ण ।

загогота́ть (पू०) (загогочу́, загого́чешь) १. (बत्तख़ का) टर्राने लगना ; २. अट्टहास कर उठना ; ठहाका मारकर हँसना ; ३. гогота́ть का पू० ।

за́годя (क्रि० वि०) काफ़ी देर पहले ; पहले से ही ; з. собра́лись, что́бы заня́ть лучши́е ме́ста अच्छी जगह लेने के लिए पहले से आ गये ।

заголи́ть दे० заголя́ть.

заголо́вок (पुं०) १. = загла́вие ; २. (समाचार-पत्रों की) शीर्ष-पंक्ति ; सुर्ख़ी ।

заголоси́ть (पू०) (заголошу́, заголоси́шь) १. विलाप करने लगना ; २. голоси́ть का पू० ।

заголя́ть (अपू०), **заголи́ть** (पू०) नंगा करना ; नग्न करना ।

заго́н (पुं०) १. हाँकने का कार्य ; २. (पशुओं का) बाड़ा ; अहाता ; ☐ быть в —е पृष्ठभूमि में होना ।

заго́нщик (पुं०) (शिकार में) हँकवा ।

загоня́ть (अपू०), **загна́ть** (पू०) १. हाँकना ; २. (भगाकर) थका देना ; (घोड़े को) बहुत चलाकर थका देना ; ३. शिकार को घेरकर लाना ।

загора́живать (अपू०), **загороди́ть** (पू०) (भवि० загорожу́, загоро́дишь) १. बाड़ करना ; मेंड़ लगाना ; २. रास्ता रोकना ; बाधा डालना ; रुकावट डालना ।

загора́ть (अपू०), **загоре́ть** (पू०) (सूर्य की किरणों से झुलसकर) कलछौंहा होना ; **—ся** (आत्म०) १. आग लगना ; प्रज्वलित होना ; лес загоре́лся वन में आग लग गयी ; его́ глаза́ загоре́лись उसके नेत्र चमक उठे ; २. आरम्भ होना ; चल पड़ना ; спор загоре́лся बहस चल पड़ी ; ☐ ему́ загоре́лось э́то сде́лать वह यह करने के लिए उतावला हो रहा था ।

загорди́ться (आत्म० पू०) (загоржу́сь, загорди́шься) गर्वित होना ; गर्व करना ।

загоре́лый (वि०) (सूर्य की किरणों से झुलसकर) कलछौंहा हुआ ।

загоре́ть(ся) दे० загора́ть(ся).

загороди́ть डे० загора́живать.

загоро́дка (स्त्री०) मेंड़ ; बाड़ ; अहाता ।

за́городный (वि०) देहात का ; शहर के बाहर का ; з. дом देहात का घर ।

загости́ться (आत्म० पू०) (загощу́сь, загости́шься) किसीके यहाँ अतिथि बनकर अत्यधिक समय तक ठहरना ।

загота́вливать (अपू०), **загото́вить** (पू०) (भवि० загото́влю, загото́вишь) १. (अनाज आदि) बचाकर रखना ; २. (पहले से ही) तैयार करना ।

заготови́тель (पुं०) राजकीय क्रयाधिकारी ; सरकार की ओर से अनाज ख़रीदनेवाला अफ़सर ; **—ный** (वि०) загото́вка-I से वि०, —ная цена́ (सरकार द्वारा निर्धारित) क्रय-मूल्य ।

загото́вка (स्त्री०) १. राजकीय क्रय ; सरकार की ओर से अनाज ख़रीदने का कार्य ; २. उपरला ; जूते का ऊपरी भाग ।

загото́вить दे० загота́вливать.

заготовля́ть = загота́вливать.

загради́тель (पुं०) सुरंगिहा ; समुद्र में सुरंगें लगानेवाला ।

загражда́ть (अपू०), **загради́ть** (पू०) (भवि० загражу́, загради́шь) रुकावट डालना ; बाधा डालना ।

заграни́ц||а (स्त्री०) विदेश ; из —ы विदेश से ।

заграни́||цей, —цу (क्रि० वि०) विदेश को ; विदेश में ; **—чный** (वि०) विदेशीय ; देश की सीमा से बाहर का ; —чный па́спорт विदेशीय पारपत्र ।

загреба́ть (अपू०), **загрести́** (पू०) (भवि० загребу́, загребёшь) हेंगी से इकट्ठा करना ; बटोरना ; з. де́ньги धन बटोरना ; रुपया बनाना ।

загребн||о́й (वि०) १. —о́е весло́ चप्पू ; २. (पुं०) (वि० रू०) केवट ; चप्पू चलानेवाला व्यक्ति ।

загреме́ть (पू०) (загремлю́, загреми́шь) १. गरजने लगना ; २. греме́ть का पू० ।

загрести́ दे० загреба́ть.

загри́вок (पुं०) १. (घोड़े की गर्दन का) निचला भाग ; २. गुद्दी ; गर्दन का पृष्ठ भाग ।

загримирова́ть दे० гримирова́ть.

загро́бный (वि०) क़ब्र के बाद का ; मृत्यु के पश्चात् का ; ☐ з. го́лос भूत अथवा पिशाच की आवाज़ ।

загрома́живать, загроможда́ть (अपू०), **загромозди́ть** (पू०) (भवि० загромозжу́, загромозди́шь) रुकावट डालना ; जाम करना ; अत्यधिक भार डालना ; लाद देना ।

загромозжде́ние (नपुं०) रुकावट डालने का कार्य ; अत्यधिक बोझ लादने का कार्य ।

загрохота́ть (पू०) (загрохочу́, загрохо́чешь) १. गड़गड़ा उठना ; गरजने लगना ; २. грохота́ть का पू० ।

загрубе́лый (वि०) खुरदरा ; भद्दा ।

загрубе́ть (पू०) भद्दा होना ; खुरदरा होना ।

загружа́ть (अपू०), **загрузи́ть** (पू०) (भवि० загружу́, загру́зишь) १. (बहुत) लादना ; २. (मशीन में सामग्री आदि) पहुँचाना ; ☐ з. кого́-л. (рабо́той) किसीको काम से लाद देना ; он о́чень загружён (рабо́той) वह काम से दबा पड़ा है ।

загру́зка (स्त्री०) बोझ ; भार ।

загрусти́ть (पू०) (भवि० загрущу́, загрусти́шь) उदास होना ; दुखी होना ।

загрыза́ть (अपू०), **загры́зть** (पू०) (दाँतों से) काटकर मार डालना ; फाड़कर टुकड़े-टुकड़े कर देना ; соба́ки загры́зли ко́шку कुत्तों ने बिल्ली को मार डाला ।

загрязне́ние (नपुं०) (पानी, स्थान आदि को) गन्दा अथवा मलिन करने की क्रिया ।

загрязня́ть (अपू०), **загрязни́ть** (पू०) (स्थान, पानी आदि) गन्दा करना ; मलिन करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको गन्दा करना ; २. загрязня́ть का कर्मवाच्य ।

ЗАГС (отде́л за́писи а́ктов гражда́нского состоя́ния) रजिस्टरी का दफ़्तर ।

загуби́ть (पू०) (загублю́, загу́бишь) १. नष्ट करना ; बरबाद करना ; з. жизнь जीवन बरबाद करना ; २. अपव्यय करना ।

загуля́ть (पू०) मद्योत्सव मनाना ; मद्यपान शुरू करना ; रँगरेलियाँ मनाना ।

загусте́ть (पू०) गाढ़ा हो जाना ।

зад (पुं०) १. पिछला भाग ; पीठ ; २. उत्तरकालीन ; परवर्ती ; поверну́ться к кому́-л. —ом किसीकी ओर पीठ कर लेना ; итти́ —ом पीछे को जाना ; бить —ом (घोड़े का) दुलत्ती मारना ; ३. (केवल बहु०) पुरानी बातें ।

зада́бривать (अपू०), **задо́брить** (पू०) अनुनय करना ; (किसीको) ख़ुशामद करके मनाना ।

задава́ть (अपू०), **зада́ть** (पू०) (वर्त० задаю́, задаёшь ; भवि० зада́м, зада́шь) (काम) देना ; (प्रश्न) पूछना ; что тебе́ за́дано на за́втра ? तुझे कल के लिए क्या काम मिला है ? ; з. зага́дку पहेली पूछना ; з. ко́рму चारा डालना ; ☐ з. вопро́с प्रश्न पूछना ; я тебе́ зада́м ! मैं तेरी ख़बर लूँगा ! ; **—ся** (आत्म०) १. —ся мы́слью, це́лью что-л. сде́лать किसी काम को करने का इरादा कर लेना, कोई काम करने की ठान लेना ; он зада́лся це́лью изучи́ть ру́сский язы́к उसने रूसी भाषा सीखने की ठान ली है ; २. (घटित होना) ну и денёк сего́дня зада́лся ! लो यह दिन भी आ ही गया ! ; ३. (केवल अपू०) शेख़ी

बघारना ; घमंड करना ; ४. задавáть का कर्मवाच्य ।

задави́ть (पू०) (задавлю́, задáвишь) कुचल डालना ; कुचलकर मार देना ।

задáние (नपुं०) काम ; कार्य ; вы́полнить з. काम पूरा करना ; дать з. काम देना ।

задáривать (अपू०), **задари́ть** (पू०) उपहारों से लाद देना ।

задáром = дáром.

задáтки (बहु०) वृत्तियाँ ; रुझान ; मनोदशाएँ ; дурны́е з. बुरी वृत्तियाँ ।

задáток (पुं०) पेशगी ; बयाना ।

задáть(ся) दे० задавáть(ся).

задáч||а (स्त्री०) (गणित का) प्रश्न ; सवाल ; कार्य ; काम ; उद्देश्य ; постáвить себé —у कार्यभार सँभालना, काम की ज़िम्मेदारी लेना ; реши́ть —у प्रश्न हल करना ; **—ник** (पुं०) गणित के प्रश्नों की पुस्तक ।

задви́гать (अपू०), **задви́нуть** (पू०) १. धकेलना ; २. बन्द करना ; चटख़नी लगाना ; з. я́щик दराज़ बन्द करना ; **—ся** (आत्म०) १. बन्द होना ; (भीतर) सरकना ; २. задвигáть का कर्मवाच्य ।

задвигáться (आत्म० पू०) सरकने लगना ।

задви́жка (स्त्री०) (दरवाज़े या खिड़की की) अर्गला ; ब्योंड़ा ।

задви́нуть(ся) दे० задвигáть(ся).

задвóрк||и (बहु०) मकान के पीछे का सहन ; ☐ на —ах पृष्ठभूमि में ।

задевáть (अपू०), **задéть** (पू०) (भवि० задéну, задéнешь) **I.** १. (अकस्मात्) छू जाना ; пти́ца задéла меня́ крылóм पक्षी मुझे पंख से छू गया ; २. फँसाना ; задéл за гвóздь и порвáл пальтó मेख में फँसाकर कोट फाड़ दिया ; ३. (भावना आदि को) ठेस पहुँचाना ; з. чьё-л. самолю́бие किसीके आत्मसम्मान को ठेस पहुँचाना ; ☐ **II.** किसी वस्तु को ग़लत जगह पर रखना ।

задéлать(ся) दे० задéлывать(ся) .

задéлка (स्त्री०) दीवार ऊँची करना ; बन्द करना (दे० задéлать) ।

задéлывать (अपू०), **задéлать** (पू०) दीवार खड़ी करना ; (सूराख आदि) बन्द करना ; з. дверь चिनाई करके द्वार बन्द कर देना ; з. течь सूराख़ बन्द करना ; **—ся** (आत्म०) १. बंद होना ; २. बन बैठना ; हो जाना ; он задéлался врачóм वह (नियम-विरुद्ध अथवा अनियमित तरक़्क़ी द्वारा) डाक्टर बन बैठा ।

задёргать (पू०) **I.** खींचने लगना ; **II.** तंग करना ; खींचातानी करना ।

задёргивать (अपू०), **задёрнуть** (पू०) (पर्दा आदि) खींचना ; गिराना ; **—ся** (आत्म०) १. (पर्दा आदि) खींचा जाना ; गिराया जाना ; занавéска задёрнулась पर्दा खींच दिया गया अथवा गिरा दिया गया ; २. (केवल अपू०) (पर्दा आदि) खींचे जाने अथवा गिरा दिये जाने योग्य होना ; э́та занавéска задёргивается यह पर्दा खींचा अथवा गिरा दिया जा सकता है ; ३. задёргивать का कर्मवाच्य ।

задеревенéл||ый (वि०) सुन्न ; कड़ा ; **—ая** рукá सुन्न/कड़ा हाथ ।

задеревенéть (पू०) सुन्न हो जाना ; कड़ा हो जाना ; у меня́ ру́ки задеревенéли от хóлода मेरे हाथ ठंड के मारे सुन्न हो गये हैं ।

задержáние (नपुं०) १. (नज़रबन्दी) हिरासत ; २. रुक जाना ; з. мочи́ पेशाब रुक जाना ।

задéрживать (अपू०), **задержáть** (पू०) १. रोकना ; अटकाना ; विलम्ब करना ; दूर रखना ; егó задержáли उसको अटका लिया गया ; з. проти́вника शत्रु को रोकना/दूर रखना ; २. हिरासत में लेना ; नज़रबन्द करना ; ३. पीछे रहना ; **—ся** (आत्म०) १. (किसी स्थान पर) बहुत देर तक ठहरना ; २. задéрживать का कर्मवाच्य ।

задéржк||а (स्त्री०) विलम्ब ; देर ; без —и अविलम्ब, बिना देर के ।

задёрнуть(ся) दे० задёргивать(ся)

задéтый : १. задéть से कृदन्त ; २. у негó задéты лёгкие उसके फेफड़ों पर (रोग का) असर हो गया है अर्थात् उसके फेफड़े खराब हो गये हैं ।

задéть दे० задевáть.

задúра (उभ०) कलहप्रिय ; झगड़ालू ।

задирáть (अपू०), **задрáть** (पू०) (भवि० задерý, задерёшь) १. ऊपर उठाना ; (वस्त्र आदि) ऊपर को खींचना ; २. (नाखून आदि से) फाड़ना ; ३. (केवल अपू०) किसीसे झगड़ा मोल लेना ; कलह करना ; ☐ з. нос नाक-भौं चढ़ाना ।

зáд||ний (वि०) पिछला ; पीछे का ; —нее крыльцó (घर का) पिछला प्रवेश-द्वार ; पिछली बरसाती ; —ние нóги (पशुओं की) पिछली टाँगें ; з. план पृष्ठभूमि ; з. ход उलटी गति ; —няя часть पिछला भाग ; ☐ —няя мысль गुप्त / निहित विचार ; **—ник** (पुं०) १. जूते का पिछला भाग ; २. नेपथ्य ।

задóбрить दे० задáбривать.

задóк (पुं०) १. зад का अल्प० ; २. घोड़ागाड़ी का पिछला भाग जहाँ नौकर बैठता है ।

задóлго (क्रि० वि०) बहुत देर पहले से ।

задолжáть (पू०) ऋणी होना ; कर्ज़ से दब जाना ।

задóлженность (स्त्री०) ऋण ; देनदारी ; погашáть з. ऋण चुकाना ।

зáдом (क्रि० वि०) (की ओर) पीठ करके ; पीछे को ; पीछे ; иттú з. पीछे को जाना ; дом располóжен з. к лéсу घर का पिछवाड़ा जंगल की ओर है ।

задóр (पुं०) प्रखर उत्साह ; उत्कंठा ; ओज ; **—ный** (वि०) उत्साही ; ओजस्वी ।

задохнýться दे० задыхáться.

задразнúть (पू०) चिढ़ाना ; तंग करना ।

задрá||ть (पू०) **I.** (चीरफाड़ करके) मार डालना ; волк —л овцý भेड़िये ने भेड़ को मार डाला ; **II.** दे० задирáть.

задребезжáть (पू०) दे० дребезжáть.

задремáть (पू०) (задремлю́, задрéмлешь) ऊँघने लगना ।

задрожáть (पू०) १. काँपने लगना ; २. дрожáть का पू० ।

задувáть (अपू०), **задýть** (पू०) (भवि० —дýю) **I.** (फूँक मारकर) बुझा देना ; з. свéчку मोमबत्ती बुझा देना ; **II.** (केवल अपू०) १. हवा से उड़ा देना ; २. भट्टी उड़ाना ।

задýмать दे० задýмывать.

задýмчив||ость (स्त्री०) चिन्तन ; ध्यानपरायणता ; **—ый** (वि०) चिन्तनशील ; ध्यानपरायण।

задýмывать (अपू०), **задýмать** (पू०) योजना बनाना ; विचार करना ; (करने का) इरादा रखना ; **—ся** (आत्म०) चिन्तन करना ; विचारमग्न होना ; ध्यानमग्न होना ; सोच-विचार करना ; ☐ ни минýты не задýмываясь तनिक भी न हिचकिचाकर ।

задýть दे० задувáть-I और II.

задушéвн||ость (स्त्री०) सुहृदयता ; निश्छलता ; निष्कपटता ; **—ый** (वि०) हार्दिक ; सुहृदय ; उन्मुक्त-हृदय ; निष्कपट ; निश्छल ; सच्चा ; —ый друг प्रिय सुहृद्, जिगरी दोस्त ; —ый разговóр हार्दिक बातचीत ।

задушúть दे० душúть.

задымúть (पू०) (задымлю́, задымúшь) **I.** १. धुआँ देने लगना ; २. дымúть का पू० ; **II.** धुएँ से काला कर देना ; धुएँ से भर देना ।

задымú||ться (आत्म० पू०) १. धुआँ देने लगना ; трýбы —лись चिमनी में से धुआँ निकलने लगा ; २. дымúться का पू० ।

задыхáться (आत्म० अपू०), **задохнýться** (आत्म० पू०) श्वास रुकना ; गला घुटना ; दम घुटना ; हाँफना ; з. от жáры गर्मी के मारे दम घुटना ।

задышáть (पुं०) साँस लेने लगना ।

заедáние (नपुं०) (टेक०) जाम होना ।

заедáть (अपू०), **заéсть** (पू०) (भवि० заéм, заéшь) १. (पानी पीने या किसी वस्तु के पश्चात्) कुछ खाना ; २. चिन्तित करना ; दबा लेना ; егó средá заéла वह परिस्थितियों का शिकार हो

गया है ; ३. (टेक०) जाम होना ; трос заéло рस्सा जाम हो गया है ।

заéзд (पु०) १. सवारी पर जाते-जाते रास्ते में कहीं और जाना ; २. (खेल में) चक्कर ; दौड़ ।

заéздить (पू०) (заезжý, заезди́шь) १. (अत्यधिक सवारी करके घोड़े को) थका देना ; (बहुत काम लेकर) परिश्रान्त करना ; з. лóшадь (अत्यधिक सवारी करके घोड़े को) थका देना ; २. (गाड़ी आदि का) चलने लगना ; трамвáи заезди́ли ट्रामगाड़ी चलने लगी ।

заéздом (क्रि० वि०) (सवारी पर जाते-जाते) रास्ते में ।

заезжáть (अपू०), **заéхать** (पू०) (भवि० заéду, заéдешь) १. सवारी पर जाते-जाते रास्ते में किसी और जगह जाना अथवा किसीसे मिलना ; २. पहुँच जाना ; आ निकलना ; заéхать сли́шком далекó बहुत दूर आ निकलना/पहुँच जाना ; ३. (किसीको) लेने जाना ।

заéзжий (वि०) किसी दूसरे स्थान से आया हुआ ; परदेसी ; अजनबी ; з. человéк परदेसी ; अजनबी ।

заём (पुं०) ऋण ; उधार ; беспроцéнтный з. बिना ब्याज का ऋण ; госудáрственный з. सरकारी ऋण ।

заёмщ‖ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) ऋण लेनेवाला/वाली ; ऋणी ; अधमर्ण ; देनदार ।

заéсть दे० заедáть.

заéхать दे० заéзжáть.

зажáривать (अपू०), **зажáрить** (पू०) (कढ़ाई में) तलना ; भूनना ।

зажáть दे० I. зажимáть और II. зажинáть.

заждáться (आत्म० पू०) बहुत देर तक प्रतीक्षा करना ; प्रतीक्षा करते-करते थक जाना ।

зажéчь(ся) दे० зажигáть(ся).

заживáть (अपू०), **зажи́ть** (पू०) (भवि० заживý, заживёшь) (घाव का) ठीक होना ; भरना ; рáна заживáет घाव भर रहा है ; **—ся** बहुत लम्बी उम्र पाना ।

заживи́ть दे० заживля́ть.

заживлéние (नपुं०) (घाव के) ठीक होने या भरने की क्रिया ।

заживля́ть (अपू०), **заживи́ть** (पू०) (भवि० заживлю́, заживи́шь) घाव भरना ; ठीक करना ; лекáрство бы́стро заживи́т рáну दवाई घाव को जल्दी ठीक कर देती है ।

зáживо (क्रि० वि०) जीवित ; з. погребённый जीवित दफ़नाया हुआ ।

зажигáлка (स्त्री०) १. सिगरेट-ज्वालक ; सिगरेट-लाइटर ; २. अग्निबम ।

зажигáтельный (वि०) ज्वालक ; दाही ; आग जलाने के काम आनेवाला ।

зажигáть (अपू०), **зажéчь** (पू०) (भवि० зажгý, зажжёшь) आग लगाना ; (दिया आदि) जलाना ; з. спи́чку दियासलाई जलाना ; з. электри́чество बिजली जलाना ; **—ся** (आत्म०) १. आग लगना ; जल उठना ; भभक उठना ; २. зажигáть का कर्मवाच्य ।

зажи́ливать (अपू०), **зажи́лить** (पू०) (किसीका रुपया आदि) मार लेना ; ऋण लेकर न लौटाना ; он зажи́лил у меня́ пять рублéй उसने मेरे पाँच रूबल मार लिये ।

зажи́м (पुं०) १. दबाने/भींचने की क्रिया ; २. सन्धर ; क्लैम्प ।

зажимáть (अपू०), **зажáть** (पू०) (भवि० зажмý, зажмёшь) दबाना ; भींचना ; बन्द करना ; з. в рукé ज़ोर से पकड़ना ; з. нос नाक दबाना ; з. рот комý-л. (किसीका) मुँह बन्द करना ।

зажинáть (अपू०), **зажáть** (पू०) (भवि० зажнý, зажнёшь) फ़सल काटना शुरू करना ।

зажи́точн‖ость (स्त्री०) समृद्धि ; वैभव ; **—ый** (वि०) समृद्ध ; वैभवशाली ।

зажи́ть (पू०) **I.** दे० заживáть ; **II.** रहने लगना ; з. по-нóвому, з. нóвой жи́знью नया जीवन आरम्भ करना ; з. семéйной жи́знью पारिवारिक जीवन में प्रवेश करना ।

зажи́ться दे० заживáться.

зажмýривать (अपू०), **зажмýрить** (पू०) : з. глазá=зажмýриваться ; **—ся** (आत्म०) आँखें तरेरना ।

зазвáть दे० зазывáть.

зазвенéть (पू०) १. (घंटी आदि का) बजने लगना ; २. звенéть का पू० ।

зазвони́ть (पू०) १. (घंटी आदि) बजाना शुरू करना ; २. звони́ть का पू० ।

заздрáвный (वि०) з. тост जामे-सेहत, स्वास्थ्य-पान, स्वास्थ्य के लिए टोस्ट ।

зазевáться (आत्म० पू०) जँभाई लेना ; मुँह ताकते रह जाना ।

зазеленé||ть (पू०) हरा हो जाना ; дерéвья —ли पेड़ हरे हो गये ।

зазимовáть (पू०) (—мýю) शरद् ऋतु काटना/बिताना ।

зазнавáться (अपू०), **зазнáться** (पू०) घमंड में आना ; अपने आपको बहुत-कुछ समझने लग जाना ।

зазнáйство (नपुं०) अहंकार ; घमंड ।

зазнóба (स्त्री०) १. स्त्री-प्रेम ; २. प्रेयसी ; प्रेमिका ।

зазóр (पुं०) १. लज्जा ; शर्म ; २. (टेक०) अन्तराल ; खाली जगह ।

зазóрн||ый (वि०) लज्जास्पद ; शर्मनाक ; в э́том нет ничегó —ого इसमें लज्जा की कोई बात नहीं ।

зазрéни||е (नपुं०) : без —я बिना लज्जा के ; बिना संकोच के ।

зазýбривать (अपू०), **зазýбрить** (पू०) १. दाँते डालना ; з. нож चाकू में दाँते डालना ; २. रट्टा लगाना ; कंठस्थ करना ; **—ся** (आत्म०) १. दाँतेदार होना ; २. зазýбривать-२. का कर्मवाच्य ।

зазýбрина (स्त्री०) दाँता ; कटाव ।

зазýбрить(ся) दे० зазýбривать(ся)

зазывáть (अपू०), **зазвáть** (पू०) (भवि० зазовý, зазовёшь) (बार-बार कहकर) बुला लेना ; आमन्त्रित करना ।

заигрáть (पू०) **I.** (किसी वाद्ययन्त्र को) बजाने लगना ; **II.** दे० заи́грывать.

заи́грывание (नपुं०) खिलवाड़ ; з. ли́деров с избирáтелями नेताओं की निर्वाचकों के साथ खिलवाड़ ।

заи́грывать (अपू०), **заигрáть** (पू०) (ताश के पत्ते) खेल-खेलकर खराब कर देना/घिसा देना ; (नाटक) बार-बार खेलकर नीरस बना देना ; **—ся** (आत्म०) १. खेलते-खेलते अपनी या समय की सुध भुलाना ; २. बहुत देर तक खेलते रहना ।

заи́к||а (उभ०) हकला ; **—áние** (नपुं०) हकलाहट ।

заик||áться (आत्म० अपू०), **заикнýться** (आत्म० पू०) १. (केवल अपू०) हकलाना ; रुक-रुककर बोलना ; २. हिचकिचाकर बोलना ; ३. ज़िक्र करना ; संकेत करना ; он об э́том и не—нýлся उसने तो इसका ज़िक्र तक नहीं किया ।

заимо||дáвец, —дáтель (पुं०), **—дáвица, —дáтельница** (स्त्री०) रुपया उधार देनेवाला/वाली ; साहूकार ।

заимообрáзн||о (क्रि० वि०) उधार ; брáть з. उधार लेना ; **—ый** (वि०) उधार लिया हुआ ; माँगा हुआ ।

заи́мствова||ние (नपुं०) उधार लेने अथवा अपनाने की क्रिया ; **—ть** (अपू०), **позаи́мствовать** (पू०) (वर्त० —ствую) ग्रहण कर लेना ; अपना लेना ; сюжéты мнóгих европéйских сказóк —ны с Востóка यूरोप की बहुत-सी कथाओं का विषय पूर्व से लिया गया है ।

заи́ндеве||лый (वि०) तुषारावृत ; पाले से ढका हुआ ; **—ть** (पू०) तुषारावृत होना ; पाले से ढक जाना ।

заинтересóв||анность (स्त्री०) दिलचस्पी लेने का भाव ; स्वार्थ-भाव ; **—áть** (पू०) (भवि० —сýю) दिलचस्पी पैदा करना ; कौतूहल जगाना ; **—áться** (आत्म०) १. दिलचस्पी लेना ; २. интересовáться का पू० ।

заинтриговáть दे० интриговáть.

заи́скива||ние (नपुं०) चापलूसी ; खुशामद ; **—ть** (अपू०), **заискáть** (पू०) (भवि०

заищу́, заи́щешь) चापलूसी करना ; ख़ुशामद करना ; —ть пе́ред чино́вником क्लर्क की चापलूसी करना ।

заи́скриться (आत्म० पू०) १. चिनगारी देने लगना ; २. и́скриться का पू०

займодержа́тель (पुं०) ऋणबन्धधारी ।

зайти́ दे० заходи́ть.

за́йч||ик (पुं०) १. за́яц का अल्प० ; २. दीवार आदि पर सूर्य की किरण का प्रतिबिम्ब ; **—и́ха** (स्त्री०) (मादा) खरगोश ; **—о́нок** (पुं०) खरगोश का बच्चा ।

закабля́ть (अपू०), **закабли́ть** (पू०) दास बनाना ; ग़ुलाम बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. दास बनना ; ग़ुलाम बनना ; अपने आपको बन्धन में डालना ; २. закабля́ть का कर्मवाच्य ।

закавка́зский (वि०) काकेशिया-पार का ।

закады́чный (वि०): з. друг घनिष्ठ मित्र, प्रिय सुहृद, जिगरी दोस्त ।

зака́з (पुं०) आर्डर ; फ़रमायश ; हुक्म ; на з. (वस्तु आदि) फ़रमायश/आदेश के अनुसार बना हुआ ; आर्डर पर बना हुआ ; **—а́ть** दे० зака́зывать ; **—но́й** (वि०) १. (वस्त्र आदि) फ़रमायश पर बना हुआ ; नाप के अनुसार बना हुआ; आर्डर पर बना हुआ ; २. —но́е письмо́ रजिस्टरी का पत्र ; посыла́ть письмо́ —ны́м पत्र को रजिस्टरी द्वारा भेजना ; **—чик** (पुं०), **—чица** (स्त्री०) ग्राहक/ग्राहिका

зака́зывать (अपू०), **зака́зать** (पू०) **I.** आर्डर देना ; फ़रमायश भेजना ; **II.** करना ।

зака́л (पुं०) (लोहे की) आब ; дава́ть з. आब देना ; कड़ा करना ।

зака́лка (स्त्री०) (लोहे आदि को) आब देने की क्रिया ; कड़ा करने की क्रिया ।

зака́ливать = закаля́ть.

зака́лывать (अपू०), **заколо́ть** (पू०) १. (छुरा आदि) घोंपना ; मार डालना ; वध करना ; २. पिन लगाना ; з. га́лстук टाई में पिन लगाना ; **—ся** (आत्म०) १. (छुरा आदि घोंपकर) आत्महत्या करना ; २. зака́лывать का कर्मवाच्य ।

закаля́ть (अपू०), **закали́ть** (पू०) (लोहे को) आब देना ; कड़ा करना ; पक्का करना ; दृढ़ करना ; з. во́лю इच्छा को दृढ़ करना ; **—ся** (आत्म०) आब चढ़ना ; पक्का होना ।

зака́нчивать (अपू०), **зако́нчить** (पू०) समाप्त करना ; अन्त करना ; з. речь भाषण समाप्त करना ।

зака́пать (पू०) **I.** (बूंद-बूंद करके) टपकने लगना ; дождь зака́пал बूंदाबांदी होने लगी ; **II.** धब्बे डालना ; она зака́пала себе́ пла́тье उसने अपने कपड़ों पर धब्बे डाल लिये ।

зака́пчивать (अपू०), **закопти́ть** (पू०) (भवि० закопчу́, закопти́шь) १. धुंआ देकर तैयार करना ; з. ры́бу धुआँ देकर मछली तैयार करना ; २. धुएँ से काला करना ; з. стекло́ (सूर्य की रोशनी से बचने के लिए) शीशे को धुएँ से काला करना ।

зака́пывать (अपू०), **закопа́ть** (पू०) १. (भूमि में गढ़ा खोदकर) दबाना ; २. (केवल पू०) खोदने लगना ; **—ся** (आत्म०) (सेना०) खाई खोदकर छिपना ; २. зака́пывать का कर्मवाच्य ।

зака́ркать (पू०) १. कायँ-कायँ करने लगना ; २. ка́ркать का पू० ।

зака́рмливать (अपू०), **закорми́ть** (पू०) (भवि० закормлю́, зако́рмишь) अत्यधिक भोजन कराना ।

зака́т (पुं०) सूर्यास्त ; (सूर्य का) ढलना ; अन्त ; ☐ з. дней बुढ़ापा ।

зака́тывать -I (अपू०), **заката́ть** (पू०) १. (केवल पू०) लुढ़काने लगना ; २. बार-बार चक्कर देना ; घुमाना ; ३. заката́ть в. тюрму́ जेल में भेजना ।

зака́т||ывать -II (अपू०), **закати́ть** (पू०) (भवि० закачу́ зака́тишь) १. (लुढ़काकर/खिसकाकर) कहीं ले जाना ; з. теле́гу за́ угол (खिसकाकर) गाड़ी कोने में खड़ी कर देना ; २. (लुढ़काकर या खिसकाकर) ग़लत स्थान पर रख देना ; котёнок —и́л напёрсток под дива́н बिल्ली के बच्चे ने अंगुश्ताना लुढ़काकर

सोफ़े के पीछे फेंक दिया ; ३. ज़ोर से मारना ; ज़ोर का तमाचा देना **—ся** (आत्म०) १. (लुढ़ककर) गुम हो जाना ; छिप जाना ; монéта —и́лась под диван सिक्का सोफ़े के पीछे गुम हो गया ; २. छिप जाना ; (सूर्य) अस्त हो जाना ; сóлнце —и́лось सूर्य अस्त हो गया ; ३. समाप्त हो जाना ; अन्त हो जाना ; егó слáва —и́лась उसकी ख्याति समाप्त हो गयी ।

закачá||ть (पू०) १. झुलाना शुरू करना ; हिचकोले देना शुरू करना ; २. качáть का पू०; ३. (बच्चे को) झुलाकर सुलाना ; ४. егó —ло (समुद्र-यात्रा के कारण) उसका जी मिचला रहा है ; **—ться** (आत्म०) १. झूलना / हिचकोले खाना शुरू करना ; २. качáть का कर्मवाच्य ।

закáшлять (पू०) खाँसने लगना ; **—ся** (आत्म०) खाँसी का दौरा आना ।

закáяться (आत्म० पू०) (सौगन्ध खाकर) त्यागना ; я закáялся к ним хóдить मैंने उसके यहाँ न जाने की सौगन्ध खायी है ।

заквáкать (पू०) (मेंढक का) टर्राने लगना ।

заквáс||ить दे० заквáшивать ; **—ка** (स्त्री०) ख़मीर ।

заквáшивать (अपू०), **заквáсить** (पू०) (भवि० заквáшу, заквáсишь) ख़मीर देना ।

закивáть (पू०) (हाँ या ना सूचित करने के लिए) सिर हिलाने लगना ।

заки́дывать -I (अपू०), **закидáть** (पू०) १. चारों ओर से फेंकना ; बौछार करना ; з. вопрóсами प्रश्नों की बौछार करना ; з. камня́ми पत्थरों की वर्षा करना ; २. (गढ़ा आदि) भरना ; з. я́му пескóм गढ़े को रेत से भरना ।

заки́дывать -II (अपू०), **заки́нуть** (पू०) १. फेंक देना ; २. з. нóгу нá ногу टाँग पर टाँग रखना ; **—ся** (आत्म०) १. पीछे गिरना ; २. (घोड़े का) अड़ जाना ; ३. заки́дывать का कर्मवाच्य ।

закип||áть (अपू०), **закипéть** (पू०) (भवि० закиплю́, закипи́шь) उबलना शुरू होना ; рабóта —éла काम ज़ोरों पर था ।

закисáть (अपू०), **заки́снуть** (पू०) १. खट्टा हो जाना ; २. उदासीन हो जाना ।

зáкись (स्त्री०) (रस०) प्रोटोआक्साइड ; з. желéза लोह-आक्साइड ; з. азóта नाइट्रस आक्साइड ।

заклáд (पुं०) १. गिरवी या बन्धक रखने की क्रिया ; २. गिरवी ; егó вéщи в —е उसकी चीज़ें गिरवी रखी हुई हैं ; ३. शर्त ; би́ться об з. शर्त लगाना ।

заклáдка (स्त्री०) १. नीचे रखने की क्रिया ; २. (पुस्तक में रखने का) पृष्ठसंकेत-कार्ड या फ़ीता ।

закладнáя (स्त्री०) (वि० रू०) बन्धकपत्र ; रेहननामा ।

заклáдч||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) बन्धककर्ता बन्धककर्त्री ।

заклáдывание (नपुं०) = заклáдка-१ ; २. गिरवी रखने की क्रिया ।

заклáдывать (अपू०), **заложи́ть** (पू०) **I.** १. रखना ; धरना ; डालना ; заложи́ть рýки в. кармáн जेब में हाथ डालना ; २. ढेर लगाना ; з. стол кни́гами मेज़ पर पुस्तकों का ढेर लगाना ; ३. (नींव) रखना ; **II.** गिरवी रखना ; रेहन करना ; **III.** घोड़ा जोतना ।

заклáние (नपुं०) (केवल एकवचन) बलि ; भेंट ; ☐ итти́ на з. भेंट चढ़ना ।

заклевáть (पू०) १. दे० заклёвывать ; २. चोंच मारने लगना ; काटना शुरू करना ।

заклёвывать (अपू०), **заклевáть** (पू०) (भवि० заклюю́, заклюёшь) १. चोंच मारना ; २. (चोंच के प्रहार से) मार देना ।

заклéивать (अपू०), **заклéить** (पू०) गोंद या लेई से चिपकाना ; **—ся** (आत्म०) १. चिपकना ; २. заклéивать का कर्मवाच्य ।

заклейми́ть दे० клейми́ть.

извещ||а́ть (अपू०), **извести́ть** (पू०) (भवि० извещу́, извести́шь) (के विषय में) सूचित करना ; बताना ; **—е́ние** (नपुं०) विज्ञापन ; (अदालत के) समन ; नोटिस ।

изви́в (पुं०) मोड़ ; и. реки́ नदी का मोड़ ।

извива́ться (आत्म० अपू०), **изви́ться** (आत्म० पू०) (भवि० изовью́сь, изовьёшься) (सर्पवत्) गेंडुरी बनाना ; कुंडली मारना ; बल खाना ; и. от бо́ли दर्द के मारे ऐंठना ।

изви́ли||на (स्त्री०) (बल खाता हुआ) मोड़ ; —ны доро́ги सड़क के बल खाते हुए मोड़ ; **—стый** (बि०) घुमावदार ; —стые у́лицы घुमावदार गलियाँ ।

извин||е́ние (नपुं०) क्षमा ; проси́ть —е́ния у кого́-л. किसीसे क्षमा माँगना ; прошу́ —е́ния क्षमा कीजिए, क्षमा चाहता हूँ ; **—и́тельный** (वि०) क्षम्य ।

извиня́ть (अपू०), **извини́ть** (पू०) क्षमा करना ; э́то мо́жно извини́ть यह क्षम्य है, यह क्षमा किया जा सकता है ; извини́те ! क्षमा कीजिए !, क्षमा करना ! ; **—ся** (आत्म०) क्षमा माँगना ; извиня́юсь ! क्षमा चाहता हूँ ! ; извини́тесь за меня́ मेरी ओर से क्षमा माँग लेना ।

изви́ться दे० извива́ться

извлекáть (अपू॰), **извле́чь** (पू॰) (भवि॰ извлеку́, извлечёшь) (-में से) निकाल लेना ; (-से) प्राप्त करना ; и. вы́году लाभ उठाना ; извле́чь пу́лю (शरीर में से) गोली बाहर निकाल लेना ; и. удово́льствие सन्तुष्ट होना ; ☐ и. уро́к (из) (-से) सबक़ सीखना ; и. по́льзу लाभ उठाना ।

извлече́ние (नपुं॰) निकास ; (बाहर) निकालने की क्रिया ; प्राप्ति ; и. ко́рня (गणित) मूल निकालना ।

извле́чь दे॰ извлекáть.

извне́ (क्रि॰ वि॰) बाहर से ।

изво́д (पुं॰) **I.** अपव्यय ; फ़िज़ूलखर्ची ; пусто́й и. де́нег धन का अपव्यय/फ़िज़ूलखर्ची ; **II.** (भाषा-विज्ञान) पुनःसंस्करण ।

изводи́ть (अपू॰), **извести́** (पू॰) (वर्त॰ извожу́, изво́дишь ; भवि॰ изведу́, изведёшь) १. खर्च कर डालना ; प्रयोग में ले आना ; २. थका देना ; परेशान/तंग करना ; पीड़ा देना ; и. себя́ рабо́той अपने आप पर काम लाद लेना ; и. насме́шками हँसी उड़ाकर परेशान कर देना ; **—ся(сь)** (आत्म॰) १. परेशान होना ; तंग होना ; थक जाना ; २. изводи́ть का कर्मवाच्य ।

изво́з (पुं॰) (घोड़ों द्वारा) ढुलाई का व्यवसाय ; वाहन-व्यवसाय ।

изво́зчик (पुं॰) १. ठेलेवाला ; रेढ़ीवाला ; ढुलाई का व्यवसाय करनेवाला ; २. टैक्सीवाला ।

изво́л||ить (अपू॰) १. कृपा करना ; вы затеря́ли ключ, тепе́рь —ьте найти́ ! आपने ताली खोयी है, अब कृपा करके उसे ढूँढिए ; —ьте вы́йти ! कृपा करके बाहर चले जाइए ; २. (बड़े अफ़सर आदि का) प्रसन्न हो जाना ।

извора́чиваться (आत्म॰ अपू॰), **изверну́ться** (आत्म॰ पू॰) १. चक्कर देना ; चकमा देना ; его́ схвати́ли, но он ло́вко изверну́лся и убежа́л उसको पकड़ लिया गया, परन्तु उसने ख़ूब चकमा दिया और भाग गया ।

изворо́тлив||ость (स्त्री॰) उपाय-कौशल ; **—ый** (वि॰) उपायकुशल ।

извращ||áть (अपू॰), **изврати́ть** (पू॰) (भवि॰ извращу́, изврати́шь) (किसी बात को) विकृत रूप देना ; तोड़-मरोड़ करना ; ग़लत अर्थ लगाना ; и. чьи-л. слова́ किसीके शब्दों का ग़लत अर्थ लगाना ; **—е́ние** (नपुं॰) ग़लत अर्थ निकालना ; दोष ; विकार ; **—ённость** (स्त्री॰) १. ग़लत अर्थ निकालने का भाव ; २. अप्राकृतिक रुचि/प्रवृत्ति ; ३. काम-विकार ; व्यभिचारिता ; **—ённый** (वि॰) विकृत ।

изга́живать (अपू॰), **изга́дить** (पू॰) (भवि॰ изга́жу, изга́дишь) ख़राब करना ; गन्दा करना ; коро́ва изга́дила весь двор गाय ने सारा सहन गन्दा कर दिया ।

изги́б (पुं॰) नति ; झुकाव ; मोड़ ।

изгибáть (अपू॰), **изгибну́ть** (पू॰) झुकाना ; मोड़ना ; टेढ़ा करना ; **—ся** (आत्म॰) झुकना ; टेढ़ा होना ।

изгла́живать (अपू॰), **изгла́дить** (पू॰) (भवि॰ изгла́жу, изгла́дишь) मिटाना ; и. из па́мяти बिल्कुल भुला देना ; **—ся** (आत्म॰) मिट जाना ।

изгна́н||ие (नपुं॰) देशनिकाला ; निर्वासन ; निष्कासन ; (समाज या सभा की सदस्यता से) बहिष्कार ; **—ник** (पुं॰), **—ница** (स्त्री॰) निर्वासित / निर्वासिता ।

изгнáть दे॰ изгоня́ть.

изголо́вье (नपुं॰) (पलँग का) सिरहाना ; —й ему́ служи́ла оха́пка соло́мы घास-फूस के गट्ठर ने उसके सिरहाने का काम दिया ।

изголодá||ться (आत्म॰ पू॰) भूखों मरना ; (-के लिए) तड़पना ; он —лся по хоро́шей му́зыке वह अच्छे संगीत के लिए तड़प रहा था ।

изгоня́ть (अपू॰), **изгнáть** (पू॰) (भवि॰ изгоню́, изго́нишь) भगा देना ; निर्वासित करना ; देशनिकाला देना ; बहिष्कार करना ; и. из употребле́ния प्रयोग वर्जित करना/निषिद्ध करना ।

и́згородь (स्त्री॰) मेंड़ ; बाड़ ; жива́я и. झाड़ियों की बाड़ ।

изготáвливать (अपू०), **изготóвить** (पू०) (भवि० изготóвлю, изготóвишь) वस्तु-निर्माण करना ; तैयार करना ; बनाना ।

изготовля́ть = изготáвливать.

изгрызáть (अपू०), **изгры́зть** (पू०) कुतरना ; दाँतों से काटना ।

издавáть (अपू०), **издáть** (पू०) (वर्त० издаю́, издаёшь ; भवि० издáм, издáшь) १. प्रकाशित करना ; (क़ानून की) घोषणा करना ; जारी करना ; प्रख्यापित करना ; и. прикáз आदेश देना, हुक्म जारी करना ; २. (शब्द) उच्चार करना ; ३. (गन्ध) देना ।

и́здавна (क्रि० वि०) चिरकाल से ; प्राचीन काल से ।

издалекá, и́здали (क्रि० वि०) दूर से ; बहुत दूर से ।

издá||ние (नपुं०) १. प्रकाशन ; प्रख्यापन ; (क़ानून का) जारी होना ; २. (पुस्तक आदि का) संस्करण ; **—тель** (पुं०), **—тельница** (स्त्री०) प्रकाशक ; **—тельский** (वि०) प्रकाशन-सम्बन्धी ; —тельская фи́рма प्रकाशन-गृह ; प्रकाशन-संस्था ; —тельское дéло प्रकाशन-कार्य ; **—тельство** (नपुं०) प्रकाशन-गृह ; государственное —тельство सरकारी प्रकाशन-गृह ।

издáть दे० издавáть.

издевáтель||ский (वि०) हँसी उड़ानेवाला ; विडम्बनात्मक ; —ское отношéние हँसी उड़ानेवाला/विडम्बनात्मक व्यवहार ; **—ство** (नपुं०) विडम्बना ; उपहास ; हँसी ; मख़ौल ।

издевáться (आत्म० अपू०) हँसी उड़ाना ; मख़ौल करना ; ठट्ठा करना ।

издёвка (स्त्री०) हँसी ; ठट्ठा ; विडम्बना ; उपहास ।

издéл||ие (नपुं०) १. वस्तुनिर्माण-कार्य ; २. (फ़ैक्टरी में) निर्मित वस्तु ; तैयार माल/चीज़ ; кустáрные —ия कुटीर-उद्योग द्वारा निर्मित वस्तुएँ/माल, दस्तकारी की चीज़ें ; гли́няные —ия मिट्टी की चीज़ें ।

издёргивать (अपू०), **издёргать** (पू०) १. खींचकर टुकड़े-टुकड़े कर देना ; २. तंग करना ; परेशान करना ; ३. सामर्थ्य से अधिक काम देना ; **—ся** (आत्म०) १. सामर्थ्य से अधिक काम करना ; २. издёргивать का कर्मवाच्य ।

издéрживать (अपू०), **издержáть** (पू०) ख़र्च करना ; **—ся** (आत्म०) सब-कुछ ख़र्च कर डालना ।

издéржки (बहु०) ख़र्च ; व्यय ।

издóхнуть दे० издыхáть.

и́здрéвле (क्रि० वि०) प्राचीन काल से ।

издыхáн||ие (नपुं०) до послéднего **—ия** आख़िरी साँस तक, अन्तिम श्वास तक ।

издыхáть (अपू०), **издохну́ть** (पू०) मर जाना ।

изжевáть (पू०) (—жую́) (चबाकर) टुकड़े-टुकड़े कर डालना ; सारा चबा डालना ।

и́зжелта (क्रि० वि०) ईषत् पीत ; कुछ पीला ; पीली झलकवाला ।

изживáть (अपू०), **изжи́ть** (पू०) (भवि० изживу́, изживёшь) पीछा छुड़ाना ; (धीरे-धीरे) क़ाबू पा लेना ।

изжóга (स्त्री०) (ग्रासनली में) जलन ।

из-за (अ०) १. पीछे से ; и. дóма घर के पीछे से ; २. (-के) कारण ; के मारे ; कारण से ; и. негó उसके कारण ; и. лéни आलस्य के कारण/आलस्य के मारे ।

иззя́бнуть (पू०) (ठंड के मारे) सुन्न हो जाना ; अकड़ जाना ।

излагáть (अपू०), **изложи́ть** (पू०) सामने रखना ; विवरण देना ; बयान करना ; и. на бумáге लिखा-पढ़ी करना, लिखना ।

излáмывать (अपू०), **изломáть** (पू०) (कई जगह से) तोड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. (कई जगह से) टूटना ; २. (केवल पू०) (हद से ज़्यादा) बनना ; ज़ाहिरदारी करना ।

изле́ниваться (आत्म० अपू०), **излени́ться** (आत्म० पू०) बहुत ही आलसी हो जाना/सुस्त हो जाना ।

излёт (पुं०) пу́ля на —е चली हुई गोली ।

излече́н||ие (नपुं०) १. स्वास्थ्य-लाभ ; आराम ; आरोग्य-प्राप्ति ; २. चिकित्सा ; इलाज ; на —ии इलाज होना ।

изле́ч||ивать (अपू०), **излечи́ть** (पू०) चिकित्सा करना ; इलाज करना ; **—и́мый** (वि०) चिकित्सा-साध्य (जिसका इलाज हो सके) ।

излива́ть (अपू०), **изли́ть** (भवि० изолью́, изольёшь) (में से) उँडेलना ; (मनोभाव) व्यक्त करना ; и. ду́шу हृदय खोलकर रख देना, मन हल्का करना ; **—ся** (आत्म०) १. बहना ; २. अभिव्यक्त होना ; अपने मनोभाव प्रकट करना ।

изли́ш||ек (पुं०) अतिरेक ; बाहुल्य ; **—ество** (नपुं०) १. अत्यासक्ति ; २. अतिशयता; अधिकता ; बाहुल्य ।

изли́шне (क्रि० वि०) १. वृथा ; अनावश्यक रूप से ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) यह वृथा है/फ़िज़ूल है ।

излия́ние (नपुं०) बहने का कार्य ; बहाव ।

излови́ть (पू०) (изловлю́, изло́вишь) पकड़ लेना ; и. во́ра चोर को पकड़ लेना ।

изловч||а́ться (आत्म० अपू०), **изловчи́ться** (पू०) अवसर ढूँढना ; काम बना लेना ; प्रबन्ध कर लेना ; —и́лся и удари́л его́ в гру́дь अवसर मिलते ही उसने उसकी छाती पर प्रहार किया ; я тебе́ три́дцать рубле́й изловчу́сь вы́слать मैं तेरे लिए २० रूबल भेजने का प्रबन्ध कर दूँगा ।

изложе́ние (नपुं०) विवरण ; वक्तव्य ; кра́ткое и. संक्षिप्त विवरण ।

изло́м (पुं०) हड्डी का टूटना ; अस्थि-भ्रंश ।

излома́ть दे० изла́мывать.

излуч||а́ть (अपू०), **излучи́ть** (पू०) किरण फेंकना ; **—е́ние** (नपुं०) विकिरण ; किरणें फेंकने की क्रिया ।

излу́чина (स्त्री०) मोड़ ; река́ в э́том ме́сте де́лает не́сколько излу́чин नदी यहाँ कई मोड़ खाती है ।

излучи́ться दे० излуча́ться.

излю́бленный (वि०) कृपा-पात्र ; स्नेह-भाजन ।

изма́зывать (अपू०), **изма́зать** (पू०) (भवि० изма́жу, изма́жешь) १. पोतना ; धब्बे लगाना ; गन्दा करना २. (पोतकर) सारा प्रयोग में ले आना ; изма́зать всю мазь सारी मरहम लगा देना ; **—ся** (आत्म०) अपने आपको गन्दा करना/मलिन करना ।

изма́рывать (अपू०), **измара́ть** (पू०) गन्दा करना ; मलिन करना ; **—ся** (आत्म०) अपने आपको गन्दा करना/मलिन करना ।

изма́тывать (अपू०), **измота́ть** (पू०) (बिल्कुल) थका देना ; अशक्त करना ; परिश्रान्त करना ; **—ся** (आत्म०) थक जाना ; (परिश्रम आदि के कारण) शरीर का टूटना ।

изма́я||ться (आत्म० पू०) अत्यन्त परिश्रान्त होना ; थक जाना ; (श्रम आदि के कारण) शरीर का टूटना ; он совсе́м —лся वह एकदम परिश्रान्त हो गया, वह बिल्कुल निःशक्त हो गया है।

измельча́ние (नपुं०) १. छिछला/कम गहरा होना ; २. (नैतिक) पतन ।

измельча́ть -I (अपू०), **измельчи́ть** बुकनी करना ; चूर्ण करना ; टुकड़े-टुकड़े करना ; पीसना ।

измельча́||ть -II (पू०) १. छोटा होना ; २. छिछला या कम गहरा होना ; о́зеро —ло झील कम गहरी हो गयी है ।

измельчи́ть दे० измельча́ть -I.

изме́на (स्त्री०) १. देशद्रोह ; राजद्रोह ; २. विश्वासघात ; बेवफ़ाई ।

измен||е́ние (नपुं०) परिवर्तन ; вноси́ть и. परिवर्तन करना ; **—и́ть** दे० изменя́ть.

изме́нни||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) १. देशद्रोही/देशद्रोहिणी ; २. विश्वासघाती/विश्वासघातिनी ; बेवफ़ा ; **—ческий** (वि०) विश्वासघाती ; धोखेबाज़ ।

изме́нчив||ый (वि०) परिवर्तनशील ; अस्थिर ; धोखेबाज़ ; —ая пого́да परिवर्तनशील मौसम ।

изменя́емый (वि०) परिवर्तनीय ; चल ; अस्थिर ।

изменя́ть (अपू०), **измени́ть** (पू०) I. परिवर्तन करना ; बदलना ; संशोधन करना ; и. законопрое́кт बिल के मसौदे में संशोधन करना ; II. विश्वासघात करना; बेवफ़ाई करना ; धोखा देना ; ☐ па́мять ему́ изменя́ет उसकी स्मरण-शक्ति उसे धोखा देती है ; **—ся** (आत्म०) १. परिवर्तन होना ; बदलना ; изменя́ться к лу́чшему बेहतरी के लिए बदलना ; २. बेवफ़ाई करना ; विश्वासघात करना ; ३. изменя́ть-I का कर्मवाच्य ।

измер||е́ние (नपुं०) १. मापने का कार्य ; २. सर्वेक्षण ; ३. माप ; и. угло́в कोणों का माप ; **—и́мый** (वि०) मापने-योग्य ; मापनीय ; **—и́тель** (पुं०) १. मापी ; मापने का यन्त्र ; २. (अर्थ०) निर्देशिका ; इंडैक्स ।

измеря́ть (अपू०), **изме́рить** (पू०) मापना ; и. глубину́ गहराई मापना ।

изможде́нный (वि०) अत्यन्त परिश्रान्त ; बहुत थका हुआ ; и. вид थकी हुई सूरत ।

измока́ть (अपू०), **измо́кнуть** (पू०) भीगना ; गीला होना ; सराबोर होना ।

измо́р (पुं०) (भूखों मारकर विवश करके) लेना ; (बहुत कष्ट देकर) लेना ; города́ беру́т —ом लोगों को भूखों मारकर नगरों पर अधिकार किया जाता है ।

и́зморозь (स्त्री०) (केवल एकवचन) तुषार ; पाला ।

и́зморось (स्त्री०) (केवल एकवचन) फुहार ; बूँदा-बाँदी ।

измота́ть दे० изма́тывать.

измоча́ливать (अपू०), **измоча́лить** (पू०) १. (कपड़े को) तार-तार कर देना ; २. बहुत तंग करना ; така́я жизнь измоча́ла его́ ऐसे जीवन से वह तंग आ गया है ; **—ся** (आत्म०) तार-तार हो जाना ; टुकड़े-टुकड़े हो जाना ।

изму́чивать (अपू०), **изму́чить** (पू०) परिश्रान्त करना ; बहुत थका देना ; तंग करना ; **—ся** (आत्म०) बहुत थक जाना ; (बहुत) तंग होना ।

измыва́ться = издева́ться.

измы́згивать (अपू०), **измы́згать** (पू०) (कीचड़ आदि से) बिल्कुल गन्दा कर डालना/मलिन कर देना ।

измы́ливать (अपू०), **измы́лить** (पू०) (सारा साबुन) लगा देना/इस्तेमाल कर लेना ।

измы́||слить दे० измышля́ть; **—шле́ние** (नपुं०) उपाय सोचने या बात गढ़ने की क्रिया ; **—шля́ть** (अपू०), **измы́слить** (पू०) (भवि० измы́шлю या измы́слю, измы́слишь) उपाय सोचना ; (बात) गढ़ना ।

измя́ть (पू०) (भवि० изомну́, изомнёшь) (कपड़ों में, काग़ज़ में) बल डालना ; शिकन डालना, मुड़ी-मुड़ी करना ; **—ся** (आत्म०) बल पड़ना ; शिकन पड़ना ।

изна́нк||а (स्त्री०) उलटी ओर : вы́вернуть на —у उलटाना ।

изнаси́лование (नपुं०) बलात्कार ।.

изнаси́ловать दे० наси́ловать.

изнача́льный = иско́нный.

изна́шивание (नपुं०) (प्रयोग में लाकर) घिसा देने की क्रिया ; и. обору́дование प्रयोग से यन्त्र आदि का घिस जाना ।

изна́шивать (अपू०), **износи́ть** (पू०) (भवि० изношу́, изно́сишь) (कपड़ा, जूता आदि) पहनकर घिसा देना ; **—ся** (आत्म०) (कपड़े आदि का) पहनते-पहनते घिस जाना ।

изне́женн||ость (स्त्री०) १. कोमल स्वभाव ; नज़ाकत ; आरामतलबी ; २. स्त्रैणता ; (पुरुष में) स्त्री-स्वभाव ; **—ый** (वि०) १. कोमल स्वभाव का ; नाज़ुक ; आरामतलब ; २. स्त्रैण (पुरुष) ।

изне́живать (अपू०), **изне́жить** (पू०) लाड़ करना ; नाज़ुक बनाना ; आरामतलब बनाना ; изне́жить ребёнка बच्चे को नाज़ुक बनाना ; изне́жить ко́жу चमड़ी को नाज़ुक बनाना ; **—ся** (आत्म०) नाज़ुक बनना ; आरामतलब बनना

изнемо||га́ть (अपू०), **изнемо́чь** (पू०) (भवि० изнемогу́, изнемо́жешь) निःशक्त हो जाना ; परिश्रान्त होना ; он —га́ет от уста́лости वह बहुत थक गया है, उसे बेहद थकावट है ; **—же́ние** (नपुं०) निःशक्तता ; परिश्रान्ति ; थकावट ; быть в —же́нии बिल्कुल थक जाना, परिश्रान्त हो जाना ।

изно́||с (पुं०) (प्रयोग से) घिसावट ; э́тому пальто́ нет —а यह कोट खूब चलेगा, यह कोट जल्दी नहीं फटेगा ।

износи́ть दे० изна́шивать.

изнуре́ни||е (नपुं०), **изнурённость** (स्त्री०) निःशक्तता ; थकावट ; дойти́ до —я बहुत थक जाना ।

изнуря́ть (अपू०), **изнури́ть** (पू०) शक्ति क्षीण कर देना ; थका देना ; सामर्थ्य से अधिक काम कराना ; **—ся** (आत्म०) शक्ति क्षीण हो जाना ; थक जाना ; सामर्थ्य से अधिक काम करना ।

изнутри́ (क्रि० वि०) भीतर से ; дверь за́перта и. द्वार भीतर से बन्द है ।

изныва́ть (अपू०), **изны́ть** (पू०) (भवि० изно́ю, изно́ешь) (दुःख या शोक के कारण) तड़पना ; व्याकुल होना ; निढाल हो जाना ; и. от тоски́ по до́му घर जाने के लिए तड़पना ; и. от жары́ गर्मी के कारण निढाल होना ; и. от жа́жды प्यास के कारण निढाल होना ।

изо दे० из ; изо всех сил पूरे ज़ोर से ।

изоба́ра (पुं०) (भौ०) समदबाव रेखा ।

изоби́л||ие (नपुं०) बाहुल्य ; आधिक्य ; बहुतायत ; в —ии बाहुल्य से ; बहुतायत से ; **—овать** (अपू०) (—лую) बहुतायत से होना ; се́вер —ует леса́ми उत्तर जंगलों से भरा पड़ा है ।

изоби́льный (वि०) बहुतायत का ; अधिक ।

изобли́ч||а́ть (अपू०), **изобличи́ть** (पू०) १. भेद खोलना; उघाड़ना; (सच्चे रूप में) प्रकट करना; भाँडा फोड़ना ; पर्दा फ़ाश करना ; —и́ть врага́ शत्रु का भाँडा फोड़ना, शत्रु का पर्दा फ़ाश करना ; २. अपराधी ठहराना ; दंड देना ; ३. (केवल अपू०) प्रकट करना ; ज़ाहिर करना ; всё —а́ло в нем охо́тника उसकी सब बातें उसे शिकारी ज़ाहिर करती हैं ; **—е́ние** (नपुं०) भेद खोलने की क्रिया ; अपराधी घोषित करने की क्रिया ; **—и́тельный** (वि०) भेद खोलनेवाला ; अपराध सिद्ध करनेवाला ; —и́тельные докуме́нты भेद खोलनेवाले प्रलेख, अपराध सिद्ध करनेवाले प्रलेख ।

изобража́ть (अपू०), **изобрази́ть** (पू०) (भवि० изображу́, изобрази́шь) निरूपण करना ; चित्रित करना ; अभिव्यक्त करना ; नक़ल करना ; **—ся** (आत्म०) प्रकट होना ; दिखायी पड़ना ; चित्रित होना ।

изобра||же́ние (नपुं०) १. चित्रण ; निरूपण ; २. चित्र ; मूर्ति ; प्रतिबिम्ब ; и. в зе́ркале दर्पण में प्रतिबिम्ब ; **—зи́тельный** (वि०) सालंकार ; अलंकारमय ; ☐ —зи́тельные иску́сства अनुकरणात्मक कलाएँ (चित्रकारी, मूर्तिकला, स्थापत्य, आलेखन-कला) ।

изобре||сти́ दे० изобрета́ть ; **—та́тель** (पुं०), **—та́тельница** (स्त्री०) आविष्कर्ता/आविष्कर्त्री ; **—та́тельность** (स्त्री०) आविष्कार-शक्ति ; никто́ не жда́л от него́ тако́й —та́тельности उससे इस आविष्कार की किसीको आशा नहीं थी ; **—та́тельный** (वि०) आविष्कार-कुशल ; —та́тельный челове́к आविष्कार-कुशल व्यक्ति ; **—та́тельский** (वि०) आविष्कर्ता का ; —та́тельское бю́ро आविष्कार-ब्यूरो ; **—та́тельство** (नपुं०) आविष्कार-कार्य ।

изобре||та́ть (अपू०), **изобрести́** (पू०) (भवि० изобрету́, изобретёшь) आविष्कार करना ; **—те́ние** (नपुं०) आविष्कार ।

изо́гнутый (कृदन्त और वि०) झुका हुआ ; मुड़ा हुआ ; टेढ़ा ।

изогну́ть(ся) दे० изгиба́ть(ся).

изодра́ть (पू०) (भवि० издеру́, издерёшь) फाड़कर टुकड़े-टुकड़े कर देना ; **—ся** (आत्म०)

फट जाना ; फटकर तार-तार हो जाना ।

изойти́ दे० исходи́ть.

изолга́ться (आत्म० पू०) (भवि० изолгу́сь, изолжёшься) झूठ बोलने में पक्का हो जाना ।

изолиро́ванный (कृदन्त और वि०) (भौ०) पृथक्कृत ; पृथक् किया हुआ ।

изоли́ровать (अपू० और पू०) (—рую) (भौ०) पृथक् करना ; अलग करना ।

изоля́тор (पुं०) १. (भौ०) पृथक्कारी (अंग्रेज़ी—इन्सुलेटर) ; २. (क़ैद में) एकान्तवास ; (अस्पताल में) पृथक् वार्ड ।

изоля́ция (स्त्री०) पृथक्त्व ।

изорва́ть दे० изрыва́ть

изощ‖ре́ние (नपुं०) परिष्कार ; परिमार्जन ; विकास ; संस्कार ; —ре́ния хи́трости धूर्तता ।

изощря́ть (अपू०), **изощри́ть** (पू०) परिष्कार/परिमार्जन करना ; संस्कार करना ; विकसित करना ; и. ум मन की शक्तियों का विकास करना ; и. па́мять स्मरण-शक्ति का विकास करना **—ся** (आत्म०) परिमार्जित होना ; विकसित होना ।

из-под (अ०) नीचे से ; и. стола́ मेज़ के नीचे से ।

израз‖е́ц (पुं०) टाइल ; **—цо́вый** (वि०) टाइल का ।

изра́нить (पू०) (बहुत) घायल करना ।

израсхо́довать दे० расхо́довать.

израсхо́дов‖аться (आत्म० पू०) (सारा धन) खर्च कर डालना/ख़र्च कर चुकना ; он совсе́м —ался वह अपना सारा धन ख़र्च कर चुका है ।

и́зредка (क्रि० वि०) कभी-कभी ; समय-समय पर ।

изре́зывать (अपू०), **изре́зать** (पू०) (भवि० изре́жу, изре́жешь) काट डालना ; и. бума́гу на клочки́ काग़ज़ काटकर टुकड़े-टुकड़े कर देना ।

изрека́ть (अपू०), **изре́чь** (पू०) (भवि० изреку́, изречёшь) (रोब से) बोलना ; गम्भीरता से बोलना ।

изрече́ние (नपुं०) १. सूत्र ; २. कहावत ।

изре́чь दे० изрека́ть.

изреше́чивать (अपू०), **изреше́ти́ть** (पू०) (भवि० изреше́чу́, изреше́ти́шь) छलनी बना देना ; (गोलियों से) छलनी करना ।

изрисо́вывать (अपू०), **изрисова́ть** (पू०) (भवि० —су́ю) १. (पेंसिल, काग़ज़ आदि प्रयोग करते-करते) समाप्त कर देना ; २. चित्रों से भर देना ।

изруби́ть (पू०) (भवि० изрублю́, изру́бишь) (कुल्हाड़े आदि से) काट डालना ।

изрыва́ть -I (अपू०), **изорва́ть** (पू०) (भवि० изорву́, изорвёшь) फाड़ डालना ; फाड़कर टुकड़े-टुकड़े कर देना ; с доса́дой он изорва́л письмо́ उसने खिन्न होकर पत्र फाड़ दिया ।

изрыва́ть -II (अपू०), **изры́ть** (पू०) (भवि० изро́ю, изро́ешь) खोद डालना ; गड्ढे कर देना; изры́тый о́спой चेचक के दाग़ोंवाला ।

изрыга́ть (अपू०), **изрыгну́ть** (पू०) क़ै करना ; उलटी करना ।

изры́ть दे० изрыва́ть-II

изря́д‖но (क्रि० वि०) काफ़ी अच्छी तरह ; ख़ूब ; вы́пить и. ख़ूब पीना ; **—ный** (वि०) बढ़िया ; काफ़ी अच्छा ; खासा ; —ное расстоя́ние काफ़ी फ़ासला ; пальто́ —ное ओवरकोट काफ़ी अच्छा है ।

изуве́р (पुं०) धर्मान्ध ; धर्मोन्मादी व्यक्ति ; कट्टर व्यक्ति ; **—ский** (वि०) धर्मान्ध ; धर्मोन्मादी ; कट्टर ; **—ство** (नपुं०) धर्मान्धता ; धर्मोन्माद ; कट्टरपन ।

изуве́ч‖ивать (अपू०), **изуве́чить** (पू०) अपाहिज करना ; लँगड़ा-लूला करना ; муж в сраженья́х —ен पति लड़ाई में अपाहिज हो गया है ; **—иваться** (आत्म०) अपाहिज होना ; लँगड़ा-लूला होना ।

изукра́шивать (अपू०), **изукра́сить** (पू०) (भवि० изукра́шу, изукра́сишь) १. ख़ूब सजाना ; २. (धब्बों आदि से) मलिन करना ।

изуми́тельн‖о (क्रि० वि०) विस्मय से ; आश्चर्य से ; **—ый** (वि०) विस्मयजनक ; आश्चर्यजनक ।

изум||и́ть(ся) दे॰ изумля́ть; **—ле́ние** (नपुं॰) विस्मय; आश्चर्य; **—ля́ть** (अपू॰), **изуми́ть** (पू॰) (भवि॰ изумлю́, изу́мишь) विस्मित करना; **—ля́ться** (आत्म॰ अपू॰), **изуми́ться** (आत्म॰ पू॰) विस्मित होना; चकित होना।

изумру́д (पुं॰) मरकत; पन्ना।

изуро́довать दे॰ уро́довать.

изуч||а́ть (अपू॰), **изучи́ть** (पू॰) १. पढ़ना; अध्ययन करना; (किसी कला में) पारंगत होना; पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना; २. (केवल पू॰) सीखना; अच्छी तरह से जान लेना/पहचान लेना; он —и́л его́ वह उसे अच्छी तरह से जान गया है/पहचान गया है; **—е́ние** (नपुं॰) अध्ययन।

изъеда́ть (अपू॰), **изъе́сть** (पू॰) (भवि॰ изъе́м, изъе́шь) १. (दाँतों से काटकर) ख़राब कर देना; नष्ट कर देना; моль изъе́ла мех पोस्तीन को कीड़ा लग गया; २. (मोरचा, ज़ंग आदि लगकर) ख़राब हो जाना।

изъе́здить (पू॰) (भवि॰ изъе́зжу, изъе́здишь) (बहुत) यात्रा कर आना; и. весь свет समस्त संसार में घूम आना, संसार भर की यात्रा कर आना।

изъе́сть दे॰ изъеда́ть.

изъяви́тельн||ый (वि॰); —ое наклоне́ние (व्या॰) स्वार्थसूचक विधिलिंग।

изъяв||и́ть दे॰ изъявля́ть; **—ле́ние** (नपुं॰) अभिव्यक्ति; —ле́ние согла́сия सहमति की अभिव्यक्ति; **—ля́ть** (अपू॰), **изъяви́ть** (पू॰) (भवि॰ изъявлю́, изъя́вишь) अभिव्यक्त करना; प्रकट करना; —ля́ть согла́сие सहमति प्रकट करना।

изъязви́ть दे॰ изъязвля́ть.

изъязвл||е́ние (नपुं॰) फोड़े निकलना; **—я́ть** (अपू॰), **изъязви́ть** (पू॰) (भवि॰ изъязвлю́, изъязви́шь) फोड़े निकलना।

изъя́н (पुं॰) १. दोष; नुक़्स; с —ом सदोष; नुक़्सदार; २. कमी; ख़ामी; у э́того челове́ка мно́го изъя́нов इस आदमी में बहुत ख़ामियाँ हैं।

изъя́||тие (नपुं॰) १. (प्रयोग से) हटा लेना; (सिक्का आदि चलने से) वापस ले लेना; и. из обраще́ния (моне́ты) (सिक्के को चलने से) वापस लेना; २. अपवाद; без —тия बिना अपवाद के; в и. из пра́вил नियमों के अपवाद-रूप में।

изыма́ть (अपू॰), **изъя́ть** (पू॰) (भवि॰ изыму́, изы́мешь) (प्रयोग से) हटा देना; (सिक्का आदि चलने से) वापस लेना; छूट देना; и. в по́льзу госуда́рстра ज़ब्त कर लेना।

изыска́ние (नपुं॰) (निरन्तर प्रयास से) खोज; ढूँढ।

изы́сканн||ость (स्त्री॰) (आचार-व्यवहार की) शुद्धता; शिष्टता; परिष्कृति; **—ый** (वि॰) १. изыска́ть से कृदन्त; २. सुसंस्कृत; —ые мане́ры सुसंस्कृत आचार; —ое блю́до स्वादिष्ट भोजन।

изы́скивать (अपू॰), **изыска́ть** (पू॰) (भवि॰ изыщу́, изы́щешь) (निरन्तर प्रयास से) खोज करना; ढूँढ करना; (केवल अपू॰) पता लगाने की कोशिश करना।

изю́м (पुं॰) (केवल एकवचन) दाख; किशमिश; मुनक्का; **—ина** (स्त्री॰) दाख; **—инка** (स्त्री॰) изю́м का अल्प॰।

изя́щ||ество (नपुं॰) लालित्य; सुकुमारता; सौष्ठव; संस्कारिता; **—ный** (वि॰) ललित; सुष्ठु; सुसंस्कृत; —ные иску́сства ललित कलाएँ; —ная литерату́ра ललित साहित्य।

ика́ть (अपू॰), **икну́ть** (पू॰) हिचकी लेना।

ико́н||а (स्त्री॰) (मसीह की) मूर्ति; प्रतिमा; **—обо́рец** (पुं॰) मूर्तिपूजा का विरोधी; **—обо́рчество** (नपुं॰) मूर्तिपूजा-विरोध।

икоса́эдр (पुं॰) (गणित) बीसभुजी ठोस आकृति।

ико́та (स्त्री॰) हिचकी।

икра́ (स्त्री॰) **I.** इकरा (मछलियों के अंडे); (अंग्रेज़ी—कावियार); **II.** पिंडली।

икромета́ние (नपुं॰) (मेंढकों, मछलियों के) अंडे देने की क्रिया; मछलियों के अंडे देने का समय।

икс-лучи́ (बहु॰) ऐक्स-रे।

ил (पुं॰) (नदी या झील के तल पर बैठी) गाद ; कीचड़ ।

или (अ॰) या ; अथवा ।

и́листый (वि॰) गादवाला ; कीचड़वाला ।

иллю́з‖ия (स्त्री॰) भ्रान्ति ; माया ; создава́ть —ии भ्रान्ति उत्पन्न करना ; прекра́сная и. सुन्दर स्वप्न ; **—о́рный** (वि॰) भ्रान्तिजनक ; मायिक ।

иллюмина́тор (पुं॰) प्रदीप्तिकर ; प्रदीप्त करनेवाला ; (पोत का) वातायन ; पोत-प्रकाश ।

иллюмина́ция (स्त्री॰) प्रदीप्ति ; रोशनी ; जगमगाहट ।

иллюмини́ровать (अपू॰ और पू॰) (—рую) प्रदीप्ति करना ; रोशनी करना ।

иллюстр‖ати́вный (वि॰) दृष्टान्तमूलक ; и. материа́л दृष्टान्तमूलक सामग्री ; **—а́тор** (पुं॰) दृष्टान्त या चित्र द्वारा व्याख्या करनेवाला ; **—а́ция** (स्त्री॰) दृष्टान्त ; उदाहरण ; **—и́ро́ванный** (वि॰) सोदाहरण ; सचित्र ; —и́ро́ванный журна́л सचित्र पत्रिका ; **—и́ровать** (अपू॰ और पू॰) (—рую) दृष्टान्त देना ; सचित्र करना ।

ило́т (पुं॰) प्राचीन स्पार्टा का दास ।

и́лька (स्त्री॰) १. गन्धमार्जार (अमरीका देश की एक प्रकार की बिल्ली) ; २. गन्धमार्जार की पोस्तीन ।

ильм (पुं॰) एलम (एक वृक्ष) ।

има́м (पुं॰) इमाम (मुसलमान पुरोहित) ।

имби́рный (वि॰) अदरक का ।

имби́рь (पुं॰) (वन॰) अदरक ।

име́ние (नपुं॰) भू-सम्पत्ति ; आस्ति ।

имени́н‖ник (पुं॰), **—ница** (स्त्री॰) जिसका नामदिवस हो ; сего́дня он —ник आज उसका नामदिवस है ; □ вы́глядеть —ником प्रसन्न दिखायी पड़ना ; **—ный** (वि॰) नामदिवस का ; **—ы** (बहु॰) नामदिवस ।

имени́тельный (वि॰) и. паде́ж (व्या॰) कर्ताकारक ।

имени́тый (वि॰) यशस्वी ; विख्यात ; नामवर ।

и́менно (क्रि॰ वि॰) १. अर्थात् ; २. ठीक वही ; ठीक-ठीक ; и. э́тот слу́чай ठीक यही अवसर ; вот и. э́то он и говори́л ठीक यही तो उसने कहा था ; □ вот и. ! बिल्कुल सही !

именн‖о́й (वि॰) नाम-सम्बन्धी ; и. спи́сок नामों की सूची ; —о́е кольцо́ अँगूठी जिस पर नाम खुदा हो ।

именовá**ть** (अपू॰), **на—** (पू॰) (वर्त॰ —ну́ю) नाम देना/रखना ; **—ся** (आत्म॰) नाम दिया जाना ।

име́‖ть (पू॰) १. रखना ; и. в виду́ ध्यान में रखना ; и. успе́х सफलता प्राप्त करना ; **—ться** (आत्म॰) होना ; у них —ются но́вые кни́ги उनके पास नयी पुस्तकें हैं ; —ться налицо́ उपलब्ध होना ; २. मिलना ; е́сли таковы́е кни́ги —ются यदि ऐसी पुस्तकें मिलती हों ।

имит‖а́тор (पुं॰), **—а́торша** (स्त्री॰) अनुकर्ता / अनुकर्तृ ; नक़ल करनेवाला / वाली ; **—а́ция** (स्त्री॰) अनुकरण ; नक़ल ; **—и́ровать** (अपू॰), (—рую) अनुकरण करना ; नक़ल करना ।

имманéнтн‖ый (वि॰) अभ्यन्तर ; अन्तर्हित ; अन्तर्व्यापक ; हक़ीक़ी ; —ые причи́ны अन्तर्भूत कारण ।

иммигр‖а́нт (पुं॰), **—ка** (स्त्री॰) आवासी ; **—а́ция** (स्त्री॰) आवास ; **—и́ровать** (अपू॰ और पू॰) (—рую) आवास करना ।

иммун‖иза́ция (स्त्री॰) (रोग से) प्रतिरक्षण ; **—изи́ровать** (अपू॰ और पू॰) (—рую) (रोग से) प्रतिरक्षा करना ।

иммуните́т (पुं॰) (रोग से) प्रतिरक्षा ।

императи́вный (वि॰) आज्ञासूचक ।

импера́т‖ор (पुं॰) सम्राट ; **—орский** (वि॰) सम्राट का ; शाही ; **—ри́ца** (स्त्री॰) सम्राज्ञी ।

империа́л (पुं॰) इम्पीरियल (एक सिक्का) ।

империал‖и́зм (पुं॰) साम्राज्यवाद ; **—и́ст** (पुं॰) साम्राज्यवादी ; **—исти́ческий, —и́стский** (वि॰) १. साम्राज्यवाद-सम्बन्धी ; २. साम्राज्यवादी ।

импе́рия (स्त्री॰) साम्राज्य ।

импоза́нтный (वि०) भव्य ; रोबदार ; शानदार ।

импони́ровать (अपू०) आदर-भाव जागृत करना ।

и́мпорт (पुं०) आयात ; **—ёр** (पुं०) आयात-कर्त्ता ; दिसावर से माल लानेवाला ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) आयात करना ; दिसावर से माल लाना ।

импоте́н||т (पुं०) नपुंसक ; नामर्द ; **—ция** (स्त्री०) नपुंसकता ; नामर्दी ।

импресса́рио (पुं०) खेल-तमाशों का पेशेवर प्रबन्धकर्त्ता ।

имровиз||а́тор (पुं०) आशुरचयिता ; सद्यः-स्फूर्त वक्ता; बिना तैयारी के रचना करनेवाला/बोलनेवाला ; **—а́ция** (स्त्री०) आशुरचना ; बिना तैयारी के रचना/भाषण ; **—и́ровать** (अपू०) (—рую) आशुरचना करना ; सद्यःस्फूर्त भाषण देना ; बिना तैयारी के भाषण देना ।

и́мпульс (पुं०) आवेग ; मनोवेग ।

иму́ществен||ный (वि०) सम्पत्ति-सम्बन्धी ; и. ценз साम्पत्तिक योग्यता ; —ные отноше́ния साम्पत्तिक सम्बन्ध ।

иму́щество (नपुं०) सम्पत्ति ; मालमता ; дви́жимое и. निजी/चल सम्पत्ति ; недви́жимое и. अचल सम्पत्ति ।

иму́щий (वि०) धनिक ; सम्पन्न ; अच्छा खाता-पीता ।

и́м||я (नपुं०) १. नाम ; дать и. नाम देना/रखना ; по —ени Ива́н ईवान नाम का ; २. (व्या०) и. существи́тельное संज्ञा ; и. прилага́тельное विशेषण ; □ запятна́ть своё и. अपने नाम को कलंक लगाना ; челове́к с —енем नामी आदमी ; от —ени की ओर से ।

инакомы́слящий (वि०) विमत ; भिन्नमति ; भिन्न विचार रखनेवाला ।

ина́че (क्रि० वि०) १. अन्यथा ; अन्य प्रकार से ; २. वरना ; спеши́те, ина́че опозда́ете ! जल्दी कीजिए, वरना देर हो जायेगी ; □ так или и. ऐसे या वैसे ।

инвали́д (पुं०) विकलांग ; (रोग या बुढ़ापे के कारण) अशक्त व्यक्ति ; **—ность** (स्त्री०) विकलांगता ; (रोग या बुढ़ापे से उत्पन्न) अशक्तता ; **—ный** (वि०) (रोग या बुढ़ापे के कारण) अशक्त ; विकलांग ।

инвента́рь (पुं०) फ़ेहरिस्त ; सूची ; живо́й и. पशुधन ; сельскохозя́йственный и. खेती-बाड़ी के औज़ार ।

инве́рсия (स्त्री०) विपर्यास ; उलटा-पलटी ।

инвеститу́ра (स्त्री०) पदाभिषेक ; मानाभिषेक ; सम्मान-दीक्षा ।

ингаля́||тор (पुं०) (चिकि०) आश्वसित्र ; वायुशोधक यन्त्र ; **—ция** (स्त्री०) (चिकि०) आश्वसन ; श्वास लेना ।

ингредие́нт (पुं०) अवयव ; घटक ।

инде́ец (पुं०) उत्तरी अमरीका का प्राचीन निवासी (रेड इंडियन) ।

инде́йка (स्त्री०) एक प्रकार की मुर्ग़ी (टर्की) ।

инде́йский (वि०) उत्तरी अमरीका के प्राचीन निवासी (रेड इंडियन) का ।

и́ндекс (पुं०) अनुक्रमणिका ; इंडेक्स ।

индетермин||и́зм (पुं०) अनिश्चयवाद ; विकल्पवाद ; **—и́ст** (पुं०) अनिश्चयवादी ; विकल्पवादी ।

индиа́нка (स्त्री०) उत्तरी अमरीका की प्राचीन निवासिनी ।

индиви́д (पुं०), **индиви́дуум** (पुं०) एक व्यक्ति ; प्राणी ; **—уализа́ция** (स्त्री०) व्यक्तीकरण ; **—уали́зм** (पुं०) व्यक्तिवाद ; **—уали́ст** व्यक्तिवादी ।

и́нди́го (नपुं०) १. नील का पौधा ; २. नील ; जम्बुकी रंग ।

инди́ец (पुं०) भारतीय पुरुष ।

и́ндий (पुं०) (रस०) इंडियन ।

инди́йск||ий (वि०) भारतीय ; भारत का ; —ое прави́тельство भारत-सरकार ।

индика́тор (पुं०) सूचक यन्त्र ; **—ный** (वि०) सूचक ।

индиф(ф)ер||енти́зм (पुं०) उदासीनतावाद ; **—е́нтный** (वि०) उदासीन ।

индоссаме́нт (पुं०) पृष्ठांकन ; अनुमोदन-हस्ताक्षर ।

индукти́вный (वि०) आगमनात्मक ।

инду́кция (स्त्री०) (भौ०) प्रेरण ; (दर्शनशास्त्र) आगमन (अनेक उदाहरणों द्वारा सामान्य नियम का अनुमान करना) ।

индульге́нция (स्त्री०) (कैथलिक धर्म में पैसे लेकर पादरी द्वारा किसीका) पाप-मोचन ।

инду́с (पुं०), **—ка** (स्त्री०) हिन्दू पुरुष/स्त्री ; **—кий** (वि०) हिन्दू का ।

индустри||лиза́ция (स्त्री०) औद्योगीकरण ; **—а́льный** (वि०) औद्योगिक ।

инду́стрия (स्त्री०) (केवल एकवचन) उद्योग ; धन्धा ।

индю́||к (पुं०) एक प्रकार का मुर्ग़ा (टर्की) ; **—шка** (स्त्री०) индю́к का स्त्री०-रूप ।

и́ней (पुं०) पाला ।

ине́ртн||ость (स्त्री०) जड़ता ; निष्क्रियता ; गतिहीनता ; **—ый** (वि०) निष्क्रिय ; जड़ ; गतिहीन ।

ине́рц||ия (स्त्री०) १. (भौ०) अवस्थितित्व ; गतिजनित शक्ति ; गतिमात्रा ; по —и स्वचलित ; २. जड़ता ; निर्जीवता ; निष्क्रियता ।

инжене́р (पुं०) इंजीनियर ; **—ный** (वि०) इंजीनियर का ।

инжи́р (पुं०) अंजीर (फल या पेड़) ।

инициа́лы (बहु०) (नाम के) आद्यक्षर ।

инициати́в||а (स्त्री०) प्रेरक शक्ति ; पहलक़दमी ; по —е кого́-л. किसीकी प्रेरणा से ; **—ный** (वि०) प्रेरणा-शक्ति से सम्पन्न ।

инквизи́ция (स्त्री०) अदालती तहक़ीक़ात ।

инко́гнито (क्रि० वि०) गुप्त वेश में ; वेश बदलकर ।

инкорпор||а́ция (स्त्री०) सम्प्रवेशन ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) सम्प्रविष्ट करना ।

инкримини́ровать (अपू० और पू०) (—рую) अपराध लगाना ; अपराध में शामिल करना ।

инкруст||а́ция (स्त्री०) पच्चीकारी का काम ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) पच्चीकारी करना ; जड़ना ।

инкуба́||тор (पुं०) गर्मी पहुँचाने (अंडा सेने) का यन्त्र ; **—цио́нный** (वि०) —цио́нный перио́д उद्भव-काल, अंडा सेने का समय ।

инове́рец (पुं०) भिन्नधर्मा ; भिन्न विश्वास रखनेवाला ।

иногда́ (स्त्री०) कभी-कभी ।

инозе́м||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) विदेशी ; अजनबी ।

ин||о́й (वि०) १. भिन्न ; दूसरा ; —ы́ми слова́ми दूसरे शब्दों में ; по —о́му भिन्न प्रकार से ; २. कुछ ; —ы́е здесь, —ы́е там कुछ यहाँ और कुछ वहाँ ; и. раз फिर कभी, दूसरी बार ।

и́нок (पुं०) भिक्षु ; **—иня** (स्त्री०) भिक्षुणी ।

инокул||и́ровать (अपू० और पू०) (—рую) (चिकि०) टीका लगाना ; सुई लगाना ; **—я́ция** (स्त्री०) (चिकि०) टीका/सुई लगाने की क्रिया ।

иноплеме́нн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) अन्य क़बीले/अन्य जाति का व्यक्ति ।

иноро́дный (वि०) भिन्नजातीय ; विविधजातीय ।

иносказа́||ние (नपुं०) अन्योक्ति ; रूपक ; **—тельный** (वि०) अन्योक्तिमूलक ; रूपकमूलक ।

иностра́н||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) विदेशी व्यक्ति ; **—ный** (वि०) विदेशी ; वैदेशिक ।

инохо́дец (पुं०) क़दम चाल चलनेवाला घोड़ा ; धीरे-धीरे चलनेवाला घोड़ा ।

и́ноходь (स्त्री०) (घोड़े की) क़दम चाल ।

иноязы́чный (वि०) अन्यभाषा-भाषी ।

инсинуа́ция (स्त्री०) १. चालाकी या छल-कपट से कहीं घुस जाने की क्रिया ; २. अपभाषण ; चुग़ली ।

инсоля́ция (स्त्री०) १. (भौ०) भानुपाक ; शुद्ध करने (या पकाने) के लिए सूर्य की किरणों के सामने रखना ; २. रश्मि-चिकित्सा ।

инспекти́ровать (अपू०) (—рую) निरीक्षण करना ; मुआइना करना ।

инспе́ктор (पुं०) निरीक्षक ; इंस्पेक्टर ।

инспе́кция (स्त्री०) निरीक्षण ; मुआइना ;

инспир||а́тор (पुं०) दुष्प्रेरक ; उत्तेजना दिलानेवाला ; उकसानेवाला ; **—а́ция** (स्त्री०) प्रेरणा ; दुष्प्रेरणा ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) उत्तेजित करना ; उकसाना ; दुष्प्रेरणा देना ।

инсти́нкт (पुं०) सहजवृत्ति ; **—и́вный** (वि०) सहजवृत्तिमूलक ।

институ́т (पुं०) १. संस्थान ; २. संस्था ; и. бра́ка विवाह-संस्था ।

инстру́ктор (पुं०) अनुदेशक ; शिक्षक ; **—ша** (स्त्री०) अनुदेशिका ; शिक्षिका ।

инстру́кция (स्त्री०) निदेश ; अनुदेश ।

инструме́нт (पुं०) उपकरण ; औज़ार ; музыка́льный и. वाद्ययन्त्र ; **—а́льный** (वि०) १. कारण ; हेतु ; २. औज़ार-सम्बन्धी ; औज़ार बनाने का ; —а́льное произво́дство औज़ार बनाने का काम ; —а́льная сталь औज़ार बनाने का इस्पात ; **—а́льщик** (पुं०) औज़ार-निर्माता ।

инсцени́ровать (अपू० और पू०) (—рую) १. नाट्य-रूपान्तर करना ; и. рома́н उपन्यास का नाट्य-रूपान्तर करना ; २. बहाना करना ; ३. मुक़दमा तैयार करना ।

интегр||а́л (पुं०) (गणित) पूर्ण संख्या ; अखंड संख्या ; **—а́льный** (वि०) (गणित) पूर्ण/अखंड (संख्या) ।

интелле́кт (पुं०) मेधा ; बुद्धि ; **—уа́льный** (वि०) बौद्धिक ; बुद्धि-सम्बन्धी ।

интеллиге́нция (स्त्री०) बुद्धिजीविवर्ग ।

интенда́нт (पुं०) (सेना०) कमीसरी ; **—ский** (वि०)कमीसरी-सम्बन्धी ; कमीसरी का ; **—ство** (नपुं०) कमीसरियत ; सेनारसद-विभाग ।

интенси́вн||ый (वि०) प्रकृष्ट ; गहन ; प्रगाढ़ ; —ое хозя́йство गहन कृषि ।

интерва́л (पुं०) अवकाश ; अन्तराल ; अन्तर्विराम ।

интерве́нция (स्त्री०) हस्तक्षेप ; दखल ।

интервью́ (नपुं०) भेंट ; मुलाक़ात ; **—е́р** (पुं०) भेंट करनेवाला ; मुलाक़ात करनेवाला ।

интере́с (पुं०) १ दिलचस्पी ; अभिरुचि ; रुचि ; возбужда́ть и. दिलचस्पी पैदा करना ; прояви́ть и. दिलचस्पी दिखाना ; २. स्वार्थ ; हित ; э́то в ва́ших —ах यह आपके हित की बात है।

интере́сн||о १. (क्रि० वि०) दिलचस्पी लेकर ; अभिरुचिपूर्वक ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) е́сли вам и. знать यदि आपको जानने में दिलचस्पी है ; **—ый** (वि०) दिलचस्प ; रोचक ; सुन्दर ; मनोहर ; —ая женщи́на सुन्दरी ; रमणी ।

интересова́ть (अपू०) (—су́ю) दिलचस्पी पैदा करना ; **—ся** (आत्म० अपू०), **поинтересова́ться** (आत्म० पू०) दिलचस्पी लेना।

интерме́дия (स्त्री०) (नाटक में) विष्कम्भक।

инте́рн (पुं०) नज़रबन्द ।

интерна́т (पुं०) बोर्डिंग-स्कूल (स्कूल जिसमें रहने और खाने का प्रबन्ध हो) ।

интернациона́л (पुं०) अन्तर्राष्ट्रिक ; अन्तर्राष्ट्रीय संघ (समाजवादी दलों का अन्तर्राष्ट्रीय संघ); III и. तृतीय अन्तर्राष्ट्रिक ।

интернациона́льный (वि०) अन्तर्राष्ट्रीय।

интерни́ровать (अपू० और पू०) (—рую) अन्तर्वासित करना ; नज़रबन्द करना ।

интерпол||и́ровать (अपू० और पू०) (—рую) (पुस्तक में) क्षेपक भर देना ; **—я́ция** (स्त्री०) क्षेपक ।

интерпрет||а́ция (स्त्री०) भाषान्तर ; व्याख्या; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) भाषान्तर करना ; व्याख्या करना ।

интерфере́нция (स्त्री०) (भौ०) व्यतिकरण।

инти́мн||ость (स्त्री०) घनिष्ठता ; निकट परिचय; **—ый** (वि०) घनिष्ठ ; निकट परिचित ; —ый друг घनिष्ठ मित्र ।

интоксика́ция (स्त्री०) नशा ; मादकता ।

интона́ция (स्त्री०) (संगीत में) स्वरगायन; स्वर का उतार-चढ़ाव ।

интри́г||а (स्त्री०) कुचक्र ; вести́ —у कुचक्र रचना; **—а́н** (पुं०), **—а́нка** (स्त्री०) कुचक्री ;

—ова́ть (अपू०), **заинтригова́ть** (पू०) (वर्त० —гу́ю) १. (केवल अपू०) कुचक्र रचना ; २. कौतूहल पैदा करना ।

интроду́кция (स्त्री०) (संगीत की) भूमिका ।

интроспе́кция (स्त्री०) अन्तर्दृष्टि ; आत्मनिरीक्षण ।

интуити́вный (वि०) अन्तर्ज्ञानमूलक ; सहजज्ञानमूलक ।

интуи́ц||ия (स्त्री०) अन्तर्ज्ञान ; सहजज्ञान ; по —ии सहजज्ञान से ।

инфекцио́нн||ый (वि०) संक्रामक ; —ое заболева́ние संक्रामक रोग ।

инфе́кция (स्त्री०) संक्रमण ।

инфинити́в (पुं०) (व्या०) सामान्य रूप ।

инфлюэ́нца (स्त्री०) श्लेष्मा ज्वर ; ज़ुकाम ।

инфля́ция (स्त्री०) मुद्रास्फीति ; मुद्रा-विस्तार ।

информ||а́тор (पुं०) सूचनादाता ; मुख़बिर ; **—а́ция** (स्त्री०) सूचना ; समाचार ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) १. सूचना देना ; २. मुख़बिरी करना ।

инфракра́сный (वि०) (भौ०) अवरक्त ; अधोरक्त ।

инциде́нт (पुं०) घटना ।

инъе́кци||я (स्त्री०) сде́лать —ю इंजेक्शन देना, सुई लगाना ।

и. о. (исполня́ющий обя́занности) कार्यवाहक ।

ио́д (पुं०) (रस०) आयोडीन ।

ио́н (पुं०) (भौ०) आयन ।

ио́г (पुं०) योगी ; भारतीय तत्त्वज्ञानी ।

ио́га (स्त्री०) योग ; भारतीय दर्शन का अंग ।

ио́т (पुं०) अक्षर "ज" (रूसी वर्णमाला में यह अक्षर नहीं है) ।

ио́т||а (स्त्री०) कण ; लेश ; ни на —у कण भी नहीं, लेशमात्र भी नहीं, तनिक भी नहीं ।

ипоте́ка (स्त्री०) (अचल सम्पत्ति) गिरवी ; बन्धक ; धरोहर ।

ипохо́ндр||ик (पुं०) विषादरोग-ग्रस्त ; सदा उदास रहनेवाला व्यक्ति ; **—ия** (स्त्री०) विषादरोग ।

ипподро́м (पुं०) घुड़दौड़ का मैदान ।

иппполо́гия (स्त्री०) अश्व-विद्या ।

ира́н||ец (पुं०) ईरान का निवासी ; ईरानी ; **—ский** (वि०) ईरान देश का ।

и́рбис (पुं०) बर्फ़ में रहनेवाला चीता ।

ири́дий (पुं०) (रस०) इरिडियम ।

ири́с (पुं०) (केवल एकवचन) टाफ़ी (बच्चों की मिठाई) ।

ирла́нд||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) आयरलैंड-निवासी/निवासिनी ; **—ский** (वि०) आयरलैंड का ।

и́род (पुं०) क्रूर ; उत्पीड़क ; अत्याचारी ।

ирон||изи́ровать (अपू०) (—рую) व्यंग्य करना ; ताना कसना ; **—и́ческий** (वि०) व्यंग्यपूर्ण ; ताने का ।

иро́ния (स्त्री०) व्यंग्य ; ताना ।

иррациона́льн||ый (वि०) १. निर्विवेक ; विवेकहीन ; अविवेकी ; २. (गणित) अपरिमेय ; —ое число́ करण (अंग्रेज़ी—सर्ड) ।

иррегуля́рный (वि०) अनियमित ; नियमविरुद्ध ।

иррига́ция (स्त्री०) सिंचाई ।

иск (पुं०) (अदालती) वाद ; नालिश ; मुक़दमा ; अभियोग ; гражда́нский и. दीवानी मुक़दमा ; предъяви́ть и. кому́-л. किसी पर मुक़दमा दायर करना ।

искажа́ть (अपू०), **искази́ть** (पू०) (भवि० искажу́, искази́шь) विकृत रूप देना; तोड़-मरोड़ देना ; ग़लत अर्थ निकालना ; ग़लत बतलाना ; बिगाड़ना ; страх искази́л его́ лицо́ डर के मारे उसका मुख विकृत हो गया ; и. чьи-л. слова́ किसीके शब्दों को तोड़-मरोड़ देना (अर्थात् उलटा अर्थ निकालना) ; **—ся** (आत्म०) १. (मुँह) बिगड़ना ; २. искажа́ть का कर्मवाच्य ।

искаже́ние (नपुं०) विकार; बिगाड़ ; (शब्द आदि को) तोड़-मरोड़ देने या उलटा अर्थ निकालने की क्रिया ; (तथ्य को) ग़लत बनाकर कहना ; **—ённый** (वि० और कृदन्त) विकृत ; विपर्यस्त ।

искалéчивать (अपू०), **искалéчить** (पू०) अपाहिज बनाना ; लँगड़ा-लूला करना ; अंग-भंग करना ।

искáлывать (अपू०), **исколóть** (पू०) (सुई आदि चुभोकर) छलनी करना ; (छुरे से) जगह-जगह घाव करना ।

искáние (नपुं०) खोज ; अन्वेषण ; и. прáвды सत्य की खोज ।

искáпывать (अपू०), **ископáть** (पू०) (जगह-जगह) खोद डालना ।

искáтель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) खोजी ; अन्वेषक/अन्वेषिका ; и. приключéний साहसी आदमी, जीवट का आदमी ।

искáть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० ищý, и́щешь) खोज करना ; ढूँढना ; и. дом घर की तलाश करना ; и. мéста नौकरी ढूँढना, जगह ढूँढना ।

исключ||áть (अपू०), **искючи́ть** (पू०) बाहर निकाल देना ; अपाकरण करना ; व्यावर्तन करना ; बहिष्कार करना ; (सूची में से) काट देना ; возмóжность такóго слýчая —енá ऐसा होने की सम्भावना नहीं ; **—áя** : १. исключáть से कृदन्त ; २. (-के) सिवाय ; (-के) अतिरिक्त ; (-के) अलावा ; не —áя बिना अपवाद के ; **—éние** (नपुं०) बहिष्कार ; अपाकरण ; व्यावर्तन ; (गणित) निरसन ; विलोपन ; □ за —éнием (-के) अतिरिक्त ; в ви́де —éния अपवाद-रूप में ।

исключи́тельн||о (क्रि० वि०) अनन्य रूप से ; **—ый** (वि०) अपवादभूत ; अनन्य ; —ый слýчай अनन्य अवसर ; —ое прáво अनन्य अधिकार ।

исключи́ть दे० исключáть.

исковéркать दे० ковéркать.

исколóть दे० искáлывать.

искóмкать (पू०) (बिल्कुल) मसल डालना ; शिकन डालना ; и. всю бумáгу सारे काग़ज़ को मसल डालना ।

искóм||ое (नपुं०) (वि० रू०) (गणित) अज्ञात मात्रा/राशि ; **—ый** (वि०) इष्ट ; अन्वेषणीय ।

иск||они́ (क्रि० वि०) अनादि काल से ; **—óнный** (वि०) आदि- ; —óнный оби́тель आदिवासी ।

ископáемый (वि०) खनिज ; खोदा हुआ ।

ископáть दे० искáпывать.

искорен||éние (नपुं०) उन्मूलन ; **—я́ть** (अपू०), **искорени́ть** (पू०) उन्मूलन करना ; जड़ से उखाड़ना ।

и́скоса (क्रि० वि०) तिरछी नज़र से ; कनखियों से ; и. погля́дывать на когó-л. किसीकी ओर कनखियों से देखना ।

и́скра (स्त्री०) चिनगारी ; и. надéжды आशा की किरण ।

искрéние (नपुं०) चिनगारी निकालने की क्रिया ।

и́скрен||не = и́скренно ; —ний (वि०) सच्चा ; ईमानदार ; निष्कपट ; —ний человéк ईमानदार आदमी ; **—но** (क्रि० वि०) सच्चाई से ; ईमानदारी से ; —но прéданный вам (सरकारी पत्रों में) भवदीय, भवन्निष्ठ ; **—ность** (स्त्री०) सच्चाई ; ईमानदारी ।

искрив||и́ть(ся) दे० искривля́ть(ся) ; **—лéние** (नपुं०) १. टेढ़ा करने/मोड़ने की क्रिया ; २. वक्रता ; टेढ़ापन ।

искривля́ть (अपू०), **искриви́ть** (पू०) (भवि० искривлю́, искриви́шь) टेढ़ा करना ; मोड़ना ; झुकाना ; (शब्दों के अर्थ) तोड़ना-मरोड़ना ; बिगाड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. विकृत होना ; बिगड़ना ; егó лицó искриви́лось उसका मुँह बिगड़ गया ; २. искривля́ть का कर्मवाच्य ।

искр||и́стый (वि०) चिनगारीवाला ; **—и́ться** (आत्म०) चिनगारी निकालना ।

искровóй (वि०) चिनगारी देनेवाला ।

искрогаси́тель (पुं०) चिनगारी बुझानेवाला ।

искромсáть दे० кромсáть.

искро||удержáтель, —улови́тель (पुं०) स्फुलिंग-ग्राहक ; चिनगारी ग्रहण करने का यन्त्र ।

искупáть -I (अपू०), **искупи́ть** (पू०) (भवि० искуплю́, искýпишь) प्रायश्चित्त

करना ; पाप धोना ; **—ся** (आत्म०) प्रायश्चित्त करना ; (अपने) पाप धोना ।

искупáть -II (पू०) नहलाना ; स्नान कराना ; **—ся** (आत्म०) (स्वयं) नहाना ; स्नान करना ।

искуп||и́тельный (वि०) प्रायश्चित्त का ; **—лéние** (नपुं०) प्रायश्चित्त ।

и́скус (पुं०) परीक्षा ; आज़माइश ; он прошёл тяжёлый и. वह कठिन परीक्षा से गुज़रा ।

искусáть (पू०) (कुत्ते आदि का) बहुत बार काटना ; (कीड़े आदि का) डंक मारना ; बुरी तरह डंक मारना ।

искуси́тель (पुं०) प्रलोभक ; मोहक ।

искуси́ть दे० искушáть.

иску́с||ник (पुं०) (किसी कला में) दक्ष ; निष्णात ; कुशल ; и. в своём дéле अपने काम में कुशल या दक्ष ; **—ный** (वि०) निष्णात ; —ный врач कुशल डाक्टर ।

иску́сствен||но (क्रि० वि०) कृत्रिमता से ; बनावटीपन से ; **—ный** (वि०) शिल्पनिर्मित ; कृत्रिम ; नक़ली ; बनावटी ; —ные цветы́ बनावटी फूल ; —ные зу́бы नक़ली दाँत ; —ная улы́бка बनावटी मुस्कराहट ।

иску́сств||о (नपुं०) १. कला ; изобрази́тельные, изя́щные —а ललित कलाएँ ; произведéние —а कलाकृति ; २. (कला में) कुशलता ; दक्षता ; प्रवीणता ; с больши́м —ом बड़ी कुशलता से ।

искусствовéд (पुं०) कलाविद् ; कला-समीक्षक ; **—ение** (नपुं०) कला का अध्ययन ; कला-समीक्षा ।

искуш||áть (अपू०), **искуси́ть** (पू०) (भवि० искушу́, искуси́шь) फुसलाना ; प्रलुब्ध करना ; **—éние** (नपुं०) फुसलाने की क्रिया ; प्रलोभन ; вводи́ть в —éние फुसलाना ; **—ённый** (वि०) अनुभवी ।

исла́нд||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) आइसलैंड-निवासी/निवासिनी ; **—ский** (वि०) आइसलैंड का ।

испáн||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) स्पेन-निवासी/निवासिनी ; **—ский** (वि०) स्पेन का ।

испарéние (नपुं०) १. वाष्पीकरण ; २. (बहु०) धुआँ ; हानिकर भाप ।

испáрина (स्त्री०) पसीना ; स्वेद ।

испаря́ть (अपू०), **испари́ть** (पू०) वाष्प-रूप में उड़ाना ; **—ся** (आत्म०) वाष्प-रूप में उड़ना ; वाष्प में परिणत होना ; भाप बनकर उड़ जाना ।

испáчкать दे० пáчкать.

испепеля́ть (अपू०), **испепели́ть** (पू०) (जलाकर) राख कर देना ; भस्म कर देना ।

испестря́ть (अपू०), **испестри́ть** (पू०) बहुरंगा कर देना ।

испéчь दे० печь.

испи́сывать (अपू०), **исписáть** (पू०) (भवि० испишу́, испи́шешь) १. (पेंसिल, काग़ज़ आदि) लिखकर समाप्त कर देना ; २. सब लिख डालना ।

испитóй (वि०) दुबला-पतला ; पिचके गालोंवाला ।

исповедáние (नपुं०) (धर्म) अंगीकरण ; धर्म ; и. вéры धर्म-अंगीकरण ; христиáнское и. मसीही धर्म ।

исповéдовать (अपू० और पू०) (—дую) १. (मसीही धर्म में) पाप-अंगीकार संस्कार कराना ; २. पूछताछ करना ; и. прия́теля, чтóбы знать егó нóвые взгля́ды मित्र के नये विचार जानने के लिए उससे पूछताछ करना ; २. (धर्म) ग्रहण करना ; и. мусульмáнство इस्लाम धर्म ग्रहण करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने पापों का अंगीकरण करना ; २. исповéдовать का कर्मवाच्य ।

и́споведь (स्त्री०) (मसीही धर्म में पादरी के सम्मुख) पाप-अंगीकार संस्कार ।

и́сподвол (क्रि० वि०) थोड़ा-थोड़ा करके ; धीरे-धीरे ।

исподлóбья (क्रि० वि०) : смотрéть и. अविश्वासपूर्वक देखना, उदास दृष्टि से देखना ; глядéть и. अविश्वासपूर्वक देखना ।

исподтишкá (क्रि० वि०) चुपके-चुपके ; चोरी से ; дéйствовать и. चुपके-चुपके काम करना ।

испоко́н (क्रि० वि०) и. веко́в, и. ве́ку अनादिकाल से ।

исполи́н (पुं०) १. भीमकाय ; २. दिग्गज ; и. нау́ки विज्ञान के क्षेत्र में दिग्गज ।

исполко́м (исполни́тельный комите́т) कार्यकारिणी समिति ।

исполне́ние (नपुं०) १. (इच्छा, आज्ञा आदि की) पूर्ति ; कार्यान्विति ; परिपालन ; (कर्तव्य, धर्म आदि का) पालन ; २. (नाटक आदि में) अभिनय ; ☐ проводи́ть в и. कार्यान्वित करना ।

исполни́мый (वि०) पूरा/कार्यान्वित करने योग्य ।

исполни́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) १. (इच्छा आदि) कार्य-रूप में परिणत करनेवाला/वाली ; निर्वर्तक ; суде́бный и. बेलिफ़ ; २. (नाटक आदि का) कलाकार ।

исполни́тельн||ый (वि०) १. कार्यकारिणी ; и. комите́т कार्यकारिणी समिति ; —ая власть कार्यकारिणी सत्ता, प्रबन्धकारिणी सत्ता ; २. उद्यमी ; उद्योगी ; परिश्रमी ; सावधान ।

исполн||я́ть (अपू०), **испо́лнить** (पू०) १. कार्यान्वित करना ; (इच्छा आदि) पूरी करना ; (आज्ञा, कर्तव्य, धर्म आदि का) पालन करना ; —я́ющий обя́занности कार्यवाहक ; и. жела́ние इच्छा पूरी करना ; и. рабо́ту काम पूरा करना ; и. обеща́ние वायदा पूरा करना ; и. свой долг अपना कर्तव्य पालना ; २. (नाटक आदि में) अभिनय करना ; и. та́нец नृत्य करना ; **—ся** (आत्म०) (इच्छा आदि की) पूर्ति होना ; моё жела́ние испо́лнилось मेरी इच्छा पूर्ण हो गयी ; २. ему́ испо́лнилось २० лет उसकी आयु बीस वर्ष की हो गयी है/उसका बीसवाँ वर्ष पूरा हो चुका है ; ३. परिपूरित होना ; भरना ; моё се́рдце испо́лнилось ра́достью मेरा मन प्रसन्नता से परिपूर्ण हो गया ; ४. исполнять का कर्मवाच्य ।

и́сполу (क्रि० वि०) आधा-आधा ; де́лать и. आधा-आधा करना/दो बराबर भागों में बाँटना ।

испо́льзов||ание (नपुं०) उपयोग ; प्रयोग ; **—ать** (अपू०) (—зую) उपयोग करना ; प्रयोग में लाना ; लाभ उठाना ; —ать все сре́дства सब साधन प्रयोग में लाना ।

испо́ртить(ся) दे० по́ртить(ся).

испо́рченн||ость (स्त्री०) भ्रष्टता ; दुराचारिता ; **—ый** (वि०) १. испо́ртить से कृदन्त ; २. दुराचारी ; भ्रष्ट ; खराब ; सड़ा हुआ ; (लाड़-प्यार से) बिगड़ा हुआ (बच्चा) ; —ый хара́ктер दुराचार ; —ые зу́бы ख़राब दाँत ।

исправи́тельный (वि०) सुधार करने का ; и. дом (अपराधी बच्चों का) सुधारघर ।

испра́в||ить दे० исправля́ть ; **—ле́ние** (नपुं०) (ग़लतियाँ) ठीक करने की क्रिया ; शोधन ; संशोधन ; सुधार ; मरम्मत ।

исправля́ть (अपू०), **испра́вить** (पू०) (भवि० исправлю́, испра́вишь) (ग़लतियाँ आदि) ठीक करना ; मरम्मत करना ; सुधार करना ; प्रायश्चित्त करना ; и. оши́бку ग़लती ठीक करना ; испра́вленное изда́ние संशोधित संस्करण ; ☐ и. до́лжность, обя́заанность кого́-л. किसीके स्थान पर काम करना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) सुधारना ; २. исправля́ть का कर्मवाच्य ।

испра́вник (पुं०) (क्रान्ति-पूर्व रूस में) ज़िले का पुलिस-अफ़सर ।

испра́в||ность (स्त्री०) १. अच्छी अवस्था ; २. यथार्थता ; समयानुपालन ; समयनिष्ठता ; **—ный** परिश्रमी ; समयानुपालक ; समयनिष्ठ ।

испражн||е́ние (नपुं०) मलहरण ; शौच-क्रिया ; **—е́ния** (बहु०) विष्टा ; मल ; **—я́ться** (आत्म० अपू०) शौच जाना ; टट्टी जाना ।

испра́шивать (अपू०), **испроси́ть** (पू०) (भवि० испрошу́, испро́сишь) बार-बार माँग-कर लेना ; प्रार्थना करके लेना ; и. ава́нс पेशगी माँगना ; и. разреше́ние इजाज़त माँगना ।

испро́бова||ть (पू०) (—бую) १. जाँच करना ; परखना ; и. но́вый инструме́нт नये औज़ार की जाँच करना ; २. आज़माना ; он —л мно́го профе́ссий उसने बहुत से धन्धे आज़माये हैं।

испроси́ть दे० испра́шивать.

испу́г (पुं०) भय ; आतंक ; в —е भय के कारण ; **—анный** (वि० और कृदन्त) डरा हुआ ; भयभीत ; **—а́ть** दे० пуга́ть.

испуска́ть (अपू०), **испусти́ть** (पू०) (भवि० испущу́, испу́стишь) बाहर निकालना ; निःश्वास छोड़ना ; (श्वास) बाहर निकालना ; (चीख़) मारना ; ☐ испусти́ть дух अन्तिम श्वास लेना, श्वास छोड़ना/मरना ; испусти́ть вздох आह भरना, उच्छ्वास लेना।

испыта́ни||е (नपुं०) १. जाँच ; परख ; आज़माइश ; कठिन परीक्षा ; быть на —и आज़माइश पर होना, परीक्षाधीन होना ; производи́ть и. आज़माइश करना ; пройти́ тя́жкие —я कठिन परीक्षा से गुज़रना ; २. परीक्षा ; вступи́тельное и. प्रवेश-परीक्षा ; вы́держать и. परीक्षा में उत्तीर्ण होना।

испы́т||анный (वि० और कृदन्त) १. (भली प्रकार) आज़माया हुआ ; परखा हुआ ; **—а́тельный** (वि०) जाँच का ; आज़माइश का ; परीक्षा का ; —а́тельная коми́ссия परीक्षा-बोर्ड ; —а́тельный стаж जाँच (आज़माइश) की अवधि; **—а́ть** दे० испы́тывать ; **—у́емый** (वि०) परीक्षार्थी ; **—у́юще** (क्रि० वि०) : —у́юще смотре́ть सूक्ष्म परीक्षा करना, बारीकी से जाँचना।

испы́тывать (अपू०), **испыта́ть** (पू०) १. जाँच करना ; परीक्षा लेना ; आज़माइश करना ; и. де́йствие мото́ра इंजन की जाँच करना ; и. свои́ си́лы अपनी ताक़त की आज़माइश करना ; २. अनुभव करना ; महसूस करना, и. удово́льствие प्रसन्नता अनुभव करना।

иссека́ть (अपू०), **иссе́чь** (पू०) (भवि० иссеку́, иссечёшь) १. काट डालना ; २. संगतराशी करना ; (संगमरमर आदि को) छेनी से काटना।

иссле́дова||ние (नपुं०) १. अनुसन्धान ; खोज ; विश्लेषण ; निदान ; जाँच-पड़ताल ; и. больно́го रोग का निदान ; и. кро́ви रक्त का विश्लेषण ; нау́чное и. वैज्ञानिक अनुसन्धान ; २. निबन्ध ; **—тель** (पुं०) अनुसन्धानता ; खोज करनेवाला ; **—тельский** (वि०) अनुसन्धान का ; —тельская рабо́та अनुसन्धान-कार्य।

иссле́довать (पू०) (—дую) जाँच-पड़ताल करना ; अन्वेषण करना ; खोज करना ; अनुसन्धान करना ; परीक्षण करना ; (नये देश का) पता लगाना ; विश्लेषण करना ; и. кровь रक्त का विश्लेषण करना ; и. вопро́с समस्या की जाँच-पड़ताल करना।

иссо́хнуть दे० иссыха́ть.

и́сстари (क्रि० वि०) प्राचीन काल से ; и. ведётся यह बहुत पुरानी प्रथा है।

исстрада́ться (आत्म० पू०) बहुत कष्ट उठाना।

исступле́ни||е (नपुं०) आवेश ; पागलपन ; उन्माद ; прийти́ в и. आवेश में आना ; гне́вное и. क्रोधावेश ; довести́ до —я आवेश दिलाना, क्रोधित करना ; и. восто́рга हर्षोन्माद।

иссуш||а́ть (अपू०), **иссуши́ть** (पू०) सुखा देना ; и. боло́то दलदल सुखा देना ; лихора́дка —и́ла больно́го बुख़ार ने रोगी को सुखा दिया है।

иссыха́ть (अपू०), **иссо́хнуть** (पू०) सूख जाना ; пру́д иссо́х तालाब सूख गया ; трава́ иссо́хла घास सूख गयी।

иссяка́||ть (अपू०), **исся́кнуть** (पू०) (जल आदि का) समाप्त हो जाना ; कम हो जाना ; вода́ в исто́чнике постепе́нно —ла स्रोत में पानी धीरे-धीरे समाप्त हो गया ; ме́дленно —ла любо́вь धीरे-धीरे प्रेम कम हो गया।

иста́пливать (अपू०), **истопи́ть** (पू०) (भवि० истоплю́, исто́пишь) १. (अँगीठी) तपाना ; २. (ईंधन) ख़र्च करना ; ३. पिघलाना।

иста́птывать (अपू०), **истопта́ть** (पू०) (भवि० истопчу́. исто́пчешь) १. पाँव से रौंदना ; २. (पहनते-पहनते) जूतों की एड़ियाँ घिसा देना।

истаскивать (अपू०), **истаскáть** (पू०) (कपड़े को पहन-पहनकर) घिस देना/फाड़ देना; **—ся** (आत्म०) (कपड़े का पहनने के कारण) घिस जाना/फट जाना।

истек||áть (अपू०), **истéчь** (पू०) (भवि० истеку́, истечёшь) (समय का) बीतना; गुज़रना; врéмя —лó समय समाप्त हो गया; ☐ и. крóвью बहुत ख़ून बहना।

истéкш||ий १. истекáть से कृदन्त; २. गत; पिछला; गुज़रा हुआ; в —ем годý गत वर्ष; 10-го числá —его мéсяца गत मास की १० तारीख को।

истерéть दे० истирáть.

истерзáть दे० терзáть.

истéр||ика (स्त्री०) अपस्मार; वातोन्माद; मिरगी का दौरी; (मिरगी रोग के कारण) असंयत होकर हँसना और रोना; **—и́я** (स्त्री०) मिरगी रोग; हिस्टीरिया; **—и́ческий** (वि०) हिस्टीरिया का; हिस्टीरिया-सम्बन्धी।

истéц (पुं०) मुद्दई; वादी; अभियोक्ता।

ист||ечéние (नपुं०) १. बहाव; स्राव; и. крóви रक्तस्राव; २. (समय, अवधि की) समाप्ति; बीत जाना; **—éчь** दे० истекáть.

и́стин||а (स्त्री०) सत्यता; सच्चाई; यथार्थता; в э́том есть дóля —ы इसमें सच्चाई का कुछ अंश है।

и́стин||но (क्रि० वि०) सचमुच; यथार्थ में; **—ность** (स्त्री०) सत्यता; सच्चाई; **—ный** (वि०) सच्चा; सत्य; यथार्थ; —ный друг सच्चा दोस्त; —ное происшéствие सत्य कथा, सच्ची घटना।

истирáть (अपू०), **истерéть** (पू०) (भवि० изотрý, изотрёшь) १. घिसकर ख़त्म कर देना; कद्दूकस पर कसना; २. रगड़कर (प्रयोग में लाकर) ख़त्म कर देना; ☐ истерéть в порошóк चूर्ण बनाना, पीसकर पाउडर बनाना।

истл||евáть (अपू०), **истлéть** (पू०) सड़ जाना; मिट्टी हो जाना; (जलकर) भस्म हो जाना; ýгли в кострé —éли अँगीठी में कोयले जलकर राख हो गये।

и́стовый (वि०) सत्यनिष्ठ; उत्सुक; व्यग्र।

истóк (पुं०) उद्गम; स्रोत।

истолковáние (नपुं०) व्याख्या; टीका; भाष्य।

истолкóвывать (अपू०), **истолковáть** (पू०) (भवि० —кýю) व्याख्या करना; टीका/भाष्य करना; समझाना।

истолóчь (पू०) (истолкý, истолчёшь) पीसना; बुकनी करना।

истóма (स्त्री०) थकावट; क्लान्ति।

истомля́ть (अपू०), **истоми́ть** (पू०) (भवि० истомлю́, истоми́шь) थकाना; क्लान्त करना; **—ся** (आत्म०) १. थकना; तंग आना; क्लान्त होना; मूर्च्छित होना; истоми́ться в ожидáнии प्रतीक्षा करते-करते तंग आ जाना/थक जाना; истоми́ться от жáжды प्यास के कारण निढाल हो जाना; २. истомля́ть का कर्मवाच्य।

истопи́ть दे० истáпливать.

истопни́к (पुं०) झोंकिया (भट्टी में कोयला झोंकनेवाला)।

истоптáть दे० истáптывать.

исторгáть (अपू०), **истóргнуть** (पू०) १. बाहर फेंक देना; २. बहिष्कार करना; и. когó-л. из óбщества समाज से बाहर निकाल देना; ३. मुक्ति दिलाना; ४. вулкáн исторгáет лáву ज्वालामुखी पहाड़ से लावा निकल रहा है; и. обещáние वचन ले लेना।

истóрийка (स्त्री०) चुटकुला; मज़ेदार कहानी।

истóрик (पुं०) इतिहासकार।

истори́ч||еский (वि०) ऐतिहासिक; **—ность** (स्त्री०) ऐतिहासिक प्रवृत्ति।

истóрия (स्त्री०) १. इतिहास; २. कथा; ३. घटना।

истосковáться (आत्म० अपू०) (—кýюсь) १. (किसीके) विरह में सूख जाना; झूरना; आतुर होना; तड़पना; २. (अभाव में) बेचैन होना।

источа́ть (अपू०) १. (अपने में से) बहाना ; टपकाना ; २. (गन्ध) फेंकना ।

кно́пк‖а (स्त्री०) १. ड्राइंग-पिन ; прикрепи́ть —ой ड्राइंग-पिन से जड़ना ; २. (बिजली की घंटी आदि बजाने का) बटन ।

кнут (पुं०) चाबुक ; бить —о́м चाबुक से मारना ।

кнутови́ще (नपुं०) चाबुक का हत्था/मूठ ।

княги́ня (स्त्री०) कन्याज़ की पत्नी ; रानी ।

княж‖еский (वि०) कन्याज़ का ; राजा का ; **—ество** (नपुं०) कन्याज़ का राज्य ; प्रदेश ।

князёк (पुं०) छोटा कन्याज़ ; छोटा राजा ।

князь (पुं०) कन्याज़ (प्राचीन रूस में एक छोटे प्रदेश का राज्यपाल) ; राजा ; राजकुमार ।

ко दे० к.

коали́ция (स्त्री०) १. संयोग ; सम्मिलन ; २. मिली-जुली सरकार ।

кобе́ль (पुं०) कुत्ता ।

кобра́ (स्त्री०) काला नाग ; फनियर साँप ।

кобура́ (स्त्री०) पिस्तौल रखने का चमड़े का थैला ।

ко́бчик (पुं०) एक प्रकार का बाज़ (पक्षी) ।

кобы́л‖а (स्त्री०) घोड़ी ; **—ий** (वि०) घोड़ी का ; —ье молоко́ घोड़ी का दूध ; **—и́ца** (स्त्री०) = **кобы́ла** ; **—ка** (स्त्री०) १. घोड़ी का बच्चा ; २. (वायलिन आदि में तारों को उठाने और कम्पनों को चलाने की पुल की तरह की) घोड़ी ।

кова́рный (वि०) कपटी ; к. друг आस्तीन का साँप ।

кова́ть (अपू०) (वर्त० кую́) १. (गर्म करके) हथौड़े से पीटकर बनाना ; गढ़ना ; २. (घोड़े आदि के) नाल लगाना ; ☐ куй желе́зо, пока́ горячо́ समय पर मत चूको ।

ков‖ёр (पुं०) दरी ; ग़लीचा ; покрыва́ть —ра́ми ग़लीचे/दरियाँ बिछाना ।

кове́ркать (अपू०) **ис—** (पू०) विकृत करना ; खराब करना ; к. язы́к भाषा की हत्या करना ; к. ребёнка (लाड़-प्यार से) बच्चे को बिगाड़ना ।

ко́вк‖а (स्त्री०) १. लोहा आदि गर्म करके और हथौड़े से पीटकर उससे वस्तुएँ बनाने की क्रिया ; २. (घोड़े आदि के) नाल लगाने की क्रिया ; **—ий** (वि०) (हथौड़े से) पीटकर बढ़ाने योग्य ; आनम्य ; लचीला ; **—ость** (स्त्री०) (हथौड़े से) पीटे जाने पर बढ़ने की योग्यता ; लचीलापन ; आनम्यता ।

коври́жк‖а (स्त्री०) सोंठवाली मीठी रोटी ; शहदवाला केक ; ☐ ни за каки́е —и किसी मूल्य पर भी नहीं ।

ко́вр‖ик (पुं०) छोटी दरी ; **—о́вый** (वि०) दरी का ; —о́вый промы́сел दरियाँ बुनने का धन्धा ।

ковчéг (पुं॰) १. बाइबल की एक कथा में वर्णित जहाज़ जिसपर चढ़कर नोहा के नेतृत्व में लोगों ने अपने आपको प्रलय से बचाया था ; २. गिरजाघर में पवित्र वस्तुएँ रखने का डिब्बा ।

ковш (पुं॰) करछुल ; करछी ।

ковылять (अपू॰) लँगड़ाकर चलना ; (बच्चे का) लड़खड़ाकर चलना ।

ковырять (अपू॰) १. खोदना ; कुरेदना ; खरोंचना ; к. в нóсу नाक खरोंचना к. в зубáх दाँत कुरेदना ; २. फूहड़पन से काम करना ; **—ся** = копáться.

когдá (क्रि॰ वि॰) १. कब; जब ; к. он придёт? वह कब आयेगा ? ; в тот день к. उस दिन जब...; २. когдá...когдá .. कभी...कभी...; он рабóтает к. ýтром, к. вéчером वह कभी प्रातःकाल काम करता है और कभी सायंकाल ; ३. когдá б(ы) यदि ; когдá...ни, когдá ни जब कभी ; когдá бы вы ни пришли́, когдá (вы) ни придёте जब भी आप आयेंगे ; ☐ есть к. ! समय नहीं ; к. как जब जैसे ।

когдá (अ॰) जब ; जब कि ; он уéдет, к. он кончи́т рабóту वह अपना काम समाप्त करके चला जायेगा ; к. он читáл, он заснýл वह पढ़ता-पढ़ता सो गया ।

когдá-либо, когдá-нибудь (क्रि॰ वि॰) कभी ; ви́дели вы его́ когдá-нибудь ? आपने उसे कभी देखा है ?, आप उससे कभी मिले हैं ?

когдá-то (क्रि॰ वि॰) (भूतकाल में) एक बार ; कभी ; (भविष्य में) कभी ; к.-то он ещё придёт वह कभी न कभी फिर आयेगा ।

кóг||оть (पुं॰) नख ; पंजा ; попáсть в —ти पंजे में फँसना ।

когти́стый (वि॰) तीखे पंजोंवाला ।

код (पुं॰) कोड ; कूट (भाषा) ; Мóрзе к. मोर्स-कोड ।

кóдекс (पुं॰) विधि-संग्रह ; संहिता ; граждáнский к. नागरिक/पौर संहिता, दीवानी संहिता ; уголóвный к. फ़ौजदारी संहिता ।

кодифи||кáция (स्त्री॰) संहिताबद्ध करने की क्रिया ; **—ци́ровать** (अपू॰ और पू॰) (—рую) संहिताबद्ध करना ।

кóе-гдé (क्रि॰ वि॰) जहाँ-तहाँ ; **кóе-кáк** (क्रि॰ वि॰) जैसे-तैसे ; किसी न किसी प्रकार ; **кóе-какóй** (सर्व॰) कुछ ; **кóе-ктó** (सर्व॰) कोई ; **кóе- что** (सर्व॰) कुछ ; थोड़ा-सा ; он кóе-что сдéлал उसने कुछ कर दिया है ।

кóжа (स्त्री॰) (मनुष्य या पशु की) चमड़ी ; खाल ; (फल का) छिलका ; (साँप की) केंचुली ; к. да кóсти हड्डियों का पिंजड़ा, अस्थि-पंजर ।

кожáн (पुं॰) चमड़े का कोट ।

кóжаный (वि॰) चमड़े का ।

кожéв||енный (वि॰) चमड़ा कमाने का ; चर्मशोधन का ; к. завóд चमड़ा कमाने का कारखाना, चर्मशोधन-फ़ैक्टरी ; —енная прóмышленность चमड़ा कमाने का उद्योग ; **—ник** (पुं॰) चर्मशोधक ; चमड़ा कमानेवाला ।

кожими́т (पुं॰) (बूट के तले पर लगाने का) नक़ली चमड़ा ।

кожи́ца (स्त्री॰) पतली झिल्ली ; पतली चमड़ी ; к. плодá फल का पतला छिलका ।

кожурá (स्त्री॰) (केवल एकवचन) (मोटा) छिलका ; к. апельси́на सन्तरे का छिलका ।

кожýх (पुं॰) १. = кожáн ; २. खोल ; ३. बन्दूक आदि रखने का थैला ।

козá (स्त्री॰) बकरी ।

коз||ёл (पुं॰) बकरा ; ☐ к. отпущéния बलि का बकरा ; как от —лá молокá बकरे से दूध की आशा करना, इन तिलों में तेल नहीं ।

козерóг (पुं॰) (ज्योतिष) मकर राशि ; трóпик к. मकर-रेखा, मकर-वृत्त ।

кóз||ий (वि॰) बकरी का ; —ья шкýра बकरी की खाल ; **—лёнок** (पुं॰) बकरी का बच्चा ; **—ли́ный** (वि॰) बकरे का ; —ли́ная борóдка बकरे जैसी दाढ़ी ।

кóзлы (बहु॰) १. (गाड़ी में) कोचवान के बैठने का स्थान ; २. थूनी ; लकड़ी को चीरने के लिए रखने की टेक ; ☐ составить рýжья в к. बन्दूकों को एक दूसरे की संगीन से टेककर रखना ।

ко́зни (वहु०) षड्यन्त्र ; कुचक्र ; стро́ить к. षड्यन्त्र करना, कुचक्र रचना ।

козово́д (पुं०) बकरी-पालक ; **—ство** (नपुं०) बकरी-पालन ।

ко́зочка (स्त्री०) ко́за का अल्प० ।

козу́ля (स्त्री०) एक प्रकार का हरिण/मृग ।

козырёк (पुं०) चमड़े अथवा दफ़्ती का अर्धचन्द्र-आकार का टुकड़ा जो सैनिकों की टोपियों पर लगाया जाता है ।

козырно́й (वि०) ко́зырь से वि० ; к. туз (ताश में) तुरुप का इक्का ।

козырну́ть दे० козыря́ть.

ко́зыр||ь (पुं०) (ताश में) तुरुप का पत्ता ; ходи́ть с —я तुरुप चलना ; ☐ хо́дить —ем अकड़कर चलना ।

козыря́ть (अपू०), **козырну́ть** (पू०) १. (ताश में) तुरुप खेलना ; २. (सैनिकों का टोपी की चोटी पर हाथ रखकर) अभिवादन करना ।

козя́вка (स्त्री०) छोटा कीड़ा ।

ко́йка (स्त्री०) १. खटोला ; पालना ; २. शायिका ; बर्थ (पानी के जहाज़ में सोने का स्थान) ; ३. (अस्पताल में) रोगी का पलँग ; ४. (रेत अथवा मिट्टी ढोने की एक विशेष प्रकार की) गाड़ी ।

кокаи́н (पुं०) कोकीन ।

кока́рда (स्त्री०) (टोपी पर लगाने का) गोल बैज ।

коке́т||ка (स्त्री०) कामिनी ; रमणी ; प्रेमलीला करनेवाली स्त्री ; **—ливый** (वि०) प्रेमलीला करनेवाला ; **—ничать** (अपू०) प्रेमलीला करना ; हावभाव दिखाना ; **—ство** (नपुं०) प्रेमलीला ; हाव-भाव ।

коклю́ш (पुं०) कुकुर खाँसी ; काली खाँसी ।

коклю́шка (स्त्री०) अटेरनी ; धागा लपेटने की चर्ख़ी ।

коко́н (पुं०) रेशम-कोष ।

коко́с (पुं०) नारियल ; नारियल का पेड़ ।

коко́тка (स्त्री०) सामान्या ; वेश्या ।

кол (पुं०) पच्चड़ ; ☐ сажа́ть на к. सूली पर चढ़ाना ; нет ни —а́, ни двора́ न घर, न बार ।

колбаса́ (स्त्री०) कौल्बासा (कीमे से बना एक प्रकार का माँस) ; सॉसेज ।

колба́сн||ик (पुं०) कौल्बासा बनानेवाला ; **—ый** (वि०) कौल्बासे का ; —ый заво́д कौल्बासा बनाने का कारख़ाना ।

колдов||а́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० —ду́ю) जादू करना ; अभिचार करना ; **—ско́й** (वि०) जादू का ; मोहक ; जादुई ।

колдовство́ (नपुं०) जादू-टोना ; अभिचार ।

колдо́гово́р (पुं०) (коллекти́вный догово́р) सामूहिक करार ।

колду́н (पुं०) जादूगर ; ऐन्द्रजालिक ; **—ья** (स्त्री०) जादूगरनी ।

колеба́ни||е (नपुं०) (भौ०) १. दोलन ; कम्पन ; २. उतार-चढ़ाव ; ३. संकोच ; हिचकिचाहट ; दुविधा ; без —й निःसंकोच ।

колеба́ть (अपू०), **по —** (पू०) (वर्त० —коле́блю, коле́блешь) १. हिलाना ; धक्का लगाना ; его́ авторите́т был поколе́блен उसकी सत्ता को धक्का लगा ; **—ся** (आत्म०) डोलना ; उतार-चढ़ाव होना ; हिचकिचाना ; संकोच करना ; он колеба́лся в вы́боре वह चुनाव करने में हिचकिचाया ; це́ны коле́блются क़ीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है ।

коленко́р (पुं०) छींट ; दरेस ; ☐ э́то совсе́м друго́й к. यह बिल्कुल दूसरी बात है ।

коле́нный (वि०) घुटने का ; к. суста́в घुटने का जोड़ ।

коле́н||о (नपुं०) १. घुटना ; कोहनी ; стоя́ть на —ях (किसीके सामने) घुटने टेकना ; घुटनों के बल खड़ा होना ; мать с ребёнком на —ях बच्चे को गोद में लिये माता ; по к., по —и घुटनों तक/घुटनों गहरा ; २. (वन०) गाँठ, коле́нья бамбу́ка बाँस की गाँठ ; ३. (नदी का) मोड़ ; ४. पीढ़ी ; वंश ; जाति ; ५. (नृत्य) मुद्रा ; ☐ мо́ре по к. कुछ परवाह न करना ; **—це** (नपुं०) вы́кинуть —це चालाकी कर जाना ।

коленча́тый (वि०) कोहनी के आकार का ; к. вал (टेक०) क्रैंक शाफ़्ट ।

ко́лер (पुं०) **I.** (चित्रकार का) रँग ; **II.** पशुओं का धमनी-रोग ।

колёсико (नपुं०) १. колесо́ का अल्प० ; २. (कुर्सी, मेज़ आदि के पाये में लगा हुआ) पहिया ।

колеси́ть (अपू०) (колешу́, колеси́шь) १. चक्कर खाकर जाना (सीधे न जाना) ; २. बहुत सफ़र करना ; к. по всему́ све́ту सारे संसार का चक्कर काटना ।

колёсник (पुं०) (गाड़ी के) पहिये बनानेवाला अथवा बेचनेवाला ।

колесни́ца (स्त्री०) रथ ; триумфа́льная к. विजय-रथ ।

колёсн||ый (वि०) १. पहिये का ; —ая мазь पहियों पर लगाने की ग्रीज़ ; २. पहियोंवाला ।

колесо́ (नपुं०) (गाड़ी का) पहिया ; запасно́е к. फ़ालतू पहिया ।

колесова́ть (अपू० और पू०) (—су́ю) (व्यक्ति को) घूमते पहिये के साथ बाँध देना (दंड की एक विधि) ।

колея́ (स्त्री०) लीक ; पटरी ; широ́кая к. (रेल की) चौड़ी पटरी ; у́зкая к. (रेल की) छोटी पटरी ।

ко́ли (अ०) १. यदि ; क्योंकि ; २. (क्रि० वि०) जब ; जब कि ।

ко́лики (बहु०) उदर-शूल ।

колир||ова́ть (अपू०) (—ру́ю) (पौधे आदि की) क़लम लगाना ; **—о́вка** (स्त्री०) (पौधे आदि की) क़लम लगाने की क्रिया ।

коли́чественн||ый (वि०) परिमाणात्मक ; मात्रा-सम्बन्धी ; राशि-सम्बन्धी ; —ые числи́тельные गणसंख्या ।

коли́чество (नपुं०) परिमाण ; राशि ।

ко́лка (स्त्री०) (ईंधन की) लकड़ियाँ फाड़ने की क्रिया ; к. дров लकड़ियाँ फाड़ना ।

ко́лк||ий (वि०) १. (लकड़ी आदि) आसानी से फाड़ने योग्य ; дрова́ от моро́за ста́ли —ими तुषार के कारण लकड़ियाँ आसानी से फाड़ने योग्य हो गयी हैं ; २. चुभनेवाला ; तीखा ; —ое замеча́ние तीखी बात, ताना ।

ко́лкость (स्त्री०) तीखापन ।

колле́га (पुं०) १. सहकर्मी ; २. (विद्यालय में) सहपाठी ।

коллегиа́льный (वि०) колле́гия से वि० ; सामष्टिक ; सामूहिक ।

колле́гия (स्त्री०) मंडल ; बोर्ड ; к. защи́тников वकील-मंडल ।

колле́дж (पुं०) कॉलिज ।

коллекти́в (पुं०) सामूहिक संस्था ; संघ ; समाज ।

коллектив||иза́ция (स्त्री०) समूहीकरण ; एकत्रीकरण ; **—изи́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) समूहीकरण करना ।

коллективи́зм (पुं०) समूहवाद ।

коллекти́вн||ость (स्त्री०) सामूहिकता ; **—ый** (वि०) सामूहिक ; —ое хозя́йство (колхо́з) सामूहिक फ़ार्म ; सामूहिक खेती ; —ое владе́ние सामूहिक स्वामित्व ।

колле́ктор (पुं०) १. (भौ०) (गैस आदि का) दिक्परिवर्तक नल ; २. (पुस्तकालय में) पुस्तक-संग्रहकर्ता ; ३. संस्था जो बच्चे इकट्ठे करती है और उन्हें शिशु-निकेतनों में भेजती है ।

коллекцион||е́р (पुं०) (दुर्लभ वस्तुओं का) संग्रहकर्ता ; **—и́ровать** (अपू०) (वर्त० —рую) एकत्रित करना ; इकट्ठा करना ; संग्रह करना ; — и́ровать кни́ги पुस्तकें एकत्रित करना ।

колле́кция (स्त्री०) संग्रह ।

колли́зия (स्त्री०) टक्कर ; मुठभेड़ ।

колло́ид (पुं०) (रस०) कलिल ।

колло́квиум (पुं०) मौखिक परीक्षा ।

колобро́д||ить (अपू०) (वर्त० колобро́жу, колобро́дишь) १. भ्रमण करना ; घूमना ; २. शरारतें करना ; शोर-गुल करना ; ребя́та —ят लड़के शरारत कर रहे हैं ।

коловоро́т (पुं०) १. (बढ़ई का) बरमा ; २. (पानी में) भँवरजाल ।

коло́да (स्त्री०) १. लकड़ी का (छोटा और मोटा) तख़्ता ; २. कठौता ; नाँद ; ३. (ताश के पत्तों की) गड्डी ।

коло́дезн||ый (वि०) कुएँ का ; —ая вода́ कुएँ का पानी ।

коло́дец (पुं०) कुआँ ।

коло́дк||а (स्त्री०) १. जूते बनाने का फ़रमा ; поста́вить о́бувь на —у जूते को फ़रमे पर चढ़ाना ; २. (ऐतिहासिक) दंडितों के पाँवों में पहनाने का लकड़ी का शिकंजा ।

коло́к (पुं०) १. कीली ; २. (वाद्ययन्त्र के तार कसने की) खूँटी ।

ко́локол (पुं०) घंटा; घड़ियाल ; удари́ть в к. घंटा/घड़ियाल बजाना ; **—ольный** (वि०) घंटे/घड़ियाल का ; —ольный звон घंटे की टनटन ; **—о́льня** (स्त्री०) (गिरजाघर की) घड़ियाल बजाने की मीनार ; घंटाघर ; **—о́льчик** (पुं०) (हाथ से बजाने की) घंटी ।

колониа́льн||ый (वि०) औपनिवेशिक ; उपनिवेश-सम्बन्धी ; —ые това́ры किराने का माल ।

колониз||а́тор (पुं०) औपनिवेशिक ; **—а́ция** (स्त्री०) उपनिवेशन ; **—и́ровать** (—рую) **—ова́ть** (—зу́ю) (अपू० और पू०) उपनिवेश बनाना ।

колони́ст (पुं०), **—ка** (स्त्री०) उपनिवेशवासी/वासिनी ।

коло́н||ия (स्त्री०) उपनिवेश ; трудова́я к. श्रमिकों की बस्ती ; министе́рство —ий (इंगलैंड में) उपनिवेश-मन्त्रालय ।

коло́нка (स्त्री०) छोटा स्तम्भ ; (गुसलख़ाने में पानी गर्म करने का) बिजली का गीज़र ।

коло́нна (स्त्री०) स्तम्भ ; खम्भा ; (सेना की) कतार (एक के पीछे दूसरा) ।

колона́да (स्त्री०) खम्भों या वृक्षों की पंक्ति ।

коло́нный (वि०) खम्भोंवाला ; स्तम्भोंवाला ; к. зал खम्भोंवाला हॉल ।

колори́т (पुं०) रँग ; **—ный** (वि०) रमणीक ; मनोरम ; सजीव ।

ко́лос (पुं०) (अन्न की) बाल ; пшени́чный к. गेहूँ की बाल ।

колоси́ться (आत्म० अपू०) (अन्यपुरुष का रूप- колоси́тся) अनाज की बालें निकलना ।

коло́сс (पुं०) भीमकाय ; विशाल/बृहदाकार मूर्ति ।

колоти́ть (अपू०) (वर्त० колочу́, коло́тишь) १. मारना ; प्रहार करना ; खटखटाना ; к. кула́ками по столу́ मेज़ पर घूँसे मारना ; к. в дверь किवाड़ खटखटाना ; २. तोड़ना ; ☐ его́ коло́тит лихора́дка वह ज्वर से काँप रहा है ; **—ся** (आत्म०) १. टकराना ; —ся голово́й обо что́-л. किसी वस्तु के साथ सिर टकराना/फोड़ना ; २. колоти́ть का कर्मवाच्य ।

колоту́шка (स्त्री०) १. (लकड़ी का) हथौड़ा ; २. (चौकीदार का पहरा देते समय) 'खटखट' करने का डंडा ।

ко́лот||ый коло́ть से कृदन्त ; к. са́хар फोड़ी हुई खाँड ; —ые дрова́ काटी हुई (जलाने की) लकड़ियाँ ; —ая ра́на पैने शस्त्र का घाव ।

коло́ть (अपू०), **кольну́ть** (पू०) (वर्त० колю́, ко́лешь) **I.** १. तोड़ना; काटना; फाड़ना; к. са́хар खाँड का ढेला फोड़ना ; к. оре́хи अखरोट तोड़ना ; к. дрова́ लकड़ियाँ फाड़ना ; **II.** १. (छुरा) घोंपना ; (शस्त्र से) आघात करना ; (सुई आदि) चुभोना ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) у него́ ко́лет в боку́ उसकी पसली में दर्द है ; ३. (पशु का) वध करना ; ☐ пра́вда глаза́ ко́лет सच्ची बात सदा कड़वी लगती है ।

колотьё (नपुं०) (केवल एकवचन) (छाती या बगल में) शूल ।

колошни́к (पुं०) भट्टी का ऊपरी भाग और मुँह जिसमें से खनिज पदार्थ डाले जाते हैं ।

колпа́к (पुं०) १. टोपी ; ночно́й к. रात को पहनने की टोपी ; २. (फण की आकृति का) ढकना ; ३. (लैम्प का) शेड ।

колпачо́к (पुं०) १. колпа́к से अल्प० ; २. गैस-बत्ती के ऊपर की जाली ।

колу́н (पुं०) लकड़हारा ।

колхо́з (коллекти́вное хозя́йство) सामूहिक फ़ार्म ; सामूहिक खेती ; **—ник** (पुं०) सामूहिक कृषिकार ; सामूहिक फ़ार्म में खेती करनेवाला ; **—ный** (वि०) सामूहिक कृषि-सम्बन्धी ।

колча́н (पुं०) तूणीर ; तरकस ।

колчеда́н (पुं०) (खनिज) माक्षिक ।

колчено́гий (वि०) लँगड़ा (जिसकी एक टाँग दूसरी टाँग से छोटी हो) ।

колыбе́л||ь (पुं०) पालना ; पँघूड़ा ; □ с —и बचपन से ।

колыбе́льн||ый (वि०) पालने का ; पँघूड़े का ; —ая пе́сня लोरी ।

колыма́га (स्त्री०) (पत्थर और रेत ढोने की) गाड़ी ।

колыха́ние (नपुं०) हिचकोले ।

колыха́ть (अपू०), **колыхну́ть** (पू०) (वर्त० колыха́ю, колыха́ешь और колы́шу, колы́шешь) झुलाना ; डुलाना ; धीरे-धीरे हिलाना ; ве́тер колы́шет ли́стья पत्ते हवा में झूल रहे हैं ; **—ся** (आत्म०) झूलना ; हिचकोले खाना ।

ко́лышек (पुं०) кол का अल्प० ; छोटी पच्चड़ ।

коль = ко́ли ; к. ско́ро यथासम्भव शीघ्र ।

колье́ (नपुं०) (मोतियों का) कंठहार ।

кольну́ть दे० коло́ть.

кольце||во́й (वि०) वृत्ताकार ; चक्राकार ; **—обра́зный** (वि०) छल्ले के आकार का ; वृत्ताकार ।

кольц||о́ (नपुं०) अँगूठी ; छल्ला ; गोल पट्टा ; сверну́ться —о́м गेंडुरी में लिपटना ; कुंडली मारना ; обруча́льное к. (विवाह के उपलक्ष में वर द्वारा कन्या को दी हुई) सुहाग-अँगूठी ।

ко́льчат||ый (वि०) छल्लेदार ; छल्ले से बना हुआ ; —ая цепо́чка छल्लेदार जंजीर ; —ые че́рви एनिलिडा ।

колю́ч||ий (वि०) चुभनेवाला ; काँटेदार ; तीखा ; —ая про́волока काँटेदार तार ।

ко́люшка (स्त्री०) एक प्रकार की छोटी मछली ।

коля́ска (स्त्री०) गाड़ी ; (चौपहिया) रथ ; де́тская к. बच्चा गाड़ी ।

ком (पुं०) बर्फ़ का गोला ; (मिट्टी का) गोल-सा ढेला ।

ко́ма (स्त्री०) (चिकि०) (शरीर में विष फैलने के कारण उत्पन्न) संज्ञाहीनता ; बेहोशी ।

кома́нд||а (स्त्री०) १. आदेश ; हुक्म ; по —е के आदेशानुसार ; २. (सेना०) टुकड़ी ; पत्ती ; уче́бная к. प्रशिक्षण-टुकड़ी ; ३. पोत-कार्मिक ; जहाज़ पर काम करनेवाले ; ४. (फ़ुटबाल आदि की) टीम ; футбо́льная к. फ़ुटबाल की टीम ; □ пожа́рная к. दमकल टोली ; अग्निशमक दल ।

команди́р (पुं०) कमांडर ; नेता ; कमान-अफ़सर ; कमान-अधिकारी ।

команди́ровать (अपू० और पू०) (—рую) (किसी दूसरी जगह) सरकारी काम पर भेजना ।

командиро́вка (स्त्री०) (किसी दूसरी जगह) सरकारी काम पर भेजने की क्रिया ।

кома́ндный (वि०) кома́нда से वि० ।

кома́ндование (नपुं०) कमान ; प्रधान कार्यालय ; मुख्यस्थान ; приня́ть к. कमान सँभालना ।

кома́ндовать (अपू०) (—дую) १. आदेश देना ; हुक्म जारी करना ; २. (-पर) अधिकार होना ।

кома́р (पुं०) मच्छर ; маляри́йный к. मलेरिया-मच्छर ; **—и́ный** (वि०) मच्छर का ।

комба́йн (पुं०) (खेतीबाड़ी-सम्बन्धी) कम्बाइन (कई काम एक साथ करनेवाली मशीन) ।

комбинезо́н (पुं०) डाँगरी (कपड़ों को मैला होने से बचानेवाला ऊपरी वस्त्र जो मोटरों आदि की मरम्मत करनेवाले पहनते हैं) ।

комбини́ровать (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० —рую) मिलाना ।

комедиа́нт (पुं०), **—ка** (स्त्री) १. कलाकार ; २. (सरकस में) मसख़रा ; ३. कपटी ; पाखंडी ; он лежц и к. वह झूठा और कपटी है ।

комеди́йный (वि०) коме́дия से वि० ; к. актёр प्रहसन या कामदी का अभिनेता ।

коме́ди||я (स्त्री०) प्रहसन ; कामदी ; разы́грывать —ю किसीको बुद्धू बनाना ; ку́кольная к. कठपुतलियों का प्रहसन ।

ко́мель (पुं०) १. पेड़ का मोटा ठूँठ ; २. (गेहूँ आदि काटने के पश्चात् बचा हुआ) ठूँठ ।

коменда́нт (पुं०) (दुर्ग या नगर का) कमांडेंट ; रेलवे यातायात-अधिकारी ।

комендату́ра (स्त्री०) कमांडेंट का दफ़्तर ।

комендо́р (पुं०) (नौसेना में) तोपख़ाने का कप्तान ।

коме́та (स्त्री०) पुच्छल तारा ।

ко́мик (पुं०) १. प्रहसन या कामदी का अभिनेता ; २. मसख़रा ; ३. प्रहसन या कामदी का लेखक ।

коминте́рн (Коммунисти́ческий Интернациона́л) साम्यवादी अन्तर्राष्ट्रीय संगठन ।

комисса́р (पुं०) विशेषाधिकारी ; कमीसार ; **—иа́т** (पुं०) विशेषाधिकारी का दफ़्तर ; कमीसरियत ; **—ский** (वि०) विशेषाधिकारी का ; कमीसार का ।

комиссионе́р (पुं०) अभिकर्ता ; एजेंट ; आढ़ती ; दलाल ।

комиссио́нный (वि०) १. коми́ссия से वि० ; २. к. магази́н आढ़त की दुकान (वह दुकान जहाँ पुरानी वस्तुएँ दलाली पर बेची जाती हैं) ।

коми́ссия (स्त्री०) १. आयोग ; समिति ; враче́бно-экспе́ртная к. चिकित्सा-विशेषज्ञों का आयोग ; २. अभिकरण ; एजेंसी ; आढ़त ; दलाली ।

комите́т (पुं०) समिति ; बोर्ड ; मंडल ; исполни́тельный к. कार्यकारिणी समिति ; районный к. प्रदेश-समिति ।

коми́ческий (वि०) हास्यरसपूर्ण ; हास्यजनक ; अजीब ; к. сюже́т हास्यरसपूर्ण विषय ।

коми́чный (वि०) हास्यरसपूर्ण ।

ко́мкать (अपू०), **с—** (पू०) मसलना ; शिकन डालना ; к. бельё कपड़ों में शिकन डालना ।

коммент||а́рий (पुं०) १. समीक्षा ; विवरण ; भाष्य ; टीका ; (रेडियो आदि पर) आँखों-देखा हाल ; **—а́тор** (पुं०) भाष्यकार ; टीकाकार ; समीक्षाकार ; (रेडियो पर) आँखों-देखा हाल बतानेवाला ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) टीका-टिप्पणी करना ।

ком(м)ерса́нт (पुं०) व्यापारी ; सौदागर ।

ком(м)е́р||ция (स्त्री०) व्यापार ; वाणिज्य ; **—ческий** (वि०) व्यापारिक ; वाणिज्य-सम्बन्धी ।

коммивояжёр (पुं०) (दूसरे स्थानों पर घूमकर) माल के आर्डर लेनेवाला एजेंट ।

комму́на (स्त्री०) कम्यून ; Пари́жская к. पेरिस-कम्यून ; сельскохозя́йственная к. खेती-कम्यून ।

коммуна́льн||ый (वि०) नगरपालिका-सम्बन्धी ; पौर ; साझी ; —ые услу́ги सार्वजनिक सुविधाएँ/उपयोगिताएँ ; —ая со́бственность साझी/पौर सम्पत्ति ।

коммуни́зм (पुं०) साम्यवाद ; первобы́тный к. आदिम साम्यवाद ।

ком(м)уника́ция (स्त्री०) संचार ।

коммуни́ст (पुं०), **—ка** (स्त्री०) साम्यवादी दल का सदस्य ।

коммунисти́ческий (वि०) साम्यवादीय ; Коммунисти́ческая Па́ртия साम्यवादी दल ; К. Манифе́ст साम्यवादी घोषणा-पत्र ; Коммунисти́ческий Союз Молодёжи (संक्षिप्त—कमसोमोल) साम्यवादी युवक-संघ ।

коммута́тор (पुं०) विद्युत्-पट्ट ; (बिजली का) स्विच बोर्ड ।

коммюнике́ (नपुं०) विज्ञप्ति ।

ко́мнат||а (स्त्री०) कमरा ; жила́я к. निवास-कक्ष ; रिहाइशी कमरा ; ва́нная к. ग़ुसलख़ाना ; убра́ть —у कमरा साफ़ करना ; **—ный** (वि०) कमरे का ।

комо́д (पुं०) (कपड़े या घरेलू चीज़ें रखने की) दराज़ोंवाली अलमारी ।

комо́к (पुं०) ком का अल्प० ; сверну́ться, съёжиться в к. गोले में लिपट जाना ; गोला बन जाना ।

комо́л||ый (वि०) बिना सींगों का ; —ая коро́ва बिना सींगों की गाय ।

компа́ктн||ость (स्त्री०) घनता ; ठोसपन ; **—ый** (वि०) घना ; ठोस ; —ый комо́к сне́га बर्फ़ का ठोस गोला ।

компане́йский (वि०) मिलनसार ; к. челове́к मिलनसार व्यक्ति ।

компа́н||ия (स्त्री०) १. कम्पनी ; акционе́рная к. संयुक्त पूँजी-कम्पनी ; २. संग ; साथ ; води́ть —ию с ке́м-л. किसीका संग करना ।

компаньо́н (पुं०), **—ка** (स्त्री०) संगी/संगिनी ; सखा/सखी ; साथी/साथिन ।

компа́ртия (коммунисти́ческая па́ртия) साम्यवादी दल ।

ко́мпас (पुं०) कुतुबनुमा ; दिक्सूचक यन्त्र ।

компе́ндиум (पुं०) सार-संग्रह ।

компенс||а́ция (स्त्री०) क्षतिपूर्ति ; प्रतिकरण ; मुआवजा ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) क्षतिपूर्ति करना ; प्रतिकरण करना ; मुआवज़ा देना ।

компете́н||тный (वि०) समर्थ ; सशक्त ; **—ция** (स्त्री०) अधिकार-क्षेत्र ; शक्ति ; सामर्थ्य ; э́то не в мое́й —ции यह मेरी सामर्थ्य के परे है ; यह मेरी शक्ति के बाहर है ।

компил||и́ровать (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० —рую) संकलन करना ; संग्रह करना ; **—я́тор** (पुं०) संकलनकर्ता ; **—я́ция** (स्त्री०) संकलन ; संग्रह ।

ко́мплекс (पुं०) १. समाहार ; समुच्चय ; निकाय ; २. बुद्धि का भ्रम ; दिमाग़ी वहम ; **—ный** (वि०) १. ко́млекс से वि० ; २. जटिल ; —ные чи́сла जटिल संख्याएँ ।

компле́кт (पुं०) १. पूर्ण संग्रह ; सैट ; к. журна́лов за 1943 г., १९४३ की पत्रिकाओं का पूर्ण संग्रह ; २. निर्दिष्ट संख्या ; сверх —а निर्दिष्ट संख्या से ऊपर ; **—ный** (वि०) पूर्ण ; **—ова́ние** (नपुं०) १. (सेना में) भरती ; —ова́ние а́рмии सेना की भरती ; २. (पुस्तकालय के लिए) पुस्तक-उपलब्धि ; **—ова́ть** (अपू०), **укомплектова́ть** (पू०) (—ту́ю) १. पूर्ण करना ; पुनः पूरित करना ; मुहैया करना ; २. (सेना में) भरती करना ।

компле́кция (स्त्री०) गठन ; बनावट ; (शरीर) रचना ; स्वभाव ; प्रकृति ।

компле́мент (पुं०) पूरक ।

комплиме́нт (पुं०) प्रशंसा ; बड़ाई ; сде́лать к. प्रशंसा करना ।

компло́т (पुं०) षड्यन्त्र ; दुरभिसन्धि ; साज़िश ।

компози́тор (पुं०) संगीतकार ; **—ский** (वि०) संगीतकार का ।

компоне́нт (पुं०) अवयव ; अंग ।

компонова́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० —ну́ю) विन्यास ; पुर्ज़ों को इकट्ठा करना ; जोड़ना ।

компо́ст (पुं०) (कृत्रिम) खाद ।

компо́стер (पुं०) (रेल के टिकटों में छेद करने का) छिद्रक ; पंच ।

компости́ровать (अपू०), **про—** (पू०) (वर्त० —рую) (रेल के टिकटों को) पंच करना ; छेद करना ।

компо́т (पुं०) मुरब्बा ।

компре́сс (पुं०) (घाव के ऊपर रखने की दवाई या गर्म पानी में भिगोया हुआ) फोहा ।

компромети́ровать (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० —рую) बदनाम करना ; к. себя́ в глаза́х о́бщества समाज की आँखों में गिरना ।

компроми́сс (पुं०) निपटारा ; समझौता ; идти́ на к. (आपस में) निपटारा करना, समझौता करना ।

компроми́ссный (वि०) समझौते के रूप में ; परस्पर समझौते द्वारा उपलब्ध ।

комсомо́л (Коммунисти́ческий Сою́з Молодёжи) कमसोमोल (साम्यवादी युवक-संघ) ; **—ьский** (वि०) कमसोमोल-सम्बन्धी ।

конве́нция (स्त्री०) अभिसमय ; समझौता ; почто́вая к. अन्तर्राष्ट्रीय डाक-समझौता ।

конве́рсия (स्त्री०) परिवृत्ति ; к. за́йма ऋण की परिवृत्ति ।

конве́рт (पुं०) लिफ़ाफ़ा ।

конверти́ровать (अपू० और पू०) (—рую) परिवृत्ति करना ; к. заём ऋण की परिवृत्ति करना ।

конвóй (पुं०) अनुरक्षक ; अनुरक्षक पोत ।

конвульси́вный (वि०) ऐंठन उत्पन्न करनेवाला ।

конвýльсия (स्त्री०) (चिकि०) ऐंठन ; आक्षेप ।

конгениáльный (वि०) अनुरूप ; मनोनुकूल ।

конгрéсс (पुं०) महासभा ; काँग्रेस ।

кондач||óк (पुं०) : с —кá बिना सोचे-समझे ।

конденс||áтор (पुं०) (भौ०) संघनित्र ; (बिजली का) धारित्र (अंग्रेज़ी—कंडेंसर) ; **—áция** (स्त्री०) (भौ०) संघनन ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) घना करना ।

конди́тер (पुं०) मिठाई बनानेवाला ; पेस्ट्री बनानेवाला ; **—ская** (स्त्री०) (वि० रू०) मिठाई/पेस्ट्री की दुकान ।

кондýктор (पुं०) १. (बस आदि का) चालक ; कंडक्टर ; (रेल का) गार्ड ; २. (बिजली का) चालक ; **—ский** (वि०) кондýктор-१. से वि० ।

коневóд (पुं०) अश्वपालक ; **—ство** (नपुं०) अश्वपालन ; **—ческий** (वि०) अश्वपालन-सम्बन्धी ।

конёк (पुं०) १. конь का अल्प० ; морскóй к. दरियाई घोड़ा ; २. शौक़ ; ३. दे० коньки́ ; ४. छज्जे के आगे निकली हुई लकड़ी की घोड़े की मूर्ति ।

кон||éц (पुं०) अन्त ; समाप्ति ; приходи́ть к —цý अन्त होना ; доводи́ть до —цá पूरा करना ; в —цé дня दिन के अन्त में ; २. (एक स्थान से दूसरे स्थान तक का) फ़ासला ; в оди́н к. एक तरफ़ का फ़ासला ; ३. (रस्सी का) सिरा ; छोर ; □ в к. पूर्णतः ; в —цé —цóв अन्ततोगत्वा, आख़िरकार ; положи́ть к. чемý-л. किसी बात का अन्त करना ; пришёл к. अन्त आ गया ; со всех —цóв कोने-कोने से ; из —цá в к. एक सिरे से दूसरे सिरे तक ; пáлка о двух —цáх दुधारी तलवार ; к. дéлу венéц अन्त भला सो भला ।

конéчно (क्रि० वि०) अवश्य ; निश्चयपूर्वक ।

конéчн||ость (स्त्री०) १. परिमितता ; सीमितता ; २. छोर ; ३. पशु का अंग (टाँग आदि) ; **—ый** (वि०) जिसका अन्त हो ; नश्वर ; человéк существó —ое मनुष्य नश्वर प्राणी है ; २. अन्तिम ; अन्त का ; в —ом счёте अन्त में ।

кони́на (स्त्री) (केवल एकवचन) घोड़े का माँस ।

кони́ческ||ий (वि०) शंकु की आकृति का ; गावदुम ; —ое сечéние (ज्यामिति) शंकु-छेद ।

кóнка (स्त्री०) (घोड़ों से चलनेवाली) ट्राम (मोनो) ।

конкордáт (पुं०) (पोप और किसी राज्य के बीच) सन्धि ।

конкрéтн||ый (वि०) ठोस ; मूर्त ; निर्दिष्ट ; नियत ; —ая цéль निर्दिष्ट उद्देश्य ; नियत लक्ष्य ।

конкурéнт (पुं०), **—ка** (स्त्री०) १. प्रतियोगी ; २. प्रतिस्पर्धी ।

конкур||éнция (स्त्री०) १. प्रतियोगिता ; २. प्रतिस्पर्धा ; **—и́ровать** (अपू०) (वर्त० —рую) १. प्रतियोगिता में भाग लेना ; २. प्रतिस्पर्धा करना ।

кóнкурс (पुं०) १. प्रतियोगिता ; २. प्रतिस्पर्धा ; **—ный** (वि०) प्रतियोगिता का ।

кóнник (पुं०) अश्वारोही ; घुड़सवार ; घुड़सवार सैनिक ।

кóнница (स्त्री०) अश्वारोही सेना ।

коннозавóд||ский (वि०) अश्वपालन का ; **—ство** (नपुं०) अश्वपालन ; **—чик** (पुं०) अश्वपालक ।

кóнный (वि०) १. घोड़े का ; к. двор अश्वशाला, अस्तबल ; २. кóнница से वि० ; —ая áрмия अश्वारोही सेना ; ३. घोड़े द्वारा खींचा जानेवाला ।

коновáл (पुं०) १. घोड़ों का डाक्टर ; २. नीम हकीम ।

коновóд (पुं०) **I.** (सेना में) घोड़ा-अर्दली ; **II.** नेता ; दल का अगुआ ।

конокрáд (पुं०) घोड़ाचोर ; **—ство** (नपुं०) घोड़ों की चोरी ।

конопáтить (अपू०), **про—** (पू०) (वर्त० конопáчу, конопáтишь) (जहाज या नाव की) सन्दें बन्द करना ; कलापट्टी करना ।

конопл||я́ (स्त्री०) पटुआ ; सन ; **—я́ный**

(वि०) पटुए का ; सन का ; —я́ное се́мя पटुए का बीज ।

коносаме́нт (पुं०) लदान-पत्र ।

консерв||ати́вность (स्त्री०) अनुदारता ; रूढ़िवादिता ; कट्टरता ; **—ати́вный** (वि०) अनुदार ; रूढ़िवादी ; **—ати́зм** (पुं०) अनुदारता ; रूढ़िवादिता ; **—а́тор** (पुं०) १. अनुदार ; रूढ़िवादी ; २. (इँगलैंड में) टोरी पार्टी का सदस्य ।

консерв||а́ция (स्त्री०) १. (रासायनिक विधि द्वारा) परिरक्षण ; सड़ने से बचाव ; २. (किसी संस्था की) कार्यशीलता अथवा विकास को रोकना ; к. предприя́тия (कुछ समय के लिए) संस्था को बन्द कर देना ।

консерви́ровать (अपू० और पू०), **за—** (पू०) (—рую) १. (रासायनिक विधि से) परिरक्षण करना ; सड़ने से बचाना ; मुरब्बा डालना ; к. фру́кты फलों का मुरब्बा डालना ; २. (किसी संस्था की कार्यशीलता अथवा विकास को) रोकना ; к. предприя́тие संस्था को (कुछ समय के लिए) बन्द कर देना ।

консе́рвный (त्रि०) : —ая фа́брика (बर्तनों में बन्द करके) फल आदि परिरक्षण करने का/फलों का मुरब्बा डालने का कारखाना ।

консе́рвы (बहु०) मुरब्बे ; डिब्बाबन्द माल (खाद्य पदार्थ आदि) ; (रासायनिक विधि से) परिरक्षित फल आदि ।

конси́лиум (पुं०) (किसी गम्भीर रोग के इलाज के लिए बुलाये गये कई डाक्टरों का रोग के निदान आदि के बारे में आपस में) परामर्श ; सलाह-मशविरा ।

консисте́нция (स्त्री०) (भौ०) घनत्व ; गाढ़ापन ।

ко́нск||ий (वि०) घोड़े का ; к. во́лос घोड़े का बाल ; —ое мя́со घोड़े का माँस ; —ие состяза́ния घुड़दौड़ ।

консолид||а́ция (स्त्री०) चकबन्दी ; एकत्रीकरण ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) चकबन्दी करना ; एकत्रीकरण करना ।

консо́ль (पुं०) (निर्माण-सम्बन्धी) एक प्रकार का ब्रैकेट ।

консона́нс (पुं०) (संगीत) संनाद ; समनुरूपता ।

конспе́кт (पुं०) संक्षिप्त विवरण ; सारांश ; सार ; к. ле́кции व्याख्यान का सारांश ; **—и́вный** (वि०) संक्षिप्त ; —и́вное изложе́ние संक्षिप्त विवरण ।

конспекти́ровать (अपू०), **про—** (पू०) (वर्त० —рую) सारलेखन ; सारांश-कथन ; к. кни́гу पुस्तक का सारलेखन ।

конспир||ати́вный (वि०) (शासन से) गुप्त ; —ати́вная кварти́ра गुप्त निवास ; **—а́тор** (पुं०) षड्यन्त्रकारी ; साज़िश करनेवाला; **—а́ция** (स्त्री०) षड्यन्त्र ; साज़िश ; **—и́ровать** (अपू०) (वर्त० —рую) षड्यन्त्र रचना ; साज़िश करना ।

конста́нта (स्त्री०) (गणित और भौ०) अचर राशि ।

констати́ровать (अपू० और पू०) (—рую) प्रमाणित करना ; к. смерть मृत्यु प्रमाणित करना ।

констелля́ция (स्त्री०) नक्षत्रमंडल ; तारामंडल ।

конституи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) विधान करना ; संगठन करना ।

конституци||онали́зм (पुं०) संविधानप्रियता ; सांविधानिकता ; **—она́льный** (वि०) शारीरिक गठन-सम्बन्धी ; प्राकृतिक ; शरीर-रचना-विषयक ।

конституцио́нн||ый (वि०) सांविधानिक ; —ая мона́рхия सांविधानिक राजतन्त्र ।

конститу́ция (स्त्री०) **I.** संविधान ; **II.** (शरीर की) बनावट ।

конструи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) १. संगठन करना ; बनाना ; к. прави́тельство सरकार बनाना ; २. (योजना आदि) तैयार करना ; ३. निर्माण करना ।

констру́к||тор (पुं०) (निर्माण-सम्बन्धी) नमूना तैयार करनेवाला ; निर्माता ; **—ция** (स्त्री०) निर्माण ।

ко́нсул (पुं०) कांसुल ; **—ьский** (वि०) कांसुल का ; कांसुली, **—ьство** (नपुं०) कांसुल-आवास ।

консульт||а́нт (पुं०) परामर्शदाता ; सलाहकार ; **—ати́вный** (वि०) सलाहकार की ; परामर्शदायिनी ; **—а́ция** (स्त्री०) परामर्श ; मन्त्रणा ; **—и́ровать** (अपू०), (वर्त० —рую) १. परामर्श करना ; मन्त्रणा करना ; सलाह लेना ; २. परामर्श देना ; सलाह देना ।

конта́кт (पुं०) सम्पर्क ; установи́ть к. सम्पर्क स्थापित करना ; быть в —е सम्पर्क में होना ।

контамина́ция (स्त्री०) दूषण ; अपवित्रता ; मलिनता ।

конте́кст (पुं०) प्रसंग ।

континге́нт (पुं०) सैनादल ; दल ।

контине́нт (पुं०) महाद्वीप ; **—а́льный** (वि०) महाद्वीपीय ; महाद्वीप-सम्बन्धी ; ।

контокорре́нт (पुं०) चालू खाता ।

конто́р||а (स्त्री०) कार्यालय ; दफ़्तर ; почто́вая к. डाकघर ; **—ский** (वि०) कार्यालय/दफ़्तर-सम्बन्धी ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) क्लर्क ; मुंशी ।

контраба́нд||а (स्त्री०) वर्जित माल या निषिद्ध वस्तु का व्यापार ; **—и́ст** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) निषिद्ध व्यापार करनेवाला/वाली ; **—ный** (वि०) निषिद्ध ; —ный това́р निषिद्ध/वर्जित माल ।

контраге́нт (पुं०) ठेकेदार ।

контр-адмира́л (पुं०) रियर एडमिरल ।

контра́кт (पुं०) ठेका ; करार ; संविदा **—и́ровать** (अपू०) (—рую) ठेका करना ; करार करना ; संविदा करना ।

контрама́рка (स्त्री०) (नाटक-गृह आदि का) पास ; प्रवेश-पत्र ।

контрассигна́ция (स्त्री०) प्रतिहस्ताक्षर करने की क्रिया ।

контра́ст (पुं०) अन्तर ; भेद ; **—и́ровать** (अपू०) (—рую) भेद दिखलाना ; तुलना करना ।

контрата́ка (स्त्री०) प्रत्याक्रमण ; जवाबी हमला ।

контрафа́кция (स्त्री०) प्रतिलिपि-अधिकार (कापीराइट) का उल्लंघन ।

контрибу́ция (स्त्री०) तावान ।

контрнаступле́ние (नपुं०) प्रत्याक्रमण ; जवाबी हमला ।

контролёр (पुं०) नियन्त्रक ; निरीक्षक ; टिकट-कलक्टर ।

контро́ллер (पुं०) (बिजली का) नियन्त्रक ।

контро́ль (पुं०) नियन्त्रण ।

контро́льный (वि०) नियन्त्रण-सम्बन्धी ; नियंत्रण- ।

контрпредложе́ние (नपुं०) प्रतिप्रस्ताव ; प्रतिसुझाव ।

контрпрете́нзия (स्त्री०) प्रतिस्वत्व ; जवाबी माँग/दावा ।

контрразве́дка (स्त्री०) शत्रु के जासूसों के कार्य का प्रतिकार करनेवाली संस्था ।

контрреволюционе́р → **контрревол||юционе́р** (पुं०) प्रतिक्रान्तिवादी व्यक्ति ; **—ю́ция** (स्त्री०) प्रतिक्रान्ति ।

ко́нтр||ы (बहु०) विमति ; असहमति ; अनबन ; они в —ах उनकी अनबन हो गयी है ।

конту́||зить (अपू०) (वर्त० конту́жу, контузи́шь) (भीतरी) घाव करना ; пу́ля —зила его́ в го́лову गोली से उसके सिर में घाव हो गया ; **—зия** (स्त्री०) भीतरी चोट ।

ко́нтур (पुं०) रूपरेखा ; наброса́ть, начерти́ть к. रूपरेखा तैयार करना ।

кон||ура́, —у́рка (स्त्री०) श्वानगृह ; कुत्तों का घर ।

ко́нус (पुं०) (ज्यामिति) शंकु ; कोन ।

конфедера́ция (स्त्री०) राजसंघ ।

конфере́нция (स्त्री०) सम्मेलन ; कांफ्रेंस ।

конфе́т||а, —ка (स्त्री०) मिठाई ।

конфе́тти (बहु०) विवाह या उत्सव के समय एक-दूसरे पर फेंके जानेवाले रंगीन काग़ज के छोटे-छोटे टुकड़े ।

конфигура́ция (स्त्री०) संरूप ; к. звёзд на не́бе नभ पर तारों का संरूप ।

конфиденциа́льный (वि०) गुप्त ; गोपनीय ।

конфирма́ция (स्त्री०) पुष्टीकरण ; अनुमोदन ।

конфиск||а́ция (स्त्री०) ज़ब्ती ; **—ова́ть** (अपू० और पू०) (—ку́ю) ज़ब्त करना ।

конфли́кт (पुं०) अन्तर्द्वन्द्व ; विरोध ; **—ный** (वि०) परस्पर विरोधी ; विवादास्पद ; झगड़े का ; —ное де́ло विवादास्पद मामला ।

конфу́з (पुं०) घबड़ाहट ; आकुलता ।

конфу́зить (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० конфу́жу, конфу́зишь) घबड़ा देना ; औसान बिगाड़ देना ; सकुचा देना ; भद्दी स्थिति में डालना ; लज्जित करना ; **—ся** (आत्म०) सकुचाना ; शर्माना ; लज्जित होना ।

конфу́з||ливый (वि०) शर्मीला ; लज्जाशील ; **—ный** (वि०) भद्दी स्थिति में डालनेवाला ; घबड़ा देनेवाला ।

концево́й (वि०) коне́ц से वि० ।

концентрацио́нный (वि०) : к. ла́герь समाहरण-शिविर ।

концентра́ция (स्त्री०) समाहरण ; सकेन्द्रीकरण ।

концентри́ч||еский (वि०) एककेन्द्रीय ; —еские круги́ एककेन्द्रीय वृत्त ; **—ность** (स्त्री०) एककेन्द्रीयता ।

конце́пт (पुं०) अवधारणा ; कल्पना ; सम्बोध ।

конце́пция (स्त्री०) अवधारणा ; भाव ; विचार ।

конце́рн (पुं०) (व्यापार) कम्पनी ; संस्था ।

конце́рт (पुं०) संगीत-समारोह ; **—а́нт** (पुं०) संगीत-समारोह में भाग लेनेवाला ।

концессио́нный (वि०) конце́ссия से वि० ।

конце́ссия (स्त्री०) छूट ; रियायत ।

концо́вка (स्त्री०) (पुस्तक या लेख के अन्त में निर्मित) अलंकरण-चित्र ।

конча́ть (अपू०), **ко́нчить** (पू०) अन्त करना ; समाप्त करना ; (विश्वविद्यालय आदि से) उपाधि लेना ; स्नातक होना ; ко́нчить рабо́ту काम समाप्त करना ; ко́нчить пло́хо बुरा अन्त होना ; с ним всё ко́нчено उससे अब कोई सम्बन्ध नहीं रहा ; ко́нчить самоуби́йством आत्महत्या करना, खुदकुशी करना ; **—ся** (आत्म०) अन्त होना ; समाप्त होना ; (समय) बीत जाना ; मृत्यु होना ; मर जाना ; на э́том всё и ко́нчилось यह इसका अन्त था ; э́тим де́ло не ко́нчилось इस पर बात खत्म नहीं हुई, इस पर मामले का अन्त नहीं हुआ ; ко́нчиться ниче́м कुछ परिणाम न निकलना ।

ко́нчено (कर्तृ-निरपेक्ष) ко́нчено ! बस ! काफ़ी है !

ко́нчик (पुं०) коне́ц का अल्प० ; छोर ; किनारा ; к. верёвки रस्सी का सिरा ।

кончи́на (स्त्री०) मृत्यु ; безвре́менная к. अकाल मृत्यु ; असामयिक देहावसान ।

ко́нчить दे० конча́ть.

конъекту́ра (स्त्री०) अनुमान ; अटकल ।

конъюнктиви́т (पुं०) (चिकि०) नेत्रश्लेष्मिका ।

конь (पुं०) घोड़ा ; शतरंज का घोड़ा ।

коньк||и́ (बहु०) स्केट (स्केटिंग करने के जूते) ; ката́ться на —а́х स्केटिंग करना ।

конькобе́ж||ец (पुं०) स्केटिंग करनेवाला ; **—ный** (वि०) स्केटिंग-सम्बन्धी ।

конья́||к (पुं०) ब्रांडी (एक तरह की शराब) ; **—чный** (वि०) ब्रांडी-सम्बन्धी ।

ко́нюх (पुं०) साईस ; अस्तबल में काम करनेवाला नौकर ; घोड़े पर खरहरा करनेवाला नौकर ।

коню́шенный (वि०) коню́шня से वि० ।

коню́шня (स्त्री०) अश्वशाला ; अस्तबल ।

коопер||ати́в (पुं०) सहकारी मंडली ; सहकारी सभा ; **—ати́вный** (वि०) सहकारी ; सहयोगी ; **—а́тор** (पुं०) सहकारी सभा या मंडली का सदस्य ; **—а́ция** (स्त्री०) सहकारिता ; सहयोग ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) सहयोग करना ।

коопт||а́ция (स्त्री०) (सदस्य का) सहयोजन या विनियुक्ति ; **—и́ровать** (अपू० और पू०)

(—рую) (सदस्य) सहयोजित करना ; विनियुक्त करना ; नियुक्त करना ।

координ||а́та (स्त्री०) (गणित) निर्देशांक ; **—а́ция** (स्त्री०) समन्वय ; मेल ; तालमेल ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) समन्वय करना ; तालमेल रखना ।

копа́л (पुं०) वार्निश (रोग़न) में प्रयोग की जानेवाली राल ।

копа́нье (नपुं०) खुदाई ।

копа́ть (अपू०) खोदना ; खोदकर निकालना ; к. карто́фель (खोदकर) आलू निकालना ; **—ся** (आत्म०) १. ढूँढ-खोज करना ; टटोलना ; छानबीन करना ; ढूँढ-खोज में समय नष्ट करना ; —ся в душе́ अपना मन टटोलना ; २. копа́ть का कर्मवाच्य ।

копе́йк||а (स्त्री०) कौपे (रूसी मुद्रा) ; сколоти́ть —у धन कमाना, पैसा बनाना ; без —и निर्धन ; ☐ к. рубль бережёт बूँद-बूँद करके घड़ा भरना ।

ко́пи (बहु०) खानें ; каменноу́го́льные к. कोयले की खानें ; соляны́е к. नमक की खानें ।

копи́лка (स्त्री०) गोलक (धन एकत्र करने की तंग मुँह की सन्दूकची) ।

копи́рка (स्त्री०) कार्बन पेपर ।

копи́ровать (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० —рую) १. प्रतिलिपि करना ; नक़ल करना ; २. अनुकरण करना ; नक़ल उतारना ।

копиро́в||ка (स्त्री०) प्रतिलिपि या नक़ल करने की क्रिया ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) प्रतिलिपि करनेवाला/वाली ; नक़ल करनेवाला/वाली ।

копи́ть (अपू०), **на—** (पू०) (वर्त० коплю́, ко́пишь) संचय करना ; जमा करना ; बचाकर रखना ; к. де́ньги धन संचय करना ।

ко́пия (स्त्री०) प्रतिलिपि ; नक़ल ; (चित्र का) प्रतिरूप ।

копна́ (स्त्री०) (सूखी घास का) ढेर ; अम्बार ; к. се́на गट्ठर ; सूखी घास का ढेर ; к. воло́с बालों का गुच्छा ।

копну́ть (पू०) खोदना ।

копотли́вый (वि०) सुस्त ; मन्दगति ; धीमा ।

ко́поть (स्त्री०) काजल ; कालिख ।

копоши́ться (आत्म० अपू०) १. (कीड़ों का) जमा होना ; (मनुष्यों की) भीड़ होना ; २. उत्तेजित होना ।

копте́||ть -I (अपू०) (अन्य पुरुष का रूप-копте́ет) (लैम्प का) धुआँ देना ; (धुएँ से) काला होना ; потоло́к —ет от ды́ма धुएँ से छत काली हो रही है ।

коптеть -II (अपू०) (копчу́, копти́шь) कठोर परिश्रम करना ; दे० корпе́ть.

копти́ть (अपू०), **на—** (पू०) (वर्त० копчу́, копти́шь) १. (मछली, माँस आदि) धुआँ देकर तैयार करना ; २. धुएँ से काला करना ; ३. (लैम्प आदि का) धुआँ देना ; ☐ к. не́бо अकर्मण्य जीवन व्यतीत करना ।

копу́н (पुं०), **—ья** (स्त्री०) आलसी ; दीर्घसूत्री ।

копу́ша (उभ०) **= копу́н, —ья.**

копч||е́ние (नपुं०) (माँस, मछली आदि) धुआँ देकर तैयार करने की क्रिया ; **—ёный** (копти́ть से कृदन्त और वि०) ; —ёная ры́ба धुआँ देकर तैयार की हुई मछली ।

ко́пчик (पुं०) अनुत्रिक ; कौक्सिक्स (रीढ़ की सबसे नीचे की तिकोनी हड्डी) ।

копы́тные (बहु०) (वि० रू०) खुरोंवाले पशु ।

копь दे० ко́пи.

копьё (नपुं०) बरछी ; भाला ।

кора́ (स्त्री०) वल्कल ; वृक्ष की छाल ; कड़ी तह ; (वन०) अन्तस्त्वचिका (अंग्रेज़ी—कारटैक्स) ; (शरीर-रचना०) प्रान्तस्थ भाग (अंग्रेज़ी—कारटैक्स) ।

корабе́льный (वि०) पोत-सम्बन्धी ।

корабле||вожде́ние (नपुं०) नौचालन ; **—круше́ние** (नपुं०) जहाज़ का डूबना या नष्ट होना ; **—строе́ние** (नपुं०) पोत-निर्माण ; **—строи́тельный** (वि०) पोतनिर्माण-सम्बन्धी ।

кора́бль (पुं०) पोत ; जहाज़ ।

кора́лл (पुं०) मूँगा ; प्रवाल ।

ко́рда (स्त्री०) घोड़ा फेरने की रस्सी ।

корди́т (पुं०) (भौ०) निर्धूम विस्फोटक ।

кордóн (पुं०) (स्थान-स्थान पर नियुक्त) सैनिकों की पंक्ति ।

корéец (पुं०) कोरिया-निवासी ।

корёж||ить (अपू०) १. झुकाना ; मोड़ना ; तोड़ना-मरोड़ना ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) बल पड़ना ; इँठना ; егó —ит от бóли पीड़ा के कारण वह इँठा जा रहा है ; **—иться** (आत्म०) टेढ़ा हो जाना ; मुड़ जाना ।

корéйский (वि०) कोरियाई ; कोरिया का ।

коренáстый (वि०) १. मांसल ; हृष्ट-पुष्ट ; गोलमटोल ; २. (वन०) (बड़ी और मज़बूत) जड़ोंवाला ।

корени́ться (आत्म० अपू०) जड़ पकड़ना ।

коренн||óй १. (वि०) आमूल ; मूलभूत ; —ы́м óбразом आमूल ; २. к. жи́тель आदिवासी ।

кóр||ень (पुं०) मूल ; जड़ ; съедóбный к. कन्द-मूल ; вырывáть с —нем जड़ से उखाड़ना, उन्मूलन करना ; квадрáтный к. (गणित) वर्गमूल ; куби́ческий к. (गणित) घनमूल ; показáтель —ня (गणित) मूल घातांक ; извлечéние —ня (गणित) मूल निकालना ; ☐ на —ню́ (खड़ी) फ़सल ; к. зла पाप की जड़ ।

корéнья (बहु०) (गाजर आदि की) तरकारी ।

корешóк (पुं०) १. кóрень का अल्प० ; २. (कुकुरमुत्ते का) डंठल ; (पुस्तक की) जिल्द का पिछला भाग जहाँ पत्रों की सिलाई होती है ; ३. (रसीद का) प्रतिपत्रक ।

корзи́н||а, —ка (स्त्री०) टोकरी ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) टोकरी बनानेवाला/वाली ।

коридóр (पुं०) बरामदा ; दालान ; **—ный** (वि०) बरामदे का ।

кори́нка (स्त्री०) (केवल एकवचन) दाख ; किशमिश ।

кори́ть (अपू०), **у—** (पू०) धिक्कारना ; झिड़कना ; डाँटना ; к. когó-н. за невнимáтельности असावधानी के लिए किसीको डाँटना ।

коричневáтый (वि०) कत्थई-सा (रंग) ।

кори́чневый (वि०) कत्थई (रंग) ।

кóрк||а (स्त्री०) छाल ; (फल आदि का) छिलका ; (घाव पर की) पपड़ी ; апельси́нная к. सन्तरे का छिलका ; **—овый** (वि०) кóрка से वि० ।

корм (पुं०) (मवेशियों का) चारा ; भूसा ; задавáть к. चारा डालना ; на поднóжном —ý चरते हुए ।

кормá (स्त्री०) १. बरास ; किलिन (जहाज़ या नाव का पुच्छल भाग) ; २. корм का बहु० ।

кормёжк||а (स्त्री०) १. चारा ; к. лошадéй घोड़ों का चारा ; २. ख़ुराक ; от плохóй —и он похудéл बुरी ख़ुराक से वह दुबला पड़ गया ।

корми́л||ец (पुं०) १. (परिवार का) पोषक ; पालक ; २. दाता ; हितकारी ; **—ица** (स्त्री०) १. धाय ; २. корми́лец-१. का स्त्री०-रूप ।

корми́ло (नपुं०) पतवार ; कर्ण ।

корми́ть (अपू०) **на—, по—** (पू०) (वर्त० кормлю́, кóрмишь) १. पोषण करना ; पालन करना ; भोजन कराना ; к. на убóй (ज़्यादा खिलाकर) मोटा करना ; २. (बच्चों को) स्तनपान कराना/दूध पिलाना ; ३. जीविका चलाना ; ☐ соловья́ бáснями не кóрмят मीठी बातों से पेट नहीं भरता ; **—ся** (आत्म०) १. भोजन करना ; खाना ; २. जीविका चलाना ; गुज़ारा करना ; —ся урóками पढ़ाकर जीविका चलाना ; ३. корми́ть का कर्मवाच्य ।

кормлéние (नपुं०) पोषण ; к. грýдью स्तनपान कराना ।

кормов||óй (वि०) **I.** (मवेशियों के) चारे का ; चारे के काम आनेवाला ; —áя свёкла (चारे के काम आनेवाला) चुकन्दर ; **II.** кормá का वि० ।

кормýшка (स्त्री०) (मवेशियों को चारा खिलाने का) कठौता ।

кóрмчий (पुं०) (वि० रू०) कर्णधार ; पतवरिया ।

корне||ви́дный (वि०) जड़ के आकार का ; **—вóй** (वि०) кóрень से वि० ।

корнеплóд (पुं०) जड़ ; कन्द ।

корнере́зка (स्त्री०) चारे के लिए गाजरों आदि का टोका करने का यन्त्र ।

корне́т (पुं०) तुरही की तरह का एक बाजा ।

корнишо́н (पुं०) सिरके में डाला हुआ छोटा-सा खीरा ।

ко́роб (पुं०) डिब्बा ; बक्स ; चौड़ी टोकरी ; ☐ це́лый к. новосте́й बहुत-सी ख़बरें ; **—е́йник** (पुं०) फेरीवाला ।

коро́бить (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० коро́блю, коро́бишь) १. टेढ़ा-मेढ़ा करना ; доски́ коро́бят от сы́рости सील के कारण तख़्ते टेढ़े-मेढ़े हो जाते हैं ; २. बुरा लगना ; меня́ коро́бит от его́ слов मुझे उसके शब्द बुरे लगते हैं ; **—ся** (आत्म०) टेढ़ा होना ; इँठना ।

коро́бка (स्त्री०) डिबिया ; बक्स ; к. спи́чек दियासलाई की डिबिया ; дверна́я к. दरवाज़े की चौखट ; к. переда́ч, к. скоросте́й गीयर-बक्स ।

коро́бочка (स्त्री०) коро́бка का अल्प० ।

коро́в||а (स्त्री०) धेनु ; गाय ; до́йная к. दुधारू गाय ; дои́ть —у गाय का दूध दुहना ।

корова́й (पुं०) बड़ी गोल रोटी ।

коро́в||ий (वि०) गाय का ; **—ка** (स्त्री०) १. коро́ва का अल्प० ; २. वीरबहूटी ; इन्द्रवधू ; **—ник** (पुं०) १. मवेशी रखने का स्थान ; २. ग्वाला ; गाय की देख-रेख करनेवाला ; **—ница** (स्त्री०) ग्वालिन ।

короле́в||а (स्त्री०) सम्राज्ञी ; मलिका ; **—ич** (पुं०) (काव्य) राजकुमार ; **—на** (स्त्री०) राजकुमारी ; **—ский** (वि०) राजकीय ; राजसी ; शाही ; **—ство** (नपुं०) राज्य ।

королёк (पुं०) **I.** (छोटी नस्ल का) मुर्ग़ा या मुर्ग़ी; **II.** मालटा (सन्तरा) ।

коро́ль (पुं०) १. सम्राट ; बादशाह ; २. (शतरंज का) बादशाह ।

коромы́сло (नपुं०) (बाल्टियाँ उठाने की) बहँगी ; (तराज़ू का) डंडा ; ☐ там идёт дым —м वहाँ हल्ला-गुल्ला हो रहा है ।

коро́н||а (स्त्री०) मुकुट ; ताज ; **—ацио́нный** (वि०) राज्याभिषेक-सम्बन्धी ; **—а́ция** (स्त्री०) राज्याभिषेक ।

коро́нка (स्त्री०) दाँत का बाहरी भाग ।

коро́нн||ый (वि०) коро́на से वि० ; ☐ —ая роль (नाटक में) प्रमुख भूमिका ।

корон||ова́ние (नपुं०) = **корона́ция** , **—ова́ть** (अपू० और पू०) (—ну́ю) राज्याभिषेक करना ।

коро́ста (स्त्री०) खुरंट ; पपड़ी ।

корота́ть (अपू०), **с—** (पू०) к. вре́мя समय बिताना ; समय नष्ट करना ।

коро́тк||ий (वि०) लघु ; छोटा ; थोड़ा ; —ая волна́ लघु तरंग ; —ое замыка́ние लघु परिपथ ; ☐ быть на —ой ноге́ с кем-л. किसी-से घनिष्ठ सम्बन्ध होना ; у него́ ум коро́ток для того́, что́бы . . . . . उसमें इतनी बुद्धि नहीं कि . . . ।

ко́ротко (क्रि० वि०) १. संक्षेप में ; к. говоря́ थोड़े शब्दों में, संक्षेप में, २. घनिष्ठता से ।

коротко||воло́сый (वि०) छोटे बालोंवाला ; **—но́гий** (वि०) छोटी टाँगोंवाला ; **—хво́стый** (वि०) छोटी पूँछवाला ।

короты́шка (उभ०) नाटा आदमी ; ठिगना आदमी ।

коро́че коро́тко और коро́ткий का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

ко́рочка (स्त्री०) ко́рка का अल्प० ।

корпе́ть (अपू०), **про—** (पू०) (किसी काम को) उत्साह से करना ; कठोर परिश्रम करना ।

ко́рпия (स्त्री०) घाव में मरहम लगाने का मुलायम कपड़ा (अंग्रेज़ी—लिंट) ।

корпора́ци||я (स्त्री०) निगम ; कारपोरेशन ; член —и निगम-सदस्य ।

корпуле́нтный (वि०) स्थूलकाय ; मोटा ।

ко́рпус (पुं०) १. शरीर ; देह ; २. खोखु ; खोल ; जहाज़ का पेटा ; ३. भवन ; ४. (सेना०) अनीकिनी ; कोर ; ५. खोल ; फ़्रेम ; ६. каде́тский к. कैडिटों का स्कूल ।

ко́рпусный (वि०) ко́рпус से वि० ।

корректи́в (पुं०) शोधन ; внести́ к. शोधन करना ।

корре́ктный (वि०) सही ; ठीक ।

корре́кт||ор (पुं०) प्रूफ़-शोधक ; प्रूफ़ पढ़नेवाला ; **—у́ра** (स्त्री०) प्रूफ़ ; держа́ть, пра́вить —у́ру प्रूफ़-शोधन, प्रूफ़ पढ़ना ।

коррели́т (पुं०) अन्योन्याश्रित ।

корреспонд||е́нт (पुं०) १. संवाददाता ; со́бственный к. (газе́ты) (समाचार-पत्र का) निजी संवाददाता ; २. член-к. पत्र-व्यवहारी सदस्य ; **—е́нтский** (वि०) संवाददाता का ; **—е́нция** (स्त्री०) पत्र-व्यवहार ; डाक ; **—и́ровать** (अपू०) (—рую) पत्र-व्यवहार करना ।

коррídóр = коридо́р.

корру́зия (स्त्री०) १. कटाव ; २. (धातुओं को) मोरचा/ज़ंग लगने की क्रिया ।

корру́пция (स्त्री०) भ्रष्टता ; भ्रष्टाचार ।

корса́ж (पुं०) (स्त्रियों के पहनने की) चोली ; अँगिया ।

корса́р (पुं०) दस्यु-पोत ; नौ-दस्यु (समुद्री डाकू) ।

корсе́т (पुं०) चोली ; कंचुकी ; अँगिया ।

корте́ж (पुं०) जुलूस ।

ко́ртик (पुं०) (समुद्री और हवाई बेड़े के अफ़सरों की) कटार ।

ко́рточк||и (बहु०) : сиде́ть на —ах चौकड़ी मारकर बैठना ; उकड़ूँ बैठना ।

корчева́ть (अपू०), **вы—** (पू०) (वर्त० —чу́ю) जड़ें उखाड़ना ; भूमि में से ठूंठ निकालना ।

ко́рчить (अपू०), **с—** (पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) १. बल खाना ; शरीर इँठना ; его́ ко́рчит от бо́ли वह पीड़ा से इँठा जा रहा है/तड़प रहा है ; २. к. ро́жи, грима́сы मुँह बनाना ; ३. (केवल अपू०) к. из себя́ बनना ; बाहरी दिखावा करना ; **—ся** (आत्म०) बल खाना ; इँठना ।

корчма́ (स्त्री०) (यूक्रेन और श्वेत रूस में) शराबखाना ; **—рь** (पुं०) शराबख़ाने का मालिक ।

ко́ршун (पुं०) चील ; काली चील ; налета́ть —ом (на) (चील की तरह) झपट्टा मारना ।

коры́стный (वि०) लोभी ; लोलुप ; भृतक ; भाड़े का ।

корысто||люби́вый (वि०) स्वार्थी ; लालची ; **—лю́бие** (नपुं०) स्वार्थ ; लालच ।

коры́сть (स्त्री०) १. = корыстолю́бие ; २. लाभ ; नफ़ा ।

коры́то (नपुं०) कठौता ; नाँद ।

корь (स्त्री०) (चिकि०) मसूरिका ; रोमान्तिका ; खसरा (अंग्रेज़ी—मीज़ल्स) ।

коря́вый (वि०) १. खुरदरा ; असम ; २. चेचक के दागोंवाला ; ३. टेढ़ा-मेढ़ा ; ४. भद्दा ; भोंडा ; к. стиль भोंड़ी शैली ।

коря́г||а (स्त्री०) पानी में डूबा हुआ शाखादार पेड़ ; ло́дка наткну́лась на —у नाव पानी में डूबे हुए पेड़ से टकरा गयी ।

коса́ (स्त्री०) **I.** (बालों की) चोटी ; वेणी ; जूड़ा ; заплета́ть ко́су चोटी गूँथना ; **II.** हँसिया ; ☐ нашла́ к. на ка́мень लोहे को लोहा काटता है ; **III.** भू-जीभ (पृथ्वी का नुकीला भाग जो समुद्र में घुसा हो) ।

коса́рь (पुं०) १. (घास आदि) काटनेवाला व्यक्ति ; २. (घास काटने का) गँडासा ।

косве́нн||ый (वि०) अप्रत्यक्ष ; परोक्ष ; —ые нало́ги अप्रत्यक्ष कर ; —ые ули́ки वृत्तान्तानुमेय साक्ष्य ; परिस्थिति-साक्ष्य ।

коси́лка (स्त्री०) घास काटने का यन्त्र ।

коси́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० кошу́, ко́сишь) १. घास काटना ; काटना ; ☐ коси́ коса́, пока́ роса́ अवसर पर मत चूको ; २. तिरछी नज़र से देखना ; कटाक्ष करना ।

коси́ться (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) १. एक ओर को झुकना ; २. तिरछी नज़र से देखना ; कटाक्ष करना ; ३. (केवल अपू०) प्रतिकूल दृष्टि से देखना ; टेढ़ी नज़र से देखना ।

коси́чка (स्त्री०) коса́ का अल्प० ।

косма́тый (वि०) मोटे रोएँ का ; खुरखुरा ।

косме́тика (स्त्री०) कान्तिवर्धक ओषधियाँ ; अंगराग ; उबटन आदि ।

косми́ческ||ий (वि०) : —ие лучи́ अन्तरिक्ष-किरणें।

космополи́т (पुं०) विश्वबन्धु ; **—и́зм** (पुं०) विश्वबन्धुता ; **—и́ческий** (वि०) विश्वहितैषी का ; विश्वबन्धु का।

ко́смос (पुं०) नियमबद्ध संसार ; व्यवस्थित विश्व।

косн||е́ть (अपू०), **за—** (पू०) १. गतिहीन होना; к. в неве́жестве अज्ञान में पड़े रहना ; २. लचीलापन खोना ; कड़ा होना ; говори́ть —е́ющиим языко́м अकड़ी हुई जीभ से बोलना।

ко́сность (स्त्री०) शिथिलता ; आलस्य ; जड़ता ;

косноязы́ч||ие (नपुं०), **—ность** (स्त्री०) ज़बान जकड़ जाना ; स्पष्ट उच्चारण न कर सकना ; **—ный** (वि०) जडितवाक् ; जो स्पष्ट उच्चारण न कर सके।

косну́ться दे० каса́ться.

ко́сный (वि०) गतिहीन ; आलसी ; निष्क्रिय ; к. о́браз жи́зни आलसी जीवन।

ко́со (क्रि० वि०) तिरछी ओर को ; तिरछा।

кособо́кий (वि०) टेढ़ा।

косоворо́тка (स्त्री०) टेढ़े कालरों की मर्दानी कमीज़।

косогла́з||ие (नपुं०) भेंगापन ; **—ый** (वि०) भेंगा।

косо́й (वि०) १. तिरछा ; टेढ़ा ; २. (दृष्टि) भेंगी।

косола́пый (वि०) १. मुड़े हुए पंजोंवाला ; к. ме́дведь टेढ़े पंजोंवाला रीछ ; २. भद्दा।

костене́||ть (अपू०), **о—** (पू०) (हड्डी की तरह) कड़ा होना ; अकड़ जाना ; सुन्न होना ; ру́ки —ли от хо́лода ठंड के मारे हाथ अकड़ गये हैं/सुन्न हो गये हैं।

костёр (पुं०) अलाव।

кости́стый, костля́вый (वि०) हड्डीदार।

ко́стный (वि०) кость से वि०।

костое́да (स्त्री०) हड्डियों या दाँतों का सड़ना।

костопра́в (पुं०) हड्डी ठीक करनेवाला ; हड्डी चढ़ानेवाला।

ко́сточка (स्त्री०) १. кость का अल्प० ; २. (फलों की) गुठली ; ३. (बच्चों को गिनती सिखानेवाले तख्ते का) मनका।

косты́ль (पुं०) १. बैसाखी (लँगड़े के सहारे की लकड़ी) ; २. लम्बी कील।

кост||ь (स्त्री०) १. हड्डी ; перело́м —и हड्डी का टूटना ; грудна́я к. उरास्थि ; берцо́вая к. जाँघ की हड्डी ; лучева́я к. त्रिज्या ; локтева́я к. बाँह के भीतरी ओर की हड्डी ; слоно́вая к. हाथीदाँत ; २. (चौपड़ खेलने का) पासा (अंग्रेज़ी—डोमिनो)।

костю́м (पुं०) (पुरुष की) पोशाक ; सूट ; **—ный** (वि०) костю́м से वि०।

костяно́й (वि०) кость से वि०।

костя́шка = **ко́сточка**.

косы́нка (स्त्री०) (सिर पर बाँधने का) तिकोना रूमाल।

косьба́ (स्त्री०) (फ़सल की) कटाई।

computed

ко

кося́к (पुं०) **I.** १. (दरवाज़े या खिड़की का) खम्भा ; बग़ली ; २. टेढ़ी या तिरछी रखी हुई वस्तु ; **II.** (मछलियों आदि का) झुंड।

кот (पुं०) बिल्ला।

котёл (पुं०) १. देगची ; पतीला ; केतली ; २. बाष्पित्र ; बॉयलर।

котело́к (पुं०) १. बर्तन ; २. सिर का टोप ; हैट।

коте́льная (स्त्री०) (वि० रू०) बाष्पित्र-कक्ष ; बॉयलर का कमरा।

котёнок (पुं०) बिल्ली का बच्चा।

ко́тик (पुं०) кот का अल्प०।

коти́р||овать (अपू० और पू०) (—рую) उद्धरण देना ; **—о́вка** (स्त्री०) उद्धरण।

котле́та (स्त्री०) कटलेट (माँस का पकाया हुआ टुकड़ा)।

котлова́н (पुं०) (दीवार आदि की) नींव।

котлови́на (स्त्री०) गड्ढा।

котлообра́зный (वि०) देगची के आकार का।

кото́мка (स्त्री०) (चमड़े या टाट का) सफ़री थैला ; झोला।

котóр||ый (सर्व०) १. (प्रश्नसूचक) कौन-सा ; к. из них ? उनमें से कौन-सा ? ; —ую кни́гу вы возьмёте ? आप कौन-सी पुस्तक लेंगे ? ; в —ом часу́ ? किस समय ?, कितने बजे ? ; к. раз ? कितनी बार ?, किस बार? ; к. тебé год ? तेरी क्या उम्र है ? ; २. (सम्बन्धसूचक) जो ; кни́га, —ая лежи́т на столé पुस्तक जो मेज़ पर पड़ी है ; кни́га, —ую он купи́л पुस्तक जो उसने ख़रीदी ; человéк, к. вчерá приходи́л वह आदमी जो कल आया था ; человéк, —ого он ви́дел वह आदमी जिसे उसने देखा था ।

кóттéдж (पुं०) झोंपड़ी ।

коту́рны (बहु०) घुटने तक के जूते (प्राचीन ढंग के थियेटरों में ऐसे जूते त्रासदियों में अभिनय करनेवाले कलाकारों द्वारा पहने जाते थे) ।

кóфе (नपुं०) कॉफ़ी ।

кофéй||ник (पुं०) कॉफ़ी का बर्तन ; **—ница** (स्त्री०) (हाथ की) कॉफ़ी पीसने की चक्की ; **—ный** (वि०) कॉफ़ी का ; —ное дéрево कॉफ़ी का पेड़ ।

кофéйня (पुं०) कॉफ़ी हाउस ।

кóфт||а (स्त्री०) स्त्रियों के पहनने की जाकेट ; **—очка** (स्त्री०) ब्लाउज़ ।

кочáн (पुं०) : к. капу́сты बन्दगोभी का ऊपरी भाग ।

коч||евáть (अपू०) (वर्त० кочу́ю) १. यायावर का जीवन बिताना ; ख़ानाबदोश होकर घूमना ; **—ёвка** (स्त्री०) (यायावरों का) डेरा ; (ख़ानाबदोशों का) तम्बू ; २. यायावरों (ख़ानाबदोशों) का अटन ; **—éвник** (पुं०), **—éвница** (स्त्री०) यायावर ; ख़ानाबदोश ; **—евóй** (वि०) यायावरीय ; ख़ानाबदोश ; —вóй нарóд यायावरजन ; ख़ानाबदोश लोग ; **—éвье** (नपुं०) १. =кочёвка ; २. (ख़ानाबदोशों का) अटन-क्षेत्र ।

кочегáр (पुं०) झोंकिया (इंजन की भट्टी में कोयला झोंकनेवाला) ।

кочене́||ть (अपू०), **за—**, **о—** (पू०) १. (ठंड के कारण) अकड़ जाना ; ру́ки —ли от хóлода ठंड के मारे हाथ अकड़ गये ; २. (закоченéть पू० के साथ) कड़ा हो जाना ; सख़्त हो जाना ।

кочергá (स्त्री०) आग-कुरेदनी ; आग सुलगाने का सींकचा ।

кочеры́жка (स्त्री०) बन्दगोभी का ठूँठ ।

кóчка (स्त्री०) (दलदल आदि में) मिट्टी का टीला ।

кошáчий (वि०) кóшка से वि० ; बिल्ली का ।

кошевóй (वि०) ; к. атамáн अतामान/कज़ाक सरदार ।

кошелёк (पुं०) थैली ; тугóй к. भरी हुई थैली ।

кошéль (पुं०) १. =кошелёк ; २. थैला ; बैग ।

кóшка (स्त्री०) १. बिल्ली ; २. (बहु०) बहुत-सी रस्सियोंवाला चाबुक ; ३. (मेखें आदि निकालने की) जम्हूरी ; सँडासी ४. (बर्फ़ आदि पर चढ़ने के लिए) नुकीली कीलोंवाले जूते ; ☐ чёрная к. пробежáла काली बिल्ली रास्ता काट गयी ।

кошмá (स्त्री०) नमदा ।

кошмáр (पुं०) दुःस्वप्न ।

кощéй (पुं०) १. कोश्च्येई (रूसी लोक-साहित्य में एक कल्पित दुबला-पतला, धनी और चालाक बूढ़ा जो अमर जीवन का भेद जानता है) ; २. लम्बा दुबला-पतला बूढ़ा ; ३. कंजूस ।

кощу́нст||венный (वि०) ईश्वरनिन्दा-सम्बन्धी ; **—во** (नपुं०) ईश्वरनिन्दा ; **—вовать** (अपू०) (वर्त० —ствую) ईश्वर-निन्दा करना ।

коэффициéнт (पुं०), (गणित) गुणक ; गुणनखंड ।

краб (पुं०) केकड़ा ।

крáги (बहु०) टाँगों पर पहनने के चमड़े के खोल ।

крáден||ое (नपुं०) (वि० रू०) चोरी का माल ; **—ый** (वि०) चोरी का ; चुराया हुआ ।

крáдучись (क्रि० वि०) चोरी-छिपे ; चुपके-चुपके ।

краеуго́льный (वि०) मूलभूत ; महत्वपूर्ण ; к. вопро́с महत्वपूर्ण प्रश्न ।

кра́ешек (पुं०) किनारा ; छोर ।

кра́жа (स्त्री०) चोरी ; к. со взло́мом सेंध मारकर चोरी ; соверши́ть —у सेंध मारना ।

кра‖й (पुं०) **I.** १. किनारा ; छोर ; (बर्तन का) मुँह ; на са́мом —ю́ बिल्कुल किनारे पर ; по́лный до —ёв मुँह तक भरा हुआ ; लबालब भरा हुआ ; к. ра́ны घाव का मुँह ; २. (माँस की) तरफ़ ; ओर ; то́лстый к. (माँस की) मोटी तरफ़ ; ☐ из —я́ в к. एक छोर से दूसरे छोर तक ; конца́-кра́ю нет (-का) कोई अन्त नहीं ; моя́ ха́та с —ю, ничего́ не зна́ю इससे मेरा कोई वास्ता नहीं ; **II.** प्रदेश ; क्षेत्र ; родно́й к. मातृभूमि ।

крайиспо́лко́м (краево́й исполни́тельный комите́т) प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति ।

кра́йне (क्रि० वि०) अत्यन्त ; बहुत ; я к. сожале́ю मुझे बहुत खेद है ; к. ну́жное де́ло अत्यन्त आवश्यक कार्य ।

кра́йн‖ий (वि०) अति ; अतिशय ; चरम ; अन्तिम ; पिछला ; आख़िरी ; सिरे का ; к. дом в у́лице गली में (सबसे) अन्तिम मकान ; в —ем слу́чае अन्तिम अवस्था में ; на к. слу́чай बुरी से बुरी हालत में ; по —ей ме́ре कम से कम ; —яя цена́ कम से कम मूल्य ; к. срок अन्तिम अवधि ; —ие чле́ны (गणित) बाह्यपद ; **—ость** (स्त्री०) १. छोर ; पराकाष्ठा ; सीमा ; हद ; впада́ть в —ость पराकाष्ठा पर पहुँचना ; हद तक पहुँचना ; переходи́ть из одно́й —ости в другу́ю एक हद से दूसरी हद तक जाना ; —ости схо́дятся छोर से छोर मिल ही जाते हैं ; до —ости अतिशयता से ; २. आत्यन्तिक अवस्था/स्थिति ; पराकाष्ठा ।

краковя́к (पुं०) क्राकोव्याक (एक नृत्य) ।

крамо́ла (स्त्री०) राजद्रोह ।

крамо́льн‖ик (पुं०) राजद्रोही ; **—ый** (वि०) राजद्रोहात्मक ।

кран (पुं०) १. (नल की) टोंटी ; २. मलसूत (अंग्रेज़ी—क्रेन) ।

кра́п (पुं०) (केवल एकवचन) धब्बा ; चित्ती ; दाग़ ।

кра́па‖ть (अपू०) (кра́паю, кра́паешь और кра́плю́, кра́плешь) बूँद-बूँद करके टपकना ; дождь —ет बूँदा-बाँदी हो रही है ;

крапи́в‖а (स्त्री०) (केवल एकवचन) बिच्छू-बूटी (एक विषैला पेड़); **—ный** (वि०) बिच्छू-बूटी का ।

кра́пина (स्त्री०) चित्ती ; धब्बा ; दाग़ ; голуби́ное яйцо́ в —х कबूतर का चित्तीदार अंडा ।

крас‖а́ (स्त्री०) (काव्य०) १. सौन्दर्य ; सुन्दरता ; (बहु०) जादू ; मोहकता ; २. अलंकार ; आभूषण ; **—а́вец** (पुं०) सुन्दर (पुरुष) ; **—а́вица** (स्त्री०) सुन्दरी ; **—а́вчик** (पुं०) १. = краса́вец ; २. छैला ; बाँका ।

краси́в‖о (क्रि० वि०) १. सुन्दरता से ; सुन्दर रीति से ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) э́то о́чень к. यह अति सुन्दर है ; **—ый** (वि०) सुन्दर ; —ые слова́ सुष्ठु (सुन्दर) शब्द ।

краси́‖льное заведе́ние (नपुं०), **—льня** (स्त्री०) रँग बनाने का कारख़ाना ; **—льщик** (पुं०), **—льщица** (स्त्री०) रँगरेज़/रँगरेज़िन ; रँगनेवाला/वाली ।

краси́тель (पुं०) (रस०) रँग ।

кра́сить (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० кра́шу, кра́сишь) १. रँग देना ; रोग़न करना ; (ओंठों और कपोलों पर) लाली लगाना ; २. सजाना ।

кра́ска (स्त्री०) रँग ; रोग़न ; акваре́льная к. जलरंग ; ма́сляная к. तैलरंग ।

красне́ть (अपू०), **по—** (पू०) लज्जारुण होना ; लाल हो जाना ; (लज्जा, आनन्द आदि के कारण) मुँह लाल हो जाना ।

красно́ (क्रि० वि०) : к. говори́ть पटुता से बोलना ।

красноарм‖е́ец (पुं०) लाल सेना का सैनिक ; **—е́йский** (वि०) लाल सेना का ।

красно́бу́рый (वि०) लाली-माइल भूरा ।

краснодере́в‖ец (पुं०), **—щик** (पुं०) (लकड़ी का) फ़र्नीचर बनानेवाला ।

краснознамённый (वि०) लाल झंडे के तमग़े से सुसज्जित ।

краснолéсье (नपुं०) चीड़ अथवा देवदारु का जंगल ।

красно||речи́вость (स्त्री०) वक्तृत्व-शक्ति ; वाग्मिता ; वाक्पटुता ; **—речи́вый** (वि०) वाक्पटु ; वाग्मी ; **—рéчие** (नपुं०) वाक्पटुता ; वाग्मिता ।

краснотá (स्त्री०) लालिमा ; लाली ; सुर्ख़ी ।

краснофлóтец (पुं०) लाल बेड़े का सैनिक ।

крáсн||ый (वि०) लाल ; Крáсная áрмия लाल सेना ; Крáсное Знáмя лाल झंडा ; К. Крест रेड-क्रास ; —ая строкá नया पैरा ; —ое лéто ग्रीष्म (ऋतु) ।

красовáться (आत्म० अपू०) (—сýюсь) १. शोभायमान होना ; २. दिखावा करना ; ३. दर्शन देना ।

красотá (स्त्री०) सुन्दरता ।

красóтка (स्त्री०) सुन्दरी ; प्रेयसी ; प्रियतमा ।

крáсочн||ый (वि०) १. крáска से वि० ; —ая промы́шленность रँगों का उद्योग ; २. रंगीन ; सुन्दर ।

красть (अपू०), **укрáсть** (पू०) (वर्त० крадý, крадёшь) चुराना ।

крáсться (आत्म० अपू०) चोरी-छिपे आ घुसना ।

крáтер (पुं०) ज्वालामुखी पर्वत का मुख ।

крáтк||ий (वि०) छोटा ; संक्षिप्त ; к. обзóр संक्षिप्त पर्यालोचन ; в —их словáх संक्षेप में ; थोड़े शब्दों में ; **—о** (क्रि० वि०) संक्षेप में ।

кратковрéменный (वि०) क्षणिक ; अस्थायी ।

краткосрóчный (वि०) थोड़ी अवधि का ।

крáткость (स्त्री०) संक्षिप्तता ।

крáтное (नपुं०) (वि० रू०) (गणित) गुणज ; óбщее к. लघुत्तम सार्व/सामान्य गुणज ।

кратчáйший крáткий का तम-प्रत्ययान्त रूप ।

крах (पुं०) १. दिवाला ; २. पूर्ण असफलता ; потерпéть к. असफल होना ।

крахмáл (पुं०) माँड़ी ; कलफ़ ; स्टार्च ; **—истый** (वि०) माँड़ीदार ; कलफ़दार ; **—ить** (अपू०), **накрахмáлить** (पू०) कलफ़ देना ।

крахмáльн||ый (वि०) १. माँड़ी का ; कलफ़ का ; २. —ая рубáшка कलफ़ दी हुई कमीज़ ।

крáше краси́вый का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

крáше||ние (नपुं०) रँगाई ; **—ный** (वि०) रँगा हुआ ।

краю́||ха, —шка (स्त्री०) रोटी का बड़ा टुकड़ा ।

креатýра (स्त्री०) जीव ; प्राणी ।

кревéтка (स्त्री०) झींगा मछली ।

крéдит (पुं०) १. उधार ; в к. उधार ; открывáть к., предоставля́ть к. उधार देना ; २. साख ।

креди́т||ка (स्त्री०) = креди́тный билéт दे० креди́тный ; **—ный** (वि०) १. креди́т से वि० ; —ный билéт बैंक-नोट ; **—овáть** (अपू० और पू०) (—тýю) खाते में जमा करना ; **—óр** (पुं०) १. उत्तमर्ण ; ऋणदाता ; २. बन्धकगृहीता ; **—оспосóбность** (स्त्री०) ऋणशोध-क्षमता ।

крéйсер (पुं०) क्रूज़र ; जंगी जहाज़ ।

крем (पुं०) (मुँह आदि पर लगाने की) क्रीम ।

крематóрий (पुं०) श्मशान ।

кремáция (स्त्री०) दाहक्रिया ।

кремé||нь (पुं०) १. चकमक पत्थर ; २. कठोर-हृदय ; **—шóк** (पुं०) चकमक पत्थर का टुकड़ा ।

кремлёвский (वि०) क्रेमलिन का ।

кремль (पुं०) क्रेम्ल ; क्रेमलिन ।

кремнёвый (वि०) १. चकमक पत्थर का बना हुआ ; २. सिलिसिक ।

кремнезём (पुं०) (रस०) सिलिका ।

крéмовый (वि०) १. दूधिया रँग का ; २. शर्बती रँग का चिकना कागज़ ।

крен (पुं०) (पानी के जहाज़ का) एक ओर को झुकना ।

кре́ндель (पुं०) अक्षर 'в' की शक्ल की रोटी।

крени́||ть (अपू०), **на—** (पू०) (जहाज़ का) एक ओर को झुकना : си́льный ве́тер —л ло́дку तेज़ हवा के कारण नाव एक ओर को झुक गयी।

креп (पुं०) १. क्रेप (कपड़ा) ; २. महीन काला कपड़ा जिसका मातम में प्रयोग होता है।

крепи́льщик (पुं०) (खानों में) लकड़ी की थूनियाँ बनानेवाला बढ़ई।

крепи́тельный (वि०) १. (खानों में) सुदृढ़ करने की थूनियाँ ; २. दस्त रोकने की दवा।

крепи́ть (अपू०), **под—**(पू०) (वर्त० креплю́, крепи́шь) १. पक्का करना ; मज़बूत करना ; к. набере́жную (नदी के) तट को पक्का करना ; २. थूनी देना ; ३. दस्त रोकना ; क़ब्ज़ी पैदा करना।

кре́пк||ий (वि०) पक्का ; मज़बूत ; सुदृढ़ ; к. органи́зм सुदृढ़ शरीर ; к. стари́к हृष्ट-पुष्ट बूढ़ा ; —ая ткань मजबूत कपड़ा ; к. чай तेज़ चाय ; к. сон गहरी नींद ; —ое словцо́ शपथ ; क़सम ; कठोर शब्द ; к. на́ ухо ऊँचा सुननेवाला।

кре́пко (क्रि० वि०) दृढ़ता से ; मज़बूती से ; к. вы́ругать शपथ लेना ; к. целова́ть ज़ोर से चुम्बन करना ; к. спать गहरी नींद सोना।

крепколо́бый (वि०) जड़मति ; मूर्ख।

крепле́ние (नपुं०) १. सुदृढ़ करना ; पक्का करना ; मजबूत करना ; २. थूनी देना ; थूनी देकर सुदृढ़ करना।

кре́пнуть (अपू०), **о—** (पू०) मज़बूत होना ; पक्का होना।

кре́повый (वि०) क्रेप (कपड़े) का बना हुआ।

крепостни́||к (पुं०) भूसक्त दास-प्रथा का हिमायती ; **—чество** (नपुं०) भूसक्त दास-प्रथा।

крепостн||о́й (वि०) **I.** १. भूसक्त दास-सम्बन्धी ; —о́е пра́во भूसक्त दास रखने का अधिकार ; २. भूसक्त दास ; **II.** кре́пость-I से वि० ; —ые укрепле́ния क़िलेबन्दी।

кре́пость (स्त्री०) **I.** क़िला ; दुर्ग ; गढ़ ; **II.** ку́пчая к. क्रय-प्रलेख ; खरीद का दस्तावेज़ ; तमस्सुक ; **III.** शक्ति ; बल ; к. ду́ха आत्मबल।

крепча́||ть (अपू०) ज़ोर पकड़ना ; तेज़ होना ; अधिक होना ; моро́з крепча́ет पाला तेज़ हो रहा है।

кре́пче кре́пкий और кре́пко का तर-प्रत्ययान्त रूप।

крепы́ш (पुं०) हृष्ट-पुष्ट व्यक्ति ; हृष्ट-पुष्ट बच्चा।

кре́сло (नपुं०) आरामकुर्सी ; बाज़ुओंवाली कुर्सी।

крест (पुं०) क्रास ; सलीब ; напе́рсный к. (मसीहियों का) छाती पर पहनने का सलीब ; поста́вить к. (на) काटा लगाना ; काटना।

кресте́ц (पुं०) त्रिक (कमर के पीछे की हड्डी) (अंग्रेज़ी—सेक्रम)।

крести́ны (बहु०) बपतिस्मा ; बपतिस्मे की प्रथा।

крести́ть (अपू०) **о—, пере—** (पू०) (वर्त० крещу́, кре́стишь) १. (अपू० और पू०) (окрести́ть भी पू०) (किसी दूसरे को) बपतिस्मा देना ; मसीही बनाना ; २. (केवल अपू०) किसी बच्चे का धर्म-पिता या धर्म-माता बनना ; ३. (перекрести́ть पू० के साथ) (मसीहियों का) सलीब बनाना ; **—ся** (आत्म०) (अपू० और पू०) (окрести́ться भी पू०) बपतिस्मा लेना ; मसीही धर्म ग्रहण करना ; २. (перекрести́ться पू० के साथ) (मसीहियों का अपने शरीर पर) सलीब बनाना।

крёстная (स्त्री०) (वि० रू०) धर्म-माता।

кре́стн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) धर्म-पुत्र/धर्म-पुत्री।

кре́стн||ый (वि०) крест से वि० ; —ое зна́мение सलीब का झंडा।

крёстный (पुं०) (वि० रू०) धर्म-पिता।

крестови́к (पुं०) एक प्रकार की विषैली मकड़ी।

крестови́на (स्त्री०) १. कटवाँ टिकठी ; गुणा-चिह्न (×) के आकार में रखी दो थूनियाँ ; २. (रेलगाड़ी को एक पटरी से दूसरी पटरी पर बदलने का) काँटा।

кресто́вый (वि०) к. похо́д ईसाइयों का धर्मयुद्ध।

крестоно́сец (पुं०) धर्मयुद्ध लड़नेवाला।

крестья́н||ин (पुं०) (बहु० крестья́не) किसान ; **—ка** (स्त्री०) किसान स्त्री ; कृषक स्त्री ;

—ский (वि०) किसान का ; कृषक-; **—ство** (नपुं०) कृषकजन ; किसान लोग ।

кретóн (पुं०) छींट ; दरेस (छपा हुआ सूती कपड़ा)

крещéние (नपुं०) बपतिस्मा ।

кривáя (स्त्री०) (वि० रू०) वक्र रेखा ; к. температýры ताप-वक्र रेखा ।

крúвда (स्त्री०) (लोक-साहित्य में प्रयुक्त) झूठ ; असत्य ।

кривизнá (स्त्री०) (केवल एकवचन) टेढ़ापन ; वक्रता ।

кривúть (अपू०), **с—, по—,** (पू०) (वर्त० кривлю́, кривúшь) टेढ़ा करना ; तिरछा करना ; तोड़ना-मरोड़ना ; к. рот मुँह टेढ़ा करना ; □ кривúть, покривúть душóй अन्तःकरण के विरुद्ध काम करना ; **—ся** (आत्म०) १. टेढ़ा होना ; तिरछा होना ; २. (скривúться पू० के साथ) मुँह बनाना ।

кривля́||ка (उभ०) आडम्बरी ; बननेवाला आदमी ; **—нье** (नपुं०) आडम्बर ; बनना ; **—ться** (आत्म० अपू०) १. आडम्बर करना ; बनना ; २. मुँह बनाना ।

крúво (क्रि० वि०) वक्रता से ; टेढ़ेपन से ।

криводýшие (नपुं०) कपट ; छल ।

крив||óй (वि०) १. वक्र ; टेढ़ा ; २. कपटी ; ३. काना ; —ая лóшадь काना घोड़ा ।

криволинéйный (वि०) वक्र रेखाओं से बना हुआ ।

кривотóлки (बहु०) झूठी अफ़वाहें ; उड़ती ख़बरें ।

крúзис (पुं०) संकट ; к. наступúл संकट आ पड़ा ।

крик (पुं०) चीख़ ; चिल्लाहट ।

криклúв||ый (वि०) १. ऊँचे स्वर का ; कोलाहलमय ; २. चटकदार ; она —о одевáется वह चटकदार कपड़े पहनती है ।

крúк||нуть दे० кричáть ; **—ýн** (पुं०), **—ýнья** (स्त्री०) शोर मचानेवाला/वाली ।

кримин||алúст (पुं०) अपराधी ; **—алúстика** (स्त्री०) दंड-विधान ; **—áльный** (वि०) दंड-सम्बन्धी ; दंड्य ; **—олóгия** (स्त्री०) अपराध-विज्ञान ।

кристáлл (पुं०) स्फटिक ; बिल्लौर ; **—изúровать** (अपू० और पू०) (—рую) रवा करना या बनाना ; दाने जमाना ।

кристáльный (वि०) १. बिल्लौरी ; बिल्लौर का ; २. (बिल्लौर की भाँति) निर्मल ; स्फटिक-शुभ्र ; ३. एकदम स्पष्ट ।

критéрий (पुं०) कसौटी ; служúть к. कसौटी होना ।

крúти||к (पुं०) समालोचक ; आलोचक ; **—ка** (स्त्री०) समालोचना ; आलोचना ; गुणदोष-विवेचन ; **—кáн** (पुं०) छिद्रान्वेषक ; दोषदर्शी ; टीका-टिप्पणी करनेवाला ; **—цúзм** (पुं०) १. समालोचना ; २. टीका-टिप्पणी ।

критúческ||ий (वि०) १. आलोचनात्मक ; —ая статья́ आलोचनात्मक लेख ; २. शोचनीय ; नाज़ुक ; —ое положéние शोचनीय स्थिति, नाज़ुक हालत ।

кричáть (अपू०), **крúкнуть** (पू०) १. चिल्लाना ; चीख़ मारना ; बहुत ऊँचे बोलना ; २. पुकारना ; बुलाना ; к. о пóмощи सहायता के लिए पुकारना ।

кров (पुं०) (केवल एकवचन) आश्रय ; घर ; лишённый —а बेघरबार ।

кровáв||ый (वि०) १. लहू का ; २. ख़ून से लथपथ ; к. понóс आँव के साथ ख़ून गिरना ; □ —ая бáня हत्याकांड ; क़त्लेआम ।

кровáтка (स्त्री०) кровáть का अल्प० ।

кровáть (स्त्री०) चारपाई ; पलँग ; खटिया ; дéтская к. खटोला ; лечь в к. सो जाना ।

крóвельный (वि०) छत-सम्बन्धी ; छत का ।

кровенóсн||ый (वि०) : —ая систéма रक्त-संचार-प्रणाली ; —ые сосýды रक्तवाहिनी नाड़ियाँ ।

кровúнк||а (स्त्री०) रक्त की बूँद ; ни —и в лицé सफ़ेद फक चेहरा ।

кро́вля (स्त्री०) छत ; желе́зная к. लोहे की छत ।

кро́вн||ый (वि०) १. रक्त का ; खून का ; —ое родство́ खून का रिश्ता ; २. (पशु) (अच्छी) नस्ल का ; —ая ло́шадь (अच्छी) नस्ल का घोड़ा ; ३. मार्मिक ; ४. (घाव) गहरा ; (अपमान) घोर ; □ —ая месть रक्तपातमय प्रतिकार ; खून के बदले खून ; к. враг जानी दुश्मन ; —ые де́ньги खून-पसीने की कमाई ; पसीने से कमाया हुआ धन ।

кровожа́дн||ость (स्त्री०) रक्त-पिपासा ; क्रूरता ; **—ый** (वि०) रक्त-पिपासु ; खून का प्यासा ; क्रूर ; निर्दयी ।

кровоизлия́ние (नपुं०) रक्तस्राव ; खून का बहना ।

кровообраще́ние (नपुं०) रक्त-संचार ।

кровопи́йца (स्त्री०) खून चूसनेवाला ; धन ऐंठनेवाला ।

кровоподтёк (पुं०) आघात ; चोट ।

кровопроли́т||ие (नपुं०) रक्तपात ; **—ный** (वि०) रक्तपात का ।

кровопуска́ние (नपुं०) १. (चिकि०) फ़स्त खोलना ; २. हत्याकांड ।

кровосме||си́тель (पुं०) (सगोत्रजा स्त्री से) वर्जितगमन/वर्जित सम्भोग करनेवाला ; **—ше́ние** (नपुं०) (सगोत्रजा स्त्री से) वर्जितगमन/वर्जित सम्भोग ।

кровотече́ние (नपुं०) रक्तस्राव ; к. и́з носу नाक से खून बहना ।

кровоточи́||ть (अपू०) रक्त बहना ; ра́на си́льно —т घाव से खूब खून बह रहा है ।

кровоха́рканье (नपुं०) थूक के साथ खून आना ।

кров||ь (स्त्री०) रक्त ; रुधिर ; खून ; останови́ть к. (घाव से) रक्त का बहना बन्द कर देना ; в —и́ खून से लथपथ ; э́то у него́ в —и́ यह उसके खून में है ; у него́ к. кипи́т उसका खून खौल रहा है ; пролива́ть к. रक्तपात करना ; **—яни́стый** (वि०) खूनवाला ; सरक्त ; —яни́стое мя́со खूनवाला माँस ; **—яно́й** (वि०) रक्त का ; खून का ; —яно́е давле́ние रक्त-दाब, खून का दबाव ।

крои́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० крою́, крои́шь) (कपड़े) ब्योंतना ; कटाई करना ; к. пальто́ कोट ब्योंतना ।

кро́йка (स्त्री०) (कपड़ों का)ब्योंत ; कटाई ।

креке́т (पुं०) क्राकेट (एक खेल) ।

кроки́ (नपुं०) खाका ; रेखाचित्र ।

крокоди́л (पुं०) मकर ; मगरमच्छ ; **—овый** (वि०) मगरमच्छ का ; —овая ко́жа मगरमच्छ की खाल ; □ —овы слёзы मिथ्या विलाप ; झूठा रुदन ।

кро́ли||к (पुं०) शशक ; **—ково́д** (पुं०) शशक-पालक ; **—ково́дство** (नपुं०) शशक-पालन ; **—чий** (वि०) शशक का ; —чий мех शशक की पोस्तीन ।

крольча́тник (पुं०) शशक का पिंजड़ा ; शशक के रहने के लिए बनाया हुआ स्थान ।

кро́ме (अ०) अतिरिक्त ; अलावा ; सिवा ; к. того́ उसके अतिरिक्त ।

кроме́шн||ый (वि०) : к. ад नरक ; тьма —ая घोर अँधेरा ।

кро́мка (स्त्री०) किनारा ; छोर ; गोट ; संजाप ।

кромса́ть (अपू०), **ис—** (पू०) (लापरवाही से) टुकड़े-टुकड़े करना ; к. хлеб रोटी के टुकड़े करना ।

кро́на (स्त्री०) **I.** क्राउन (अंग्रेज़ी सिक्का) ; **II.** तरुशिखा ।

кронци́ркуль (पुं०) (गोल वस्तु का भीतरी या बाहरी व्यास नापने का) परकार ।

кронште́йн (पुं०) ताख ; к. для ла́мпы लैम्प रखने का ताख ।

кропа́ть (अपू०) १. फूहड़पन से करना ; जल्दबाज़ी में करना ; २. भद्दी लिखाई लिखना ।

кропи́||ть (अपू०) (वर्त० кроплю́, кропи́шь) छींटे देना ; ме́лкий до́ждь —л у́лицы हल्की वर्षा से सड़क गीली हो गयी ; це́лый день —л до́ждь सारा दिन बूँदा-बाँदी होती रही ।

кропотли́в||ый (वि०) १. परिश्रम का ; मेहनत का ; —ая рабо́та (परिश्रम का) प्रारम्भिक

काम; तैयारी का काम; २. परिश्रमी; मेहनती (आदमी)।

крот (पुं०) छछूँदर।

кро́ткий (वि०) विनीत; विनम्र; к. ребёнок विनम्र बालक।

кροτо́вый (वि०) छछूँदर का।

кро́тость (स्त्री०) विनम्रता; विनय।

кроха́ (स्त्री०) (रोटी का) कौर; (बहु०) जूठन।

крохобо́р (पुं०) बाल की खाल निकालनेवाला; **—ство** (नपुं०) बाल की खाल निकालने का कार्य।

кро́хотный (वि०) नन्हाँ; छोटा; к. ребёнок नन्हाँ बच्चा।

кро́шево (नपुं०) खिचड़ी; गड्डबड्ड।

кро́шеч||ка = кро́шка; —ный = кро́хотный.

кроши́ть (अपू०) तोड़ना; छोटे-छोटे टुकड़े करना; काटकर टुकड़े-टुकड़े करना; к. ку́рам хлеб मुर्ग़ियों को रोटी के छोटे-छोटे कौर बनाकर डालना।

кро́шк||а (स्त्री०) १. (रोटी का) कौर; टुकड़ा; ☐ ни —и कण भी नहीं।

круг (पुं०) १. वृत्त; चक्र; घेरा; пло́щадь —а (गणित) वृत्त का क्षेत्रफल; к. разви́тия विकास-चक्र; к. жи́зни जीवन-चक्र; бегово́й к. दौड़-चक्कर; २. मंडल; क्षेत्र; э́то не вхо́дит в к. мои́х обя́занностей यह मेरे कार्य-क्षेत्र में नहीं आता; прави́тельственные —и́ सरकारी हल्क़े; к. знако́мых परिचित वृत्त; в те́сном —у́, в своём —у́ मित्रमंडली में; ☐ на к. औसत से; поро́чный к. दूषित चक्र।

кру́гленький (वि०) १. кру́глый का अल्प०; २. गोलमटोल।

кругл||е́ть (अपू०), **о—, по—** (पू०) गोल हो जाना; **—ова́тый** (वि०) गोल-सा।

круглоголо́вый (वि०) गोल सिरवाला।

круглоли́цый (वि०) गोल चेहरेवाला।

круглосу́точный (वि०) पूरे दिन-रात का; चौबीस घंटों का।

кру́гл||ый (वि०) १. गोल; २. पूर्ण; पूरा; पक्का; к. дура́к पूरा/निरा मूर्ख; —ое неве́жество पूर्ण अज्ञान; ☐ к. год पूरे वर्ष भर; सारा वर्ष; —ые су́тки पूरे दिन-रात; —ые ци́фры पूर्ण संख्या; पूर्ण अंक।

кругов||о́й (वि०) वर्तुलाकार; चक्राकार; ☐ —ая пору́ка परस्पर प्रतिभूति।

круговоро́т (पुं०) घूर्णन; चक्रानुवर्तन; चक्कर; к. времён года ऋतुओं का चक्रानुवर्तन।

кругозо́р (पुं०) १. क्षितिज; २. विचार; दृष्टिकोण; полити́ческий к. राजनीतिक दृष्टिकोण।

круго́м (क्रि० वि०) १. चक्कर में; चारों ओर; поверну́ться к. चक्कर खाना; к. мно́го лесо́в चारों ओर जंगल ही जंगल है; २. पूरी तरह से; पूर्णरूपेण; вы к. винова́тый इसमें सरासर आपका ही कुसूर है; ☐ у меня́ голова́ идёт кру́гом मेरा सिर चकरा रहा है; मुझे चक्कर आ रहे हैं।

кругооборо́т (पुं०) परिक्रमा; चक्रण; परिचलन।

кругообра́зный (वि०) गोलाकार।

кругосве́тный (वि०) पृथ्वी के चारों ओर का।

кружа́ло (नपुं०) १. (मेहराब की चिनाई करने के लिए) कमान जैसा लकड़ी का तख़्ता; २. (कुम्हार का) चाक।

кружевн||и́ца (स्त्री०) झालर बुननेवाली; **—о́й** (वि०) झालर का।

кру́жево (नपुं०) झालर।

круже́ние (नपुं०) परिक्रमण; चक्रण; चक्कर खाने की क्रिया।

кружи́ть (अपू०) १. चक्कर देना; घुमाना; २. चक्कर काटना; घूमना; **—ся** (आत्म०) चक्कर खाना; घूमना; ☐ у меня́ кружи́тся го́лова मेरा सिर चकरा रहा है; मुझे चक्कर आ रहे हैं।

кру́жка (स्त्री०) १. मग (बीयर आदि पीने का बड़ा प्याला); २. दान-पात्र; ३. डूश (नली द्वारा शरीर के भीतर या बाहर पिचकारी देने का यन्त्र)।

кружко́вый (वि०) кружо́к-२ से वि०।

кру́жный (वि०) चक्करदार; कुटिल; टेढ़ा; к. путь चक्करदार रास्ता; टेढ़ा रास्ता।

кружо́к (पुं०) १. круг का अल्प० ; २. मंडली ; सभा ; драмати́ческий к. नाटक-मंडली ।

круп (पुं०) **I.** बच्चों की गले की एक बीमारी ; **II** (घोड़े आदि का) नितम्ब देश ; पृष्ठ भाग ।

крупа́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) १. (विशेष यन्त्र द्वारा) भूसी निकाला हुआ अन्न का दाना ; ма́нная к. सूजी ; २. दानेदार बर्फ़ ।

крупи́нк||а (स्त्री०) कण ; ни —и пра́вды सरासर झूठ ।

крупи́ца = крупи́нка.

кру́пно (क्रि० वि०) к. наре́зать बड़े-बड़े टुकड़े काटना ।

крупнозерни́стый (वि०) मोटे दानोंवाला ।

кру́пн||ый (वि०) १. बड़ा ; к. рога́тый скот मवेशी ; к. песо́к बड़े कणवाली (मोटी) रेत ; २. महत्वपूर्ण ; प्रमुख ; अनन्य ; —ые собы́тия महत्वपूर्ण घटनाएँ ; к. учёный प्रमुख वैज्ञानिक/विद्वान ; ३. भव्य ; लम्बा ; सुगठित (व्यक्ति) ।

крупча́т||ка (स्त्री०) महीन आटा ; मैदा ; **—ый** (वि०) दानेदार ।

крутизна́ (स्त्री०) ढाल ।

крути́ть (अपू०) (वर्त० кручу́, кру́тишь) बटना ; मोड़ना ; मरोड़ना ; к. верёвку रस्सी बटना ; к. шёлк रेशम बटना ; к. усы́ मूँछें मरोड़ना ; मूँछों पर ताव देना ।

кру́т||о (क्रि० वि०) १. ढलवाँ होकर ; टेढ़ा ; २. अनायास ; अचानक ; ३. कठोरतापूर्वक ; к. посоли́ть अधिक नमक डालना ; **—о́й** (वि०) १. ढलवाँ ; ढालू ; —о́й бе́рег ढलवाँ तट ; २. आकस्मिक ; अचानक ; —а́я переме́на आकस्मिक परिवर्तन ; ३ कठोर ; —о́й нрав कठोर स्वभाव ; □ —о́е яйцо́ पूरा उबला हुआ अंडा ; —а́я ка́ша गाढ़ा काशा (लपसी) ; **—ость** (स्त्री०) १. ढलवाँपन ; २. कठोरता ।

кру́ча (स्त्री०) ढाल ।

круче́ние (नपुं०) (सूत) बटने या कातने की क्रिया ।

кручённ||ый (वि०) बटा हुआ ; —ые ни́тки बटा हुआ सूत ।

кручи́||на (स्त्री०) (कविता में प्रयुक्त) विलाप ; शोक ; दुःख ; **—иться** (आत्म० अपू०) (काव्य) शोक मनाना ; विलाप करना ।

круше́ние (नपुं०) टूटना ; नाश ; पतन ; к. по́езда रेल-दुर्घटना ; к. наде́жд आशाओं पर पानी फिर जाना ।

круши́ть (अपू०) तोड़ना ; नाश करना ; बरबाद करना ।

крыжо́вник (पुं०) झरबेरी ।

крыла́т||ый (वि०) पंखोंवाला ; □ —ые слова́ लोकोक्तियाँ ; मुहावरे ।

крыло́ (नपुं०) (बहु० кры́лья) १. पंख ; २. (पनचक्की के) पंखे के हाथ ; ३. पंकरक्षी ; (पहिये को कीचड़ या पानी से बचाने का साधन) (अंग्रेज़ी—मडगार्ड) ; маха́ть кры́льями पंख फड़फड़ाना ।

кры́лышко (नपुं०) крыло́ का अल्प० ।

крыльцо́ (नपुं०) बरसाती (अंग्रेज़ी—पोर्च) ।

кры́нка (स्त्री०) मिट्टी का बर्तन ।

кры́с||а (स्त्री०) चूहा ; **—и́ный** (वि०) चूहे का ; **—оло́в** (पुं०) चूहे पकड़नेवाला ; **—оло́вка** (स्त्री०) चूहेदानी ; चूहे पकड़ने का पिंजड़ा ।

крыть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० кро́ю, кро́ешь) ढाँपना ; छत डालना ; छप्पर डालना ; к. и́збу соломо́й झोंपड़ी पर घास का छप्पर डालना ; **—ся** (आत्म०) निहित होना ; छिपना ; в его́ слова́х кро́ется угро́за उसके शब्दो में धमकी का स्वर निहित है ; здесь что́-то кро́ется इसके पीछे कुछ छिपा है ।

кры́ша (स्त्री०) छत ; желе́зная к. लोहे या टीन की छत ।

кры́шка (स्त्री०) ढक्कन ; к. ча́йника चायदानी का ढक्कन ।

крюк (स्त्री०) १. (धातु या लकड़ी की) खूँटी ; काँटा ; हुक ; заби́ть к. в. сте́ну दीवार में खूँटी गाड़ना ; २. (रास्ते का) फेर ; चक्कर ; он пошёл не той доро́ге и сде́лал большо́й к. वह उस रास्ते से नहीं गया परन्तु बड़ा चक्कर काटा ।

крю́ч||ить (अपू०), **с—** (पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ —ит от бо́ли पीड़ा के कारण वह इँठा जा रहा है ; **—ся** (आत्म०) (पीड़ा के कारण) इँठना ।

крючкотво́р (पुं०) (घूस लेने के उद्देश्य से काम में) हीला-हवाला करनेवाला (मुख्यत: दफ़्तर का बाबू) ।

крючкотво́рство (नपुं०) (दफ़्तर के बाबू आदि का घूस लेने के उद्देश्य से) हीला-हवाला करना ।

крючо́к (पुं०) १. (मछली पकड़ने का) काँटा ; (बन्दूक आदि का) घोड़ा ; २. = крючкотво́р.

крюшо́н (पुं०) १. प्याला ; २. सफ़ेद शराब ; रम और ब्राँडी का मिश्रण ।

кря́ду (क्रि० वि०) = подря́д-२.

кряж (पुं०) १. (कम ऊँची) पर्वतश्रेणी ; २. (लकड़ी का) टुकड़ा ।

кря́ка||нье (नपुं०) (बत्तख़ की) टर्राहट ; **—ть** (अपू०), **кря́кнуть** (पू०) (बत्तख़ का) टर्राना ।

кря́ква (स्त्री०) जंगली बत्तख़ ।

крякну́ть दे० кря́кать.

кряхте́нье (नपुं०) कराह ।

кряхте́ть (अपू०) (वर्त० кряхчу́, кряхти́шь) कराहना ।

кста́ти (क्रि० वि०) १. उपयुक्त अवसर पर ; मौक़े पर ; замеча́ние бы́ло сде́лано к. टिप्पणी सुसंगत थी ; де́ньги пришли́сь к. धन उपयुक्त अवसर पर मिला ; о́чень к. अत्यन्त अभिनन्दनीय ; २. संयोगवश ; प्रसंगवश ।

кто (सर्व०) १. (प्रश्नसूचक) कौन ; кто э́то? कौन है ? ; २. (सम्बन्धसूचक) जो ; тот кто वह जो ; ३. कोई; кто ждáл пи́сем, кто газе́т कोई चिट्ठियों की प्रतीक्षा कर रहा था और कोई समाचार-पत्रों की ; ३. кто ни, кто. . . . . ни जो भी ; जिसको भी ; кто ни придёт जो भी आयेगा ; кто бы то ни был जो कोई भी हो ।

кто-либо, кто-нибу́дь (अनिश्चयवाचक सर्वनाम) कोई ।

кто-то (अनिश्चयवाचक सर्वनाम) कोई ।

куб (पुं०) **I.** (गणित) घन ; **II.** पानी उबालने या अर्क़ खींचने का बर्तन ।

ку́барем (क्रि० वि०) : скати́ться к. с ле́стницы सीढ़ी पर वेग से उतरना ।

куба́рь (पुं०) (बच्चों की खेलने की) फिरकी ; चकई ।

куби́ческ||ий (वि०) घन- ; —ые ме́ры घनमाप ; к. ко́рень घनमूल ।

ку́бок (पुं०) १. कुम्भक ; प्याला ; बीकर ; २. (प्रतियोगिता का) पात्र ; कप ।

кубы́шка (स्त्री०) १. (धन रखने की) सन्दूकची ; पेटी ; २. गोलमटोल स्त्री या लड़की ।

кува́лда (स्त्री०) १. छोटा हथौड़ा ; २. मोटी/बेडौल स्त्री ।

кувши́н (पुं०) मटका ; घड़ा ; к. для молока́ दूध का मटका ।

кувши́нка (स्त्री०) कुमुदिनी ।

кувырк||а́нье (नपुं०) कलाबाज़ी ; कलैया ; उलटबाज़ी ; **—а́ться** (आत्म० अपू०), **кувырну́ться** (आत्म० पू०) कलाबाज़ी करना ; कलैया खाना ।

кувырко́м (क्रि० वि०) उलट-पुलट ; उथल-पुथल ।

куда́ (क्रि० वि०) (प्रश्नसूचक और सम्बन्धसूचक) १. कहाँ (को) ? ; (गतिसूचक) किधर ? ; куда́ он идёт ? वह कहाँ जा रहा है ? ; २. куда́ ни, куда́ ... ни जहाँ (को) भी ; куда́ бы он ни пошёл जहाँ भी वह जाये ; ३. क्यों ; किसलिए ; к. вам сто́лько де́нег ? आपको इतना धन किसलिए चाहिए ? ; ४. अधिक ; कहीं ; к. лу́чше अधिक अच्छा ; कहीं अच्छा ; хоть к. ! बहुत अच्छा ! ; к. па́рень хоть к. ! बहुत ही सज्जन ! ; к. как хорошо́ इसमें घमंड करने की कोई बात नहीं ; к. тебе́ ! यह तुम्हारे बस की बात नहीं ! ; к. ни шло ! जो हो, सो हो !

куда́-либо, куда́-нибу́дь (क्रि० वि०) कहीं (को) (गतिसूचक) ।

куда́хтать (अपू०) (куда́хчу, куда́хчешь) (मुर्ग़ी का) 'कड़कड़' का शब्द करना ।

куде́ль (स्त्री०) पटुआ या सन का मोटा भाग (काते जाने के लिए तैयार) ।

кудéсник (पुं०) (काव्य०) जादूगर ; ऐन्द्रजालिक ।

кýдр||и (बहु०) घूँघर ; **—я́виться** (आत्म० अपू०) घूँघर बनना ; **—я́вый** (वि०) घुँघराले बालोंवाला (मनुष्य) ; पत्तेदार (पेड़) ; लच्छेदार ; आलंकारिक (भाषा-शैली) ; **—я́шки** (बहु०) घुँघराले बाल ।

куз||éн (पुं०) (चचेरा, ममेरा, फुफेरा) भाई ; **—и́на** (स्त्री०) (चचेरी, ममेरी, फुफेरी) बहिन ।

кузнéц (पुं०) लुहार ; **—кий** (वि०) लुहार का ।

кузнéчик (पुं०) टिड्डा ।

кузнéчный (वि०) लुहार का ।

кýзница (स्त्री०) लुहार की दुकान ।

кýзов (पुं०) १. (वल्कल आदि की बनी) टोकरी ; २. (गाड़ी का) मुख्य भाग (अंग्रेज़ी—बॉडी) ; ☐ назвáлся груздём, полезáй в к. फूल के साथ काँटा भी होता है ।

кукарéк||ать (अपू०) (मुर्गे का) कुकड़ूँ-कूँ करना ; **—кý** (मुर्गे का) कुकड़ूँ-कूँ ।

кýкиш (पुं०) : показáть к. अँगूठा दिखाना ।

кýк||ла (स्त्री०) गुड़िया ; теáтр —ол कठपुतलियों का नाट्यगृह ।

куковáть (अपू०) (वर्त० —кýю) कोयल का कूकना ।

кýколка (स्त्री०) १. кýкла का अल्प० ; २. सजी-धजी सुन्दर बालिका ; ३. पंख निकलने से पहले की कीट की अवस्था (अंग्रेज़ी—प्यूपा) ।

кýкольный (वि०) गुड़िया का ।

кýкситься (आत्म० अपू०) (кýкшусь, кýксишься) बुरी मनोदशा में होना ।

кукурýз||а (स्त्री०) मकई ; मक्का ; भुट्टा ; **—ный** (वि०) मकई का ।

кукýшка (स्त्री०) कोयल ।

кулáк (पुं०) **I.** घूँसा ; मुट्ठी ; грози́ть —óм घूँसा दिखाकर धमकाना ; **II.** कुलाक (प्राचीन रूस में दूसरों का शोषण करनेवाला धनी किसान) ।

кулáцкий (वि०) кулáк-II. से वि० ।

кулáчн||ый (वि०) кулáк-I से वि० ; —ое прáво जिसकी लाठी उसकी भैंस ; —ый бой घूँसाबाज़ी ।

кулачóк (पुं०) кулáк-I का अल्प० ।

кулебя́ка (स्त्री०) (मछली या गोभी की) कचौड़ी ।

кулёк (पुं०) (चटाई आदि का) थैला ; ☐ из кулькá в рогóжку आसमान से गिरा खजूर में अटका ।

кули́к (पुं०) टिटहरी ।

кулинáр (पुं०) पाकविद्या-विशेषज्ञ ; रसोइया ; **—ия** (स्त्री०) पाकविद्या ; **—ный** (वि०) पाकविद्या-सम्बन्धी ; पाकशाला-सम्बन्धी ।

кулóн (पुं०) **I.** विद्युत्-शक्ति का नाप ; बिजली का परिमाण जितना एक सैकिंड में अम्पियर धारा ले जाती है ; **II.** (आभूषण) पैंडल ।

кулуáр (पुं०) उपान्तिका (अंग्रेज़ी—लॉबी) ; разговóры в —ах उपान्तिका-सम्भाषण ; लॉबी की बातचीत ।

куль (पुं०) थैला ; चटाई का थैला ।

кульмин||áция (स्त्री०) पराकाष्ठा ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) पराकाष्ठा को प्राप्त करना ।

культ (पुं०) पूजा ।

культ- (культýрный) सांस्कृतिक ।

культ||ивáтор (पुं०) जुताई करने का यन्त्र ; **—ивáция** (स्त्री०) जुताई ; **—иви́ровать** (अपू०) (—рую) १. जुताई करना ; (खेती द्वारा) संवर्द्धन करना ; उत्पादन करना ; उगाना २. विकसित करना ; —иви́ровать наýчные спóсобы рабóты काम के वैज्ञानिक साधनों को विकसित करना ।

культýра (स्त्री०) संस्कृति ; सभ्यता ।

культýрно (क्रि० वि०) शिष्टता से ; सभ्यता से ; **—бытовóй** (वि०) जीवन-स्थिति सुधारने का ; **—просвети́тельный** (वि०) सांस्कृतिक और शैक्षिक ।

культýрн||ость (स्त्री०) संस्कृति ; सभ्यता ; **—ый** (वि०) १. शिक्षित ; सभ्य ; शिष्ट ; सुसंस्कृत ; २. सांस्कृतिक ; —ый ýровень सांस्कृतिक स्तर ; —ый цéнтр सांस्कृतिक केन्द्र ; —ый рост सांस्कृतिक उन्नति ; ३. कृषि-सम्बन्धी ; —ые порóды वर्द्धित प्रजाति ।

культя́, культя́пка (स्त्री०) (लूले-लँगड़े हाथ या पाँव का) अवशिष्टांश / ठूँठ ।

кум (पुं०) (बच्चे का) धर्म-पिता ; (सम्बोधन में) मित्र ! ; यार !

кума́ (स्त्री०) (बच्चे की) धर्म-माता ।

куманёк (पुं०) кум का अल्प० ।

кума́ч (पुं०) लाल सूती कपड़ा ।

куми́р (पुं०) (पूजा के लिए) मूर्ति ।

кумовство́ (नपुं०) १. (समधियों का-सा) मित्रता का सम्बन्ध ; २. कुनबापरस्ती ।

ку́мушка (स्त्री०) १. кума́ का अल्प० ; २. चुग़लख़ोर स्त्री ।

кумы́с (पुं०) कुमीस (घोड़ी के दूध का दही) ।

кунжу́т (पुं०) (वन०) तिल ; **—ный** (वि०) तिल का ; —ное ма́сло तिल का तेल ।

куни́ца (स्त्री०) कशिक (कीमती पोस्तीनवाला नेवले की तरह का एक जानवर) ।

купа́||льный (वि०) नहाने का ; **—льня** (स्त्री०) स्नानघाट ; ग़ुसलख़ाना ; स्नानागार ; **—льщик** (पुं०), **—льщица** (स्त्री०) नहानेवाला/वाली ; **—нье** (नपुं०) स्नान ।

купа́ть (अपू०), **вы́купать** (पू०) स्नान कराना ; नहलाना ; ग़ुसल कराना ; **—ся** (आत्म०) स्नान करना ; नहाना ; ग़ुसल करना ; □ —ся в зо́лоте दौलत में खेलना ।

купе́ль (स्त्री०) बपतिस्मा देते समय जल रखने का बड़ा पात्र ।

купе́||ц (पुं०) सौदागर ; व्यापारी ; **—ческий** (वि०) सौदागर का ; व्यापारी का ; **—чество** (नपुं०) (समूह०) सौदागर लोग ।

купидо́н (पुं०) मदन ; कामदेव ।

купи́ть दे० покупа́ть-I

купле́т (पुं०) १. युग्मक ; पद्य की दो पंक्तियाँ/श्लोक ; २. (बहु०) व्यंग्यगीत ; **—и́ст** (पुं०) व्यंग्यगीत गानेवाला ।

ку́пля (स्त्री०) क्रय ; к. и прода́жа क्रय और विक्रय ; ख़रीद-फ़रोख़्त ।

ку́пол (पुं०) कलश ; गुम्बद ।

купоро́с (पुं०) (रस०) कासीस ।

ку́пчая (स्त्री०) (वि० रू०) क्रय-पत्र ; बैनामा ।

купчи́ха (स्त्री०) १. व्यापारी/सौदागर स्त्री ; २. व्यापारी/सौदागर की पत्नी ।

купю́р||а (स्त्री०) १. काट-छाँट ; статья́ печа́тается без купю́р लेख बिना काट-छाँट के छपता है ; २. पत्र-मुद्रा (बन्धपत्र आदि) का मूल्य ; заём вы́пущен —ами в 5 рубле́й कर्ज़ा पाँच रूबल के बन्धपत्रों में जारी किया गया है ।

ку́ра = ку́рица.

курага́ (स्त्री०) सूखी ख़ुबानी (फल) ।

кура́житься (आत्म० अपू०) बेहूदगी/मूर्खता की बातें करना ।

кура́нты (बहु०) १. सत्रहवीं-अठारहवीं शताब्दी का दरबारी समाचार-पत्र ; २. (दीवार या घंटाघर की) घड़ी ; घंटा ।

кура́тор (पुं०) परिरक्षक ; न्यासधारी ।

курга́н (पुं०) १. टीला ; क़ब्र २. दुपहिया ठेला-गाड़ी ।

кургу́зый (वि०) १. पुछकटा ; छिन्नपुच्छ ; २. (वस्त्र) छोटा ; तंग ; к. пиджачёк छोटा या तंग कोट ।

курдю́||к (पुं०) (दुम्बे आदि की) चर्बीदार दुम ; **—чный** (वि०) चर्बीदार दुमवाला ; —чная овца́ दुम्बा ।

ку́рево (नपुं०) (केवल एकवचन) १. तम्बाकू ; २. धुआँ ।

куре́ние (नपुं०) १. धूमपान ; तम्बाकू पीने की क्रिया ; २. धूप ; सुगन्ध ।

кури́льница (स्त्री०) धूपदानी ।

кури́льщ||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) (बहुत) तम्बाकू पीनेवाला/वाली ।

кури́н||ый (वि०) मुर्ग़ी का ; —ое яйцо́ मुर्ग़ी का अंडा ; —ая слепота́ रतौंद ।

кури́тельн||ый (वि०) तम्बाकू पीने का ; —ая ко́мната तम्बाकू पीने का कमरा ।

кури́ть (अपू०) १. तम्बाकू पीना ; к. таба́к तम्बाकू पीना ; २. सुगन्धित करना ; धूप देना ; ३.

अर्क़ खींचना ; **—ся** (आत्म०) १. धुआँ देना ; २. (सिगरेट आदि) सुलगना ; папирóса не кýрится सिगरेट बुझ गयी है ; (धुएँ, धुन्ध आदि का) छा जाना ; ३. курúть-१,२ का कर्मवाच्य ।

кýрица (स्त्री०) (बहु० кýры) मुर्ग़ी; चूज़ा (मुर्ग़ी का बच्चा) ; у негó дéнег кýры не клюю́т उसके पास रुपये-पैसे का पार नहीं/वह बहुत धनाढ्य है ।

куркýма (स्त्री०) हल्दी ।

курн‖óй (वि०) : —áя избá बिना चिमनी की अँगीठीवाली झोंपड़ी ।

курнóсый (वि०) छोटी चपटी नाकवाला ।

куровóдство (नपुं०) मुर्ग़ी-पालन ।

курóк (पुं०) (बन्दूक का) घोड़ा ; спустúть к. (बन्दूक का) घोड़ा दबाना ।

куролéсить (अपू०) (वर्त० куролéшу, куролéсишь) अपवचन कहना ; निन्दा करना ।

куропáтка (स्त्री०) पिद्दी ; तीतर ।

курóрт (पुं०) स्वास्थ्यप्रद स्थान ; **—ный** (वि०) स्वास्थ्यप्रद स्थान का ।

курс (पुं०) १. पथ ; २. पाठ्यक्रम ; учéбный к. (शिक्षा) पाठ्यक्रम ; окóнчить к. в университéте विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि लेना/विश्वविद्यालय की डिग्री लेना ; он на трéтьем —е वह (शिक्षा के) तीसरे वर्ष में है ; ३. विनिमय-दर ।

курсáнт (पुं०) छात्र ; (सेना का) कैडिट ।

курсúв (पुं०) (छापे के) तिर्यकाक्षर ; तिरछे अक्षर (अंग्रेज़ी–इटेलिक्स) ।

курсúровать (अपू०) (—рую) (जहाज़ों का) एक स्थान से दूसरे स्थान तक आना-जाना ।

курсовóй (वि०) курс से वि० ।

куртáж (पुं०) आढ़त ; दलाली ।

куртизáн (पुं०) दरबारी ; राजसेवक ।

куртизáнка (स्त्री०) गणिका ; वेश्या ।

кýртка (स्त्री०) जाकेट ।

курчáвый (वि०) (बाल) घुँघराले ; घुँघराले बालोंवाला ।

кýры (बहु०) **I.** दे० кýрица ; **II.** стрóить к. (किसी स्त्री के पीछे) घूमना ।

курьёз (पुं०) अद्भुत या अनूठी वस्तु ; **—ный** (वि०) अद्भुत ; अनूठा ; विलक्षण ।

курьéр (पुं०) सन्देशहर ; सन्देशवाहक ; वार्त्ताहर ; дипломатúческий к. राजनयिक सन्देशहर ।

курятина (स्त्री०) मुर्ग़ी या चूज़े (मुर्ग़ी के बच्चे) का माँस ।

курящий (पुं०) (वि० रू०) तम्बाकू पीनेवाला ; он к. वह तम्बाकू पीता है ।

кусáть (अपू०) १. (दाँतों से) काटना ; э́та собáка не кусáет यह कुत्ता काटता नहीं ; २. (मक्खी, चींटी आदि का) काटना; डंक मारना; **—ся** (आत्म०) १. काटना ; собáка кусáется कुत्ता काटता है ; २. (एक-दूसरे को) काटना ; смотрúте смотрúте, собáки-то как кусáются ! देखिए, कुत्ते एक दूसरे को कैसे काट रहे है ! ; ३. (किसी चीज़ का) बहुत महँगा होना ; э́то кусáется यह बहुत महँगा है ।

кусáчки (बहु०) (तार आदि काटने का) प्लास ; कैंची ।

кус‖óк (पुं०) टुकड़ा ; खंड ; भाग ; अंश ; खाँड का ढेला ; разбúть на —кú टुकड़े-टुकड़े करना ; □ к. хлéба जीविका ; रोटी का टुकड़ा ; зарабáтывать свой к. хлéба अपनी जीविका कमाना ।

кусóчек (पुं०) кусóк का अल्प० ।

куст (पुं०) **I.** झाड़ी ; соловéй поёт в —ах बुलबुल झाड़ियों में कू-कू कर रही है ; **II.** (उद्योग-संस्थाओं का) संघ ।

кустáрник (पुं०) १. झाड़ी ; २. (समूह०) झाड़ियाँ ; झाड़ीदार जंगल ।

кустáрничать (अपू०) १. हस्तशिल्पी बनना ; दस्तकारी का काम करना ; २. आदिम तरीक़े प्रयोग में लाना ।

кустáрн‖ый (वि०) १. कुटीर-उद्योग का ; —ые издéлия कुटीर-उद्योग में तैयार की हुई वस्तुएँ, दस्तकारी का माल ; —ая промы́шленность कुटीर-उद्योग , गृह-उद्योग ; २. आदिम ; —ые приёмы (काम करने के) आदिम ढंग ।

кустáрь (पुं०) हस्तशिल्पी ; दस्तकार ।

ку́тать (अपू०) ढाँपना ; (-में) लपेटना ; **—ся** (आत्म०) (अपने आपको) ढाँपना ; ओढ़ना ।

кутёж (पुं०) अतिपान (कोलाहल-सहित)।

кутерьма́ (स्त्री०) हल्ला-गुला ; गड़बड़ी ; अस्त-व्यस्तता ।

кути́ла (पुं०) लम्पट ; विषयासक्त ; दुराचारी ।

кути́ть (अपू०) (वर्त० кучу́, ку́тишь) मद्योत्सव मनाना ; रंगरेलियाँ मनाना ।

куту́зк||а (स्त्री०) हवालात ; пья́ного посади́ли в —у शराबी को हवालात में बन्द कर दिया ।

куха́рка (स्त्री०) रसोई बनानेवाली स्त्री ।

ку́хня (स्त्री०) १. रसोई ; २. भोजन बनाने का उपकरण ; ३. भोजन ; мне не нра́вится францу́зская к. मुझे फ़्रांसीसी खाना नहीं भाता ; ४. षड्यन्त्र ; कुचक्र ।

ку́хонный (वि०) रसोई का ; к. рабо́чий रसोई में काम करनेवाला ; к. нож रसोई में काम आनेवाला चाकू ।

ку́ц||ый (वि०) **I.** १. पुछकटा ; २. (कपड़ा) तंग ; छोटा ; ३. सीमित ; —ые свобо́ды सीमित स्वातन्त्र्य ; **II.** (काव्य०) शशक ।

ку́ча (स्त्री०) समूह ; ढेर ; наво́зная к. गोबर का ढेर ।

ку́чер (पुं०) कोचवान ; **—ско́й** (वि०) कोचवान का ।

ку́чка (स्त्री०) ку́ча का अल्प० ; к. люде́й लोगों का छोटा-सा दल ।

куш (पुं०) बड़ी रक़म ; сорва́ть к. बड़ी रक़म छीनना ।

куша́к (पुं०) कमरबन्द ; पेटी ।

ку́шанье (नपुं०) भोजन ; खाद्य पदार्थ ।

куша́ть (अपू०), **с—** (पू०) खाना ; भोजन करना ; (चाय आदि) पीना ; к. чай चाय पीना ; пожа́луйте к. कृपया भोजन कीजिए ; भोजन तैयार है ।

куше́тка (स्त्री०) काउच ; सोफ़ा ।

Л

лабиа́льный (वि०) ओष्ठ्य ।

лабири́нт (पुं०) भूलभुलैयाँ ; गोरखधन्धा ; л. коридо́ров बरामदों की भूलभुलैयाँ ; л. жи́зни जीवन का गोरखधन्धा ।

лабора́нт (पुं०), **—ка** (स्त्री०) प्रयोगशाला-सहायक ।

лаборато́рия (स्त्री०) प्रयोगशाला ; अनुसन्धान-शाला ।

ла́ва (स्त्री०) (ज्वालामुखी पहाड़ में से निकलने वाला) भूराल ; लावा ।

лава́нда (स्त्री०) लैवेंडर (एक सुगन्धित पौधा) ।

лави́на (स्त्री०) हिमानी ।

лави́ровать (अपू०) (वर्त० —рую) जहाज़ का वायु के विरुद्ध दायें-बायें होकर चलना ।

ла́вка (स्त्री०) **I.** पुराने रूसी किसानों के घरों में बैठने के लिएं दीवार में गड़ा तख्ता / बेंच ; **II.** छोटी दुकान (अंग्रेज़ी—कैंटीन) ; ☐ мо́дная л. फ़ैशन की दुकान ।

ла́вочка (स्त्री०) ла́вка का अल्प० ।

лавр (पुं०) १. सेहरा ; २. जयपत्र (चमकदार पत्तियोंवाला एक पौधा) ।

ла́вра (स्त्री०) (प्रथम श्रेणी का) मठ ; विहार ।

лавро́вый (वि०) лавр से वि० ।

ла́герный (वि०) ла́герь से वि० ।

ла́герь (पुं०) १. शिविर ; कैम्प ; २. दल ।

лад (पुं०) १. सामंजस्य ; समस्वरता ; एकता ; मेल ; жить в —у́ मेल से रहना ; २. रीति ; ढंग ; на ра́зные —ы́ विभिन्न रीतियों से ; на но́вый л. नयी रीति से, नये ढंग से ; на ста́рый л. पुराने ढंग से ; ३. (संगीत) ताल ; सुर ; петь в л. सस्वर गाना ; सुर-ताल में गाना ।

ла́дан (पुं०) सुगन्धित धूप ; लोहबान ; ☐ дыша́ть на л. एक पाँव क़ब्र में होना ।

ла́данка (स्त्री०) तावीज़ ; जन्तर ।

ла́д‖ить (अपू०) (वर्त० ла́жу, ла́дишь) सहमत होना ; एकता का भाव रखना ; मेल रखना ; они́ не —ят उनकी बनती नहीं, उनकी अनबन है ; л. одно́ и то́ же एक ही बात की रट लगाना ; **—иться** (आत्म०) : де́ло не ла́дится काम ठीक नहीं चल रहा है ।

ла́дно (क्रि० वि०) १. एकता से ; मेल से ; २. अच्छा ! ; बहुत अच्छा ! ; ३. सफलतापूर्वक ; भली प्रकार से ।

ладо́н‖ь (स्त्री०) करतल ; हथेली ; —ью вверх हथेली ऊपर करके ।

ладо́ши (बहु०) ладо́нь का अल्प० ; бить, хло́пать в л. ताली बजाना ।

лады́жка = лоды́жка.

ладья́ (स्त्री०) १. (काव्य०) नाव ; किश्ती ; २. (शतरंज में) हाथी / रुख़ ।

лаз (पुं०) भूगर्भस्थ नाले में घुसने का छिद्र ।

ла́занье (नपुं०) : л. по дере́вьям पेड़ों पर चढ़ना ; л. по кана́ту रस्से पर चढ़ना ।

лазаре́т (पुं०) (स्कूल, सेना या जेल में) अस्पताल ; (जहाज़ पर) रोगियों का कक्ष ।

ла́зать = ла́зить.

лазе́йка (स्त्री०) (घुसने का) छिद्र ; л. в забо́ре मेंड़ में से घुसने का छिद्र ।

ла́зить (अपू०) (ла́жу, ла́зишь) दे० лезть, अन्तर केवल इतना है कि лезть निश्चित दिशा की ओर गति और कार्य का एक बार होना सूचित करता है और ла́зить कार्य के विभिन्न समय पर बार-बार होने और विभिन्न दिशाओं की ओर गति सूचित करता है ; он два ра́за ла́зил на сте́ну वह दीवार पर दो बार चढ़ा ; вме́сте мы по забо́рам ла́зили हम मिलकर मेंड़ों पर चढ़ते रहे ।

лазо́ревый = лазу́рный.

лазу́рный (वि०) आसमानी ; आकाश के समान नीला ।

лазу́рь (स्त्री०) नभनील ; आसमानी रंग ।

лазýтчик (पुं०) (सेना०) खुफ़िया सिपाही ; स्काउट ।

лай (पुं०) कुत्ते की भौं-भौं ।

лáйка (स्त्री०) **I.** एस्कीमो कुत्ता ; **II.** (बकरी के बच्चे की) खाल ; चमड़ी ।

лáйковый (वि०) बकरी के बच्चे की खाल का ।

лак (पुं०) पीतल पर चढ़ाने का सुनहरा रोग़न ; वार्निश ।

лáка||ть (अपू०) जीभ से चपचप करके पीना ; кóшка —ет молокó बिल्ली दूध पी रही है ।

лакéй (पुं०) दास ; अनुचर ; टहलुआ ; सेवक ।

лакировáть (अपू०) (—рýю) रोग़न करना ; वार्निश करना ;

лáкмус (पुं०) (रस०) लिटमस ।

лáковый (वि०) лак से वि० ।

лáком||иться (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० лáкомлюсь, лáкомишься) स्वादिष्ट भोजन करना ; स्वाद से खाना ; медвéдь —ится мёдом रीछ शहद को बड़े स्वाद से खाता है ; **—ка** (स्त्री०) पेटू ; चटोरा ; **—ый** (वि०) स्वादिष्ट ; —ое блюдо स्वादिष्ट भोजन ।

лакони́||зм (पुं०) मितभाषण ; संक्षेपोक्ति ; संक्षेपलेखन ; **—ческий** (वि०) अल्प ; संक्षिप्त ; —ческое извéстие संक्षिप्त समाचार ; **—чность** (स्त्री०) = лакони́зм ; **—чный** = лакони́ческий.

лактáция (स्त्री०) दुग्धन ; स्तनपान ; दूध देना ।

лактóза (स्त्री०) (रस०) दुग्ध ; दुग्ध-शर्करा (अंग्रेज़ी—लेक्टोज़ा) ।

лактóметр (पुं०) दुग्धत्वमापी ।

лáма (स्त्री०) **I.** (पशु) लामा ; **II.** (तिब्बत का बौद्ध भिक्षु) लामा ।

лáмпа (स्त्री०) लैम्प ; (रेडियो का) वाल्व ; керосíновая л. मिट्टी के तेल से जलनेवाला लैम्प ; настóльлая л. टेबल-लैम्प ।

лампáдка (स्त्री०) (ईसा की मूर्ति के सामने जलायी जानेवाली) ज्योति ।

лампáс (पुं०) (अफ़सर की पतलून पर की) रंगदार धारी ।

лáмповый (वि०) लैम्प का ; (रेडियो के) वाल्व का ।

лáмпочка (स्त्री०) १. лáмпа का अल्प० ; २. बिजली का बल्ब ।

ландó (नपुं०) लैंडो गाड़ी ।

лáндыш (पुं०) दरी-नलिनी (घाटी में उत्पन्न होने वाला फूल का पौधा) ।

ланцéт (पुं०) नश्तर ; चीर-फाड़ करने की छुरी ; **—ный** (वि०) नश्तर का ।

ланцетови́дный (वि०) नश्तर के आकार का ।

лань (स्त्री०) (एक प्रकार का) मृग ।

лáпа (स्त्री०) १. पंजा ; २. (कबूतर की खुली पूँछ के समान) चूल ।

лáпка (स्त्री०) лáпа का अल्प० ।

лáпоть (पुं०) छाल का बना जूता ।

лаптá (स्त्री०) लाप्ता (गेंद से खेला जानेवाला एक खेल) ।

лапшá (स्त्री०) लापशा (एक प्रकार की लपसी) ।

ларéц (पुं०) बक्स ; पेटी ; सन्दूक ; (जवाहिरात आदि रखने की) सन्दूकची ।

лáрчик (पुं०) १. ларéц का अल्प० ; □ а л. прóсто открывáлся समाधान बहुत सरल था ।

ларь (पुं०) (लकड़ी का) डिब्बा ; सन्दूकची ।

лáска (स्त्री०) **I.** १. आलिंगन ; दुलार ; लाड़ ; २. (केवल एकवचन) भलाई ; **II.** नेवला ; नकुल ।

ласкáтельн||ый (वि०) दुलार का ; प्यार का ; —ое и́мя दुलार/प्यार का नाम ।

ласкáть (अपू०) दुलार करना ; प्यार करना ; लाड़ करना ; पुचकारना ; **—ся** (आत्म०) (परस्पर) लाड़/प्यार करना ; पुचकारना ।

лáсков||ость (स्त्री०) कोमलता ; मृदुलता ; **—ый** (वि०) प्रेम-भरा ; मृदुल ; मधुर ; —ые словá मधुर शब्द ।

лáститься = ласкáться.

лáсточка (स्त्री०) अबाबील (चिड़िया) ; □ однá л. весны́ не дéлает अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता ; пéрвая л. प्रथम चिह्न, प्रथम लक्षण ।

латáть (अपू०) पैबन्द लगाना ; (फटे हुए कपड़े की)

मरम्मत करना ; л. оде́жду कपड़े में पैवन्द लगाना ।

латви́йский (वि॰) लातविया देश का ।

лате́нтн‖ый (वि॰) निहित ; गुप्त ; भीतरी ; —ая теплота́ गुप्त उष्मा ।

ла́тный (वि॰) कवच का ।

лату́к (पुं॰) सलाद ।

лату́нн‖ый (वि॰) पीतल का ; —ая про́волока पीतल का तार ।

лату́нь (स्त्री॰) पीतल ।

ла́ты (बहु॰) कवच ।

лауреа́т (पुं॰) चूड़ामणि ; शिरोमणि ; л. ле́нинской пре́мии लेनिन-पुरस्कार-विजेता ।

лафа́ (विधेय) (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ л. उसकी चाँदी है/वह बड़ा भाग्यशाली है ।

лафе́т (पुं॰) तोप-गाड़ी ।

ла́цкан (पुं॰) कोट के सामने के भाग का मोड़ ।

лачу́га (स्त्री॰) झोंपड़ी ; छप्पर ; कुटी ।

лачу́жка (स्त्री॰) лачу́га का अल्प॰ ।

ла́ять (अपू॰) (कुत्ते आदि का) भौंकना ।

лганьё (नपुं॰) झूठ बोलने की क्रिया ।

лгать (अपू॰), **солга́ть, налга́ть** (पू॰) (वर्त॰ лгу, лжёшь) १. (солга́ть पू॰ के साथ) झूठ बोलना ; २. (налга́ть पू॰ के साथ) बदनाम करना ; अपयश फैलाना ; झूठी तोहमत लगाना ।

лгун (पुं॰), **—ья** (स्त्री॰) झूठा पुरुष / झूठी स्त्री ।

лгуни́шка (पुं॰) मिथ्यावादी मनुष्य ; झूठा ।

лебеда́ (स्त्री॰) (वन॰) बथुआ ।

лебеди́н‖ый (वि॰) ле́бедь से वि॰ ; —ая шея́ हंस की गर्दन ।

ле́бедь (पुं॰) हंस ; हंसिनी ।

лебези́ть (अपू॰) (वर्त॰ лебежу́, лебези́шь) चापलूसी करना ; किसीके आगे झुकना ; л. пе́ред хозя́ином मालिक की चापलूसी करना ।

лебя́жий (वि॰) ле́бедь से वि॰ ।

лев (पुं॰) सिंह ; शेर ।

леве́ть (अपू॰), **по—** (पू॰) वामपक्षी दल में शामिल होना ; आमूल सुधारवादी होना ।

левизна́ (स्त्री॰) वामवाद ; आमूल सुधारवाद ।

левосторо́нний (वि॰) वामपक्षी ; बायीं ओर का ।

левша́ (उभ॰) खब्बा ; बायें हाथ से काम करनेवाला/वाली ।

ле́вый (वि॰) १. बायाँ ; २. वामपक्षी ।

лега́вый = ляга́вый.

легализи́ровать (अपू॰) (वर्त॰—рую) विधानीकरण करना ; विधिसंगत करना ; क़ानून के अनुसार बनाना ।

легализова́ть = легализи́ровать.

лега́льн‖ость (स्त्री॰) वैधता ; विधिवत्ता ; क़ानून के अनुसार होने का भाव ; **—ый** (वि॰) वैध ; क़ानूनी ।

лега́т (पुं॰) पोप-दूत ।

леге́нд‖а (स्त्री॰) दन्तकथा , निजन्धरी ; **—а́рный** (वि॰) दन्तकथामूलक ; दन्तकथा-सम्बन्धी ; निजन्धरीय ।

легио́н (पुं॰) सायुध सैन्य ; वरूथ ।

легислату́ра (स्त्री॰) विधान-सभा की कार्यविधि ।

легитими́ст (पुं॰)प्रतिक्रान्ति तथा राजतन्त्र का समर्थक ; वैधतावादी ।

лёгк‖ий (वि॰) १. हल्का ; २. सहज ; आसान ; सरल ; ३. साधारण ; सामान्य ; मामूली ; —ая просту́да मामूली सर्दी ।

легко́ (क्रि॰ वि॰) १. सहजता से ; सरलता से ; आसानी से ; э́то ему́ л. даётся यह उसके लिए आसान है ; २. हल्के से ; हौले से ; л. ступа́ть हौले से चलना, फूँक-फूँककर क़दम रखना ; □ л. сказа́ть कहना सहज है, करने से कहना सहज है ।

легков‖е́рие (नपुं॰) सहज विश्वास ; **—ный** (वि॰) सहज विश्वास करनेवाला ।

легкове́сный (वि॰) (बोझ में) हल्का ।

легково́й (वि॰) : л. автомоби́ль मोटरकार ।

лёгк‖ое (नपुं॰) (वि॰ रू॰) फेफड़ा ; воспале́ние обо́их —их डबल निमोनिया ।

легкомы́сленн‖о (क्रि॰ वि॰) हल्केपन से ; बिना विचारे ; बेसमझे-बूझे ; चंचलता से ;

—ый (वि०) हल्का ; अविवेकी ; बेफ़िक्र ; बेपरवाह ; अस्थिरचित्त ; चंचलचित्त ।

легкомы́слие (नपुं०) हल्कापन ; अविवेक ; बेपरवाही ; अस्थिरता ; चंचलता ।

лёгкость (स्त्री०) १. हल्कापन ; २. सहजता ।

лего́нько (क्रि० वि०) १. थोड़ा-सा ; हल्का-सा ; २. सावधानी से ; धीरे से ।

лёгочный (वि०) फेफड़ा-सम्बन्धी ; फेफड़े का ।

легча́ть (अपू०), **по—** (पू०) (तुषार आदि का) कम होना ; हल्का पड़ना ।

ле́гче лёгкий और лёгко का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

лёд (पुं०) बर्फ़ ।

ледене́ть (अपू०) १. जमना ; बर्फ़ में परिणत होना ; २. (ठंड के मारे) सुन्न होना ; अकड़ जाना ;

ледене́ц (पुं०) फल-रस मिली मिठाई ।

ледени́ть (अपू०) जमाना ; बर्फ़ में परिणत करना ; моро́з ледени́т во́ду तुषार पानी को जमा देता है ।

ледни́к (पुं०) १. प्रशीतक (अंग्रेज़ी—रेफ़्रीजरेटर) ; बर्फ़ रखने का बक्स ; २. हिमनदी ।

ледово́й (वि०) (कभी-कभी ледо́вый भी) बर्फ़ का ।

ледоко́л (पुं०) हिमध्वंसी पोत/जहाज़ ; बर्फ़ तोड़ने का जहाज़ ।

ледоре́з (पुं०) १. बर्फ़ काटनेवाला ; २. पुल की रक्षा करने के लिए उसके अगल-बगल का कंकड़-पत्थरों का ढेर ।

ледышка (स्त्री०) बर्फ़ का टुकड़ा ।

леդяне́ть (अपू०), **ледяни́ть** (पू०) = ледене́ть और ледени́ть.

ледяно́й (वि०) १. हिमाच्छादित ; बर्फ़ से ढका हुआ ; २. बर्फ़ की तरह ठंडा ; हिम-शीतल ।

лежа́л||ый (वि०) बासी ; पुराना ; देर से पड़ा हुआ ; л. хлеб बासी रोटी ; —ая мука́ देर से पड़ा हुआ (खराब) आटा ।

лежа́нка (स्त्री०) अँगीठी के पास पत्थरों से बना सोने का स्थान (रूस में सर्दी अधिक होने के कारण अँगीठी के पास ही सोने के स्थान बना लिये जाते हैं) ।

леж||а́ть (अपू०) १. लेटना ; (किसी वस्तु का लेटी हुई दशा में) पड़ा होना ; он —и́т в посте́ли वह पलँग पर लेटा है ; кни́га —и́т на столе́ पुस्तक मेज़ पर पड़ी है ; २. स्थित होना ; го́род —и́т на берегу́ мо́ря शहर सागर-तट पर (स्थित) है ; э́то лежи́т на его́ обя́занности यह उसका कर्तव्य है ; э́то —и́т на его́ отве́тственности यह उसकी ज़िम्मेदारी है ।

лежа́чий (वि०) लेटा हुआ ।

лёжк||а (स्त्री०) (केवल एकवचन) बहुत देर तक पड़े रहना ; проводи́ть вре́мя в —е लेटे-लेटे समय गुज़ार देना ; мука́ от —и испо́ртилась ज़्यादा देर पड़े रहने से आटा खराब हो गया ; □ лежа́ть в —у (रोगी के विषय में) पलँग पर लेटे रहना ।

лежмя́ (क्रि० वि०) लेटे हुए ; लेटे-लेटे ।

ле́звие (नपुं०) (काटनेवाली या पैनी वस्तु की) धार ; л. ножа́ चाक़ू की धार ।

лезть (अपू०), **по—** (पू०) १. दे० ла́зить ; २. चढ़ना ; ऊपर चढ़ना ; л. на де́рево पेड़ पर चढ़ना ; ३. (-में) घुसना ; л. в во́ду पानी में घुसना ; ४. हस्तक्षेप करना ; टाँग अड़ाना ; л. не во своё де́ло दूसरे के काम में हस्तक्षेप करना ; ५. (बालों का) गिरना ; उतरना ; झड़ना ; ६. ठीक नाप का होना ; फ़िट आना ; сапоги́ ему́ не ле́зут जूते उसके ठीक नहीं आते, जूते उसके नाप के नहीं हैं ।

ле́йка (स्त्री०) (पौधों में) पानी देने का बर्तन ।

лейтена́нт (पुं०) (सेना में) लेफ़्टिनेंट ।

лека́ло (नपुं०) (निर्माण-सम्बन्धी) टेढ़ी लकीरें खींचने का उपकरण ।

лека́рственн||ый (वि०) ओषधि-सम्बन्धी ; (पौधा) ओषधि रूप में प्रयुक्त होनेवाला ; —ое расте́ние जड़ी-बूटी ।

лека́рство (नपुं०) ओषधि ; दवा ; л. от, про́тив ка́шля खाँसी की ओषधि/दवा ; принима́ть л. ओषधि-सेवन करना, दवा लेना ।

ле́карь (पुं॰) (घृणासूचक) चिकित्सक ; नीम-हकीम ।

ле́ксика (स्त्री॰) शब्दभंडार ; शब्दज्ञान ।

лексикогра́фия (स्त्री॰) कोश-संकलन ; कोशरचना-शास्त्र ।

лексико́н (पुं॰) शब्दकोश ; शब्द-संग्रह ।

ле́ктор (पुं॰) प्राध्यापक ; व्याख्याता ; व्याख्यान/भाषण देनेवाला ।

лекцио́нный (वि॰) व्याख्यान-सम्बन्धी ।

ле́кци‖я (स्त्री॰) व्याख्यान ; भाषण ; читáть —ю भाषण देना, व्याख्यान देना ।

леле́ять (अपू॰) पोषित करना ; पालना ; л. надéжду आशा पालना ।

леме́х (पुं॰) हल की धार ; फार ।

леме́шный (वि॰) лемéх से वि॰ ।

ле́мма (स्त्री॰) (गणित) प्रमेयिका ।

лен (पुं॰) (फ़ौजी काम करने के बदले दी गयी) जागीर ।

лён (पुं॰) पटुआ ; सन ।

лени́в‖ец (पुं॰) १. = лентя́й ; २. स्लौथ (अमरीका देश का एक चौपाया जो बहुत धीरे-धीरे चलता है) ; **—ый** (वि॰) आलसी ; □ —ые щи ताज़ा बन्दगोभी का सूप ।

лени́ться (आत्म॰ अपू॰) आलस्य करना ; आलस्य में समय नष्ट करना ।

ленини́зм (पुं॰) लेनिनवाद ।

ле́нн‖ик (पुं॰) सामन्त ; जागीरदार ; **—ый** (वि॰) सामन्तीय ; सामन्तिक ।

ле́ность (स्त्री॰) आलस्य ; सुस्ती ।

ле́нта (स्त्री॰) फ़ीता ; रिबन ।

ле́нточка (स्त्री॰) лéнта का अल्प॰ ।

ле́нточный (वि॰) лéнта से वि॰ ।

лентя́й (पुं॰), **—ка** (स्त्री॰) आलसी ; दीर्घसूत्री ।

лен‖а́ (स्त्री॰) : он с —óй वह आलसी है ।

лень (स्त्री॰) आलस्य ; सुस्ती ।

леопа́рд (पुं॰) तेंदुआ ; बघेरा ।

лепестко́вый (वि॰) पंखड़ीदार ।

лепесто́к (पुं॰) पंखड़ी ; л. рóзы गुलाब की पंखड़ी ।

ле́пет (पुं॰) तुतलाहट ; गद्‌गद् वाणी ; дéтский л. बच्चे की तुतलाहट ।

лепета́ние (नपुं॰) = лéпет.

лепета́ть (अपू॰), **за—** (पू॰) (वर्त॰ лепечý, лепéчешь) अस्पष्ट बोलना ; तुतलाना ; बेकार बातें करना ; дéти лепечýт बच्चे तोतली बोली बोलते हैं ।

лепёшка (स्त्री॰) १. चपटी केक ; पूड़ी ; २. (ओषधि की) टिकिया ।

лепи́ть (अपू॰), **вы́лепить, слепи́ть** (पू॰) (वर्त॰ леплю́, лéпишь) १. (вы́лепить पू॰ के साथ) (मिट्टी आदि की) मूर्ति बनाना ; प्रतिमा बनाना ; л. Пýшкина पुश्किन की मूर्ति बनाना ; २. (слепи́ть पू॰ के साथ) (घोंसला आदि) बनाना ; ३. चिपकाना ; л. афи́шку на стéну दीवार पर इश्तहार चिपकाना **—ся** (आत्म॰) -से चिमटना ।

ле́пка (स्त्री॰) १. (मिट्टी आदि से) मूर्ति बनाने की क्रिया ; २. मूर्ति ।

лепно́й (वि॰) प्लास्टिक का ।

лепрозо́рий (पुं॰) कुष्ट-रोगियों (कोढ़ियों) का अस्पताल ।

ле́пт‖а (स्त्री॰) यूनान देश का एक छोटा-सा सिक्का ; □ вноси́ть свою́ —у अपने बिरते के अनुसार सहायता करना ।

лес (पुं॰) १. वन ; जंगल ; густóй л. घना जंगल ; дремýчий л. घना जंगल ; २. (इमारती) लकड़ी ; л. рýбят, щéпки летя́т बिना अंडा तोड़े आमलेट नहीं बनता ।

леса́ (बहु॰) **I.** (मकान आदि बनाने के लिए) अस्थायी मचान ; **II.** मछलियाँ पकड़ने के काँटे के साथ लगा धागा ।

ле́сенка (स्त्री॰) лéстница का अल्प॰ ।

леси́стый (वि॰) लकड़ी का ; वन का ; जंगल का ।

ле́ска, лёска = леса́-II.

лесни́к (पुं॰) १. जंगल का पहरेदार/रखवाला ; २. इमारती लकड़ी-उद्योग का कर्मचारी ।

леснóй (वि०) १. वन का ; जंगल का ; २. इमारती लकड़ी का ; л. материáл इमारती लकड़ी ।

лесозаготóвка (स्त्री०) जंगल में से इमारती लकड़ी काटने का काम ।

лесóк (पुं०) छोटा जंगल ; (पेड़ों का) झुरमुट ।

лесонасаждéние (नपुं०) वन लगाना ; वन-रोपण ।

лесоохранéние (नपुं०) वन-रक्षा ।

лесопи́лка (स्त्री०) १. (लकड़ी चीरने का) आरा ; २. (यन्त्र से) लकड़ी चीरने का कारखाना ।

лесопи́ль||ный (वि०) लकड़ी चीरने का ; л. завóд (मशीन से) लकड़ी चीरने का कारखाना ; **—ня** (स्त्री०) (यन्त्र से) लकड़ी चीरने का कारखाना ।

лесопромы́шленник (पुं०) इमारती लकड़ी का व्यापारी ।

лесору́б (पुं०) जंगल में लकड़ी काटनेवाला मज़दूर ।

лесосéка (स्त्री०) (वन में) लकड़ी काटने का क्षेत्र ।

лесоэ́кспорт (पुं०) इमारती लकड़ी का निर्यात ।

лéстниц||а (स्त्री०) सीढ़ी ; винтовáя л. चक्करदार सीढ़ी ; спускáться по —е सीढ़ी से नीचे उतरना ।

лéстничный (वि०) सीढ़ी का ।

лéстный (वि०) प्रशंसापूर्ण ; चापलूसी का ।

лесть (स्त्री०) मिथ्या प्रशंसा ; चापलूसी ।

лёт (पुं०) उड़ान ; на лету́ हवा में, ; (पक्षी) उड़ता हुआ ; хватáть на лету́ उड़ती हुई बात पकड़ना, तीक्ष्णबुद्धि/कुशाग्रबुद्धि होना ।

летá (बहु०) वर्ष ; आयु ; скóлько ему лет ? उसकी आयु कितनी है ? ; ему́ 10 лет उसकी आयु दस वर्ष की है ; на стáрости лет बुढ़ापे में ।

летарги́ческий (वि०) सुस्त ; निद्रालु ; आलसी ।

летарги́я (स्त्री०) आलस्य ; निद्रालुता ; सुस्ती ।

летáтельный (वि०) उड़नेवाला ।

летáть (अपू०), **по—** (पू०) उड़ना ।

летéть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्तं० лечу́, лети́шь) (निर्दिष्ट दिशा में) उड़ना ; पूर्ण वेग से दौड़ना ।

лéтний (वि०) ग्रीष्म ऋतु का ।

лётный (वि०) १. उड़ने का ; २. उड़ता हुआ ।

лéто (नपुं०) ग्रीष्म ऋतु ; गर्मी का मौसम ।

летóк (पुं०) (मधुमक्खियों के छत्ते में) मक्खियों के भीतर जाने का रास्ता ।

лéтом (क्रि० वि०) ग्रीष्म ऋतु में ; गर्मी के मौसम में।

летопи́сец (पुं०) इतिवृत्तकार ।

лéтопись (स्त्री०) इतिवृत्त ।

летоисчислéние (नपुं०) वर्षगणन ; कालगणन।

лету́н (पुं०) १. उड़ने में समर्थ ; २. एक जगह टिककर काम न करनेवाला व्यक्ति ।

лету́ч||ий (वि०) १. उड़ता हुआ ; २. (रसा०) वाष्पशील ; ☐ —ая мышь चमगादड़ ।

лету́чка (स्त्री०) १. परिपत्रक ; पुस्तिका ; गश्ती चिट्ठी ; २. अल्पकालिक सभा ।

лётч||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) वैमानिक ; विमान-चालक/चालिका ; उड़नेवाला/वाली ।

лечé||бница (स्त्री०) अस्पताल ; चिकित्सालय ; **—бный** (वि०) १. चिकित्सा-सम्बन्धी ; २. ओषधि-सम्बन्धी ; **—ние** (नपुं०) चिकित्सा ; इलाज ।

лечи́ть (अपू०) चिकित्सा करना ; इलाज करना ; он лéчит моегó сы́на वह मेरे बेटे का इलाज कर रहा है ; **—ся** (आत्म०) १. अपना इलाज कराना ; २. лечи́ть का कर्मवाच्य ।

лечь दे० ложи́ться.

лже- (उपसर्ग) छद्म- ; झूठा ; मिथ्या ।

лжеприся́га (स्त्री०) झूठी सौगन्ध ; झूठी शपथ ।

лжесвидéтель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) झूठा गवाह ; **—ство** (नपुं०) झूठी गवाही ; **—ствовать** (अपू०) (—ствую) झूठी गवाही देना ।

лжеучéние (नपुं०) झूठा सिद्धान्त ; झूठी शिक्षा ।

лжец (पुं०) झूठा ; मिथ्याभाषी ।

лжи́вость (स्त्री०) असत्यता ।

ли, ль (अ०) (सम्बन्धसूचक) १. यदि ; он не пóмнит, ви́дел ли он егó उसे स्मरण नहीं कि

उसने उसे देखा था या नहीं ; посмотри́, там ли де́ти ? देखना, बच्चे वहाँ हैं ? ; २. क्या ; возмо́жно ли ? क्या यह सम्भव है ?; зна́ет ли он э́то ? क्या उसे इसका पता है ?

лиа́на (स्त्री०) वृक्षलता ; बेल ।

либера́льн||ость (स्त्री०) उदारता ; **—ый** (वि०) उदार ।

ли́бо (अ०) या ; अथवा ; л. оди́н, л. друго́й या यह या वह ; कोई-सा ; २. दे० где-ли́бо, како́й-ли́бо, кто-ли́бо.

libre

либре́тто (नपुं०) लिब्रेत्तो (पद्य-नाट्य अथवा मूक-नाट्य की संक्षिप्त कथावस्तु) ।

ли́вень (पुं०) (मूसलाधार) वर्षा ; अतिवृष्टि ।

нея́сн||ость (स्त्री॰) अस्पष्टता ; सन्दिग्धता ; **—ый** (वि॰) अस्पष्ट ; सन्दिग्ध ।

ни (अ॰) १. (सम्बन्ध-सूचक) ни он, ни она́ не бу́дет там न वह (पुरुष/लड़का) वहाँ होगा और न वह (स्त्री/लड़की) ; ни за, ни про́тив न पक्ष में, न विपक्ष में ; □ ни то, ни сё न वह, न यह ; ни с того́, ни с сего́ अकस्मात् ; ни за что, ни про что सर्वथा निराधार/अकारण ; २. एक (भी) नहीं ; не упа́ло ни (одно́й, еди́ной) ка́пли एक भी बूँद नहीं गिरी ; ни ша́гу да́льше ! एक भी पग आगे नहीं/बस यहीं ठहरो ! ; ни души́ на у́лице सड़क पर एक भी प्राणी नहीं ; ни сло́ва бо́льше ! एक भी शब्द आगे नहीं ! / बस चुप ! ; ни оди́н из них उनमें से एक भी नहीं/कोई नहीं ; ३. किसी भी ; ни в како́й кни́ге он мог найти́ э́то वह इसको किसी भी पुस्तक में न ढूँढ सका ; он ни с кем не сове́товался उसने किसीसे भी परामर्श नहीं किया ; он ни на кого́ не полага́ется वह किसी पर भरोसा नहीं

करता ; ни за что व्यर्थ ; ни гу-гу́ ! चुप ! ; он ни гу-гу́ ! वह चुप था !

ни́ва (स्त्री०) (काव्य) अनाज का खेत ।

ниве́сть (क्रि० वि०) कोई नहीं जानता ।

нигде́ (क्रि० वि०) कहीं नहीं ; он н. не мог найти́ их वह उनको कहीं भी न ढूँढ सका ।

нигил||и́зм (पुं०) शून्यवाद ; निषेधवाद; **—и́ст** (पुं०) शून्यवादी ; निषेधवादी ; **—исти́ческий** (वि०) शून्यवाद-सम्बन्धी ; निषेधवाद-सम्बन्धी ।

нижа́йший (वि०) ни́зкий का तम-प्रत्ययान्त रूप ।

ни́же -I (वि०) ни́зкий का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

ни́же -II (क्रि० वि०) ни́зко का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

ниже||озна́ченный (वि०) निम्नलिखित ; **—подписа́вшийся** (कृदन्त) अधोहस्ताक्षरी ; जिसने नीचे हस्ताक्षर किये हैं ; **—приведённый** (वि०) निम्नोद्धृत ; निम्नलिखित ; **—сле́дующий** (वि०) अगला ; निम्नलिखित; **—упомя́нутый** (वि०) निम्नांकित; निम्नलिखित ।

ни́жний (वि०) निचला ; नीचे का ।

низ (पुं०) तल ; с ве́рху до́ —у ऊपर से नीचे तक ।

низ- (нис-) (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाता है : '(ऊपर से) नीचे' जैसे : ниспа́дать (नीचे गिरना) ।

низа́ть (अपू०) (нижу́, ни́жешь) (धागे में मोती आदि) पिरोना ।

низачто́ (क्रि० वि०) कभी नहीं ; कदापि नहीं ; он н. не догада́ется वह कदापि अनुमान नहीं कर सकता ।

низведе́ние (नपुं०) नीचे लाने की क्रिया ।

низверга́ть (अपू०), **низвергну́ть** (पू०) वेग से नीचे को गिराना ; पटकना ; उलट देना ; **—ся** (आत्म०) १. नीचे गिरना ; पटका जाना ; उलटना ; २. низверга́ть का कर्मवाच्य ।

низверже́ние (नपुं०) उलटने की क्रिया ; नाश ; पराजय ; क्षय ; н. самодержа́вия निरंकुशता की पराजय/निरंकुशता का नाश ।

низводи́ть (अपू०), **низвести́** (पू०) (भवि० низведу́, низведёшь) नीचे लाना ।

низи́на (स्त्री०) नीची भूमि ।

ни́зк||ий (वि०) १. निचला ; नीचे का ; —ого ро́ста छोटे क़द का ; н. го́лос धीमी आवाज़ ; २. नीच ; कमीना ; **—о** (क्रि० वि०) १. नीचे को ; —о поклони́ться नीचे को झुकना ; २. कमीनेपन से ; नीचता से ।

низкопокло́н||ник (पुं०) अधम ; नीच ; टोडी ; **—ство** (नपुं०) अधमता ; नीचता ; टोडीपन ।

низлага́ть (अपू०), **низложи́ть** (पू०) (भवि० низложу́, низло́жишь) राजच्युत करना ; गद्दी से उतार देना ।

низлож||е́ние (नपुं०) राजच्युति ; गद्दी से उतारने की क्रिया ; **—и́ть** दे० низлага́ть.

ни́зменн||ость (स्त्री०) १. नीची भूमि ; २. नीचता ; **—ый** (वि०) १. नीची भूमि का ; २. नीच ; कमीना ।

низов||о́й (वि०) १. नीचे का ; अनुप्रवाह ; नदी के प्रवाह की निम्न दिशा का ; —а́я организа́ция स्थानीय संस्था ।

ни́зость (स्त्री०) नीचता ; कमीनापन ।

низри́нуть (पू०) वेग से नीचे को फेंकना ; पटकना ।

ни́зш||ий (वि०) низкий का 'तर' और 'तम'-प्रत्ययान्त रूप ; —ее образова́ние प्राथमिक शिक्षा ; —ая то́чка सबसे नीचे का बिन्दु ।

низы́ (बहु०) १. निम्न वर्ग २. (संगीत) निम्न स्वर ; मन्द/हल्के स्वर ।

никáк (क्रि० वि०) १. किसी प्रकार से भी नहीं ; он н. не мог откры́ть я́щик वह किसी प्रकार से भी डिब्बा/बक्स न खोल सका ; н. нельзя सर्वथा असम्भव ; २. (जैसा कि) लगता है/दिखाई पड़ता है ; он, никáк, совсе́м здоро́в वह देखने में बिल्कुल स्वस्थ है ।

никак||óй (सर्व०) कोई भी नहीं ; —úе препя́тствия не моглú остановúть егó कोई भी बाधा उसे रोक नहीं सकी ; н. из них не хорóш उनमें से कोई भी अच्छा नहीं ; он н. не дóктор वह डाक्टर नहीं है ; □ —úм óбразом किसी प्रकार से भी नहीं ।

нúкел||евый (वि०) निकल (एक प्रकार की सफ़ेद धातु) का ; н. блеск निकल की चमक ; **—ировать** (अपू० और पू०) (—рую) निकल करना ।

нúкель (पुं०) निकल ।

никéм никтó का करणकारक-रूप ।

нúкнуть (अपू०), **по—** (पू०) झुकना ।

никогдá (क्रि० वि०) कभी नहीं ; он н. не был там वह कभी वहाँ नहीं था ; н. в жúзни जीवन में कभी नहीं ।

никогó никтó का कर्म और सम्बन्धकारक-रूप ।

никó||й (सर्व०) —им óбразом (не) किसी प्रकार से भी नहीं ।

никомý никтó का सम्प्रदानकारक-रूप ।

никтó (सर्व०) कोई भी नहीं ; किसीने भी नहीं ; н. не узнáет कोई भी नहीं जान सकेगा/किसीको भी पता नहीं लगेगा ; там никогó нé было वहाँ कोई भी नहीं था ; н. егó не вúдел किसीने भी उसको नहीं देखा ; он никомý не говорúл उसने किसीसे भी नहीं कहा ; здесь никогó нет यहाँ कोई भी नहीं है ।

никуд||á (क्रि० वि०) (गति-सूचक) कहींको भी नहीं ; э́та дорóга н. не ведёт यह सड़क कहीं भी नहीं जाती ; он никогдá н. не поéдет वह कभी भी कहीं नहीं जायेगा ; □ н. не гóдный बहुत खराब/बेकार का ; н. не гóдный человéк बेकार का आदमी ; **—ышный** = никудá не гóдный दे० никудá.

никчёмный (वि०) बेकार का ; फ़ुजूल ; н. человéк बेकार का आदमी ।

никчемý (क्रि० वि०) व्यर्थ ; всё э́то н. यह सब व्यर्थ है ।

нимáло (क्रि० वि०) किंचिन्मात्र भी नहीं ; ज़रा-सा भी नहीं ; я н. не сержýсь मैं किंचिन्मात्र भी क्रुद्ध नहीं हूँ ।

нúмфа (स्त्री०) जलपरी ; अप्सरा ।

ниоткýда (क्रि० वि०) कहीं से भी नहीं ; н. не कहीं से भी नहीं ।

нипочём (क्रि० वि०) १. = низачтó ; २. емý всё н. यह सब उसके लिए कुछ भी नहीं/यह सब उसके लिए मामूली बात है ; емý н. солгáть झूठ बोलना उसके लिए मामूली बात है ।

нис- दे० низ-.

нискóлько (क्रि० वि०) १. बिल्कुल नहीं ; तनिक भी नहीं ; э́то н. не трýдно यह तनिक भी कठिन नहीं ; никтó н. не подозревáл егó किसीने उस पर तनिक भी सन्देह नहीं किया ; २. (सर्व०) कुछ नहीं ; बिल्कुल नहीं ; у них мнóго дéнег, а у негó н. उनके पास बहुत धन है परन्तु उसके पास कुछ नहीं ; скóлько бумáги он купúл ? нискóлько उसने कितना काग़ज़ खरीदा ? बिल्कुल नहीं ।

ниспадáть (अपू०), **ниспáсть** (पू०) (भवि० ниспадý, ниспадёшь) नीचे गिरना ; (भूमि पर) गिरना ।

ниспосылáть (अपू०), **ниспослáть** (पू०) (भवि० ниспошлю́, ниспошлёшь) ईश्वर की ओर से प्राप्त होना ।

ниспровергáть (अपू), **ниспровéргнуть** (पू०) उलटना ; पटकना ।

нисходúть (अपू०), **низойтú** (पू०) (भवि० низойдý, низойдёшь) (नीचे) उतरना ।

нисхождéние (नपुं०) अवतरण ।

ните||вúдный, —обрáзный (वि०) धागे के सदृश ।

нúтк||а (स्त्री०) धागा ; вдевáть —у в игóлку सुई में धागा डालना ; н. жéмчуга मोतियों की लड़ी ; □ на живýю —у जल्दी-जल्दी/जल्दबाज़ी से ।

нúточка (स्त्री०) нúтка का अल्प० ।

ни́точн||ый (वि०) धागे का ; —ое произво́дство कताई ।

нить (स्त्री०) धागा ; सूत्र ; तन्तु ; रेशा ; अंशु (बिजली के लैम्प का जलनेवाला तार) ; □ н. расска́за कथा का सूत्र ।

ни́тяный (वि०) सूत का ।

ниц (क्रि० वि०) औंधे मुँह ; пасть н. औंधे मुँह गिरना ।

ничего́ -I ничто́ का सम्बन्धकारक-रूप ।

ничего́ -II (क्रि० वि०) खासा ; जो बुरा न हो ; ठीक ; ничего́ ! कोई परवाह नहीं ! / ठीक है !

ничко́м (क्रि० वि०) औंधे मुँह ; па́дать н. औंधे मुँह गिरना ।

ничто́ (सर्व०) कुछ नहीं ; э́то н. в сравне́нии с тем यह उसकी तुलना में कुछ नहीं ; он ничего́ не ви́дел там उसने वहाँ कुछ नहीं देखा ; он ниче́м не отлича́ется от его́ бра́та वह अपने भाई से किसी प्रकार भी भिन्न नहीं ; ничего́ не стоя́щий बेकार का ; ничего́ подо́бного ऐसा कुछ नहीं ।

ничто́ж||ество (नपुं०) १. नगण्यता ; तुच्छता ; २. तुच्छ व्यक्ति/वस्तु ; **—ность** (स्त्री०) १. नगण्यता ; तुच्छता ; २. = ничто́жество-२ ; **—ный** (वि०) तुच्छ ; असार ; नगण्य ।

ничу́ть (क्रि० वि०) = нисколько-१ ; ज़रा भी नहीं ; сего́дня н. не хо́лодно आज ज़रा भी ठंड नहीं है ; □ н. не быва́ло बिल्कुल भी नहीं ।

ничь||я́ (स्त्री०) (वि० रू०) बराबर/बिना हार-जीत का खेल ; матч сыгра́ли в ничью́ मैच बराबर रहा (अर्थात् हार-जीत का निर्णय न हो सका) ।

ни́ша (स्त्री०) ताख ; आला ।

нища́ть (अपू०) ग़रीब होना ; निर्धन होना ।

ни́щ||енка (स्त्री०) भिखारिन ; भिखारिणी ; **—енский** (वि०) भिखारी का ; भिखारी-जैसा ; —енская за́работная пла́та इतना कम वेतन जिससे दो जून रोटी भी न मिले ; **—енствовать** (अपू०) (—ствую) १. भीख माँगना ; २. दरिद्रता का जीवन व्यतीत करना ।

нищета́ (स्त्री०) १. अकिंचनता ; ग़रीबी ; निर्धनता ; भिखमंगापन ; २. (समू०) भिखमंगे ; भिखारी लोग ।

ни́щий (पुं०) (वि० रू०) भिखमंगा ; भिक्षुक ; भिखारी ।

но (अ०) (सम्बन्ध-सूचक) परन्तु ; лेकिन ; они́ бы́ли там, но он их не ви́дел वह वहाँ थे, परन्तु उसने उन्हें नहीं देखा ; □ ма́ленькое "но" मामूली-सी शर्त या अड़चन ।

нова́тор (पुं०) उद्भावक ; प्रवर्त्तक ; **—ство** (नपुं०) उद्भावना ; प्रवर्त्तन ।

нове́йший (वि०) но́вый का तम-प्रत्ययान्त रूप ; नवीनतम ।

нове́лла (स्त्री०) १. (साहित्य) लघु कथा/कहानी।

но́венький (वि०) १. ताज़ा ; बिल्कुल नया ; २. = новичо́к.

новизна́ (स्त्री०) अनोखी वस्तु ।

новина́ (स्त्री०) १. अनजुती/अकृष्ट भूमि ; २. कोरा कपड़ा ।

нови́нка (स्त्री०) कौतुक ; नयी वस्तु ।

новичо́к (पुं०) नौसिखिया ; (स्कूल में) नया छात्र ; अनाड़ी ।

новобра́нец (पुं०) रँगरूट ।

новобра́чная (स्त्री०) (वि० रू०) दुलहिन ; वधू ।

новобра́чные (बहु०) (वि० रू०) नव दम्पति ।

новобра́чный (पुं०) (वि० रू०) दूल्हा ; वर ।

нововведе́ние (नपुं०) उद्भावना ; प्रवर्त्तन ।

нового́дний (वि०) नये वर्ष का ; н. пода́рок नये वर्ष का उपहार ।

новолу́ние (नपुं०) नवचन्द्र ; नया चन्द्रमा ।

новомо́дный (वि०) नये फ़ैशन का ।

новообразова́ние (नपुं०) १. नयी-रचना ; नयी बनावट ; २. (नये) शब्द गढ़ना ।

новоприбы́вший (वि०) नवागन्तुक ।

новорождённый (वि०) नवजात ; नवजात शिशु ।

новосе́лье (नपुं०) १. नवगृह ; नया घर ; २. गृहप्रवेश-संस्कार ; справля́ть н. गृहप्रवेश-संस्कार करना ।

новостро́йка (स्त्री०) १. नवनिर्माण ; २. नवनिर्मित (मकान, कारखाना आदि) ।

но́вость (स्त्री०) १. समाचार ; शुभ समाचार ; २. नयी वस्तु ।

новоте́льн||ый (वि०) : —ая коро́ва नयी ब्याई हुई गाय ।

но́вшество (नपुं०) १. नवीनता ; २. नवीन वस्तु ।

но́в||ый (वि०) नव ; नवीन ; नया ; विलक्षण ; н. год नया वर्ष ; —ая мо́да नया फ़ैशन ; —ые изве́стия नये समाचार / ताज़ा खबरें ।

новь [(स्त्री०) १. अकृष्ट भूमि ; २. नवशस्य (नयी फ़सल का अनाज) ।

ног||а́ (स्त्री०) पाँव ; टाँग ; положи́ть но́гу на́ ногу टाँग पर टाँग रखना ; ☐ со всех ног बहुत वेग से/सिर पर पाँव रखकर ; сбить с ног गिराना ; стоя́ть одно́й —о́й в моги́ле एक पाँव क़ब्र में होना ।

ногото́к (पुं०) १. но́готь का अल्प ; २. गेंदा (पौधा) ; ☐ мужичо́к с н. ठिगना आदमी ।

но́готь (पुं०) नख ; नाख़ून ; щётка для ногте́й नाख़ून पर पालिश करने का ब्रुश ; куса́ть но́гти नाख़ून चबाना ।

ногтое́да (स्त्री०) नखव्रण ; नखों का घाव ।

нож (पुं०) चाक़ू ; छुरी ।

ножев||о́й (वि०) चाक़ू का ; н. това́р कर्तनोपकरण (छुरी, काँटा आदि) ; —а́я ра́на चाक़ू का घाव ।

но́жик (पुं०) चाक़ू ।

но́жичек (पुं०) нож का अल्प० ।

но́жка (स्त्री०) १. нога́ का अल्प० ; २. (मेज़, कुर्सी आदि का) पाया ; ३. (पौधे का) डंठल ; वृन्त ।

но́жницы (बहु०) क़ैंची ।

ножн||о́й (वि०) टाँग का ; पाँव का ; —ы́е кандалы́ पाँव की बेड़ियाँ ।

но́жны (बहु०) (बर्छी या तलवार की) म्यान ।

ножо́вка (स्त्री०) (हाथ से चलाने की) छोटी आरी ।

ноздрева́т||ость (स्त्री०) सरन्ध्रता ; छिद्रयुक्तता ; **—ый** (वि०) सरन्ध्र ; छिद्रयुक्त ।

ноздря́ (स्त्री०) नासारन्ध्र ; नथुना ।

нолево́й = нулево́й.

ноль = нуль.

нома́ды (बहु०) यायावर ; खानाबदोश ।

номенклату́ра (स्त्री०) नाम ; अभिधान ; नामावली ।

но́мер (पुं०) १. नम्बर ; (बूट, जूतों का) नाप ; २. (होटल आदि का) कमरा ; ३. (पत्र, पत्रिका आदि का) अंक ; नम्बर ; ४. (संगीत-सम्मेलन में) कार्यक्रम का अंश ; ५. चालाकी ; вы́кинуть н. चालाकी करना ; **—но́й** (वि०) १. но́мер से वि० ; २. अंकित ; ३. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) (होटल में) परिचर ; सेवक ; **—ова́ть** = нумерова́ть.

номеро́к (पुं०) १. но́мер का अल्प० ; २. लेबल ; टिकट ।

номина́л (पुं०) प्रत्यक्ष मूल्य ।

номина́льн||о (क्रि० वि०) नाममात्र को ; किंचित् ; **—ый** (वि०) नाममात्र का ; —ая цена́ नाममात्र का मूल्य ; —ая сто́имость प्रत्यक्ष मूल्य/अंकित मूल्य ।

нора́ (स्त्री०) खोह ; बिल ।

норд (पुं०) (नौचालन०) उत्तर (दिशा) ।

но́рка (स्त्री०) १. нора́ का अल्प० ; २. एक प्रकार का ऊदबिलाव ।

но́рм||а (स्त्री०) मानदंड ; मानक ; मान ; पैमाना ; правовы́е —ы क़ानूनी नियम ; н. поведе́ния व्यवहार का मानदंड ; сверх —ы योजना में निर्धारित उत्पादन से ऊपर ; н. дово́льствия राशन का पैमाना ।

нормализа́ция (स्त्री०) १. मानकीकरण ; २. सामान्यीकरण ।

норма́ль (स्त्री०) (गणित) अभिलम्ब ।

норма́льн||о (क्रि० वि०) सामान्य रूप से ;

—ый (वि०) प्रकृत ; सामान्य ; —ые усло́вия सामान्य स्थितियाँ ।

нормирова́ние (नपुं०) मानकीकरण ।

но́ров (पुं०) १. स्वभाव ; आदत ; प्रथा ; २. हठ ; ज़िद ; (घोड़े की) अड़ ; ло́шадь с —ом अड़ियल घोड़ा ; **—и́стый** (वि०) अड़ियल ; हठी ; ज़िद्दी ; **—и́ть** (अपू०) (норовлю́, норови́шь) लक्ष्य करना ; (-के लिए) चेष्टा करना ।

нос (पुं०) नासिका ; नाक ; у него́ кровь идёт и́з —у उसकी नाक से ख़ून बह रहा है ; оста́ться с —ом बुद्धू बनना ; говори́ть в н. नाक के स्वर बोलना/नकियाकर बोलना ; повеси́ть н. नाक नीची होना ; задира́ть н. नाक चढ़ाना ; сова́ть н. не в своё де́ло किसीके काम में दख़ल देना ; на —у́ नाक की दूरी पर/कनपटी पर (समीप) ।

носа́||стый, —тый (वि०) बड़ी नाकवाला ।

но́сик (पुं०) १. нос का अल्प० ; २. (चायदानी की) टोंटी ।

носи́лки (बहु०) डोली ; टिकठी ; दुपहिया ठेलागाड़ी ; (हाथ से खींची जानेवाली) रैड़ी ; ढकेल ।

носи́льн||ый (वि०) —ое бельё अधोवस्त्र/नीचे पहनने के कपड़े ।

носи́льщик (पुं०) भारिक ; कुली ।

носи́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) वाहक/वाहिका ।

носи́ть (अपू०), **нести́** (अपू० निश्चित दिशा को), **понести́** (पू०) (वर्त० носи́ть से ношу́, но́сишь ; нести́ से несу́, несёшь भूत० нёс) १. (उठाकर) ले जाना ; भार उठाना ; н. чемода́н ट्रंक (उठाकर) ले जाना ; н. тако́й груз इतना बोझ उठाना ; २. (वायु का) उड़ा ले जाना ; (जल का) बहा ले जाना ; ло́дку понесло́ на ска́лы नाव चट्टानों की ओर चली गयी ; ३. (केवल носи́ть) पहनना ; सुसज्जित होना ; अपने साथ ले जाना ; (नाम, निशान आदि) धारण करना ; н. пальто́ ओवरकोट पहनना ; н. де́ньги в карма́не जेब में पैसे ले जाना ; н. следы́ чего́-л. किसीके चिह्न/अवशेष धारण करना ।

носи́ться -I (आत्म० अपू०), **нести́сь** (आत्म० अपू० निश्चित दिशा को), **понести́сь** (आत्म० पू०) १. (वेग से) जाना ; (अनिश्चित दिशा में) इधर-उधर भागना ; (निश्चित दिशा में) बेतहाशा भागना ; झपटकर आगे जाना ; (कठिनाई से या लगभग छूते हुए) निकल जाना ; सरपट दौड़ना ; उड़ जाना ; (पानी या वायु से अनिच्छापूर्वक) उड़ाया या बहाकर ले जाया जाना ; (अनिश्चित दिशा में) तैरना ; (निश्चित दिशा में) बहाकर ले जाया जाना ; ми́мо несётся пото́к एक लहर पास ही वेग से गुज़र रही है ; конькобе́жец несётся по льду́ स्केटिंग करनेवाला बर्फ़ पर वेग से जा रहा है ; над о́зером но́сятся ла́сточки चिड़िया झील पर से (पानी को लगभग छूती हुई) उड़ रही है ; в во́здухе но́сятся снежи́нки हवा में बर्फ़ उड़ रही है ; вниз по реке́ несётся лёд नदी में बर्फ़ बह रही है ; в во́здухе но́сятся пчёлы मधुमक्खियाँ हवा में उड़ रही हैं ; но́сятся слу́хи (бу́дто, что) अफ़वाह है कि...... ; но́сится за́пах गन्ध आ रही है ; २. (केवल носи́ться) он но́сится со свои́м сы́ном वह अपने लड़के के लिए बहुत दौड़-धूप कर रहा है ; н. с мы́слью विचार का पोषण करना ; ३. носи́ть का कर्मवाच्य ।

носи́ться -II (आत्म० अपू०) (कपड़े का) चलना ; टिकाऊ होना ; э́та мате́рия бу́дет хорошо́ н. यह कपड़ा ख़ूब चलेगा ।

но́ска (स्त्री०) १. वहन ; २. पहनने की क्रिया ; ३. अंडे देने की क्रिया ।

но́ск||ий (वि०) १. (कपड़ा) मज़बूत ; टिकाऊ ; २. —ая ку́рица अच्छे अंडे देनेवाली मुर्ग़ी ।

носово́й (वि०) नाक का ; н. плато́к नाक साफ़ करने का रूमाल ।

нос||о́к (पुं०) १. जुराब ; मोज़ा ; २. पंजा ; та́нец на —ка́х पंजों के बल नृत्य ।

носоро́г (पुं०) गैंड़ा ।

но́т||а (स्त्री०) (संगीत) स्वर ; взять —у स्वर निकालना/आवाज़ निकालना ।

нотариа́льн||ый (वि०) लेख्यप्रमाणक का; —ая конто́ра लेख्यप्रमाणक का दफ़्तर।

нотариа́т (पुं०) लेख्यप्रमाणक का दफ़्तर।

нота́риус (पुं०) लेख्यप्रमाणक।

нота́ци||я (स्त्री०) १. झाड़; झिड़की; чита́ть кому́-л. —ю किसीको झाड़ पिलाना/झिड़कना; किसी की भर्त्सना करना; २. संकेतलिपि।

нотифика́ция (स्त्री०) विज्ञप्ति।

но́тка (स्त्री०) मन्द स्वर।

но́ты (बहु०) (संगीत) स्वरलिपि।

ноч||ева́ть (अपू० और पू०) (—чу́ю) रात काटना; रात बिताना; **—ёвка** (स्त्री०) रात काटने/बिताने की क्रिया; оста́ться на —ёвку रात काटने के लिए ठहर जाना।

ночле́г (पुं०) रैन-बसेरा; останови́ться на н. रात भर के लिए ठहर जाना; пла́та за н. रात भर रहने का किराया/खर्च।

ночле́жка (स्त्री०) = ночле́жный дом दे० ночле́жный

ночле́жный (वि०) н. дом सराय।

ночни́к (पुं०) रात्रि-लैम्प।

ночно́е (नपुं०) (वि० रू०) रात को घास चरते घोड़ों पर निगरानी।

ночн||о́й (वि०) रात्रि का; —ое вре́мя रात्रि का समय; н. сто́рож रात्रि का पहरेदार।

ночь (स्त्री०) रात्रि; रात; всю н. सारी रात; глуха́я н. आधी रात; споко́йной но́чи! शुभ रात्रि! (सोने से या रात को विदाई से पहले का अभिवादन)।

но́чью (क्रि० वि०) रात्रि को; днём и н. दिन-रात।

но́ша (स्त्री०) भार; बोझ।

ноше́ние (नपुं०) वहन; (कपड़े, बूट आदि) पहनना।

но́шно (क्रि० वि०) रात को; де́нно и н. दिन-रात।

ноя́брь (पुं०) नवम्बर (मास); **—ский** (वि०) नवम्बर का।

нрав (पुं०) स्वभाव; प्रकृति; у него́ весёлый н. वह बड़ा हँसमुख है; э́то ему́ не по —у यह उसके स्वभाव के अनुकूल नहीं।

нра́виться (आत्म० अपू०), **по—** (आत्म० पू०) (वर्त० нравлю́сь, нра́вишься) पसन्द आना; भाना; она́ стара́ется н. ему́ वह (स्त्री/लड़की) उस (पुरुष/लड़के) को प्रसन्न करने का प्रयत्न कर रही है; н. ли вам э́та кни́га? क्या आप को यह पुस्तक पसन्द है?; мне он не понра́вился मुझे वह पसन्द नहीं आया।

нравоуч||е́ние (नपुं०) नैतिक उपदेश; **—и́тельный** (वि०) उपदेशात्मक।

нра́вственн||ость (स्त्री०) शील; नैतिक स्तर; आचार; **—ый** (वि०) नैतिक।

нра́вы (बहु०) आचार-व्यवहार; रीति-रिवाज़।

ну (विस्मय०) १. अब; आइए; अच्छा; ну, начина́йте अब, आरम्भ कीजिए/अच्छा, आरम्भ कीजिए; ну, ну, не не́рвничайте आइए, आइए, घबराइए मत; ну? अच्छा? क्या कह रहे हैं आप?; ну, переста́ньте разгова́ривать и слу́шайте меня́! अच्छा, अब बोलना बन्द कीजिए और मेरी सुनिए; २. (विस्मय जताने के लिए) अच्छा! क्या!; ну, а как же я? अच्छा, और मैं?; (да) ну, неуже́ли? क्या! सचमुच?; ну и пого́да! क्या मौसम है!; ну не сты́дно ли ему́? क्या उसे लज्जा/शर्म नहीं आती?; ३. ну́ как अनुमान कीजिए, यदि; ну́ как кто́-нибудь уви́дит यदि कोई देख ले; ४. —लगना / आरम्भ करना; он ну крича́ть वह चिल्लाने लगा / उसने चिल्लाना आरम्भ कर दिया; ५. а ну его́! जाने दो उसे!

ну́дн||ость (स्त्री०) उकताहट; **—ый** (वि०) उकता देनेवाला; ऊबा देनेवाला; —ый челове́к उकता देनेवाला आदमी।

нужд||а́ (स्त्री०) १. आवश्यकता; ज़रूरत; испы́тывать —у́ आवश्यकता महसूस करना; у него́ н. в деньга́х उसको धन की आवश्यता है; без —ы́ बिना आवश्यकता के; в слу́чае —ы́ आवश्यकता पड़ने पर; нет —ы́ कोई आवश्यकता नहीं; २. अभाव; संकट; दरिद्रता;

быть в —е́ ज़रूरत मन्द होना/ग़रीबी का जीवन व्यतीत करना ; ☐ —ы́ нет कोई ज़रूरत नहीं ।

нужда́емость (स्त्री०) ज़रूरतमन्द होने का भाव ।

нужда́ться (आत्म० अपू०) १. आवश्यकता होना ; चाहना ; २. ज़रूरतमन्द होना ।

нужда́ющийся (कृदन्त०) ज़रूरतमन्द ; दरिद्र ।

ну́жно (वि०) (कर्तृ-निरपेक्ष) चाहिए ; н. пое́хать туда́ वहाँ जाना चाहिए ; н. что́бы кто-л. пое́хал туда́ किसी न किसीको वहाँ जाना चाहिए ; э́то н. сде́лать यह करना चाहिए; н. быть осторо́жным सावधान होना चाहिए ; им н. молока́ उन्हें दूध चाहिए ; ☐ о́чень (мне) ну́жно ! मुझे क्या पड़ी है ! / मुझे क्या ज़रूरत है !

ну́жн||ый (वि०) आवश्यक ; сон ну́жен для здоро́вья नींद स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है ; э́то о́чень ну́жно इसकी बड़ी आवश्यकता है ; им ну́жна по́мощь उनको सहायता की आवश्यकता है ; э́та кни́га бу́дет —а́ мне сего́дня मुझे इस पुस्तक की आज आवश्यकता पड़ेगी ।

нулево́й (वि०) нуль से वि० ।

нуль (पुं०) शून्य ; सिफ़र ।

нумер||а́ция (स्त्री०) १. गणना ; २. अंकित करने की क्रिया ; **—ова́ть** (अपू०) (—ру́ю) अंकित करना ; —ова́ть страни́цы पन्ने अंकित करना / पन्नों पर नम्बर डालना ।

нумизма́т (पुं०) मुद्रावेत्ता ; **—ика** (स्त्री०) मुद्राविद्या ; **—и́ческий** (वि०) मुद्रा-सम्बन्धी ।

нутр||о́ (नपुं०) (केवल एकवचन) भीतरी भाग ; ☐ э́то ему́ по —у́ यह उसकी रुचि के अनुकूल है ।

ны́не (क्रि० वि०) अब ।

ны́нешн||ий (वि०) वर्तमान ; आज का ; н. день आज के दिन ; н. год इस वर्ष ; в —ие времена́ आजकल ।

ны́нче (क्रि० वि०) आज ; н. у́тром आज प्रातःकाल ; ☐ не ны́нче-за́втра किसी दिन/किसी समय ।

нырну́ть दे० ныря́ть.

ныро́к (पुं०) पोचार्ड (यूरोप की एक ग़ोताख़ोर चिड़िया) ।

ныря́ние (नपुं०) ग़ोता ; डुबकी ।

ныря́ть (अपू०), **нырну́ть** (पू०) ग़ोता लगाना ; डुबकी लगाना ।

ны́тик (पुं०) सदा बुड़बुड़ करनेवाला आदमी ।

ныть (अपू०) (वर्त० но́ю, но́ешь) १. पीड़ा होना ; दर्द होना ; у него́ но́ет рука́ उसके हाथ में पीड़ा हो रही है ; २. बुड़बुड़ करना ; ठुनकना ; कराहना ।

нытьё (नपुं०) पीड़ा ; दर्द ; कराह ; ठुनठुनाहट ।

нюа́нс (पुं०) अर्थ-भेद ; भाव तथा अर्थ इत्यादि का सूक्ष्म अन्तर ।

ню́ни (बहु०) распусти́ть н. (बच्चे की तरह) रोना ; ठुनकना ; रुआँसा होना ।

нюх (पुं०) सुगन्ध ; महक ।

ню́х||альщик (पुं०), **—атель** (पुं०) н. табака́ तम्बाकू की नसवार लेनेवाला ।

ню́хать (अपू०), **по—** (पू०) सूँघना ; नसवार लेना ; н. таба́к तम्बाकू की नसवार लेना ।

ня́нька = ня́ня.

ня́ньчить (अपू०) धाय का काम करना ; बच्चे की देख-रेख करना ; **—ся** (आत्म०) १. (बच्चे की) देख-भाल करना ; पालना ; २. व्यर्थ कोलाहल करना ; आडम्बर करना ।

ня́ня (स्त्री०) १. धाय ; परिचारिका ; २. (अस्पताल की) नर्स ।

О

о -I (अ०) (об, обо) १. -के बारे में ; -के विषय में ; का ; егó мнéние о них उनके बारे में उसकी राय ; забóтиться о ком-л./чём-л. किसी व्यक्ति/वस्तु की देख-भाल करना ; разговáривать о ком-л. किसीके बारे में बातचीत करना ; вспоминáть о ком-л. किसीको याद करना ; २. का, -वाला ; стол о трёх нóжках तीन टाँगों की मेज़ ; ☐ пáлка о двух концáх दुधारा हथियार ।

о -II (अ०) (об, обо) से, पर (टकराने या सहारा लेने के अर्थ में) ; опирáться о стéну दीवार (का सहारा लेना) पर झुकना ; удáриться ногóй о кáмень पत्थर पर पाँव से ठोकर मारना ।

о -III (अ०) (विस्मय०) ओह ! о отéц ! अरे बापरे !

о- IV (об-, обо-) (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते है : १. 'चारों ओर' अथवा 'इर्द-गिर्द' का अर्थ, जैसे обходúть (चारों ओर घूमना) ; оглядéться (चारों ओर देखना) ; २. —ся (-сь) में अन्त होनेवाली कुछ क्रियाओं में नकारात्मक अर्थ सूचित करने के लिए, जैसे ослушáться (आज्ञा न मानना) ; ३. क्रिया के अपूर्ण रूप को पूर्ण बनाने के लिए, जैसे слепнýть (अन्धा होना) से ослепнýть.

оáзис (पुं०) शाद्वल ; मरूद्यान ।

об दे० о-I, II, IV.

óба (वि० संख्या) (पुं० और नपुं०) (स्त्री०-रूप óбе) दोनों ; ☐ смотрéть в о. दोनों आँखें खुली रखना/दोनों ओर देखना ।

обáбиться (आत्म० अपू०) (पुरुष का) स्त्रैण हो जाना ; चरित्रहीन हो जाना ; (स्त्री का) चरित्रहीन होना ।

обагря́ть (अपू०), **обагрúть** (पू०) लाल करना ; खून से लथपथ करना ; о. крóвью खून से लथपथ करना ; **—ся** (आत्म०) लाल होना ; खून से लथपथ होना ।

обалдевáть (अपू०), **обалдéть** (पू०) व्यग्र होना ; घबराना ; (विस्मय से) सन्न होना ।

обалдéлый (वि०) व्यग्र ; घबराया हुआ ; (विस्मय से) सन्न ।

обанкрóтиться दे० банкрóтиться.

обая́||ние (नपुं०) सम्मोहन ; आकर्षण ; जादू ; **—тельность** = обая́ние ; **—тельный** (वि०) मोहक ; मनोहारी ; जादू कर देनेवाला ।

обвáл (पुं०) १. पतन ; ढह पड़ना ; टूटकर गिरना ; обвáл стены́ दीवार ढहना/टूटकर गिरना ; २. भू-भ्रंश ; снéжный о. हिमानी / हिमशैल ।

обвáливать -I (अपू०), **обвалúть** (पू०) १. (चारों ओर) ढेर लगाना ; २. गिराना ; तोड़ना ; ढा देना ।

обвáливать -II (अपू०), **обваля́ть** (पू०) में गूँधना ; о. в мукé आटे में गूँधना ।

обвáливаться (आत्म० अपू०), **обвалúться** (आत्म० पू०) १. गिरना ; टूटकर गिरना ; २. обвáливать-I, II का कर्मवाच्य ।

обвáривать (अपू०), **обварúть** (पू०) १. (पर) उबलता पानी उँडेलना ; २. (उबलते पानी या भाप से) जलाना ; झुलसाना ; обварúть себé рýку (उबलते पानी या भाप से) अपना हाथ जला लेना ; **—ся** (आत्म०) (उबलते पानी या भाप से) अपने आपको जला लेना ।

обвевáть (अपू०), **овéять** (पू०) १. पंखा करना ; २. (खेती-सम्बन्धी) फटकना ; पछोरना ।

обвéивать (अपू०), **обвéять** (पू०) = обвевáть -२.

обвёртывать (अपू०), **обвернýть, обвертéть** (पू०) (-में) लपेटना ; о. кнúгу в. бумáгу पुस्तक को काग़ज़ में लपेटना ।

обвéс (पुं०) १. ग़लत तोलने की क्रिया ; २. ग़लत वज़न ; ३. (नौचालन०) वितान ।

обвéсить दे० обвéшивать -I.

обвести́ दे० обводи́ть.

обвéтренный (वि०) (सर्दी में चमड़ी) फटी हुई ; तिड़का हुआ ; ऋतुहत ।

обвéтривать (अपू०), **обвéтрить** (पू०) तिड़काना ; **—ся** (आत्म०) तिड़कना ; ऋतुहत होना ।

обветшáл||ость (स्त्री०) जीर्णता ; क्षय ; जर्जरता ; **—ый** (वि०) जीर्ण ; क्षीण ; जर्जर ।

обветшáть दे० ветшáть.

обвéшивать -I (अपू०), **обвéсить** (पू०) (भवि० обвéшу, обвéсишь) तोलना ; तोलने में धोखा करना ; डंडी मारना ।

обвéшивать -II (अपू०), **обвéшать** (पू०) (चारों ओर) लटकाना ; о. стéну картúнами दीवार पर चित्र लटकाना ।

обвéять दे० обвевáть обвéивать.

обвивáть (अपू०), **обви́ть** (पू०) (भवि० обовью́, обовьёшь) (चारों ओर) लपेटना ; गूँथना ; обви́ть шéю рукáми (किसीके) गलबहियाँ डालना ; **—ся** (आत्म०) (चारों ओर) लिपटना/गुँथ जाना ।

обвин||éние (नपुं०) १. दोषारोपण ; अभियोग ; возводи́ть на когó-л. о. в преступлéнии किसी पर अपराध का आरोप करना ; २. (क़ानून-सम्बन्धी) अभियोग-पक्ष ; **—и́тель** (पुं०), **—и́тельница** (स्त्री०) अभियोक्ता ; वादी ; मुद्दई ; общéственный —и́тель सरकारी अभियोक्ता ; **—и́тельный** (वि०) अभियोजन- ; —и́тельный приговóр अपराधिता-निर्णय ; —и́тельный акт अभियोग-पत्र/दोषारोप-पत्र ।

обвини́ть दे० обвиня́ть.

обвиня́емый (कृदन्त) १. दे० обвиня́ть ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) अभियुक्त ; मुद्दालय ।

обвиня́ть (अपू०), **обвини́ть** (पू०) १. दोषारोपण करना ; २. अभियोग लगाना ; मुक़दमा चलाना ; **—ся** (आत्म०) दोषारोप किया जाना ; अभियोग लगाया जाना ।

обвисáть (अपू०), **обви́снуть** (पू०) लटकना ; (शरीर का) पिलपिला / ढीला होना ; शिथिल पड़ जाना ।

обви́слый (वि०) १. लटकता हुआ ; २. पिलपिला ; ढीला ।

обви́снуть दे० обвисáть

обви́сший = обви́слый

обви́ть(ся) दे० обвивáть(ся)

обводи́ть (अपू०), **обвести́** (पू०) (वर्त० обвожу́, обвóдишь ; भवि० обведу́, обведёшь) १. (चारों ओर) ले जाना/घुमाना ; २. घेरना ; ३ (पर्वत, समुद्र-तट इत्यादि की) रेखाएं अंकित करना ; □ о. глазáми चारों ओर देखना।

обводнéние (नपुं०) सिंचाई ; पानी देने/पानी से भरने की क्रिया ; о. канáла नहर में और पानी छोड़ना ।

обводня́ть (अपू०), **обводни́ть** (पू०) सींचना ; पानी देना ; (नहर, तालाब को) पानी से भरना ।

обволáкивать (अपू०), **обволóчь** (पू०) (भवि० обволоку́, обволочёшь) लपेटना ; ढँकना ; आच्छन्न करना ; о. тумáном धुन्ध से ढँक लेना ; **—ся** (आत्म०) आच्छन्न हो जाना ; ढँक जाना ।

обворóвывать (अपू०), **обворовáть** (पू०) (भवि० —-ру́ю) चोरी करना ; चुराना ; लूटना ।

обворожи́тельн||ость (स्त्री०) सम्मोहन ; आकर्षण ; जादू ; **—ый** (वि०) मोहक ; मनोहारी ।

обворожи́ть (पू०) मोह लेना ; मन्त्रमुग्ध कर लेना ; जादू करना

обвя́зывать -I (अपू०), **обвязáть** (पू०) (भवि० обвяжу́, обвя́жешь) (चारों ओर) बाँधना ; о. гóлову платкóм सिर पर रूमाल बाँधना ; **—ся** (आत्म०) (अपने चारों ओर)

बाँधना ; —ся верёвкой अपनी कमर पर रस्सी बाँधना ।

обвя́зывать -II (अपू०), **обвяза́ть** (पू०) (चारों ओर) बुनना ।

обгла́дывать (अपू०), **обглода́ть** (पू०) (भवि० обгложу́, обгло́жешь) कुतरना ; दाँतों से काटना ; चिचोरना ; обглода́ть кость हड्डी को दाँत से चिचोरना ।

обгоня́ть (अपू०), **обогна́ть** (पू०) (भवि० обгоню́, обго́нишь) (दौड़कर) आगे बढ़ जाना ; पीछे छोड़ देना ; आगे निकल जाना ; о. в полёте (हवाई जहाज़ में उड़ान करके) आगे निकल जाना ।

обгора́ть (अपू०), **обгоре́ть** (पू०) (भवि० обгорю́, обгори́шь) झुलस जाना ; (चारों ओर से) जल जाना ।

обгоре́лый (वि०) झुलसा हुआ ; जला हुआ ।

обгоре́ть दे० обгора́ть.

обгрыза́ть (अपू०), **обгры́зть** (पू०) (किसी कठोर वस्तु को) दाँत से चारों ओर से काटना/कुतरना/चिचोरना ।

обдава́ть (अपू०), **обда́ть** (पू०) (वर्त० обдаю́, обдаёшь ; भवि० обда́м, обда́шь) १. (-पर) उँडेलना ; о. кипятко́м उबलता हुआ पानी उँडेलना ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ о́бдало хо́лодом उसने ठंड-सी महसूस की ।

обде́лать दे० обде́лывать.

обдели́ть दे० обделя́ть.

обде́лывать (अपू०), **обде́лать** (पू०) १. टीप-टाप करना ; पालिश करना ; (चमड़ा) साफ़ करना/छाँटना ; २. जड़ना ; о. драгоце́нные ка́мни बहुमूल्य हीरे जड़ना ; ३. सुव्यवस्था करना ; सुप्रबन्ध करना ; о. де́ло किसी काम का ठीक-ठीक प्रबन्ध करना ।

обделя́ть (अपू०), **обдели́ть** (पू०) किसी-को उसके भाग से वंचित करना ; ठीक बँटवारा न करना ।

обдёргивать (अपू०), **обдёрнуть** (पू०) (वस्त्र आदि नीचे को खींचकर) ठीक करना ; **—ся** (आत्म०) १. नीचे खींचकर अपने वस्त्र ठीक करना ; २. (ताश में) ग़लत पत्ता खींचना/निकालना ; ३. обдёргивать का कर्मवाच्य ।

обдира́ла (पुं०) चमड़ी-उधेड़ ; लुटेरा ; कपड़े उतारनेवाला ।

обдира́ние (नपुं०) छिलका/खाल उतारने की क्रिया ।

обдира́ть (अपू०), **ободра́ть** (पू०) (भवि० обдеру́, обдерёшь) फाड़ना ; छीलना ; खाल उतारना ; (पेड़ का) छिलका/छाल उतारना ; о. кору́ с де́рева पेड़ की छाल उतारना ।

обдува́ть (अपू०), **обду́ть** (पू०) (भवि० обду́ю, обду́ешь) १. पछोरना ; फटकना ; २. धोखा देना ; छल करना ; बुद्धू बनाना ।

обду́манн||о (क्रि० वि०) जान-बूझकर ; भली भाँति सोच-विचारकर ; **—ый** (वि०) भली भाँति सोच-विचारकर किया हुआ ; जान-बूझकर किया हुआ ; хорошо́ —ый план भली भाँति सोची-विचारी हुई योजना ।

обду́мывать (अपू०), **обду́мать** (पू०) विचार करना ; भली भाँति सोचना ; э́тот вопро́с на́до обду́мать इस प्रश्न पर भली भाँति विचार होना चाहिए ।

обду́ть दे० обдува́ть.

о́бе दे० о́ба.

обега́ть -I (अपू०), **обе́гать** (पू०) १. (दौड़कर) चक्कर लगाना ; गश्त कर लेना ; २. (बहुत लोगों से) मिलने जाना ; सबसे मिलना ।

обега́ть -II (अपू०), **обежа́ть** (पू०) (भवि० обегу́, обежи́шь) (चारों ओर) दौड़ना ; पास से भागकर गुजर जाना ; दौड़कर आगे निकल जाना ।

обе́д (पुं०) (दिन का मुख्य) भोजन ; दोपहर का खाना ; пе́ред —ом भोजन से पूर्व / दोपहर से पहले ; по́сле —а भोजन के पश्चात् / दोपहर के पश्चात् ।

обе́дать (अपू०), **по—** (पू०) (दिनका मुख्य) भोजन करना ; दोपहर का खाना खाना ।

обедне́ние (नपुं०) निर्धन हो जाना / करना ; दरिद्र करना/हो जाना ।

обедне́ть दे० бедне́ть.

обе́дня (स्त्री०) ईसाइयों की दिन की प्रार्थना।

обежа́ть दे० обега́ть-II.

обезбо́ливать (अपू०), **обезбо́лить** (पू०) (ओषधी से) संवेदनाहरण ; अचेत करना ; बेहोश करना।

обезбо́ливающ||ий (वि०) संवेदनाहारी ; चेतनाशून्य करनेवाला ; बेहोशी लानेवाला ; —ее сре́дство संवेदनाहारी ओषधि / बेहोशी लानेवाली दवा।

обезво́живать (अपू०), **обезво́дить** (पू०) (भवि० обезво́жу, обезво́дишь) निर्जलीकरण करना।

обезвре́живать (अपू०), **обезвре́дить** (पू०) (भवि० обезвре́жу, обезвре́дишь) हानिरहित बनाना।

обезгла́вливать (अपू०), **обезгла́вить** (पू०) (обезгла́влю, обезгла́вишь) सिर काटना।

обезде́нежеть (पू०) निर्धन हो जाना।

обездо́ленный (वि०) (обездоли́ть से कृदन्त) अभागा ; उच्छिन्न ; पैतृक सम्पत्ति से वंचित।

обездо́ливать (अपू०), **обездо́лить** (पू०) किसीको उसके भाग से वंचित करना ; अन्याय का बर्ताव करना।

обезжи́ривать (अपू०), **обезжи́рить** (पू०) चर्बी निकालना।

обеззара́живание (नपुं०) निःसंक्रमण ; रोग के कीटाणुओं से मुक्त करने की क्रिया।

обеззара́живать (अपू०), **обеззара́зить** (पू०) (भवि० обеззара́жу, обеззара́зишь) निःसंक्रमण करना ; रोग के कीटाणु दूर करना।

обезземе́ливать (अपू०), **обезземе́лить** (पू०) भूमि से वंचित करना ; (किसान से) भूमि छीनना।

обезли́чивать (अपू०), **обезли́чить** (पू०) व्यक्तित्व से वंचित करना ; व्यक्तिगत दायित्व को समाप्त करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपना व्यक्तित्व खोना ; २. обезли́чивать का कर्मवाच्य।

обезлю́деть (पू०) उजड़ जाना ; निर्जन होना।

обезлю́дить (पू०) (प्रथम पुरुष का रूप प्रयुक्त नहीं होता) उजाड़ना ; निर्जन करना।

обезобра́живать (अपू०), **обезобра́зить** (पू०) (भवि० обезобра́жу, обезобра́зишь) कुरूप करना ; रूप बिगाड़ना।

обезопа́сить (पू०) (обезопа́шу यह रूप बहुत कम प्रयुक्त होता है, обезопа́сишь) (-से) सुरक्षित करना।

обезору́ж||ивание (नपुं०) निरस्त्रीकरण ; **—ивать** (अपू०), **обезору́жить** (पू०) निरस्त्रीकरण करना ; निरायुध करना।

обезу́меть (पू०) चेतना खोना ; पागल होना ; होश गुम होना ; о. от стра́ха डर के मारे होश गुम होना।

обезья́н||а (स्त्री०) बन्दर ; वानर ; लंगूर ; **—ий** (वि०) बन्दर का ; वानर-सदृश।

обеля́ть (अपू०), **обели́ть** (पू०) १. निर्दोषिता/निरपराधिता सिद्ध करना ; २. सफ़ेदी करना।

оберега́ть (अपू०), **обере́чь** (पू०) (भवि० оберегу́, обережёшь) (-से) रक्षा करना ; (-से) बचाव करना ; **—ся** (आत्म०) १. (-से) अपनी रक्षा करना ; २. оберега́ть का कर्मवाच्य।

оберну́ть(ся) दे० обёртывать(ся) और обора́чивать(ся).

обёртка (स्त्री०) आवेष्टक ; लिफ़ाफ़ा ; पुस्तक की जिल्द पर चढ़ा काग़ज़।

обёрточн||ый (वि०) (-में) लपेटने का ; पैकिट में बाँधने का ; —ая бума́га (-में) लपेटने का कागज़।

обёртывать (अपू०), **оберну́ть** (पू०) १. लपेटना ; оберну́ть кни́гу पुस्तक पर काग़ज़ चढ़ाना ; २. मोड़ना ; оберну́ть лицо́ (к) (-की ओर) मुँह मोड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. मुड़ना ; э́то зави́сит от того́, как обернётся де́ло यह स्थिति पर निर्भर है ; २. обёртывать का कर्मवाच्य।

обескро́в||ить दे० обескро́вливать; **—ленный** (वि०) रक्तहीन ; पीला फक ; निर्जीव।

обескрóвливать (अपू०), **обескрóвить** (पू०) (भवि० обескрóвлю, обескрóвишь) १. रक्त निकालना ; रक्तहीन करना ; २. निर्जीव करना ; अशक्त करना ।

обескурáживать (अपू०), **обескурáжить** (पू०) हतोत्साह करना ; दिल तोड़ना ।

обеспáмятеть (पू०) १. स्मरण-शक्ति खो बैठना ; २. चेतनाशून्य होना ; बेहोश होना ।

обеспéчен||ие (नपुं०) १. सुरक्षित करने अथवा गारंटी करने की क्रिया ; २. प्रतिभूति ; गारंटी ; ज़मानतदारी ; ज़मानत ; ३. भरण-पोषण ; निर्वहण ; ४. (की) व्यवस्था करना ; मुहैया करना ; ५. सुरक्षा, ; बचाव ; **—ность** (स्त्री०) १. भरण-पोषण का प्रबन्ध ; —ность семьи́ परिवार के भरण-पोषण का प्रबन्ध ; २. समृद्धि ; материáльная —ность भौतिक सुरक्षा ।

обеспéчивать (अपू०), **обеспéчить** (पू०) १. (की) व्यवस्था करना ; मुहैया करना ; २. सुरक्षित करना ; आश्वस्त करना ; о. успéх सफलता निश्चित करना ; ३. भरण-पोषण का प्रबन्ध करना ; ४. सुरक्षित करना ; बचाव करना ।

обесплóдить (पू०) (обесплóжу, обесплóдишь) अनुर्वरीकरण ; बीज-कीटाणु मारना ।

обеспокóить(ся) दे० беспокóить(ся).

обесси́леть (पू०) शक्तिहीन होना ; क्षीण होना ; कमज़ोर/दुर्बल होना ।

обесси́ливать (अपू०), **обесси́лить** (पू०) शक्तिहीन करना ; दुर्बल/कमज़ोर करना ।

обесслáвить (पू०) (обесслáвлю, обесслáвишь) अपकीर्ति फैलाना ; अपयश फैलाना ; बदनाम करना ।

обессмéртить (पू०) (обессмéрчу, обессмéртишь) अमर करना ; **—ся** (आत्म०) अमर होना ।

обессýдить (पू०) (भवि० обессýжу, обессýдишь) не обессýдьте ! क्षमा कीजिए !

обесцвéчивать (अपू०), **обесцвéтить** (पू०) (भवि० обесцвéчу, обесцвéтишь) रँग हटाना ।

обесцéн||ение (नपुं०) मूल्य-ह्रास ; मूल्य कम हो जाना ; **—ивать** (अपू०), **обесцéнить** (पू०) मूल्य घटाना ; सस्ता करना ।

обесчéстить दे० бесчéстить.

обéт (पुं०) प्रण ; प्रतिज्ञा ।

обещáние (नपुं०) वायदा ; дать о. वचन देना / वायदा करना ; сдержáть о. वचन का पालन करना ; кля́твенное о. शपथ / क़सम ।

обещáть (अपू० और पू०) वचन देना ; वायदा करना ।

обжáлование (नपुं०) पुनर्विचार की प्रार्थना ; अपील ; о. приговóра दंड के विरुद्ध अपील ।

обжáловать (पू०) (—лую) १. (किसीकी) शिकायत करना ; २. पुनर्विचार की प्रार्थना करना ; अपील करना ।

обжéчь(ся) दे० обжигáть(ся).

обживáться (आत्म० अपू०), **обжи́ться** (आत्म० पू०) (किसी नये स्थान पर कुछ समय तक रहकर वहाँ के वातावरण का) अभ्यस्त बनना ।

обжигáть (अपू०), **обжéчь** (पू०) (भवि० обожгý, обожжёшь) १. जलाना ; झुलसाना ; २. (ईंटें आदि) पकाना ; ☐ обжéчь себé пáльцы अपनी उँगलियाँ जला लेना ; **—ся** (आत्म०) अपने आपको जलाना ; अपनी उँगलियाँ जलाना ; ☐ обжéгшись на молокé, бýдешь дуть и нá воду दूध का जला छाछ फूँक-फूँककर पीता है ।

обжирáться (आत्म० अपू०), **обожрáться** (आत्म० पू०) अत्यधिक भोजन करना ; ठूँस-ठूँसकर खाना ।

обжи́ться दे० обживáться.

обжóр||а (उभ०) भुक्खड़ ; पेटू ; खाऊ ; **—ство** (नपुं०) भुक्खड़पन ; पेटूपन ।

обзаведéние (नपुं०) उपार्जन ; प्राप्ति ।

обзав||оди́ться (आत्म० अपू०), **обзавести́сь** (आत्म० पू०) (वर्त० обзавожýсь, обзавóдишься ; भवि० обзаведýсь, обзаведёшься) उपार्जन करना ; प्राप्त करना ; —ести́сь семьёй (पुरुष का) गृहस्थ-जीवन में प्रविष्ट

होना ; —ести́сь хозя́йством अपनी घर-गृहस्थी चलाना ।

обзóр (पुं०) १. सर्वेक्षण ; २. (लेख, भाषण आदि के विषय में) समीक्षा ; आलोचना ; ३. (सेना०) दृष्टि-क्षेत्र ।

обзыва́ть (अपू०), **обозва́ть** (पू०) (भवि० обзову́, обзовёшь) नाम से बुलाना ; कहना ; он обозва́л его́ дурако́м उसने उसे मूर्ख कहा (अर्थात् मूर्ख कहकर बुलाया) ।

обива́ть (अपू०), **оби́ть** (पू०) (भवि० обобью́, обобьёшь) १. (पत्थर आदि मारकर) गिराना ; झाड़ना ; о. я́блоки с я́блони (पत्थर आदि मारकर) सेब गिराना/झाड़ना ; २. पीटकर ठीक करना ; о. лён पीटकर सन ठीक करना ; ३. (फ़र्नीचर पर) गद्दे आदि लगाना ।

оби́вка (स्त्री०) १. (फ़र्नीचर पर) गद्दे आदि लगाने की क्रिया ; २. मकान को सजाने का सामान (पर्दे आदि) ।

оби́д||а (स्त्री०) १. रुष्ट करने/नाराज़ करने की क्रिया ; २. नाराज़गी ; बुरा मानना ; нанести́ о. रुष्ट करना/नाराज़ करना ; он на меня́ в —е वह मुझ से नाराज़ है ।

оби́деть(ся) दे० обижа́ть(ся).

оби́дн||о (कर्तृ-निरपेक्ष) о., что э́то произошло́ खेद है कि ऐसा हुआ (इसके लिए खेद है) ; о., что вы опозда́ли खेद है कि आपको देर हो गयी ; мне о. मुझे खेद है ; о. э́то слы́шать यह सुनकर बड़ा खेद होता है ; (क्रि० वि०) रुष्ट होकर ; नाराज़गी से ; **—ый** (वि०) रुष्ट करनेवाला ; क्रोधोत्पादक ।

оби́дчивость (स्त्री०) तुनुकमिजाजी ; चिड़चिड़ापन ।

обижа́ть (अपू०), **оби́деть** (पू०) (भवि० оби́жу, оби́дишь) रुष्ट करना ; नाराज़ करना ; भावनाओं को ठेस पहुँचाना ; они́ его́ оби́дели उन्होंने उसको रुष्ट कर दिया/उन्होंने उसकी भावनाओं को ठेस पहुँचायी है ; **—ся** (आत्म०) रुष्ट होना ; नाराज़ होना ; बुरा मानना ; не обижа́йтесь बुरा मत मानिए ।

оби́лие (नपुं०) बाहुल्य ; बहुतायत ; प्रचुरता ।

оби́льный (वि०) प्रचुर ; बहुल ; अधिक ।

обиня́ясь (कृदन्त) не о. सीधे-सादे/बिना लाग-लपेट के ।

обиня́к (पुं०) говори́ть —а́ми लाग-लपेट करना / इधर-उधर की बातें बनाना ।

обира́ть (अपू०), **обобра́ть** (पू०) (भवि० оберу́, оберёшь) १. चुनना ; इकट्ठा करना ; तोड़ना ; о. я́годы रसभरी चुनना ; २. लूटना ; निचोड़ना ।

обита́||емый (वि०) बसने के योग्य ; **—тель** (पुं०), **—тельница** (स्त्री०) निवासी/निवासिनी ; रहनेवाला/वाली ।

обита́ть (अपू०) निवास करना ; रहना ।

оби́тель (स्त्री०) १. निवास-स्थान ; २. मठ ; विहार ।

оби́ть दे० обива́ть.

обихо́д (पुं०) (केवल एकवचन) १. रीति ; रिवाज ; २. प्रयोग ; дома́шний о. घर-गृहस्थी (की चीज़ें) ; пусти́ть что-л. в о. किसी वस्तु को सामान्य प्रयोग में लाना ।

обихо́дный (वि०) दैनिक ; सामान्य ; о. язы́к बोलचाल की भाषा ।

обка́пывать -I (अपू०), **обка́пать** (पू०) (पर) बूँदें गिराना ; (बूँदें गिराकर) धब्बे डालना ।

обка́пывать -II (अपू०), **обкопа́ть** (पू०) (चारों ओर) खोदना ।

обка́рмливать (अपू०), **обкорми́ть** (पू०) (भवि० обкормлю́, обко́рмишь) अधिक खिलाना ।

обка́тывать (अपू०), **обката́ть** (पू०) १. (आटा) गूँधना ; बेलना ; २. बेलन फेरना ; समतल करना ; о. доро́гу सड़क पर बेलन फेरना ।

обкла́дка (स्त्री०) (चारों ओर) रखे जाने/ढँके जाने की क्रिया ; (टैक्स आदि) लगाने की क्रिया ।

обкла́дывать (अपू०), **обложи́ть** (पू०) (किनारों पर) बाड़ लगाना ; ढँकना ; о. газо́н дёрном घास के चारों ओर पौधों की बाड़ लगाना ; не́бо обложи́ло ту́чами आकाश बादलों से ढँक

गया अर्थात् आकाश पर बादल छा गये ; ३. (कर्तृ-निरपेक्ष) обложи́ло язы́к जीभ पर छाले हो जाना ; ३. (शिकार में) घेरा कम करते जाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने चारों ओर रखना ; обложи́ться горя́чими буты́лками अपने चारों ओर गर्म पानी की बोतलें रखना ; обложи́ться кни́гами पुस्तकों से घेरा जाना / चारों ओर पुस्तकें होना ; २. обкла́дывать का कर्मवाच्य ।

обкле́ивать = окле́ивать.

обкле́ить = окле́ить दे० окле́ивать.

обко́м (областно́й комите́т па́ртии, профсою́за) पार्टी या श्रमिक-संघ की ज़िला-समिति ।

обкопа́ть दे० обка́пывать-II.

обкорми́ть दे० обка́рмливать.

обкорна́ть दे० окорна́ть.

обкра́дывать (अपू०), **обокра́сть** (पू०) (भवि० обкраду́, обкрадёшь) चोरी करना ; चुराना ; लूटना ।

обку́ривать (अपू०), **обкури́ть** (पू०) १. (धुआँ देकर) निकालना ; भगाना ; о. пчёл धुएँ से मधुमक्खियों को उड़ाना ; २. (तम्बाकू आदि पीकर) बहुत धुआँ कर देना ; ३. (एक दो क़श लगाकर) हुक्के को ठीक तरह से चलाना ।

обку́сывать (अपू०), **обкуса́ть** (पू०) (चारों ओर) दाँतों से काटना ।

обла́ва (स्त्री०) १. (शिकार या किसी अपराधी आदि को पकड़ने के लिए उसके निवास-स्थान का) घेरा ; २. छापा ।

облага́емый (वि०) कर लगाने योग्य ।

облага́ть (अपू०), **обложи́ть** (पू०) (कर) लगाना ; (दंड) लगाना ; о. штра́фом जुर्माना/दंड लगाना ; о. нало́гом कर लगाना ; **—ся** (आत्म०) (कर, जुर्माना) लगाया जाना ।

облагоде́тельствовать (अपू०) (—ствую) बहुत कृपा करना ।

облагора́живать (अपू०), **облагоро́дить** (पू०) (भवि० облагоро́жу, облагоро́дишь) उदात्त बनाना ; प्रतिष्ठा बढ़ाना ।

облада́||ние (नपुं०) आधिपत्य ; जायदाद ; स्वामित्व ; **—тель** (पुं०) अधिपति ; स्वामी ; मालिक ।

облада́ть (अपू०) आधिपत्य करना ; अधिकार जमाना/रखना ; о. пра́вом अधिकार रखना ; о. тала́нтом प्रतिभावान होना ।

о́блако (नपुं०) मेघ ; बादल ; о. ве́стник मेघदूत ; покрыва́ться облака́ми बादल छा जाना ।

обла́мывать (अपू०), **обломи́ть, облома́ть** (पू०) (обломи́ть से обломлю́, обло́мишь) तोड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. टूट जाना ; २. обла́мывать का कर्मवाच्य ।

обла́пи||ть (पू०) (обла́плю, обла́пишь) १. पंजों से पकड़ लेना ; медве́дь —л охо́тника रीछ ने शिकारी को पंजों से पकड़ लिया ; २. (भद्दे ढंग से) आलिंगन करना ।

облапо́шивать (अपू०), **облапо́шить** (पू०) ठगना ; धोखा देना ।

обласка́ть (पू०) बहुत दुलार करना ; लाड़ करना ।

областно́й (वि०) १. о́бласть से वि० ; २. प्रादेशिक ; о. суд प्रादेशिक अदालत ।

о́бласть (स्त्री०) १. ज़िला ; प्रदेश ; सूबा ; २. क्षेत्र ; о. зна́ний ज्ञान का क्षेत्र ।

обла́тка (स्त्री०) १. (दवाई का) कैपसूल ; २. सूखी लेई की टिकिया जिसके द्वारा चिट्ठियाँ चिपकाते हैं ।

облача́ть (अपू०), **облачи́ть** (पू०) १. (गिरजाघर में पादरी को) पोशाक पहनाना ; २. सुसज्जित करना ; **—ся** (आत्म०) १. पोशाक पहनना ; कपड़े पहनना ; २. अपने आपको सुसज्जित करना ।

облаче́ние (नपुं०) १. कपड़े/पोशाक पहनाना ; २. (पादरी की) पवित्र पोशाक ।

о́блачн||ость (स्त्री०) मेघाच्छन्नता ; **—ый** (वि०) मेघाच्छन्न ।

облега́ть (अपू०), **обле́чь** (पू०) (भवि०

облягу, обляжешь) १. (घटा, मेघ) छा जाना ; घिर आना ; २. (कपड़े) शरीर पर ठीक बैठना ।

облегча́ть (अपू०), **облегчи́ть** (पू०) सहज बनाना ; आसान बनाना ; (बोझ, कष्ट) हल्का करना ; (पीड़ा) कम करना ; (दंड) कम करना ; घटाना ।

обледене́лый (वि०) हिमाच्छादित ; बर्फ़ से ढँका हुआ ।

обледене́ть (पू०) हिमाच्छन्न होना ; बर्फ़ से ढँक जाना ।

облеза́ть (अपू०), **обле́зть** (पू०) (रुएँ, पोस्तीन आदि का) झड़ जाना ; घिस जाना ; (रँग, रोग़न का) उतर जाना ।

облека́ть (अपू०), **обле́чь** (पू०) (भवि० облеку́, облечёшь) १. वस्त्र पहनाना ; २. (अधिकार आदि से) सम्पन्न करना ; (पद पर) नियुक्त करना ; обле́чь полномо́чиями पूर्ण अधिकार देना ; **—ся** (आत्म०) १. कपड़े पहनना ; २. (अधिकार आदि से) सम्पन्न होना ।

обле́ниваться (आत्म० अपू०), **обле́ни́ться** (आत्म० पू०) आलसी होना ।

облепля́ть (अपू०) **облепи́ть** (पू०) (भवि० облеплю́, обле́пишь) १. चारों ओर चिपकाना ; २. (चारों ओर) चिपकना ; грязь облепи́ла колёса पहिये के चारों ओर कीचड़ चिपक गया ; ३. घेरना ; चिपटना ; де́ти облепи́ли его́ बच्चों ने उसे घेर लिया/बच्चे उस से चिपट गये ।

облесе́ние (नपुं०) वनरोपण ; वृक्ष लगाना ।

облета́ть -I (अपू०), **облете́ть** (पू०) (भवि० облечу́, облети́шь) १. (चारों ओर) उड़ना ; उड़ान करना ; облета́ть вокру́г Москвы́ मास्को के चारो ओर उड़ान करना ; २. (अफ़वाह, समाचार आदि) फैलना ; ३. (पत्तों का) गिरना ; झड़ जाना ।

облета́ть -II (पू०) (उड़कर अथवा ज़ल्दी-जल्दी) बहुत-से स्थानों पर हो आना ; चारों ओर उड़ान कर आना ।

облече́ние (नपुं०) (अधिकार) सौंपने की क्रिया ।

обле́чь -I (पू०) दे० облека́ть और облега́ть.

обле́чься दे० облека́ться

облива́ть (अपू०), **обли́ть** (पू०) (भवि० оболью́, обольёшь) (-पर) उँडेलना ; गिराना ; बहाना ; छिड़कना ; о. кни́гу черни́лами पुस्तक पर स्याही गिराना ; о. гря́зью кого́-л. किसी पर कीचड़ फेंकना ; о. помо́ями कलंक लगाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आप पर उँडेलना/गिराना ; २. облива́ть का कर्मवाच्य ; ☐ облива́ться слеза́ми आँसू बहाना ; облива́ться по́том पसीने से तरबतर होना ; се́рдце облива́ется кро́вью हृदय से रक्त बह रहा है ।

обли́вка (स्त्री०) १. पानी देने/उँडेलने की क्रिया ; भिगोना ; छिड़कना ; २. चमक ।

обливн||о́й (वि०) १. पानी देने/ उँडेलने का ; २. —ы́е гонча́рные изде́лия चमकदार (पालिश किये हुए) मिट्टी के बर्तन ।

облигацио́нный (वि०) बन्ध-सम्बन्धी ; बांड-सम्बन्धी ।

облига́ция (स्त्री०) राजकीय ऋणबन्ध ; बांड ।

обли́зывать (अपू०), **облиза́ть, облизну́ть** (पू०) (चारों ओर से) चाटना ; चाटकर साफ़ कर देना ; о. гу́бы ओठ चाटना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने ओठ चाटना ; २. облизывать का कर्मवाच्य ।

о́блик (पुं०) १. बाहरी दिखावट ; पहलू ; शक्ल ; २. चरित्र ; नैतिक स्वभाव ।

обли́ть(ся) दे० облива́ть(ся)

облицо́вывать (अपू०) **облицева́ть** (पू०) (भवि० —цу́ю) (भट्टी आदि के भीतर) ईंटों आदि का अस्तर लगाना ।

облич||а́ть (अपू०), **обличи́ть** (पू०) १. अपराधी घोषित करना ; अपराधी ठहराना ; २. उघाड़ना ; पर्दा फ़ाश करना ; वास्तविक रूप में प्रकट करना ; ३. (केवल अपू०) ज़ाहिर करना ; प्रकट करना ; बताना ; व्यक्त करना ; संकेत करना ; книга —а́ет эруди́цию а́втора पुस्तक लेखक की विद्वत्ता प्रकट करती है ।

обличé**ние** (नपुं०) १. अभियोजन ; २. २. उघाड़ने / पर्दा फ़ाश करने की क्रिया ।

обличи́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) उघाड़नेवाला/वाली ; वास्तविक रूप प्रकट करनेवाला/वाली ; अभियोक्ता/अभियोक्त्री ।

обличи́тельн‖ый (वि०) उघाड़ने का ; अभियोजन- ; —ая статья́ पर्दा फ़ाश करनेवाला लेख/अभियोजन-लेख ।

обличи́ть दे० обличáть

обли́чье = óблик.

обложéние (नपुं०) १. करारोपण ; कर लगाने की क्रिया ; २. (सेना-सम्बन्धी) घेरा ।

обложи́ть -I दे० облагáть

обложи́ть -II दे० обкладывать ; **—ся** दे० обкладываться.

обло́жка (स्त्री०) आवेष्टक ; आवरण ; पुस्तक की जिल्द पर चढ़ा हुआ काग़ज़ ।

облокáчиваться (आत्म० अपू०), **облокоти́ться** (आत्म० पू०) (भवि० облокочу́сь, облокоти́шься) कोहनी के बल बैठना ।

обломáть(ся), обломи́ть(ся) दे० обла́мывать(ся).

обло́мовщина (स्त्री०) आलसीपन ; अकर्मण्यता ; (गोंचारोव के इसी नाम के उपन्यास के पात्र ओबलोमोव की भाँति) ।

обло́мок (पुं०) १. खंड ; टुकड़ा ; २. (बहु०) मलबा ।

облу́пливать (अपू०), **облупи́ть** (पू०) (भवि० облуплю́, облу́пишь) छिलका उतारना ; छीलना ; (अंडे का) ऊपरी भाग उतारना ।

облупля́ть = облу́пливать.

облучáть (अपू०), **облучи́ть** (पू०) जगमगाना ; किरणें फेंकना ।

облучéние (नपुं०) जगमगाहट ; प्रकाश ; तेज ।

облучи́ть दे० облучáть.

облучо́к (पुं०) कोचवान के बैठने का स्थान ।

облы́жный (वि०) झूठा ।

облысéть दे० лысéть.

облюбовáть (पू०) (—бу́ю) वरण ; चुनना ; छाँटना ।

обмáзать दे० обмáзывать.

обмáзка (स्त्री०) १. पलस्तर/कोट करने की क्रिया ; पोतने की क्रिया ; २. पलस्तर ।

обмáзывать (अपू०), **обмáзать** (पू०) (भवि० обмáжу, обмáжешь) १. पलस्तर करना ; कोट करना ; पोतना ; २. गन्दा करना ; मलिन करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको गन्दा करना/मलिन करना ; २. обмáзывать का कर्मवाच्य ।

обмáкивать (अपू०), **обмакну́ть** (पू०) (-में) डुबोना ; (-में) भिगोना ; обмакну́ть пéро в черни́ла कलम स्याही में डुबोना ।

обмáн (पुं०) धोखा ; कपट ; दग़ा ; ввести́ в о. धोखा देना/दग़ा करना ; о. зрéния दृष्टिभ्रम / नज़र का धोखा ।

обмáн‖ный (वि०) कपटी ; धोखेबाज़ ; धोखेबाज़ी का ; —ным путём धोखे से / छल से ; **—у́ть(ся)** दे० обмáнывать(ся).

обмáн‖чивость (स्त्री०) कपट ; छल ; **—чивый** (वि०) कपटी ; छली ; धोखेबाज़ ; **—щик** (पुं०) धोखेबाज ; कपटी ; पाखंडी ; ठग ; वंचक ।

обмáнывать (अपू०), **обману́ть** (पू०) धोखा देना ; ठगना ; обману́ть чьё-л. довéрие किसीसे विश्वासघात करना ; **—ся** (आत्म०) १. धोखे में आना ; ठगा जाना ; обману́ться в свои́х ожидáниях निराश होना ; २. обмáнывать का कर्मवाच्य ।

обмáрывать (अपू०), **обмарáть** (पू०) गन्दा करना ।

обмáтывать (अपू०), **обмотáть** (पू०) चारों ओर लपेटना ; онá обмотáла полотéнце вокру́г головы́, онá обмотáла голову́ полотéнцем उस (स्त्री/लड़की) ने अपने सिर पर तौलिया लपेट लिया ; **—ся** (आत्म०) १. ओढ़ लेना ; अपने आपको लपेट लेना ; —ся шáрфом रूमाल ओढ़ लेना ; २. обмáтывать का कर्मवाच्य ।

обмáхивать (अपू०), **обмахну́ть** (पू०) १. (गर्द आदि) झाड़ना ; о. пыль со стóла मेज़

पर से गर्द झाड़ना ; २. (पंखा आदि) झलना ; о. лицó вéером मुँह पर पंखा झलना ; **—ся** (आत्म॰) १. अपने ऊपर पंखा हाँकना/झलना ; २. обмáхивать का कर्मवाच्य ।

обмелéние (नपुं॰) छिछला/कम गहरा होने की क्रिया ।

обмелéть (पू॰) छिछला होना ; कम गहरा होना ।

обмéн (पुं॰) विनिमय ; अदला-बदली ; वस्तु-विनिमय ; о. мнéниями विचार-विनिमय ; в о. (-के) बदले में ।

обмéнивать (अपू॰), **обменúть, обменя́ть** (पू॰) विनिमय करना ; अदला-बदली करना ; वस्तु-विनिमय करना ; **—ся** (आत्म॰) १. (एक-दूसरे से) विनिमय करना ; अदला-बदली करना ; —ся мнéниями विचार-विनिमय करना ; २. обмéнивать का कर्मवाच्य ।

обмéнный (वि॰) обмéн से वि॰ ।

обменя́ть(ся) दे॰ обмéнивать(ся)

обмéр (पुं॰) १. नाप ; २. ग़लत नाप ।

обмерéть दे॰ обмирáть.

обмéривать (अपू॰), **обмéрить** (पू॰) १. नापना ; २. ग़लत नापना ।

обмеря́ть = обмéривать

обметáть (अपू॰), **обместú** (पू॰) (भवि॰ обметý, обметёшь) झाड़ू देना ; गर्द झाड़ना ; साफ़ करना ।

обмётывать (अपू॰), **обметáть** (पू॰) १. (बटनों के) काज करना ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) у негó обметáло гýбы उसके ओठ फट गये हैं ।

обминáть (अपू॰), **обмя́ть** (पू॰) (भवि॰ обомнý, обомнёшь) (पाँव से) नीचे को दबाना ; о. сенó (दबाकर) घास बिठाना ।

обмирáть (अपू॰), **обмерéть** (पू॰) (भवि॰ обомрý, обомрёшь) बेहोश होना ; निःसंज्ञ होना ; сéрдце у меня́ óбмерло मेरा दिल डूबने लगा ।

обмозгóвывать (अपू॰), **обмозговáть** (भवि॰ —гýю) (पू॰) (-पर) भली भाँति सोच-विचार करना ।

обмолáчивать (अपू॰), **обмолотúть** (पू॰) (भवि॰ обмолочý, обмолóтишь) दायें करना ; (धान आदि) कूटना ।

обмóлв||иться (पू॰) १. जीभ उलटना ; कुछ का कुछ कह जाना ; २. ज़िक्र करना ; यूँ ही कह देना ; он не —ится об э́том ни слóвом वह इसका ज़िक्र तक नहीं करेगा ।

обмóлвка (स्त्री॰) जीभ उलटना ; कुछ का कुछ कह जाना ।

обмолотúть दे॰ обмолáчивать.

обморáживать दे॰ **обморóзить** (पू॰) (भवि॰ обморóжу, обморóзишь) १. он обморóзил себé рýки उसके हाथ तुषाराहत हो गये हैं ; २. चारों ओर से जम जाना ।

óбморок (पुं॰) बेहोशी का दौरा ; चेतनाशून्यता ; दौरा ; упáсть в о. बेहोश होना ।

обморóчить दे॰ морóчить.

óбморочный (वि॰) बेहोश ; अचेत ।

обмотáть(ся) दे॰ обмáтывать(ся).

обмóтка (स्त्री॰) १. लपेटने की क्रिया ; о. катýшек गेंडुरियाँ लपेटना ; २. (बहु॰) (टाँगों पर बाँधने की) पट्टियाँ ।

обмочúть (पू॰) गीला करना ; भिगोना ; **—ся** (आत्म॰ पू॰) अपने आपको भिगोना ; भीगना ; ребёнок обмочúлся बच्चा भीग गया है ।

обмундировáние (नपुं॰) १. कपड़े पहनने की क्रिया ; २. वर्दी ।

обмундирóвка = обмундировáние

обмывáние (नपुं॰) स्नान ; नहाने/धोने की क्रिया ।

обмывáть (अपू॰), **обмы́ть** (पू॰) (भवि॰ обмóю, обмóешь) १. स्नान कराना ; नहलाना ; २. धोना ; **—ся** (आत्म॰) १. स्नान करना ; नहाना ; धोना ; २. обмывáть का कर्मवाच्य ।

обмы́лок (पुं॰) साबुन का बचा हुआ टुकड़ा ।

обмы́ть दे॰ обмывáть.

обмякáть (अपू॰), **обмя́кнуть** (पू॰) नर् हो जाना ; पिलपिला हो जाना ।

обмя́ть दे॰ обминáть.

обнаглéть दे॰ наглéть.

обнадёживать (अपू०), **обнадёжить** (पू०) आशा दिलाना ; ढाढस बँधाना ।

обнаж||а́ть (अपू०), **обнажи́ть** (पू०) नंगा करना ; (तलवार आदि को) म्यान से निकालना ; प्रकट करना ; о. го́лову सिर नंगा करना ; **—ся** (आत्म०) १. नंगा होना ; पता लगना ; प्रकट होना ; २. обнажа́ть का कर्मवाच्य ; **—е́ние** (नपुं०) नंगा करने/प्रकट करने की क्रिया ।

обнаро́дование (नपुं०) डौंडी ; प्रख्यापन ; ऐलान ।

обнаро́довать (पू०) (—дую) डौंडी पीटना ; प्रख्यापन करना ; ऐलान करना ।

обнару́живать (अपू०), **обнару́жить** (पू०) १. प्रकट करना ; प्रदर्शित करना ; о. свою́ ра́дость प्रसन्नता प्रकट करना ; о. тала́нт प्रतिभा दिखाना ; २. पता लगाना ; मालूम करना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रकट होना ; पता लगना ; २. обнару́живать का कर्मवाच्य ।

обнести́ -I, II दे० обноси́ть-I, II.

обнима́ть (अपू०), **обня́ть** (पू०) (भवि० обниму́, обни́мешь और обойму́, обоймёшь) आलिंगन करना ; गले मिलना ; **—ся** (आत्म०) एक-दूसरे से गले मिलना ।

обнища́лый (वि०) निर्धनीकृत ।

обнища́ть (पू०) निर्धन होना ।

обно́ва (स्त्री०) १. नवोपार्जन ; नवोपार्जित वस्तु ; २. नयी पोशाक ।

обнови́ть(ся) दे० обновля́ть(ся).

обно́вка = обно́ва.

обновле́ние (नपुं०) पुनर्नवीकरण ।

обновля́ть (अपू०), **обнови́ть** (पू०) (भवि० обновлю́, обнови́шь) १. नया करना ; ताजा करना ; नये जैसा बनाना ; २. पहली बार प्रयोग में लाना ; **—ся** (आत्म०) नया बनना ; नया होना ; पुनर्जीवित होना ।

обноси́ть -I (अपू०), **обнести́** (पू०) (वर्त० обношу́, обно́сишь ; भवि० обнесу́, обнесёшь) १. (चारों ओर) बाड़ आदि लगाना ; о. стено́й चारों ओर दीवार की ओट करना ; о. и́згородью चारों ओर बाड़ लगाना ; २. (भोजन) परोसना ; **II.** (भोजन) एक मेज से दूसरी मेज पर ले जाना ; भोजन परोसने में किसीको छोड़ जाना ।

обноси́ться (आत्म० पू०) १. कपड़ों की कमी होना ; २. обноси́ть I और II का कर्मवाच्य ।

обно́ски (बहु०) फटे-पुराने कपड़े ; उतारे हुए कपड़े ।

обню́хивать (अपू०), **обню́хать** (पू०) (चारों ओर से) सूँघना ; соба́ка обню́хала воше́дшего कुत्ते ने आगन्तुक को चारों ओर से सूँघा ।

обня́ть(ся) दे० обнима́ть(ся).

обо- दे० о- I, II.

обобра́ть दे० обира́ть.

обобщ||а́ть (अपू०), **обобщи́ть** (पू०) सामान्यीकरण करना ; **—е́ние** (नपुं०) सामान्यीकरण ।

обобществл||е́ние (नपुं०) समाजीकरण ; **—я́ть** (अपू०), **обобществи́ть** (पू०) (भवि० обобществлю́, обобстви́шь) समाजीकरण करना ।

обобщи́ть दे० обобща́ть.

обовши́веть दे० вши́веть.

обогати́тельный (वि०) : о. заво́д (कोयला आदि) साफ़ करने का कारखाना (अंग्रेजी—वाशरी) ।

обогаща́ть (अपू०), **обогати́ть** (पू०) (भवि० обогачу́, обогати́шь) १. समृद्ध बनाना ; обогати́ть свой о́пыт अपना अनुभव बढ़ाना ; २. (कोयला आदि) साफ़ करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको समृद्ध बनाना ; २. обогаща́ть का कर्मवाच्य ।

обогаще́ние (नपुं०) समृद्धि ; समृद्ध करने की क्रिया ; (कोयले आदि को) साफ़ करने की क्रिया ।

обогна́ть दे० обгоня́ть.

обогну́ть दे० огиба́ть.

обоготворя́ть (अपू०), **обоготвори́ть** (पू०) देव-रूप में प्रतिष्ठित करना ।

обогре́в (पुं०) आँच ; **—а́ние** (नपुं०) आँच देने/तपाने की क्रिया ।

обогрева́ть (अपू०), **обогре́ть** (पू०) तपाना ; आँच देना ; **—ся** (आत्म०) १. तापना ; २. обогрева́ть का कर्मवाच्य ।

о́бод (पुं०) (पहिये की) हाल/रिम ; **—ок** (पुं०) о́бод का अल्प० ।

ободо́чный (वि०): —ая кишка́ बड़ी आँत ।

ободра́ть दे० обдира́ть.

ободр||е́ние (नपुं०) प्रोत्साहन ; उद्दीपन ; आश्वासन ; **—и́тельный** (वि०) उत्साहजनक ; उद्दीपक ।

ободря́ть (अपू०), **ободри́ть** (पू०) प्रोत्साहन देना ; हौसला बढ़ाना ; आश्वस्त करना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रोत्साहित होना ; हौसला करना ; २. ободря́ть का कर्मवाच्य ।

обоепо́лый (वि०) द्विलिंगी ।

обожа́||ние (नपुं०) पूजा ; भक्ति ; आराधना ; **—тель** (पुं०), **—тельница** (स्त्री०) भक्त ; प्रशंसक ; आराधक ।

обожа́ть (पू०) पूजा करना ; आराधना करना ; भक्ति करना ।

обожда́ть (पू०) (थोड़े समय के लिए) प्रतीक्षा करना ; इन्तज़ार करना ।

обожествле́ние (नपुं०) देव-रूप में प्रतिष्ठा करने/देवता की भाँति पूजने की क्रिया ।

обожествля́ть (अपू०), **обожестви́ть** (पू०) (भवि० обожествлю́ обожестви́шь) देव-रूप में प्रतिष्ठा करना ; देवता की भाँति पूजा करना ।

обожра́ться दे० обжира́ться.

обо́з (पुं०) १. (गाड़ियों का) ताँता ; पंक्ति ; २. (सेना०) परिवहन-टुकड़ी ।

обозва́ть दे० обзыва́ть.

обозли́ть (पू०) (किसीमें) क्रोध-भावना जागृत करना ; क्रोध दिलाना ; **—ся** (आत्म०) क्रुद्ध होना ; गुस्सा होना ।

обознава́ться (आत्म० अपू०), **обозна́ться** (आत्म० पू०) (किसीको भ्रम से) कोई और समझ लेना ; прости́те, я обозна́лся क्षमा कीजिए मैं आपको कोई और समझा था ।

обознача́ть (अपू०), **обозна́чить** (पू०) १. अंकित करना ; निर्दिष्ट करना ; सूचित करना ; २. (केवल अपू०) अर्थ होना ; **—ся** (आत्म०) обознача́ть का कर्मवाच्य ।

обо́зный (वि०) १. обо́з से वि० ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) कोचवान ; ड्राइवर ।

обозрева́тель (पुं०) समीक्षक ; आलोचक ।

обозр||ева́ть (अपू०), **обозре́ть** (पू०) समीक्षा करना ; आलोचना करना ; **—е́ние** (नपुं०) समीक्षा ; आलोचना ।

обо́||и (बहु०) (दीवारों पर चिपकाने का) काग़ज़ ; оклéивать —ями दीवार पर काग़ज़ चिपकाना ।

обо́йма (स्त्री०) १. कारतूस का क्लिप ; २. लोहे का छल्ला ।

обо́йный (वि०) обо́и से वि० ।

обойти́(сь) दे० обходи́ть(ся).

обокра́сть दे० обкра́дывать.

оболга́ть (पू०) अपवाद फैलाना ; (किसीकी) निन्दा करना ।

оболо́чка (स्त्री०) आवेष्टक ; गिलाफ़ ; लिफ़ाफ़ा ; ढक्कन ; खोल ; झिल्ली ; खाल ; ра́дужная о. आँख का तारा (अंग्रेज़ी—आइरिस) ; рогова́я о. नेत्र-पटल (अंग्रेज़ी—कोर्निया); се́тчатая о. आँख के पिछले भाग का चित्रपट (अंग्रेज़ी—रैटीना) ।

обо́лтус (पुं०) स्थूल-बुद्धि ; मूर्ख ।

обольсти́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) बहकाकर शील भ्रष्ट करनेवाला/वाली ; फुसलानेवाला/वाली ; **—ный** (वि०) (बहकाकर) शीलभ्रष्ट करनेवाला ; फुसलानेवाला ।

обольща́ть (अपू०), **обольсти́ть** (पू०) (भवि० обольщу́, обольсти́шь) फुसलाना ; बहकाकर शील भ्रष्ट करना ; **—ся** (आत्म०) बहकावे में आना ; भ्रम में होना ; обольща́ться надéждами झूठी आशाएँ रखना ।

обольще́ние (नपुं०) १. फुसलाहट ; बहका शील-भ्रंश ; २. भ्रम ।

обомле́ть (पू०) हतप्रभ होना ; स्तंभित होना ।

обоня́||ние (नपुं०) घ्राण-शक्ति ; सूँघने की शक्ति ; **—тельный** (वि०) घ्राणेन्द्रिय-सम्बन्धी ।

обоня́ть (अपू०) सूँघना ।

обора́чивать (अपू०), **обороти́ть, оберну́ть** (पू०) (обороти́ть से оборочу́, оборо́тишь) मोड़ना ; обороти́ть лицо́ (к) (की ओर) मुहँ मोड़ना ; **—ся** (आत्म०) मुड़ना ।

оборва́нец (पुं०) (चीथड़े पहने) दरिद्र मनुष्य ।

оборва́ть(ся) दे० обрыва́ть(ся).

обо́рка (स्त्री०) झालर ; मग़ज़ी ।

оборо́н||а (स्त्री०) (केवल एकवचन) रक्षा ; министе́рство —ы रक्षा-मन्त्रालय ; **—и́тельный** (वि०) रक्षात्मक ; —и́тельная война́ रक्षात्मक युद्ध ।

оборони́ть(ся) दे० обороня́ть(ся).

оборо́нный (वि०) रक्षात्मक ; रक्षा-सम्बन्धी ।

обороноспосо́бность (स्त्री०) रक्षा-क्षमता ।

обороня́ть (अपू०), **оборони́ть** (पू०) रक्षा करना ; बचाव करना ; **—ся** (आत्म०) अपनी रक्षा करना ; अपना बचाव करना ।

оборо́т (पुं०) १. चक्कर ; परिक्रमण ; маши́на де́лает 100 —ов в мину́ту मशीन एक मिनट में १०० चक्कर लगाती है ; २. (पृष्ठ की) दूसरी ओर ; на —е (पृष्ठ की) दूसरी ओर/पीछे ; смотри́ на —е पृष्ठ के दूसरी ओर देखिए/पन्ना उलटिए ; о. ре́чи मुहावरा ।

о́боротень (पुं०) पौराणिक कथाओं में जादू के बल से पशु बनाया गया व्यक्ति ।

оборо́тистый = оборо́тливый.

обороти́ть(ся) दे० обора́чивать(ся).

оборо́тливый (वि०) उपायकुशल ; साधनशील ; तिकड़मी ।

оборо́тн||ый (वि०) १. о. капита́л चल पूँजी ; २. —ая сторона́ उल्टी ओर ।

обору́дов||ание (नपुं०) १. सुसज्जित/सम्पन्न करने की क्रिया ; २. (वस्तुएँ) साज-सामान ; सामग्री ; **—ать** (अपू० और पू०) (—дую) सुसज्जित करना ; सम्पन्न करना ; प्रबन्ध करना ; व्यवस्था करना ; о. де́ло किसी काम का प्रबन्ध करना ।

обоснова́ние (नपुं०) १. नींव रखने की क्रिया ; २. नींव ; आधार ।

обосно́вывать (अपू०), **обоснова́ть** (भवि०—ну́ю) (पू०) नींव रखना ; आधारित करना ; **—ся** (आत्म०) १. पर आधारित होना ; २. बस जाना ; ३. обосно́вывать का कर्मवाच्य ।

обосо́бить(ся) दे० обособля́ть(ся).

обособле́ние (नपुं०) १. पृथक्करण ; २. पृथकत्व ।

обосо́бленн||о (क्रि० वि०) पृथक् ; भिन्न ; अलग ; **—ый** (वि०) पृथक् किया हुआ ।

обособля́ть (अपू०), **обосо́бить** (पू०) (भवि० обосо́блю, обосо́бишь) पृथक् करना ; अलग करना ; **—ся** (आत्म०) पृथक् होना ; अलग होना ।

обостре́ние (नपुं०) उत्तेजन ; उद्दीपन ; वर्द्धन ; गम्भीर कर देना ; о. боле́зни रोगवर्द्धन/रोग का गम्भीर रूप लेना ।

обостря́ть (अपू०), **обостри́ть** (पू०) १. तीव्र करना ; तेज़ करना ; २. गम्भीर करना ; उत्तेजित करना ; о. отноше́ния सम्बन्धों में तनाव पैदा करना ; **—ся** (आत्म०) १. तीव्र होना ; तेज़ होना ; गम्भीर होना ; चिन्ताजनक होना ; положе́ние обостри́лось स्थिति गम्भीर (चिन्ताजनक) हो गयी ; २. обостря́ть का कर्मवाच्य ।

обо́чина (स्त्री०) सड़क या पटरी का किनारा या मुँडेर ; (जंगल आदि का) छोर ; किनारा ।

обою́дн||о (क्रि० वि०) परस्पर ; **—ый** (वि०) पारस्परिक ; अन्योन्य ; по —ому согла́сию पारस्परिक सहमति से ।

обоюдово́гнутый (वि०) दोनों ओर नतोदर ।

обоюдовы́пуклый (वि०) एक ओर उन्नतोदर और दूसरी ओर नतोदर ।

обоюдоо́стр||ый (वि०) दुधारा ; —ое ору́жие दुधारा अस्त्र/हथियार ।

обрабáтывать (अपू०), **обрабóтать** (पू०) १. तैयार करना ; (भूमि) जोतना ; (चमड़ा) कमाना ; २. मनाना ; अपने पक्ष में कर लेना ।

обрáдовать(ся) दे० рáдовать(ся).

óбраз (पुं०) १. रूप ; आकृति ; २. प्रकार ; विधि ; ३. मूर्ति ; ☐ о. дéйствий काम करने की विधि ; какíм —ом ? किस प्रकार ?; такíм —ом इस प्रकार ; глáвным —ом मुख्यत: ; рáвным —ом बराबर-बराबर ।

образ||éц (पुं०) नमूना ; प्रतिरूप ; आदर्श ; по —цý नमूने के अनुसार ; брать за о. नक़ल करना/नमूना उतारना ।

óбразный (वि०) सुचित्रित ।

образовáние (नपुं०) १. रचना; बनावट ; सृजन ; о. слов शब्दों की रचना ; २. शिक्षा ; начáльное о. प्रारम्भिक शिक्षा ; вы́сшее о. उच्च शिक्षा ; дать о. शिक्षा देना ; получи́ть о. शिक्षा पाना ।

образóванный १. образовáть से कृदन्त ; २. (वि०) शिक्षित ।

образóвывать (अपू०), **образовáть** (पू०) (भवि० —зýю) बनाना ; संगठन करना ; **—ся** (आत्म०) १. बनना ; प्रकट होना ; २. образóвывать का कर्मवाच्य ।

образýмить (पू०) (भवि० образýмлю, образýмишь) समझाना ; ठीक रास्ते पर लाना ; आँखें खोलना ; **—ся** (आत्म० पू०) समझना ; ठीक रास्ते पर आना ; आँखें खुलना ।

образцóв||ый (वि०) आदर्श ; नमूने का ; —ое хозя́йство आदर्श फ़ार्म ; —ое произведéние उत्कृष्ट कृति/ग्रन्थ-रत्न ।

обрáзчик (पुं०) नमूना ।

обрамлéние (नपुं०) १. चौखटा लगाने की क्रिया ; २. चौखटा ।

обрамля́ть (अपू०), **обрáмить** (पू०) (भवि० обрáмлю, обрáмишь) चौखटे में जड़ना ; फ़्रेम करना ।

обрастá||ние (नपुं०) १. (वनस्पतियों के) अधिक बढ़ जाने की क्रिया ; २. उपार्जन ; संचयन ; **—ть** (अपू०), **обрасти́** (पू०) (भवि० обрастý, обрастёшь) १. (वनस्पतियों का) अधिक ब ज़ाना ; २. उपार्जन करना ; संचय करना ; ☐ обрасти́ гря́зью कीचड़ से लथपथ हो जाना ; обрасти́ жи́ром चर्बी चढ़ जाना ।

обрати́м||ость (स्त्री०) प्रतिवर्तता ; विपर्ययता ; उलटाये जाने का भाव ; **—ый** (वि०) प्रतिवर्त्य ; विपर्यय ; जो उलटाया जा सके ।

обрати́ть(ся) दे० обращáть(ся).

обрáтн||о (क्रि० वि०) १. वापस ; पीछे को ; идти́ о. वापस जाना ; брать о. वापस लेना ; २. विलोम रूप से ; ३. о. пропорционáльный (गणित) प्रतिलोमानुपात ; **—ый** (वि०) वापसी का ; विपर्यय ; उत्क्रम ; (गणित) विलोम ; उलट ; о. путь वापसी सफ़र ; о. ход उत्क्रम-गति/पीछे को जाना ; в —ую стóрону उल्टी दिशा को ; —ая пропóрция प्रतिलोमानुपात ; —ый смысл उल्टा अर्थ ; —ый билéт वापसी टिकट ; имéющий —ое действие पूर्वव्याप्ति सहित/अतीत से लागू ।

обращáть (अपू०), **обрати́ть** (पू०) (भवि० обращý, обрати́шь) १. (ध्यान) आकर्षित करना/दिलाना ; о. взгляд (на) दृष्टि डालना ; обрати́ть чьё-л. внимáние (на) (-की ओर) किसीका ध्यान आकर्षित करना/ध्यान दिलाना ; २. (में) बदल देना ; обрати́ть в шýтку मज़ाक में बदलना ; **—ся** (आत्म०) १. सम्बोधन करना ; обращáться с призы́вом к комý-л. किसीसे अपील करना ; обращáться к врачý डाक्टर से परामर्श करना ; २. (-में) परिणत होना ; बदलना ; ३. (केवल अपू०) व्यवहार करना ; बर्ताव करना ; хорошó обращáться с кем-л. किसीसे अ व्यवहार करना/अच्छी तरह पेश आना ; он не умéет обращáться с э́тим инструмéнтом वह इस औज़ार का प्रयोग करना नहीं जानता ; ४. (केवल अपू०) (बिजली की धारा का) चक्कर चक्कर लगाना ।

обращéние (नपुं०) १. परिवर्तन ; о. в вéру धर्म-परिवर्तन ; २. चक्करण ; пусти в о. घुमाना/चलाना ; ३. बर्ताव ; व्यवहार

плохо́е о. बुरा बर्ताव ; ४. प्रयोग ; ५. (पत्र आदि में) सम्बोधन ; ६. आह्वान ; अपील ।

обревизова́ть दे॰ ревизова́ть.

обре́з (पुं॰) (पुस्तक का) छोर या सिरा ; □ в о. एकदम नपा-तुला/फ़ालतू बिल्कुल नहीं ; у меня́ вре́мени в о. मेरे पास नपा-तुला वक्त है ।

обреза́ние (नपुं॰) कटाई ; छँटाई ; (तख्ते के) किनारे ठीक करने की क्रिया ।

обре́зание (नपुं॰) सुन्नत करना (लिंग की अग्रत्वचा को काटना) ।

обре́зать(ся) दे॰ обре́зывать(ся).

обреза́ть(ся) दे॰ обре́зывать(ся).

обре́зок (पुं॰) (धातु आदि की) कतरन ।

обре́зывать (अपू॰), **обре́зать** (पू॰) (भवि॰ обре́жу, обре́жешь) १. (चारों ओर से) काटना ; कुतरना ; छाँटना ; (पुस्तक के) कोने बनाना ; (तख्ते के) कोने ठीक करना ; २. सुन्नत करना (मुसलमानों की एक धार्मिक प्रथा जिसमें बच्चे के लिंग की अग्रत्वचा को काटा जाता है) ; झिड़की देना ; झाड़ पिलाना ; **—ся** (आत्म॰) १. अपने आपको काटना ; २. обре́зывать का कर्मवाच्य ।

обрека́ть (अपू॰), **обре́чь** (पू॰) (भवि॰ обреку́, обречёшь) भाग्य पर छोड़ देना ।

обремени́тельный (वि॰) कठिन ; कष्टप्रद ।

обременя́ть (अपू॰), **обремени́ть** (पू॰) भार डालना ; बोझ डालना ।

обрета́ть (अपू॰), **обрести́** (पू॰) (भवि॰ обрету́, обретёшь) पाना ; ढूँढ लेना ; о. поко́й शान्ति पाना ; о. себе́ дру́га अपने लिए मित्र ढूँढ लेना ; **—ся** (आत्म॰) मिलना ; кни́га обрела́сь под сто́лом पुस्तक मेज़ के नीचे से मिली ।

обрече́ние (नपुं॰) भाग्य पर छोड़ देने की क्रिया ।

обречённост||ь (स्त्री॰) чу́вство —и भाग्य पर छोड़ देने का भाव ।

обре́чь दे॰ обрека́ть.

обреше́тить (पू॰) (обреше́чу, обреше́тишь) तख्ते की पट्टियाँ लगाना ।

обрисо́вывать (अपू॰), **обрисова́ть** (पू॰) (भवि॰ —су́ю) आलेख करना ; चित्रित करना ; निरूपित करना ; **—ся** (आत्म॰) आलेखित किया जाना ; चित्रित/निरूपित किया जाना ।

обри́ть (पू॰) (भवि॰ обре́ю, обре́ешь) हजामत बनाना ; **—ся** (आत्म॰ पू॰) अपनी हजामत बनाना ।

обро́к (पुं॰) पट्टेदार द्वारा दिये जानेवाला लगान या कर ।

оброни́ть (पुं॰) गिराना ।

обро́чный (वि॰) : о. крестья́нин भाड़े पर किसान ।

обруба́ть (अपू॰), **обруби́ть** (पू॰) (भवि॰ обрублю́, обру́бишь) १. (कुल्हाड़ी से) काट देना ; (पूँछ) काटकर छोटी करना ; २. किनारा मोड़कर सीना ।

обру́бок (पुं॰) कटा हुआ भाग ; पेड़ का ठूँठ ; (पेड़ की) कटी हुई डाली ।

обруга́ть (पू॰) गाली देना ; बुरा-भला कहना ; लानत-मलामत करना ।

обрусе́ть (पू॰) (भाषा और स्वभाव में) रूसी बनना ।

о́бруч (पुं॰) (बेलनाकार लकड़ी के पीपे की पट्टियाँ मजबूत करने के लिए धातु, तार या लकड़ी का) घेरा ; छल्ला ।

обруча́льн||ый (वि॰) : —ое кольцо́ सुहाग-अँगूठी (विवाह के उपलक्ष में वर द्वारा कन्या को दी गयी अँगूठी) ; о. обря́д मँगनी/सगाई ।

обруча́ть (अपू॰), **обручи́ть** (पू॰) सगाई करना ; मँगनी करना ; **—ся** (आत्म॰) अपनी मँगनी या सगाई कराना ।

обруче́ние (नपुं॰) मँगनी ; सगाई ।

обручи́ть दे॰ обруча́ть.

обрушива́ть (अपू॰), **обру́шить** (पू॰) गिरा देना ; ढहाना ; नष्ट करना ; о. сте́ну दीवार गिराना ; **—ся** (आत्म॰) ढहना ; नष्ट होना ; टूटकर गिरना ; (на) झपट्टा मारना ।

обры́в (पुं०) सीधी खड़ी पर्वत-सी चट्टान।

обрыва́ть (अपू०), **оборва́ть** (पू०) १. फाड़ देना; (फूल-फल) चुनना/तोड़ना; एकत्रित करना; (रस्सी, तार को) तोड़ना; २. (भाषण) अचानक बन्द कर देना; о. свою́ речь अपना भाषण बन्द कर देना; **—ся** (आत्म०) १. (रस्सी आदि का) टूटना; २. (व्यक्ति या वस्तु का कहीं से) गिर जाना; ढह जाना; ३. अचानक बन्द हो जाना; разгово́р оборва́лся на полусло́ве बातचीत अचानक बन्द हो गयी।

обры́вистый (वि०) खड़ी; बहुत ढलवाँ।

обры́в||ок (पुं०) अंश; टुकड़े; —ки разгово́ра बातचीत के अंश।

обры́згивать (अपू०), **обры́згать** (पू०) छिड़कना; छींटे देना, छितराना; **—ся** (आत्म०) अपने आप पर छिड़कना; छितराना।

обрю́зглый (वि०) मोटा और पिलपिला।

обрю́зг||нуть (पू०) मोटा और पिलपिला होना; **—ший** = обрю́зглый.

обря́д (पुं०) संस्कार; रस्म; **—ный, —овый** (वि०) रस्म/संस्कार-सम्बन्धी।

обса́живать (अपू०), **обсади́ть** (पू०) (भवि० обсажу́, обса́дишь) (चारों ओर) पौधे लगाना।

обса́сывать (अपू०), **обсоса́ть** (पू०) १. (चारों ओर से) चूसना; २. (सब पहलुओं पर ध्यान से) सोचना।

обсемене́ние (नपुं०) (बीज की) बुआई।

обсеменя́ть (अपू०), **обсемени́ть** (पू०) (बीज) बोना; о. поля́ खेतों में बीज बोना।

обсервато́рия (स्त्री०) बेधशाला।

обсерва́ция (स्त्री०) प्रेक्षण।

обска́кивать (अपू०), **обскака́ть** (पू०) (भवि० обскачу́, обска́чешь) (घोड़े को) इधर-उधर सरपट दौड़ाना; (केवल पू०) घोड़ा सरपट दौड़ाकर आगे निकल जाना।

обскура́нт (पुं०) ज्ञान या प्रकाश का विरोधी; प्रतिक्रियावादी; कूपमंडूकवादी।

обсле́дова||ние (नपुं०) परीक्षण; जाँच; पड़ताल; **—тель** (पुं०), **—тельница** (स्त्री०) परीक्षक/परीक्षिका; पड़ताल करनेवाला/वाली।

обслу́живание (नपुं०) सेवा; परिचर्या; (टेक०) अनुरक्षण; देखभाल; культу́рно-бытово́е о. सांस्कृतिक और जीवन-सम्बन्धी बातों की देखभाल।

обслу́живать (अपू०), **обслужи́ть** (पू०) सेवा करना; परिचर्या करना; (-के लिए) उपलब्ध करना; मुहैया करना; (मशीन आदि की) देखरेख करना।

обсоса́ть दे० обса́сывать.

обсо́хнуть दे० обсыха́ть.

обставля́ть (अपू०), **обста́вить** (पू०) (भवि० обста́влю, обста́вишь) १. (-से) घेरना; २. (घर को फर्नीचर आदि से) सजाना; ३. व्यवस्था करना; ४. धोखा करना; **—ся** (आत्म०) १. घिर जाना; २. अपना घर फ़र्नीचर आदि से सजाना; ३. обставля́ть का कर्मवाच्य।

обстано́в||ка (स्त्री०) १. (केवल एकवचन) फ़र्नीचर आदि; २. स्थिति; हालत; междунаро́дная о. अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति; **—очный** (वि०) —очная пье́са वेशभूषा-प्रधान नाटक।

обстоя́тельный (वि०) १. (व्यक्ति के विषय में) दृढ़संकल्प; २. (भाषण, पुस्तक के विषय में) सम्पूर्ण; विस्तृत; विशद।

обстоя́тельственный (वि०) (व्या०) क्रियाविशेषण-सम्बन्धी।

обстоя́тельств||о (नपुं०) १. परिस्थिति; смягча́ющие вину́ —а अपराध की गुरुता कम करनेवाली परिस्थितियाँ; при да́нных, таки́х —ах ऐसी परिस्थितियों में; —а измени́лись परिस्थितियाँ बदल चुकी हैं; —а неблагоприя́тны परिस्थितियाँ प्रतिकूल हैं; применя́ться к —ам अपने आपको परिस्थितियों के अनुकूल ढालना; २. (व्या०) क्रिया-विशेषण; □ смотря́ по —ам स्थिति पर निर्भर है।

обсто||я́ть (अपू०) как —я́т ва́ши дела́? आपका काम-काज कैसा चल रहा है?

обстра́иваться (आत्म० अपू०), **обстро́иться** (आत्म० पू०) अपने लिए घर बनाना ; बनना ; निर्मित होना ; го́род бы́стро обстро́ился नगर शीघ्र ही बन गया ।

обстре́л (पुं०) शलक ; गोलाबारी ।

обстре́ливать (अपू०), **обстреля́ть** (पू०) शलक करना ; गोलाबारी करना ; गोली चलाना ।

обстрога́ть (पू०) (रन्दे से) समतल करना ; साफ़ करना ।

обстро́иться दे० обстра́иваться.

обтрукциони́ст (पुं०) बाधक ; रुकावट डालनेवाला ; अड़ंगा लगानेवाला ।

обстру́кция (स्त्री०) बाधा ; अवरोध ; अड़ंगा ।

обступа́ть (अपू०), **обступи́ть** (पू०) (भवि० обступлю́, обсту́пишь) १. घेरा डालना ; २. (-के चारों ओर) जमा होना ; де́ти обступи́ли учи́тельницу बच्चों ने अध्यापिका को चारों ओर से घेर लिया ।

обсужд||а́ть (अपू०), **обсуди́ть** (पू०) (भवि० обсужу́, обсу́дишь) विचार करना ; भली भाँति सोच-विचार करना ; **—е́ние** (नपुं०) सोच-विचार ।

обсу́шивать (अपू०), **обсуши́ть** (पू०) शुष्क करना ; सुखाना ; **—ся** (आत्म०) अपने आपको सुखाना ।

обсчи́тывать (अपू०), **обсчита́ть** (पू०) ग़लत गिनना ; गिनने में ग़लती करना ; **—ся** (आत्म०) गिनने में ग़लती करना ।

обсыпа́ть (अपू०), **обсы́пать** (पू०) (भवि० обсы́плю, обсы́плешь) (चारों ओर) बिखेरना ; छितराना ; **—ся** (आत्म०) १. = осыпа́ться ; २. обсыпа́ть का कर्मवाच्य ।

обсыха́ть (अपू०), **обсохну́ть** (पू०) सूखना ; शुष्क होना ।

обта́ивать (अपू०), **обта́ять** (पू०) (चारों ओर से) पिघल जाना ।

обта́чивать (अपू०), **обточи́ть** (पू०) खराद पर रखकर समतल करना ; सान पर रखना ।

обта́ять (अपू०) दे० обта́ивать.

обтека́ть (अपू०), **обте́чь** (पू०) (भवि० обтеку́, обтечёшь) (चारों ओर से) बहना ।

обтере́ть(ся) दे० обтира́ть(ся).

обтёсывать (अपू०), **обтеса́ть** (पू०) (भवि० обтешу́, обте́шешь) (लकड़ी के तख़्ते/शहतीर आदि को) समतल करना ; काटना ; सफ़ाई से न काटना ; (व्यक्ति को) सुसंस्कृत बनाना ; शिष्ट बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. सुसंस्कृत बनना ; शिष्ट बनना ; २. обтёсывать का कर्मवाच्य ।

обте́чь दे० обтека́ть.

обтира́ть (अपू०), **обтере́ть** (पू०) (भवि० оботру́, оботрёшь) १. पोंछना ; पोंछकर सुखाना ; २. (-से) रगड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको पोंछकर सुखाना ; (केवल पू०) संस्कृत/शिष्ट बनना ।

обточи́ть दे० обта́чивать

обто́чка (स्त्री०) सान या खराद आदि पर घुमाने की क्रिया ।

обтрёпывать (अपू०), **обтрепа́ть** (पू०) (भवि० обтреплю́, обтре́плешь) (वस्त्र आदि पहनकर) घिस देना ; **—ся** (आत्म०) १. (वस्त्र) घिसना ; २. (व्यक्ति का) जर्जर होना ।

обтя́гивать (अपू०), **обтяну́ть** (पू०) १. (खींचकर) ढाँपना ; २. (कपड़ा खींचकर) ठीक करना ; ३. (रस्सा बाँधकर) नाव आदि को खींचना ।

обува́ть (अपू०), **обу́ть** (पू०) (भवि० обу́ю, обу́ешь) किसीको जूता/बूट पहनाना ; किसीको बूट/जूता देना ; **—ся** (आत्म०) १. जूता/बूट पहनना ; २. обува́ть का कर्मवाच्य ।

обувно́й (वि०) जूतों का ; о. магази́н जूतों की दुकान ।

о́бувь (स्त्री०) जूता ।

обу́глива||ние (नपुं०) कार्बनीकरण ; **—ать** (अपू०), **обу́глить** (पू०) १. जलाकर कोयला बनाना ; झुलसना ; जलाना ; २. कार्बन बनाना ।

обу́живать (अपू०), **обу́зить** (पू०) (भवि० обу́жу, обу́зишь) तंग करना ; संकुचित करना ।

обу́з||а (स्त्री०) (केवल एकवचन) भार ; быть —ой для кого́-л. किसीके लिए भार होना ।

обу́зд||ывать (अपू०), **обузда́ть** (पू०) रोकना ; थामना ; लगाम लगाना ; संयम में रखना ; —а́ть себя́ अपने आपको संयम में रखना ।

обу́зить दे० обу́живать.

обурева́||ть (अपू०) उत्तेजना दिलाना ; आवेश में लाना ; быть —емым страстя́ми आवेगों के वशीभूत होना ।

обусло́вливать (अपू०), **обусло́вить** (पू०) (भवि० обусло́влю, обусло́вишь) १. शर्त लगाना ; बन्धन लगाना ; २. कारण होना ; **—ся** (आत्म०) शर्त होना ।

обу́ть(ся) दे० обува́ть(ся).

о́бух, обу́х (पुं०) (कुल्हाड़े आदि का) कुन्दा ; पछिया ।

обуча́ть (अपू०), **обучи́ть** (पू०) पढ़ाना ; सिखाना ; प्रशिक्षण देना ; **—ся** (आत्म०) सीखना ; पढ़ना ।

обуче́ние (नपुं०) शिक्षा ; पढ़ाई ; प्रशिक्षण ।

обуя́ть (अपू०) पकड़ना ; छा जाना ; его́ обуя́л страх उस पर डर छा गया ।

обха́жива||ть (अपू०) १. बार-बार जाना ; खुशामद करना ; फुसलाना ; मीठी बातें करके लुभाना ; он до́лго —л тётку, но де́нег от неё не доби́лся वह चाची की बहुत देर तक खुशामद करता रहा, परन्तु उसे रुपया-पैसा न मिला ।

обхва́т (पुं०): в —е परिधि में ।

обхва́тывать (अपू०), **обхвати́ть** (पू०) (भवि० обхвачу́, обхва́тишь) बाँहों में भरना ; भेंग भरना ; э́того де́рева не обхвати́ть इस पेड़ को बाँहों में नहीं भरा जा सकता/उस पेड़ को भेंग में नहीं भरा जा सकता ।

обхо́д (पुं०) १. चक्कर ; गश्त ; пойти́ в о. दौड़/गश्त पर जाना ; २. चक्करदार रास्ता ; ३. (पार्श्व या पीछे से हमला करने के लिए सेना के) घूमने की क्रिया ; ४. (क़ानून आदि का) उल्लंघन ; बचना ।

обходи́тельный (वि०) शिष्ट ; सभ्य ।

обходи́ть (अपू०), **обойти́** (पू०) (वर्त० обхожу́, обхо́дишь ; भवि० обойду́, обойдёшь) १. गुज़रना ; चक्कर लगाना ; गश्त लगाना ; २. पार्श्व या पीछे से हमला करने के लिए सेना का घूमना ; ३. फैलना ; но́вость обошла́ весь го́род समाचार सारे नगर में फैल गया ; ४. (क़ानून आदि का) उल्लंघन करना ; बचना ; ५. टालना ; छोड़ देना ; о. молча́нием चुपके से गुज़रना ; нельзя́ обойти́ э́тот вопро́с इस प्रश्न को टाला नहीं जा सकता ; о. затрудне́ние मुसीबत टालना ; **—ся** (आत्म०) १. बर्ताव करना ; व्यवहार करना ; —ся с кем-л. как с ра́вным किसीसे बराबरी का बर्ताव करना ; २. मूल्य होना ; э́то вам до́рого обойдётся यह आपको महंगा पड़ेगा ; ३. गुज़ारा करना ; काम चलाना ; без кри́ка не обхо́дится चिल्लाये बिना काम नहीं चलेगा/चिल्लाना ही पड़ेगा ।

обхо́дн||ый (वि०) चक्करदार ; —ым путём चक्करदार रास्ते से ।

обхожде́ние (नपुं०) शिष्टाचार ; बर्ताव ; व्यवहार ।

обчища́ть (अपू०), **обчи́стить** (पू०) (भवि० обчи́щу, обчи́стишь) १. साफ़ करना ; २. चुराना ; उड़ा लेना ; साफ़ कर देना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको साफ़ करना ; २. обчища́ть का कर्मवाच्य ।

обша́ривать (अपू०), **обша́рить** (पू०) छान मारना ; बहुत ढूँढना ।

обшив||а́ть (अपू०), **обши́ть** (पू०) (भवि० обошью́, обошьёшь) १. मग़ज़ी लगाना ; संजाफ़ लगाना ; कपड़े पर फ़ीता आदि लगाना ; २. किसीके लिए कपड़ा सीना ; она́ —а́ет всю семью́ वह (स्त्री/लड़की) सारे परिवार के कपड़े सीती है ; ३. तख़्तों से ढँकना ; ४. पलस्तर करना ।

обши́вка (स्त्री०) १. संजाफ़ लगाने/मग़ज़ी लगाने

की क्रिया ; २. फ़ीता लगाने की क्रिया ; ३. तख्ते लगाकर ढाँकने/पलस्तर करने की क्रिया ।

обши́рн||ость (स्त्री०) फैलाव ; विस्तार ; व्यापकता ; **—ый** (वि०) विस्तृत ; विशाल ।

обши́ть दे० обшива́ть.

обшла́г (पुं०) (कमीज़ की आस्तीन के) कफ़ ।

обща́ться (आत्म० अपू०) संसर्ग/सम्पर्क रखना ; मिलना-जुलना ; нельзя́ о. с зара́зными छूत के रोगियों से मिलना-जुलना नहीं चाहिए ।

общедосту́пный (वि०) जो सबकी पहुँच में हो/जहाँ सबकी पहुँच हो ।

общежи́тие (नपुं०) १: सामान्य आवास ; छात्रावास ; बोडिंग हाउस ; २. सामाजिक जीवन ।

общеизве́стный (वि०) सर्वविदित ।

общенаро́дный (वि०) जनसाधारण का ; पंचायती ; आम ।

обще́ние (नपुं०) संसर्ग ; सम्पर्क ; ли́чное о. निजी सम्पर्क ।

общеобяза́тельный (वि०) सबके लिए अनिवार्य ।

общепри́знанный (वि०) सर्वतोस्वीकृत ; जिसे सबने स्वीकार किया हो ।

общесою́зный (वि०) अखिलसंघीय ।

обще́ственник (पुं०) जनसेवक ; समाज-सेवक ।

обще́ственн||ость (स्त्री०) १. जनता ; २. जनमत ; **—ый** (वि०) सार्वजनिक ; सामाजिक ; —ая со́бственность सार्वजनिक सम्पत्ति ; —ый обвини́тель सरकारी अभियोजक ; —ое мне́ние जनमत ; —ая рабо́та समाज-सेवा ; —ые нау́ки समाज-विज्ञान ; —ое положе́ние सामाजिक स्थिति ।

о́бщество (नपुं०) १. समाज ; о. друзе́й Сове́тского Сою́за सोवियत संघ के मित्रों का समाज ; २. कम्पनी ।

обществове́дение (नपुं०) समाज-विज्ञान ।

о́бщ||ий (वि०) सार्वजनिक ; सामान्य ; आम ; о. наибо́льший дели́тель महत्तम सार्वभाजक ; —ее наиме́ньшее кра́тное लघुतम समापवर्त्य ; —ее собра́ние सार्वजनिक सभा ; —ее согла́сие सर्वसम्मति ।

о́бщина, общи́на (स्त्री०) समुदाय ; समष्टि ; संस्था ।

общи́нн||ый (वि०) सामुदायिक ; साझे का ; —ая земля́ साझे की भूमि ।

общи́пывать (अपू०), **общипа́ть** (पू०) (भवि० общи́плю, общи́плешь) नोंचना ; तोड़ना ; о. пе́рья с ку́рицы मुर्ग़ी के पंख नोंचना ।

общи́тельный (वि०) मिलनसार ; о. хара́ктер मिलनसार स्वभाव ।

о́бщность (स्त्री०) साझेदारी ; о. владе́ния स्वामित्व की साझेदारी ।

объеда́ть (अपू०), **объе́сть** (पू०) (भवि० объе́м, объе́шь) (चारों ओर से) खा जाना/कुतरना ; किसी पर भार होना ; मोरचा (ज़ंग) लगना ; **—ся** (आत्म०) आवश्यकता से अधिक खाना ।

объедин||е́ние (नपुं०) १. एकीकरण ; २. संघ ; समाज ; **—ённый** (वि०) संयुक्त ; Организа́ция Объединённых На́ций संयुक्त राष्ट्रसंघ ; **—и́тельный** (वि०) एकत्रीकरण करनेवाला ; एक सूत्र में बाँधनेवाला ।

объединя́ть (अपू०), **объедини́ть** (पू०) मिलाना ; संयुक्त करना ; एकीकरण करना ; **—ся** (आत्म०) १. (-से) मिलना ; २. объединя́ть का कर्मवाच्य ।

объе́дки (बहु०) जूठन ; बचा-खुचा ।

объе́зд (पुं०) १. (चारों ओर) सवारी पर घूमने की क्रिया ; परिभ्रमण ; २. परिपथ ।

объе́здка (स्त्री०) घोड़ा सधाने की क्रिया ।

объе́здчик (पुं०) १. घुड़सवार (सिपाही आदि); २. घोड़े सधानेवाला ।

объезжа́ть (अपू०), **объе́здить, объе́хать** (पू०) (объе́здить से объе́зжу, объе́здишь ; объе́хать से объе́ду, объе́дешь)

(सवारी पर) सफ़र करना ; २. (объéхать पू० के साथ) (के चारों ओर, बीच से) जाना ; ३. (объéздить पू० के साथ) घोड़ा सधाना ।

объéкт (पुं०) वस्तु ; पदार्थ ।

объекти́в (पुं०) (दूरबीन, फ़ोटो कैमरे आदि का) लेंस ।

объекти́вный (वि०) वस्तुपरक ; वस्तुगत ; अनात्मपरक ।

объём (पुं०) आयतन ; घनफल ; परिमाण ; आकार ; **—истый** (वि०) विस्तीर्ण ; बड़ा ; बड़े आकारवाला ; **—ный** (वि०) आयतन से ; आयतनगत ; घनफल के अनुसार ; —ный анáлиз आयतनगत/घनफलात्मक विश्लेषण ।

объéсть(ся) दे० объедáть(ся).

объéхать दे० объезжáть.

объявлéние (नपुं०) घोषणा ; ऐलान ; о. войны́ युद्ध-घोषणा ; २. सूचना ; विज्ञापन ; नोटिस ; вы́весить о. सूचना (नोटिस) लगाना ।

объявля́ть (अपू०), **объяви́ть** (पू०) (भवि० объявлю́, объя́вишь) घोषणा करना ; ऐलान करना ; प्रकाशित करना ; о. войнý युद्ध की घोषणा करना ; о. благодáрность प्रशंसा-भाव व्यक्त करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने कुछ होने की घोषणा करना ; २. प्रकट होना ; (कर्तृ-निरपेक्ष) объявля́ется, что घोषणा की जाती है कि . . . ।

объядéние (नपुं०) э́то о. यह स्वादिष्ट है ।

объясн||éние (नपुं०) स्पष्टीकरण ; व्याख्या ; дáть о. स्पष्टीकरण करना / व्याख्या करना ; **—и́мый** (वि०) व्याख्येय ; निर्वचनीय ; व्याख्या करने योग्य ; **—и́тельный** (वि०) व्याख्यात्मक ।

объясня́ть (अपू०), **объясни́ть** (पू०) स्पष्टीकरण करना ; व्याख्या करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनी बात समझाना ; (अपनी बात का) स्पष्टीकरण करना ; २. (-से) बातचीत करना ; समझाना ; ३. объясня́ть का कर्मवाच्य ।

объя́т||ие (नपुं०) आलिंगन ; заключи́ть когó-л. в —ия किसीका आलिंगन करना ।

объя́||ть ~~(पू०)~~ (обня́ть का पुराना रूप) (भवि० объéмлю объéмлешь या обымý, обы́мешь) १. आलिंगन करना ; २. समझना ; (बात को) पकड़ना ; ३. (भावना आदि का) छा जाना ; अभिभूत हो जाना ; ýжас —л егó उस पर भय छा गया ।

обывáтель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) निवासी/निवासिनी ; **—ский** (वि०) निवासी का ; —ские взгля́ды संकुचित विचार ।

обы́грывать (अपू०), **обыгрáть** (पू०) हराना ; जीतना ; он обыгрáл егó на 5 рублéй उसने उससे पाँच रूबल जीत लिये।

обы́денн||ый, обыдённый (वि०) साधारण ; सामान्य ; —ое происшéствие साधारण घटना ।

обыдёнщина (स्त्री०) सामान्यता ; साधारणता।

обыкновéн||ие (नपुं०) स्वभाव ; आदत ; имéть о. дéлать что-л. कुछ करने की आदत होना ; по —ию स्वभावानुसार ; э́то прóтив егó —ия यह उसके स्वभाव के प्रतिकूल है ; **—но** (क्रि० वि०) प्राय: ; सामान्यत: ; **—ный** (वि०) सामान्य ; साधारण ; —ная истóрия साधारण कथा / साधारण घटना ।

óбыск (पुं०) तलाशी ; производи́ть, дéлать о. где-л. किसी जगह की तलाशी लेना ।

обыскáть दे० обы́скивать ; **—ся** (आत्म०) व्यर्थ तलाश करना ।

обыскивáть (अपू०), **обыскáть** (पू०) (भवि० обыщý, обы́щешь) १. सब जगह तलाश करना ; छान मारना ; २. तलाशी लेना ।

обы́ч||ай (पुं०) रिवाज़ ; प्रथा ; по —аю प्रथा के अनुसार ; э́то в —ае यह यहाँ की प्रथा है।

обы́чн||о (क्रि० वि०) प्राय: ; सामान्यत: ; नियमत: ; **—ый** (वि०) सामान्य ; साधारण ।

обюрокрáтиться (आत्म० पू०) (обюрокрáчусь, обюрокрáтишься) नौकरशाह/दफ़्तरशाह बनना ।

обя́занн||ость (स्त्री०) कर्तव्य ; दायित्व ; ज़िम्मेदारी ; ड्यूटी ; считáть своéй —остью अपना कर्तव्य समझना ; исполня́ть свои́

—ости अपना कर्तव्य-पालन करना/अपनी ड्यूटी पूरी करना ; исполняющий —ости कार्यवाहक ; **—ый** (वि०) १. मजबूर ; быть —ым что-л. сделать कुछ करने पर मजबूर होना ; २. (किसी-का) आभारी होना ; ऋणी होना ; он вам очень обязан वह आपका बहुत आभारी है ।

обязательн||о (क्रि० वि०) अवश्य ; निश्चित रूप से ; अनिवार्य रूप से ; он о. придёт वह अवश्य आयेगा/वह निश्चय ही आयेगा ; **—ый** (वि०) १. अनिवार्य ; आवश्यक ; —ое обучение अनिवार्य शिक्षा ; २. अनुग्रहशील ; उपकारी ; —ый человек अनुग्रहशील / उपकारी मनुष्य ।

обязательственн||ый (वि०) : —ое право दायित्व-क़ानून ।

обязательств||о (नपुं०) दायित्व ; आभार ; ज़िम्मेदारी ; долговое о. ऋणबन्ध ; выполнить —а दायित्व पूरा करना ; взять на себя о. сделать что-л. कुछ करने की ज़िम्मेदारी लेना ।

обязывать (अपू०), **обязать** (पू०) (भवि० обяжу, обяжешь) १. मजबूर करना ; его обязали явиться в срок उसको समय पर आने के लिए मजबूर किया गया ; २. अनुग्रह करना ; उपकार करना ; вы меня этим очень обяжете इससे मैं आपका बड़ा आभारी होऊँगा ; **—ся** (आत्म०) १. ज़िम्मेदारी लेना ; २. обязывать का कर्मवाच्य ।

овальный (वि०) अंडाकार ; अंडे की आकृति का ।

овация (स्त्री०) वाह ! वाह !!

овдове||вший, —лый (कृदन्त) विधुर ; रँडुआ ; **—вшая, —лая** (स्त्री०) विधवा ।

овдоветь दे० вдоветь.

овёс (पुं०) जई ।

овечий (वि०) овца से वि० ; भेड़ का ।

овечка (स्त्री०) овца का अल्प० ।

овин (पुं०) खलिहान ; धान्यागार ।

овла||девать (अपू०), **овладеть** (पू०) १. (भावना को) अभिभूत करना ; क़ाबू करना ; क़ब्ज़ा करना ; अधिकार जमाना , им —дел ужас उस पर भय छा गया ; о. собой अपने आप पर क़ाबू पाना ; २. निष्णात होना ; पारंगत होना ; о. техникой टेकनीक में निष्णात होना/पारंगत होना ; **—дение** (नपुं०) १. अधिकार ; क़ब्ज़ा ; २. पारंगति ; **—деть** दे० овладевать.

овод (पुं०) गोमक्खी ; डाँस ।

овощ||и (बहु०) (овощь एकवचन) सब्ज़ी ; तरकारी ; **—ной** (वि०) सब्ज़ी का ; तरकारी का ।

овраг (पुं०) करिका ; लम्बी गहरी घाटी

овсянка (स्त्री०) जई का आटा ; जई का दलिया ।

овсяной, овсяный (वि०) овёс और овсянка से वि० ।

овца (स्त्री०) भेड़ ।

овцевод (पुं०) अविपाल ; भेड़ें पालनेवाला ; **—ство** (नपुं०) अविपालन ; भेड़ें पालने का कार्य ।

овчар (पुं०) गड़रिया ।

овчар||ка (स्त्री०) (भेड़ों की रक्षा करनेवाला) कुत्ता ; **—ня** (स्त्री०) भेड़ों का बाड़ा ।

овчин||а (स्त्री०) भेड़ का चमड़ा ; **—ка** (स्त्री०) овчина का अल्प० ; **—ный** (वि०) भेड़ के चमड़े का ।

огарок (पुं०) (जलने से बचा हुआ) मोमबत्ती का सिरा ।

огибать (अपू०), **обогнуть** (पू०) १. (मोड़कर) चारों ओर चढ़ाना ; о. обруч вокруг бочки पीपे के चारों ओर छल्ला चढ़ाना ; २. (घूमकर) पार कर जाना ; पास से गुज़र जाना ।

оглавление (नपुं०) विषय-सूची ; अनुक्रमणिका ।

огласить दे० оглашать.

огласк||а (स्त्री०) प्रचार ; प्रसार ; предать —е प्रसारित/प्रचारित करना ; получить —у प्रचारित/प्रसारित होना ।

оглашать (अपू०), **огласить** (पू०) (भवि० оглашу, огласишь) १. घोषणा करना ; ऐलान करना ; о. резолюцию प्रस्ताव की घोषणा करना ; २. प्रसारित/प्रचारित करना ; ३. गुँजा देना ; пение птиц огласило лес पक्षियों के गान से जंगल गूँज उठा ; **—ся** (आत्म०) १. गूँजना ; २. оглашать का कर्मवाच्य ;

—е́ние (नपुं०) १. घोषणा ; ऐलान ; २. प्रचारण/प्रसारण ।

огло́бля (स्त्री०) ईषा (मशीन का लम्बा धुरा) (अंग्रेज़ी—शैफ़्ट) ।

огло́хнуть दे० гло́хнуть.

оглуш||а́ть (अपू०), **оглуши́ть** (पू०) १. बहरा कर देना ; २. (थप्पड़ मारकर) कान सुन्न कर देना ; **—и́тельный** (वि०) बहरा कर देनेवाला ।

огляде́ть दे० огля́дывать.

огля́дк||а (स्त्री०) १. पीछे देखने की क्रिया ; бежа́ть без —и बिना पीछे मुड़कर देखे दौड़ना ; २. सावधानी ; де́йствовать с —ой सावधानी से काम लेना ।

огля́дывать (अपू०), **огляде́ть, огляну́ть** (पू०) निरीक्षण करना ; देखना ; огляде́ть с головы́ до ног सिर से पाँव तक निरीक्षण करना ; **—ся** (आत्म०) १. (огляде́ться पू० के साथ) (चारों ओर) देखना ; (केवल पू०) आदत हो जाना ; २. (огляну́ться पू० के साथ) पीछे मुड़कर देखना ।

огнево́й (वि०) ого́нь से वि० ।

огнеды́шащ||ий (वि०) आग उगलनेवाला ; —ая гора́ ज्वालामुखी पर्वत ।

о́гненный (वि०) अग्निमय ; प्रज्वलित ; उग्र ।

огнеопа́сный (वि०) ज्वलनशील ।

огнепокло́нни||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) अग्निपूजक ; **—чество** (नपुं०) अग्निपूजा ।

огнесто́йкий (वि०) अग्निसह ।

огнестре́льный (वि०) : —ое ору́жие आग्नेयास्त्र ; —ая ра́на गोली का घाव ।

огнетуши́тель (पुं०) अग्निशामक ।

огнеупо́рный (वि०) अग्निसह ; ऊष्मसह ।

огни́во (नपुं०) पलीता ।

о́го (विस्मय०) ओहो !

огова́ривать (अपू०), **оговори́ть** (पू०) १. निन्दा करना ; अपवचन कहना ; २. (को) हिसाब में लेना ; पहले से ही निदेश करना ; उल्लेख करना ; а́втор оговори́л э́то в предисло́вии लेखक ने इसका भूमिका में उल्लेख किया है ; **—ся** (आत्म०) १. कह बैठना ; बोल उठना ; फूट पड़ना २. (केवल पू०) (पहले से ही) अपवाद करना ; मर्यादा बाँध देना ।

огово́р (पुं०) अपवाद ; निन्दा ; **—ка** (स्त्री०) शर्त ; उपबन्ध ; с —кой शर्त के साथ ; без огово́рок बिना शर्त के ।

оголе́ние (नपुं०) नंगा करने/होने की क्रिया ।

оголте́лый (वि०) निर्लज्ज ; बेशर्म ।

оголя́ть (अपू०), **оголи́ть** (पू०) नंगा करना ; **—ся** (आत्म०) नंगा होना ; дере́вья оголи́лись पेड़ों के पत्ते झड़ गये ।

огонёк (पुं०) ого́нь का अल्प ; अग्निक ; блужда́ющий о. कच्छ-प्रकाश / धोखा देनेवाला प्रकाश ।

ого́нь (पुं०) (केवल एकवचन) १. अग्नि ; २. शलक ; गोलाबारी ; группово́й о. सामूहिक तौर पर गोलाबारी/शलक करना ; ३. रोशनी ; огни́ поту́шены रोशनी बुझा दी गयी ।

огора́живание (नपुं०) बाड़ लगाने/मेंड़ बनाने की क्रिया ।

огора́живать (अपू०), **огороди́ть** (पू०) (भवि० огорожу́, огоро́дишь) बाड़ लगाना ; मेंड़बन्दी करना ; घेरा करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने चारों ओर मेंड़ बना लेना ; २. огора́живать का कर्मवाच्य ।

огоро́д (पुं०) सब्ज़ी की बारी/ बगिया ।

огороди́ть दे० огора́живать.

огоро́дн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) सब्ज़ी/तरकारी की खेती करनेवाला/वाली ।

огоро́ш||ить (पुं०) चौंका देना ; चकित करना ; घबड़ा देना ; его́ э́то —ило इससे वह चकित रह गया ।

огорча́ть (अपू०), **огорчи́ть** (पू०) दुःख देना ; कष्ट देना ; я вам э́того не ска́зывал, потому́ что боя́лся вас огорчи́ть मैंने आपसे यह बात इसलिए नहीं कही कि आपको सुनकर दुःख होगा ; **—ся** (आत्म०) दुःखी होना ।

огорче́ние (नपुं०) कष्ट ; दुःख ; **—и́тельный** (वि०) दुःखदायी ; कष्टकर ।

огорчи́ть(ся) दे० огорча́ть(ся)

огра́б||ить दे० гра́бить ; **—ле́ние** (नपुं०) डाका ; डकैती ।

огра́да (स्त्री०) मेंड़ ; बाड़ ।

огражда́ть (अपू०), **огради́ть** (पू०) (भवि० огражу́, огради́шь) १. बाड़ लगाना ; मेंड़ बनाना ; २. (-से) रक्षा करना ; बचाव करना ; **—ся** (आत्म०) (अपनी) रक्षा करना ; बचाव करना ।

огражде́ние (नपुं०) रोक ; रुकावट ।

ограниче́ние (नपुं०) सीमितता ; प्रतिबन्ध ।

ограни́ченн||ость (स्त्री०) १. (साधनों की) स्वल्पता ; (व्यक्ति का) ओछापन ; संकीर्णता ; **—ый** (वि०) सीमित ; स्वल्प ; (व्यक्ति) ओछा ; संकीर्णहृदय ।

ограни́чивать (अपू०), **ограни́чить** (पू०) सीमित करना ; मर्यादित करना ; प्रतिबन्धित करना ; о. ора́тора вре́менем वक्ता का समय सीमित करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको सीमा में रखना ; २. ограни́чивать का कर्मवाच्य ।

ограничи́тельный (वि०) प्रतिबन्धकारी ; सीमित करनेवाला ।

огре́ть (पू०) १. तापना ; २. चपत मारना ।

огро́мн||ый (वि०) विराट् ; विशाल ; बृहत् ; महान् ; —ое жела́ние महती इच्छा ; —ое большинство́ अत्यधिक बहुमत ।

огрубе́||лый (वि०) खुरदरा ; सख़्त किया हुआ ; **—ть** दे० грубе́ть

огрыза́ться (आत्म० अपू०) **огрызну́ться** (पू०) (दाँत से) चटकाकर तोड़ना ।

огры́зок (पुं०) दाँत से काटा हुआ टुकड़ा/हिस्सा ; о. я́блока दाँत से काटा हुआ सेब का टुकड़ा ।

огу́зок (पुं०) पुट्ठा ।

огу́лом (क्रि० वि०) थोक ; ढेर का ढेर ; सारा ।

огу́льн||о (क्रि० वि०) आधार या प्रमाण के बिना ; **—ый** (वि०) १. बिना आधार/प्रमाण का ; निराधार ; २. बिना छाँटे हुए ।

огуре́||ц (पुं०) खीरा ; **—чный** (वि०) खीरे का ।

о́да (स्त्री०) (छोटा) गीत ।

одарённ||ость (स्त्री०) देन ; ईश्वरीय देन ; **—ый** (वि०) मेधावी ; गुणी ।

ода́ривать = одаря́ть

одар||я́ть (अपू०), **одари́ть** (पू०) १. उपहार देना ; о. кого́-л. чем. л. किसीको कुछ उपहार देना ; २. (-से) सम्पन्न करना ; приро́да —и́ла его́ прекра́сными спосо́бностями प्रकृति ने उसे विशिष्ट गुणों से सम्पन्न किया है ।

одева́ть (अपू०), **оде́ть** (पू०) (भवि० оде́ну, оде́нешь) कपड़े पहनाना ; **—ся** (आत्म०) कपड़े पहनना ; хорошо́ —ся अच्छे कपड़े पहनना ।

оде́жда (स्त्री०) वस्त्र ; कपड़े ; фо́рменная о. वर्दी ।

одеколо́н (पुं०) ओडीकोलोन (कोलोन का इत्र) ।

оделя́ть (अपू०), **одели́ть** (पू०) १. (एक-एक करके बहुतों को) उपहार देना ; он одели́л игру́шками всех дете́й उसने एक-एक करके सब बच्चों को गुड़ियाँ उपहार-रूप में दी ; २. (-से) सम्पन्न करना ।

одёргивать (अपू०), **одёрнуть** (पू०) १. खींचना ; о. пла́тье खींचकर कपड़े ठीक करना ; २. (किसी को झाड़ पिलाकर) मुँह बन्द करना ; झिड़कना ।

одеревене́лый (वि०) सुन्न ; काठ मारा हुआ-सा ; विजड़ित ; स्तब्ध ।

одеревене́ть दे० деревне́ть.

оде́рживать (अपू०), **одержа́ть** (पू०) प्राप्त करना ; पाना ; о. побе́ду над кем-л. किसी पर विजय पाना ।

одёрнуть दे० одёргивать.

оде́тый : оде́ть से कृदन्त ; सवस्त्र ; कपड़े पहने हुए ; ढँका हुआ ; о. сне́гом हिमाच्छादित/बर्फ़ से ढँका हुआ ।

оде́ть(ся) दे० одева́ть(ся).

одея́ло (नपुं०) कम्बल ; रज़ाई ।

одея́ние (नपुं०) वस्त्र ; पोशाक ।

оди́н (पु॰) १. (गिनती) एक ; о. из ста सौ में से एक ; о из них उनमें से एक ; (बहु॰) कोई एक ; कुछेक ; одни́ согласи́лись с ним, а други́е нет कुछेक उससे सहमत हो गये, बाक़ी नहीं ; о. еди́нственный केवल एक ; २. उसी/एक ही ; они́ живу́т в одно́м до́ме वह उसी (एक ही) घर में रहते हैं ; одного́ во́зраста एक ही आयु का/क़द का ; о. и тот же वही ; ३. अकेला ; он был совсе́м о. वह बिल्कुल अकेला था ; ४. केवल ; о. он мо́жет сде́лать э́то केवल वही यह कर सकता है ; □ все как о. सब एक होकर ; одни́м сло́вом एक शब्द में ; о. раз एक बार ।

одина́ково (क्रि॰ वि॰) बराबर ; समानता से ।

одина́ков||ый (वि॰) एक-से ; समान ; वही ; они́ —ого ро́ста वे क़द में बराबर हैं/वे बराबर लम्बे हैं ।

одинё||хонек, —шенек (पु॰) बिल्कुल अकेला ; सर्वथा एकाकी ।

одиннадцати- (उपसर्ग) ग्यारह- ; одиннадцатидне́вный ग्यारह दिन का ; одиннадцатиле́тний ग्यारह वर्ष का ।

оди́ннадцатый (वि॰) ग्यारहवाँ ; о. но́мер ग्यारहवाँ नम्बर ।

оди́ннадцать (गिनती) ग्यारह ।

одино́кий (वि॰) १. अकेला ; २. कुँवारा ; अविवाहित ; ३. बिना परिवार का ।

одино́ко (क्रि॰ वि॰) अकेले ; жить о. अकेले रहना ।

оди́ночество (नपुं॰) अकेलापन ; एकान्त ।

одино́чк||а (उभ॰) १. अकेला/अकेली ; жить —ой अकेले रहना ; по —е एक-एक करके ; २. एकान्त ; क़ैद कोठरी ; एकान्त कारा ।

одино́чн||ый (वि॰) अकेले का ; एकान्त का ; एक-एक का ; —ое заключе́ние एकान्त कारावास ; о. ого́нь एक-एक करके गोली चलाना ।

одио́зный (वि॰) गर्हित ; कुत्सित ; घृणास्पद ।

одича́лый (वि॰) जो जंगली हो गया हो ।

одича́ние (नपुं॰) जंगली बनना ।

одича́ть दे॰ дича́ть.

одна́ : оди́н का स्त्री॰-रूप ।

одна́жды (क्रि॰ वि॰) एक बार ।

одна́ко, —ж, —же (अ॰ सम्बन्धसूचक) १. तथापि ; तो भी ; ख़ैर ; लेकिन ; परन्तु ; चाहे ; по́зже, о., он пришёл ख़ैर, बाद में वह आ गया ; он был там, о. их не ви́дел वह वहाँ था, फिर भी उसने उनको नहीं देखा ; २. (विस्मय॰) सचमुच !

одни́ : оди́н का बहु॰-रूप ।

одно́ : оди́н का नपुं॰-रूप ।

одноа́ктный (वि॰) एकांकी (नाटक) ।

одноб́окий (वि॰) एक बग़ल का ।

одновесе́льный (वि॰) एक चप्पू का

одновре́менн||о (क्रि॰ वि॰) एक ही समय ; साथ-साथ ; —ый (वि॰) युगपत् ; एक साथ होनेवाला ।

одногла́зый (वि॰) एकाक्षी ; एक आँखवाला ; काना ।

одного́рбый (वि॰) एक ककुदवाला ; о. верблю́д एक ककुदवाला ऊँट ।

однодне́вный (वि॰) एक दिन का ।

однозву́чный (वि॰) एक ही स्वर का ; एक लय का ; नीरस ।

однозна́ч||ащий (वि॰) पर्यायवाची ; समानार्थी ; **—ный** (वि॰) १. (गणित) सरल ; २. = однозна́чащий.

одноимённый (वि॰) नामराशि ; एक ही नाम का ; हमनाम ।

однока́шник (पुं॰) साथ-साथ पले-बढ़े ; जो साथ-साथ पाले-पोसे गये हों ।

однокла́ссни||к (पुं॰), **—ца** (स्त्री॰) एक ही कक्षा में पढ़नेवाला/वाली ।

однокóлка (स्त्री॰) दुपहिया गाड़ी ।

однокра́тный (वि॰) सकृतभावी ; एक बार होनेवाला ; क्षणिक ।

однолéт||ний (वि॰) एक वर्ष का ; —ок (पुं॰) समवयस्क ; हमउम्र ।

однонóгий (वि०) एक टाँगवाला ।

однообрáз||ие (नपुं०), **—ность** (स्त्री०) एकरूपता ; एकरसता ; नीरसता ।

однопалáтный (वि०) एकसदनी ।

одноплемённый (वि०) सगोत्र ; एक ही क़बीले का ।

однопóлый (वि०) (वन०) एकांगी ; समलिंगी ।

однорóгий (वि०) एक सींगवाला ।

однорóдн||ость (स्त्री०) एकजातीयता ; एकरूपता ; **—ый** (वि०) एकजातीय ; एकरूप ।

односельчáн||ин (पुं०), **—ка** (स्त्री०) समग्रामीय ; एक ही गाँव का/की ।

однослóжный (वि०) एकमात्रिक ; एक सिलेबल का ।

односпáльн||ый (वि०) —ая кровáть एक व्यक्ति के सोने की चारपाई ।

одностoрóнний (वि०) एकपक्षीय ; एक ओर का ; एकतरफ़ा ।

одноýхий (वि०) एक कानवाला ।

одноцвéтный (वि०) एक रंग का ।

одночлéн (पुं०) (गणित) एकपदीय ।

одноэтáжний (वि०) एक मंज़िल का (मकान)।

одобр||éние (नपुं०) अनुमोदन ; **—ительный** (वि०) अनुमोदनात्मक ।

одобрять (अपू०), **одóбрить** (पू०) अनुमोदन करना ।

одолевáть (अपू०), **одолéть** (पू०) जीतना ; विजय पाना ; о. протíвника विरोधी पर विजय पाना ; (कठिनाई आदि पर) क़ाबू पाना ; मुक़ाबला करना ; सुलझाना ।

одолжáть (अपू०), **одолжíть** (पू०) १. उधार देना ; २. उधार लेना ; ३. अनुग्रह करना ; **—ся** (आत्म०) अनुगृहीत होना ; आभारी होना ।

одолжéние (नपुं०) अनुग्रह ; कृपा ; сдéлать о. अनुग्रह करना /कृपा करना ।

одолжить दे० одолжáть.

одонтолóгия (स्त्री०) दन्तविद्या ।

одряхлéть दे० дряхлéть.

одувáнчик (पुं०) पीले फूलवाला एक प्रकार का पौधा (अँग्रेज़ी—डैंडेलियन) ।

одýматься (आत्म० पू०) (भली भाँति सोच-विचार करके) इरादा बदलना ।

одурáчивать (अपू०), **одурáчить** (पू०) बुद्धू बनाना ; मूर्ख बनाना ।

одурáчить दे० одурáчивать और дурáчить.

одурéлый (वि०) हतबुद्धि ; (किसी वजह से) अक़्ल गँवा बैठनेवाला ।

одурéние = óдурь.

одурéть दे० дурéть.

одурмáнивать (अपू०), **одурмáнить** (पू०) हतप्रभ करना ; बुद्धि हरना ; प्रमत्त करना ; **—ся** (आत्म०) हतप्रभ होना ; निर्बुद्धि होना ; प्रमत्त होना ।

одурмáнить दे० одурмáнивать और дурмáнить.

óдурь (स्त्री०) हतप्रभता ; बुद्धि की जड़ता ; व्यामोह ; मदहोशी ।

одурять=одурмáнивать.

одутловáт||ость (स्त्री०) स्थूलता ; मुटापा ; **—ый** (वि०) १. फूला हुआ ; —ое лицó फूला हुआ मुँह ; २. स्थूल ; मोटा ।

одухотворять (अपू०), **одухотворить** (पू०) आध्यात्मिक बनाना ; आध्यात्मिक स्तर पर लाना ; उदात्त करना ।

одушев||ить(ся) दे० одушевлять(ся) ; **—лéние** (नपुं०) चेतनायुक्त करने/अनुप्राणित करने की क्रिया ।

одушевлять (अपू०), **одушевить** (पू०) (भवि० одушевлю́, одушеви́шь) चेतना-सम्पन्न करना ; अनुप्राणित करना ; **—ся** (आत्म०) अनुप्राणित होना ; चेतना-सम्पन्न होना ।

одышка (स्त्री०) उखड़ी साँस ; शीघ्र-श्वसन ; (रोग आदि के कारण) साँस लेने में कठिनाई ।

ожерéлье (नपुं०) कंठहार ।

ожесточáть (अपू०), **ожесточить** (पू०) कठोर करना ; क्रूर बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. कठोर होना ; क्रूर होना ; २. ожесточáть का कर्मवाच्य ।

ожесточе́ние (नपुं०) कठोरता ; क्रूरता ।

ожесточённость (स्त्री०) = ожесточе́ние.

ожесточи́ть(ся) दे० ожесточа́ть(ся).

оже́чь(ся) = обже́чь(ся).

ожива́ть (अपू०), **ожи́ть** (पू०) (भवि० оживу́, оживёшь) जीवन पाना ; अस्तित्व में आना ।

ожив||и́ть(ся) दे० оживля́ть(ся) ; **—ле́ние** (नपुं०) १. अधिक सजीव बनाने की क्रिया ; पुनर्जीवित करने की क्रिया ; २. प्राण-संचार ; जोश ; उत्साह ; с больши́м —ле́нием बड़े उत्साह से ; **—лённо** (क्रि० वि०) जोश से ; उत्साह से ; **—лённый** (वि०) सजीव ; जोशीला ।

оживля́ть (अपू०), **оживи́ть** (पू०) (भवि० оживлю́, оживи́шь) प्राणान्वित करना ; पुनर्जीवित करना ; प्रोत्साहित करना ; प्राण डालना ; **—ся** (आत्म०) १. प्राणान्वित होना ; २. оживля́ть का कर्मवाच्य ।

ожида́ни||е (नपुं०) प्रतीक्षा ; प्रत्याशा ; обману́ть чьи-л. —я किसीको निराश करना ; в —и его́ возвраще́ния उसके लौटने तक ; сверх —я अप्रत्याशित ।

ожида́||ть (अपू०) प्रतीक्षा करना ; आशा रखना ; он —ет его́ уже́ час वह उसकी एक घंटे से प्रतीक्षा कर रहा है ; я не —л вас ви́деть मुझे आपसे मिलने की आशा नहीं थी ।

ожире́ние (नपुं०) पीनता ; स्थूलता ; मुटापा ।

ожи́ть दे० ожива́ть.

ожо́г (पुं०) जलन ।

озабо́тить(ся) दे० озабо́чивать(ся).

озабо́ченн||ость (स्त्री०) चिन्ता ; फ़िक्र ; **—ый** (वि०) चिन्तित ; फ़िक्रमन्द ।

озабо́чивать (अपू०), **озаботи́ть** (पू०) (भवि० озабо́чу, озабо́тишь) चिन्तित करना ; चिन्ता उत्पन्न करना ; **—ся** (आत्म०) देख-भाल करना ; चिन्तित होना ।

озагла́вливать (अपू०), **озагла́вить** (पू०) (भवि० озагла́влю, озагла́вишь) शीर्षक देना ; о. статью́ लेख का शीर्षक देना ।

озада́ченн||ость (स्त्री०) परेशानी ; घबराहट ; आकुलता ; **—ый** (वि०) परेशान ; घबराया हुआ ; आकुल ।

озада́чивать (अपू०), **озада́чить** (पू०) घबराना ; व्याकुल करना ; परेशान करना ।

озаря́ть (अपू०), **озари́ть** (पू०) आलोकित करना ; उजागर करना ; **—ся** (आत्म०) १. आलोकित होना ; उजागर होना ; २. озаря́ть का कर्मवाच्य ।

озвере́||лый (वि०) जो नृशंस/निर्दयी हो गया हो ; **—ние** (नपुं०) नृशंसता ; निर्दयता ; с —нием निर्दयता से ।

озвере́ть दे० звере́ть.

озву́чивать (अपू०), **озву́чить** (पू०) (फ़िल्म में) आवाज़ भरना ।

оздоров||и́ть दे० оздоровля́ть ; **—ле́ние** (नपुं०) आरोग्य/स्वस्थ बनाने की क्रिया ।

оздоровля́ть (अपू०), **оздорови́ть** (पू०) (भवि० оздоровлю́, оздорови́шь) आरोग्य बनाना ; स्वस्थ बनाना ।

озеленя́ть (अपू०), **озелени́ть** (पू०) हरियाली करना ; हरे पौधे लगाना ।

о́земь (क्रि० वि०) भूमि पर ; नीचे ; уда́риться о. भूमि पर गिरना ।

озерно́й, озёрный (वि०) झील का ; о. бе́рег झील का तट ।

о́зеро (नपुं०) झील ।

ози́мые (बहु०) (वि० रू०) जाड़े की फ़सलें ।

ози́м||ый (वि०) सर्दी का ; जाड़े का ; — культу́ра जाड़े की फ़सल ।

о́зимь (स्त्री०) जाड़े की फ़सल ।

озира́ть (अपू०) अवलोकन करना ; देखना ; **—ся** (आत्म०) पीछे मुड़कर देखना ; चारों देखना ।

ози́ться = обозли́ться.

озло́б||ить(ся) दे० озлобля́ть(ся) ; — **ние** (नपुं०) शत्रुता ; वैर ; क्रोध ।

озлобля́ть (अपू०), **озло́бить** (पू०) (भवि० озло́блю, озло́бишь), क्रुद्ध करना ; **—ся** (आत्म०) १. क्रुद्ध होना ; २. озлобля́ть का कर्मवाच्य ।

ознако́м‖ить(ся) दे० ознакомля́ть(ся) ; **—ле́ние** (नपुं०) परिचय ।

ознакомля́ть (अपू०), **ознако́мить** (पू०) (भवि० ознако́млю, ознако́мишь) (-से) परिचय कराना ; **—ся** (आत्म०) (-से) परिचय करना ।

ознаменова́ние (नपुं०) : в о. чего́-л. (किसी उपलक्ष्य में/किसी घटना की स्मृति में) त्यौहार मनाने की क्रिया ।

ознаменова́ть (पू०) (किसी उपलक्ष्य में/किसी घटना की स्मृति में) त्यौहार मनाना ; दिन मनाना ।

означа́‖ть (अपू०) अर्थ देना ; द्योतन करना ; सूचित करना ; что —ют э́ти бу́квы ? ये अक्षर क्या अर्थ देते हैं ?

озна́ченный (वि०) पूर्वोक्त ।

озно́б (पुं०) कँपकँपी ; बुखार ; ठंड ; у него́ о. वह काँप रहा है ।

озолоти́ть (पू०) (озолочу́, озолоти́шь) १. सोने का पानी करना ; मुलम्मा करना ; २. धनी बनाना ; सोने से लाद देना ; **—ся** (आत्म०) सोने-का सा हो जाना ; सुनहरा हो जाना ।

озор‖ни́к (पुं०), **—ни́ца** (स्त्री०) १. शरारती बच्चा ; शरारती आदमी / औरत ; धूर्त/चालाक पुरुष या स्त्री ; **—ннча́ть** (अपू०) बच्चे का शरारतें करना ; चालाकी करना ; धूर्तता करना ; **—но́й** (वि०) शरारती ; चालबाज़ ; чалाक ; —ны́е глаза́ शरारत-भरी आँखें ; **—ство́** (नपुं०) शरारत ; चालाकी ।

озя́б‖нуть (पू०) ठंडा होना ; जम जाना ; सुन्न होना ; у него́ —ли ру́ки (ठंड के मारे) उसके हाथ सुन्न हो गये हैं ।

ой (विस्मय०) ओ ! ऐ !

оказа́ние (नपुं०) : для оказа́ния по́мощи सहायता देने के लिए ।

оказа́ть दे० ока́зывать

ока́зия (स्त्री०) १. अवसर ; २. अप्रत्याशित घटना ; अजीब बात ; кака́я о. ! कैसी अप्रत्याशित घटना है !/कैसी अजीब बात है !

ока́зывать (अपू०), **оказа́ть** (पू०) (भवि० окажу́, ока́жешь) १. (सहायता) देना ; о. соде́йствие सहयोग देना ; о. по́мощь सहायता देना ; о. услу́гу सेवा करना ; २. दिखाना ; प्रकट करना ; अधिक आदर करना ; о. предпочте́ние अधिक अनुराग दिखाना / प्रकट करना ; о. давле́ние दबाव डालना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रकट होना ; २. होना ; पता लगना ; सिद्ध होना ; оказа́лось, что पता लगा कि... ; двух экземпля́ров кни́ги не оказа́лось पुस्तक की दो प्रतियाँ नहीं मिली (अर्थात गुम थीं) ; трево́га оказа́лась напра́сной भय व्यर्थ सिद्ध हुआ ; ока́зывается, что मालूम पड़ता है कि... ।

окаймля́ть (अपू०), **окайми́ть** (पू०) (भवि० окаймлю́, окайми́шь) मग़ज़ी लगाना ; किनारी लगाना ; संजाफ़ लगाना ।

окамене́л‖ость (स्त्री०) अश्मीभूतता ; पथरीलेपन का भाव/पथरीलापन ; पत्थर बनाने का भाव ; **—ый** (वि०) अश्मीभूत ; पत्थर बना हुआ (पदार्थ) ; पृथ्वी के भीतर गड़ा हुआ (पदार्थ) ।

окамене́ть दे० камене́ть.

окантова́ть (पू०) (**—ту́ю**) : о. карти́ну चित्र को मढ़ना ।

ока́нчивать (अपू०), **око́нчить** (पू०) १. समाप्त करना ; खत्म करना ; око́нчить шко́лу स्कूल की शिक्षा समाप्त करना ; **—ся** (आत्म०) समाप्त होना ; खत्म होना ; २. ока́нчивать का कर्मवाच्य ।

ока́пывать (अपू०), **окопа́ть** (पू०) चारों ओर खोदना ; (सेना-सम्बन्धी) खाइयाँ खोदकर जम जाना ।

о́кать (अपू०) 'ओ' का उच्चारण करना ।

ока́чивать (अपू०), **окати́ть** (पू०) (भवि० окачу́, ока́тишь) १. पानी में गोता देना ;

भिगोना ; окати́ть холо́дной водо́й ठंडा पानी उँडेलना ; २. उत्साह भंग करना ।

ока́шивать (अपू॰), **окоси́ть** (पू॰) (भवि॰ окошу́, окоси́шь) चारों ओर से (घास आदि) काटना ।

окая́нный (वि॰) अभिशप्त ; अभागा ।

океа́н (पुं॰) महासागर ; **—ский** (वि॰) महासागर का ।

оки́дывать (अपू॰), **оки́нуть** (पू॰): о. взгля́дом, взо́ром निगाह डालना/नज़र दौड़ाना ।

о́кисел (पुं॰) (रस॰) ऑक्साइड ।

окисля́ть (अपू॰), **оки́слить** (पू॰) (रस॰) ऑक्सीकरण करना ।

о́кись (स्त्री॰) (रस॰) ऑक्साइड ; о. же́леза फ़ेरिक ऑक्साइड ; लौहिक/लौह ऑक्साइड ; о. углеро́да कार्बन-ऑक्साइड ।

окклю́зия (स्त्री॰) (रस॰) अधिधारण (अंग्रेज़ी—अक्लूज़न) ।

оккульти́зм (पुं॰) गुप्त विद्या ।

окку́льтный (वि॰) गुप्त ; गुह्य ; अगोचर ।

оккуп||а́нт (पुं॰) अधिकार जमानेवाला ; आधिपत्य जमानेवाला ; **—ацио́нный** (वि॰) —ацио́нная а́рмия आधिपत्य करनेवाली सेना ।

оккупи́ровать (अपू॰) (—рую) आधिपत्य करना ; अधिकार जमाना ।

окла́д (पुं॰) १. वेतन-दर ; तनख़्वाह की दर ; २. कर ; ३. मूर्ति का ढाँचा ; चौखटा ।

окла́дист||ый (वि॰) : —ая борода́ चौड़ी और घनी दाढ़ी ।

окладно́й (वि॰) о. сбор निर्धारित कर ।

оклевета́ть (पू॰) (किसीके बारे में) बदनामी फैलाना ; अपयश फैलाना ।

окле́ивать (अपू॰), **окле́ить** (पू॰) चिपकाना ; окле́ить ко́мнату обо́ями कमरे की दीवारों पर काग़ज़ चिपकाना ।

о́клик (पुं॰) आह्वान ; बुलावा ।

оклика́ть (अपू॰), **окли́кнуть** (पू॰) आह्वान करना ; बुलावा देना ।

окно́ (नपुं॰) खिड़की ; слухово́е о. (ढलवाँ छत में) बाहर को निकली हुई खिड़की ।

о́ко (नपुं॰) (काव्य॰) नेत्र ; ☐ в мгнове́ние о́ка निमिष में/आँख झपकते ; о́ко за о́ко जैसे को तैसा ।

око́вка (स्त्री॰) किसी धातु से मढ़ने/साम चढ़ाने की क्रिया ।

око́вы (बहु॰) बेड़ियाँ ; сбро́сить с себя́ о. बेड़ियाँ तोड़ना ; налага́ть о. बेड़ियाँ डालना ।

око́вывать (अपू॰), **окова́ть** (पू॰) (भवि॰ оку́ю, окуёшь) १. (किसी धातु से) मढ़ना ; о. сунду́к желе́зом सन्दूक लोहे से मढ़ना ; २. बेड़ियाँ डालना ; दास बनाना ।

окола́чиваться (आत्म॰ अपू॰) मटरगश्त करना ; टहलना ; о. без де́ла आवारागर्दी करना।

околдо́вывать (अपू॰), **околдова́ть** (पू॰) (भवि॰—дую́) जादू करना ; टोना करना।

околева́ть (अपू॰), **околе́ть** (पू॰) (पशुओं का) मरना ; ло́шадь околе́ла घोड़ा मर गया।

околёсина = околёсица.

околёсиц||а (स्त्री॰) बकवास ; ☐ нести́ —у बकवास करना ।

околе́ть दे॰ околева́ть.

око́лица (स्त्री॰) (नगर का) उपान्त ; на —е उपान्त पर ।

околи́чност||ь (स्त्री॰) चक्कर ; हेर-फेर ; ताम-लपेट ; без вся́ких —ей बिना हेर-फेर/बिना ताम-लपेट ।

о́коло (क्रि॰ वि॰) १. समीप ; पास ; आस-पास ; о. э́то совсе́м о. यह तो बिल्कुल समीप है ; २. о. го́рода есть о́зеро नगर के समीप झील है ; ३. लगभग ; о. трёх дней लगभग तीन दिन ।

околóдок (पुं॰) १. पड़ौस ; २. नगर का वार्ड ; भाग ; ३. थाना ।

околóдочный (वि॰) १. околóдок-३ का वि॰ ; २. (रूसी इतिहास में) पुलिस-अफ़सर ; о. надзира́тель (रूसी इतिहास में) पुलिस-अफ़सर ।

околоплóдник (पुं॰) (वन॰) बीजकोष फलावरण (अंग्रेज़ी—पेरीकार्प) ।

околосерде́чн||ый (वि०) : —ая су́мка परिहृद (हृदय के चारों ओर की झिल्ली) ।

около́ток = околодо́к.

околоу́шный (वि०) कान के आस-पास का ।

околпа́чивать (अपू०), **околпа́чить** (पू०) मूर्ख बनाना ; बुद्धू बनाना ।

око́лыш (पुं०) टोपी का घेरा ।

око́льный (वि०) चक्करदार ; о. путь चक्करदार रास्ता ।

оконе́чность (स्त्री०) चरम सीमा ; पराकाष्ठा ; छोर ।

око́нн||ый (वि०) खिड़की का ; —ое стекло́ खिड़की का शीशा ।

оконфу́зить (पू०) (оконфужу́, оконфузишь) घबरा देना ; सिटपिटा देना ; सिट्टी गुम कर देना ।

оконча́||ние (नपुं०) अन्त ; समाप्ति ; по —нии университе́та स्नातक होने पर/विश्वविद्यालय की शिक्षा समाप्त करने पर ; **—тельно** (क्रि० वि०) अन्तिम रूप से ; **—тельный** (वि०) अन्तिम ; निश्चित ; —тельное реше́ние अन्तिम निर्णय ।

око́нчить दे० ока́нчивать.

око́п (पुं०) खाई ; рыть —ы खाइयाँ खोदना ।

окопа́ть दे० ока́пывать.

окора́чивать (अपू०), **окороти́ть** (पू०) (भवि० окорочу́, окороти́шь) छोटा करना ; संक्षिप्त करना ।

око́рка (स्त्री०) छिलका उतारने/छीलने की क्रिया ।

окорми́ть (पू०) (भवि० окормлю́, око́рмишь) १. अधिक खिलाना ; २. खराब भोजन कराके विष चढ़ाना ।

оформля́ть (अपू०), **оформи́ть** (पू०) (भवि० офо́рмлю, офо́рмишь) १. आकार देना ; रूप देना ; २. वैध रूप देना ; ३. पंजीयन करना ; रजिस्टर में दर्ज कराना ; **—ся** (आत्म०) १. आकार धारण करना ; २. अपना नाम रजिस्टर में दर्ज कराना ; ३. अपनी स्थिति को विधि के अनुकूल करना ; ४. оформля́ть का कर्मवाच्य ।

офтальм||и́я (स्त्री०) आँख आना ; आँख की बीमारी ; **—оло́гия** (स्त्री०) नेत्र-विज्ञान ।

офутерова́ть दे० футерова́ть.

ох ! (विस्मय०) ओह !

оха́ивать (अपू०), **оха́ять** (पू०) मानहानि करना ; अपयश फैलाना ।

о́ханье (नपुं०) कराहना ; क्रन्दन ।

оха́пк||а (स्त्री०) भुजाओं में समेटने योग्य ; взять в —у आलिंगन करना ।

охарактеризова́ть (पू०) (—зу́ю) वर्णन करना ।

о́хать (अपू०), **о́хнуть** (पू०) आहें भरना ; कराहना ; क्रन्दन करना ।

оха́ять दे० оха́ивать.

охва́т (पू०) १. कार्य-क्षेत्र ; २. समावेश ; ३. (सेना का) लपेट में आना/घेरे में आना ।

охва́тывать (अपू०), **охвати́ть** (पू०) (भवि० охвачу́ ; охва́тишь) १. लपेटना ; घेरना ; २. (भावों का) छा जाना ; ३. समझना ; ग्रहण करना ; ४. समावेश करना ; अन्तर्भाव करना ।

охладéть दे० охладевáть.

охлади́тель (पुं०) प्रशीतक (अंग्रेज़ी—रेफ़्रीजरेटर) ।

охлаждáть (अपू०), **охлади́ть** (पू०) (भवि० охлажý охлади́шь) ठंडा करना ; शीतल करना ; **—ся** (आत्म०) १. ठंडा पड़ना ; ठंडा होना ; २. охлаждáть का कर्मवाच्य ।

охмелéть (पू०) नशे में होना ।

óхнуть दे० óхать.

охолости́ть दे० холости́ть.

охорáшиваться (आत्म० अपू०) अपने आपको सुन्दर बनाना/चुस्त बनाना ।

охóт||а (स्त्री०) **I**. आखेट ; शिकार ; **II.** इच्छा ; इरादा ; по своéй —е अपनी इच्छा से ; ☐ о. пýще невóли जहाँ चाह, वहाँ राह ।

охóтиться (आत्म० अपू०) (охóчусь, охóтишься) शिकार करना ।

охóтник (पुं०) **I**. शिकारी ; **II.** प्रेमी ; быть —ом до шáхмат शतरंज का प्रेमी होना ।

охóтнич||ий (वि०) शिकारी- ; —ья собáка शिकारी कुत्ता ।

охóтно (क्रि० वि०) प्रसन्नतापूर्वक ; खुशी-खुशी ; он сдéлает э́то о. वह यह प्रसन्नतापूर्वक करेगा ।

óхра (स्त्री०) गेरू ।

охрáн||а (स्त्री०) १. रक्षा करने/पहरा देने की क्रिया ; सुरक्षा ; २. पहरे की गारद ; रक्षक-दल ; **—éние** (नपुं०) सुरक्षण ; संरक्षण ।

охрани́ть दे० охраня́ть.

охрáнка (охрáнное отделéние) ओखरानका (ज़ारशाही रूस में खुफ़िया पुलिस-विभाग) ।

охраня́ть (अपू०), **охрани́ть** (पू०) (-से) रक्षा करना ; (-से) बचाव करना ।

охри́плый (वि०) (आवाज़) फटी हुई ।

охри́пнуть (पू०) गला बैठ जाना ; आवाज़ फट जाना ।

охромéть (पू०) लँगड़ाना ; लँगड़ाने लगना ।

охýлк||а (स्त्री०) : он —и нá руку не полóжит वह सब समझता है / वह बड़ा सयाना है ।

оцарáпать (पू०) खरोंच मारना ; **—ся** (आत्म०) अपने खरोंच मार लेना ।

оцéнивать (अपू०), **оцени́ть** (पू०) १. मूल्य आँकना ; मूल्य निरूपण करना ; २. मूल्यांकन करना ; प्रशस्ति करना ।

оцéн||ка (स्त्री०) अन्दाज़ा ; मूल्य-निरूपण ; **—очный** (वि०) оцéнка से वि० ; **—щик** (पुं०) मूल्य-निरूपक ।

оцепенéлый (वि०) निश्चेत ; चेतनाशून्य ; (ठंड आदि से) सुन्न ।

оцепенéть दे० цепенéть.

оцепля́ть (अपू०), **оцепи́ть** (पू०) (भवि० оцеплю́, оцéпишь) घेरा डालना ; войскá оцепи́ли гóрод सेना ने नगर को घेर लिया ।

очáг (पुं०) १. चूल्हे का फ़र्श ; домáшний о. घरबार ; २. स्रोत ; केन्द्र ।

очаровáние (नपुं०) मन्त्र ; जादू-टोना ; सम्मोहन ।

очарóванный (वि० और कृदन्त) मन्त्रमुग्ध ; सम्मोहित ।

очаровáтельный (वि०) मनोहर ; रमणीय ; जादू करनेवाला ।

очарóвывать (अपू०), **очаровáть** (पू०) (भवि० —рýю) जादू करना ; मन्त्रमुग्ध करना ।

очеви́дец (पुं०) प्रत्यक्ष साक्षी ; चश्मदीद गवाह ।

очеви́дн||о (क्रि० वि०) स्पष्ट रूप से ; प्रत्यक्ष रूप से ; (कर्तृ-निरपेक्ष) यह स्पष्ट है ; **—ый** (वि०) प्रत्यक्ष ; स्पष्ट ।

очеловéчить (पू०) मानवता का पाठ पढ़ाना ; इंसान बनाना ।

óчень (क्रि० वि०) बहुत ; अधिक ; о. холóдный बहुत ठंडा ; прийти́ о. пóздно बहुत देर में आना ; он о. удивлён वह बहुत चकित है ।

очерви́веть दे० черви́веть.

очереднóй (वि०) १. अगला ; (बारी में) दूसरा ; २. साधारण ।

óчеред||ь (स्त्री०) १. पर्याय ; बारी ; в свою́ о. अपनी-अपनी बारी से ; по —и बारी-बारी से ; २. क़तार ; पंक्ति ; стоя́ть в —и क़तार में खड़े होना ।

óчерк (पुं०) लघु लेख ; रेखाचित्र ; **—и́ст** (पुं०) लघु लेख लिखनेवाला ; रेखाचित्र-लेखक ।

очерни́ть दे० черни́ть.

очерстве́лый (वि०) कठोर ; निर्दयी ।

очерстве́ть दे० черстве́ть.

очерт||а́ние (नपुं०) रूपरेखा ; **—и́ть** दे० оче́рчивать.

очертя́ (कृदन्त) о. го́лову सिर के बल ।

оче́рчивать (अपू०), **очерти́ть** (पू०) (भवि० очерчу́, очерти́шь) रूपरेखा तैयार करना ; खाका खींचना ।

очини́ть दे० чини́ть.

очи́стить(ся) दे० очища́ть(ся).

очи́стка (स्त्री०) १. सफ़ाई करने की क्रिया ; २. परिशोधन ; परिष्कार ।

очи́стки (बहु०) छिलके ।

очища́ть (अपू०), **очи́стить** (पू०) (भवि० очи́щу, очи́стишь) १. साफ़ करना; खाली करना; о. го́род नगर खाली करना ; о. доро́гу रास्ता साफ़ करना ; २. शुद्ध करना ; परिष्कार करना ; ३. छीलना ; छिलका उतारना ; ४. लूटना ; सफ़ाया करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको साफ़ करना ; २. अपनी सफ़ाई देना/स्पष्टीकरण करना ; ३. очища́ть का कर्मवाच्य ।

очище́ние (नपुं०) १. = очи́стка ; २. ме́сячное о. (स्त्रियों का) मासिक धर्म/ऋतुस्राव ।

очки́ (बहु०) चश्मा ; ऐनक ।

очк||о́ (नपुं०) १. (नक़्शे आदि में) बिन्दु ; २. अंक ; дать не́сколько —о́в вперёд कुछ अंक पहले से ही देना ; ३. सुराख ; छिद्र ; смотрово́е о. गवाक्ष / झरोखा ।

очковтира́тельство (नपुं०) छल ; कपट ; धोखा ।

очко́в||ый (वि०) : —ая змея́ फनियर साँप / फणी ।

очну́ться (आत्म० पू०) होश में आना ।

о́чн||ый (वि०) : —ая ста́вка साक्षात् कराना ।

очуме́||лый (वि०) सनकी ; **—ть** (पू०) सनक में आना ; что ты —л, что ли ? क्या तुम पागल हो गये हो ?

очути́||ться (आत्म० पू०) (अचानक) प्रकट होना ; टपक पड़ना ; как он здесь —лся ? वह यहाँ कैसे आ गया / वह यहाँ कैसे आ टपका ?

очу́хаться (आत्म० पू०) होश में आना ।

ошале́лый (वि०) सनकी ।

ошале́ть दे० шале́ть.

ошара́шивать (अपू०), **ошара́шить** (पू०) १. स्तम्भित करना ; २. ज़ोर से मारना ।

ошвартова́ть (पू०) (—ту́ю) (पानी के जहाज़ को बन्दरगाह में रस्सों आदि से) बाँधना/कसना ।

оше́йник (पुं०) गले का पट्टा ; соба́чий о. कुत्ते के गले का पट्टा ।

ошеломля́ть (अपू०), **ошеломи́ть** (पू०) (भवि० ошеломлю́, ошеломи́шь) चकित करना ; स्तम्भित करना ; विस्मित करना ।

ошельмова́ть दे० шельмова́ть.

ошиба́ться (आत्म० अपू०), **ошиби́ться** (आत्म० पू०) त्रुटि करना ; ग़लती करना ।

оши́бка (स्त्री०) त्रुटि ; ग़लती ।

оши́бочн||о (क्रि० वि०) ग़लती से ; **—ый** (वि०) त्रुटिपूर्ण ; ग़लत ।

оши́кать (पू०) सीटी आदि बजाकर कलाकार के प्रति विरुचि प्रकट करना ।

ошпа́ривать (अपू०), **ошпа́рить** (पू०) (खौलते पानी या भाप से) झुलसाना ; ошпа́рить тарака́нов खौलता पानी डालकर खटमल मारना ; **—ся** (आत्म०) (खौलते पानी या भाप से अपने आपको) झुलसा लेना ।

оштрафова́ть दे० штрафова́ть.

оштукату́рить दे० штукату́рить.

ощени́ться दे० щени́ться.

ощети́ниваться (आत्म० अपू०), **ощети́ниться** (आत्म० पू०) रोमांचित होना ; पुलकित होना ; रोंगटे खड़े होना ।

ощипа́ть दे० ощи́пывать और щипа́ть.

ощи́пывать (अपू०), **ощипа́ть** (पू०) (भवि० ощиплю́, ощи́плешь) तोड़ना ; नोंचना ।

ощýпывать (अपू०), **ощýпать** (पू०) टटोलना ।

óщупь (स्त्री०) идти́ на о. टटोलकर चलना ।

óщупью (क्रि० वि०) टटोलकर ; искáть о. टटोलकर ढूँढना ।

ощути́||мый, —тельный (वि०) १. गोचर ; २. मूर्त ; प्रत्यक्ष ।

ощущáть (अपू०), **ощути́ть** (पू०) (भवि० ощущý, ощути́шь) अनुभव करना ; о. гóлод भूख महसूस करना/लगना ।

ощущéние (नपुं) चेतना ; ऐन्द्रिय अनुभूति ।

П

па (अ०) (नृत्य में) पद।

па́ва (स्त्री०) मोरनी।

павиа́н (पुं०) लंगूर।

павили́ка = повили́ка.

павильо́н (पुं०) मंडप; फ़िल्म स्टूडियो।

павли́н (पुं०) मोर; **—ий** (वि०) मोर का।

па́водок (पुं०) बाढ़; जल-प्लावन।

па́года (स्त्री०) पगोडा (बौद्ध विहार)

па́губа (स्त्री०) विनाश।

па́губный (वि०) घातक; विनाशकारी।

па́даль (स्त्री०) (केवल एकवचन) (बहुधा समू०) १. (पशुओं की) लाशें; २. (पेड़ों से गिरे) फल।

па́да‖ть (अपू०), **пасть, упа́сть** (पू०) (भवि० паду́, падёшь) १. (пасть और упа́сть पू० के साथ) गिरना; एकाएक गिरना; (मूल्य आदि का) नीचे गिरना; घटना; п. на́взничь पीठ के बल गिरना; снег —ет बर्फ़ पड़ रही है; во́лосы —ют на лоб बाल माथे पर पड़ रहे हैं; свет —ет на кни́гу रोशनी पुस्तक पर पड़ रही है; २. (пасть पू० के साथ) (पर) आ पड़ना; отве́тственность за э́то —ет на вас इसकी ज़िम्मेदारी आप पर है; ३. (केवल अपू०) ударе́ние —ет на пе́рвый слог यति पहले वर्ण (सिलेबल) पर है; ४. (пасть पू० के साथ) (पशुओं का) मरना; ५. (केवल अपू०) (बालों का, दाँतों का) झड़ना/गिरना; टूटना; □ п. ду́хом हिम्मत हारना; п. в о́бморок बेहोश होना; пасть на по́ле бра́ни रणक्षेत्र में वीरगति पाना।

паде́ж (पुं०) (व्या०) कारक।

падёж (पुं०) (पशुओं की) महामारी।

паде́жный (वि०) कारक-; कारक का।

паде́ние (नपुं०) १. गिरने की क्रिया; २. मन्दी।

па́дкий (वि०) लोलुप; लालची; п. на лесть खुशामदपसन्द; п. на де́ньги धन-लोलुप/धन के लिए जान देनेवाला।

па́дуб (पुं०) शूलपर्णी (हमेशा हरी रहनेवाली एक काँटेदार वनस्पति)।

паду́чая (स्त्री०) (वि० रू०) अपस्मार; मिरगी।

па́дчерица (स्त्री०) सौतेली बेटी।

паево́й (वि०) हिस्से का; भाग का।

паёк (पुं०) राशन।

паж (पुं०) छोकरा; परिचर।

паз (पुं०) (टेक०) दरार।

па́зуха (स्त्री०) १. वक्षःस्थल; छाती; २. नाड़ी-व्रण; ३. (वन०) कक्ष (अंग्रेज़ी—ऐक्सिल)।

па́инька (उभ०) अच्छा बच्चा; आज्ञाकारी; कहना माननेवाला।

па‖й (पुं०) **I** हिस्सा; भाग; अंश; това́рищество на —я́х सीमित हिस्सेदारी; **II.** (उभ०) = па́инька.

па́йка (स्त्री०) टाँका; झाल।

пайко́вый (वि०) १. राशन का; राशन किया हुआ।

па́йщик (पुं०) हिस्सेदार; साझीदार।

пакга́уз (पुं०) गोदाम।

паке́т (पुं०) पैकिट; पार्सल।

па́кля (स्त्री०) (केवल एकवचन) (मशीन साफ़ करने या सुराख़ बन्द करने के लिए) कटा-छँटा सूत।

пакова́ть (अपू०), **за—** (पू०) (वर्त०—ку́ю) पैक करना।

па́костить (अपू०), **на—, ис—** (पू०) (वर्त० па́кощу, па́костишь) १. (напа́костить पू० के साथ) मलिन करना; गन्दा करना; २. (испа́костить पू० के साथ) खराब करना; ३. (напа́костить पू० के साथ) (किसीके साथ) कमीनी हरक़त करना; गन्दी चाल चलना।

па́костный (वि०) १. नीच; कमीना; २. गन्दा।

па́кост‖ь (स्त्री०) १. कमीनी हरकत; गन्दी

चाल ; де́лать —и कमीनी हरकत करना/गन्दी चाल चलना ; २. गन्द ; कूड़ा-कर्कट ।

пакт (पुं०) सन्धि ; समझौता ।

паланки́н (पुं०) पालकी ।

пала́та (स्त्री०) १. (अस्पताल का) वार्ड ; २. सदन ; ३. महल ; भवन ।

пала́тка (स्त्री०) १. तम्बू ; खेमा ; बड़ा खेमा ; २. (लकड़ी की बनी अस्थायी) दुकान (अंग्रेज़ी—स्टॉल) ।

пала́ч (पुं०) जल्लाद ।

пала́ш (पुं०) खाँडा ; (सीधी, लम्बी और भारी) तलवार ।

па́левый (वि०) फीका पीला (रंग) ।

палеогра́фия (स्त्री०) प्राचीन शिलालेखों का अध्ययन ।

па́л||ец (पुं०) १. उँगली ; большо́й п. (हाथ या पाँव का) अँगूठा ; указа́тельный п. तर्जनी ; сре́дний п. मध्यमा ; безымя́нный п. अनामिका ; са́мый ма́ленький п. कनिष्ठिका ; २. (टेक०) पिन ; ☐ ему́ —ьца в рот не клади́ उस पर विश्वास नहीं किया जा सकता ; вы́сосать из —ьца आविष्कार करना/गढ़ना ।

палиса́д (पुं०) जंगला ।

палиса́дник (पुं०) उपवन ; घर के सामने की बग़ीची ।

палиса́ндр (पुं०) प्रशिंशपा ; एक प्रकार की सुगन्धित लकड़ी ।

пали́тра (स्त्री०) रँगसाज़ (चित्रकार) की रँग मिलाने की पटिया ।

пали́ть -I (अपू०), **с—**, **о—** (पू०) १. (спали́ть पू० के साथ) जलाना ; झुलसाना ; २. (опали́ть पू० के साथ) (सुअर या पक्षी को) थोड़ा-सा जलाना ; झुलसाना ; ३. (केवल अपू०) (गर्मी, सूर्य की तपन से) झुलसाना ; со́лнце пали́т धूप झुलसा रही है ।

пал||и́ть -II (अपू०) गोली चलाना ; —и́ ! गोली चलाओ !

па́лица (स्त्री०) १. गदा ; २. गदका ; डंडा ; सोटा ।

па́лк||а (स्त्री०) छड़ी ; डंडा ; लाठी ; п. метлы́ झाड़ू का डंडा ; ☐ вставля́ть кому́-л. —и в колёса किसीके काम में रोड़ा अटकाना ; п. о двух конца́х दुधारा हथियार ।

палла́дий (रस०) पैलेडियम ।

паллиати́в (पुं०) उपशामक ओषधि ।

пало́мни||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) तीर्थ-सेवी ; यात्री ; **—чать** (अपू०) तीर्थ-यात्रा करने जाना ; **—чество** (नपुं०) तीर्थ-यात्रा ।

па́лочка (स्त्री०) १. па́лка का अल्प० ; волше́бная п. जादू की छड़ी ; २. दंडाणु ; यक्ष्मा आदि रोग के कीटाणु ।

па́лочный (वि०) छड़ी का ।

па́луб||а (स्त्री०) (जहाज़ का) अर्शा ; तूतक ; डेक ; **—ный** (वि०) अर्शा/तूतक का ; डेक का ।

пальба́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) शलक करना ; गोली चलाना ।

па́льм||а (स्त्री०) ताड़ का पेड़ ; фи́никовая п. खजूर का पेड़ ; коко́совая п. नारियल का पेड़ ; **—овый** (वि०) па́льма से वि० ।

пальто́ (नपुं०) ओवरकोट ; बड़ा कोट ।

пальце||ви́дный (वि०) उँगली के सदृश ; उँगली के आकार का ; **—обра́зный** (वि०) (वन०) उँगलियों के समान जोड़वाला ।

па́льчатый = пальцеобра́зный.

па́льчик (पुं०) па́лец का अल्प० ।

паля́щий : १. пали́ть से कृदन्त ; २. (वि०) झुलसा देनेवाला ; п. зно́й झुलसा देनेवाली (सख़्त) गर्मी ।

памфле́т (पुं०) पुस्तिका ; पैंफ़लेट ।

па́мят||ка (स्त्री०) १. स्मृति-पत्र ; २. (लिखित) अनुदेश ; नियम ; **—ливость** (स्त्री०) अच्छी स्मरण-शक्ति ; **—ливый** (वि०) अच्छी स्मरण-शक्तिवाला ।

па́мятник (पुं०) स्मारक ; यादगार ; क़ब्र पर लगा पत्थर ; ста́вить п. кому́-л. किसीका स्मारक बनाना ।

па́мятн||ый (वि०) १. स्मरणीय ; п. день स्मरणीय दिवस ; २. —ая кни́жка नोटबुक ।

пáмять (स्त्री०) (केवल एकवचन) स्मरण-शक्ति ; याददाश्त ; स्मृति ; хорóшая п. अच्छी स्मरण-शक्ति ; в п. स्मृति में ; □ учúть на п. कंठस्थ करना ।

пан (पुं०) १. पोलैंड का ज़मींदार ; २. श्रीमान् ; जनाब ; □ лúбо п., лúбо пропáл आर या पार ।

панáма (स्त्री०) पानामा (टोपी) ।

панацéя (स्त्री०) सर्वरोग-औषधि ; अमृतधारा ।

пандéмия (स्त्री०) विश्वव्यापी रोग ।

панегúрик (पुं०) प्रशस्ति ; गुणगान ।

панéль (स्त्री०) १. (सड़क की) पटरी ; २. (दीवार पर जुड़ा हुआ) तख़्ता या पट्टी ।

панéльный (वि०) панéль से वि० ।

панибрáтство (नपुं०) मेल-जोल ; भाईचारा ।

пáник||а (स्त्री०) (केवल एकवचन) आतंक ; быть в —е आतंकित होना ।

паникадúло (नपुं०) चर्च का झाड़-फानूस ।

паникёр (पुं०) भय या आतंक फैलानेवाला ।

панихúда (स्त्री०) (चर्च में) मृतक के लिए प्रार्थना ।

пáнна (स्त्री०) पोलैंड के ज़मींदार की बेटी ; कुमारी ।

панóптикум (पुं०) मोम की बनी चीज़ों का अजायबघर ।

панорáма (स्त्री०) परिदृश्य ; नज़ारा ।

пансиóн (पुं०)(учéбное заведéние) १. बोर्डिंग स्कूल ; २. छात्रावास ; लोकावास ; **—éр** (पुं०) छात्रावासी ; बोर्डर (बोर्डिंग हाउस में रहनेवाला) ।

панталóны (बहु०) १. पतलून ; २. (स्त्रियों का) जाँघिया ; कच्छा ।

пантe||úзм (पुं०) सर्वेश्वरवाद ; **—úст** (पुं०) सर्वेश्वरवादी ।

пантеóн (पुं०) देवगण ।

пантéра (स्त्री०) चीता ; तेंदुआ ।

пантомúма (स्त्री०) मूक नाटक ; मूकाभिनय ।

пантом||имúческий, —úмный (वि०) मूकाभिनय ; मूक नाटक-सम्बन्धी ।

пáнцырные (बहु०) घोंघे के समान जन्तु ।

пáнцырный (वि०) १. कवचधारी ; २. घोंघा-सम्बन्धी ।

пáнцырь (पुं०) १. कवच ; २. घोंघा ।

пáпа (पुं०) १. पिता ; २. पोप ।

папáха (स्त्री०) (काकेशिया की) पोस्तीन की टोपी ।

пáперть (स्त्री०) (गिरजे की) ड्योढ़ी ; ओसारा ।

папúзм (पुं०) पोपवाद ।

папильóтка (स्त्री०) काग़ज़ जो बालों के घूंघर बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है ।

папирóс||а (स्त्री०) पापीरोसा (एक प्रकार का रूसी सिगरेट) ; **—ник** (पुं०) सिगरेट बेचनेवाला ; **—ница** (स्त्री०) १. सिगरेट बेचनेवाली ; २. सिगरेट-केस ; **—ный** (वि०) सिगरेट-सम्बन्धी ।

папúст (पुं०) पोप का अधिकार माननेवाला ।

пáпка (स्त्री०) १. (काग़ज़ रखने के लिए) फ़ाइल ; २. दफ़्ती ; गत्ता ।

пáпоротник (पुं०) पर्णांग (सुन्दर महीन पत्तियों का एक पौधा) ।

пáп||ский (वि०) पोप का ; **—ство** (नपुं०) पोप का पद या अधिकार ।

пáпула (स्त्री०) पिटका ; (खुजली के कारण शरीर पर पड़ा) चकत्ता ।

папьé-машé (नपुं०) पापये-माशे ; कुचला हुआ काग़ज़ ।

пар (पुं०) **I.** भाप ; वाष्प ; превращáться в п. भाप में परिणत करना ; २. उच्छ्वास ; □ на всех —ах पूरे वेग से/पूरी रफ़्तार से ; **II.** परती (भूमि) ; землá под —ом परती भूमि ।

пáра (स्त्री०) १. जोड़ी ; युगल ; п. сапóг जूता-जोड़ी ; २. दम्पति ; ३. सूट ।

парáбола (स्त्री०) (गणित) परवलय ; अनुवृत्त ।

парáграф (पुं०) अनुच्छेद ; पैरा ; कंडिका ।

парáд (पुं०) १. क़वायद ; परेड ; в пóлном —е पूरी वर्दी में ।

парадúгма (स्त्री०) (किसी शब्द की) रूपनिदर्शक तालिका ।

парáдное (नपुं०) (वि० रू०) सामने का दरवाज़ा ।

пара́дн||ый (वि०) १. пара́д से वि० ; २. मुख्य ; सामने का ; п. подъе́зд सिंहद्वार/मुख्यद्वार ; —ая дверь सामने का दरवाज़ा ; ३. समारोह/जशन का ; п. спекта́кль (नाटक आदि का) भव्य प्रदर्शन/जशन का शो ।

парадо́кс (पुं०) विरोधाभास ।

парази́т (पुं०) १. परजीवी ; २. (बहु०) अन्न आदि को हानि पहुँचानेवाले कीड़े ।

парализо́в||анность (स्त्री०) लकवा ; पक्षाघात ; **—анный** (वि०) लकवे का मारा हुआ ; **—а́ть** (अपू० और पू०) (—зу́ю) लकवा मारना ।

парали́тик (पुं०) लकवे का मारा हुआ व्यक्ति ।

парали́ч (पुं०) लकवा ; पक्षाघात ।

параллели́зм (पुं०) अनुरूपता ; समानान्तरता ।

параллелогра́м (पुं०) (गणित) समानान्तर चतुर्भुज ।

паралле́ль (स्त्री०) १. समानान्तर रेखा ; २. सदृश वस्तु ; провести́ п. तुलना करना ; ३. (भूगोल) अक्षांश ।

паралле́льн||о (क्रि० वि०) समानान्तर रूप से ; साथ-साथ ; провести́ одну́ ли́нию п. друго́й रेखा के समानान्तर रेखा खींचना ; **—ый** (वि०) समानान्तर ।

паралоги́зм (पुं०) तर्काभास ।

парамагнети́зм (पुं०) समचुम्बकत्व ।

пара́метр (पुं०) (गणित) स्थिर राशि ।

паранджа́ (स्त्री०) बुर्क़ा ।

парапе́т (पुं०) मुँडेर ।

парафи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) अद्याक्षर करना ; दस्तख़त करना ।

парафра́з (पुं०) पदान्वय ; शब्दान्तर द्वारा अर्थ-प्रकाशन ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) अन्वय करना ; अर्थ करना ।

парашю́т (पुं०) हवाई छाता/छतरी ; पैराशूट ; **—ный** (वि०) парашю́т से वि० ।

паре́з (पुं०) पेशियों का सुन्न हो जाना ।

паре́ние (नपुं०) ऊपर को चढ़ना/उड़ना ।

па́рень (पुं०) सज्जन ।

пари́ (अ०) держа́ть п., идти́ на п. शर्त लगाना ।

парижа́н||ин (पुं०), **—ка** (स्त्री०) पेरिस-निवासी/निवासिनी ।

пари́жский (वि०) पेरिस का ।

пари́к (पुं०) कृत्रिम केश ; बनावटी बालों का टोप ।

парикма́хер (पुं०) नाई ; हज्जाम ; बाल बनानेवाला ; **—ская** (स्त्री०) (वि० रू०) नाई या हज्जाम की दुकान ; बाल बनानेवाले की दुकान ।

пари́ровать (अपू० और पू०) (—рую) (बहस में विरोधी की युक्ति का) खंडन ; काटना ; निवारण करना ।

парите́т (पुं०) समता ; बराबरी ; साम्य ।

па́р||ить (अपू०), **вы́парить** (पू०) १. (केवल अपू०) (मन्दी आँच में) पकाना ; भाप से पकाना ; २. भाप बनाना ; ३. (कर्तृ-निरपेक्ष) —ит सख़्त गर्मी है ।

пари́ть (अपू०) हवा में उड़ना ; मँडराना ।

пари́ться (आत्म० अपू०) १. वाष्प-स्नान/भाप में स्नान करना ; २. пари́ть और па́рить का कर्मवाच्य ।

па́рия (स्त्री०) जातिच्युत ; जाति-बहिष्कृत ।

парк (पुं०) उद्यान ; पार्क ; (ट्रामवे, बसों का) छादन ; शेड ।

парке́т (पुं०) (केवल एकवचन) लकड़ी के फट्टों से बना फ़र्श ।

парла́мент (पुं०) संसद ; **—ари́зм** (पुं०) संसदीय पद्धति ; संसदीयता ; **—а́рий** (पुं०) १. संसद का सदस्य ; २. संसदीय पद्धति का समर्थक ; **—а́рный** (वि०) संसदोचित ।

парламентёр (पुं०) विराम-सन्धि का दूत ।

парла́ментский (वि०) संसद का ; संसदीय ।

парни́к (पुं०) काचगृह ; पौधों को गर्मी पहुँचाने का काँच का घर ।

нарни́шка (पुं०) बालक ; लड़का ।

парн||о́й (वि०) गर्म ; ताज़ा ; —о́е молоко́ ताज़ा दूध ; п. во́здух ताज़ी हवा ।

па́рный -I (वि०) १. जुड़वाँ ; जोड़ा ; यमज ; २. (जोड़े का) घोड़ा ।

па́рный -II (वि०) सवाष्प ।

парови́к (पुं०) १. वाष्पित्र ; बॉयलर ; २. भाप का इंजन ।

парово́з (पुं०) रेल का इंजन ; **—ный** (वि०) रेल के इंजन का ।

парово́й (वि०) пар-I, II से वि० ।

паро́дия (स्त्री०) विडम्बन-काव्य (अंग्रेज़ी—पैरोडी) ।

пароксúзм (पुं०) रोग का कोप ; आक्रोश ।

паро́ль (पुं०) (सेना०) परोल ; गूढ़वचन (वह विशेष शब्द जिससे फ़ौजी पहरेदार शत्रु अथवा मित्र का भेद करता है) ।

паро́м (पुं०) (नदी पार करने की) बड़ी नाव ।

паро||обра́зный (वि०) भाप जैसा ; **—образова́ние** (नपुं०) वाष्पीकरण ।

паросбо́рник, парособира́тель (पुं०) वाष्प-संग्राहक ; भाप इकट्ठी करनेवाला यन्त्र ।

парохо́д (पुं०) स्टीमर ; (भाप से चलनेवाला) पानी का जहाज ; वाष्प-नौका ; (इंजन से चलनेवाली) नाव ; **—ный** (वि०) парохо́д से वि० ; **—ство** (नपुं०) नौचालन ।

па́рочка (स्त्री०) па́ра से अल्प० ; प्रेमी-युगल ।

парс (पुं०) पारसी ।

па́рта (स्त्री०) स्कूल का डेस्क ।

партакти́в (पुं०) (парти́йный акти́в) पार्टी का अतिक्रियाशील सदस्य ; **—биле́т** (पुं०) पार्टी का टिकट ।

парте́р (पुं०) पारत्येर ; नाटकगृह में रंगमंच के सामने की समतल कुर्सियाँ ।

парти́ец (पुं०) पार्टी का सदस्य ।

партиза́н (पुं०) छापामार ; गुरिल्ला (सैनिक) ; **—ский** (वि०) छापामार ।

парти́йн||ость (स्त्री०) पार्टी-सदस्यता ; **—ый** (वि०) १. पार्टी का ; दल का ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) पार्टी-सदस्य ।

па́ртия (स्त्री०) १. पार्टी ; दल ; коммунисти́ческая п. साम्यवादी दल ; २. (सेना की) टुकड़ी ; ३. (खेल की) पारी ; बाज़ी ।

партнёр (पुं०), **—ша** (स्त्री०) (नृत्य आदि में) साथी ; जोड़ीदार ।

па́рус (पुं०) बादबान ; поднима́ть п. बादबान उठाना ।

паруси́н||а (स्त्री०) किरमिच ; **—овый** (वि०) किरमिच का ; —овые ту́фли किरमिच के जूते ।

па́рус||ник (पुं०) १. बादबान बनानेवाला ; २. मल्लाह ; ३. बादबानों से चलनेवाला जहाज ; **—ный** (वि०): —ое су́дно = па́русник.

парфюме́р (पुं०) गन्धी ; इत्र बेचनेवाला ; **—ия** (स्त्री०) १. (समू०) सुगन्ध-द्रव्य ; इत्र-फुलेल ; २. गन्धी की दुकान ; **—ный** (वि०) इत्र-फुलेल का ; —ный магази́н गन्धी की दुकान/इत्र-फुलेल की दुकान ।

парцелли́ровать (अपू० और पू०) (—рую) पार्सल करना ।

парч||а́ (स्त्री०) किमख़ाब ; **—ёвый** (वि०) किमख़ाब का ।

парша́ (स्त्री०) खुजली ; ख़ारिश ।

парши́в||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) निकम्मा/निकम्मी ; कम्बख़्त आदमी/औरत ।

парши́вый (वि०) १. खुजली का रोगी ; ख़ारिशवाला ; २. निकम्मा ; कम्बख़्त ।

па́сека (स्त्री०) मधुमक्खियों के पालने का स्थान ।

па́сечник (पुं०) मधुपाल ; मधुमक्खियाँ पालनेवाला ; मधुमक्खीपालनविद् ।

па́сквиль (पुं०) अपलेख ; निन्दा-लेख ; आक्षेप ।

паску́дный (वि०) मलिन ; गन्दा ; अपवित्र ।

па́смурн||о (कर्तृ-निरपेक्ष) п. मेघ छा रहे हैं/बुरा मौसम है ; **—ый** (वि०) १. (मौसम के विषय में) बुरा ; मेघाच्छन्न ; २. उदास ।

пасова́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० —су́ю) १. (ताश में) अपनी बारी छोड़ना या पास करना ; फ़ुटबॉल, हॉकी आदि में पास करना ; २. जी चुराना ।

паспарту́ (स्त्री० अ०) फ़ोटो की दफ़्ती ।

па́спорт (पुं०) १. पारपत्र ; पासपोर्ट ; २. प्रमाण-पत्र ; **—ный** (वि०) पारपत्र का ; पासपोर्ट का ।

пасса́ж (पुं०) बरामदा ।

пассажи́р (पुं०), **—ка** (स्त्री०) मुसाफ़िर ; यात्री ; **—ский** (वि०) मुसाफ़िर का ; —ский по́езд सवारी-गाड़ी ।

пасса́т (पुं०) अटलांटिक तथा प्रशान्त महासागर में नियम से बहनेवाली अनुकूल वायु ; **—ный** (वि०) —ный ве́тер = пасса́т.

пасси́в (पुं०) (केवल एकवचन) १. देयता ; दातव्य ; २. (व्या०) कर्मवाच्य ; **—ный** (वि०) निष्क्रिय ; उदासीन ; अवसन्न ।

па́ссия (स्त्री०) उत्कट इच्छा ।

па́ста (स्त्री०) पेस्ट ; зубна́я п. दन्त-मंजन (अंग्रेज़ी—टूथपेस्ट) ।

па́стбище (नपुं०) चरागाह ।

па́ства (स्त्री०) एक पादरी के आदेश में रहनेवाला व्यक्तियों का समुदाय ।

пасте́ль (स्त्री०) (चित्रकार की) रँग की टिकिया ; रँगदार पेंसिल या खड़िया ।

пастериза́ция (स्त्री०) पास्चूरीकरण (पास्चूर विधि से दूध को गर्म करके हानिकारक कीटाणु मारना) ।

пастерна́к (पुं०) (एक तरह की) गाजर ।

пасти́ (अपू०) (пасу́, пасёшь) (पशुओं को) चराना ; **—сь** (आत्म० अपू०) चरना ।

пастила́ (स्त्री०) एक प्रकार का केक ।

пастора́ль (स्त्री०) गड़रियों का गीत ।

пасту́‖х (पुं०) अविपाल ; गड़रिया ; ग्वाला ; चरवाहा ; **—шеский, —ший** (वि०) गडरिये/ग्वाले का ; **—шка** (स्त्री०) अविपालिका ; ग्वालिन ।

пастушо́к (पुं०) १. пасту́х का अल्प० ; २. (गड़रियों के गीतों में) युवा पुरुष ।

па́стырь (पुं०) (मसीही) धर्मोपदेष्टा ; पादरी ।

пасть -I दे० па́дать.

пасть -II (स्त्री०) (पशुओं का) जबड़ा ।

пасть -III (स्त्री०) शिकारी का फन्दा ।

пастьба́ (स्त्री०) चराने की क्रिया ।

па́сха (स्त्री०) १. (ईसाइयों का त्यौहार) ईस्टर ; २. मलाई का मीठा पनीर (जो ईस्टर पर खाया जाता है) ।

па́сынок (पुं०) सौतेला बेटा ।

пат (पुं०) (शतरंज में) ज़िच ।

пате́нт (पुं०) एकस्व ; पेटेंट ; एकस्व-पत्र ; लाइसेंस ; **—ный** (वि०) एकस्व-सम्बन्धी ; **—ова́ть** (अपू० और पू०) (—ту́ю) एकस्व लेना ; एकस्व-पत्र लेना ।

патети́ч‖еский (वि०), **—ный** (वि०) करुणाजनक ।

патефо́н (पुं०) ग्रामोफ़ोन ; **—ный** (वि०) ग्रामोफ़ोन का ; —ная пласти́нка ग्रामोफ़ोन-रिकार्ड / ग्रामोफ़ोन का तवा ।

пати́на (स्त्री०) छदिमा ; पुराने कसकुट पर का हरा रँग ।

патогене́з (पुं०) व्याधिजनन ।

па́тока (स्त्री०) चाशनी ; शर्बत ; सीरा ।

патоло́гия (स्त्री०) निदान-शास्त्र ।

па́точный (वि०) па́тока से वि० ।

патриа́рх (पुं०) पितर ; **—а́льность** (स्त्री०) पितृसत्ता ; **—а́льный** (वि०) पैतृक ; पितृसत्तात्मक ; **—а́т** (पुं०) पितृसत्ता ।

патрио́т (पुं०) देशभक्त ; देशप्रेमी ; **—и́зм** (पुं०) देशभक्ति ; देशप्रेम ; **—и́ческий, —и́чный** (वि०) देशभक्तिपूर्ण ।

патри́ций (पुं०) कुलीन ; अभिजात ।

патро́н (पुं०) **I.** संरक्षक ; आश्रयदाता ; **II.** १. (बन्दूक का) कारतूस ; २. खरादने के यन्त्र का एक भाग (अंग्रेज़ी—चक्) ; ३. (बिजली का) लैम्प-सॉकेट ; लैम्प-होल्डर ; ४. प्रतिमान ; नमूना ।

патрон‖а́т (पुं०) संरक्षकता ; आश्रय ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) संरक्षण करना ; आश्रय देना ।

патро́нник (पुं०) (बन्दूक में) कारतूस-कोष्ठिका ।

патро́нный (वि०) патро́н -II से वि० ; п. заво́д कारतूस-फ़ैक्टरी ।

патронтáш (पुं॰) कारतूस रखने का थैला ।

пáтрубок (पुं॰) शाखा-नल ।

патрули́ровать (अपू॰) (—рую) गश्त करना ।

патрýль (पुं॰) (सेना की) गश्त ।

пáуза (स्त्री॰) विराम ; अवकाश ।

паýк (पुं॰) मकड़ी ।

паукообрáзный (वि॰) मकड़ी के सदृश ।

пáупер (पुं॰) अकिंचन ; दरिद्र ; **—и́зм** (पुं॰) अकिंचनता ; दरिद्रता ।

паути́на (स्त्री॰) मकड़ी का जाला ।

пáфос (पुं॰) करुणा ।

пах (पुं॰) उरुसन्धि ; रान ।

пáхарь (पुं॰) हलधर ; हल जोतनेवाला ।

пахáть (अपू॰), **вс—** (पू॰) (वर्त॰ пашý, пáшешь) हल जोतना ; भूमि जोतना ।

пáхн||уть (अपू॰), **за—** (पू॰) गन्ध देना ; э́то хорóшо —ет इसकी गन्ध अच्छी है ।

пахнýть (पू॰) (धुएँ आदि का) धीरे-धीरे निकलना ।

пáхот||а (स्त्री॰) जुताई ; **—ный** (वि॰) जोतने-योग्य ; —ная земля́ जोतने-योग्य भूमि ।

пáх||танье (नपुं॰) १. मथने/बिलोने की क्रिया ; २. लस्सी ; **—тать** (अपू॰) मथना ; बिलोना ।

пахýч||есть (स्त्री॰) गन्धि ; गन्धता ; **—ий** (वि॰) तीव्र गन्धयुक्त ।

пацие́нт (पुं॰), **—ка** (स्त्री॰) रोगी/रोगिणी ।

пациф||и́зм (पुं॰) शान्तिवाद ; **—и́ст** (पुं॰) शान्तिवादी ।

пáче (क्रि॰ वि॰) अधिक ; тем п. इससे भी अधिक ; п. чáяния आशा के प्रतिकूल ।

пáчка (स्त्री॰) १. बंडल ; (काग़ज़, पत्रों का) दस्था ; (सिगरेट का) पैकिट ; (पुस्तकों का) पार्सल ; २. (नाचनेवाली की) बाहर को फूली हुई स्कर्ट (घाघरी) ; ३. (कारतूस का) क्लिप ।

пáчкать (अपू॰), **за—, ис—** (पू॰) मलिन करना ; गन्दा करना ; धब्बे लगाना ; п. лицó मुँह गन्दा करना ; п. рýки крóвью हाथों पर खून के धब्बे लगाना ; **—ся** (आत्म॰) १. अपने आपको मलिन करना/गन्दा करना ; २. пáчкать का कर्मवाच्य ।

пачкотня́ (स्त्री॰) फूहड़पन से बनाया गया चित्र आदि ।

пачк||ýн (पुं॰), **—ýнья** (स्त्री॰) १. मलिन ; गन्दा/गन्दी ; २. फूहड़ चित्रकार ।

пáшня (स्त्री॰) जोतने-योग्य भूमि/खेत ।

паштéт (पुं॰) समोसे के सदृश एक पकवान ।

пáюсн||ый (वि॰) : —ая икрá दबाया हुआ कावियार (मछली के अंडे) ।

пая́льн||ик (पुं॰) झाल या टाँका लगाने की छड़ी ; **—ый** (वि॰) झाल/टाँका लगाने का ।

пая́ние (नपुं॰) झाल/टाँका लगाने की क्रिया ।

пая́сничать (अपू॰) विदूषकता दिखाना ; विदूषक का अभिनय करना ।

пая́ть (अपू॰), **за—** (पू॰) झाल/टाँका लगाना ।

пая́ц (पुं॰) विदूषक ।

пев||éц (पुं॰), **—и́ца** (स्त्री॰) गायक/गायिका ; गानेवाला/वाली ।

певýн (पुं॰) बहुत गानेवाला ; गायन-प्रेमी ; **—ья** (स्त्री॰) १. певýн का स्त्री॰-रूप ; २. एक गानेवाला पक्षी ।

певýч||есть (स्त्री॰) सुरीलापन ; **—ий** (वि॰) सुरीला ।

пéвч||ий (वि॰) गानेवाला ; —ая пти́ца गानेवाला पक्षी ।

пéгий (वि॰) चितकबरा (घोड़ा) ।

педагóг (पुं॰) शिक्षा-शास्त्री ; **—ика** (स्त्री॰) शिक्षा-शास्त्र ; **—и́ческий** (वि॰) शिक्षाशास्त्र-सम्बन्धी ।

педáль (स्त्री॰) पैडिल ।

педáнт (पुं॰) पांडित्यदम्भी ; **—и́зм** (पुं॰) विद्याभिमान ; पांडित्यदम्भ ।

педóметр (पुं॰) डगमापी ।

пейзáж (पुं॰) प्रकृति-दृश्य ; दृश्यालेख ; **—и́ст** (पुं॰), **—и́стка** (स्त्री॰) प्रकृति-दृश्यों के चित्र खींचनेवाला / वाली ; दृश्यालेखनकर्ता /-कर्त्री ; **—ный** (वि॰) प्रकृतिदृश्य-विषयक ; दृश्यालेख-विषयक ।

пéкари (नपुं॰) अमरीका देश का सूअर के आकार का एक पशु ।

пекáрня (स्त्री॰) नानबाई की दुकान ।

пéкарский (वि॰) नानबाई का ।

пéкарь (पुं॰) नानबाई ।

пéкло (नपुं॰) (केवल एकवचन) १. सख्त गर्मी ; २. नरक ।

пеленá (स्त्री॰) चादर ; снéжная п. बर्फ़ की चादर ।

пеленáть (अपू॰), **с—** (पू॰) (बच्चे को) लपेटना ; कसकर बाँधना ।

пеленгáтор (पुं॰) (पानी के जहाज़ में) दिशामान-सूचक ।

пелён‖ка (स्त्री॰) अँगोछा ; पोतड़ा ; रूमाल ; с —ок बचपन से ।

пельмéни (बहु॰) माँस की पकौड़ियाँ ।

пéмза (स्त्री॰) झाँवाँ ।

пéн‖а (स्त्री॰) झाग ; फेन ; снимáть —у झाग उतारना ; с —ой झागदार ।

пенáл (पुं॰) क़लमदान ।

пенáт‖ы (बहु॰) कुल-देवता ; ☐ возвратúться к своúм —ам अपने घर लौटना ।

пéние (नपुं॰) १. गाना ; गीत ; २. (मुर्ग़े की) कुकड़ूँ-कूँ ।

пéнистый (वि॰) झागदार ।

пенитенциáрный (वि॰) अनुतापमूलक ; प्रायश्चित्त-विषयक ।

пéниться (आत्म॰ अपू॰) झाग देना ।

пéнка (स्त्री॰) (दूध पर की) मलाई ।

пéнни (पुं॰) १. = пенс ; (फ़िनलैंड का सिक्का) पेनी ।

пенс (पुं॰) (अंग्रेजी सिक्का) पेंस ; पेनी ।

пенсионéр (पुं॰), **—ка** (स्त्री॰) निवृत्तिवेतन-भोगी ; पेंशन पानेवाला/वाली ।

пенсиóнный (वि॰) निवृत्तिवेतन-सम्बन्धी ; पेंशन का ।

пéнсия (स्त्री॰) निवृत्तिवेतन ; पेंशन ।

пентагонáльный (वि॰) पंचभुज ।

пентáметр (पुं॰) पंचपदवृत्त ।

пентáэдр (पुं॰) पाँच समान भुजाओं की ठोस आकृति ।

пéнтюх (पुं॰) स्थूलबुद्धि ; मूर्ख ; गँवार ।

пень (पुं॰) ठूँठ ; ☐ стоя́ть как п. पत्थर की मूर्ति बनकर खड़े रहना ; чéрез п. колóду येनकेनप्रकारेण/जैसे-तैसे ।

пеньк‖á (स्त्री॰) सन ; **—óвый** (वि॰) सन का बना हुआ ।

пéн‖я (स्त्री॰) (केवल एकवचन) जुर्माना ; दंड ; налагáть —ю (на) जुर्माना करना / दंड लगाना ।

пéпел (पुं॰) भस्म ; राख ; обращáть в п. भस्म करना / राख करना ।

пепелúще (नपुं॰) भस्मावशेष ।

пéпель‖ница (स्त्री॰) राखदानी ; **—носерый** (वि॰) राख के रँग का भूरा ; सलेटी ; **—ный** (वि॰) राख का ।

пепермéнт (पुं॰) पिपरमिंट ।

пепсúн (पुं॰) पाचि ; पाचक रस का मुख्य अंश ।

пептóн (पुं॰) अंडे की सफ़ेदी की तरह का एक पदार्थ ।

первéйший (वि॰) सर्वप्रथम ; उच्चकोटि का ; प्रथम श्रेणी का ।

пéрвен‖ец (पुं॰) (बच्चा) अग्रजात ; ज्येष्ठ । **—ство** (नपुं॰) १. अग्रजाधिकार ; जेष्ठाधिकार । २. प्रथम स्थान ; завоевáть —ство प्रथम स्थान प्राप्त करना ; **—ствовáть** (अपू॰) (—ствýю) प्रथम होना ; अग्रता प्राप्त करना ।

первúчный (वि॰) प्राथमिक ; प्रारम्भिक ।

первобы́тный (वि॰) आदिम ।

первоистóчник (पुं॰) उद्गम ; आदिस्रोत ।

первоклáссный (वि॰) प्रथम श्रेणी का ; पहली कक्षा का ।

первомáйский (वि॰) मई-दिवस का ।

пéрво-нáперво (क्रि॰ वि॰) सर्वप्रथम ।

первоначáльн‖о (क्रि॰ वि॰) प्रारम्भिक रूप से ; **—ый** (वि॰) १. आरम्भिक ; प्रारम्भिक ; प्राथमिक ; आद्य ; मूल ; २. —ые чúсла अभाज्य संख्या ।

первоóбраз (पुं॰) मूलरूप ।

первоосно́ва (स्त्री०) मूल सिद्धान्त ; आधारभूत सिद्धान्त ।

первопричи́на (स्त्री०) मूल कारण ।

перворазря́дный (वि०) प्रथम श्रेणी का ।

перворо́||дство (नपुं०) अग्रजाधिकार ; ज्येष्ठाधिकार ; **—ждённый** (वि०) अग्रजात ।

первосо́ртный (वि०) प्रथम श्रेणी का ; बहुत बढ़िया ।

первостате́йный (वि०) १. महत्वपूर्ण ; २. प्रथम श्रेणी का ; उच्चकोटि का ।

первостепе́нный (वि०) प्रथम श्रेणी का ; बहुत महत्वपूर्ण ।

первоцве́т (पुं०) पीतसेवती ; बसन्ती गुलाब ।

пе́рв||ый (वि०) प्रथम ; पहला ; —ое (число́ ме́сяца) मास का प्रथम दिवस / पहली तारीख ; —ого января́ पहली जनवरी को ; полови́на —ого साढ़े बारह बजे ; на п. взгляд पहली नज़र में ; —ая по́мощь प्राथमिक/तात्कालिक (डाक्टरी) सहायता ; с —ого ра́за पहले/पहली बार से ।

перга́мент (पुं०) चर्मपत्र ।

пере- (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं ; १. 'पार करना' का अर्थ, जैसे : переходи́ть (पैदल चलकर पार करना) ; переплы́ть (तैरकर पार करना) ; २. 'दुबारा', 'फिर से' का अर्थ, जैसे переду́мать (फिर से सोचना अर्थात् इरादा बदलना), переде́лать (फिर से करना), перечита́ть (दुबारा पढ़ना) ।

переадресо́вывать (अपू०), **переадресова́ть** (पू०) (भवि० —су́ю) फिर से सम्बोधन करना ।

переба́рщивать (अपू०), **переборщи́ть** (पू०) अति करना ।

пере||бега́ть (अपू०), **перебежа́ть** (पू०) (भवि० перебегу́, перебежи́шь) १. (दौड़कर) पार करना перебежа́ть че́рез доро́гу (दौड़कर) सड़क पार करना ; २. छोड़कर भाग जाना ; п. на сто́рону неприя́теля शत्रु से जा मिलना ; **—бе́жчик** (पुं०) १. (सेना०) भगोड़ा ; २. द्रोही ; शत्रु से जा मिलनेवाला ।

перебе́ливать (अपू), **перебели́ть** (पू०) फिर से सफ़ेदी करना ।

перебеси́||ться (आत्म० पू०) (перебешу́сь, перебе́сишься) १. (बहुत संख्या में कुत्तों आदि का) पागल होना ; हल्का जाना ; все соба́ки —лись सब कुत्ते हल्का गये ; २. (बहुत लोगों का) कोपाकुल होना ; ३. तूफ़ानी जीवन के बाद शान्त और समझदार हो जाना ।

перебива́ть (अपू०), **переби́ть** (पू०)(भवि० перебью́, перебьёшь) **I.** (फ़र्नीचर आदि) फिर से सजाना ; **II.** बीच में बोल पड़ना ; टोक देना ; **—ся** (आत्म०) गुज़ारा करना ; काम चलाना ; —ся с трудо́м कठिनता से गुज़ारा करना ।

перебира́ть (अपू०), **перебра́ть** (पू०) (भवि० переберу́, переберёшь) १. चुनना ; (काग़ज़ों, पत्रों पर) नज़र दौड़ाना ; पन्ने उलटना ; २. उँगलियों से छूना ; ३. स्मरण करना ; п. в па́мяти स्मरण करना ; ४. п. нога́ми (घोड़े का) पाँव से भूमि कुरेदना ; **—ся** (आत्म०) १. पार करना ; он перебра́лся че́рез руче́й उसने झरने को पार कर लिया ; २. बदलना ; —ся на другу́ю кварти́ру घर बदलना ।

переби́ть(ся) -I दे० перебива́ть(ся).

переби́||ть -II (पू०) (बहुत संख्या में) मार डालना ; हत्या करना ; क़त्ल करना ; **—ся** (आत्म०) (बहुत संख्या में) टूटना ; все таре́лки —лись सब प्लेटें टूट गयी हैं ।

перебо́й (पुं०) १. रुकावट ; व्यवधान ; दख़ल ; २. (नाड़ी, नब्ज़ का) रुक-रुककर चलना ; विच्छिन्नता ।

переболе́ть (पुं०) १. एक-एक करके बहुत-से रोगों से पीड़ित होना ; २. बहुत लोगों का बीमार होना ।

перебо́рка (स्त्री०) **I.** चुनाव ; छँटाई ; **II.** विभाजन ।

переборо́ть (पू०) क़ाबू में करना ; जीतना ; हराना ; п. себя́ अपने आप पर क़ाबू पाना ।

переборщи́ть दे० переба́рщивать

перебран||иваться (आत्म०) आपस में गाली-गलौज करना ; **—и́ться** (आत्म० पू०) लड़ना-झगड़ना ; **—ка** (स्त्री०) लड़ाई-झगड़ा ; गाली-गलौज ।

перебра́сывать (अपू०), **перебро́сить** (पू०) (भवि० перебро́шу, перебро́сишь) १. (-पर) से फेंकना ; п. че́рез плечо́ कन्धे पर से फेंकना ; २. (सेना आदि का) स्थानान्तरण ; एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजना ; **—ся** (आत्म०) इधर-उधर फेंकना ; перебро́ситься не́сколькими слова́ми एक-दो बातें करना ; २. (रोग, अग्नि आदि का) फैलना ; ३. перебра́сывать का कर्मवाच्य ।

перебра́ть(ся) दे० перебира́ть(ся).

перебуди́ть (पू०) (перебужу́, перебу́дишь) (सबको अथवा बहुतों को) जगाना ।

перева́л (पुं०) दर्रा ।

перева́ливать (अपू०), **перевали́ть** (पू०) **I.** लादना ; **II.** (दर्रा आदि) पार करना ; □ ему́ перевали́ло за 50 лет वह पचास वर्ष का हो चुका है ; **—ся** (आत्म०) १. (-पर) से लुढ़कना/गिरना ; २. перева́ливать-I का कर्मवाच्य ।

перева́ривать (अपू०), **перевари́ть** (पू०) १. अति करना ; २. फिर से/बहुत अधिक उबालना/पकाना ; ३. पचाना ; हज़म करना ; ४. बरदाश्त करना ; सहन करना ।

перевари́мый (वि०) सुपाच्य ।

перевезти́ दे० перевози́ть.

переверну́ть(ся) दे० перевёртывать(ся).

перевёрстывать (अपू०), **переверста́ть** (पू०) (छपाई-सम्बन्धी) फ़र्मों में फिर से पन्नों के अनुसार टाइप लगाना ।

перевёртывать (अपू०), **переверну́ть, перевертéть** (पू०) (перевертéть से переверчу́, перевéртишь) १. (переверну́ть पू० के साथ) १. उलटाना ; उल्टा करना ; переверну́ть пальто́ कोट उलटाना ; п. наизна́нку भीतर का भाग बाहर करना ; २. (перевертéть पू० के साथ) आवश्यकता से अधिक घुमाना ।

повёртываться (आत्म० अपू०), **переверну́ться** (आत्म० पू०) १. उलटना ; उल्टा होना ; ча́шка переверну́лась प्याला उलट गया ; २. перевёртывать का कर्मवाच्य ।

перевéс (पुं०) (केवल एकवचन) १. भार की अधिकता ; २. विशिष्टता ; वरिष्ठता ; чи́сленный п. बहुसंख्यक ; п. голосо́в बहुमत ।

перевéсить(ся) दे० перевéшивать(ся).

перевести́(сь) दे० переводи́ть(ся).

перевé||шивать (अपू०), **перевéсить** (पू०) (भवि० перевéшу, перевéсишь) **I.** १. किसी दूसरे स्थान पर लटकाना/टाँगना ; карти́ну ну́жно —сить इस चित्र को किसी दूसरे स्थान पर टाँगना चाहिए ; **II.** फिर से तोलना ; एक बार फिर तोलना ; **III.** अधिक भार होना ; **—ся** (आत्म०) १. (-पर) झुकना ; он —сился че́рез забо́р वह मेंड पर झुका ; २. перевéшивать I, II, III, का कर्मवाच्य ।

перевива́ть -I (अपू०), **переви́ть** (पू०) (भवि० перевью́, перевьёшь) (फिर से) गूँथना ; बटना ; **—ся** (आत्म०) गुँथ जाना ; वट जाना ।

перевида́||ть (पू०) बहुत-कुछ देख चुकना ; दुनिया देख चुकना ; बहुत अनुभव होना ; мно́го —л он на своём веку́ उसने अपने जीवन में बहुत-कुछ देखा है / उसने खूब दुनिया देखी है ।

перевира́ть (अपू०); **перевра́ть** (पू०) (भवि० перевру́, переврёшь) १. ग़लत बताना ; п. фами́лию ग़लत नाम बताना ; २. बहुत झूठ बोलना ।

переви́ть दे० перевива́ть.

перево́д (पुं०) १. स्थानान्तरण ; बदली ; २. अनुवाद ; п. с ру́сского на англи́йский रूसी से अंग्रेज़ी में अनुवाद ; ३. (रुपया आदि) भेजना ; почто́вый п. पोस्टल आर्डर ; ४. (घड़ी) आगे या पीछे करने की क्रिया ; ५. (रेल-सम्बन्धी) काँटा बदलने की क्रिया ; ६. परिणत करने की क्रिया ।

переводи́ть (अपू०), **перевести́** (पू०) (वर्त० перевожу́, перево́дишь ; भवि० переведу́, переведёшь) १. स्थानान्तर/बदली करना ; २. अनुवाद करना ; ३. (रुपया आदि) भेजना ; बैंक द्वारा भेजना ; ४. (घड़ी की सुइयाँ) आगे-पीछे करना ; ५. (रेल का) काँटा बदलना ; ६. परिणत करना ; п. в метри́ческую систе́му मीटर-पद्धति में परिणत करना ; п. дух साँस लेना ; **—ся** (आत्म०) १. स्थानान्तरण होना ; स्थानान्तरित होना ; बदली होना ; २. समाप्त होना ; ры́ба в пруде́ не перево́дится इस तालाब में मछलियाँ कभी समाप्त नहीं होतीं ; ३. переводи́ть का कर्मवाच्य ।

перево́д||ный (वि०) : —ная литерату́ра अनूदित साहित्य ; —ная на́дпись (चेक, हुंडी आदि पर) पृष्ठांकन / अन्वंकन ; п. бланк (почто́вый) पोस्टल आर्डर ; п. ве́ксель हुंडी/ड्राफ्ट ; —ная бума́га कार्बन काग़ज ; **—чик** (पुं०) अनुवादक ; दुभाषिया ।

перево́з (पुं०) १. परिवहन-कार्य ; २. घाट ।

перевози́ть (अपू०), **перевезти́** (पू०) (भवि० перевезу́, перевезёшь) ढोना ; परिवहन करना ; एक स्थान से दूसरे स्थान पर (गाड़ी आदि द्वारा) ले जाना ; (फ़र्नीचर आदि) हटाना ; (नाव में) नदी पार उतारना ; он перевёз их че́рез реку́ उसने उनको नदी पार उतार दिया ।

перево́з||ка (स्त्री०) परिवहन ; सवारी ; **—чик** (पुं०) नाविक ; खिवैया ।

переволнова́ть (पू०) (—ну́ю) (बहुत) चौंकाना ; उत्तेजित करना ; **—ся** (आत्म०)(बहुत) चौंकना ; चिन्तित होना ।

перевооружа́ть (अपू०), **перевооружи́ть** (पू०) पुनश्शस्त्रीकरण ; फिर से सायुध करना ; **—ся** (आत्म०) अपना पुनश्शस्त्रीकरण करना ।

перевооруже́ние (नपुं०) पुनश्शस्त्रीकरण ।

перевоплоща́ть (अपू०), **перевоплоти́ть** (पू०) (भवि० перевоплощу́, перевоплоти́шь) फिर से अवतरित करना ; नया रूप देना ; **—ся** (आत्म०) फिर से मूर्त रूप धारण करना ।

перевоплоще́ние (नपुं०) फिर से मूर्त रूप धारण करने की क्रिया ; रूपान्तरण ।

перевора́чивать(ся) = **перевёртывать(ся).**

переворо́т (पुं०) १. क्रान्ति ; उथल-पुथल ; राज्य-उत्क्रमण ; социа́льный п. सामाजिक क्रान्ति ; २. उपप्लव ।

перевоспи́тывать (अपू०), **перевоспита́ть** (पू०) फिर से शिक्षण करना ; फिर से शिक्षा देना ।

перевра́ть दे० перевира́ть.

перевыбира́ть (अपू०), **перевы́брать** (पू०) (भवि० переві́беру, переві́берешь) फिर से चुनना ; फिर से छाँटना ।

переві́боры (बहु०) पुनर्निर्वाचन ।

перевыполне́ние (नपुं०) अधिसिद्धि ; п. пла́на на 20 проце́нтов योजना की २० प्रतिशत अधिसिद्धि हुई ।

перевыполн||я́ть (अपू०), **переві́полнить** (पू०) अधिसिद्धि करना ; —я́ть план на 20 проце́нтов योजना की २० प्रतिशत अधिसिद्धि करना ।

перевяза́ть(ся) दे० перевя́зывать(ся).

перевя́з||ка (स्त्री०) १. फिर से बाँधने की क्रिया ; २. (घाव पर बाँधने की) पट्टी ; मरहम-पट्टी ; **—очный** (वि०) : —очный пункт मरहम-पट्टी का स्थान ।

перевя́з||ывать (अपू०), **перевяза́ть** I (पू०) (भवि० перевяжу́, перевя́жешь) I १. बाँधना ; मोटे रस्से से बाँधना ; (घाव पर) पट्टी बाँधना ; २. फिर से बाँधना ; फिर से पट्टी करना/बाँधना ; **II.** फिर से बुनना ; फिर से बुनवाना ; перевяза́ть ко́фту जाकेट फिर से बुनना/फिर से बुनवाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने पट्टी बाँधना ; अपनी मरहम-पट्टी करना ; २. перевя́зывать -I, II का कर्मवाच्य ।

пе́ревяз||ь (स्त्री०) १. (तलवार आदि बाँधने की) पेटी ; २. गलपट्टी ; у него́ рука́ на —и उसका हाथ गलपट्टी में बँधा है ।

перегибáть (अपू०), **перегну́ть** (पू०) (ज़ोर लगाकर) टेढ़ा करना ; मोड़ना ; दुहरा करना ; п. лист железа пополáм लोहे की चादर को दुहरा करना ; **—ся** (आत्म०) (अत्यधिक) झुकना ; मुड़ना ; दुहरा हो जाना ; желéзный прут перегну́лся пополáм लोहे का सरिया दुहरा हो गया ।

перегла́дить -I दे० перегла́живать.

перегла́дить -II (पू०) (एक-एक करके) सारे कपड़ों पर लोहा करना ; п. всё бельё सारे कपड़ों पर लोहा करना ।

перегла́живать (अपू०), **перегла́дить** (पू०) (भवि० перегла́жу, перегла́дишь) फिर से लोहा करना ।

переглассо́вка (स्त्री०) (स्वर) परिवर्तन ।

переглядé||ть (पू०) (भवि० перегляжу́, переглядúшь) (एक-एक करके) देखना ; он —л все кни́ги (एक-एक करके) उसने सारी पुस्तकें देख डालीं ।

перегля́дываться (आत्म० अपू०), **переглянýться** (आत्म० पू०) आँखें चार करना ।

перегнáть दे० перегоня́ть.

перегнивáть (अपू०), **перегни́ть** (पू०) (भवि० перегнию́, перегниёшь) सड़ जाना ।

перегнóй (पुं०) सड़ी पत्तियों की खाद ।

перегну́ть(ся) दे० перегибáть(ся).

перегова́риваться (आत्म० अपू०) बातचीत करना ।

перегов||ори́ть (पू०) बातचीत करना ; п. по телефóну टेलीफ़ोन पर बातचीत करना ; **—óрный** (वि०) : —óрный пункт टेलीफ़ोन करने की जगह ; **—óры** (बहु०) बातचीत ; वार्तालाप ; вести́ —óры बातचीत करना ।

перегóн (पुं०) १. (पशुओं को) हाँकने की क्रिया ; २. (दो स्टेशनों के बीच का) फ़ासला ।

перегóнка (स्त्री०) (रस०) आसवन ; ऊर्ध्वपातन ; अर्क़ खींचने की क्रिया ।

перегóнный (वि०) : п. завóд आसवन-फ़ैक्टरी ।

перегоня́ть (अपू०), **перегнáть** (पू०) **I.** १. (पशुओं आदि को) परे हाँकना ; मार भगाना ; скот ну́жно перегнáть с э́того пáстбища на другóе पशुओं को इस चरागाह से दूसरी में हाँक देना चाहिए ; २. (रस०) आसवन ; ऊर्ध्वपातन ; अर्क़ खींचना ; **II.** दौड़कर आगे निकल जाना ; पीछे छोड़ देना ।

перегорáживать (अपू०), **перегороди́ть** (पू०) (भवि० перегорожу́, перегорóдишь) (लकड़ी के तख़्ते आदि लगाकर कमरे का) विभाजन करना ।

перегор||áть (अपू०), **перегорéть** (पू०) (भवि० перегорю́, перегори́шь) (बिजली के बल्ब आदि का) जल जाना/फ़्यूज़ हो जाना ; лáмпочка —éла बिजली का बल्ब जल गया है/फ़्यूज़ हो गया है ।

перегороди́ть दे० перегорáживать.

перегорóдка (स्त्री०) (बीच की) दीवार ; ओट ।

перегрéв (पुं०) (टेक०) अतितापन ; बहुत आँच देने की क्रिया ।

перегревáть (अपू०), **перегрéть** (पू०) अतितापन करना ; अत्यधिक आँच देना/गर्म करना ।

перегружáть (अपू०), **перегрузи́ть** (पू०) (भवि० перегружу́, перегру́зишь) १. अधिक भार लादना ; २. दूसरे जहाज़ आदि पर लादना ; у́голь нáдо перегрузи́ть с э́того корабля́ на другóй कोयला इस जहाज़ से दूसरे जहाज़ पर लादना चाहिए ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आप पर अधिक बोझ लादना ; क्षमता से अधिक काम करना ; २. перегружáть का कर्मवाच्य ।

перегру́зка (स्त्री०) अत्यधिक बोझ/भार ; अत्यधिक काम ; दूसरे जहाज़ आदि पर लादने की क्रिया ।

перегрунтóвывать (अपू०), **перегрунтовáть** (पू०) (भवि० —ту́ю) फिर से भूमि तैयार करना ।

перегруппиро́вывать (अपू०), **перегруппирова́ть** (पू०) (भवि० —ру́ю) पुनर्वर्गीकरण करना ; नयी दर्जाबन्दी करना ।

перегрыза́ть (अपू०), **перегры́зть** (पू०) (भवि० перегрызу́, перегрызёшь) १. (दाँतों से) चबा डालना ; соба́ка перегры́зла па́лку कुत्ते ने छड़ी को चबा डाला ; २. सब चबा डालना ; соба́ка перегры́зла кур कुत्ते ने सारी मुर्ग़ियाँ चबा (अथवा खा) डालीं ।

перегры́зться (आत्म० पू०) (कुत्तों का हड्डी आदि के लिए) लड़ना ।

перед -I, пе́редо (अ०) १. (स्थान के विषय में) आगे ; सामने ; он останови́лся п. две́рью वह द्वार के आगे रुक गया ; стул стои́т п. столо́м कुर्सी मेज़ के आगे पड़ी है ; п. на́ми больша́я зада́ча हमारे सामने बड़ा काम है ; २. (समय के विषय में) पूर्व ; पहले ; п. обе́дом खाने से पूर्व ; (सम्बन्धों के विषय में) -की तुलना में ; -के मुक़ाबले में ; он извини́лся п. не́й उस (पुरुष या बालक ने) उस (स्त्री या लड़की) से क्षमा माँगी ; они́ ничто́ п. ним वे उसके सामने (अर्थात् उसके मुक़ाबले में) कुछ नहीं ।

перед -II, **перёд** (पुं०) अग्रभाग ; सामने का हिस्सा ।

передава́ть (अपू०), **переда́ть** (पू०) (वर्त० передаю́, передаёшь ; भवि० переда́м, переда́шь) १. आगे देना ; देना ; п. из рук в ру́ки हाथों-हाथ देना ; २. पुनरुत्पादन करना ; प्रतिकृति तैयार करना ; ३. (समाचार आदि) प्रेषण करना ; प्रसारित करना ; п. по ра́дио रेडियो द्वारा प्रसारित करना ; п. по телефо́ну टेलीफ़ोन पर बताना ; п. поруче́ние सन्देश देना ; ४. संक्रामण करना ; रोग लगाना/फैलाना ; ५. आवश्यकता से अधिक देना ; переда́ть три рубля́ तीन रूबल अधिक देना ; □ п. благода́рность धन्यवाद करना ; **—ся** (आत्म०) १. पैतृक सम्पत्ति के रूप में मिलना/पैतृक दाय होना ; ему́ э́то передало́сь यह उसकी पैतृक दाय है ; २. किसीके पक्ष में हो जाना ; ३. передава́ть का कर्मवाच्य ।

переда́точн||ый (वि०) आगे भेजने का ; —ая на́дпись (हुंडी आदि पर) पृष्ठांकन/अन्वंकन ; —ая ста́нция रेल-जंकशन ।

переда́тчик (पुं०) प्रेषी ; प्रेषित्र ; रेडियो ट्रांसमिटर ।

переда́ть(ся) दे० передава́ть(ся).

переда́ч||а (स्त्री०) १. हस्तान्तरण ; संक्रामण ; संचारण ; आगे देने की क्रिया ; (रेडियो) प्रसारण ; п. иму́щества सम्पत्ति-समनुदेशन/सौंपना ; п. по насле́дству दाय-क्रम से ; п. во владе́ние हस्तान्तर से ; २. पार्सल ; □ без пра́ва —и अहस्तान्तरणीय ।

передвига́ть (अपू०), **передви́нуть** (पू०) परे हटाना ; एक स्थान से दूसरे स्थान पर धकेलना ; стол на́до передви́нуть из ко́мнаты в коридо́р मेज़ कमरे से उठाकर बरामदे में रख देनी चाहिए ; **—ся** (आत्म०) १. (एक स्थान से दूसरे स्थान पर) जाना ; २. передвига́ть का कर्मवाच्य ।

передвиж||е́ние (नपुं०) गति ; (एक स्थान से दूसरे स्थान पर) हटाया जाना ; **—ка** (स्त्री०) библиоте́ка-передви́жка चलता-फिरता पुस्तकालय ; **—но́й** (वि०) चलता-फिरता ; सुचल ; घूमनेवाला ; —на́я библиоте́ка चलता-फिरता पुस्तकालय ; —но́й теа́тр चलता-फिरता/सुचल नाटक-गृह ।

передви́нуть(ся) दे० передвига́ть(ся).

переде́л (पुं०) पुनर्विभाजन ; फिर से बँटवारा ; п. ми́ра संसार का पुनर्विभाजन ।

переде́лать -I दे० переде́лывать.

переде́ла||ть -II. (पू०) एक-एक करके करना ; सब करना ; —л все дела́ उसने सारे काम कर लिये हैं ।

передели́ть (पू०) फिर से बँटवारा करना ; पुनर्विभाजन करना ।

переде́лк||а (स्त्री०) परिवर्तन ; отда́ть что-л. в —у कुछ परिवर्तन कराना ।

переде́лывать (अपू०), **переде́лать** (पू०) १. फिर से करना ; परिवर्तन करना ; переде́лать пальто́ कोट में तबदीली कराना ; २. पुनर्शिक्षण ; फिर से शिक्षा देना ।

передёргивать (अपू०), **передёрнуть** (पू०) **I.** (ताश खेलने में) छल करना ; **II.** १. तोड़-मरोड़कर कहना ; ग़लत कहना ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ передёрнуло от бо́ли वह दर्द के मारे इँठा जा रहा था ।

переде́рживать (अपू०), **передержа́ть** (पू०) १. (खाना आदि) आवश्यकता से अधिक उबालना/पकाना ; २. (फ़ोटो को) (आवश्यकता से अधिक) एक्सपोज़ करना ; खुला रखना ; ३. फिर से परीक्षा में बैठना ।

переде́ржка (स्त्री०) १. (फ़ोटो को) (आवश्यकता से अधिक) खुला रखना या एक्सपोज़ करना ; २. फिर से परीक्षा में बैठना ।

передёрнуть दे० передёргивать.

передко́вый (वि०) передо́к से वि० ।

пере́дн‖ий (वि०) अगला ; सामने का ; प्रथम ; —яя часть अग्रभाग ; п. план अग्रभूमि ।

пере́дник (पुं०) पेशबन्द ; ऐप्रन ।

пере́дняя (स्त्री०) (वि० रू०) ड्योढ़ी ।

пе́редо = пе́ред -I.

передоверя́ть (अपू०), **передове́рить** (पू०) १. शिक़मी ठेका देना ; बड़े ठेकेदार का किसी छोटे ठेकेदार को ठेका देना ; २. मुख़्तारनामा देना ।

передови́к (पुं०) अग्रणी ; अग्रयायी ।

передови́ца (स्त्री०) सम्पादकीय (लेख) ।

передов‖о́й (वि०) अग्रणी ; अग्रयायी ; सबसे आगे का ; अगला ; आगे बढ़ा हुआ ; प्रगतिशील ; —а́я статья́ सम्पादकीय (लेख) ; —ы́е взгля́ды प्रगतिशील विचार ।

передо́к (पुं०) १. (गाड़ी आदि का) अलग किया जा सकनेवाला अगला भाग ; २. (जूते का) उपरला ; ऊपरी हिस्सा ।

передо́хнуть (पू०) मरना ; вся скоти́на передо́хла सब पशु मर गये ।

передра́знивание (नपुं०) नक़ल उतारने/चिढ़ाने की क्रिया ।

передра́знивать (अपू०), **передразни́ть** (पू०) नक़ल उतारना ; चिढ़ाना ।

передра́ться (आत्म० पू०) (आपस में) लड़ना ; झगड़ना ।

передря́г‖а (स्त्री०) गड़बड़झाला ; попа́сть в —у गड़बड़झाले में पड़ना ।

переду́мать -I दे० переду́мывать.

переду́мать -II (पू०) बहुत सोच-विचार करना ।

переду́мывать (अपू०), **переду́мать** (पू०) विचार बदलना ; इरादा बदलना ।

передуши́‖ть (पू०) (गला ऐंठकर या दबाकर) मार डालना ; गला घोंटना ; лиса́ —ла мно́го кур लोमड़ी ने बहुत-सी मुर्ग़ियों को मार डाला ।

переды́шка (स्त्री०) आराम ; अवकाश ; साँस लेने की फ़ुर्सत ।

перееда́ть (अपू०), **перее́сть** (पू०) (भवि० перее́м, перее́шь) **I.** अत्यधिक खाना ; आवश्यकता से अधिक भोजन करना ; **II.** क्षय होना ; मोरचा खा जाना ; ज़ंग लगना ।

перее́зд (पुं०) **I** १. गुज़रने/(पानी में से) पार करने की क्रिया ; २. (रेल की पटरी को) पार करने की चौकी ; **II.** एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने की क्रिया ।

переезжа́ть (अपू०), **перее́хать** (पू०) (भवि० перее́ду, перее́дешь) **I.** १. (पर से) गुज़रना ; पार करना ; २. (केवल पू०) कुचलना ; его́ перее́хало по́ездом वह रेल के नीचे कुचला गया ; **II.** एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना ; п. на но́вую кварти́ру घर बदलना ।

перее́сть दे० перееда́ть.

перее́хать दे० переезжа́ть.

пережа́ривать (अपू०), **пережа́рить** (पू०) बहुत अधिक भूनना ; जला देना ।

пережда́ть दे० пережида́ть.

пережёвывать (अपू०), **пережева́ть** (पू०) १. (बहुत) चबाना ; २. बार-बार दुहराना ; रटना ।

пережени́ться (आत्म० पू०) (एक-एक करके) बहुतों का या सबका विवाह करना।

пережéчь दे० пережигáть.

пережива́ние (नपुं०) अनुभूति।

пережива́ть (अपू०), **пережи́ть** (पू०) (भवि० переживý, переживёшь) १. अनुभूति होना; (-में से) गुज़रना; सहन करना; कष्ट उठाना; २. जीते रहना; बच जाना।

пережига́ть (अपू०), **пережéчь** (पू०) (भवि० пережгý, пережжёшь) (बिजली) अधिक जलाना; सब-कुछ जला डालना।

пережида́ть (अपू०), **пережда́ть** (पू०) (समाप्त होने तक) प्रतीक्षा करना/इन्तज़ार करना; переждáть дождь वर्षा बन्द होने तक प्रतीक्षा करना/इन्तज़ार करना।

пережи́ток (पुं०) शेष; शेष भाग; अवशिष्ट।

пережи́ть दे० переживáть.

пережóг (पुं०) अधिक जलन।

перезабы́ть (पू०) (перезабýду, перезабýдешь) (सब-कुछ) भूल जाना; п. всё, что знал जाना हुआ सब-कुछ भूल जाना।

перезаклáдывать (अपू०), **перезаложи́ть** (पू०) फिर से गिरवी रखना।

перезаключа́ть (अपू०), **перезаключи́ть** (पू०) फिर से संविदा करना।

перезаключéние (नपुं०) फिर से संविदा करने की क्रिया।

перезаложи́ть दे० перезаклáдывать.

перезаряжа́ть (अपू०), **перезаряди́ть** (पू०) (भवि० перезаряжý, перезаряди́шь) १. पुनराविष्ट करना; फिर से चार्ज करना; (बन्दूक में) फिर से कारतूस/बारूद आदि भरना।

перезимова́ть (पू०) (—мýю) सर्दी गुज़ारना।

перезнакóмить (पू०) (भवि० перезнакóмлю, перезнакóмишь) (सबसे, बहुतों से) परिचय कराना; **—ся** (आत्म०) (सबसे, बहुतों से) परिचय प्राप्त करना।

перезрева́ть (अपू०), **перезрéть** (पू०) (फल आदि का) अत्यधिक पक जाना।

перезрéлый (वि०) अतिपक्व; अधिक पका हुआ।

перезя́бнуть (पू०) सर्दी खाना; (पौधों का) सर्दी के कारण नष्ट हो जाना; पाला मार जाना।

переигра́ть (पू०) १. перейгрывать; २. (एक के पश्चात् दूसरा नाटक आदि) खेलना/अभिनय करना।

перейгрывать (अपू०), **переигра́ть** (पू०) **I.** फिर से खेलना; **II.** अत्यभिनय करना।

переизбира́||ть (अपू०), **переизбра́ть** (पू०) (भवि० переизберý, переизберёшь) फिर से चुनना/चुनाव करना; **—ние** (नपुं०) पुनर्निर्वाचन; फिर से चुनाव।

переизд||ава́ть (अपू०), **переизда́ть** (पू०) (वर्त० переиздаю́, переиздаёшь; भवि० переиздáм, переиздáшь) फिर से प्रकाशित करना; **—áние** (नपुं०) पुनःप्रकाशन।

переименóвывать (अपू०), **переименова́ть** (पू०) (भवि० —нýю) फिर से नामकरण करना; नया नाम रखना।

переи́мчив||ость (स्त्री०) अनुकरण; नक़ल; **—ый** (वि०) अनुकरणशील; अनुकरण-पटु; नक़ल करनेवाला; नक़ल उतारने में चतुर; обезьяны óчень —ы बन्दर नक़ल उतारने में बहुत चतुर होते हैं।

переинáчить (पू०) परिवर्तन करना; ग़लत अर्थ देना; विकृत करना।

переиска́ть (पू०) (भवि० переищý, пере́ищешь) सर्वत्र ढूँढना।

перейти́ दे० переходи́ть.

перекáл (पुं०) अतितापन; (लोहे आदि को) अत्यधिक आब देने की क्रिया।

перекалéч||ить (पू०) (बहुतों को) अंगहीन करना; अंग-भंग करना; мнóго людéй — в войнé लड़ाई में बहुत लोग अंगहीन हो गये।

перекáливать (अपू॰), **перекали́ть** (पू॰) (लोहे. हथियार आदि को) अत्यधिक आब देना।

перекáлывать (अपू॰), **переколóть** (पू॰) १. (एक स्थान से उखाड़कर दूसरे स्थान पर) पिन से लगाना ; २. (संगीन आदि चुभोकर) मारना।

перекáпывать (अपू॰), **перекопáть** (पू॰) फिर से खोदना।

перекáрмливать (अपू॰), **перекорми́ть** (पू॰) (भवि॰ перекормлю́, перекóрмишь) (किसीको) आवश्यकता से अधिक भोजन कराना।

перекáт (पुं॰) (नदी में) उथली जगह ; पाँभ जगह ; कम गहरा स्थान।

перекати́-пóле (केवल एकवचन) एक प्रकार की झाड़ी।

перекáтывать (अपू॰), **перекати́ть** (पू॰) (भवि॰ перекачу́, перекáтишь) १. (लुढ़काकर) एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना ; бóчку нáдо перекати́ть पीपे को यहाँ से किसी दूसरे स्थान पर ले जाना चाहिए ; २. लुढ़काकर बहुत दूर ले जाना।

перекáчивать (अपू॰), **перекачáть** (पू॰) (पम्प द्वारा पानी आदि) एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना।

перекáшивать (अपू॰), **перекоси́ть** (पू॰) (भवि॰ перекошу́, перекоси́шь) у негó перекоси́ло лицó उसका मुँह टेढ़ा हो गया ; рáму перекоси́ло चौखटा टेढ़ा हो गया/चौखटे में खम आ गया।

переквалифици́ровать (अपू॰ और पू॰) (—рую) फिर से योग्य बनाना ; नया धन्धा सिखाना ; **—ся** (आत्म॰) (अपू॰ और पू॰) १. नया धन्धा सीखना ; २. переквалифици́ровать का कर्मवाच्य।

перекидáть दे॰ переки́дывать.

поди́ -I = пойди́.

поди́ -II (विस्मय०) १. शायद ; सम्भवत: ; ты, п., забы́л меня́ तू शायद मुझे भूल गया ; २. п., поспóрь с ним ज़रा उससे बहस करके तो देख ।

подиви́ться (पू०) (भवि० подивлю́сь, подиви́шься) विस्मित होना ; चकित होना ।

подирá‖ть (अपू०) ☐ (कर्तृ-निरपेक्ष) морóз по кóже —ет शीत के कारण कँपकँपी आ रही है ।

подкáлывать (अपू०), **подколóть** (पू०) (भवि० подколю́, подкóлешь) पिन से लगाना ।

подкáпывать (अपू०), **подкопáть** (पू०) नीचे से खोदना ; सुरंग लगाना ।

подкарау́ливать (अपू०), **подкарау́лить** (पू०) ताक में रहना ; घात लगाना ; п. дичь на охóте शिकार के लिए घात लगाना ।

подкáрмливать (अपू०), **подкорми́ть** (पू०) (भवि० подкормлю́, подкóрмишь) भोजन कराना ; (पशु को) चारा खिलाना ।

подкáтывать (अपू०), **подкати́ть** (पू०) (भवि० подкачу́, подкáтишь) १. लुढ़काना ; (सवारी में) जाना ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) у негó подкати́ло к гóрлу उसका गला रुँध गया है ; **—ся** (आत्म०) १. लुढ़कना ; २. подкáтывать का कर्मवाच्य ।

подкáшивать (अपू०), **подкоси́ть** (पू०) (भवि० подкошу́, подкóсишь) १. (घास) काटना : २. शक्तिहीन करना ।

подки́дывать = подбрáсывать.

подки́нуть = подбрóсить.

подкисля́ть (अपू०), **подкисли́ть** (पू०) (रस०) आम्लिक करना ; खट्टा करना ।

подклáдк‖а (स्त्री०) अस्तर ; сдéлать —у к пальтó कोट में अस्तर लगाना ; ☐ какáя тут п. ? इसके भीतर क्या है ?

подклáдывать (अपू०), **подложи́ть** (पू०) १. (-के नीचे) रखना/धरना ; २. अस्तर लगाना ; ३. और डालना ; п. дров और लकड़ियाँ डालना ; ☐ подложи́ть свинью́ комý-л. किसीसे छल-कपट करना ।

подклéивать (अपू०), **подклéить** (पू०) (-के नीचे) गोंद/लेई/सरेस से जोड़ना/चिपकाना ।

подклéйка (स्त्री०) गोंद/लेई/सरेस से जोड़ने या चिपकाने की क्रिया ।

подкóва (स्त्री०) (घोड़े के) नाल ।

подкóвывать (अपू०), **подковáть** (पू०) (भवि० —кýю) (घोड़े के) नाल लगाना ।

подкóжный (वि०) अन्तस्त्वक् ; त्वचा के भीतर का ।

подкóп (पुं०) सुरंग ; **—áть(ся)** दे० подкáпывать(ся).

подкóрм (पुं०) अतिरिक्त (अधिक) भोजन या चारा ।

подкорми́ть दे० подка́рмливать.

подко́с (पुं०) १. (घास आदि) काटने की क्रिया ; २. चरागाह जिस पर से घास काट ली गयी हो ; ३. आड़ (विशेषकर वह लकड़ी जो छत आदि को सहारा देने के लिए तिरछी लगायी जाती है)।

подкоси́ть(ся) दे० подка́шивать(ся).

подкра́дываться (आत्म० अपू०), **подкра́сться** (आत्म० पू०) (भवि० подкраду́сь, подкрадёшься) (-तक) चोरी से आ जाना ; दबे पाँव आना ।

подкра́шивать (अपू०), **подкра́сить** (पू०) (भवि० подкра́шу, подкра́сишь) रँग देना ; थोड़ा-सा रँग देना ; п. гу́бы ओठों पर सुर्ख़ी लगाना ; **—ся** (आत्म०) १. शृंगार करना ; ओठों पर सुर्ख़ी लगाना ; २. подкра́шивать का कर्मवाच्य ।

подкреп||и́ть(ся) दे० подкрепля́ть(ся) ; **—ле́ние** (नपुं०) १. पुष्टि ; для —ле́ния свои́х слов अपनी बात की पुष्टि के लिए ; २. (सेना०) कुमक ।

подкреп||ля́ть (अपू०), **подкрепи́ть** (पू०) (भवि० подкреплю́, подкрепи́шь) १. दृढ़ करना ; पक्का करना ; क़िलेबन्दी करना ; पुष्टि करना ; प्रमाणित करना ; он —и́л положе́ние цита́той उसने उद्धरण देकर अपनी बात की पुष्टि की ; २. (सेना०) कुमक भेजना ; **—ся** (आत्म०) १. सुदृढ़ होना ; अपनी स्थिति पक्की करना ; मजबूत करना ; २. подкрепля́ть का कर्मवाच्य ।

подкузьми́ть (पू०) (भवि० подкузьмлю́, подкузьми́шь) धोखा देना ; दग़ा देना ; вы ду́мали нас п. ? आपने हमें धोखा देने की सोची थी ?

по́дкуп (पुं०) रिश्वत ; घूस ।

подкуп||а́ть (अपू०), **подкупи́ть** (पू०) (भवि० подкуплю́, подку́пишь) १. रिश्वत देना ; घूस देना ; २. मन जीतना ; всех —и́ла его́ и́скренность उसकी सचाई ने सबका मन जीत लिया ।

подла́живаться (आत्म० अपू०), **подла́диться** (आत्म० पू०) (भवि० подла́жусь, подла́дишься) (अपने आपको) अनुकूल बनाना ।

подла́мываться (आत्म० अपू०), **подломи́ться** (आत्म० पू०) (भवि० подломлю́сь, подло́мишься) (नीचे से) टूट जाना ; лёд подломи́лся под ло́шадью घोड़े के पाँव के नीचे बर्फ़ टूट गयी ।

по́дле (क्रि० वि०) (के) पास ; п. стола́ стоя́л стул मेज़ के पास कुर्सी पड़ी थी ; она́ се́ла п. меня́ वह (स्त्री/लड़की) मेरे पास बैठ गयी ।

подлежа́ть (अपू०) (-के) अधीन होना ; -आस्पद होना ; -शील होना ; п. уничтоже́нию विनाशशील होना/(भाग्य में) विनाश बदा होना ; п. ве́дению кого́-л. किसीके अधिकार में होना ; не подлежи́т сомне́нию सन्देहास्पद न होना ; э́то не подлежи́т оглаше́ние यह अभी गोपनीय है ।

подлежа́щее (नपुं०) (वि० रू०) (व्या०) कर्म ।

подлеза́ть (अपू०), **подле́зть** (पू०) नीचे से रेंग जाना ; п. под забо́р मेंड़ के नीचे से रेंग जाना ।

подле́сок (पुं०) (जंगल के) छोटे वृक्ष और झाड़ियाँ ।

подлет||а́ть (अपू०), **подлете́ть** (पू०) (भवि० подлечу́, подлети́шь) १. उड़ आना ; го́лубь —е́л к окну́ कबूतर खिड़की के पा उड़ आया ; २. भागकर आना ।

подле́ц (पुं०) नीच ; दुष्ट ; लुच्चा ।

подле́чивать (अपू०), **подлечи́ть** (पू०) चिकित्सा करना ; इलाज करना ; **—ся** (आत्म०) (अपनी) चिकित्सा कराना ; इलाज कराना ।

подлива́ть (अपू०), **подли́ть** (पू०) (भवि० подолью́, подольёшь) (तरल पदार्थ) और अधिक डालना ; ☐ подли́ть ма́сла в ого आग में और तेल छिड़कना ।

подли́вка (स्त्री०) रसा ; तरी ।

подли́за (उभ०) चापलूस ; टोडी ।

подли́зывать (अपू०), **подлиза́ть** (पू०) (भवि० подли́жу, подли́жешь) चाटना ; **—ся** (आत्म०) चापलूसी करना ।

по́длинник (पुं०) मौलिक ; असल ।

по́длинн||о (क्रि० वि०) वास्तव में ; सचमुच ; он п. наро́дный поэ́т वह सचमुच जन-कवि है ; **—ость** (स्त्री०) वास्तविकता ; मौलिकता ; **—ый** (वि०) १. मौलिक ; असली ; मूल ; п. текст मूलपाठ / मज़मून ; २. सच्चा ।

подли́ть दे० подлива́ть.

по́дличать (अपू०) कमीनापन करना ; नीचता का काम करना ।

подло́г (पुं०) जालसाज़ी ।

подло́дка (подво́дная ло́дка) (स्त्री०) पनडुब्बी ।

подложи́ть दे० подкла́дывать.

подло́жн||ость (स्त्री०) कपट ; छल ; जालसाज़ी ; **—ый** (वि०) बनावटी ; जाली ।

подлоко́тник (पुं०) कोहनी की टेक ।

подломи́ться दे० подла́мываться.

по́дл||ость (स्त्री०) नीचता ; कमीनापन ; नीचता का कार्य ; **—ый** (वि०) नीच ; कमीना ।

подма́зывать (अपू०), **подмаза́ть** (पू०) (भवि० подма́жу, подма́жешь) १. ग्रीज़ आदि लगाना; (पहियों में) तेल देना ; मक्खन लगाना ; २. रिश्वत देना ; घूस देना ; **—ся** (आत्म०) १. मुँह पर पाउडर, सुर्ख़ी आदि लगाना ; २. (ख़ुशामद करके) कृपा-पात्र बनना ; ३. подма́зывать का कर्मवाच्य ।

подманда́тный (वि०) शासनादिष्ट ।

подмасте́рье (नपुं०) शिक्षु (अंग्रेज़ी — अप्रेंटिस) ।

подма́хивать (अपू०), **подмахну́ть** (पू०) १. (बोलचाल की भाषा में प्रयुक्त) जल्दी से हस्ताक्षर करना ; २. जल्दी-जल्दी झाड़ू देना ।

подма́чивать (अपू०), **подмочи́ть** (पू०) (थोड़ा-सा) गीला करना ; भिगोना ।

подме́на (स्त्री०) (असली वस्तु को नक़ली वस्तु से) बदल देना ।

подменя́ть (अपू०), **подмени́ть** (पू०) (-से) बदल देना ।

подмерза́ть (अपू०), **подмёрзнуть** (पू०) थोड़ा-सा जम जाना ।

подмета́ть (अपू०), **подмести́** (पू०) (भवि० подмету́, подметёшь) झाड़ू देना ; साफ़ करना ; п. пол फ़र्श पर झाड़ू देना/साफ़ करना ।

подме́тить दे० подмеча́ть.

подмётка (स्त्री०) १. झाड़ू देने की क्रिया ; २. जूते का नया तला ।

подмётн||ый (वि०) : —ое письмо́ गुमनाम चिट्ठी ।

подмеча́ть (अपू०), **подме́тить** (पू०) (भवि० подме́чу, подме́тишь) (ध्यान से देखकर) पता लगा लेना ; он то́нько подме́тил все недоста́тки кни́ги उसने (ध्यान से देखकर) पुस्तक के सब दोषों का पता लगा लिया ।

подме́шивать (अपू०), **подмеша́ть** (पू०) (-में) मिला देना ; (-से) मिश्रित करना ; п. песку́ в цеме́нт सिमेंट में रेत मिलाना ।

подми́гивать (अपू०), **подмигну́ть** (पू०) आँख मिचकाना ; सैन मारना ।

подмина́ть (अपू०), **подмя́ть** (पू०) (भवि० подомну́, подомнёшь) (अपने भार से) कुचलना ; रौंदना ; медве́дь подмя́л охо́тника भालू ने शिकारी को कुचल डाला ।

подмо́г||а (स्त्री०) सहायता ; идти́ на —у सहायता करना ।

подмока́ть (अपू०), **подмо́кнуть** (पू०) (थोड़ा-सा) भीगना ।

подмора́живать (अपू०), **подморо́зить** (पू०) (भवि० подморо́жу, подморо́зишь) जम जाना ।

подмоско́вный (वि०) मास्को के आस-पास का ।

по́дмости (बहु०) मचान ; पाड़ ।

подмо́стки (बहु०) १. मचान ; पाड़ ; २. मंच ।

подмочи́ть दे० подма́чивать.

подмы́в (पुं०) (पानी द्वारा) कटाव ; बहाया जाना।

подмыва́||ть (अपू०), **подмы́ть** (पू०) (भवि० подмо́ю, подмо́ешь) १. धोना ; २. (तट को) काटना ; बहा ले जाना ; ३. (केवल अपू०) его́ так и —ет वह इससे बाज़ नहीं आ सकता/उसमें इसकी दुर्दम लालसा है।

подмы́ш||ка (स्त्री०) बग़ल ; कोख ; **—ник** (पुं०) (बग़ल के नीचे का) वस्त्र-रक्षक।

подмя́ть दे० подмина́ть.

поднадзо́рный (वि०) (ऐसा व्यक्ति) जिस पर निगरानी रखी जाये।

поднебе́сье (नपुं०) (केवल एकवचन) अन्तरिक्ष।

поднево́льный (वि०) १. (व्यक्ति) आश्रित ; २. ज़बर्दस्ती का ; п. труд बेगार।

поднесе́ние (नपुं०) भेंट।

поднести́ दे० подноси́ть.

поднима́ть (अपू०), **подня́ть** (पू०) (भवि० подниму́, подни́мешь) १. उठाना ; п. ру́ку हाथ उठाना ; п. ору́жие शस्त्र उठाना ; п. пыль गर्द उड़ाना ; п. го́лос आवाज़ उठाना ; п. флаг झंडा फहराना ; २. ऊँचा उठाना ; बढ़ाना ; п. производи́тельность труда́ श्रम की उत्पादकता बढ़ाना ; □ п. с посте́ли चारपाई से उठाना / जगाना ; п. новину́, целину́ नयी भूमि जोतना ; п. восста́ние विद्रोह कराना ; п. шум, крик शोर मचाना / चिल्लाना ; п. нос नाक-भौं चढ़ाना ; **—ся** (आत्म०) १. उठना ; ऊँचा उठना ; из-за э́того подняла́сь шуми́ха इसी कारण यह सारा शोर मचा ; они́ поднима́ются ра́но वे (प्रात:) जल्दी उठते हैं ; це́ны подняли́сь मूल्य बढ़ गये हैं ; २. (पहाड़ आदि पर) चढ़ना।

подновля́ть (अपू०), **поднови́ть** (पू०) (भवि० подновлю́, поднови́шь) नवीकरण करना ; नया बनाना।

подного́тн||ая (स्त्री०) (वि० रू०) भेद ; रहस्य ; знать всю —ую सब भेद जानना।

подно́жие (नपुं०) (पहाड़ की) तलहटी ; (स्मारक का) चबूतरा।

подно́жка (स्त्री०) (ट्राम आदि पर चढ़ने के लिए) पायदान ; पादाधार।

подно́жный (वि०) पाँव के नीचे का ; п. корм चरने की घास ; пуска́ть на п. корм घास चरने के लिए छोड़ना।

подно́с (पुं०) तश्तरी ; ट्रे ; ча́йный п. चाय की ट्रे।

подноси́ть (अपू०), **поднести́** (पू०) (वर्त० подношу́, подно́сишь ; भवि० поднесу́, поднесёшь) १. लाना ; २. भेंट करना ; -का उपहार देना ; ३. आवभगत करना।

подно́счик (पुं०) (उठाकर) ले जानेवाला।

подноше́ние (नपुं०) उपहार ; भेंट।

подня́тие (नपुं०) उठाने की क्रिया ; खड़ा करने की क्रिया ; बढ़ाने की क्रिया ; голосова́ть —м рук हाथ खड़े करके मत/वोट देना ; п. цен मूल्य बढ़ाना।

подня́ть(ся) दे० поднима́ть(ся).

подо दे० под.

подоба́||ть (अपू०) (-के) योग्य होना ; ठीक होना ; शोभा देना ; не —ет так поступа́ть ऐसा करना शोभा नहीं देता/ठीक नहीं ; **—ющий** १. подоба́ть से कृदन्त ; २. (वि०) उचित ; —ющим о́бразом उचित ढंग से।

подо́бие (नपुं०) १. सादृश्य ; २. (गणित) समरूपता।

подо́бн||о (क्रि० वि०) (-के) सदृश ; -की भाँति ; он сража́лись п. геро́ям वे वीरों की भाँति लड़े ; п. тому́, как जैसा कि ; **—ый** (वि०) १. सदृश ; समान ; он ничего́ —ого не ви́дел उसने ऐसा कभी नहीं देखा ; २. (गणित) समरूप ; —ые треуго́льники समरूप त्रिकोण ; и тому́ —ое, и т. п. इत्यादि।

подобостра́стие (नपुं०) दास-भाव ; गुलामी।

подобра́ть(ся) दे० подбира́ть(ся).

подобре́ть दे० добре́ть.

подо́вый (वि०) भट्टी में पकाया हुआ ; п. кирпи́ч भट्टी में पकायी हुई ईंट।

подогнáть दे० подгонять.

подогнýть(ся) दे० подгибáть(ся).

подогрéв (पुं०) तपाना ; आँच देना ; **—áтель** (पुं०) तपानेवाला ; हीटर ; **—áть** (अपू०) **подогрéть** (पू०) (ठंडी चीज़ को) गर्म करना ; तपाना ; подогрéть суп शोरबा गर्म करना ।

пододвигáть (अपू०), **пододвúнуть** (पू०) आगे सरकाना ; धकेलना ; **—ся** (आत्म०) १. आगे सरकना ; २. пододвигáть का कर्मवाच्य ।

пододеяльник (पुं०) कम्बल/रज़ाई का गिलाफ़ ।

подожд‖áть (पू०) (-की) प्रतीक्षा करना ; он немнóго —ёт вас वह कुछ देर आपकी प्रतीक्षा करेगा ।

подозвáть दे० подзывáть.

подозр‖евáть (अपू०) सन्देह करना ; शक करना ; **—éние** (नपुं०) सन्देह ; शक ।

подозрúтельно १. (कर्तृ-निरपेक्ष) इसमें सन्देह है कि . . . ; २. (क्रि० वि०) सन्दिग्ध रूप से ।

подозрúтельн‖ость (स्त्री०) सन्देहशीलता ; शंकालुता ; **—ый** (वि०) १. सन्देहास्पद ; शंकास्पद ; २. शंकालु व्यक्ति ; शक्की आदमी ।

подоúть दे० доúть.

подóйник (पुं०) दूध दुहने की बाल्टी/बर्तन ।

подойтú दे० подходúть.

подокóнник (पुं०) (खिड़की की) देहली ।

подóл (पुं०) (स्कर्ट का) छोर ; आँचल ।

подóлгу (क्रि० वि०) बहुत देर ; घंटों ; बहुत दिन ; он бывáло п. сúживал с нáми वह घंटों हमारे पास बैठा रहता था ।

подольщáться (आत्म० अपू०), **подольстúться** (आत्म० पू०) (भवि० подольщýсь, подольстúшься) चापलूसी करना ; कृपा-पात्र बनना ।

по-домáшнему (क्रि० वि०) घर की भाँति ; सादा/साधारण तौर पर ; одéт п. सादा वस्त्र पहने ।

подóнки (बहु०) १. (तल पर जमा) मल ; कीचट ; तलछट ; २. सामाजिक अभिशाप ; समाज को दूषित करनेवाले—भिखारी, वेश्या आदि ।

подопéчн‖ый (वि०) संरक्षित ; —ая территóрия संरक्षित देश/प्रदेश ; न्यस्त देश/प्रदेश ।

подплёк‖а (स्त्री०) वस्तुस्थिति ; तथ्य ; знать всю —у तथ्य ज्ञात करना/वस्तुस्थिति जानना ।

подорвáть दे० подрывáть-II.

подорожáть (अपू०) महँगा होना ।

подорóжная (स्त्री०) (वि० रू०) प्राचीन रूस में लम्बी यात्रा करते समय चौकियों पर घोड़े बदलने का अधिकार-पत्र ।

подорóжник (पुं०) केली (एक प्रकार का फूल का पौधा जो सड़क के दोनों ओर लगाया जाता है) ।

подослáть दे० подсылáть.

подоспéть (पू०) ठीक समय पर आ पहुँचना ।

подостлáть दे० подстилáть.

подотдéл (पुं०) उप-विभाग ।

подоткнýть दे० подтыкáть.

подотчётный (वि०) लेखे में आनेवाला ; जिसका हिसाब देना पड़े ; —ая сýмма अग्रदाय ।

подóхнуть दे० подыхáть और дóхнуть.

подохóдный (वि०) आय के अनुकूल ; п. налóг आय-कर ।

подóшв‖а (स्त्री०) १. (जूते का) तला ; तलवा ; २. (पहाड़ की) तलहटी ; у —ы горы́ तलहटी में ।

подпадáть (अपू०), **подпáсть** (पू०) (भवि० подпадý, подпадёшь,) नीचे गिरना ।

подпáивать (अपू०), **подпоúть** (पू०) (भवि० подпою́, подпоёшь) शराब पिलाना ; नशा कराना ।

подпáливать (अपू०), **подпалúть** (पू०) जलाना ; झुलसाना ; подпалúть дом घर जला देना ; п. себé ýсы спúчкой दियासलाई से अपनी मूँछें जला लेना ।

подпáрывать (अपू०), **подпорóть** (पू०) उधेड़ना ; п. подклáдку अस्तर उधेड़ना ; **—ся**

(आत्म०) १. उधड़ना ; फटना ; २. подпа́рывать का कर्मवाच्य।

подпа́сок (पुं०) बालक चरवाहा।

подпа́сть दे० подпада́ть.

подпева́ть (अपू०) साथ गाना ; गाने में साथ देना।

подпере́ть दे० подпира́ть.

подпи́ливать (अपू०), **подпили́ть** (पू०) (आरे से) चीरना ; (रेती से) रेतना ; п. но́жки у стола́ मेज़ की टाँगें (आरी से काटकर) छोटी करना।

подпи́лок (पुं०) रेती।

подпира́ть (अपू०), **подпере́ть** (पू०) (भवि० подопру́, подопрёшь) सहारा देना ; थूनी देना।

подписа́ние (नपुं०) हस्ताक्षर करने की क्रिया।

подписа́ть(ся) दे० подпи́сывать(ся).

подпи́с||ка (स्त्री०) १. चन्दा देने की क्रिया ; принима́ется п. на газе́ты समाचार-पत्रों के चन्दे लिये जाते हैं ; २. लिखित वक्तव्य/बयान ; дать —ку हस्ताक्षरित/(लिखित) वक्तव्य देना ; **—ной** (वि०) चन्दे का ; —ной лист चन्दे की सूची ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) चन्दा देनेवाला/वाली।

подпи́сывать (अपू०), **подписа́ть** (पू०) (भवि० подпишу́, подпи́шешь) १. हस्ताक्षर करना ; вновь п. फिर से हस्ताक्षर करना ; २. जमा करना ; बढ़ाना ; ३. (समाचार-पत्र आदि के लिए) चन्दा भेजना ; п. кого́-л. на газе́ту किसीकी ओर से समाचार-पत्र का चन्दा भेजना ; **—ся** (आत्म०) १. हस्ताक्षर करना ; (-से) सहमत होना ; २. अपना नाम लिखवाना ; चन्दा देना ; ३. подпи́сывать का कर्मवाच्य।

по́дпись (स्त्री०) हस्ताक्षर।

подплыва́ть (अपू०), **подплы́ть** (पू०) (भवि० подплыву́, подплывёшь) (-तक) तैर जाना ; तैर आना ; जहाज़, नाव आदि पर यात्रा करना।

подпои́ть दे० подпа́ивать.

подполза́ть (अपू०), **подползти́** (पू०) (भवि० нодползу́, подползёшь) १. पास रेंग आना ; ра́неный подпо́лз к ку́сту घायल (व्यक्ति) रेंगकर झाड़ी के पास आ गया ; २. नीचे रेंग आना ; п. под кро́вать रेंगकर चारपाई के नीचे चले जाना।

подполко́вник (पुं०) लैफ़्टिनेंट कर्नल।

подпо́ль||е (नपुं०) तहख़ाना ; рабо́тать в п. अज्ञात रहकर काम करना/गुप्त रूप से काम करना ; **—ный** (वि०) भूमि के नीचे का ; गुप्त।

подпо́р||а, —ка (स्त्री०) सहारा ; थूनी ; टेक ; **—ный** (वि०) सहारे का।

подпоро́ть(ся) दे० подпа́рывать(ся).

подпору́чик (पुं०) सैकिंड लैफ़्टिनेंट।

подпо́чва (स्त्री०) अवभूमि ; नीचे की मिट्टी।

подпоя́сывать (अपू०), **подпоя́сать** (पू०) (भवि० подпоя́шу, подпоя́шешь) (किसी दूसरे के) कमरबन्द बाँधना ; कमर पर पेटी बाँधना ; **—ся** (आत्म०) अपने कमरबन्द बाँधना ; कमर कसना ; पेटी बाँधना।

подправля́ть (अपू०), **подпра́вить** (पू०) (भवि० подпра́влю, подпра́вишь) सँवारना ; टीप-टाप करना ; (महीन-महीन रेखाओं द्वारा चित्र आदि को) सँवार देना।

подпру́га (स्त्री०) तंग (घोड़े के साज की पेटी) ; (कमर पर बाँधने की) पेटी।

подпры́гивать (अपू०), **подпры́гнуть** (पू०) उछलना ; कूदना ; छलाँग मारना ; п. от ра́дости ख़ुशी के मारे कूदना।

подпус||ка́ть (अपू०), **подпусти́ть** (पू०) (भवि० допущу́, допу́стишь) (-तक) आने देना ; समीप आने देना ; —ти́ть неприя́теля под сте́ны शत्रु को दीवार तक आने देना ; —ти́ть шпи́льку (चोरी-छिपे) चुभोना।

подраба́тывать (अपू०), **подрабо́тать** (पू०) १. और अधिक कमाना ; २. (प्रश्न आदि) हल कर चुकना।

подра́внивать (अपू०), **подровня́ть** (पू०) एकसार करना ; बराबर करना।

подража́||ние (नपुं०) अनुकरण ; नक़ल ; **—тель** (पुं०), **—тельница** (स्त्री०) अनुकर्ता / अनुकर्त्री ; नक़ल करनेवाला/वाली ; **—тельный** (वि०) अनुकरणात्मक।

подража́ть (अपू०) अनुकरण करना ; नक़ल करना।

подразделе́ние (नपुं०) उपविभाजन ; (सेना-सम्बन्धी) सब-यूनिट बनाना।

подразделя́ть (अपू०), **подраздели́ть** (पू०) उप-विभाजन करना।

подразни́ть (पू०) चिढ़ाना।

подразумева́ть (अपू०) लक्षित करना ; संकेत करना ; अभिप्राय होना ; **—ся** (आत्म०) लक्षित होना ; उद्दिष्ट होना ; अभिप्रेत होना।

подраста́ть (अपू०), **подрасти́** (पू०) (भवि० подрасту́, подрастёшь) उगना ; बढ़ जाना।

подра́ться दे० дра́ться.

подреза́ть (अपू०), **подре́зать** (पू०) (भवि० подре́жу, подре́жешь) काटना ; (बाल) छाँटना ; कटाई करना ; ☐ подре́зать кры́лья кому́-л. किसीके पंख काट डालना।

подрема́ть (पू०) (भवि० подремлю́, подре́млешь) (थोड़ी देर के लिए) आँख लगना/झपकी लेना ; ऊँघना।

подрисо́вывать (अपू०), **подрисова́ть** (पू०) (भवि० —су́ю) (चित्र को) सँवारना ; टीप-टाप करना ; चित्र में कुछ और जोड़ना ; (भौं आदि) बनाना।

подро́бн||о (क्रि० वि०) विस्तारपूर्वक ; ब्यौरेवार ; **—ость** (स्त्री०) विस्तार ; ब्यौरा ; вдава́ться в —ости विस्तार में जाना ; **—ый** (वि०) विस्तृत ; —ое описа́ние विस्तृत वर्णन।

подровня́ть दे० подра́внивать.

подро́сток (पुं०) किशोर ; अवयस्क ; (१२ से १६-१७ वर्ष तक का) लड़का।

подруба́ть (अपू०), **подруби́ть** (पू०) (भवि० подрублю́, подру́бишь) **I.** (कुल्हाड़े से थोड़ा-सा) काटना ; **II.** किनारा मोड़कर सीना ; п. платки́ रूमाल के किनारे (मोड़कर) सीना।

подру́га (स्त्री०) सहेली ; साथिन।

по-дру́жески (क्रि० वि०) मित्रतापूर्वक ; मित्रवत्।

подружи́ться (पू०) मैत्री करना।

подру́жка (स्त्री०) подру́га का अल्प०।

подрумя́нивать (अपू०), **подрумя́нить** (पू०) १. गालों पर सुर्ख़ी/लाली लगाना ; २. (पाकशाला-सम्बन्धी) पकाकर लाल करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने गालों पर सुर्ख़ी/लाली लगाना ; २. पककर लाल होना।

подру́чный (वि०) १. हाथ में का ; तैयार ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) शिक्षु (अंग्रेज़ी—अप्रेंटिस) ; सहायक।

подры́в (पुं०) धक्का ; आघात ; अपकार ; п. торго́вли व्यापार को धक्का ; п. авторите́та अधिकार को आघात।

подрыва́ние (नपुं०) (विस्फोट करके) गिराने की क्रिया ; (बारूद से) उड़ा देने की क्रिया ; (सुरंग लगाकर) ढहा देने की क्रिया।

подрыва́ть -I (अपू०), **подры́ть** (पू०) (भवि० подро́ю, подро́ешь) सुरंग खोदना ; खोदना।

подрыва́ть -II (अपू०), **подорва́ть** (पू०) (बारूद से) उड़ा देना ; गिरा देना ; सुरंग लगाना ; п. здоро́вье स्वास्थ्य बिगाड़ देना ; п. чей-л. авторите́т किसीके अधिकार पर कुठाराघात करना।

подрывн||о́й (वि०) (बारूद से) उड़ाने का ; ढहाने का ; निर्मूल करने का ; —а́я рабо́та ढहाने का काम।

подры́ть दे० подрыва́ть -I.

подря́д (पुं०) **I** ठेका ; постро́йка по —у ठेके द्वारा (भवन) निर्माण ; **II.** (क्रि० वि०) लगातार ; пять часо́в п. लगातार पाँच घंटे।

подряди́ть(ся) दे० подряжа́ть(ся).

подря́дн||ый (वि०) ठेके का ; п. спо́собом ठेके द्वारा ; —ые рабо́ты ठेके के काम।

подря́дчик (पुं०) ठेकेदार।

подряжа́ть (अपू०), **подряди́ть** (पू०) (भवि० подряжу́, подряди́шь) १. उजरत पर रखना ; भाड़े पर रखना ; п. рабо́чих उजरत पर मज़दूर रखना ; **—ся** (आत्म०) १ ठेका करना ; २. подряжа́ть का कर्मवाच्य ।

подса́живать (अपू०), **подсади́ть** (पू०) (भवि० подсажу́, подса́дишь) **I** और अधिक पौधे लगाना ; **II.** घोड़े पर बैठने में सहायता करना ; (घोड़े पर) बिठाना ।

подса́живаться (आत्म० अपू०), **подсесть** (आत्म० पू०) (भवि० подся́ду, подся́дешь) १. (-के समीप) बैठना ; २. подса́живать -II का कर्मवाच्य ।

подса́харить (पू०) और शक्कर डालना ।

подсве́т (पुं०) (टेक०) प्रदीप्ति ।

подсве́чник (पुं०) शमादान ।

подсви́стывать (अपू०) सीटी बजाना ।

подсева́ть (अपू०), **подсе́ять** (पू०) और अधिक बीज बोना ।

подсе́д (पुं०) दाद की तरह का घोड़ों का एक रोग ।

подседе́льник (पुं०) तंग (घोड़े के साज़ की पेटी) ।

подсека́ть (अपू०), **подсе́чь** (पू०) (भवि० подсеку́, подсечёшь) (कुल्हाड़े से) नीचे से काटना ।

подсе́кция (स्त्री०) उप-अनुभाग ।

подсеме́йство (नपुं०) उप-परिवार ; उप-जाति ।

подсе́сть दे० подса́живаться.

подсе́чь दे० подсека́ть.

подсе́ять दे० подсева́ть.

подси́живать (अपू०), **подсиде́ть** (पू०) (भवि० подсижу́, подсиди́шь) घात में बैठना ; षड्यन्त्र रचना ।

подси́нивать (अपू०), **подсини́ть** (पू०) नील देना ; थोड़ा-सा नीला करना ।

подска́бливать (अपू०), **подскобли́ть** (पू०) (थोड़ा-सा) खरोंचना ।

подсказа́ть दे० подска́зывать.

подска́зка (स्त्री०) (शाब्दिक) प्रबोधन ।

подска́зывать (अपू०), **подсказа́ть** (पू०) (भवि० подскажу́, подска́жешь) (शाब्दिक) प्रबोधन करना ।

подска́кивать -I (अपू०), **подскочи́ть** (पू०) १. (-तक) दौड़ आना ; (-तक) दौड़ना ; २. कूदना ; छलाँग लगाना ; (एकदम) बढ़ जाना/ऊपर चढ़ जाना ; це́ны подскочи́ли मूल्य एकदम चढ़ गये ।

подска́кивать -II. (अपू०), **подскака́ть** (पू०) (भवि० подскачу́, подска́чешь) घोड़े को सरपट दौड़ाते हुए आना ।

подскобли́ть दे० подска́бливать.

подскочи́ть दे० подска́кивать-I.

подсла́щивать (अपू०), **подсласти́ть** (पू०) (भवि० подслащу́, подсласти́шь) और मीठा करना ।

подсле́дственный (वि०) जाँच-अधीन ; जिसकी जाँच हो रही हो ।

подслепова́тый (वि०) कमज़ोर नज़रवाला ; दुर्बलदृष्टि ।

подслу́живаться (आत्म० अपू०), **подслужи́ться** (आत्म० पू०) (चापलूसी करके) कृपा-पात्र बनना ।

подслу́шивать (अपू०), **подслу́шать** (पू०) (अकस्मात्/चोरी से या छिपकर) सुनना ; (बात) कान में पड़ जाना ।

подсма́тривать (अपू०), **подсмотре́ть** (पू०) जासूसी करना ।

подсме́иваться (आत्म० अपू०) ठिठोली करना ; खिल्ली उड़ाना ।

подсмотре́ть दे० подсма́тривать.

подсне́жник (पुं०) बर्फ़ पिघलने के बाद उगनेवाला एक प्रकार का पौधा ।

подсо́бный (वि०) गौण ; सहायक ; उपांगभूत ।

подсо́вывать (अपू०), **подсу́нуть** (पू०) १. (नीचे) रख देना/धकेलना ; २. भीतर रखना ; он подсу́нул докуме́нты ей в портфе

उसने काग़ज़ चुपचाप उस (लड़की/स्त्री) के थैले में रख दिये।

подсозна́тельный (वि०) उपचेतन।

подсоли́ть (पू०) और अधिक नमक डालना।

подсо́лнечник (पुं०) सूरजमुखी फूल।

подсо́лнух १. = подсо́лнечник ; २. सूरजमुखी फूल के बीज।

подсо́хнуть दे० подсыха́ть.

подсочи́ть (पू०) च्यावन ; (काटकर) वृक्षों से रस निकालना।

подсо́чка (स्त्री०) च्यावन ; (काटकर) वृक्षों से रस निकालने की क्रिया।

подспо́рь‖е (नपुं०) (केवल एकवचन) सहायता ; मदद ; служи́ть больши́м —ем बहुत सहायता देना।

подста́вить दे० подставля́ть.

подста́вка (स्त्री०) सहारा ; पादपीठ ; (मूर्ति का) आधार।

подстав‖ля́ть (अपू०), **подста́вить** (पू०) (भवि० подставлю́, подста́вишь) १. नीचे रखना/धरना ; २. (गणित) प्रतिस्थापित करना ; п. два ве́место три दो के स्थान पर तीन रखना ; ३. आगे करना ; पेश करना ; п. щёку गाल आगे करना ; **—но́й** (वि०) बनावटी।

подстано́вка (स्त्री०) (गणित) प्रतिस्थापन।

подста́нция (स्त्री०) उप-स्टेशन ; छोटा स्टेशन।

подста́ть (पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ не п. так себя́ вести́ ऐसा व्यवहार उसे शोभा नहीं देता ; Ма́рия ему́ п. मारिया और उसकी जोड़ी ख़ूब फबती है।

подстёгивать (अपू०), **подстегну́ть** (पू०) चाबुक से मारना।

подстерега́ть (अपू०), **подстере́чь** (पू०) (भवि० подстерегу́, подстережёшь) (-की) ताक में रहना / घात में रहना ; ко́шка подстере́гла го́лубя и схвати́ла его́ बिल्ली कबूतर की घात में रही और उसे दबोच लिया।

подстила́ть (अपू०), **подостла́ть** (पू०) (भवि० подстелю́, подсте́лешь) (-के) नीचे रखना/फैलाना ; बिछाना।

подсти́лка (स्त्री०) बिस्तर ; पुआली ; पशुओं का घास-फूस का बिछौना।

подстра́ивать (अपू०), **подстро́ить** (पू०) १. (वाद्ययन्त्र के) सुर मिलाना ; २. (षड्यन्त्र द्वारा) सम्पन्न करना ; उपाय निकालना ; काम चलाना ; п. шу́тку मज़ाक करना।

подстрека́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) उकसानेवाला/वाली ; भड़कानेवाला/वाली ; दुरुत्साहक ; **—ство** (नपुं०) भड़काना/उकसाना ; दुरुत्साहन ; उत्तेजन।

подстрека́ть (अपू०), **подстрекну́ть** (पू०) दुरुत्साहन ; (अपराध के लिए) उकसाना ; भड़काना ; अपराध के लिए उत्तेजित करना।

подстре́ливать (अपू०), **подстрели́ть** (पू०) (गोली से) घायल करना ; подстрели́ть у́тку बत्तख़ को गोली से घायल करना।

подстрига́ть (अपू०), **подстри́чь** (पू०) (भवि० подстригу́, подстрижёшь) काटना ; (बाल, पेड़ों की शाखाएँ आदि) छाँटना ; п. ребёнка बच्चे के बाल काटना ; **—ся** (आत्म०) बाल कटवाना/छँटवाना ; он подстри́гся उसने अपने बाल कटवा/छँटवा लिये।

подстро́ить दे० подстра́ивать.

подстро́чн‖ик (पुं०) १. पंक्तियों के बीच में छपा हुआ अनुवाद ; २. शब्दशः अनुवाद ; **—ый** (वि०) १. (अनुवाद) अन्तर्पंक्ति ; शब्दशः ; २. टिप्पणी ; —ое примеча́ние पाद-टिप्पणी।

по́дступ (पुं०) पहुँच ; रसाई ; к нему́ и —а нет उस तक पहुँच/रसाई नहीं हो सकती।

подступ‖а́ть (अपू०), **подступи́ть** (पू०) (भवि० подступлю́, подсту́пишь) (-तक) पहुँचना/आना ; войска́ —и́ли к го́роду सेना नगर के पास पहुँच गयी ; слёзы —и́ли к его́ глаза́м उसकी आँखों से अश्रुधारा बह निकली।

подступи́ться (आत्म० पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) к нему́ не п. उस तक पहुँच/रसाई नहीं ; к э́тому не п. यह पहुँच से बाहर है।

подсуди́мый (पुं०) (वि० रू०) अभियुक्त ; प्रतिवादी ; मुद्दालय ।

подсу́дн||ость (स्त्री०) (क़ानून) संज्ञान ; अधिकार-क्षेत्र ; क्षेत्राधिकार ; **—ый** (वि०) (क़ानून) संज्ञेय ; क्षेत्राधिकार का ; अधिकार-क्षेत्र का ; быть —ым क्षेत्राधिकार/अधिकार-क्षेत्र में होना ।

подсу́мок (पुं०) कारतूस-थैला ।

подсу́нуть दे० подсо́вывать.

подсу́шивать (अपू०), **подсуши́ть** (पू०) १. थोड़ा-सा सुखाना ; २. बहुत अधिक सुखाना ; **—ся** (आत्म०) १. सूखना ; २. подсу́шивать का कर्मवाच्य ।

подсчёт (पुं०) अनुगणन ।

подсчи́тывать (अपू०), **подсчита́ть** (पू०) गणना करना ; गिनना ।

подсыла́ть (अपू०), **подосла́ть** (पू०) (भवि० подошлю́, подошлёшь) (किसी गुप्त कार्य के लिए) भेजना ।

подсыпа́ть (अपू०), **подсы́пать** (पू०) (भवि० подсы́плю, подсы́плешь) और डालना ; п. муки́ और आटा डालना ।

подсыха́ть (अपू०), **подсо́хнуть** (पू०) १. (धीरे-धीरे) सूख जाना ; २. (घाव का) भर जाना ।

подта́ивать (अपू०), **подта́ять** (पू०) (नीचे से पिघलकर) बह निकलना ; (कर्तृ-निरपेक्ष) снег уже́ подта́ял, бегу́т ручьи́ बर्फ़ नीचे से पिघल चुकी है और छोटे-छोटे स्रोत प्रवाहित हो रहे हैं ।

подта́лкивать (अपू०), **подтолкну́ть** (पू०) १. थोड़ा-सा धकेलना ; २. उकसाना ; भड़काना ।

подта́пливать (अपू०), **подтопи́ть** (पू०) (भवि० подтоплю́, подто́пишь) १. (अँगीठी, स्टोव आदि को) थोड़ा-सा तपाना ; २. (घी आदि) गर्म करना ।

подта́скать (अपू०), **подтащи́ть** (पू०) (-तक) घसीटना ।

подтасова́ть दे० подтасо́вывать.

подтасо́вка (स्त्री०) १. (पत्तेबाज़ी करने के लिए) ताश के पत्ते फेंटना ; २. उलट-फेर ; तोड़-मरोड़ ; п. фа́ктов तथ्यों को तोड़-मरोड़ देना ।

подтасо́вывать (अपू०), **подтасова́ть** (पू०) (भवि० —су́ю) १. (पत्तेबाज़ी करने के लिए) ताश के पत्ते फेंटना ; २. उलट-फेर करना ; तोड़ना-मरोड़ना ; п. фа́кты तथ्यों को तोड़-मरोड़कर सामने रखना ।

подта́чивать (अपू०), **подточи́ть** (पू०) १. पैना करना ; धार बाँधना ; подточи́ть каранда́ш पेंसिल बनाना ; २. दाँतों से कुतरना ; (पानी के बहाव से) कटाव पड़ जाना ; река́ подточи́ла бе́рег (पानी के बहाव से) तट पर कटाव हो गया है ; э́то подточи́ло его́ здоро́вье इससे उसका स्वास्थ्य क्षीण हो गया ; □ кома́р но́са не подто́чит इसमें कोई भी दोष/नुक़्स नहीं ।

подтащи́ть दे० подта́скивать.

подта́ять दे० подта́ивать.

подтвержда́ть (अपू०), **подтверди́ть** (पू०) (भवि० подтвержу́, подтверди́шь) पुष्टि करना ; प्रमाणित करना ; п. получе́ние чего́-л. किसी चीज़ की पहुँच देना/प्राप्ति-सूचना देना ; **—ся** (आत्म०) पुष्टि होना ; प्रमाणित होना ; слух не подтвержда́ется अफ़वाह की पुष्टि नहीं हुई ।

подтвержде́ние (नपुं०) १. पुष्टि ; २. (पत्र आदि की) पहुँच ।

подтека́||ть (अपू०), **подте́чь** (पू०) (भवि० подтеку́, подтечёшь) १. सुरना ; (नीचे से बहकर) रिस जाना ; २. चूना (क्रिया) ; ча́йник —ет केतली चू रही है ; вода́ подтекла́ под мешо́к с муко́й आटे की बोरी के नीचे से पानी रिस गया ।

подтере́ть दे० подтира́ть.

подте́чь दे० подтека́ть.

подтира́ть (अपू०), **подтере́ть** (पू०) (भवि० подотру́, подотрёшь) पोंछकर सुखा देना ।

१९८५

подтолкну́ть दे० подта́лкивать.

подтопи́ть दे० подта́пливать.

подточи́ть दे० подта́чивать.

подтру́нивать (अपू०), **подтруни́ть** (पू०) खिल्ली उड़ाना ; हँसी उड़ाना ।

подтушёвывать (अपू०), **подтушева́ть** (पू०) (भवि० —шу́ю) चित्र में हल्का रँग भरना ।

подтыка́ть (अपू०), **подоткну́ть** (पू०) लपेटना ; समेटना ; подоткну́ть одея́ло कम्बल लपेटना/समेटना ; подоткну́ть ю́бку स्कर्ट समेटना ।

подтя́гивать (अपू०), **подтяну́ть** (पू०) १. (-की ओर) खींचना ; ऊपर को खींचना ; २. (सेना०) (-की ओर) लाना/ले जाना ; ३. कसना ; ४. (किसीके साथ) गाने में शामिल होना ; он подтяну́л им वह उनके साथ गाने में शामिल हो गया ; ५. कड़ा करना ; п. дисципли́ну अनुशासन कड़ा करना : **—ся** (आत्म०) १. कमर कसना ; २. दूसरों के साथ मुक़ाबले में आना ; ३. подтя́гивать का कर्मवाच्य ।

подтя́жки (बहु०) पतलून बाँधने की गेलिस ; (बाँधने का) फ़ीता ।

подтяну́ть दे० подтя́гивать.

поду́ма‖ть (पू०) १. दे० ду́мать ; २. सोचना ; п. немно́го थोड़ा-सा (थोड़ी देर के लिए) सोचना ; □ кто бы —л ! ऐसा कौन सोच सकता था ! ; **—ся** (आत्म०) (कर्तृ-निरपेक्ष) мне —лось मैंने सोचा ।

поду́мывать (अपू०) (-के बारे में) सोचना।

по-дура́цки (क्रि० वि०) मूर्खता से ; मूर्ख की तरह।

подура́читься (आत्म० पू०) बुद्धू बनना ; मूर्ख बनना ।

подурне́ть दे० дурне́ть.

поду́ськивать (अपू०), **поду́ськать** (पू०) उकसाना ; लहकाना ; п. соба́ку कुत्ता लहकाना ।

поду́ть (पू०) १. दे० ду́ть ; २. हवा का चल पड़ना ।

подучи́ть (पू०) १. (पाठ) याद करना ; २. प्रबोधन करना ; प्रेरित करना ; он подучи́л меня́ сказа́ть э́то उसने मुझे यह कहने के लिए प्रेरित किया/उसने मुझसे यह कहलाया ; ३. सिखाना; п. ма́льчика столя́рному де́лу लड़के को बढ़ईगीरी की मूल बातें सिखाना ; **—ся** (आत्म०) सीखना ।

поду́шечка (स्त्री०) १. поду́шка का अल्प० ; २. पिनगद्दी ; पिनदानी ; ३. एक प्रकार का मीठा समोसा ।

подуши́ть (पू०) थोड़ा-सा इत्र छिड़कना ; **—ся** (आत्म० पू०¹) अपने आप पर थोड़ा-सा इत्र छिड़कना ; कान आदि पर थोड़ा-सा इत्र लगाना ।

поду́шка (स्त्री०) सिरहाना ; तकिया ; п. для штемпеле́й मसिगादी / स्टैम्प पैड ।

поду́шн‖ый (वि०) : —ая по́дать प्रतिव्यक्ति कर ।

подхали́м (पुं०) खुशामदी ; चापलूस ; **—ничать** (अपू०) खुशामद / चापलूसी करना ; **—ство** (नपुं०) खुशामद ; चापलूसी ।

подхва́т‖ывать (अपू०), **подхвати́ть** (पू०) (भवि० подхвачу́, подхва́тишь) १. पकड़ना ; छीनना ; उठा लेना ; соба́ка —и́ла кость कुत्ते ने हड्डी छीन ली ; он —и́л скарлати́ну उसको स्कारलेट ज्वर लग गया ; २. (गीत के विषय में दूसरों द्वारा) स्वर उठाना ; они́ —и́ли пе́сню उन्होंने गीत का स्वर उठाया ।

подохлёстывать (अपू०), **подхлестну́ть** (पू०) चाबुक लगाना ; आगे बढ़ने के लिए उत्तेजित करना ; п. ло́шадь घोड़े के चाबुक मारना ।

подхо́д (पुं०) १. पहुँचने की क्रिया ; २. पहुँच ; दृष्टिकोण ; индивидуа́льный п. व्यक्तिगत दृष्टिकोण ; пра́вильный п. ठीक पहुँच ; маркси́стский п. मार्क्सवादी दृष्टिकोण ।

подходи́‖ть (अपू०), **подойти́** (पू०) (वर्त० подхожу́, подхо́дишь ; भवि० подойду́, подойдёшь) १. पहुँचना ; -तक जाना ; समीप आना ; п. к ста́нции (रेलगाड़ी का) स्टेशन पर

पहुँचना ; २. (-के लिए) ठीक होना ; शोभा देना ; उचित होना ; э́то ему́ не —т यह उसको शोभा नहीं देता ; ☐ п. к концу́ समाप्त होना/ग्रन्त के समीप ग्राना ।

подходя́щий १. подходи́ть से कृदन्त ; २. (वि०) ग्रनुरूप ; उचित ; योग्य ; п. рабо́тник उपयुक्त/कार्योपयुक्त कर्मचारी ।

подцепля́ть (ग्रपू०), **подцепи́ть** (पू०) (भवि० подцеплю́, подце́пишь) कँटिया से फँसाना ; हुक से जोड़ना ; п. ваго́н к по́езду रेलगाड़ी के साथ डिब्बा जोड़ना ।

подча́с (क्रि० वि०) कभी-कभी ।

подчелюсно́й (वि०) दाढ़ के नीचे का ।

подчёрк||ивание (नपुं०) रेखांकन ; **—ивать** (ग्रपू०), **подчеркну́ть** (पू०) रेखांकित करना ; (किसी महत्वपूर्ण शब्द पर) ज़ोर देना ; (किसी महत्वपूर्ण बात पर) विशेष ध्यान दिलाना ।

подчерни́ть (पू०) काला करना ; (भौंहों पर) काला रँग लगाना (शृंगार करने का एक ढँग) ।

подчин||е́ние (नपुं०) १. ग्रधीन होने की क्रिया ; २. ग्रधीनता ; मातहती ; परवशता ; быть в —е́нии ग्रधीन होना / परवश होना ; **—ённость** (स्त्री०) पराधीनता ; परवशता ; मातहती ; **—ённый** (वि०) ग्राधीन ; मातहत ।

подчиня́ть (ग्रपू०), **подчини́ть** (पू०) ग्रधीनस्थ करना ; (-के) ग्रधीन करना ; जीतना ; दबाना ; **—ся** (ग्रात्म०) १. ग्रधीनस्थ होना ; हुकुम बजाना ; ग्राज्ञा पालन करना ; २. подчиня́ть का कर्मवाच्य ।

подчи́стить दे० подчища́ть.

подчи́стка (स्त्री०) १. सफ़ाई ; २. घिस देना ; रबड़ से मिटाना ।

подчи́тчик (पुं०) (छपाई-सम्बन्धी) कापी-होल्डर ।

подчища́ть (ग्रपू०), **подчи́стить** (पू०) (भवि० подчи́щу, подчи́стишь) १. साफ़ करना ; २. घिसना ; (रबड़ से) मिटाना ।

подше́фный (वि०) संरक्षकता/ग्रभिभावकत्व में ।

подшива́ть (ग्रपू०), **подши́ть** (पू०) (भवि० подошью́, подошьёшь) १. (-के) नीचे सीना ; मग़ज़ी लगाना ; (कपड़े में) ग्रस्तर लगाना ; (जूते में) तला लगाना ; п. подкла́дку к пальто́ कोट में ग्रस्तर लगाना ; २. (काग़ज़) नत्थी करना ।

подши́вка (स्त्री०) १. (कपड़े पर) मग़ज़ी लगाने की क्रिया ; (जूते में) तला लगाने की क्रिया ; २. मग़ज़ी ; ३. काग़ज़ नत्थी करने की क्रिया ।

подши́пник (पुं०) धारुक ; (ग्रंग्रेजी—बेयरिंग) ; **—овый** (वि०) धारुक-; धारुक का ।

подши́ть दे० подшива́ть.

подшта́нники (बहु०) (पतलून के नीचे पहनने का) जाँघिया ; कच्छा ।

подшто́пать (पू०) रफ़ू करना ।

подштукату́рить (पू०) (दीवार पर) पलस्तर करना ।

подшу́чивать (ग्रपू०), **подшути́ть** (पू०) (भवि० подшучу́, подшу́тишь) हँसी उड़ाना ; मज़ाक करना ।

подъеда́ть (ग्रपू०), **подъе́сть** (पू०) (भवि० подъе́м, подъе́шь) १. (नीचे से) कुतरना ; २. सारा खा जाना ।

подъе́зд (पुं०) बरसाती ; प्रवेश-द्वार ; परछत्ती (ग्रंग्रेज़ी—पोर्च) ।

подъезжа́ть (ग्रपू०), **подъе́хать** (पू०) (भवि० подъе́ду, подъе́дешь) (सवारी गाड़ी -पर) ग्राना/पहुँचना ।

подъём (पुं०) १. ऊपर उठाने की क्रिया ; п. фла́га झंडे का फहराया जाना ; २. चढ़ाई ; ३. (हवाई जहाज़ की) उड़ान ; ४. (पहाड़ ग्रादि की) चढ़ाई ; ५. मनुष्य के पैर का ऊपरी भाग ; ६. बढ़ोतरी ; उन्नति ; ७. उत्साह ; जोश ; он говори́л с велича́йшим —ом वह बड़े उत्साह/जोश से बोला ; ☐ лёгок на п. (प्रेरित करने पर) फुर्तीला ; тяжёл на п. मट्ठ / ग्रालसी ; в п. शक्ति में ; э́то ему́ на п. यह उसकी शक्ति से बाहर की बात है ; **—ник** (पुं०) उत्थापक ; ऊपर उठानेवाली मशीन ; लिफ़्ट ; **—ный** (वि०) १. उठाने का ; —ный кран मलसूत/क्रेन ; —ная маши́на ऊपर उठाने की मशीन/लिफ़्ट ; २. (बहु०) (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) यात्रा-व्यय ; सफ़र-ख़र्च ।

подъе́сть दे० подъеда́ть.

подъе́хать दे० подъезжа́ть.

поды́грывать (अपू०), **подыгра́ть** (पू०) १. (वाद्ययन्त्र पर) संगत करना ; я подыгра́ю с гитаро́й ему́ मैं गिटार पर उसकी संगत करता हूँ ; २. किसी के हाथों में खेलना ; **—ся** (आत्म०) поды́грывать का कर्मवाच्य ।

поды́грываться (आत्म० अपू०) चालाकी करना ; не поды́грывайся, всё ра́вно ни́чего не полу́чишь चालें मत चलो, तुम्हें कुछ नहीं मिलेगा ।

подыма́ть = поднима́ть.

поды́скивать (अपू०), **подыска́ть** (पू०) (भवि० подыщу́, поды́щешь) ढूँढना ; पता लगाने की कोशिश करना ।

подыто́живать (अपू०), **подытожи́ть** (पू०) १. योगफल निकालना ; २. सार निकालना ।

подыха́ть (अपू०), **подо́хнуть** (पू०) (पशु का) मर जाना ; овцы́ подо́хли भेड़ें मर गयीं ।

подыша́ть (पू०) साँस लेना ।

подья́чий (पुं०) (वि० रू०) छोटा अधिकारी ; लिपिक ; मुंशी ।

поеда́ть (अपू०), **пое́сть** (पू०) (भवि० пое́м, пое́шь) १. थोड़ा-सा खाना ; (शोरबा आदि) पीना ; пое́сть су́пу थोड़ा-सा शोरबा पीना ; २. सब खा जाना ; ко́шка всё мя́со пое́ла बिल्ली सारा मांस खा गयी ।

поеди́нок (पुं०) द्वन्द्व-युद्ध ; вы́звать на п. द्वन्द्व-युद्ध के लिए चुनौती देना ।

поедо́м (क्रि० वि०): п. есть पीछे पड़े रहना ।

по́езд (पुं०) रेलगाड़ी ; това́рный п. मालगाड़ी ; при́городный п. नगरोपान्त / मुफ़स्सिल में चलनेवाली रेलगाड़ी ; почто́вый п. डाकगाड़ी ; п. на Москву́ मास्को जानेवाली गाड़ी ; сва́дебный п. बरात/बरयात्रा ।

пое́здка (स्त्री०) सफ़र ; दौरा ।

поездн||о́й (वि०) रेलगाड़ी का ; —а́я брига́да रेलगाड़ी के कर्मचारी ।

поём = по́йма.

поёмн||ый (वि०) (वसन्त में) पानी से आप्लावित ; —ые луга́ (वसन्त में) पानी से भरी चरागाहें ।

пое́хать (पू०) १. दे० е́здить ; २. चल पड़ना ; प्रस्थान करना ; घोड़े या गाड़ी पर सवार होकर जाना ; □ пое́хали ! (किसी सवारी पर) चलिए !

пожа́дничать (पू०) लालच करना ।

пожале́ть दे० жале́ть.

пожа́ловать(ся) दे० жа́ловать(ся).

пожа́луй (क्रि० वि०) सम्भवतः ; शायद ; вы пойдёте туда́ ? п. क्या आप वहाँ जायेंगे ? शायद/बहुत मुमकिन है ; п. он придёт शायद वह आ जाये ! ; п. она́ уе́хала शायद वह चली गयी ।

пожа́луйста (क्रि० वि०) कृपया ; कृपा करके ; да́йте мне п. воды́ कृपा करके मुझे थोड़ा-सा पानी दीजिए ; переда́йте мне п. нож. - П. कृपया मुझे चाकू दीजिए ; लीजिए ।

пожа́р (पुं०) आग ; बड़ी (भीषण) आग ; п. в до́ме घर में लगी आग ; जंगल की आग (दावानल) ; **—ище** (नपुं०) अग्नि-दग्ध स्थान ; **—ник** (पुं०) आग बुझानेवाला ; **—ный** (वि०) १. आग का ; —ная кома́нда आग बुझानेवालों की टोली ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) आग बुझानेवाला आदमी ।

пожа́тие (नपुं०): п. руки́ हाथ मिलाना ।

пожа́ть दे० пожима́ть.

пожа́ть दे० пожина́ть.

пожева́ть (पू०) चबाना ; दाँतों से चबाना ।

пожела́н||ие (नपुं०) कामना ; अभिलाषा ; इच्छा ; наилу́чшие —ия शुभ कामनाएँ ।

пожела́ть दे० жела́ть.

пожелте́лый (वि०) पीला पड़ा हुआ ।

пожелте́ть दे० желте́ть.

пожени́ть (पू०) (दूसरे का) विवाह करना ; **—ся** (आत्म०) अपना विवाह करना ।

поже́ртвовани||е (नपुं०) दान ; сбор —й दान-संग्रह ।

поже́ртвовать दे० же́ртвовать.

пожи́ва (स्त्री०) (केवल एकवचन) लाभ ; मुनाफ़ा ।

пожива́||ть (अपू०) : как вы —ете ? आपका क्या हाल है/आप कैसे हैं ?

поживи́ться (आत्म० पू०) (поживлю́сь, поживи́шься) (-से) लाभ उठाना ।

пожи́зненн||ый (वि०) आजीवन; जीवनपर्यन्त; —ая пе́нсия आजीवन निवृत्ति वेतन/पेंशन ।

пожило́й (वि०) अधेड़ (उम्र का) ।

пожима́ть (अपू०), **пожа́ть** (पू०) (भवि० пожму́, пожмёшь) दबाना ; п. ру́ку किसीका हाथ दबाना/किसीसे हाथ मिलाना ।

пожина́ть (अपू०), **пожа́ть** (पू०) (भवि० пожну́, пожнёшь) (फ़सल) काटना ; что посе́ешь, то и пожнёшь जैसा बोओगे वैसा ही काटोगे/जैसी करनी वैसी भरनी ।

пожира́ть (अपू०), **пожра́ть** (पू०) (भवि० пожру́, пожрёшь) हड़प जाना ; लालच से खाना ।

пожи́тк||и (बहु०) मालमता ; सम्पत्ति ; ☐ со все́ми —ами बोरिया-बिस्तर समेत / मालमता समेत ।

пожи́ть (पू०) (поживу́, поживёшь) १. रहना ; ठहरना ; जीना ; २. जिन्दगी देख चुकना ; जीवन के विविध अनुभव होना ।

пожра́ть दे० пожира́ть.

по́за (स्त्री०) १. मुद्रा ; अंगस्थिति ; २. ढंग ; रीति ।

позабо́титься दे० забо́титься.

позабыва́ть (अपू०), **позабы́ть** (पू०) (भवि० позабу́ду, позабу́дешь) भूल जाना ।

позави́довать दे० зави́довать.

поза́втракать दे० за́втракать.

позавчера́ (क्रि० वि०) परसों (बीती हुई) ।

позади́ (क्रि० वि०) पीछे ; дом стои́т п. घर पीछे है ।

позаи́мствовать दे० заи́мствовать.

позапро́шлый (वि०) पिछले से पिछला ; п. год पिछले से पिछला वर्ष/त्यौरस ।

поза́риться दे० за́риться.

позва́ть दे० звать.

по-зве́рски (क्रि० वि०) पाशविकता से ; पशुवत् ; पशु की तरह ।

позволе́ни||е (नपुं०) अनुमति ; आज्ञा ; с ва́шего —я आपकी आज्ञा से ; ☐ учёный, с —я сказа́ть तथाकथित वैज्ञानिक ।

позвол||я́ть (अपू०), **позво́лить** (पू०) अनुमति देना ; आज्ञा देना ; Рам —ил мне пойти́ туда́ राम ने मुझे वहाँ जाने की अनुमति दी ; ☐ позво́лить себе́ साहस करना ।

позвони́ть दे० звони́ть.

позвоно́||к (पुं०) कशेरुका (रीढ़ का एक भाग); ше́йный п. ग्रीवा-कशेरुका ; поясни́чный п. कटि-कशेरुका ; **—чник** (पुं०) रीढ़ ; पृष्ठवंश ; **—чные** (बहु०) (वि० रू०) कशेरुक-दंडी ; रीढ़वाले जीव ; **—чный** (वि०) कशेरुका- ; रीढ़ का ।

по́здн||ий (वि०) विलम्ब का ; देर का ; спать до —его утра́ प्रातः देर तक सोना ; п. гость विलम्ब से आया हुआ अतिथि ।

по́здно (क्रि० वि०) विलम्ब से ; देर से ; п. но́чью बहुत रात गये ; ☐ лу́чше п., чем никогда́ देर आये, दुरुस्त आये ।

поздоро́ваться दे० здоро́ваться.

поздор||ове́ть दे० здорове́ть ; **—о́виться** (आत्म० पू०) (केवल नकारात्मक रूप में प्रयुक्त) ему́ не —о́вится (от) इसका दंड भुगते बिना उसका छुटकारा नहीं होगा ।

поздрави́тельн||ый (वि०) बधाई का ; —ая телегра́мма बधाई का तार ।

поздра́в||ить दे० поздравля́ть ; **—ле́ние** (नपुं०) बधाई ; मुबारकबाद ।

поздравля́ть (अपू०), **поздра́вить** (पू०) (भवि० поздра́влю, поздра́вишь) बधाई देना;

п. когó-л. с днём рождéния जन्मदिवस पर बधाई देना ।

позёвывать (अपू०) जम्हाई लेना ।

позеленéть दे० зеленéть.

позём (पुं०) (केवल एकवचन) खाद ।

поземéльн||ый (वि०) भूमि का ; —ая рéнта भूमि का किराया ; п. налóг भूमि-कर ।

пóзже (क्रि० वि०) пóздно का तर-प्रत्ययान्त रूप; он придёт п. वह ज़रा देर से आयेगा ।

по-зи́мнему (क्रि० वि०) सर्दियों की तरह ।

пози́ровать (अपू०) (वर्त० —рую) (फ़ोटो खिचवाने के लिए) किसी मुद्रा में बैठना ।

позити́в (पुं०) (फ़ोटो का) पॉज़िटिव ।

позитив||и́зм (पुं०) विधिवाद ; प्रत्यक्षवाद ; भाववाद ; **—и́ст** (पुं०) विधिवादी ; भाववादी ; प्रत्यक्षवादी ; **—ный** (वि०) भावात्मक ; विध्यात्मक ; प्रत्यक्ष ।

позициóнный (वि०) пози́ция से वि० ।

пози́ция (स्त्री०) स्थिति ; स्थान ; исхóдная п. प्रारम्भिक स्थिति ।

позли́ть (पू०) ज़रा तंग करना ; ज़रा गुस्सा दिलाना ।

позна||вáть (अपू०), **познáть** (पू०) १. बोध होना ; २. (शोक, दुर्भाग्य आदि) (-से) परिचित होना ; पहचानना ; рáно познáть гóре कच्ची उम्र में ही दुःख से परिचय हो जाना ; ☐ познáть самогó себя́ अपने आपको पहचानना/जानना ; друзья́ —ю́тся в бедé मित्र वह जो विपदा में काम आये ।

познакóмить(ся) दे० знакóмить(ся).

познáние (नपुं०) १. (दर्शन-शास्त्र) बोध ; २. ज्ञान ।

познáть दे० познавáть.

позолóта (स्त्री०) (सोने का) मुलम्मा ; सोने का पानी ।

позолоти́ть दे० золоти́ть.

позóр (पुं०) कलंक ; अपकीर्ति ; अपयश ; быть —ом (для) (-के लिए) कलंक होना/अपमान की बात होना ; покрывáть —ом कलंकित करना/अपकीर्ति से दबा देना ।

позóр||ить (अपू०), **о—** (पू०) कलंक लगाना ; अपकीर्ति/अपयश फैलाना ; **—ность** (स्त्री०) कलंक ; अपकीर्ति ; अपयश ; **—ный** (वि०) अपमानजनक ; लज्जाजनक ।

позумéнт (पुं०) फ़ीता ; लेस ; серéбряный п. चाँदी का फ़ीता ।

позы́в (पुं०) (भावनाओं का) आवेग ; п. к рвóте जी कच्चा होना/जी मतलाना ; **—нóй** (वि०) —нóй сигнáл बुलावे का संकेत ।

позывны́е (बहु०) (वि० रू०) बुलावे के संकेत ।

поигрáть (पू०) ज़रा (थोड़ी देर के लिए) खेलना ।

поимённ||о (क्रि० वि०) नाम से ; вызывáть п. नाम से बुलाना/हाज़िरी लेना ; **—ый** (वि०) नाम का ; п. спи́сок नाम-सूची ।

поименовáть (पू०) (—ну́ю) नाम लेना ; ज़िक्र करना ।

пои́мка (स्त्री०) पकड़ने की क्रिया ; पकड़ ; п. на мéсте преступлéния रँगे हाथों पकड़ना ।

поиму́щественный (वि०) : п. налóг सम्पत्ति-कर ।

поинтересовáться दे० интересовáться.

пóиск (पुं०) १. धावा ; छापा ; २. आक्रमण ।

поискá||ть (पू०) (भवि० поищу́, пои́щешь) ढूँढना ; तलाश करना ; он —л кни́гу, но не нашёл उसने पुस्तक ढूँढी परन्तु नहीं मिली ।

пóиск||и (बहु०) तलाश ; ढूँढ ; в —ах तलाश में ।

пои́стине (क्रि० वि०) सचमुच ; सच ; п. говоря́ सच कहूँ तो... ।

поистрáти||ть (पू०) (поистрáчу, поистрáтишь) खर्च करना ; он все дéньги —л उसने सारा धन खर्च कर डाला ।

пои́ть (अपू०), **на—** (पू०) पिलाना ; (पशु को) पानी पिलाना ; п. чáем चाय पिलाना ।

пóйло (नपुं०) सुअरों को पिलाने के लिए आटे से बना एक पेय ।

пóйма (स्त्री०) (वसन्त में) जल-आप्लावित भूमि ।

поймáть दे० ловúть.

пойтú (पू०) १. दे० иттú और ходúть ; ☐ пошёл ! चलते बनो !/दफ़ा हो ! ; २. शुरू करना ; он п. плясáть उसने नाचना शुरू कर दिया/वह नाचने लगा ।

поќá -I (क्रि० वि०) अभी ; इस समय ; э́то мóжно п. так остáвить आप इसको अभी छोड़ सकते हैं ; п. что इतने में/इस बीच में ; онú п. что э́то сдéлают इतने में वे यह कर लेंगे ; ☐ покá ! अच्छा, तो अलविदा !

покá -II (अ० सम्बन्धसूचक) १. जबकि ; उस समय जब ; нáдо поговорúть с ним п. он там जब वह वहाँ है तो हमें उससे बातचीत करनी चाहिए ; २. जब तक ; звонúте п. не отвéтят जब तक उत्तर न मिले, घंटी बजाते रहिए ।

покáз (पुं०) दिखावा ; प्रदर्शन ।

показá||ние (नपुं०) १. दिखाने की क्रिया ; २. प्रमाण ; गवाही ; साक्ष्य ; ३. शपथ-पत्र ; हलफ़िया बयान ; ४. (मीटर आदि का) गणन-फल ; पाठ्यांक ; **—тель** (पुं०) १. सूचक ; इंडेक्स ; २. (गणित) घातांक ; **—тельный** (वि०) १. नमूने का ; प्रदर्शन- ; दिखावे का ; —тельный урóк प्रदर्शन-पाठ ; २. अर्थसूचक ; साभिप्राय ।

показáть दे० покáзывать.

показáться दे० покáзываться और казáться.

показнóй (वि०) दिखावे के लिए ; आडम्बरयुक्त ।

покáзывать (अपू०), **показáть** (पू०) (भवि० покажý, покáжешь) १. दिखाना ; п. хрáбрость साहस दिखाना ; २. (मीटर आदि का) पाठ्यांक दर्शाना ; ३. (-की ओर) इशारा करना ; निर्देश करना ; ४. गवाही देना ; साक्षी होना ; शपथ खाकर कहना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रकट होना ; दिखायी पड़ना ; —ся врачý डाक्टर से मिलना ; २. покáзывать का कर्मवाच्य ।

покáлыва||ть (अपू०) : у негó —ет в бокý उसकी पसली में दर्द होता है ।

покáмест (क्रि० वि०) = покá -I.

покарáть दे० карáть.

покараýлить दे० караýлить.

покатáть (पू०) १. लुढ़काना ; २. गाड़ी पर सवारी कराना ; п. на салáзках स्लेज पर सवारी कराना ; **—ся** (आत्म०) गाड़ी पर सैर करने जाना ; пойдú, покатáйся немнóго на салáзках जाओ और स्लेज पर जरा सैर कर आओ ।

покатúть दे० катáть.

покáт||ость (स्त्री०) ढाल ; खाँद ; **—ый** (वि०) ढलवाँ ; —ая крыша ढलवाँ छत ।

покачá||ть (पू०) डुलाना ; हिलाना ; झुलाना ; —й ребёнка बच्चे को झुलाओ ; ☐ п. головóй सिर हिलाना ; **—ться** (आत्म०) डोलना ; झूलना ; он лю́бит —ться на качéлях वह झूला झूलना पसन्द करता है ।

покáчивать (अपू०) धीरे-धीरे डुलाना/झुलाना ; **—ся** (आत्म० अपू०) डोलना ; झूलना ; он шёл покáчиваясь वह झूलता हुआ चला गया ।

покачнý||ть (पू०) हिलाना ; **—ся** (आत्म०) हिलना ; लड़खड़ाना ; но —лся и чуть не упáл वह लड़खड़ाया और गिरते-गिरते बचा ।

покáшливать (अपू०) थोड़ा-सा खाँसना ; बार-बार खाँसना ।

покаян||ие (नपुं०) अपराध-स्वीकृति ; पश्चात्ताप ; **—ный** (वि०) पश्चात्तापसूचक ; —ная молúтва पश्चात्तापसूचक प्रार्थना ।

покáяться दे० кáяться.

пóкер (पुं०) (ताश का) पोकर नाम का खेल ।

покидáть (अपू०), **покúнуть** (पू०) त्यागना ; छोड़ना ।

покúнутый १. покидáть से कृदन्त ; २. त्यक्त ; छोड़ा हुआ ।

покúнуть दे० покúдать.

покладá||ть (अपू०) : рабóтать не —я рук अथक परिश्रम करना/लगातार काम करना ।

поклáдист||ость (स्त्री०) भलमनसाहत ; सज्जनता ; **—ый** (वि०) भलामानस ; सज्जन ।

покла́жа (स्त्री०) भार ; सामान ; असबाब ।

поклёп (पुं०) अपवचन ; निन्दा ; बुराई ; возводи́ть п. अपवचन कहना/निन्दा करना ।

покло́н (पुं०) नमस्कार ; नमन ; передава́ть п. नमस्कार कहना ।

поклоне́ние (नपुं०) पूजा ।

поклони́ться दे० кла́няться.

покло́н‖ник (पुं०), **—ница** (स्त्री०) उपासक/उपासिका ; प्रशंसक/प्रशंसिका ।

поклоня́ться (आत्म०) पूजा करना ।

покля́сть(ся) दे० кля́сть(ся).

поко́ит‖ься (आत्म० अपू०) १. (पर) आधारित होना ; ленини́зм поко́ится на ба́зе маркси́зма लेनिनवाद मार्क्सवाद पर आधारित है ; २. आराम से लेटना ; (मृतक का) चिरनिद्रा-विलीन होना ; здесь —ся его́ прах यहाँ उसके अस्थिशेष समाधिस्थ हैं ।

поко́‖й- (पुं०) **I.** आराम ; शान्ति ; не знать —я शान्ति का नाम तक न होना ; не име́ть —я शान्ति न होना ; ве́чный п. चिरशान्ति ; **II.** कमरा ; कोठरी ।

поко́й‖ник (पुं०), **—ница** (स्त्री०) मृतक ; **—ницкая** (स्त्री०) (वि० रू०) शवगृह ।

поко́йн‖о (क्रि० वि०) शान्तिपूर्वक ; **—ый** (वि०) १. शान्तिपूर्ण ; २. आरामदेह ; ☐ —ой но́чи ! (रात्रि के समय विदाई का अभिवादन) शुभ रात्रि ! ; **II**. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) मृतक ।

поколеба́ть दे० колеба́ть.

поколе́ни‖е (नपुं०) पीढ़ी ; из —я в п. पीढ़ी-दर-पीढ़ी ।

поколоти́ть (पू०) (भवि० поколочу́, поколо́тишь) १. (ज़ोर से) पीटना ; मारना ; २. बार-बार मारना ।

поконч́ить (पू०) समाप्त करना ; अन्त करना ; ☐ п. с собо́ю आत्महत्या करना ; п. жизнь самоуби́йством आत्महत्या करना ।

покор‖е́ние (नपुं०) दमन ; आधीन करने की क्रिया ; **—и́тель** (पुं०) दमन करनेवाला ; वश में करनेवाला ; **—и́ть(ся)** दे० покоря́ть(ся).

поко́рн‖о (क्रि० वि०) दीनता से ; नम्रतापूर्वक ; п. благодарю́ विनीत भाव से धन्यवाद ; **—ость** (स्त्री०) दीनता ; आज्ञाकारिता ; **—ый** (वि०) दीन ; आज्ञाकारी ; ☐ ваш п. слуга́ आपका आज्ञाकारी सेवक ।

покоро́бить दे० коро́бить.

поко́рствовать (अपू०) (वर्त० —ствую) अधीन होना ; आज्ञाकारी होना ।

покоря́ть (अपू०), **покори́ть** (पू०) अधीन करना ; दमन करना ; जीतना ; वश में करना ; ☐ п. се́рдце हृदय जीतना ; **—ся** (आत्म०) अधीन होना ; वशीभूत होना ।

поко́с (पुं०) १. घास की कटाई ; २. चरागाह (जहाँ से घास काट ली गयी हो) ।

покоси́ться (आत्म० पू०) (покошу́сь, покоси́шься) १. (मकान आदि का) जर्जर होना ; गिराऊ होना ; २. दे० коси́ться.

покра́жа (स्त्री०) १. चोरी ; २. चोरी का माल ।

покра́пывать = накра́пывать.

покра́сить दे० кра́сить.

покра́ска (स्त्री०) रँग ; रोग़न ।

покрасне́ть दे० красне́ть.

покриви́ть(ся) दे० криви́ть(ся)

покри́кивать (अपू०) चिल्लाना ।

покрича́ть (पू०) १. थोड़ी देर चिल्लाना ; २. ज़रा झिड़की देना ।

покро́в (पुं०) १. आवेष्टक ; चादर ; कफ़न ; २. रूस में पुराने पंचांग के अनुसार पहली अक्तूबर का दिन ; चर्च का एक त्यौहार ।

покрови́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) संरक्षक / संरक्षिका ; आश्रयदाता / आश्रयदात्री ; **—ство** (नपुं०) संरक्षकता ; आश्रय ; तत्त्वावधान ; под —ством (-के) तत्त्वावधान में ।

покрови́тельствовать (अपू०) (वर्त० —ствую) संरक्षण करना ; आश्रय देना ।

покро́й (पुं०) (कपड़ों की) ब्योंत ; कटाई ; फ़ैशन ।

покрошúть (पू०) छोटे-छोटे टुकड़े करना ; п. хлéба в щи रोटी के छोटे-छोटे टुकड़े करके गोभी के शोरबे में डालना ।

покруглéть दे० круглéть.

покрывáло (नपुं०) १. अवगुंठन ; पर्दा ; बुर्क़ा ; २. पलँग की चादर ।

покрывáть (अपू०), **покрыть** (पू०) (भवि० покрóю, покрóешь) १. ढँकना ; (-पर) छत डालना ; रोग़न करना ; पोतना ; २. (ऋण, खर्चा आदि) चुकाना ; अदा करना ; ३. छिपाना ; मामले को दबा देना ; ४. (शब्द को) धीमा करना ; मद्धिम करना ; □ п. себя́ слáвой अपार ख्याति पाना ; п. тáйной छिपाकर रखना/अँधेरे में रखना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको छिपाना ; छिपना ; २. покрывáть का कर्मवाच्य ; □ —ся румя́нцем लज्जा से लाल होना/शर्माना ; —ся пéной झाग आना ; —ся лúстьями पत्तों से ढँक जाना ।

покрытие (नपुं०) १. (ऋण आदि का) भुगतान ; अदायगी ; २. छत डालने की क्रिया ; ३. (सैनिक का) सिरटोप ; शिरस्त्राण ।

покрыть दे० крыть और покрывáть.

покрыться दे० покрывáться.

покрышка (स्त्री०) १. ढकना ; ढक्कन ; п. для гóршка मटके का ढक्कन ; २. (मोटर या साइकिल के पहिये का) टायर ।

покря́кивать (अपू०) बत्तख की तरह बार-बार टर्राना ।

покýда (क्रि० वि० और सम्बन्धसूचक अ०) = покá-I, II.

покупáтель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) ग्राहक ; खरीदनेवाला/वाली ; **—ный** (वि०) क्रय- ; क्रय-सम्बन्धी ; —ная спосóбность क्रय-क्षमता ; **—ский** (वि०) ग्राहक का ।

покупáть -I (अपू०), **купúть** (पू०) (भवि० куплю́, кýпишь) खरीदना ।

покупáть -II (पू०) (किसी दूसरे को) नहलाना ; **—ся** (आत्म०) नहाना ।

покýпк||а (स्त्री०) १. क्रय ; खरीद ; खरीदने की क्रिया ; २. क्रीत/खरीदी हुई वस्तु ; дéлать —и खरीदना ।

покупн||óй (वि०) १. क्रीत ; खरीदा हुआ ; २. = покупáтельный ; —áя ценá क्रय-मूल्य ।

покýривать (अपू०) धूम्रपान करना ; तम्बाकू पीना ; п. папирóсу पापीरोसा (सिगरेट) पीना ।

покурúть (पू०) धूम्रपान करना ; तम्बाकू पीना ; (नियत समय के लिए) धूम्रपान करना ; तम्बाकू पीना ।

покусáть (पू०) दाँत से काटना ; (कीड़े-मकोड़ों आदि का) डंक मारना ; егó покусáла бéшеная собáка उसको पागल कुत्ते ने काट खाया ।

покусúться दे० покушáться.

покýшать (पू०) खाना ।

покуш||áться (आत्म० अपू०), **покусúться** (आत्म० पू०) १. प्रयास करना ; п. на самоубúйство आत्महत्या का प्रयास करना ; २. अनधिकार हस्तक्षेप करना ; अतिक्रमण करना ; п. на чужýю террито́рию दूसरे के क्षेत्र में हस्तक्षेप करना ; **—éние** (नपुं०) १. प्रयास ; —éние на чью-л. жизнь किसीकी हत्या का प्रयास करना ; २. अनधिकार हस्तक्षेप ; अतिक्रमण ।

пол (पुं०) **I.** फ़र्श ; настилáть п. फ़र्श लगाना ; **II.** लिंग ; обóего —а उभयलिंग ; жéнского —а स्त्रीलिंग ; мужскóго —а पुल्लिंग ; **III.** आधा ; полкилó आधा किलो ; полчасá आधा घंटा ।

полá (स्त्री०) पल्ला ; आँचल ; □ торговáть из-под полы́ चोरी-छिपे व्यापार करना ।

полагá||ть (अपू०) विचार करना ; я —ю मेरा विचार है ; —ют, что он в Москвé अनुमान लगाया जाता है (अथवा पता लगा है) कि वह मास्को में है ।

полагá||ться (आत्म० अपू०), **положúться** (आत्म० पू०) १. भरोसा रखना ; положúтесь на меня́ मुझ पर भरोसा रखिए ; २. (केवल अपू०) : здесь не —ется курúть यहाँ धूम्रपान करना (तम्बाकू पीना) मना है ; так поступáть не —ется ऐसा करना शोभा नहीं देता ; так —ется यह प्रथा है ; ३. (केवल अपू०) प्रासत्य होना ; -का अधिकार होना ; емý э́то —ется यह उसका प्रासत्य है / उसको इसका अधिकार है ; кáждому —ется 5 рублéй प्रत्येक के हिस्से में पाँच-पाँच रूबल आते हैं।

поладить (पू०) (भवि० полáжу, полáдишь) (-से) समझौता कर लेना ; мы с ним полáдили मैंने उससे समझौता कर लिया है।

полáкомиться दे० лáкомиться.

поласкáть (पू०) लाड़ करना ; प्यार करना।

приостанáвливать (अपू०), **приостанови́ть** (पू०) (भवि० приостановлю́, приостанóвишь) (थोड़ी देर के लिए) बन्द करना ; रोकना ; п. рабóту काम बन्द करना ; **—ся** (आत्म०) १. (थोड़ी देर के लिए) बन्द होना ; रुकना ; २. приостанáвливать का कर्मवाच्य ।

приостанóвка (स्त्री०) (थोड़ी देर के लिए) बन्द करने/रोकने की क्रिया ।

приотворя́ть (अपू०), **приотвори́ть** (पू०) (धीरे से) खोलना ; आधा खोलना ; (द्वार) आधा खुला छोड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. (धीरे से) खुलना ; आधा खुलना ; २. приотворя́ть का कर्मवाच्य ।

приоткрывáть(ся) = **приотворя́ть(ся).**

приоткры́ть(ся) = **приотвори́ть (ся).**

приохóтить (पू०) (भवि० приохочý, приохóтишь) रुचि पैदा करना ; **—ся** (आत्म०) (-की ओर) रुचि होना ।

припадáть (अपू०), **припáсть** (पू०) (भवि० припадý, припадёшь) १. नीचे गिरना ; लिपट जाना ; п. к груди́ когó-л. किसीकी छाती से लिपट जाना ; п. к чьим-л. ногáм किसीके पाँव पड़ना ; п. ýхом कान लगाना ; २. (केवल अपू०) थोड़ा-सा लँगड़ाना ; п. на прáвую нóгу दायीं टाँग से लँगड़ाना ।

припáдок (पुं०) दौरा ; आवेश ; आक्रमण ; п. безýмии पागलपन का दौरा ; п. бéшенства क्रोध का आवेश ।

припáивать (अपू०), **припая́ть** (पू०) टाँका लगाना ; झालना ।

припáйка (स्त्री०) टाँका ; झाल ।

припáрка (स्त्री०) (फोड़े आदि पर बाँधने की) पुलटिस ।

припасáть (अपू०), **припасти́** (पू०) (भवि० припасý, припасёшь) बचाकर रखना ; जमा करके रखना ।

припáсы (बहु०) ज़खीरा ; रसद ; съестны́е п. खाद्य सामग्री/रसद ; воéнные п. गोला-बारूद ।

припая́ть दे० припáивать.

припéв (पुं०) (संगीत) टेक (गीत के बोल जो दुहराये जाते हैं) ; **—áть** (अपू०) मौज में

गाना ; ☐ жить препева́ючи ऐश्वर्य-वैभव में रहना ।

припёк (पुं०) **I.** रोटी सेकने के बाद आटे के वज़न में होनेवाली बढ़ोतरी ; **II.** на —е धूप में ।

припека́||ть (अपू०) झुलसाना ; со́лнце —ет सूर्य झुलसाये दे रहा है/कड़ाके की धूप है ।

припере́ть दे० припира́ть.

припеча́тывать (अपू०), **припеча́тать** (पू०) १. मुहर लगाना ; सील लगाना ; २. और अधिक छापना ।

припира́ть (अपू०), **припере́ть** (पू०) (भवि० припру́, припрёшь) १. भींचना ; толпа́ нас припёрла к стене́ भीड़ ने हमें दीवार के साथ भींच दिया ; २. (किवाड़) बन्द करना ; п. чем л. дверь (कोई भारी वस्तु रखकर) किवाड़ बन्द करना ।

приписа́ть(ся) दे० припи́сывать(ся).

припи́ска (स्त्री०) १. पुनश्च ; विषय जो चिट्ठी समाप्त कर चुकने के बाद लिखा जाये ; п. к завеща́нию वसीयतनामे का अनुलेख ; २. रजिस्ट्री ।

припи́сывать (अपू०), **приписа́ть** (पू०) (भवि० припишу́, припи́шешь) १. और लिखना ; २. रजिस्ट्री कराना ; ३. -को ज़िम्मेदार ठहराना ; -को श्रेय देना ; **—ся** (आत्म०) १. रजिस्ट्री करना ; रजिस्टर में दर्ज करना ; २. припи́сывать का कर्मवाच्य ।

припла́та = допла́та.

приплати́ть = доплати́ть.

приплести́ दे० приплета́ть.

приплести́сь (आत्म० पू०) (भवि० приплету́сь, приплетёшь) गिरते-पड़ते आना ।

приплета́ть (अपू०), **приплести́** (पू०) (भवि० приплету́, приплетёшь) १. -में गूँथ लेना ; २. फँसाना ; उलझा लेना ।

припло́д (पुं०) (पशुओं के) शावक ; बच्चे ।

приплыва́ть (अपू०), **приплы́ть** (पू०) (भवि० приплыву́, приплывёшь) तैर आना ; तैरते आना ; (पोत आदि का) आना ।

приплю́снутый (वि०) चपटा किया हुआ ।

приплю́снуть (पू०) चपटा करना ।

припля́сывать (अपू०) लोकनृत्य करना ; फुदकना ।

приподнима́ть (अपू०), **приподня́ть** (पू०) (भवि० приподниму́, приподни́мешь) (थोड़ा-सा) ऊपर को उठाना ; खड़ा करना ; **—ся** (आत्म०) १. थोड़ा-सा ऊपर उठना ; खड़ा होना ; २. приподнима́ть का कर्मवाच्य ।

припо́й (पुं०) टाँका ; झाल ।

приполза́ть (अपू०) **приползти́** (पू०) (भवि० приползу́, приползёшь) रेंगते हुए आना ; रेंगकर आना ।

припомин||а́ть (अपू०), **припо́мнить** (पू०) स्मरण करना ; याद करना ; наско́лько —а́ю जहाँ तक मुझे स्मरण है ; он припо́мнил उसे याद आ गया ; ☐ он вам э́то припо́мнит वह आपसे इसका बदला लेगा ।

припра́ва (स्त्री०) छौंक ; मसाला ।

припра́вить दे० приправля́ть.

припра́вка (स्त्री०) छापने से पहले टाइप को समतल करने की क्रिया ।

приправля́ть (अपू०), **приправи́ть** (पू०) (भवि० припра́влю, припра́вишь) १. (सब्ज़ी आदि में) छौंक देना ; मसाला देना ; २. छापने से पहले टाइप को समतल करना ।

припугну́ть (पू०) डराना ; धमकाना ।

припу́дривать (अपू०), **припу́дрить** (पू०) पाउडर लगाना ; बुरकना ; **—ся** (आत्म०) (अपने) पाउडर लगाना ।

при́пуск (पुं०) गुंजाइश ; अवकाश ।

припуска́ть (अपू०), **припусти́ть** (पू०) (भवि० припущу́, припу́стишь) १. (सीने या कसीदा करने में) बाहर छोड़ देना ; २. जल्दी-जल्दी क़दम बढ़ाना ; गाड़ी तेज़ चलाना ।

припу́тывать (अपू०), **припу́тать** (पू०) -में फँसाना ; उलझा लेना ।

припуха́ть (अपू०), **припу́хнуть** (पू०) (थोड़ा-सा) सूजना ।

припу́хл||ость (स्त्री०) सूजन ; **—ый** (वि०) सूजा हुआ ।

припу́хнуть दे० припуха́ть.

прираба́тывать (अपू०), **прирабо́тать** (पू०) (और अधिक) कमाना ; अतिरिक्त कमाई करना ।

при́работок (पुं०) अतिरिक्त कमाई ।

прира́внивать (अपू०), **приравня́ть** (पू०) समान स्तर पर रखना ; एकसार समझना ; बराबर करना ।

прира||ста́ть (अपू०), **прирасти́** (पू०) (भवि० прирасту́, прирастёшь) १. तेज़ी से बढ़ना ; п. к ме́сту स्थान/भूमि में जड़ जमाना ; २. बढ़ना ; **—ще́ние** (नपुं०) बढ़ोतरी ; समृद्धि ; तरक्क़ी ।

приревнова́ть (पू०) (—ну́ю) ईर्ष्या करना ।

приреза́ть (अपू०), **прире́зать** (पू०) (भवि० прире́жу, прире́жешь) **I.** गला काटना ; मार देना ; **II.** बढ़ाना ; п. уча́сток земли́ अतिरिक्त भूमि तैयार करना ।

приро́д||а (स्त्री०) १. प्रकृति ; зако́н —ы प्रकृति का नियम ; на ло́не —ы प्रकृति के आँचल में ; २. स्वभाव ; он лени́в от —ы वह स्वभाव से आलसी है ; э́то в —е веще́й यह स्वाभाविक है ; **—ный** (वि०) १. प्राकृतिक ; —ные бога́тства प्राकृतिक समृद्धि ; २. स्वाभाविक ।

природове́д (पुं०) प्रकृतिविद् ; **—ение** (नपुं०) प्रकृति-विज्ञान ; **—ческий** (वि०) प्रकृतिविज्ञान-सम्बन्धी ।

прирождённый (वि०) जन्मजात ; स्वाभाविक ; सहज ।

приро́ст (पुं०) वृद्धि ; अनेक वस्तुओं की एक साथ वृद्धि ।

прирубе́жный (वि०) सीमान्तवर्ती ।

прируча́ть (अपू०), **приручи́ть** (पू०) (पशुओं को) पालतू बनाना ।

приса́живаться (आत्म० अपू०), **присе́сть** (पू०) (भवि० прися́ду, прися́дешь) बैठना ; присáживайтесь, прися́дьте ! बैठिए ! ; присе́сть на ко́рточки पंजों के बल बैठना ।

приса́сываться (आत्म० अपू०), **присо́са́ться** (आत्म० अपू०) से चिपकना ।

присва́ивать (अपू०), **присво́ить** (पू०) १. आत्मसात् करना ; अपनाना ; पचाना ; п. незако́нно अवैध रूप से हड़प करना ; ग़बन करना ; п. себе́ пра́во अधिकार ग्रहण करना ; २. प्रदान करना ; देना ; п. зва́ние पद प्रदान करना ; п. себе́ и́мя नाम धारण करना ।

при́свист (पुं०) सीत्कार ; सीटी ।

присви́стывать (अपू०), **присви́стнуть** (पू०) सीटी बजाना ।

присвое́ние (नपुं०) हड़प करने की क्रिया ; विनियोजन ; незако́нное п. ग़बन ।

присво́ить दे० присва́ивать.

приседа́ние (नपुं०) (सम्राज्ञी के सामने) घुटने टेककर स्त्रियों के अभिवादन करने की विधि ।

приседа́ть (अपू०), **присе́сть** (पू०) (भवि० прися́ду, прися́дешь) १. घुटनों के बल बैठना ; २. (डर के मारे) सिकुड़कर बैठना ; (स्त्रियों का) घुटनों के बल झुककर अभिवादन करना ।

присе́ст (पुं०) बैठक ; в оди́н п. एक बैठक में ।

присе́сть (पू०) १. दे० прнса́живаться ; २. दे० приседа́ть.

при́сказка (स्त्री०) (कहानी कहनेवाले की) प्रस्तावना ।

прискака́ть (पू०) (भवि० прискачу́, приска́чешь) १. घोड़े को सरपट दौड़ाते हुए आना ; भागते आना ; п. верхо́м на ло́шади घोड़े को सरपट दौड़ाते हुए आना ; २. (एक टाँग पर) फुदकते आना ।

приско́рб||ие (नपुं०) दुःख ; खेद ; अफ़सोस ; с душе́вным —ием हार्दिक दुःख के साथ ; **—ный** (वि०) दुःखपूर्ण ; दयनीय ; शोचनीय ।

приску́чи||ть (पू०) जी उकता जाना ; ему́ э́то —ло इससे उसका जी उकता गया है ।

присла́ть दे० присыла́ть.

прислоня́ть (अपू०), **прислони́ть** (पू०) १. (-के) सहारे रखना ; टेकना ; п. ле́стницу к стене́ सीढ़ी दीवार के सहारे रखना ; २. पास रखना ; п. стол к стене́ मेज़ दीवार के पास रखना ; **—ся** (आत्म०) १. (-का) सहारा लेकर बैठना या खड़े होना ; २. прислоня́ть का कर्मवाच्य ।

прислу́га (स्त्री०) १. सेविका ; नौकरानी ; २. (समू०) घर के नौकर-चाकर ।

прислу́живать (अपू०), **прислужи́ть** (पू०) नौकरी करना ; सेवा करना ; **—ся** (आत्म०) चापलूसी करना ।

прислу́жник (पुं०) नौकर ; सेवक ; चापलूस ।

прислу́шиваться (आत्म० अपू०), **прислу́шаться** (आत्म० पू०) ध्यान से सुनना ; कान लगाकर सुनना ; п. к чьему́-л. мне́нию किसीकी राय को ध्यान से सुनना ।

присма́тривать (अपू०), **присмотре́ть** (पू०) १. (-की) देख-रेख रखना ; नज़र रखना ; п. за рабо́той काम की देख-रेख करना; २. (-की) तलाश करना ; ढूँढना ; **—ся** (आत्म०) १. ध्यान से देखना ; २. (-का) अभ्यस्त हो जाना ।

присмире́ть (पू०) शान्त होना ; शोर बन्द करना ।

присмо́тр (पुं०) देख-रेख ; निगरानी ; под —ом -की देख-रेख में ।

присмотре́ть(ся) दे० присма́тривать-(ся).

присни́ться दे० сни́ться.

присовокупля́ть (अपू०), **присовокупи́ть** (पू०) (भवि० присовокуплю́, присовокупи́шь) और कहना ; और जोड़ना ।

присоедине́ние (नपुं०) १. जोड़ ; योग ; २. (प्रदेश आदि) अपने अधिकार में करने/मिला लेने की क्रिया ; ३. (बिजली का) सम्बन्ध ।

присоединя́ть (अपू०), **присоедини́ть** (पू०) १. मिलाना ; २. योग करना ; ३. (बिजली का) सम्बन्ध करना ; ४. (प्रदेश को) अपने अधिकार में लेना ; अपने देश में मिलाना ; **—ся** (आत्म०) १. मिलना ; присоединя́ться к мне́нию кого́-л. किसीकी राय से राय मिलना/राय से सहमत होना ; к ним присоедини́лись де́ти उनके साथ बच्चे मिल गये ; २. присоединя́ть का कर्मवाच्य ।

присоли́ть (पू०) थोड़ा-सा नमक डालना ।

присоса́ться दे० приса́сываться.

присосе́диться (आत्म० पू०) (भवि० присосе́жу, присосе́дишься) (-के) समीप बैठना ; पास बैठना ।

присо́ска (स्त्री०), **присо́сок** (पुं०) (पशुओं अथवा पेड़ों का) चूषणांग ; चूसने का अवयव ।

присо́хнуть दे० присыха́ть.

приспе́ть (पू०) समय पर आ पहुँचना ।

приспе́шни||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) अनुचर ; दास/दासी ।

приспи́ч||ить (पू०) किसी बात की धुन सवार होना ; ему́ —ило е́хать за́втра उसे कल जाने की धुन सवार है ; что вам —ило ? आपको यह क्या धुन सवार है ?

приспосо́бить(ся) दे० приспособля́ть-(ся).

приспособле́нец (पुं०) अवसरवादी ।

приспособле́ние (नपुं०) १. अनुकूलन ; अवसर के अनुकूल होने की क्रिया ; п. к кли́мату जलवायु का अभ्यस्त होना ; २. उपकरण ; साधन ।

приспособле́нчество (नपुं०) अवसरवाद ; वातावरण के अनुकूल बनने का भाव ।

приспособля́ть (अपू०), **приспосо́бить** (पू०) (भवि० приспосо́блю, приспосо́бишь) (-के) अनुकूल बनाना ; अभ्यस्त बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) (-के) अनुकूल बनाना ; (-का) अभ्यस्त होना ; २. приспособля́ть का कर्मवाच्य ।

приспуска́ть (अपू०), **приспусти́ть** (पू०) (भवि० приспущу́, приспу́стишь) (थोड़ा-सा) नीचे करना ; п. флаг (शोक मनाने के

लिए) झंडा झुकाना ; **—ся** (आत्म०) १. (सुरक्षित प्रदेश की ओर जाने के लिए) पोत के पतवार को ऊपर या हवा की ओर करना ; २. приспускáть से कर्मवाच्य ।

при́став (पुं०) थानेदार ; становóй п. ज़िला-पुलिस-अफ़सर ।

пристава́ние (नपुं०) तंग करने / पीछे पड़ जाने की क्रिया ।

пристава́ть (अपू०), **приста́ть** (पू०) (वर्त० пристаю́, пристаёшь, भवि० приста́ну, приста́нешь) १. (-से) चिपक जाना ; (-से) लगे रहना ; २. (पोत का) -के बराबर आ जाना ; ३. (सैर-मंडली के साथ) आ मिलना ; ४. तंग करना ; पीछे पड़ जाना ; ५. (रोग आदि का) फैलना ; ६. (केवल पू०) फबना ; э́та шля́па ей приста́ла यह टोपी उस (स्त्री/कन्या) के फब गयी ।

приста́вить दे० приставля́ть.

приста́вка (स्त्री०) (व्या०) उपसर्ग ।

приставля́ть (अपू०), **приста́вить** (पू०) (भवि० приста́влю, приста́вишь) -के सहारे रखना/खड़ा करना ; टेकना ; नियुक्त करना ; (-की) देख-भाल करना ।

приставн||о́й (वि०) जोड़ा हुआ ; —а́я ле́стница ज़ीना / नसेनी ।

при́стальн||о (क्रि० वि०) अनिमेष ; एकटक ; टकटकी बाँधकर ; नज़र जमाकर ; п. смотре́ть (на) टकटकी बाँधकर देखना ; **—ый** (वि०) अनिमेष ; स्थिर ; с —ым внима́нием बहुत ध्यानपूर्वक/तत्परता से ।

приста́нище (नपुं०) शरण ; आश्रय ।

при́стань (स्त्री०) १. बंगसार ; घाट ; गोदी ; २. आश्रय ।

приста́ть दे० пристава́ть.

пристёгивать (अपू०), **пристегну́ть** (पू०) बाँधना ; बटन बन्द करना ; फँसाना ; उलझा लेना ।

присто́йн||ость (स्त्री०) औचित्य ; सौजन्य ; **—ый** (वि०) औचित्यपूर्ण ; सौजन्यपूर्ण ; विनीत ; योग्य ।

пристра́ивать (अपू०), **пристро́ить** (पू०) १. भवन/मकान का और भाग बनाना; निर्माण करना ; २. लगाना ; जमाना ; प्रबन्ध करना ; пристро́ить сы́на к ме́сту बेटे को नौकरी पर लगाना ; он пристро́ил всех свои́х дете́й उसने अपने सारे बच्चों का प्रबन्ध कर दिया है/अर्थात् काम पर लगा दिया है ; **—ся** (आत्म०) १. स्थान प्राप्त करना ; बसना ; २. пристра́ивать का कर्मवाच्य ।

пристра́сти||е (नपुं०) १. रुझान ; अनुराग ; रुचि ; २. पक्षपात ; относи́ться с —м पक्षपात करना ।

пристрасти́ться (आत्म० पू०) (пристра́щу́сь, пристрасти́шься) (-की ओर) रुझान होना ; रुचि होना ; (-की) तीव्र इच्छा होना ।

пристра́стн||о (क्रि० वि०) पक्षपात से ; п. к кому́-л. относи́ться किसीके साथ पक्षपात करना ; **—ость** (स्त्री०) पक्षपात ; **—ый** (वि०) पक्षपाती ; быть —ым (к) पक्षपात करना ।

пристра́чивать (अपू०), **пристрочи́ть** (पू०) (-से) सी देना ; टाँका लगा देना ।

пристре́ливать -I. (अपू०), **пристрели́ть** (पू०) निशाना बनाना ; (गोली से) जान से मार देना ।

пристре́ливать -II. (अपू०), **пристреля́ть** (पू०) घड़ी की सुइयाँ ठीक करना ; **—ся** १. (आत्म०) अपने आपको गोली का निशाना बनाना ; आत्महत्या करना ; २. пристре́ливать-II. का कर्मवाच्य ।

пристро́ить(ся) दे० пристра́ивать(ся).

пристро́йка (स्त्री०) उपभवन ; उपगृह ।

пристрочи́ть दे० пристра́чивать.

пристру́нивать (अपू०), **пристру́нить** (पू०) दबाव से काम लेना ; सख़्ती करना ; если́ он не призна́ется, пристру́ньте его́ यदि वह न माने तो सख़्ती से काम लो ।

присту́кивать (अपू०), **присту́кнуть** (पू०) (कुछ देर के लिए) खटखटाना ।

при́ступ (पुं०) १. (सेना०) आक्रमण ; प्रहार ; टूट पड़ना ; २. (क्रोध आदि का) आवेश ; आक्रोश ; दौरा ; ३. प्रारम्भ ; ☐ к нему́ —у нет उससे मिलना बड़ा कठिन है ; к э́тому —у нет यह पहुँच से बाहर है/यह बहुत महँगा है ।

приступа́ть (अपू०), **приступи́ть** (पू०) (भवि० приступлю́, присту́пишь) आरम्भ करना ; (दूसरे काम पर) लगना ; п. к рабо́те काम पर लगना ; п. чте́нию पढ़ाई शुरू करना ।

приступи́ться (आत्म० पू०) पहुँचना ; मिलना; не приступи́шься, нельзя́ п. = при́ступу нет दे० при́ступ.

присту́пок (पुं०) सीढ़ी ।

пристыди́ть (पू०) (भवि० пристыжу́, пристыди́шь) शर्मिन्दा करना ; लज्जित करना ।

пристыжённый (कृदन्त और वि०) लज्जित ; शर्मिन्दा ।

пристя́жка (स्त्री०) =пристяжна́я.

пристяжна́я (स्त्री०) (वि० रू०) (गाड़ी के बम के साथ बँधा हुआ) फ़ालतू घोड़ा ।

присуди́ть दे० присужда́ть.

прису||жда́ть (अपू०), **присуди́ть** (पू०) (भवि० присужу́, прису́дишь) १. (दंड) लगाना ; (क़ैद की) सज़ा देना ; २. प्रदान करना ; ему́ —ди́ли пе́рвую пре́мию उसको प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया ; **—жде́ние** (नपुं०) (पुरस्कार आदि का) प्रदान किया जाना ।

прису́тственн||ый (वि०) : —ое ме́сто कार्यालय/दफ़्तर ; —ые часы́ दफ़्तर का समय/काम का समय ।

прису́тствие (नपुं०) १. उपस्थिति ; ва́ше п. необходи́мо आपकी उपस्थिति आवश्यक है ; २. बैठक ; ३. दफ़्तर ; कार्यालय ।

прису́тствовать (अपू०) (—ствую) उपस्थित होना ।

прису́щ||ий (वि०) स्वाभाविक ; सहज़ ; с —им ему́ ю́мором अपने सहज हास्य-विनोद से ; **—ность** (स्त्री०) स्वाभाविकता ।

присчи́тывать (अपू०), **присчита́ть** (पू०) जमा करना ; जोड़ना ।

присыла́ть (अपू०), **присла́ть** (पू०) (भवि० пришлю́, пришлёшь) भेजना ।

присы́лка (स्त्री०) भेजने की क्रिया ।

присыпа́ть (अपू०), **присы́пать** (पू०) (भवि० присы́плю, присы́плешь) १. (आटा आदि) और अधिक डालना ; присы́пать (ещё) муки́ और आटा डालना ; २. बुरकना ।

присы́пка (स्त्री०) १. बुरकने की क्रिया ; २. बुकनी ; पाउडर ।

присыха́ть (अपू०), **присо́хнуть** (पू०) (सूखकर) चिपक जाना ; सूख जाना ।

прися́г||а (स्त्री०) शपथ ; वफ़ादारी की शपथ ; приводи́ть к —е शपथ दिलाना ।

присяга́ть (अपू०), **присягну́ть** (पू०) शपथ लेना ; क़सम खाना ।

прися́жн||ый (वि०) १. (अदालत-सम्बन्धी) п. пове́ренный बैरिस्टर ; п. заседа́тель दे०-३ ; २. जन्म से ; п. расска́зчик जन्म से कहानी कहनेवाला ; ३. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) (क्रान्ति-पूर्व) जूरी का सदस्य ; суд —ых जूरी ।

притаи́ть (पू०) п. дыха́ние साँस रोकना ; **—ся** (आत्म० पू०) छिपना ; चुप रहना ।

прита́птывать (अपू०), **притопта́ть** (पू०) (भवि० притопчу́, прито́пчешь) १. पाँव से रौंदना ; कुचलना ; २. (केवल अपू०) पंजों से थपथपाना ।

прита́скивать (अपू०), **притащи́ть** (पू०) (घसीटकर) लाना ; घसीटना ।

прита́чивать (अपू०), **притача́ть** (पू०) सी देना ; टाँके लगाना ।

притащи́ть दे० прита́скивать.

притащи́ться (आत्म० पू०) (स्वयं) घिसटना ; घिसटकर आना ।

притвори́ть(ся) दे० притворя́ть(ся).

притво́рно (क्रि० वि०) बहाने से ; छल से ; पाखंड से ।

притвóр‖ный (वि०) छद्म ; कृत्रिम ; बनावटी ; —ные слёзы बनावटी आँसू ; **—ство** (नपुं०) कृत्रिमता ; बहाना ; पाखंड ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) बहानेबाज़ ; पाखंडी ।

притворя́ть (अपू०), **притвори́ть** (पू०) (किवाड़ आदि) बन्द करना ; **—ся** (आत्म०) **I.** (किवाड़ आदि) बन्द होना ; बन्द किया जाना ; **II.** बहाना करना ; पाखंड करना ; —ся больны́м बीमारी का बहाना करना ।

притека́ть (अपू०), **притéчь** (पू०) (भवि० притеку́, притечёшь) बहना ।

притерéть दे० притира́ть.

притерпéться (आत्म० पू०) притерплю́сь, притéрпишься) (-का) अभ्यस्त हो जाना ।

притеса́ть दे० притёсывать.

притеснéние (नपुं०) अत्याचार ; दमन ; दबाव ।

притесни́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) अत्याचारी ; दमन करनेवाला/वाली ; दबाव डालनेवाला/वाली ।

притесня́‖ть (अपू०), **притесни́ть** (पू०) दमन करना ; दबाना ; ца́рское прави́тельство —ло рабо́чих ज़ार सरकार ने मज़दूरों का दमन किया/-पर अत्याचार किया ।

притёсывать (अपू०), **притеса́ть** (पू०) (भवि० притешу́, притéшешь) (ठीक बैठाने के लिए) थोड़ा-सा काटना ।

притéчь दे० притека́ть.

притира́ть (अपू०), **притерéть** (पू०) (भवि० притру́, притрёшь) १. रगड़कर तेज़ करना ; २. (धीरे-धीरे) मलना ; रगड़ना ; п. лицо́ मुँह पर पाउडर-सुर्खी आदि लगाना ।

прити́скивать (अपू०), **прити́снуть** (पू०) भींचना ; вы меня́ прити́снули к стенé आपने मुझे दीवार के साथ भींच दिया ; **—ся** (आत्म०) भिंचना ।

притиха́ть (अपू०), **прити́хнуть** (पू०) चुप होना ; शोर मचाना बन्द करना ।

приткну́ть (पू०) (सुई या पिन आदि से) लगाना ; **—ся** (आत्म०) : ему́ нéгде —ся उसके बैठने/खड़े होने के लिए कोई स्थान नहीं ।

прито́к (पुं०) १. अन्तर्वाह ; भीतर की ओर बहाव ; (बहकर) भीतर आने की क्रिया ; २. सहायक नदी/नाला ।

при́толока (स्त्री०) भरेठ ; करगहना (दरवाज़े के ऊपर दीवार का बोझ सँभालने के लिए दी हुई लकड़ी) ।

прито́м (अ०) और ; इसके अतिरिक्त ।

прито́н (पुं०) (चोरों आदि की) ग़ार ; गुफा ।

прито́пнуть दे० прито́пывать.

притопта́ть дे० прита́птывать.

прито́пывать (अपू०), **прито́пнуть** (पू०) पाँव से कुचलना या एड़ी से थपथपाना ।

притора́чивать (अपू०), **приторочи́ть** (पू०) (चमोटे पर) उस्तरा तेज़ करना ।

при́торн‖ость (स्त्री०) बहुत मिठास ; अतिमाधुर्य ; **—ый** (वि०) बहुत मीठा ; अतिमधुर ; —ый человéк मधुरभाषी मनुष्य ; —ая улы́бка मधुर मुस्कान ।

приторочи́ть दे० притора́чивать.

притра́гиваться (आत्म० अपू०), **притро́нуться** (आत्म० पू०) छूना ।

притуп‖и́ть(ся) दे० притупля́ть(ся) ; **—лéние** (नपुं०) धारहीन करना ; मौथरा करना ; कुंठित करना ।

притупля́ть (अपू०), **притупи́ть** (पू०) (भवि० притуплю́, приту́пи́шь) (चाक़ू, छुरे आदि को) धारहीन करना ; मौथरा करना ; कुंठित करना ; **—ся** (आत्म०) १. (चाक़ू, छुरे आदि का) धारहीन होना ; मौथरा होना ; कुंठित होना ; २. притупля́ть का कर्मवाच्य ।

при́тча (स्त्री०) शिक्षाप्रद रूपक या कहानी ।

притяга́тельн‖ость (स्त्री०) आकर्षण ; मनोहरता ; **—ый** (वि०) आकर्षक ; मनोहर ।

притя́гивать (अपू०), **притяну́ть** (पू०) आकर्षित करना ; खींचना ; मुग्ध करना ।

притяжа́тельн||ый (वि०) (व्या०) —ое местоиме́ние सम्बन्धसूचक सर्वनाम ।

притяже́ние (नपुं०) आकर्षण ।

притяза́ние (नपुं०) झूठा दावा ; माँग ।

притяну́ть दे० притя́гивать.

приударя́ть (अपू०), **приуда́рить** (पू०) १. (धीरे से) प्रहार करना ; मारना ; २. (अकर्मक) जोश से काम शुरू करना ; ३. (किसी स्त्री के) पीछे भागना ; प्रेम करना ; आसक्ति दिखाना ।

приукраша́ть (अपू०), **приукра́сить** (पू०) (भवि० приукра́шу, приукра́сишь) सजाना ; अलंकृत करना ।

приуменьша́ть (अपू०), **приуме́ньши́ть** (पू०) कम करना ; घटाना ।

приумножа́ть (अपू०), **приумно́жить** (पू०) गुणा करना ; बढ़ाना ।

приумо́лкнуть (पू०) चुप होना ।

приуны́ть (पू०) विषण्ण होना ; उदास होना ।

приуро́чивать (अपू०), **приуро́чить** (पू०) समय नियत करना ।

приуса́дебный (वि०) : п. уча́сток निजी जमीन ।

приути́хнуть (पू०) (तूफ़ान आदि का) शान्त हो जाना ; (वायु का) बन्द हो जाना ; (बातचीत अथवा शोर का) बन्द हो जाना ।

приуча́ть (अपू०), **приучи́ть** (पू०) प्रशिक्षण देना ; ट्रेनिंग देना ; अभ्यस्त बनाना ; п. кого́-л. к дисципли́не अनुशासन का अभ्यस्त बनाना (अथवा आदत डालना) ; п. себя́ к терпе́нию सन्तोषी बनना सीखना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रशिक्षण लेना ; अभ्यस्त होना ; २. приуча́ть का कर्मवाच्य ।

прифранти́ться (आत्म० पू०) (прифранчу́сь, прифранти́шься) (वस्त्र पहनकर) सजना ; टिप-टाप होना ; बना-ठना होना ।

прихва́рывать (अपू०), **прихворну́ть** (पू०) बीमार पड़ना ; ज्वर आना ।

прихвастну́ть (पू०) (कुछ) डींग मारना ; (थोड़ा-सा) घमंड करना ; डून की हाँकना ।

прихва́тывать (अपू०), **прихвати́ть** (पू०) (भवि० прихвачу́, прихва́тишь) १. (अपने साथ) ले जाना ; २. उधार लेना ; ३. बाँधना ; ४. पाला मार जाना ; ठंड मार जाना ; цветы́ прихвати́ло моро́зом फूलों को पाला मार गया है ; ५. (क़िस्सा) बढ़ा-चढ़ाकर सुनाना ।

прихворну́ть दे० прихва́рывать.

при́хвостень (पुं०) चाटुकार ; ख़ुशामदी ; चापलूस ।

прихлеба́тель (पुं०) परजीवी ; टुकड़ख़ोर ।

прихлёбывать (अपू०), **прихлебну́ть** (पू०) थोड़ा-थोड़ा करके पीना ; घूँट भरना ।

прихло́пывать (अपू०), **прихло́пнуть** (पू०) १. धड़ाम से किवाड़ बन्द करना ; २. ताली बजाना ।

прихлы́нуть (पू०) (-की ओर) वेग से बहना ।

прихо́д (पुं०) **I.** आगमन ; **II.** आय ; आमदनी ; **III.** पादरी का प्रदेश (पैरिश) ।

приходи́ть (अपू०), **прийти́** (पू०) (वर्त० прихожу́, прихо́дишь, भवि० приду́, придёшь) आना ; ну, вот мы и пришли́ लो हम आ गये ! ; п. к соглаше́нию समझौता करना ; п. к концу́ अन्त होना ; п. в у́жас भयभीत होना ; п. в го́лову सूझना ; п. в изумле́ние चकित होना ; ему́ прихо́дит коне́ц उसका अन्त समीप है ।

приходи́ться (आत्म० अपू०), **прийти́сь** (आत्म० पू०) १. ठीक आना/बैठना ; ша́пка пришла́сь по голове́ टोपी सिर पर बिल्कुल ठीक आ गयी ; २. (-के) दिन होना ; (-के) दिन पड़ना ; выходно́й день прихо́дится на 7 ма́я छुट्टी का दिन ७ मई को पड़ता है ; ३. (कर्तृ-निरपेक्ष) -पड़ना ; ему́ пришло́сь уе́хать उसको जाना पड़ा ; ему́ прихо́дится подожда́ть उसको प्रतीक्षा करनी पड़ेगी ; ४. (कर्तृ-निरपेक्ष) с него́ прихо́дится пя́ть рубле́й उसे पाँच रूबल देने हैं ; на ка́ждого (из нас) прихо́дится по рублю́ हममें से प्रत्येक को एक रूबल मिलेगा ; ५. (केवल अपू०) он прихо́дится мне отцо́м

वह मेरा पिता है ।

прихóдн||ый (वि०) १. прихóд-II से वि० ; —ая кнúга आय-खाता ।

прихóдовать (अपू०) (—дую) (रक़म) किसी मद में जमा करना ।

прихóдский (वि०) पादरी के हल्के (पैरिश) का ।

приходя́щий १. приходúть से कृदन्त ; २. (वि०) बहिरंग ; बाहर का ; п. больнóй बहिरंग रोगी / बाहर का रोगी ; ३. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) आगन्तुक ।

прихожáн||ин (पुं०), **—ка** (स्त्री०) पादरी के प्रदेश (पैरिश) का निवासी/निवासिनी ।

прихóжая (स्त्री०) (वि० रू०) ड्योढ़ी ; प्रवेश-कमरा ।

прихорáшиваться (आत्म० अपू०) सजना-सँवरना ; बना-ठना होना ।

прихотлúв||ость (स्त्री०) वहमीपन ; सनकीपन ; मनमौजीपन ; **—ый** (वि०) १. वहमी ; सनकी ; मनमौजी ; तरंगी ; २. (कलाकृति के बारे में) सुन्दर ; अभिराम ; —ый рисýнок सुन्दर चित्र/अभिराम चित्र ।

прúхоть (स्त्री०) वहम ; सनक ; तरंग ।

прихрáмывать (अपू०) थोड़ा-थोड़ा लँगड़ाना ।

прицéл (पुं०) पश्चदर्शी ; बन्दूक की मक्खी ।

прицéливаться (आत्म० अपू०), **прицéлиться** (आत्म० पू०) निशाना बाँधना ; लक्ष्य साधना ।

прицéльный (वि०) निशाना बाँधने का ; निशाने का ।

прицéниваться (आत्म० अपू०), **прицени́ться** (आत्म० पू०) (-का) मोल करना ।

прицéп (पुं०) अनुयान (पीछे जुड़ी हुई गाड़ी) ; ट्रेलर ।

прицепúться दे० прицепля́ться.

прицéпка (स्त्री०) १. कुंडी से कुंडी जोड़ने की क्रिया ; हुक लगाने की क्रिया ; २. किसीके दोष निकालना ।

прицепля́ть (अपू०), **прицепúть** (पू०) (भवि० прицеплю́, прицéпишь) १. खूँटी या कील आदि पर अटकाना ; टाँगना ; हुक लगाना ; (रेलगाड़ी के डिब्बों को) जोड़ना ; २. (पतलून आदि का) बकसुआ लगाना ; **—ся** (आत्म०) १. चिपट जाना ; चिमट जाना ; (-से) जुड़ जाना ; २. पीछे पड़ जाना ; किसीके दोष निकालना ; ३. прицепля́ть का कर्मवाच्य ।

прицепнóй (वि०) १. п. вагóн = прицéп ; २. (नौचालन०) बन्धनी ; रज्जु ।

причáл (पुं०) १. जहाज़ आदि को घाट पर बाँधने की क्रिया ; २. शायिका (रेल या जहाज़ में सोने की जगह) (अंग्रेज़ी—बर्थ) ; ३. (पानी के जहाज़ को बाँधकर रखने का) लोहे का रस्सा ।

причáливать (अपू०), **причáлить** (पू०) १. (घाट पर नाव आदि) बाँधना ; २. (अकर्मक) जहाज़ का घाट पर लगना ।

причáстие (नपुं०) (व्या०) **I.** कृदन्त ; **II.** ईसामसीह के स्मरणार्थ सहभोज (अंग्रेज़ी—होली कम्यूनियन) ।

причастúть दे० причащáть.

причáстн||ость (स्त्री०) सहभागिता ; शामिल होने की भावना ; **—ый** (वि०) १. सहभागी ; भाग लेनेवाला ; शामिल होनेवाला ; быть —ым (-में) सहभागी होना ; २. (व्या०) कृदन्त-सम्बन्धी ।

причащáть (अपू०), **причастúть** (पू०) (भवि० причащý, причастúшь) (ईसाई धर्म में) सहभोज कराना ।

причём (क्रि० वि०) **I.** п. я тут ? मेरा इससे क्या सम्बन्ध है ? ; он остáлся не п. उसने व्यर्थ कष्ट उठाया ; **II.** (अ०) имéется два сосýда, п. кáждый из них содéржит 2 лúтра молокá दो बर्तन हैं और प्रत्येक में दो लिटर दूध आता है ।

причесáть(ся) दे० причёсывать(ся).

причёска (स्त्री०) (बालों की) माँग ; बाल बनाने का ढँग ; мне нрáвится её п. मुझे उस (स्त्री/लड़की) के बाल बनाने का ढँग अच्छा लगता है ।

причёсывать (अपू०), **причеса́ть** (पू०) (भवि० причешу́, приче́шешь) कंघी करना ; कंघी से बाल साफ़ करना ; बाल बनाना ; बाल काढ़ना ; (नाई से) बाल बनवाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने बालों में कंघी करना ; २. причёсывать का कर्मवाच्य ।

причи́н‖а (स्त्री०) हेतु ; कारण ; वजह ; п. и сле́дствие कारण और कार्य ; по той и́ли ино́й —е किसी न किसी कारण से ; бе́зо вся́кой —ы बिना किसी कारण के ।

причини́ть दे० причиня́ть.

причи́нн‖ость (स्त्री०) कारणत्व ; **—ый** (वि०) हेतुक ; कारण बतलानेवाला ।

причиня́ть (अपू०), **причини́ть** (पू०) (-का) कारण बनना ; п. вред हानि पहुँचाना ; п. беспоко́йство चिन्ता उत्पन्न करना / कष्ट देना ।

причисле́ние (नपुं०) १. जमा करने / बढ़ाने की क्रिया ; २. (-में) गणन ; ३. (किसी विभाग में) नियुक्ति ।

причисля́ть (अपू०), **причи́слить** (पू०) १. जमा करना ; बढ़ाना ; २. (किसी विभाग में) नियुक्त करना ; п. к воинско́й ча́сти सेना की टुकड़ी में नियुक्त करना ; ३. (-में) गणना होना ; गिना जाना ।

причита́‖ние (नपुं०) विलाप ; **—ть** (अपू०) (-पर) विलाप करना ।

причита́‖ться (आत्म० अपू०) —होना ; हिसाब में निकलना ; за рабо́ту ему́ —ется сто рубле́й उसके काम के (एवज में) सौ रूबल निकलते हैं ; с вас —ется три рубля́ आपके हिसाब में तीन रूबल निकलते हैं ।

причмо́кивать (अपू०), **причмо́кнуть** (पू०) (ओठों से) पुचपुच का शब्द करना ; п. от удово́льствия स्वाद से चटखारे लेना ; п., погоняя́ ло́шадь घोड़े को तिकतिक करके हाँकना ।

причт (समू०) पादरीगण ।

причу́да (स्त्री०) १. सनक ; वहम ; बहक ; तरंग ; २. विचित्रता ।

причу́ди‖ться (आत्म० पू०) (प्रथम और मध्यम पुरुष-रूप प्रयुक्त नहीं होते) दिखायी पड़ना ; लगना ; (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ —лось, что उसको ऐसा लगा मानो... ।

причу́длив‖ость (स्त्री०) १. मौज ; तरंग ; २. विचित्रता ; **—ый** (वि०) १. मौजी ; तरंगी ; वहमी ; २. विचित्र ।

причу́д‖ник (पुं०), **—ница** (स्त्री०) सनकी ; झक्की ।

пришварто́вывать (अपू०), **пришвартова́ть** (पू०) (भवि० —ту́ю) (पोत, नाव को) घाट पर बाँधना ; **—ся** (आत्म०) (नाव, जहाज़ आदि का) घाट पर लगना ।

прише́лец (पुं०) नवागन्तुक ; अजनबी ।

пришепётывать (अपू०) (कभी-कभी या कुछ करते हुए) कानाफूसी करना ; फुसफुसाना ।

прише́ствие (नपुं०) आगमन ।

пришиби́ть (पू०) १. चोट मारना ; २. निरुत्साहित करना ।

пришива́ние (नपुं०) सिलाई ; **—а́ть** (अपू०), **приши́ть** (पू०) (भवि० пришью́, пришьёшь) १. सीना ; २. приши́ть кому́-л. де́ло किसीके विरुद्ध मामला खड़ा करना ।

приш‖и́вка (स्त्री०) १. सिलाई ; २. सिला हुआ टुकड़ा आदि ; **—ивно́й** (वि०) अलग सिया हुआ ; —ивно́й воротни́к अलग सिया हुआ कालर ।

приши́ть दे० пришива́ть.

при́шлый (वि०) बाहर से आया हुआ ; अजनबी ; नवागन्तुक ।

пришпи́ливать (अपू०), **пришпи́лить** (पू०) पिन लगाना ।

пришпо́ри‖вать (अपू०), **пришпо́рить** (पू०) (घोड़े के) एड़ लगाना ; он —л коня́ उसने घोड़े के एड़ लगायी ।

прищёлкивать (अपू०), **прищёлкнуть** (पू०) (उँगली) चटकाना ; (चाबुक से) चट-चट का शब्द करना ; (जिह्वा से) 'टिच' का शब्द करना ।

прищем||ля́ть (अपू०), **прищеми́ть** (पू०) (भवि० прищемлю́, прищеми́шь) कुचलना ; चिथलना ; पिचा लेना ; —и́ть себе́ па́лец अपनी उँगली कुचल लेना/पिचा लेना ; —и́ть па́лец две́рью किवाड़ में उँगली पिचाना ।

прищепля́ть (अपू०), **прищепи́ть** (पू०) (भवि० прищеплю́, прище́пишь) (वन०) क़लम लगाना ।

прищу́ривать (अपू०), **прищу́рить** (पू०) п. глаза́ = прищу́риваться ; **—ся** (आत्म०) (अपनी) आँखें तरेरना ।

прию́т (पुं०) आश्रय ; शरण ; पनाह ; де́тский п. अनाथालय ; роди́льный п. मातृकागृह ; найти́ п. आश्रय/पनाह ढूँढ़ना ।

приюти́ть (पू०) (भवि० приючу́, приюти́шь) आश्रय देना ; शरण देना ; पनाह देना ; **—ся** (आत्म०) शरण लेना ; पनाह लेना ।

прия́знь (स्त्री०) मित्रभाव ; सद्भावना ।

прия́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) मित्र ; **—ский** (वि०) मित्र का ; मित्रतापूर्ण ।

прия́тн||о (क्रि० वि०) प्रीतिकर ढंग से ; अनुकूल रीति से ; **—ый** (वि०) प्रिय ; रुचिकर ; सुन्दर ; अनुकूल ; —ый вид प्रियदर्शन/सुन्दर ; —ая но́вость शुभ समाचार ।

про (अ०) १. विषय में ; बारे में ; он говори́л ему́ п. э́ту кни́гу उसने उससे इस पुस्तक के बारे में कहा था ; २. लिए ; э́то не п. вас यह आपके लिए नहीं ; ☐ п. себя́ अपने मन में ; он поду́мал п. себя́ उसने अपने मन में सोचा ।

про- (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं ; १. 'बीच में से' अथवा 'आर-पार' का अर्थ, जैसे прострели́ть (गोली आर-पार करना) ; проруби́ть (बीच में से काट डालना) ; २. 'पास से' का अर्थ, जैसे прое́хать (पास से जाना), пробежа́ть (भागकर पास से निकल जाना) ; ३. हानि अथवा खर्च सूचित करने का अर्थ, जैसे проигра́ть (हारना) ; промота́ть (रुपया उड़ा देना अथवा फ़िजूल खर्च करना) ; проторгова́ться (व्यापार में हानि उठाना) ; ४. कार्य का किसी निश्चित समय तक जारी रहना सूचित करने का अर्थ, जैसे просиде́ть всю́ ночь (सारी रात बैठे रहना) ; проспа́ть до́ утра (प्रातःकाल तक सोना) ; ५. कार्य की पूर्णरूपेण समाप्ति सूचित करने का अर्थ, जसे прочита́ть (पूरा पढ़ लेना) ; ६. क्रियाओं के अपूर्ण रूप का पूर्ण रूप बनाने के लिए, जैसे звуча́ть (बजना) से прозвуча́ть.

проанализи́ровать दे० анализи́ровать.

про́б||а (स्त्री०) १. परीक्षा ; परीक्षण ; п. голосо́в स्वर-परीक्षा ; २. (परीक्षा के लिए ली गयी किसी धातु की) मात्रा ; नमूना ; ३. (बहुमूल्य धातुओं पर लगा) चिह्न ; ४. मात्रा ; मानक ; зо́лото 56-о́й —ы ६५ कैरेट सोना।

пробавля́ться (आत्म० अपू०) (-पर) निर्वाह करना ; गुज़ारा करना ।

пробаси́ть (पू०) (пробашу́, пробаси́шь) मोटे स्वर में बोलना ।

пробе́г (पुं०) दौड़ ।

пробе́||га́ть (अपू०), **пробежа́ть** (पू०) (भवि० пробегу́, пробежи́шь) १. (पास से, बीच में से) दौड़ जाना ; २. дрожь —жа́ла у меня́ по те́лу मेरे शरीर में भय की लहर दौड़ गयी ।

пробе́л (पुं०) १. खाली स्थान ; लोप ; छूट ; воспо́лнить —ы खाली स्थान भरना ; २. कमी ; п. в образова́нии शिक्षा की कमी ; воспо́лнить п. कमी पूरी करना ।

пробива́ть (अपू०), **проби́ть** (पू०) (भवि० пробью́, пробьёшь) छेद करना ; सुराख निकालना ; (गोली) आर-पार निकालना ; (दीवार) गिराना ; तोड़ना ; п. путь, доро́гу रास्ता खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. (संघर्ष करके) अपना रास्ता बनाना ; बीच में से निकल जाना ; —ся сквозь толпу́ भीड़ में से अपना रास्ता बना लेना ; २. (पौधों का) फूट निकलना ; ३. пробива́ть का कर्मवाच्य ।

проби́вка (स्त्री०) छेद/सुराख करने की क्रिया।

пробира́ть (अपू०), **пробра́ть** (पू०) (भवि० проберу́, проберёшь) १. भर्त्सना करना ; डाँटना ; झिड़की देना ; झाड़ पिलाना ; बुरा-भला कहना ; २: хо́лод пробира́л его́ उसे ठंड लग गयी ; **—ся** (आत्म०) अपना रास्ता बनाना ; с трудо́м —ся вперёд वह कठिनाई से आगे वढ़ा ; —ся густы́м кустА́рником उसने घनी झाड़ियों में से अपमा रास्ता वनाया ; —ся на цы́почках दवे पाँव चलना / पंजों के वल चलना ।

проби́рка (स्त्री०) (रसायनशाला में) परीक्षा करने की काँच-नली ।

проби́р||ный (वि०) :—ое клеймо́ धातुओं को प्रामाणिक करने का चिह्न ; п. ка́мень कसौटी ; —ная пала́та बहुमूल्य धातुओं की परीक्षा करने का दफ़्तर ; **—щик** (पुं०) बहुमूल्य धातुओं की परीक्षा करनेवाला ।

проби́ть I. दे० пробива́ть ; **II.** दे० бить.

проби́ться (आत्म० पू०) १. दे० пробива́ться ; २. (कुछ समय के लिए) -से संघर्ष करना ।

про́бк||а (स्त्री०) १. काग ; बोतल की डाट ; २. लकड़ी या धातु का प्लग ; ३. (यातायात का) जाम हो जाना (रुक जाना) ; ४. (बिजली का) फ़्यूज़ ; □ глуп, как п. निरा मूर्ख ; **—овый** (वि०) काग का ; डाट का ।

пробле́м||а (स्त्री०) समस्या ; **—ати́ческий, —ати́чный** (वि०) समस्यात्मक ; समस्या- ।

про́блеск (पुं०) क्षणिक ज्योति/कान्ति ; मन्द प्रभा ; किरण ; п. надёжды आशा की किरण ।

проблужда́||ть (पू०) (रास्ता भूलकर) घूमना ; भटकना ; он —л два часа́ वह (रास्ता भूलकर) दो घंटे भटकता रहा ।

про́бный (वि०) परीक्षा का ; п. полёт परीक्षा की उड़ान ।

про́б||овать (अपू०), **по—** (पू०) (—бую) १. कोशिश करना ; он —овал сде́лать э́то उसने यह करने की कोशिश की ; २. परीक्षा करना ; ३. स्वाद चखना ।

прободе́ние (नपुं०) (चिकि०) छिद्रण ।

пробо́ина (स्त्री०) सुराख ; छिद्र ; пулева́я п. गोली का छेद ।

пробо́й (पुं०) १. सन्धर ; शिकंजा ; २. सुराख ; छिद्र ।

пробо́иник (पुं०) छिद्रक (छेद करने का पंच) ।

проболе́||ть (पू०) (किसी खास समय तक) बीमार पड़े रहना ; он —л всю зи́му वह सारी सर्दियों बीमार पड़ा रहा ।

проболта́ть (पू०) (किसी खास समय तक) बकवास करना ; गप्पें मारना ; **—ся** = проговори́ться.

пробо́р (पुं०) (सिर के बालों की) माँग ; चीर ; он но́сит во́лосы на прямо́й п. वह सीधी माँग निकालता है ।

пробормота́ть दे० бормота́ть.

про́бочник (पुं०) काग या डाट खोलने का पेच/स्क्रू ।

пробра́ть(ся) दे० пробира́ть(ся).

проброди́ть (पू०) (भवि० проброжу́, пробро́дишь) (निरुद्देश्य) घूमना ; आवारागर्दी करना ।

пробужда́ть (अपू०), **пробуди́ть** (पू०) (भवि० пробужу́, пробу́дишь) जगाना ; उठाना ; **—ся** (आत्म०) जागना ; उठना ।

пробужде́ние (नपुं०) जागरण ; जागृति ।

пробура́вливать (अपू०), **пробура́вить** (पू०) (भवि० пробура́влю, пробура́вишь) छेद करना ; п. сте́ну दीवार में छेद करना ।

пробурча́ть दे० бурча́ть.

пробы́ть (पू०) (भवि० пробу́ду, пробу́дешь) ठहरना ; रहना ; он про́был там три дня वह वहाँ तीन दिन ठहरा ।

прова́л (पुं०) १. अधःपतन ; पतन ; गड्ढा ; २. खाली जगह ; ३. असफलता ।

прова́ливать (अपू०), **провали́ть** (पू०) : прова́ливать кого́-л. на экза́мене (किसीको) परीक्षा में अनुत्तीर्ण करना ; провали́ть предложéние सुझाव न मानना ; □ проваливáй ! दफ़ा हो जा ! ; **—ся** (आत्म०) १. गिर जाना ; потолóк провали́лся छत गिर गयी ; २. अनुत्तीर्ण होना ; ३. ग़ायब होना ; नदारद होना ।

провансáль (पुं०) : капýста п. बन्दगोभी का अचार (जिसमें तेल पड़ा हो) ।

прованск||ий (वि०) : □ —ое мáсло मीठा तेल / ज़ैतून का तेल ।

провáривать (अपू०), **проварúть** (पू०) अच्छी तरह उबालना ; पूरा उबालना ।

провéдать दे० провéдывать.

проведéние (नपुं०) १. (रेल की सड़क इत्यादि) बनाने/(बिजली) लगाने की क्रिया ; २. कार्यान्विति ; संचालन ; п. кампáнии आन्दोलन चलाना ; □ п. в жизнь कार्यान्वित करना ।

провéдывать (अपू०), **провéдать** (पू०) १. मालूम करना ; पता लगाना ; २. मिलने जाना ।

провезтú दे० провози́ть.

провéивать (अपू०), **провéять** (पू०) फटकना ; पछोरना ।

провентили́ровать दे० вентили́ровать.

провéрить दे० проверя́ть.

провéрка (स्त्री०) जाँच ; पड़ताल ; п. паспортóв पारपत्रों का निरीक्षण ; п. знáний परीक्षा ; п. исполнéния किये गये काम की जाँच ।

проверну́ть दे० провёртывать.

провéрочный (वि०) जाँच करने का ; निरीक्षण करने का ।

провёртывать (अपू०), **проверну́ть**, **провертéть** (पू०) १. छिद्र करना ; सुराख़ करना ; २. (проверну́ть पू० के साथ) जल्दी से कर देना ।

проверя́ть (अपू०), **провéрить** (पू०) जाँच करना ; पड़ताल करना ; (-से) मिलान करना ; निरीक्षण करना ; परीक्षा करना ; п. часы́ घड़ी मिलाना ; п. свои́ си́лы अपनी शक्ति की परीक्षा लेना ; п. фами́лии по спи́ску नामों का सूची से मिलान करना ।

провестú दे० проводи́ть.

проверя́ть दे० провéрить.

провестú दे० проводи́ть.

провéять दे० провéивать.

провиáнт (पुं०) (केवल एकवचन) रसद ; खाद्य सामग्री ; снабжáть —ом रसद पहुँचाना ।

прови́дение (नपुं०) दूरदर्शिता ।

провидéние (नपुं०) विधि ; परमेश्वर ; दैव ।

прови́де||ть (पू०) (прови́жу, прови́дишь) पूर्वज्ञान होना ; दूरदर्शिता दिखाना ; **—ец** (पुं०) पैग़म्बर ; भविष्यवक्ता ।

пров||изиóнный (वि०) रसद का ; रसद-सम्बन्धी ; **—и́зия** (स्त्री०) (केवल एकवचन) रसद ; खाद्य सामग्री ; снабжáть —и́зией रसद पहुँचाना ।

прови́зор (पुं०) ओषधि-निर्माता/-बनानेवाला ; ओषधि-विक्रेता/-बेचनेवाला ।

провизóрный (वि०) अस्थायी ; कुछ समय का ।

провини́||ться (पू०) अपराध करना ; अपराधी होना ; в чём он —лся ? उसका क्या अपराध है ?

прови́нность (स्त्री०) अपराध ।

провинциáл (पुं०), **—ка** (स्त्री०) १. प्रान्त-निवासी/निवासिनी ; २. ग्रामीण ; **—и́зм** (पुं०) प्रान्तीयता ।

провинциáльный (वि०) १. प्रान्तीय ; प्रादेशिक ; २. ग्रामीण ।

прови́нция (स्त्री०) प्रान्त ; प्रदेश ।

провисáть (अपू०), **прови́снуть** (पू०) दबाव से झुक जाना ।

прóвод (पुं०) तार ; воздýшный п. एरियल का तार ; телефóнный п. टेलीफ़ोन का तार ।

проводи́мость (स्त्री०) (भौ०) चालकता ; पारगम्यता ; магни́тная п. चुम्बकीय पारगम्यता ; удéльная п. चालन ।

проводи́ть -I दे० провожáть.

проводи́ть -II (अपू०), **провестú** (पू०) (वर्त० провожý, провóдишь ; भवि०

проведу́, проведёшь) १. बनाना ; п. желе́зную доро́гу रेल की सड़क बनाना ; п. электри́чество в дом घर में बिजली लगाना ; २. चलाना ; करना ; п. кампа́нию आन्दोलन चलाना ; п. бесе́ду बहस करना ; п. в жизнь कार्यान्वित करना ; п. конфере́нцию सभा (की कार्यवाही) चलाना ; ३. (-पर) फेरना ; п. руко́й по волоса́м बालों पर हाथ फेरना ; ४. (समय) बिताना ; ५. (योजना इत्यादि) स्वीकार करना ; ६. हिसाब में लिखना ; ७. (केवल अपू०) (भौ०) चालन करना ; (केवल पू०) धोखा देना ; मूर्ख बनाना ; вы меня́ не проведёте आप मुझे धोखा नहीं दे सकते/आप मुझे मूर्ख नहीं बना सकते ।

проводни́к (पुं०) १. मार्गप्रदर्शक ; गाइड ; २. (रेलगाड़ी आदि में) कंडक्टर ; ३. (भौ०) चालक ।

про́вод||ы (बहु०) विदाई ; в их —ах уча́ствовали все ро́дственники उनको सब सम्बन्धियों ने विदा किया / उनको सब सम्बन्धी विदा करने आये ।

провожа́тый (पुं०) (वि० रू०) (रेल आदि का) गार्ड ; मार्ग-दर्शक. ।

провожа́||ть (अपू०), **проводи́ть** (पू०) (भवि० провожу́, прово́дишь) साथ देना ; विदा करना ; छोड़ने जाना ; —ть кого́-л. на по́езд किसीको रेलगाड़ी पर छोड़ने (विदा करने) जाना ; —ть поко́йника अन्त्येष्टि क्रिया के समय उपस्थित होना ।

прово́з (पुं०) वहन ; цена́ за п. пять рубле́й भाड़ा/किराया पाँच रूबल है ।

провозглаш||а́ть (अपू०), **провозгласи́ть** (पू०) (भवि० провозглашу́, провозгласи́шь) उद्घोषणा करना ; ऐलान करना ; **—е́ние** (नपुं०) उद्घोषणा ; घोषणा ; ऐलान ।

провози́ть (अपू०), **провезти́** (पू०) (वर्त० провожу́, прово́зишь, भवि० провезу́, провезёшь) ले जाना ; п. контраба́ндой महसूल की चोरी करके लाना ।

провози́ться (आत्म० पू०) **I.** (कुछ समय) बिताना ; (कुछ समय के लिए) काम में लगे रहना ; **II.** провози́ть का कर्मवाच्य ।

провока́тор (पुं०) भड़कानेवाला चर ; उत्तेजक ।

провокацио́нный (वि०) उत्तेजक ; क्रोधोद्दीपक ; भड़कानेवाला ।

провока́ция (स्त्री०) उत्तेजन ; उकसाने की क्रिया ।

про́волока (स्त्री०) तार ; колю́чая п. काँटेदार तार ।

про́волочка (स्त्री०) पतला तार ; छोटा तार ।

проволо́чка (स्त्री०) दीर्घसूत्रता ; टालबाज़ी ।

про́волочный (वि०) तार का ।

прово́рн||ость = прово́рство ; **—ый** (वि०) क्षिप्र ; फ़ुर्तीला ; तेज़ ।

проворо́вываться (आत्म० अपू०), **проворова́ться** (आत्म० पू०) (भवि० —ру́юсь) (धन) अपहरण करना ; ग़बन करना ।

проворо́нить = прозева́ть.

прово́рство (नपुं०) क्षिप्रता ; शीघ्रता ; तेज़ी ।

проворча́ть (पू०) बड़बड़ाना ।

провоци́ровать (अपू० और पू०) (—рую) उत्तेजित करना ; उकसाना ; ललकारना ।

провя́лить दे० вя́лить.

прогада́ть (पू०) ग़लत अनुमान लगाना ।

прога́лина (स्त्री०) वनावकाश ; जंगल का खुला मैदान ।

проги́б (पुं०) (टेक०) (दबाव से नीचे की ओर को) झुकाव ।

прогиба́ться (आत्म० अपू०), **прогну́ться** (आत्म० पू०) (दबाव के कारण) नीचे की ओर झुकना ।

прогла́дить दे० прогла́живать.

прогла́живать (अपू०), **прогла́дить** (पू०) (भवि० прогла́жу, прогла́дишь) इस्तरी/लोहा करना ।

прогла́тывать (अपू०), **проглоти́ть** (पू०) (भवि० проглочу́, прогло́тишь) निगल जाना ; हड़प जाना ।

проглядéть (पू०) (прогляжý, прогля́дишь) **I**. दे० прогля́дывать-I ; **II**. (ग़लती की) उपेक्षा करना ; देखी-अनदेखी करना ; चश्मपोशी करना ।

прогля́||дывать (अपू०), **проглядéть, проглянýть** (पू०) १. (проглядéть पू० के साथ) देख जाना ; नज़र मारना ; २. (проглянýть पू० के साथ) प्रत्यक्ष अथवा दृष्टिगोचर होना ; झाँकना ; в егó словáх —дывала ирóния उसके शब्दों में व्यंग्य का पुट था ; сóлнце —нýло सूर्य ने झाँका/सूर्य प्रकट हुआ ; лунá —нýла из-за туч चन्द्रमा बादलों में से झाँका ।

прогнáть दे० прогоня́ть.

прогнéвать (पू०) क्रोध दिलाना ; भड़काना ; **—ся** (आत्म० पू०) क्रुद्ध होना ।

прогневи́ть दे० гневи́ть.

прогнивáть (अपू०), **прогни́ть** (पू०) सड़ना ।

прогнóз (पू०) १. (रोग का) निदान ; २. (मौसम के बारे में) पूर्वकथन करना ।

прогнýться दे० прогибáться.

проговáриваться (आत्म० अपू०), **проговори́ться** (आत्म० पू०) भेद खोलना ।

проговори́ть (पू०) १. कहना ; बोलना ; २. बातचीत करना ।

проговори́ться दे० проговáриваться.

проголодáть (पू०) भूखों मरना ; **—ся** (आत्म० पू०) भूख लगना ।

проголосовáть (पू०) (—сýю) मत देना ; राय देना ।

прогóн (पू०) १. (दो स्टेशनों के बीच का) फ़ासला । २. (सीढ़ी के लिए) खाली जगह ; ३. छत की धरन (शहतीर) ; ४. (सेना०) अवरोध ; रुकावट ; ५. सफ़र का भत्ता ; सफ़र-खर्च ।

прогóнный (वि०) : —ые дéньги सफ़र का भत्ता ; सफ़र-खर्च ।

прогоня́ть (अपू०), **прогнáть** (पू०) (भवि० прогоню́, прогóнишь) भगाना ; हटा देना ; भेजना ; दूर करना ; прогнáть скýку उकताहट दूर कर देना ; п. с глаз долóй नज़र से दूर भगाना ।

прогорáть (अपू०), **прогорéть** (पू०) १. (लकड़ियों का) जलना ; जल जाना ; बिल्कुल जल जाना ; २. (नियत समय तक) जलना ; ३. दिवालिया होना ; बरबाद होना ।

прогóрклый (वि०) दुर्गन्धयुक्त ; उग्र गन्धवाला ।

прогóркнуть दे० гóркнуть.

прогости́ть (पू०) (прогощý, прогости́шь) किसी नियत समय तक अतिथि रहना ; п. недéлю एक सप्ताह अतिथि रहना ।

прогрáмм||а (स्त्री०) कार्यक्रम ; प्रोग्राम ; **—ный** (वि०) कार्यक्रम-सम्बन्धी ।

прогревáть (अपू०), **прогрéть** (पू०) अच्छी तरह गर्म करना ; आँच पहुँचाना ; तपाना ; п. кóмнату कमरे को अच्छी तरह गर्म करना ; п. печь भट्ठी को अच्छी तरह तपाना ।

прогремéть (पू०) (भवि० прогремлю́, прогреми́шь) गरजना ।

прогрéсс (पुं०) प्रगति ; उन्नति ; **—и́вный** (वि०) प्रगतिशील ; क्रमशःवर्धमान ; —и́вный подохóдный налóг क्रमशःवर्धमान कर ; **—и́ровать** (अपू०) (वर्त० —рýю) प्रगति करना ; रोग का अति भीषण होना ; **—и́ст** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) प्रगतिवादी ।

прогрéссия (स्त्री०) (गणित) श्रेढी ; संख्या आदि की क्रमशः वृद्धि वा ह्रास ।

прогрéть दे० прогревáть.

прогрохотáть दे० грохотáть.

прогрохоти́ть दे० грохоти́ть.

прогрызáть (अपू०), **прогры́зть** (पू०) (भवि० прогрызý, погрызёшь) (दाँतों से कुतर-कर) छेद/सुराख करना ; мы́ши прогры́зли пол चूहों ने फ़र्श में सुराख कर दिये ; **—ся** (आत्म०) (दाँतों से कुतरकर छेद करके) घुस जाना ।

прогудéть (पू०) (прогужý, прогуди́шь) भिनभिनाना ; (बिगुल आदि का) बजना ।

прогýл (पुं०) (अकारण) काम पर से अनुपस्थिति ; काम से जी चुराना ; आवारागर्दी ; मटरगश्ती ।

прогу́ливать (अपू०), **прогуля́ть** (पू०) १. (अकारण) काम पर से अनुपस्थित होना ; काम से जी चुराना ; २. (केवल पू०) कुछ समय के लिए मटरगश्ती करना ; घूमना ; सैर करना ; टहलना ; ३. डोरना ; (घोड़े आदि को पकड़कर) पैदल चलना ; **—ся** (आत्म०) १. टहलना ; सैर करना ; २. (केवल अपू०) मज़े में चलना ; धीरे-धीरे चलना ; (घोड़ागाड़ी, घोड़े आदि पर) जाना।

прогу́льщик (पुं०) (अकारण ही) काम से अनुपस्थित होनेवाला आदमी ; काम से जी चुरानेवाला आदमी।

прогуля́ть दे० прогу́ливать.

продава́ть (अपू०), **прода́ть** (पू०) (वर्त० продаю́, продаёшь ; भवि० прода́м, прода́шь) बेचना ; п. о́птом थोक बेचना ; п. в ро́зницу फुटकर बेचना ; п. с торго́в नीलाम करना ; п. в креди́т उधार बेचना ; п. за нали́чный расчёт नक़द बेचना ; п. себе́ в убы́ток घाटे से बेचना ; **—ся** (आत्म०) १. बिकना ; (व्यक्ति के बारे में) अपने आपको बेचना ; дёшево —ся सस्ता बिकना ; २. продава́ть का कर्मवाच्य।

продаве́ц (पुं०) विक्रेता ; बेचनेवाला (आदमी)।

продави́ть (पू०) (продавлю́, прода́вишь) कुचल डालना।

продавщи́ца (स्त्री०) विक्रयकर्त्री ; बेचनेवाली (औरत)।

прода́ж||а (स्त्री०) बिक्री ; п. биле́тов टिकटों की बिक्री ; п. в ро́зницу फुटकर बिक्री ; п. с торго́в नीलामी ; в —у बिक्री के लिए/बिकाऊ।

прода́жн||ый (वि०) १. बिक्री के लिए ; बिकाऊ ; २. भ्रष्ट ; भाड़े का ; भृतक ; □ —ая цена́ विक्रय-मूल्य।

прода́лбливать (अपू०), **продолби́ть** (पू०) (भवि० продолблю́, продолби́шь) (चोंच आदि मारकर) सुराख़ करना ; छेद करना।

прода́ть(ся) दे० продава́ть(ся).

продвига́ть (अपू०), **продви́нуть** (पू०) आगे को धकेलना ; आगे करना ; बढ़ाना ; **—ся** (आत्म०) १. बढ़ना ; आगे बढ़ना ; २. продвига́ть का कर्मवाच्य।

продебати́ровать दे० дебати́ровать.

продева́ть (अपू०), **проде́ть** (पू०) (भवि० проде́ну, проде́нешь) (तंग सुराख़ में से) गुज़ारना ; डालना ; п. ни́тку в иго́лку सुई में धागा डालना।

продежу́рить (पू०) कुछ समय के लिए ड्यूटी पर होना ; п. су́тки चौबीस घंटे (दिन-रात) ड्यूटी पर होना।

продеклами́ровать दे० деклами́ровать.

проде́лать दे० проде́лывать.

проде́лка (स्त्री०) छल ; कपट ; धोखा ; चालाकी।

проде́л||ывать (अपू०), **проде́лать** (पू०) १. पूरा करना ; करना ; —ана больша́я рабо́та बहुत काम हो चुका है ; २. बनाना।

продемонстри́ровать (अपू०) प्रदर्शन करना।

продёргивать (अपू०), **продёрнуть** (पू०) **I.** १. (तंग सुराख़ में से) गुज़ारना ; डालना ; दे० продева́ть ; २. समाचार-पत्र में आलोचना करना ; **II.** (खेती-सम्बन्धी) गुड़ाई करना ; नलाई करना।

продержа́ть (पू०) (कुछ समय के लिए) थामे रखना ; **—ся** (आत्म० पू०) डटे रहना।

продёрнуть दे० продёргивать-I.

проде́ть दे० продева́ть.

продешеви́ть (पू०) (продешевлю́, продешеви́шь) बहुत सस्ता बेचना।

продиктова́ть दे० диктова́ть.

продира́ть (अपू०), **продра́ть** (पू०) (भवि० продеру́, продерёшь) छेद करना, सुराख़ करना ; (वस्त्र आदि का) घिसकर फट जाना/घिसकर छेद हो जाना ; **—ся** (आत्म०) १. घिसकर फट जाना या छेद हो जाना ; у него́ продра́лись ло́кти उसके कोट की आस्तीन में (फटकर)

छेद हो गया है ; २. (बीच में से) रास्ता बनाना/निकल जाना ।

продл||е́ние (नपुं०) (अवधि, समय) बढ़ाना ; п. о́тпуска छुट्टी बढ़ाना ; **—и́ть** (पू०) (अवधि) बढ़ाना ; п. срок де́йствия अवधि बढ़ाना ; **—и́ться** (आत्म० पू०) अधिक समय तक चलना/रहना ।

продово́льст||венный (वि०) खाद्य सामग्री का ; राशन का ; —венная ка́рточка राशन-कार्ड ; п. магази́н राशन की दुकान ; п. вопро́с खाद्य-समस्या ; **—вие** (नपुं०) खाद्य सामग्री ; राशन ।

продолгова́тый (वि०) दीर्घायित ; आयत ; п. мозг (शरीर-रचना०) मेडुला ; अन्त:स्था ।

продолжа́тель (पुं०) जारी रखनेवाला ; उत्तराधिकारी ।

продолжа́ть (अपू०), **продо́лжить** (पू०) १. जारी रखना ; चालू रखना ; он продолжал свою рабо́ту उसने अपना काम जारी रखा ; २. (अवधि) बढ़ाना ; **—ся** (आत्म०) जारी रहना ; चलना ; бой ещё продолжа́ются लड़ाई अभी तक चल रही है ।

продолже́ние (नपुं०) जारी रहने की क्रिया ; अनवरतता ; नैरन्तर्य ; विस्तार ; वितति ; п. стены́ दीवार का विस्तार करना ; ☐ п. сле́дует क्रमशः/जारी रहेगा ; в п. -के दौरान में ।

продолжи́тельн||ость (स्त्री०) . समय ; कार्यकाल ; अवधि ; दौरान ; п. ле́тнего дня गर्मी के दिन की लम्बाई ; **—ый** (वि०) : на —ое вре́мя दीर्घकाल के लिए ।

продо́лжить(ся) दे० продолжа́ть(ся).

продо́льный (वि०) लम्बाई में ।

продра́ть(ся) दे० продира́ть(ся).

продро́гнуть दे० дро́гнуть.

продува́ние दे० (नपुं०) (चिकि०) १. हवा भरने की क्रिया ; २. (टेक०) = проду́вка.

продува́тельный (वि०) धौंकने का ; (दे० проду́вочный).

продува́||ть (अपू०), **проду́ть** (पू०) (भवि० —ду́ю) १. (फूँक मारकर या धौंककर) साफ़ करना ; २. (हवा का) चलना ; ветеро́к —ет ठंडी हवा चल रही है ।

проду́вка (स्त्री०) (फूँक मारकर या धौंककर) साफ़ करने की क्रिया ।

продувно́й (वि०) धूर्त ; कपटी ; चालाक ।

проду́вочный (वि०) (फूँक मारकर या धौंककर) साफ़ करनेवाला ; п. насо́с (कूड़ा-कर्कट) साफ़ करने का पम्प/पिचकारी ।

проду́кт (पुं०) १. उपज ; उत्पाद ; उत्पादन की हुई वस्तु ; २. खाद्य सामग्री ; моло́чные —ы दूध से बनी चीज़ें ।

продукти́вность (स्त्री०) उत्पादकता ; कार्यकुशलता ।

продукто́вый (वि०) : п. магази́н खाद्य सामग्री की दुकान ।

проду́кция (स्त्री०) उत्पादन ; उपज ।

проду́мывать (अपू०), **проду́мать** (पू०) (कुछ समय के लिए) सोच-विचार करना ; सोचकर निष्कर्ष निकालना ।

проду́||ть (पू०) १. दे० продува́ть ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ —ло उसे ठंड लग गयी है ; ३. हारना ; **—ться** (आत्म०) दे० продува́ться.

продыря́вливать (अपू०), **продыря́вить** (पू०) (भवि० продыря́влю, продыря́вишь) सुराख़ करना ; छेद करना ; **—ся** (आत्म०) १. (वस्त्र आदि में फटकर) छेद हो जाना ; २. продыря́вливать का कर्मवाच्य ।

проеда́ть (अपू०), **прое́сть** (पू०) (भवि० прое́м, прое́шь) १. संक्षारण ; (मोरचे, कीड़े आदि का) खा जाना ; ज़ंग लगना ; २. खाने पर पैसा ख़र्च कर देना ।

прое́зд (पुं०) (गुज़रने का) रास्ता ; —а нет ! आम रास्ता नहीं/सार्वजनिक मार्ग नहीं ।

прое́здить -I दे० проезжа́ть -II.

прое́здить -II (पू०) (सवारी करते हुए) कुछ समय बिताना ; **—ся** (आत्म०) सारा धन सफ़र पर ख़र्च कर देना ।

проездн||óй (वि०) : —áя плáта किराया ; п. билéт टिकट ।

проéздом (क्रि० वि०) रास्ते में ; गुज़रते हुए ।

проезжáть -I (अपू०), **проéхать** (पू०) (भवि० проéду, проéдешь) १. (पास से/बीच में से) गुज़र जाना ; (गाड़ी, घोड़े आदि पर) पास से गुज़र जाना ; २. (फ़ासला) तय करना ; п. 50 километров в час एक घंटे में ५० किलोमीटर का फ़ासला तय करना ।

проезжáть -II (अपू०), **проéздить** (पू०) (भवि० проéзжу, проéздишь) घोड़े को फेरना ।

проéзж||ий (वि०): —ая дорóга आम रास्ता/सड़क ; (संज्ञा) (वि० रू०) पथिक ; राही ।

проéкт (पुं०) योजना ; मसौदा ; नमूना ; п. резолю́ции प्रस्ताव का मसौदा ।

проéкция (स्त्री०) (गणित) प्रक्षेप ।

проём (पुं०) (दरवाज़े या खिड़की के लिए दीवार में किया गया) सुराख़ ; छेद ।

проéсть दे० проедáть.

проéхать दे० проезжáть -I.

прожáривать (अपू०), **прожáрить** (पू०) अच्छी तरह भूनना ।

прождá||ть (पू०) (कुछ समय के लिए) प्रतीक्षा करना ; Рам —л меня́ час राम ने एक घंटे मेरी प्रतीक्षा की ।

прожёвывать (अपू०), **прожевáть** (पू०) अच्छी तरह चबाना या दाँतों से कुचलना ।

прожектёр (पुं०) योजना-विलासी ; केवल योजनाएँ बनानेवाला ; मनसूबे बाँधनेवाला ।

прожéктор (पुं०) प्रक्षेपक ; प्रकाश को दूर तक फेंकनेवाला ।

прожéчь दे० прожигáть.

прожжённый (वि०) : п. плут पक्का धूर्त ।

проживáть (अपू०), **прожи́ть** (पू०) (भवि० проживý, проживёшь) १. (केवल अपू०) रहना ; ठहरना ; २. खर्च करना ; он прóжил свой мéсячный дохóд в недéлю उसने अपनी मासिक आय एक सप्ताह में खर्च कर दी ; **—ся** (आत्म०) सारा धन ख़र्च कर देना ।

прожигáтель (पुं०) : п. жи́зни विलासी/भोगी ।

прожигáть (अपू०), **прожéчь** (पू०) (भवि० прожгý, прожжёшь) जला डालना ; п. жизнь विलासमय जीवन बिताना ।

прожи́лка (स्त्री०) शिरा ; नाड़ी ।

прожи́т||ие (नपुं०) जीविका ; निर्वाह ; **—очный** (वि०) : —очный ми́нимум न्यूनतम निर्वाह-वेतन ।

прожи́ть (पू०) १. दे० проживáть ; २. жить का पू० ; емý не п. и гóда वह एक वर्ष भी जीवित नहीं रहेगा ; **—ся** दे० проживáться.

прожóрливый (वि०) भुक्खड़ ; पेटू ।

прожужжáть (पू०) भिनभिनाना ; गुनगुनाना ।

прóз||а (स्त्री०) गद्य ; **—áик** (पुं०) गद्यकार ; गद्यलेखक ।

прозвáние (नपुं०) उपनाम ; कल्पित नाम ; चिढ़ ; дать п. उपनाम देना/चिढ़ डालना ।

прозвáть दे० прозывáть.

прозвенéть (पू०) १. (घंटी का) बजना ; टनटन करना ; २. звенéть का पू० ।

прóзвище = прозвáние.

прозвони́ть (पू०) (घंटी आदि) बजाना ; टेलीफ़ोन करना ।

прозвучáть दे० звучáть.

прозевáть (पू०) १. खोना ; चूकना ; п. удóбный слýчай अवसर चूकना/अच्छा अवसर खोना ; २. зевáть-२ का पू० ।

прозéктор (पुं०) (मुर्दों की) चीर-फाड़ करनेवाला ।

прозели́т (पुं०) नया धर्म अपनानेवाला ।

прозимовáть दे० зимовáть.

прозодéжда (производственная одéжда) काम करते समय पहने जानेवाले कपड़े ।

прозорли́в||ость (स्त्री०) अग्रदर्शिता ; दूरदर्शिता ; चातुर्य ; विदग्धता ; अन्तर्दर्शिता ; **—ый** (वि०) दूरदर्शी ; चतुर ; विदग्ध ; अन्तर्दर्शी ।

прозра́чн||ость (स्त्री०) पारदर्शकता ; विमलता ; **—ый** (वि०) पारदर्शक ; विमल ; प्रत्यक्ष ।

прозрева́ть (अपू०), **прозре́ть** (पू०) १. फिर से दृष्टि प्राप्त करना ; २. स्पष्ट देखने लगना ।

прозре́ние (नपुं०) फिर से दृष्टि-प्राप्ति ; अन्तर्दृष्टि ।

прозре́ть दे० прозрева́ть.

прозыва́ть (अपू०), **прозва́ть** (पू०) (भवि० прозову́, прозовёшь) नाम देना ; उपनाम देना ; चिढ़ रखना ।

прозяба́||ние (नपुं०) १. प्रस्फुटन ; २. वनस्पति-जीवन ; ३. सुन्न होने की क्रिया ; **—ть** (अपू०) १. वनस्पतियों का उगना ; शाखाएँ फूटना ; २. निरुद्देश्य जीवन बिताना ।

прозя́бнуть (पू०) (ठंड से) सुन्न हो जाना ; जम जाना ।

проигра́ть -I (पू०) खेलना ।

проигра́ть -II (पू०) दे० прои́грывать ; **—ся** दे० прои́грываться.

раздева́ть (अपू०), **разде́ть** (पू०) (भवि० разде́ну, разде́нешь) कपड़े उतारना ; **—ся** (आत्म०) अपने कपड़े उतारना ; अपना कोट उतारना ; —ся догола́ बिल्कुल नंगा होना/नंगधड़ंग होना ।

разде́л (पुं०) १. बँटवारा ; विभाजन ; р. иму́щества सम्पत्ति का बँटवारा ।

разде́лать(ся) दे० разде́лывать(ся).

разделе́ние (नपुं०) बँटवारा ; विभाजन ; р. тру́да काम का बँटवारा ।

раздели́мый (वि०) विभाज्य ; बाँटे जाने योग्य ।

раздели́тельный (वि०) विभाजक ; विच्छेदक ।

раздели́ть(ся) दे० дели́ть और разделя́ть(ся).

разде́лывать (अपू०), **разде́лать** (पू०) १. तैयार करना ; (रँग करके) दानेदार बनाना ; р. шкаф под дуб अलमारी को (रँग करके) बलूत की तरह दानेदार बनाना ; раздела́ть пе́чную трубу́ चूल्हे की चिमनी बनाना ; २. छेद करना ; बड़ा करना ; □ разде́лать под оре́х बुरी तरह झाड़ना/झिड़कना ; **—ся** (आत्म०) (नौकरी से) अलग कर देना ; हिसाब कर देना ; हिसाब बेबाक करना ।

разде́льн||ый (वि०) १. разде́л से वि० ; р. акт बँटवारे का क़ानून ; २. अलग ; ३. स्पष्ट ; —ое произноше́ние स्पष्ट उच्चारण ।

разделя́ть (अपू०), **раздели́ть** (पू०) १. विभाजित करना ; बाँटना ; २. पृथक् करना ; अलग करना ; ३. सहमत होना ; **—ся** (आत्म०) १. बँट जाना ; мне́ния раздели́лись राय अलग-अलग हो गयी / मत अलग-अलग हो गये ; २. अलग होना ; पृथक् होना ३. (केवल पू०) (पूरा) विभाजित होना ; э́то число́ разде́лится на три यह संख्या तीन से विभाजित होगी ; ४. разделя́ть का कर्मवाच्य ।

раздёргивать (अपू०), **раздёрнуть** (पू०) खींचकर अलग कर देना ; हटाना ; раздёрнуть занаве́ски पर्दे हटा देना ।

разде́ть(ся) दे० раздева́ть(ся).

раздирáть (अपू०), **разодрáть** (पू०) (भवि० раздерý, раздерёшь) १. फाड़ डालना ; २. (केवल अपू०) (हृदय) विदीर्ण करना ; टुकड़े-टुकड़े करना ; **—ся** (आत्म०) १. फटना ; २. раздирáть का कर्मवाच्य ।

раздобрéть दे० добрéть.

раздóбриться (आत्म० पू०) उदार होना ; कृपालु बनना ।

раздобывáть (अपू०), **раздобы́ть** (पू०) (भवि० раздобýду, раздобýдешь) उपार्जन करना ; परिश्रम से उपार्जन करना ; раздобы́ть дéнег धन उपार्जन करना ।

раздóлье (नपुं०) १. खुला मैदान ; २. स्वतन्त्रता ; им тепéрь без стáрших р. ! बुज़ुर्गों की अनुपस्थिति में वे अपनी मर्ज़ी के मालिक हैं ! ।

раздóльн||ый (वि०) ; —ая жизнь निश्चिन्त जीवन/स्वतन्त्र जीवन ।

раздóр (पुं०) फूट ; कलह ; жить в —е कलह में रहना ; ☐ сéять р. फूट के बीज बोना ।

раздосáдовать (पू०) (—дую) ग़ुस्सा दिलाना ; परेशान करना ; बेचैन करना ।

раздражáть (अपू०), **раздражи́ть** (पू०) नाराज़ करना ; ग़ुस्सा दिलाना ; परेशान करना ; **—ся** (आत्म०) नाराज़ होना ; ग़ुस्से होना ; परेशान होना ; —ся из-за пустякóв, по пустякáм मामूली बात पर चिढ़ जाना ।

раздражéние (नपुं०) नाराज़गी ; ग़ुस्सा ; झल्लाहट ।

раздражи́тельный (वि०) चिड़चिड़ा ; он óчень раздражи́телен वह बहुत चिड़चिड़ा है ।

раздразни́ть (पूं०) १. चिढ़ाना ; तंग करना ; २. р. чей-л. аппети́т किसीकी भूख जगाना ।

раздроби́ть(ся) दे० дроби́ть(ся) और раздробля́ть(ся).

раздробля́ть (अपू०), **раздроби́ть** (पू०) (भवि० раздроблю́, раздроби́шь) १. टुकड़े-टुकड़े करना ; (भूमि का) विभाजन करना ; २. (गणित) (-में) परिणत करना ; बदलना ; р. мéтры в сантимéтры मीटरों को सेंटीमीटरों में परिणत करना / बदलना ; **—ся** (आत्म०) १. टूटना ; टुकड़े-टुकड़े होना ; २. раздробля́ть का कर्मवाच्य ।

раздувáние (नपुं०) १. (आग को फूँक मारकर या पंखे से) प्रज्वलित करना ; चेताना ; २. अतिरंजन ; तिल का ताड़ बनाना/राई का पहाड़ बनाना ।

раздувáть (अपू०), **раздýть** (पू०) (भवि० раздýю, раздýешь) १. (आग को फूँक मारकर या पंखे से) चेताना ; प्रज्वलित करना ; २. उत्तेजित करना ; ३. गाल बजाना ; हल्ला-गुल्ला करना ; ४. (कर्तृ-निरपेक्ष) у негó раздýло щёку उसके गाल फूल गये है ; ५. अतिरंजित करना ; तिल का ताड़ बनाना ; ६. (केवल अपू०) उड़ाना ; вéтер раздувáет знамёна हवा झंडों को उड़ा रही है / झंडे हवा में लहरा रहे हैं ; **—ся** (आत्म०) १. उड़ाया जाना ; पंखा किया जाना ; फूल जाना ; щекá раздýлась गाल फूल गया ; २. раздувáть से कर्मवाच्य ।

раздýма||ть (पू०) विचार बदलना ; इरादा बदलना ; он хотéл пойти́ тудá но —ал वह वहाँ जाना चाहता था लेकिन इरादा बदल दिया ।

раздýмыва||ть (अपू०) १. चिन्तन करना ; विचार करना ; २. हिचकिचाना ; не —ая बिना हिचकिचाहट के ।

раздýмь||е (नपुं०) १. चिन्तन ; विचारमग्नता ; २. हिचकिचाहट ; в глубóком —е गहरे विचार में ; егó взялó р. वह हिचकिचाता है ।

раздýть(ся) दे० раздувáть(ся).

разевáть (अपू०), **рази́нуть** (पू०) चौड़ा करना ; खोलना ; р. рот मुँह खोलना / जँभाई लेना ; рази́нуть рот от изумлéния आश्चर्य से मुँह खोलना ।

разжáлобить (पू०) (разжáлоблю, разжáлобишь) द्रवित करना ; करुणार्द्र करना ; стóны твои́ никогó не разжáлобят तुम्हारे कराहने से किसीके भी मन में दया उत्पन्न नहीं

होती ; **—ся** (आत्म० पू०) द्रवित होना ; करुणार्द्र होना ।

разжáловать (पू०) (—лую) पदह्रास करना ; पद नीचा करना ; अवनति करना ; p. офицéра в солдáты अफ़सर की अवनति करके उसे सिपाही बना देना ।

разжáть(ся) दे० разжимáть(ся).

разжёвывать (अपू०), **разжевáть** (पू०) (भवि० —жуió) चबाना ; दाँतों से कुचलना ; э́то мя́со тру́дно разжевáть यह मांस चबाना बड़ा कठिन है ।

разжигáть (अपू०), **разжéчь** (पू०) (भवि० разожгу́, разожжёшь) (ज्योति) जगाना ; प्रज्वलित करना ; जागृत करना ; p. огóнь अग्नि प्रज्वलित करना ; p. стрáсти लालसाएँ जागृत करना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रज्वलित होना ; जागृत होना ; २. разжигáть का कर्मवाच्य ।

разжижáть (अपू०), **разжиди́ть** (पू०) (भवि० разжи́жу, разжи́дишь) तनूकरण करना ; पतला करना ; पनीला करना ।

разжимá‖ть (अपू०), **разжáть** (पू०) (भवि० разожму́, разожмёшь) (भिंची हुई चीज़ को) खोलना ; स्प्रिंग को ढीला करना ; p. ру́ки हाथ की मुट्ठी खोलना ; не —я губ अपने ओठ खोले बिना ; **—ся** (आत्म०) (भिंची हुई चीज़ का) खुलना ; кулáк разжáлся मुट्ठी खुल गयी ; гу́бы разжáлись ओठ खुल गये ।

раззадóривать (अपू०), **раззадóрить** (पू०) (इच्छा आदि) उत्तेजित करना ; प्रज्वलित करना ; भड़का देना ; **—ся** (आत्म०) उत्तेजित होना ।

раззвáнивать (अपू०), **раззвони́ть** (पू०) ढिंढोरा पीटना ; он раззвони́л об э́том повсю́ду उसने इसका सब जगह ढिंढोरा पीट दिया ।

раззнакóмиться (आत्म० पू०) (раззнакóмлюсь, раззнакóмишься) (मित्रता का) सम्बन्ध तोड़ना ।

рази́нуть दे० разевáть.

рази́ня (उभ०) आलस्य में पड़ा हुआ जँभाई लेनेवाला आदमी ।

рази́тельный (वि०) अद्भुत ; विलक्षण ; विशिष्ट ; गहरा असर डालनेवाला ; p. примéр विशिष्ट उदाहरण ।

рази́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० ражу́, рази́шь) **I.** आघात करना ; चोट मारना ; **II.** (कर्तृ-निरपेक्ष) от негó рази́ло винóм उसके मुँह से शराब की तीव्र गन्ध आ रही थी ।

разлагáть (अपू०), **разложи́ть** (पू०) १. (रस०) विघटन करना ; (गणित) विस्तार करना ; (भौ०) विभेदन करना ; p. вóду на кислорóд и водорóд पानी को ऑक्सीजन और हाइड्रोजन में विघटित करना ; p. числó на множи́тели संख्या का गुणनखंडों में विस्तार करना ; २. ह्रास करना ; सड़ाना ; ३. भ्रष्ट करना ; हतोत्साह करना ; मनोबल क्षीण करना ; हौस्ला पस्त करना ; p. áрмию проти́вника शत्रु-सेना का मनोबल क्षीण करना/हौसला पस्त करना ; **—ся** (आत्म०) १. (रस०) विघटित होना ; (गणित) विस्तार होना ; (भौ०) विभेदित होना ; २. सड़ना ; труп разложи́лся लोथ सड़ गयी ; ३. भ्रष्ट होना ; मनोबल क्षीण होना ; हतोत्साह होना ; ४. разлагáть का कर्मवाच्य ।

разлáд (पुं०) फूट ; कलह ; вноси́ть p. फूट डालना ।

разлáживать (अपू०), **разлáдить** (पू०) (भवि० разлáжу, разлáдишь) क्रम भंग करना ; व्यतिक्रम उत्पन्न करना ; अस्तव्यस्त करना ; **—ся** (आत्म०) १. (काम, मामले का) गड़बड़ हो जाना ; २. разлáживать का कर्मवाच्य ।

разлáкомить (पू०) (разлáкомлю, разлáкомишь) जी ललचा देना ; प्रबल इच्छा उत्पन्न करना ; **—ся** (आत्म०) मुँह में पानी भर आना ; जी ललचाना ।

разлáмывать (अपू०), **разломáть**, **разломи́ть** (पू०) (भवि० разломлю́, разлóмишь) १. (разломáть पू० के साथ)

तोड़कर गिरा देना ; ढाह देना ; р. па́лку छड़ी तोड़ देना ; р. дом घर गिरा देना ; २. (разломи́ть पू० के साथ) तोड़ना ; (तोड़कर) टुकड़े करना ; р. хлеб रोटी तोड़ना अथवा टुकड़े बनाना ; ३. (разломи́ть पू० के साथ) (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ всего́ разломи́ло उसकी हड्डी-हड्डी में दर्द है/उसकी हड्डी-हड्डी टूट रही है।

разлеза́ться (आत्म० अपू०), **разле́зться** (आत्म० पू०) (भवि० разлезу́сь, разлезёшься) (वस्त्र आदि का) उधड़ जाना ; बाहर निकल आना ; его́ сапоги́ разле́злись उसके बूटों की सिलाई उधड़ गयी है।

разлени́ться (आत्म० पू०) बहुत आलसी हो जाना।

разлет||а́ться (आत्म० अपू०), **разлете́ться** (आत्म० पू०) (भवि० разлечу́сь, разлети́шься) १. उड़ जाना ; हवा में तितर-बितर हो जाना ; इधर-उधर उड़ जाना ; २. (टुकड़े-टुकड़े होकर) बिखर जाना ; नष्ट होना ; все надёжды —е́лись सब आशाएँ नष्ट हो गयीं।

разлете́ться (आत्म० पू०) १. दे० разлета́ться ; २. उड़कर पहुँच जाना ; पहुँचने की कोशिश करना।

разле́чься (आत्म० पू०) (разля́гусь, разля́жешься) पाँव पसारकर लेटना ; टाँगें फैलाकर लेटना।

разли́в (पुं०) १. (नदी आदि में) बाढ़ ; २. (बड़े बर्तन में से छोटे में) उँडेलने की क्रिया ; बोतलों में भरने की क्रिया ; **—а́ние** (नपुं०) उँडेलने की क्रिया ; она́ была́ занята́ —а́нием ча́я वह चाय उँडेलने में व्यस्त थी।

разлива́тельн||ый (वि०) : —ая ло́жка करछुल।

разлива́ть (अपू०), **разли́ть** (पू०) (भवि० разолью́, разольёшь) १. (स्याही या पानी) गिराना ; २. उँडेलना ; बोतलें भरना ; р. чай चाय उँडेलना/चाय डालना ; р. вино́ по буты́лкам बोतलों में शराब भरना ; **—ся** (आत्म०) १. (स्याही या पानी) गिरना ; २. बाढ़ आना ; река́ разлила́сь от дожде́й वर्षा से नदी में बाढ़ आ गयी ; ३. (चिकि०) у него́ жёлчь разлила́сь वह पित्त-प्रकोप से पीड़ित है।

разлино́вывать (अपू०), **разлинова́ть** (पू०) (भवि० —ну́ю) लकीरें खींचना ; सतरें खींचना।

разли́тие (नपुं०) १. (नदी की) बाढ़ ; २. (चिकि०) р. жёлчи पित्त-रोग।

разли́ть(ся) दे० разлива́ть(ся).

различа́ть (अपू०), **различи́ть** (पू०) विभेद करना ; पहचानना ; विवेक करना ; **—ся** (आत्म०) १. भेद होना ; भिन्न होना ; различа́ться длино́й लम्बाई का भेद होना ; २. различа́ть का कर्मवाच्य।

различе́ние (नपुं०) विभेदीकरण।

разли́чие (नपुं०) भेद ; то́нкое р. सूक्ष्म भेद ; де́лать р. (ме́жду) (-में) भेद करना ; р. во взгля́дах मतभेद।

различи́ть दे० различа́ть.

разли́чн||ый (वि०) १. भिन्न ; р. по существу́ तत्त्वतः/मूलतः भिन्न ; २. भिन्न प्रकार का ; अनेक ; по —ым соображе́ниям भिन्न कारणों से/अनेक कारणों से।

разложе́ние (नपुं०) (रस०) विघटन ; (गणित) विस्तार ; सड़न ; ह्रास ; भ्रष्टता ; р. начало́сь विघटन आरम्भ हो गया।

разложи́ть(ся) दे० раскла́дываться और разлага́ть(ся).

разло́м (पुं०) टूट-फूट।

разлома́ть दे० разла́мывать.

разломи́ть दे० разла́мывать.

разлу́к||а (स्त्री०) १. वियोग ; день —и वियोग/विछोह का दिन ; २. पृथकत्व ; жить в —е पृथक् रहना।

разлуча́ть (अपू०), **разлучи́ть** (पू०) (-से) वियुक्त/अलग करना ; पृथक् करना ; **—ся** (आत्म०) १. पृथक् होना ; अलग होना ; २. разлуча́ть का कर्मवाच्य।

разлюби́ть (पू०) (разлюблю́, разлю́бишь) प्यार करना या पसन्द करना छोड़ देना।

размáз||ать(ся) दे० размáзывать(ся); **—ня́** (स्त्री०) १. पतली लपसी ; २. मूर्ख ; जड़ ; बेवकूफ़ ।

размáзывать (अपू०), **размáзать** (पू०) (भवि० размáжу, размáжешь) १. (जगह-जगह) पोतना ; р. грязь по всемý лицý सारे मुँह पर कीचड़ पोतना ; २. (बोलने का ढंग) व्यर्थ शब्द/फ़ालतू बातें आदि भर देना ; он размáзал свой доклáд उसने अपने भाषण में व्यर्थ के शब्द और फ़ालतू बातें भर दीं ; **—ся** (आत्म०) १. पोता जाना ; फैल जाना ; грязь размáзалась по всемý столý सारी मेज़ पर कीचड़ फैल गया ; २. размáзывать का कर्मवाच्य ।

размалёвывать (अपू०), **размалевáть** (पू०) (भवि० размалю́ю, размалю́ешь) (फूहड़पन से) लीपना ; पोतना ।

размáлывать (अपू०), **размолóть** (पू०) (भवि० размелю́, размéлешь) पीसना ; बुकनी करना ; चूरा करना ।

размáтывать (अपू०), **рамотáть** (पू०) (रस्सी आदि बटी हुई वस्तु को) उधेड़ना ; (रील पर से) उतार देना ; **—ся** (आत्म०) १. (रस्सी आदि का) उधड़ जाना ; (रील आदि पर से) उतर जाना ; खुल जाना ; २. размáтывать का कर्मवाच्य ।

размáх (पुं०) १. हिचकोला ; हिलोर ; २. ударить с —у पूरे ज़ोर से मारना ; ३. (पंख) फैलाना ; ४. क्षेत्र ; विस्तार ; व्यापकता ; человéк ширóкого —а (रहन-सहन में) व्यापक और खुली विचारधारा का मनुष्य ; революциóнный р. क्रान्ति-आन्दोलन का क्षेत्र ; принимáть всё бóльший р. बहुत महत्व प्राप्त करना ।

размáхива||ть (अपू०) इधर-उधर हिलाना ; (तलवार, छड़ी आदि) घुमाना ; फहराना ; р. орýжием हथियार घुमाना ; —ая рукáми हाथ घुमाते हुए/हिलाते हुए ।

размáхиваться (आत्म० अपू०), **размахнýться** (आत्म० पू०) हाथ घुमाना ; он размахнýлся и удáрил उसने हाथ घुमाया और घूँसा मारा ।

размáчивать (अपू०), **размочи́ть** (पू०) गीला करना ; भिगोना ; तर करना ; **—ся** (आत्म०) गीला किया जाना ; तर किया जाना ।

размáшист||о (क्रि० वि०) : писáть р. मोटा-मोटा लिखना ; р. грести́ ज़ोर से चप्पू चलाना ; **—ый** (वि०) : —ый пóчерк मोटी लिखाई ; —ое движéние तीव्र गति ।

размежевáние (नपुं०) सीमा-निर्धारण ।

рамежёвывать (अपू०), **размежевáть** (पू०) (भवि० —жýю) सीमा-निर्धारण करना ; **—ся** (आत्म०) सीमा-निर्धारित होना ; कार्य-सीमा निर्धारित होना ।

размельч||áть (अपू०), **размельчи́ть** (पू०) पीसना ; चूरा करना ; महीन करना ; **—éние** (नपुं०) पीसने की क्रिया ; चूरा करने या महीन करने की क्रिया ।

размельчи́ть दे० размельчáть.

размéн (पुं०) विनिमय ; अदल-बदल ।

размéнн||ый (वि०): —ая монéта रेज़गारी ।

размéнивать (अपू०), **разменя́ть** (पू०) बदलना; **—ся** (आत्म०) अदल-बदल करना ; विनिमय करना ; —ся на мéлочи, по мелочáм छोटी-छोटी बातों पर अपनी प्रतिभा अपव्यय करना ।

размéр (पुं०) १. परिमाण ; (वस्त्र, बूट आदि का) नाप ; (ब्याज, कर आदि की) दर ; стол —ом в два квадрáтных мéтра दो वर्ग मीटर की मेज़ ; э́то не мой р. यह मेरा नाप नहीं है ; в небольшóм —е छोटे पैमाने पर ; २. (काव्य०) छन्द ; ३. (संगीत) ताल ; लय ।

размеря́ть (अपू०), **размéрить** (पू०) नापना ।

размеси́ть दे० размéшивать-I.

размести́ दे० разметáть-I.

размести́ть(ся) दे० размещáть(ся).

разметáть -I (अपू०), **размести́** (पू०)

(भवि॰ разметý, разметёшь) झाड़ू देना ; साफ़ करना ।

разметáть -II (पू॰) तितर-बितर करना ; (इधर-उधर) छितराना ।

разметáться (आत्म॰ पू॰) १. (चारपाई पर) करवटें बदलना ; २. (हाथ, पाँव पसारकर) लेटना ।

размечáть (अपू॰), **размéтить** (पू॰) (भवि॰ размéчу, размéтишь) जगह-जगह निशान लगाना ; अंकित करना ।

размéшивать -I (अपू॰), **размеси́ть** (पू॰) (भवि॰ размешý, размéсишь) (आटा आदि) गूँधना ।

размéшивать -II (अपू॰), **размешáть** (पू॰) (मिलाने के लिए) अच्छी तरह हिला लेना ।

размещáть (अपू॰), **размести́ть** (पू॰) (भवि॰ размещý, размести́шь) १. क़रीने से रखना ; स्थान देना ; р. мéбель फ़र्नीचर क़रीने से रखना ; २. (पूँजी) लगाना , **—ся** (आत्म॰) बैठना ; स्थान लेना ; размещáть का कर्मवाच्य ।

размещéние (नपुं॰) (क़रीने से) रखने की क्रिया ।

разминáть (अपू॰), **размя́ть** (पू॰) (भवि॰ разомнý, разомнёшь) १. (आटा आदि) गूँधना ; (आलुओं का) मलीदा करना ; २. р. нóги पाँव पसारना ; **—ся** (आत्म॰) १. गूँधने से नर्म पड़ जाना ; मलीदा होना ; २. अपनी टाँगें पसारना ।

разминýться (आत्म॰ पू॰) १. (एक-दूसरे से) मेल न हो सकना ; २. (पत्रों का) रास्ते में मेल होना ।

размножáть (अपू॰), **размнóжить** (पू॰) गुणा करना ; ज़रब देना ; **—ся** (आत्म॰) १. गुणा होना ; २. (पशुओं का) प्रजनन होना ; (वनस्पति आदि का) वर्धन होना ।

размножéние (नपुं॰) (वनस्पति, पशुओं का) प्रजनन ।

размозжи́ть (अपू॰) р. комý-л. гóлову किसीकी खोपड़ी तोड़ना ।

размокáть (अपू॰), **размóкнуть** (पू॰) भीग जाना ; तर हो जाना ; сухари́ размóкли в водé रस्क पानी में तर हो गये अथवा भीग गये ।

размóл (पुं॰) : мукá мéлкого —а महीन पिसा हुआ आटा ; мукá крýпного —а मोटा पिसा हुआ आटा ।

размóлвка (स्त्री॰) अनबन ; у них р. उनकी अनबन हो गयी है ।

размолóть दे॰ размáлывать

размори́||ть (पू॰) (गर्मी आदि से) बुरा हाल करना ; жарá егó совсéм —ла, егó —ло от жары́ गर्मी से उसका बुरा हाल है ; **—ся** (आत्म॰) (गर्मी आदि से) बुरा हाल होना ।

размотáть(ся) दे॰ размáтывать(ся).

размочи́ть(ся) दे॰ размáчивать(ся).

размы́в (पुं॰) (पानी के बहाव से) मिट्टी का कटाव ।

размывáть (अपू॰), **размы́ть** (पू॰) (भवि॰ размóю, размóешь) (पानी के बहाव से) मिट्टी का कटना ।

размы́кать -I (पू॰) भूल जाना ; छोड़ देना ; р. гóре शोक त्यागना ।

размыкáть -II (अपू॰), **разомкнýть** (पू॰) भंग करना ; р. ток बिजली की धारा भंग करना ।

размы́слить दे॰ размышля́ть.

размы́ть दे॰ размывáть.

размышлéни||е (नपुं॰) चिन्तन ; по зрéлом —и फिर से विचार करने पर/सोचने पर ; быть погружённым в —я चिन्तन में मग्न होना ।

размышля́ть (अपू॰), **размы́слить** (पू॰) (भवि॰ размы́шлю, размы́слишь) चिन्तन करना ; विचार करना ।

размягчáть (अपू॰), **размягчи́ть** (पू॰) नर्म करना ; **—ся** (आत्म॰) नर्म होना ।

размягчéние (नपुं॰) नर्म करने की/होने क्रिया ।

размякáть (अपू॰), **размя́кнуть** (पू॰) नर्म होना ।

размя́кнуть दे० размяка́ть और мя́кнуть.

размя́ть(ся) दे० размина́ть(ся).

разна́шивать (अपू०), **разноси́ть** (पू०) (भवि० разношу́, разно́сишь) (जूतों को पहन-पहनकर) आरामदेह बना लेना ; **—ся** (आत्म०) (जूतों का पहनते-पहनते) आरामदेह हो जाना ।

разне́живаться (आत्म० अपू०), **разне́житься** (आत्म० पू०) १. नाज़ुक होना ; आरामतलब होना . २. आलसी होना ।

разнести́(сь) दे० разноси́ть(ся)-II.

разнима́ть (अपू०), **разня́ть** (पू०) (भवि० разниму́, разни́мешь) १. (मशीन आदि के पुर्ज़ों को) अलग-अलग कर देना ; २. जुदा कर देना ; р. деру́щихся लड़ने वालों को हटाकर अलग कर देना ।

ра́зниться (आत्म० पू०) अन्तर होना ।

ра́зница (स्त्री०) अन्तर ; असमानता ; р. в том, что अन्तर यह है कि . . . . . ; р. в цене́ मूल्य में अन्तर ; незначи́тельная р. उन्नीस-बीस का अन्तर ।

разнобо́й (पुं०) समन्वय न होना ; तालमेल का अभाव ।

разнове́с (पुं०) (समू०) (तोल के) बाट ; बट्टे ।

разнови́дн||ость (स्त्री०) विभिन्नता ; विविधता ; भेद ; प्रकार ; **—ый** (वि०) विभिन्न ; भिन्न प्रकार का ; विविध प्रकार का ।

разногла́сие (नपुं०) मतभेद ; у них р. उनमें मतभेद है ; р. во взгля́дах मतभेद ।

разноголо́сица (स्त्री०) १. बेसुरापन ; २. (मत आदि में) भेद ।

разнома́стный (वि०) भिन्न रँग का ।

разномы́сл||ие (नपुं०) मतभेद ; विचार-भेद ; **—ящий** (वि०) भिन्न विचार रखनेवाला ।

разнообра́з||ие (नपुं०) विभिन्नता ; विविधता ; для —я एकरसता दूर करने के लिए ; **—ить** (पू०) (разнообра́жу, разнообра́зишь) विविध बनाना ; वैविध्य पैदा करना ; **—ность** (स्त्री०) विभिन्नता ; विविधता ; **—ный** (वि०) विविध ; विभिन्न

разноплемённый (वि०) विभिन्नजातीय ।

разноречи́в||ость (स्त्री०) प्रतिवाद ; खंडन ; **—ый** (वि०) प्रतिवादी ; खंडन करनेवाला ।

разноро́дн||ость (स्त्री०) विभिन्नजातीयता ; विजातीयता ; **—ый** (वि०) विभिन्नजातीय ; विजातीय ।

разно́с (पुं०) १. = разно́ска ; २. झाड़ ; झिड़की ।

разноси́ть दे० разна́шивать.

разноси́ть -II (अपू०), **разнести́** (पू०) (वर्त० разношу́, разно́сишь, भवि० разнесу́, разнесёшь) १. (विभिन्न स्थानों पर जाकर) बाँटना ; р. пи́сьма по кварти́рам घरों में चिट्ठियाँ बाँटना ; २. (अफ़वाहें आदि) फैलाना ; ३. (बही-खाते, कार्ड आदि में) दर्ज करना ; ४. (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ разнесло́ वह मोटा हो गया है ; щеку́ разнесло́ उसके गाल फूल गये हैं ; ५. नष्ट करना ; ६. तितर-बितर करना ; छितराना ; ७. खूब झाड़ पिलाना ; झिड़की देना ।

разноси́ться -I दे० разна́шиваться.

разноси́ться -II (आत्म० अपू०), **разнести́сь** (आत्म० पू०) १. फैलना ; २. गूँजना ।

разно́с||ка (स्त्री०) (डाक आदि का) वितरण ; बाँटने की क्रिया ; **—ный** (वि०): —ная кни́га वितरण-पंजिका ।

разносторо́нн||ий (वि०) १. (गणित) विषमभुज ; २. बहुमुखी प्रतिभाशाली ; बहुज्ञ ; **—ость** (स्त्री०) बहुज्ञता ; बहुमुखी प्रतिभा ।

ра́зность (स्त्री०) विभिन्नता ; अन्तर ।

разно́счик (पुं०) १. फेरीवाला ; २. पत्र/पत्रिकाएँ बेचनेवाला ; अखबारफ़रोश ।

равнохара́ктерный (वि०) नानाविध ; अनेकविध ।

разноцве́тный (वि०) रंग-बिरंगा ; अनेक रँगों का ।

разночи́нец (पुं०) राज़नोचिनेत्स (बुद्धिजीवी, जो उन्नीसवीं शताब्दी के रूस में कुलीन जनता से सम्बन्ध नहीं रखता था) ।

разночте́ние (नपुं०) पाठान्तर ; पाठ-भेद ।

разноязы́чн‖ый (वि०) अनेक भाषाओं का ; —ая толпа́ विभिन्न भाषाएँ बोलनेवाली भीड़ ; р. слова́рь अनेकभाषा-कोश ।

разну́здывать (अपू०), **разнузда́ть** (पू०) लगाम खोल देना ; नियन्त्रण हटा देना ; **—ся** (आत्म०) अनियन्त्रित होना ; बेलगाम होना ; बेक़ाबू होना ।

ра́зн‖ый (वि०) विभिन्न ; अनेक ; —ого ро́да भिन्न प्रकार का ; в —ое вре́мя भिन्न-भिन्न समय पर ।

разню́хивать (अपू०), **разню́хать** (पू०) १. (सूँघकर) पता लगा लेना ; २. (चोरी-छिपे) पता करना ।

разня́ть दे० разнима́ть.

разо- दे० раз-.

разоби́деть (पू०) (разобижу́, разоби́дишь) बहुत रुष्ट करना ; **—ся** (आत्म०) बहुत बुरा मानना ; रुष्ट होना ।

разоблача́ть (अपू०), **разоблачи́ть** (पू०) १. नंगा करना ; कपड़े उतारना ; २. भंडा फोड़ना ; पर्दा फ़ाश करना ; उघाड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. नंगा होना ; (अपने) कपड़े उतारना ; उघड़ना ; वास्तविक रूप में प्रकट होना ; २. разоблача́ть का कर्मवाच्य ।

разоблаче́ние (नपुं०) पर्दा फ़ाश करने/भंडा फोड़ने की क्रिया ।

разобра́ть(ся) दे० разбира́ть(ся).

разобща́ть (अपू०), **разобщи́ть** (पू०) अलग कर देना ; पृथक् कर देना ; из опасе́ния зара́зы больны́х разобщи́ли संक्रामक रोग फैलने के डर से रोगियों को अलग कर दिया गया ।

разобщи́тель (पुं०) (टेक०) वियोजक ; विच्छेदक ।

разово́й, ра́зовый (वि०) एक बार का ; р. биле́т (वर्ष में) एक बार मिलनेवाला टिकट ।

разогна́ть(ся) दे० разгоня́ть(ся).

разогну́ть(ся) दे० разгиба́ть(ся).

разогре́в = разогрева́ние.

разогрева́ние (नपुं०) गर्म करने/तपाने की क्रिया ।

разогрева́ть (अपू०), **разогре́ть** (पू०) गर्म करना ; तपाना ; р. мото́р इंजन गर्म करना ; со́лнце разогре́ло зе́млю सूर्य ने भूमि को तपा दिया ; р. пи́щу खाना गर्म करना ।

разоде́ть (पू०) (разоде́ну, разоде́нешь) बच्चों को सुसज्जित करना; (वस्त्र पहनाकर) सजाना ; **—ся** (आत्म०) (वस्त्र पहनकर) सजना ; वस्त्रों से सुसज्जित होना ।

разодолжи́ть (पू०) धूर्तता करना ; कमीनी हरकत करना ।

разодра́ть(ся) दे० раздира́ть(ся).

разозли́ть (पू०) क्रुद्ध करना ; ग़ुस्सा दिलाना ; **—ся** (आत्म०) क्रुद्ध होना ; ग़ुस्से होना ।

разойти́сь दे० расходи́ться.

разо́к (पुं०) раз का अल्प० ; ещё р. एक बार और ।

ра́зом (क्रि० वि०) १. एक बार में ; все р. सब मिलकर ; २. तुरन्त ।

разомкну́ть दे० размыка́ть.

разомле́ть (पू०) (गर्मी से) व्याकुल हो जाना ।

разопре́ть (पू०) (मन्दी-मन्दी आँच में) पकाना ; सिझाना ।

разора́ться (आत्म० पू०) हल्ला-गुल्ला करना ; कोलाहल करना ।

разорва́ть(ся) दे० разрыва́ть(ся).

разоре́ние (नपुं०) नाश ; ध्वंस ; बरबादी ।

разори́тельн‖ость (स्त्री०) नाश ; ध्वंस ; **—ый** (वि०) घातक ; नाश करनेवाला ।

разори́ть(ся) दे० разоря́ть(ся).

разоружа́ть (अपू०), **разоружи́ть** (पू०) निरस्त्रीकरण करना ; **—ся** (आत्म०) निरस्त्र होना ।

разоруже́н‖ие (नपुं०) निरस्त्रीकरण ; конфере́нция по —ию निरस्त्रीकरण-सम्मेलन ; части́чное р. आंशिक निरस्त्रीकरण ।

разоря́ть (अपू०), **разори́ть** (पू०) नष्ट करना ; ध्वंस करना ; बरबाद करना ; **—ся** (आत्म०) अपना नाश करना ; बरबाद होना ।

разосла́ть दे० рассыла́ть.

разоспа́ться (आत्म० पू०) पूरी और गहरी नींद सोना।

разостла́ть(ся) दे० расстила́ть(ся).

разохо́титься (आत्म० पू०) -को बहुत चाहने लगना।

разочарова́ние (नपुं०) निराशा।

разочаро́ванн||о (नपुं०) निराशापूर्वक ; **—ый** (वि०) निराश।

разочаро́вывать (अपू०), **разочарова́ть** (पू०) (भवि० —ру́ю) निराश करना ; **—ся** (आत्म०) निराश होना।

разраба́тывать (अपू०), **разрабо́тать** (पू०) १. जुताई करना ; कृषि करना ; २. (भू-गर्भ०) खनिज पदार्थ निकालना ; ३. (योजना आदि) तैयार करना ; विस्तार देना ; विशद बनाना।

разрабо́тка (स्त्री०) १. (भूमि की) जुताई ; २. खनिज पदार्थ निकालने की क्रिया ; ३. खनिज पदार्थ निकालने का स्थान ; ४. (योजना आदि) तैयार करने की क्रिया ; विशद बनाने/विस्तार देने की क्रिया।

разра́внивать (अपू०), **разровня́ть** (पू०) समतल करना ; एकसार करना ; बराबर करना।

разража́ться (आत्म० अपू०), **разрази́ться** (आत्म० पू०) (भवि० разражу́сь, разрази́шься) १. (लड़ाई, तूफ़ान आदि का) आरम्भ होना ; २. सहसा आरम्भ होना ; р. слеза́ми आँसू बह निकलना।

разраста́ться (आत्म० अपू०), **разрасти́сь** (आत्म० पू०) (भवि० разрасту́сь, разрастёшься) बढ़ जाना ; फैल जाना ; го́род разро́сся नगर फैल गया है।

разреве́ться (आत्म० पू०) चिंघाड़ना ; दहाड़ना ; चीखना-चिल्लाना।

разрежа́ть (अपू०), **разреди́ть** (पू०) (भवि० разрежу́, разреди́шь) (जंगल, बग़ीचे आदि को) छितरा करना ; विरल करना ; **—ся** (आत्म०) छितरा होना।

разре́з (पुं०) काट ; तराश ; р. пла́тья (स्त्री की) पोशाक की काट ; попере́чный р. अनुप्रस्थ काट ; ☐ в э́том —е इस सम्बन्ध में ; в —е с ва́шим мне́нием आपकी राय के प्रतिकूल/विरुद्ध।

разре́зать दे० разреза́ть और ре́зать.

разреза́ть (अपू०), **разре́зать** (पू०) (भवि० разре́жу, разре́жешь) काटना ; (काटकर) टुकड़े करना ; तराशना ; р. но́жницами сукно́ कैंची से काटकर कपड़े के टुकड़े करना।

разрезно́й (वि०): р. нож (काग़ज़) काटने का चाक़ू।

разре́зывать = разреза́ть.

разреша́ть (अपू०), **разреши́ть** (पू०) १. इजाज़त देना ; अनुमति देना ; он ему́ э́то разреши́л उसने उसको इसकी अनुमति दे दी थी ; २. अधिकार देना ; р. кни́гу к печа́ти पुस्तक छापने का अधिकार देना ; ३. (प्रश्न, समस्या का) हल करना ; ४. (झगड़ा, सन्देह आदि) निपटाना ; **—ся** (आत्म०) १. हल होना ; (झगड़े का) निपटारा होना ; २. (केवल अपू०) इजाज़त होना ; здесь кури́ть не разреша́ется यहाँ तम्बाकू पीने की इजाज़त नहीं है ; ३. разреша́ть का कर्मवाच्य।

разреше́н||ие (नपुं०) इजाज़त ; अनुमति ; с ва́шего —ия आपकी इजाज़त से ; дава́ть р. на इजाज़त देना ; २. अधिकार ; अधिकृति ; р. на вступле́ние в брак विवाह की अनुज्ञा ; ३. (प्रश्न, समस्या का) हल ; (झगड़े का) निपटारा ; ☐ р. от бре́мени बच्चा जनना।

разреши́мый (वि०) हल करने योग्य।

разрисова́ть दे० разрисо́вывать.

разрисо́вка (स्त्री०) चित्रण।

разрисо́вывать (अपू०), **разрисова́ть** (पू०) (भवि० —су́ю) चित्र खींचकर सजाना।

разровня́ть दे० разра́внивать.

разро́знивать (अपू०), **разро́знить** (पू०) (जोड़ा या सैट) तोड़ देना।

разруба́ть (अपू०), **разруби́ть** (पू०) (भवि० разрублю́, разру́бишь) (काटकर) टुकड़े करना ; р. на ча́сти (काटकर) टुकड़े करना।

разруга́ть (पू०) झिड़की देना ; झाड़ पिलाना ;

डाँटना ; **—ся** (आत्म०) (-से) झड़प होना ; झगड़ा होना ।

разрумя́нить (पू०) (मुँह पर) सुर्खी आदि लगाना ; लाली लगाना ; **—ся** (आत्म०) (अपने मुँह पर) सुर्खी आदि लगाना ; लज्जा की लाली छा जाना ; लज्जारुण होना ; (सर्दी के कारण) मुँह पर लाली आ जाना ।

разру́ха (स्त्री०) विनाश ; बरबादी ।

разрушáть (अपू०), **разру́шить** (पू०) १. नष्ट करना ; ढाह देना ; गिरा देना ; ध्वंस करना ; р. до основáния बिल्कुल ढाह देना / आमूल नष्ट कर देना ; २. (आशा, योजना आदि) नष्ट करना ; असफल करना ; р. здорóвье स्वास्थ्य नष्ट करना ; **—ся** (आत्म०) १. नष्ट होना ; २. (योजना आदि का) असफल होना ; ३. разру́шать का कर्मवाच्य ।

разры́в (पुं०) १. विदीरण ; फटना ; р. кровенóсного сосу́да रक्तप्रवाहिनी नाड़ी का फटना ; (बम, गोले आदि के) फटने की क्रिया ; विस्फोट ; २. अनबन ; мéжду ни́ми произошёл р. उनमें अनबन हो गयी है ; ☐ р. сéрдца हृदय की गति बन्द हो जाना ।

разрывáть -I (अपू०), **разорвáть** (पू०) १. फाड़ना ; फाड़कर टुकड़े-टुकड़े कर देना ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) пу́шку разорвáло गोला फट गया ; ३. नाता तोड़ना ; -से सम्बन्ध विच्छेद करना ; किनारा करना ; р. с прóшлым अतीत से नाता तोड़ना ।

разрывáть -II (अपू०), **разры́ть** (पू०) (भवि० разрóю, разрóешь) १. खोद डालना ; २. छान मारना ।

разрывá‖ться (आत्म० अपू०), **разорвáться** (आत्म० पू०) १. (रस्सी आदि का) टूटना ; (कपड़े का) फटना ; (जूते का) टूटना ; २. (बम, गोले आदि का) फटना ; ☐ у негó сéрдце —ется उसका दिल टूट रहा है ।

разрывн‖óй (वि०) विस्फोटक ; —áя пу́ля विस्फोटक गोली ।

разрыдáться (आत्म० पू०) (बहुत देर तक) रोते रहना / सिसकते रहना ।

разры́ть दे० разрывáть-II.

разрыхлéние (नपुं०) नर्म या भुरभुरा करने की क्रिया ।

разрыхля́ть (अपू०), **разрыхли́ть** (पू०) नर्म करना ; भुरभुरा करना ; р. зéмлю भूमि को नर्म करना ।

разря́д (पुं०) **I.** (गोली आदि का) छूटना ; **II.** वर्ग ; कोटि ; श्रेणी ; пéрвого —а प्रथम श्रेणी का ।

разряди́ть(ся) दे० разряжáть(ся).

разря́дка (स्त्री०) १. (गोली आदि) छोड़ने की क्रिया ; २. (छपाई में) टाइप के बीच जगह छोड़ना ।

разря́дный (वि०) разря́д-I से वि० ।

разряжáть (अपू०), **разряди́ть** (पू०) (भवि० разряжу́, разряди́шь) **I.** कपड़े पहनाना ; सजाना ; **II.** १. विसर्जन करना ; (गोली आदि) छोड़ना / निकालना ; р. атмосфéру तनाव कम करना/वातावरण शान्त करना ; २. (छपाई-सम्बन्धी) टाइप के बीच जगह छोड़ना ।

разряжáться -I (आत्म० अपू०), **разряди́ться** (आत्म० पू०) (कपड़े पहनना) सजना ; **II.** (बिजली की बैटरी का) खत्म होना ; (क्रोध आदि का) उतरना ; निकलना ।

разубеждáть (अपू०), **разубеди́ть** (पू०) (भवि० разубежу́, разубеди́шь) (युक्तियाँ देकर किसी दूसरे का) इरादा बदलवाना ; रोकना ; **—ся** (आत्म०) (अपना) इरादा बदलना ।

разувáть (अपू०), **разу́ть** (पू०) (भवि० —зу́ю) किसीके जूते उतारना ; **—ся** (आत्म०) अपने जूते उतारना ।

разуверя́ть (अपू०), **разувéрить** (पू०) (युक्तियाँ देकर) किसीका विश्वास उठाना ; **—ся** (आत्म०) विश्वास खोना ; विश्वास न रहना ; он разувери́лся в свои́х друзья́х उसका अपने मित्रों पर से विश्वास उठ गया ।

разузнавáть (अपू०), **разузнáть** (पू०) पता लगाना ; पूछताछ करना ।

разукра́шивать (अपू०), **разукра́сить** (पू०) (भवि० разукра́шу, разукра́сишь) अलंकृत करना ; सजाना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) सजाना ; शृंगार करना ; २. разукра́шивать का कर्मवाच्य ।

разукрупне́ние (नपुं०) छोटे-छोटे भागों में विभक्त करने की क्रिया ।

разукрупня́ть (अपू०), **разукрупни́ть** (पू०) छोटे-छोटे भागों में विभक्त करना ; р. профсою́з श्रमिक संघ को छोटे-छोटे भागों में बाँटना ।

ра́зум (पुं०) बुद्धि ; समझ ; अक़्ल ; □ ум за ра́зум захо́дит अक़्ल मारी जाना ।

разуме́ется (विधेय) स्पष्ट है ; ज़ाहिर है ।

разуме́ть (अपू०) समझना ; **—ся** (आत्म०) समझा जाना ।

разу́мн||о (कर्तृ-निरपेक्ष) р. यह बुद्धिमानी की बात है ; (क्रि० वि०) समझ से ; बुद्धिमानी से ; **—ый** (वि०) १. बुद्धिमान ; समझदार ; —ый челове́к समझदार व्यक्ति ; २. बुद्धिमानी का ; समझ का ; —ый посту́пок समझ का काम ।

разу́ть(ся) दे० разува́ть(ся).

разуха́бистый (वि०) उद्धत ; अतिधृष्ट ; बेधड़क ।

разу́чивать (अपू०), **разучи́ть** (पू०) (नाटक में) अपनी भूमिका याद करना ; **—ся** (आत्म०) भूल जाना ; он разучи́лся говори́ть по-францу́зски वह फ्रांसीसी भाषा बोलना भूल गया है ।

разъ- दे० раз-.

разъеда́ть (अपू०), **разъе́сть** (पू०) (भवि० разъе́м, разъе́шь) १. सब खा जाना ; २. (मोरचा) खा जाना ; ज़ंग लग जाना ।

разъедине́ние (नपुं०) १. वियोग ; जुदाई ; २. (बिजली का) सम्बन्ध टूटना ।

разъединя́ть (अपू०), **разъедини́ть** (पू०) १. पृथक् कर देना ; अलग कर देना ; २. (बिजली का) वियोजन करना ; सम्बन्ध तोड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. पृथक् होना ; वियुक्त होना ; अलग होना ; २. (बिजली का) सम्बन्ध टूटना ।

разъе́зд (पुं०) १. (विभिन्न दिशाओं को) रवानगी ; р. пу́блики из теа́тра नाटकगृह से दर्शकों की रवानगी ; २. सफ़र ; це́лый де́нь Влади́мир был в —е व्लादिमीर सारा दिन सफ़र करता रहा ; ३. घुड़सवार रक्षा-टुकड़ी ; ४. (रेलगाड़ियों के एक-दूसरे के पास से गुज़रने के लिए) पार्श्व-लाइन ।

разъезжа́ть (अपू०) (गाड़ी आदि पर) इधर-उधर जाना ।

разъезжа́ться (आत्म० अपू०), **разъе́хаться** (आत्म० पू०) (भवि० разъе́дусь, разъе́дешься) १. (बहुत लोगों का) धीरे-धीरे विभिन्न स्थानों को जाना ; го́сти разъе́хались अतिथि चले गये हैं ; २. (सम्बन्ध-विच्छेद करके) एक-दूसरे से अलग रहना ; супру́ги разъе́хались पति-पत्नी अलग रहने लगे ; ३. (केवल पूर्ण०) (गाड़ियों का) एक-दूसरे के पास से गुज़रना ; у́лица так узка́, что два автомоби́ля с трудо́м мо́гут разъе́хаться सड़क इतनी तंग है कि दो मोटरकारों का एक-दूसरी के पास से गुज़रना कठिन है ; ४. (रास्ते में एक-दूसरे के पास से गुज़रते हुए) एक दूसरे को न देखना/नज़र न पड़ना ; ५. (कपड़े का पुराना होने के कारण) तार-तार हो जाना ।

разъе́сть दे० разъеда́ть.

разъе́хаться दे० разъезжа́ться.

разъяря́ть (अपू०), **разъяри́ть** (पू०) ग़ुस्सा दिलाना ; क्रुद्ध करना ; **—ся** (आत्म०) क्रुद्ध होना ; ग़ुस्सा होना ।

разъясн||е́ние (नपुं०) स्पष्टीकरण ; व्याख्या ; р. пра́вила नियम का स्पष्टीकरण ; **—и́тельный** (वि०) स्पष्टीकरण करनेवाला ; व्याख्यात्मक ।

разъя́сниться (आत्म० पू०) (आकाश या मौसम) साफ़ होना ।

разъясня́ть (अपू०), **разъясни́ть** (पू०) व्याख्या करना ; स्पष्टीकरण करना ; р. кому-л. значе́ние сло́ва किसीको शब्दार्थ समझाना ; **—ся** (आत्म०) स्पष्ट होना ।

разы́грывать (अपू०), **разыгра́ть** (पू०) १. (नाटक आदि) खेलना ; अभिनय करना ; २. (लॉटरी) डालना ; ३. हँसी करना ; **—ся** (आत्म०) (बच्चों का) खेल में जी लग जाना ; (समुद्र का) चढ़ आना ; (तूफ़ान) आ जाना ; (भावनाओं का) उत्कर्ष तक पहुँचना ; у него́ разыгра́лась пода́гра उसको गठिया रोग ने आ दबाया ।

разы́скивать (अपू०), **разыска́ть** (पू०) (भवि० разыщу́, разы́щешь) तलाश करना ; ढूँढना ; मालूम करना ; पता लगाना ; **—ся** (आत्म०) पता लगना ; मिल जाना ; он разы́скивается властя́ми अधिकारी उसकी तलाश में हैं ।

рай (पुं०) स्वर्ग ।

рай- ра́йо́нный से संक्षिप्त ।

райком (районный комите́т па́ртии) पार्टी की ज़िला-कमेटी ।

райо́н (पुं०) १. प्रदेश ; ज़िला ; २. क्षेत्र ; **—и́рование** (नपुं०) ज़िलों में विभाजन ; **—и́ровать** (अपू०) (—рую) ज़िलों में विभाजित करना **—ный** (वि०) ज़िले का ; प्रदेश का ; प्रादेशिक ।

ра́йский (वि०) स्वर्ग का

райсове́т (райо́нный сове́т) श्रमिकों के प्रतिनिधियों की ज़िला-सोवियत ।

рак (पुं०) **I** (ज्योतिष) कर्क राशि ; **II.** केकड़े की आकृति की मछली ; **III.** नासूर (रोग) ।

ра́ка (स्त्री०) गिरजाघर में धातु का बड़ा सन्दूक जिसमें महात्माओं के अस्थि-अवशेष रखे जाते हैं ।

раке́та (स्त्री०) १. अग्निबाण ; रॉकेट ; २. (खेलने का) रैकिट ; बल्ला ।

раки́та (स्त्री०) १. झाड़ू ; २. दे० раки́тник.

раки́тник (पुं०) १. सरपत ; सरई ; २. सरपत की झाड़ियों का झुंड ।

ра́ковина (स्त्री०) १. घोंघा ; सीप ; २. (धातु में) (छोटा-सा) गड्ढा ; ३. मलगर्त (गन्दगी का पड़ा) ; (दीवार में लगी) चिलमची ।

ра́ковый (वि०) १. рак-I से वि० ; २. рак-III से वि० ।

ракообра́зный (वि०) केकड़े के सदृश ।

раку́шка (स्त्री०) ра́ковина-२. का अल्प० ।

ра́м||а (स्त्री०) चौखट ; फ़्रेम ; око́нная ра́ма खिड़की की चौखट ; вставля́ть в —у मढ़ना ; फ़्रेम करना ; карти́на в золочённой —е सुनहरी फ़्रेमवाला चित्र ; **—ка** (स्त्री०) छोटा चौखटा / फ़्रेम ; в —ке चौखटेवाला/चौखटेदार ; **—ки** (बहु०) सीमाएँ ; **—очный** (वि०) ра́ма से वि० ।

ра́мпа (स्त्री०) (नाट्यगृह में) अधोदीप ; रंगमंच के आगे का प्रकाश ।

ра́на (स्त्री०) घाव ; ज़ख्म ।

ранг (पुं०) श्रेणी ; कोटि ; वर्ग ; капита́н пе́рвого —а (नौसेना में) कप्तान ; कमोडोर ।

рангоу́т (पुं०) जहाज़ के मस्तूल का बाँस ।

ра́нее = ра́ньше.

ране́ние (नपुं०) १. घायल करने की क्रिया ; २. घाव ; ज़ख्म ।

ра́неный (वि०) घायल ; ज़ख्मी ।

ране́т (पुं०) एक प्रकार का सेब ।

ра́нец (पुं०) १. (घोड़े की) खुर्जी ; २. (विद्यार्थी का) बस्ता ।

ра́нить (अपू० और पू०) घायल करना ; р. в ру́ку हाथ घायल करना ।

ра́нн||ий (वि०) पहले का ; सवेरे ; प्रारम्भिक ; —ым у́тром बिल्कुल सवेरे/तड़के —ие о́вощи शुरू की सब्ज़ियाँ ; —ее де́тство शैशव का आरम्भ ।

ра́но (कर्तृ-निरपेक्ष) अभी समय नहीं आया ; (क्रि० वि०) शीघ्र ; पहले ; सवेरे ; ра́но у́тром बिल्कुल सवेरे/तड़के ; □ р. и́ли по́здно कभी न कभी ।

рант (पुं०) गोट ; сапоги́ на —у́ गोटदार बूट ।

рань (स्त्री०) प्रातःकाल ; बिल्कुल सवेरे ; शीघ्र ।

ра́ньше (क्रि० वि०) १. ра́но का तर-प्रत्ययान्त रूप ; २. अधिक जल्दी/शीघ्र ; как мо́жно р. शीघ्रातिशीघ्र/यथासम्भव शीघ्र ; ३. पहले ; р. нас

हम से पहले ; р. здесь помещáлась шкóла पहले यहाँ स्कूल था।

рапúра (स्त्री०) कटार।

рáпорт (पुं०) प्रतिवृत्त ; रिपोर्ट ; отдавáть р. प्रतिवृत्त देना ; रिपोर्ट देना।

рапортовáть (अपू० और पू०) (—тýю) प्रतिवृत्त देना ; रिपोर्ट देना।

раритéт (पुं०) अलभ्य वस्तु ; अनोखी वस्तु।

рас- दे० раз-.

рáса (स्त्री०) जाति।

раскáиваться (आत्म० अपू०), **раскáяться** (आत्म० पू०) पश्चात्ताप करना।

раскалúть(ся) दे० раскалять(ся).

раскáлывание (नपुं०) दरार ; (लम्बाई में) चिराई।

раскáлывать (अपू०), **расколóть** (पू०) फाड़ना ; तोड़ना ; चीरना ; (अखरोट आदि) फोड़ना।

раскалять (अपू०), **раскалúть** (पू०) तपाना ; तपाकर लाल करना ; р. метáлл धातु को तपाना ; **—ся** (आत्म०) १. तपकर लाल होना ; २. раскалять का कर्मवाच्य।

раскáпывать (अपू०), **раскопáть** (पू०) खोदना ; खोदकर निकालना ; खनन करना ; р. зéмлю ज़मीन खोदना ; р. úзвесть भूमि खोदकर चूना निकालना।

раскассúровать (पू०) (—рую) (किसी संस्था आदि को) तोड़ना ; भंग करना ; р. полк रेजिमेंट तोड़ना।

раскáт (पुं०) ध्वनि ; गरज ; р. грóма मेघध्वनि ; बादल की गरज।

раскатáть(ся) दे० раскáтывать(ся).

раскатúться (आत्म० पू०) १. दे० раскáтываться ; २. रफ़्तार पकड़ना।

раскáтывать (अपू०), **раскатáть** (पू०) १. (किसी लिपटी हुई चीज़ को) खोलना/बिछाना ; р. ковёр दरी बिछाना ; २. लुढ़काना ; ३. (बेलन आदि से) समतल करना ; р. зéмлю (बेलन फिराकर) भूमि समतल करना ; ४. (आटा आदि) गूँधना ; ५. कड़ी फटकार देना ; **—ся** (आत्म०) १. (किसी लिपटी हुई चीज का) खुल जाना ; बिछ जाना ; २. (आटे आदि का) गूँधा जाना ; ३. раскáтывать का कर्मवाच्य।

раскáчивать (अपू०), **раскачáть** (पू०) (झूला) झुलाना ; हिलाना ; झकझोरना ; **—ся** (आत्म०) १. (झूला) झूलना ; अपने आपको हिलाना/झकझोरना ; २. (किसी काम पर) जुट जाना।

раскáшляться (आत्म० पू०) खाँसी का दौरा आना।

раскáяние (नपुं०) पश्चात्ताप ; р. в чём-л. किसी बात के लिए पश्चात्ताप करना।

раскáяться दे० кáяться और раскáиваться.

раскв́áшивать (अपू०), **расквáсить** (पू०) (भवि० расквáшу, расквáсишь) (खून बहने तक अपने शरीर का कोई अंग, मुख्यतः मुँह) फोड़ लेना ; р. себé нос अपनी नाक फोड़ लेना।

расквитáться (आत्म० पू०) हिसाब चुकाना ; लेखा बराबर करना।

раскидáть दे० раскúдывать.

раскúдистый (वि०) (पेड़) शाखादार ; टहनीदार।

раскиднóй (वि०) जो समेट ली जा सके ; समेट ली जाने योग्य ; р. стол समेट ली जाने योग्य मेज़।

раскúдывать (अपू०), **раскидáть**, **раскúнуть** (पू०) १. (раскидáть पू० के साथ) बखेरना ; २. (раскúнуть पू० के साथ) फैलाना ; р. рýки हाथ फैलाना ; ३. (раскúнуть पू० के साथ) (खेमा, तम्बू) गाड़ना ; ☐ рискúнуть умóм (-पर) विचार करना।

раскúдываться (आत्म० अपू०), **раскúнуться** (आत्म० पू०) १. फैलना ; २. (सोफ़े आदि पर आराम करने के लिए) लेटना ; ३. раскúдывать का कर्मवाच्य।

раскисáть (अपू०), **раскúснуть** (पू०) १. खमीर हो जाना ; उफन जाना ; тéсто раскúсло आटा खमीर हो गया ; २. (गर्मी आदि से) थक जाना।

раскисле́ние (नपुं०) निःआक्सीकरण ।

раскисли́тель (पुं०) निःआक्सीकारक ।

раскисля́ть (अपू०) निःआक्सीकरण करना ।

раски́снуть दे० раскиса́ть.

раскла́дк||а (स्त्री०) संविभाजन ; де́лать —у संविभाजन करना ।

раскладно́й (वि०) जिसकी तह की जा सके ।

раскла́дывать (अपू०), **разложи́ть** (पू०) १. फैलाना ; २. संविभाजन करना ; बाँटना ; **—ся** (आत्म०) १. (पैकिट आदि) खोला जाना ; २. раскла́дывать का कर्मवाच्य ।

раскла́ниваться (आत्म० अपू०), **раскла́няться** (आत्म० पू०) नमस्कार करना ; (परस्पर) अभिवादन करना ।

раскле́ивать (अपू०), **раскле́ить** (पू०) १. (इश्तहार आदि) चिपकाना ; २. (चिपके हुए को) उतार देना ; **—ся** (आत्म०) १. (चिपके हुए का) उतर जाना ; २. टूटा-टूटा महसूस करना ; он совсе́м раскле́ился वह अपने आपको बिल्कुल टूटा-टूटा महसूस कर रहा है ।

расклёпывать (अपू०), **расклепа́ть** (पू०) रिवेट (दुनोकी कील) उखाड़ना ; ज़ंजीर तोड़ना ।

раско́вывать (अपू०), **раскова́ть** (पू०) (भवि० —кую́) १. घोड़े का नाल उखाड़ना ; २. (पाँवों की) बेड़ी खोलना ; ज़ंजीर तोड़ना ; **—ся** (आत्म०) (घोड़े की) नाल उखड़ जाना ; раско́вывать का कर्मवाच्य ।

расковыря́ть (पू०) १. छेद करना ; छेद बड़ा करना ; р. дыру́ в стене́ दीवार में छेद बड़ा कर देना ; २. फोड़े आदि का मुँह खोल देना ।

раско́л (पुं०) १. तोड़ने/फोड़ने की क्रिया ; २. फूट ; ३. (केवल एकवचन) सत्रहवीं शताब्दी का रूसी धर्म-आन्दोलन जिसके फलस्वरूप विभिन्न सम्प्रदाय बने ।

раскола́чивать (अपू०), **расколоти́ть** (पू०) (भवि० расколочу́, расколо́тишь) १. (प्रहारों से) तोड़ देना ; р. я́щик बक्सा तोड़ देना ; २. (तोड़कर) टुकड़े-टुकड़े कर देना ; р. таре́лку तश्तरी तोड़ देना ।

расколоти́ть (पू०) १. दे० расколо́чивать ; २. (शत्रु को) हराना ।

расколо́ть(ся) दे० раска́лывать(ся).

раскопа́ть दे० раска́пывать.

раско́пки (बहु०) (प्राचीन वस्तुएँ निकालने के लिए) खँडहरों की खुदाई ।

раскоря́к||а (उभ०) १. ходи́ть —ой शान से चलना/अकड़कर चलना ; २. निकम्मा आदमी ।

раско́с||ый (वि०) तिरछा ; —ые глаза́ तिरछी आँखें ।

раскоше́ливаться (आत्म० अपू०), **раскошели́ться** (आत्म० पू०) थैली का मुँह खोलना ; खूब खर्च करना ।

раскра́дывать (अपू०), **раскра́сть** (पू०) (भवि० раскраду́, раскрадёшь) (सब-कुछ) चुरा लेना ।

раскра́ивать (अपू०), **раскрои́ть** (पू०) (कपड़ों की) कटाई करना ।

раскра́сить दे० раскра́шивать.

раскра́ска (स्त्री०) १. रँग देने/रोग़न करने की क्रिया ; २. रँग ; रोग़न ।

раскрасне́ться (आत्म० पू०) मुँह लाल हो जाना ; लजाना ; शर्मा जाना ।

раскра́сть दे० раскра́дывать.

раскра́шивать (अपू०), **раскра́сить** (पू०) (भवि० раскра́шу, раскра́сишь) रँग करना ; रोग़न करना ।

раскрепоща́ть (अपू०), **раскрепости́ть** (पू०) (भवि० раскрепощу́, раскрепости́шь) (दास को) स्वतन्त्र करना ; (बन्दी को) आज़ाद करना ।

раскритикова́ть (पू०) (—ку́ю) कड़ी आलोचना करना ।

раскрича́ться (आत्म० पू०) १. चीखने/चिल्लाने लगना ; २. (किसी पर) गरजना ।

раскрои́ть दे० раскра́ивать.

раскроши́ть (पू०) (रोटी के) छोटे-छोटे टुकड़े करना ।

раскру́чивать (अपू०), **раскрути́ть** (पू०) (भवि० раскручу́, раскру́тишь) (गुँथे हुए को / बटे हुए को) खोलना ; उधेड़ना ; р. верёвку रस्सी उधेड़ना ।

раскрыва́ть (अपू०), **раскры́ть** (पू०) (भवि० раскро́ю, раскро́ешь) १. खोलना ; р. окно́ खिड़की खोलना ; р. зо́нтик छतरी खोलना ; २. नंगा करना ; असली रूप में दिखाना ; ३. भंडा फोड़ना ; उघाड़ना ; раскры́ть все обстоя́тельства де́ла मामले पर अच्छी तरह से रोशनी डालना ; **—ся** (आत्म०) १. खुलना ; २. नंगा होना ; ३. पता लगना ; ४. раскрыва́ть का कर्मवाच्य ।

раскры́тие (नपुं०) १. खोले जाने की क्रिया ; २. (अपराध आदि का) पता लग जाना ।

раскры́ть(ся) दे० раскрыва́ть(ся).

раскуда́хтаться (आत्म० पू०) (раскуда́хчусь, раскуда́хчешься) १. मुर्गी का कुड़कुड़ करने लगना ; २. किसी पर बड़बड़ाते रहना ।

раскула́чивать (अपू०), **раскула́чить** (पू०) कुलाकों की सम्पत्ति का राष्ट्रीयकरण करना ।

раскупа́ть (अपू०), **раскупи́ть** (पू०) (भवि० раскуплю́, раску́пишь) सब खरीद लेना ।

раску́поривать (अपू०), **раску́порить** (पू०) (बोतल की) डाट खोलना ; (बक्सा) खोलना ।

раску́ривать (अपू०), **раскури́ть** (पू०) १. (कश लगाकर) हुक्का आदि चलाना ; р. тру́бку (कश लगाकर) हुक्का चलाना ; २. हुक्का आदि पीना ; तम्बाकू पीना ; ३. कुछ समय तक तम्बाकू पीना ।

раскуси́ть (पू०) १. दे० раску́сывать ; २. किसी बात को अच्छी तरह समझ लेना ; मामले की तह तक पहुँचना ।

раску́сывать (अपू०), **раскуси́ть** (पू०) (भवि० раскушу́, раску́сишь) दाँतों से काटना ।

раску́тывать (अपू०), **раску́тать** (पू०) (लपेटे हुए को) खोल देना ।

ра́совый (वि०) जातीय ।

распа́д (पुं०) १. विघटन ; खंड-खंड होना ; २. जीर्ण-शीर्ण होना ।

распада́ться (आत्म० अपू०), **распа́сться** (आत्म पू०) (भवि० распаду́сь, распадёшься) विघटन होना ; टुकड़े-टुकड़े हो जाना ; अलग होना ।

распа́ивать (अपू०), **распая́ть** (पू०) टाँका उखाड़ना ; झाल उतारना ।

распакова́ть दे० распа́ковывать.

распако́в‖ка, —ывание (नपुं०) (पैकिट आदि) खोलने की क्रिया ।

распако́вывать (अपू०), **распакова́ть** (पू०) (भवि० —ку́ю) पैकिट खोलना ; बक्से खोलना ।

распаля́ть (अपू०), **распали́ть** (पू०) (तपाकर) लाल करना ; तपाना ; उत्तेजित करना ; р. гне́вом क्रोध दिलाना ; **—ся** (आत्म०) तपकर लाल हो जाना ; (क्रोध, प्रेम आदि) उत्तेजित होना ।

распа́ривать (अपू०), **распа́рить** (पू०) (सब्ज़ी आदि को) भाप देकर पकाना ।

распа́рывание (नपुं०) शल्य-क्रिया ; चीर-फाड़ करने की क्रिया ।

распа́рывать (अपू०), **распоро́ть** (पू०) चीरना ; फाड़ना ; उधेड़ना ; टाँके तोड़ना ।

распа́сться दे० распада́ться.

распаха́ть दे० распа́хивать-I.

распа́хивание (नपुं०) (भूमि की) जुताई ।

распа́хивать -I (अपू०), **распаха́ть** (पू०) (भवि० распашу́, распа́шешь) (भूमि) जोतना ; हल चलाना ।

распа́хивать -II (अपू०), **распахну́ть** (पू०) (चौपट) खोल देना ; р. окно́ खिड़की खोलना ; ве́тер распахну́л дверь हवा के मारे किवाड़ चौपट खुल गये ; **—ся** (आत्म०) १. (चौपट) खुल जाना ; २. распа́хивать-II का कर्मवाच्य ।

распа́шка (स्त्री०) (भूमि की) जुताई ।

распая́ть दे० распа́ивать.

распева́ть (अपू०) गाना ; **—ся** (आत्म० अपू०), **распе́ться** (आत्म० पू०) १. गाने का जोश आना ; он ещё не распе́лся उसे अभी गाने का जोश नहीं आया ; २. (कुछ समय तक) गाने का अभ्यास करना ; अच्छी तरह गाने लगना ; ३. распева́ть का कर्मवाच्य ।

распека́ть (अपू०), **распе́чь** (पू०) (भवि० распеку́, распечёшь) खूब झाड़ पिलाना ; झिड़की देना ।

распелена́ть (पू०) (वस्त्र में कसकर लपेटे हुए बच्चे को) खोलना ।

распетуши́ться दे० петуши́ться.

распе́ться दे० распева́ться.

распеча́тать(ся) दे० распеча́тывать(ся).

распеча́тывание (नपुं०) (मुहर) तोड़ना ; (पत्र आदि) खोलना ।

распеча́тывать (अपू०), **распеча́тать** (पू०) १. मुहर तोड़ना ; २. पत्र खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. मुहर का टूटना ; (पत्र का) खुलना ; २. распеча́тывать का कर्मवाच्य ।

распе́чь दे० распека́ть.

распива́ть (अपू०), **распи́ть** (पू०) (भवि० разопью́, разопьёшь) शराब की बोतल पी जाना ; распи́ть буты́лку вина́ शराब की बोतल पी जाना ।

распи́вочн||ый (वि०) पीने के लिए ; —ая прода́жа вина́ दुकान पर ही पीने के लिए शराब की बिक्री ।

распи́ливать (अपू०), **распили́ть** (पू०) चीर डालना ।

распи́л||ка, —о́вка (स्त्री०) चिराई ।

распина́ть (अपू०), **распя́ть** (पू०) (भवि० распяну́, распянёшь) सूली पर चढ़ाना ।

разпина́ться (आत्म० अपू०) १. किसीको प्रसन्न करने या किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कोई कसर न छोड़ना/कोई बात उठा न रखना ; २. распина́ться का कर्मवाच्य ।

расписа́ние (नपुं०) समय-सारणी ; टाइम-टेबल ; р. поездо́в रेल की समय-सारणी ; (अंग्रेज़ी—रेलवे टाइम-टेबल) ।

расписа́ть(ся) दे० распи́сывать(ся).

распи́ска (स्त्री०) १. भित्ति-चित्र ; दीवारों पर चित्रकारी ; २. रसीद ; р. в получе́нии पहुँच ।

расписно́й (वि०) चित्रों से सजा हुआ ।

распи́сывать (अपू०), **расписа́ть** (पू०) (भवि० распишу́, распи́шешь) १. चित्र खींचना ; २. दर्ज करना ; р. счета́ по кни́гам बिलों को रजिस्टर में दर्ज करना ; ३. वर्णन करना ; चित्रण करना ; он так расписа́л свой успе́х, что все удиви́лись उसने अपनी सफलता का ऐसा चित्रण किया कि सब चकित हो गये ; **—ся** (आत्म०) १. हस्ताक्षर करना ; прочти́те э́ту бума́гу и распиши́тесь इस काग़ज़ को पढ़िए और हस्ताक्षर कर दीजिए ; २. रसीद देना ; распиши́тесь в получе́нии жа́лования वेतन पाने की रसीद दे दीजिए ; ३. (अदालत में जाकर) विवाह दर्ज करवाना ; सिविल/पौर-विवाह करना ; ४. बहुत लिखना ; ५. распи́сывать का कर्मवाच्य ।

распи́ть दे० распива́ть.

распи́хивать (अपू०), **распиха́ть** (पू०) १. एक ओर को/इधर-उधर को धकेलना ; २. р. по карма́нам जेबों में ठूँसना ।

расплавля́ть (अपू०), **распла́вить** (पू०) (भवि० распла́влю, распла́вишь) (धातुओं को) पिघलाना ; ढालना ; **—ся** (आत्म०) १. पिघलना ; २. расплавля́ть का कर्मवाच्य ।

распла́каться (आत्म० पू०) (распла́чусь, распла́чешься) फूट-फूटकर रोना ।

распланиро́вать (अपू०) (—ру́ю) योजना बनाना ; р. своё вре́мя अपने समय का सुविभाजन करना ।

распла́стывать (अपू०), **распласта́ть** (पू०) फैलाना ; चपटा करना ; **—ся** (आत्म०) आराम से लेटना ; (बिना हिले-डुले) पीठ के बल लेटना ।

распла́т||а (स्त्री०) अदायगी ; भुगतान ; लेखा ;

час —ы (यमराज के पास) लेखे-जोखे का दिन / निर्णय का दिन ।

распла́‖чиваться (आत्म० अपू०), **расплати́ться** (आत्म० पू०) (भवि० расплачу́сь, распла́тишься—распло́тишься) १. भुगतान करना ; हिसाब चुकता करना ; —чиваться с долга́ми ऋण चुकाना ; २. सज़ा पाना ; दंड भुगतना ; —чиваться за оши́бку ग़लती के लिए सज़ा भुगतना ।

расплёскивать (अपू०), **расплеска́ть** (पू०) (भवि० расплещу́, распле́щешь) छिड़कना ; छलकाना ; **—ся** (आत्म०) १. छलकना ; २. расплёскивать का कर्मवाच्य ।

расплести́(сь) दे० расплета́ться.

расплета́ние (नपुं०) (गुँथे हुए/लपेटे हुए को) खोलना ।

расплета́ть (अपू०), **расплести́** (पू०) (भवि० расплету́, расплетёшь) (गुँथे हुए/लपेटे हुए को) खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. खुल जाना ; (बालों का) खुल जाना ; २. расплета́ть का कर्मवाच्य ।

расплоди́ть (पू०) (распложу́, расплоди́шь) प्रजनन करना ; नस्ल सुधारना ; **—ся** (आत्म०) प्रजनन होना ; नस्ल सुधरना ।

расплыва́‖ться (आत्म० अपू०), **расплы́ться** (आत्म० पू०) (भवि० расплыву́сь, расплывёшься) १. (स्याही आदि का) फैलना ; черни́ла —ются на э́той бума́ге इस काग़ज़ पर स्याही फैलती है ; २. स्थूलकाय होना ; मोटा होना ; ☐ расплы́ться в улы́бку मुस्करा उठना ।

расплы́вчат‖ость (स्त्री०) विसार ; फैलाव ; धुँधलापन ; **—ый** (वि०) विसारित ; फैला हुआ ; धुँधला ।

расплы́ться दे० расплыва́ться.

расплю́щивание (नपुं०) १. चपटा करने की क्रिया ; २. (अखरोट आदि) फोड़ने की क्रिया ।

расплю́щивать (अपू०), **расплю́щить** (पू०) १. चपटा करना ; पीटकर चपटा करना ; २. (अखरोट आदि) फोड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. चपटा होना ; २. расплю́щивать का कर्मवाच्य ।

распознава́ть (अपू०), **распозна́ть** (पू०) जान लेना ; पहचान लेना ; निदान करना ; распозна́ть боле́знь रोग का निदान करना ।

располага́‖ть -I (अपू०) १. (किसीके पास) होना ; р. вре́менем -पास समय होना ; р. ты́сячами рубле́й हज़ारों रूबल पास होना ; २. इच्छा होना ; इरादा रखना ; он —ет за́втра вы́ехать उसका कल जाने का इरादा है/उसकी कल जाने की इच्छा है ।

располага́ть -II (अपू०), **расположи́ть** (पू०) १. (क्रम से) रखना ; तैनात करना ; नियत करना ; р. в алфави́тном поря́дке अकारादि क्रम से रखना ; дом был располо́жен у реки́ घर नदी के पास (स्थित) था ; २. पक्ष में करना ; р. в свою́ по́льзу अपने पक्ष में करना ; ३. अनुकूल होना ; обстано́вка располага́ет к рабо́те वातावरण काम करने के अनुकूल है ; **—ся** (आत्म०) १. आराम से बैठना ; он расположи́лся на дива́не वह सोफ़े पर आराम से बैठ गया ; २. आरम्भ करना ; он расположи́лся писа́ть वह लिखने लग गया है ; ३. रहना ; बसना ; он реши́л здесь расположи́ться उसने यहाँ रहने का/बसने का निर्णय कर लिया है ; २. располага́ть-II का कर्मवाच्य ।

располза́ться (आत्म० अपू०), **расползти́сь** (आत्म० पू०) (भवि० расползу́сь, расползёшься) १. (कीड़ों का विभिन्न दिशाओं में) रेंगकर चलना ; тарака́ны бы́стро расползли́сь по угла́м खटमल जल्दी से कोनों में चले गये ; २. उधड़ जाना ; пальто́ расползло́сь कोट उधड़ गया है ; ३. नष्ट हो जाना ।

расположе́ние (नपुं०) १. तैनाती ; बिलेट किया जाना ; (क्वार्टरों में) रखा जाना ; स्थान दिया जाना ; р. войск по кварти́рам सेना का

क्वार्टरों में रखा जाना ; २. स्थिति ; р. са́да बग़ीची की स्थिति ; ३. कृपा ; अनुग्रह ; заслужи́ть чьё-л. р. किसीका कृपा-पात्र बनना ; ४. (कला आदि की ओर) रुचि ; रुझान ; ५. चित्तवृत्ति ; अभिरुचि ; р. ду́ха चित्तवृत्ति ।

располож́ить(ся) दे० располага́ть(ся).

распоро́ть(ся) दे० поро́ть(ся) और распа́рывать(ся).

распоряди́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) व्यवस्थापक ; प्रबन्धकर्ता ; मैनेजर ; समारोह-व्यवस्थापक ।

распоряди́тельн‖ость (स्त्री०) सुप्रबन्ध ; सुव्यवस्था ; отсу́тствие —ости दुर्व्यवस्था ; **—ый** (वि०) सुप्रबन्धक ; जिसमें अच्छा प्रबन्ध करने की क्षमता हो ; योग्य ; быть —ым सुप्रबन्धक होना ।

распоряди́ться दे० распоряжа́ться.

распоря́д‖ок (पुं०) क्रम ; व्यवस्था ; пра́вила вну́треннего —ка в учрежде́нии फ़ैक्टरी की भीतरी व्यवस्था के नियम ; р. дня नितचर्या ।

распоря‖жа́ться (आत्म० अपू०), **распоряди́ться** (आत्म० पू०) (भवि० распоряжу́сь, распоряди́шься) १. -का आदेश देना ; -करवाना ; —ди́ться сде́лать कराना/करने का आदेश देना ; —ди́ться пригото́вить ко́мнату कमरा तैयार कराना ; २. (केवल अपू०) हुक्म चलना ; (-का) प्रबन्ध होना ; कार्यभारी होना ; кто здесь —жа́ется यहाँ किसका हुक्म चलता है ? /यहाँ का कार्य-भार किस पर है ? ; он лю́бит р. वह हुक्म चलाना पसन्द करता है ; ३. प्रयोग में लाना ; он зна́ет как —ди́ться э́тими деньга́ми वह जानता है कि इस धन का कैसे प्रयोग करना है ।

распоряже́н‖ие (नपुं०) आदेश ; हुक्म ; निर्देश ; завеща́тельное р. वसीयतनामा ; быть в —ии кого́-л. किसीकी इच्छा के अधीन होना ।

распоя́сывать (अपू०), **распоя́сать** (पू०) (भवि० распоя́шу, распоя́шешь) कमरबन्द खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. अपना कमरबन्द खोलना ; २. असंयत होना ; बेलगाम होना ।

распра́в‖а (स्त्री०) १. (ऐतिहासिक) अदालत ; २. अदालत का फ़ैसला ; दंड और उसकी कार्यान्विति ३. दंड देने के लिए हिंसा का प्रयोग ; ☐ чини́ть суд и —у न्याय करना और दंड देना ।

расправля́ть (अपू०), **распра́вить** (पू०) (भवि० распра́влю ; распра́вишь) १. सीधा करना ; साफ़ करना ; р. скла́дки सलवटें हटाना ; २. फैलाना ; р. кры́лья पंख फैलाना ; **—ся** (आत्म०) १. (सलवटों का) साफ़ हो जाना ; २. —ся без суда́ क़ानून अपने हाथ में लेना ; ३. расправля́ть का कर्मवाच्य ।

распредел‖е́ние (नपुं०) वितरण ; बँटवारा ; (कर आदि का) निर्धारण ; **—и́тель** (पुं०) बाँटनेवाला ; वितरक ; **—и́тельный** (वि०) वितरण ; बाँटने का ; —и́тельный пу́нкт वितरण-केन्द्र ।

распределя́ть (अपू०), **распредели́ть** (पू०) (-में) बाँटना ; संविभाजन/नियतन करना ; (कर) निर्धारित करना ।

распродава́ть (अपू०), **распрода́ть** (पू०) (वर्त० распродаю́, распродаёшь ; भवि० распрода́м, распрода́шь) (एक-एक करके) सब बेच डालना ।

распрода́жа (स्त्री०) (केवल एकवचन) (बड़े पैमाने पर) रियायती बिक्री ।

распрода́ть दे० распродава́ть.

распростере́ть(ся) दे० распростира́ть-(ся).

распростёрт‖ый (कृदन्त और वि०) फैलाया हुआ ; с —ыми кры́льями पंख फैलाये ; ☐ (встреча́ть) с —ыми объя́тиями प्रेमपूर्वक मिलना / दिल खोलकर मिलना ।

распростира́ть (अपू०), **распростере́ть** (पू०) (भवि० распростру́, распрострёшь) फैलाना ; बढ़ाना ; р. ру́ки हाथ बढ़ाना/

फैलाना ; **—ся** (आत्म०) १. फैलना ; चौड़ा होना; २. распростирáть का कर्मवाच्य ।

распрости́ться (आत्म० पू०) (распрощу́сь, распрости́шься) अन्तिम विदाई लेना ; विदा होना ।

распростране́ние (नपुं०) फैलाने की क्रिया ; विस्तार; फैलाव ; р. слу́хов अफ़वाहें फैलाना ; име́ть, получа́ть большо́е р. बड़े पैमाने पर किया जाना/व्यापक रूप से किया जाना ।

таратóр||ить (अपू०) चबर-चबर करना ; हर वक्त बोलते रहना ; बकबक करना ; **—ка** (उभ०) चबर-चबर करनेवाला ; बातूनी ; हर वक्त बोलता रहनेवाला ।

тарахтé||ть (अपू०) (тарахчý, тарахти́шь)

खड़खड़ का शब्द करना ; गड़गड़ाहट का शब्द करना ; вдали —л обóз दूर से गाड़ियों की खड़खड़ाहट की आवाज़ आयी ।

тара́щить (अपू०), **вы—** (पू०) т. глаза́ (на) घूरकर देखना/आँखें फाड़-फाड़कर देखना ।

таре́лк||а (स्त्री०) १. तश्तरी ; रकाबी ; प्लेट ; २. (संगीत) झाँझ ; मजीरा ; □ быть не в своéй —е आपे से बाहर होना ।

тари́ровать (अपू० और पू०) (—-ри́рую) धड़ा करना ।

тари́ф (पुं०) शुल्क ; **—ный** (वि०) शुल्क-; शुल्क-सम्बन्धी ।

та́ртар (पुं०) पाताल (लोक) ।

тартарары́ (बहु०) провали́ться в т. पाताल में धँस जाना ।

тарти́нка (स्त्री०) (मक्खन लगा हुआ) रोटी का टुकड़ा ।

та́ры-ба́ры (बहु०) चबर-चबर ; गपशप ।

таска́ть (अपू०), **тащи́ть** (निश्चित दिशा को), **потащи́ть** (पू०) १. खींचना ; खींचकर ले जाना ; घसीटना ; куда́ он та́щит эти кни́ги ? वह यह पुस्तकें कहाँ ले जा रहा है ?; две ло́шади тащи́ли са́ни स्लेज को दो घोड़े खींच रहे थे ; т. кого́-л. за́ волосы (किसी-को) बालों से पकड़कर घसीटना ; २. (केवल अपू०) (कपड़े का) चलना ; ३. (केवल अपू०) चुराना ; **—ся** (आत्म०) १. घसीटा जाना ; घिसटना ; подо́л пла́тья тащи́лся по́ полу स्कर्ट फ़र्श पर घिसटती जा रही थी ; он е́ле тащи́тся वह कठिनाई से चल पाता है ; २. (केवल अनिश्चित) इधर-उधर घूमना ।

тасова́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त०—су́ю) ताश के पत्ते फेंटना ।

тасо́вка (स्त्री०) (ताश के पत्ते) फेंटने की क्रिया ।

ТАСС (Телегра́фное агенство Сове́тского Сою́за) (सोवियत-संघ की तार (समाचार) एजेन्सी) तास ।

тата́рин (पुं०), **—ка** (स्त्री०) तातारी ।

тата́рник (पुं०) गोखरू ।

тата́рский (वि०) तातारी ; т. язы́к तातारी भाषा ।

татуи́ровать (अपू०) (—рую) गोदना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने शरीर पर गोदना ; गुदवाना ; २. татуи́ровать का कर्मवाच्य ।

тафта́ (स्त्री०) ताफ़ता (कपड़ा) ।

тахта́ (स्त्री०) (गद्देदार) तख्तपोश ।

тача́нка (स्त्री०) пулемётная т. मशीनगन गाड़ी ।

тача́ть (अपू०), **с—** (पू०) टाँका लगाना ; सीना ।

та́чка (स्त्री०) एक पहिये का ठेला ।

тащи́ть(ся) दे० таска́ть(ся).

та́яние (नपुं०) द्रवण ; पिघलने की क्रिया ।

та́ять (अपू०), **рас—** (पू०) १. (बर्फ़ आदि का) पिघलना ; (कर्तृ-निरपेक्ष) та́ет बर्फ़ पिघल रही है/बर्फ़ पिघलने लगी है ; २. पिघल जाना ; क्षीण होना ; его́ си́лы та́ют उसकी शक्ति क्षीण होती जा रही है ; ३. (केवल अपू०) क्षीण होना ; (विरह आदि में) तड़पना/झूरना ।

тварь (स्त्री०) प्राणी ; जीव ।

тверде́ть (अपू०) सख्त होना ; कड़ा होना ।

тверди́ть (अपू०) (वर्त० твержу́, тверди́шь) रटना ; बार-बार कहना ; т. кому́-л. किसीसे (कोई बात) बार-बार कहना ; т. наизу́сть कंठस्थ करना ।

твёрдо (क्रि० वि०) दृढ़तापूर्वक ; दृढ़ता से ; вы́учить т. अच्छी तरह याद करना ; т. реши́ть दृढ़तापूर्वक निर्णय करना/संकल्प करना ।

твердова́тый (वि०) ईषत् कठोर ; सख्त-सा ; कुछ कड़ा ।

твердока́менный (वि०) अविचल ; स्थिर ।

твердоло́б||ые (बहु०) (वि० रू०) कट्टरपन्थी ; कट्टर लोग ; **—ый** (वि०) स्थूलबुद्धि ।

твёрд||ость (स्त्री०) कठोरता ; दृढ़ता ; कड़ापन ; т. ду́ха मनोबल ; मनःशक्ति ; **—ый** (वि०) कठोर ; कड़ा ; सख्त ; ठोस ; गम्भीर ; दृढ़ ; स्थिर ; अविचल ; —ое те́ло (भौ०) ठोस पदार्थ ; он оста́лся твёрд वह दृढ़/अविचल रहा ; —ое убежде́ние अचल/दृढ़ विश्वास ; —ые зна́ния गम्भीर ज्ञान ; —ые це́ны स्थिर भाव/एक दाम ; —ое зада́ние निश्चित काम ।

тверды́ня (स्त्री०) दुर्ग ; गढ़ ।

твоё (सर्व०) твой का नपुं०-रूप ।

твой (सर्व०) तेरा ; э́то т. каранда́ш यह तेरी पेंसिल है ; э́то твоё यह तेरा है ।

творе́ние (नपुं०) १. रचना (क्रिया) ; २. प्राणी ; जीव ; ३. (कला) कृति ; रचना ।

творе́ц (पुं०) रचयिता ; लेखक ।

твори́ло (नपुं०) चूना-गड्ढा ; चूना-भट्टा ।

твори́тельный (वि०) : т. паде́ж करण-कारक ।

твори́ть (अपू०), **со—** (पू०) **I** रचना करना ; निर्माण करना ; बनाना ; **II**. (आटा आदि) गूँधना ; **—ся** (आत्म०) १. घटित होना ; होना ; что здесь твори́тся ? यहाँ क्या हो रहा है ?; २. твори́ть का कर्मवाच्य ।

творо́||г (पुं०) पनीर ; **—жник** (पुं०) पनीर की टिकिया ; **—жный** (वि०) पनीर का ।

тво́рч||еский (वि०) रचनात्मक ; —ческая си́ла रचनात्मक शक्ति ; **—ество** (नपुं०) १. रचना-कार्य ; २. (कला) कृति ; रचना ।

твоя́ (सर्व०) твой का स्त्री०-रूप ।

те тот का बहु०-रूप ।

т.е. (то есть से संक्षिप्त) अर्थात् ; यानी ।

теа́тр (पुं०) रंगशाला ; थियेटर ।

театра́л (पुं०), **—ка** (स्त्री०) नाट्य-प्रेमी ; थियेटर-प्रेमी ।

театра́льн||ый (वि०) नाटक का ; रंगमंच-सम्बन्धी ; थियेटर का ; —ое иску́сство नाटक-कला ; —ый биле́т नाटक का टिकट ।

те́зис (पुं०) निबन्ध ; वाद ; खोज-निबन्ध ।

тёзка (उभ०) नामराशि ; हमनाम ; он мне т. वह मेरा नामराशि/हमनाम है ।

теи́зм (पुं०) आस्तिकता ; ईश्वरवादिता ।

теи́ст (पुं०) आस्तिक ; ईश्वरवादी ।

текст (पुं०) मूलपाठ ।

тексти́ль (पुं०) (समू०) कपड़ा ; **—ный** (वि०) कपड़े का ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) कपड़ामिल-मज़दूर ; कपड़े के कारखाने में काम करनेवाला ।

текстуа́льный (वि०) मूलपाठ-सम्बन्धी ।

теку́ч||есть (स्त्री०) १. (भौ०) तरलता ; २. उतार-चढ़ाव ; अस्थिरता ; **—ий** (वि०) १. तरल ; २. चढ़ाव-उतारवाला ; अस्थिर ।

теку́щ||ий (वि०) चालू ; वर्तमान ; в —ем году́ चालू वर्ष में ; т. моме́нт वर्तमान स्थिति ; т. ремо́нт मामूली मरम्मत ।

телеви́||дение (नपुं०) दूरवीक्षण ; टेलीविज़न ; **—зио́нный** (वि०) दूरवीक्षण- ; टेलीविज़न-सम्बन्धी ।

теле́га (स्त्री०) छकड़ा ; गाड़ी ।

телегра́мм||а (स्त्री०) तार ; вызыва́ть кого́-л. —ой किसीको तार देकर बुलाना ।

телегра́ф (पुं०) १. तारप्रेषण ; तार ; беспро́волочный т. बेतार-प्रणाली ; २. по —у तार द्वारा ; вызыва́ть кого́-л. по —у किसीको तार देकर बुलाना ; ३. तारघर ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—ру́ю) तार देना ; **—и́я** (स्त्री०) तार-प्रणाली ; **—ный** (वि०) तार का ; —ный столб तार का खम्भा ; —ный а́дрес तार का पता ।

теле́жка (स्त्री०) १. छोटा छकड़ा ; छोटी गाड़ी ; २. (हाथ से खींची जानेवाली) एक पहिये की गाड़ी ; ट्रक ।

телёнок (पुं०) बछड़ा ।

телепереда́ча (स्त्री०) टेलीविज़न-प्रसारण ।

телеско́п (पुं०) दूरबीन ; **—и́ческий** (वि०) दूरबीन का ।

теле́сн||ый (वि०) शारीरिक ; शरीर-सम्बन्धी ; —ое наказа́ние शारीरिक दंड ।

телефо́н (पुं०) टेलीफ़ोन ; говори́ть по —у टेलीफ़ोन पर बात करना ; позвони́ть кому́-л. по —у किसीको टेलीफ़ोन करना ।

телефо́н-автома́т (पुं०) सार्वजनिक टेलीफ़ोन ; टेलीफ़ोन करने का सार्वजनिक स्थान ।

телефони́ровать (अपू०) (—рую) टेलीफ़ोन करना ।

телефони́ст (पुं०), **—ка** (स्त्री०) टेलीफ़ोन-परिचालक ।

телефо́нный (वि०) टेलीफ़ोन का ; т. разгово́р टेलीफ़ोन की बातचीत ।

телефоногра́мма (स्त्री०) टेलीफ़ोन-सन्देश ; टेलीफ़ोन-तार ।

теле́ц (पुं०) १. बछड़ा ; २. (ज्योतिष) वृष-राशि ।

телеце́нтр (पुं०) दूरवीक्षण (टेलीविज़न)-केन्द्र ।

тели́ться (आत्म० अपू०), **о—** (आत्म० पू०) (गाय का) बियाना ; (हरिण आदि पशुओं का) बच्चा जनना ।

тёлка (स्त्री०) बछिया ।

теллу́р (पुं०) (रस०) टेल्युरियम ।

те́л||о (नपुं०) शरीर ; देह ; твёрдое т. (भौ०) ठोस पदार्थ ; жи́дкое т. (भौ०) तरल पदार्थ ; дрожа́ть всем —ом थरथर काँपना ; быть в —е स्थूल होना/मोटा होना ; спасть с —а दुबला होना/पतला होना ; нагуля́ть т. मोटा होना ; ☐ быть пре́данным душо́й и —ом तन-मन अर्पण करना ; держа́ть в чёрном —е पृष्ठभूमि में रहना ।

телогре́йка (स्त्री०) गरम वास्कट ।

телодвиже́ние (नपुं०) (शारीरिक) गति ; हरकत ।

телосложе́ние (नपुं०) डीलडौल ; शरीर का गठन ।

телохрани́тель (पुं०) अंगरक्षक ।

телу́шка (स्त्री०) बछिया ।

те́льный (वि०) शारीरिक ; शरीर का ; दैहिक ।

те́льце (नपुं०) १. те́ло का अल्प० ; २. कणिका ; जर्रा ।

теля́тина (स्त्री०) बछड़े का मांस ।

теля́чий (वि०) १. телёнок से वि० ; २. बछड़े के मांस का ।

тем -I दे० тот.

тем -II (सम्बन्धसूचक अ०) १. чем больше, т. лу́чше जितना अधिक, उतना अच्छा ; जितना गुड़ डालो उतना ही मीठा ; २. т. лу́чше और भी अच्छा ; ☐ т. не ме́нее तो भी ।

те́ма (स्त्री०) विषय ; प्रकरण ।

тема́тика (स्त्री०) (केवल एकवचन) विषय ; वस्तु ; मूल भाव ।

темати́ческий (वि०) विषय-सम्बन्धी ; वस्तु/मूलभाव-सम्बन्धी ।

теменн||о́й (वि०) पार्श्विका- ; शरीर के बाहरी भाग का ; —а́я кость पार्श्विका (हड्डी) ।

те́мень (स्त्री०) अँधेरा ।

те́ми दे० тот.

темля́к (पुं०) (सेना०) तलवार पर लगा हुआ हाथ में डालने का फुँदनेदार तस्मा ।

темне́||ть (अपू०), **по—, с—** (पू०) १. (потемне́ть पू० के साथ) अँधेरा हो जाना ; (रँगों का) गहरा हो जाना ; у него́ потемне́ло в глаза́х उसकी आँखों के आगे अँधेरा छा गया ; २. (стемне́ть पू० के साथ) (कर्तृ-निरपेक्ष) темне́ет अँधेरा हो रहा है ; ३. (केवल अपू०) = темне́ться.

темне́||ться (आत्म० अपू०) दिखायी पड़ना ; вдали́ что-то —ется दूर कुछ काला-काला दिखायी पड़ रहा है ।

темни́ца (स्त्री०) कालकोठरी ; अँधेरी कोठरी ।

темно́ (कर्तृ-निरपेक्ष) т. в глаза́х आँखों के आगे अँधेरा छा गया ; т., хоть глаз вы́коли हाथ को हाथ नहीं सूझता ।

темнова́тый (वि०) काला-सा ; कुछ काला ।

темноси́ний (वि०) गहरा नीला ।

темнот||а́ (स्त्री०) १. अँधेरा ; в —е́ अँधेरे में ; २. अज्ञान ; ३. अस्पष्टता ।

тёмн||ый (वि०) १. अन्धकारमय ; (रँग) गहरा ; काला ; —ая ночь अँधेरी रात ; २. अस्पष्ट ; धुँधला ; ३. उदास ; विषण्ण ; खिन्न ; ४. सन्दिग्ध ; सन्देहजनक ; —ое де́ло सन्देहजनक बात/मामला ; ५. अज्ञानी ; अज्ञ ; ☐ —ым, темно́ अँधेरा-घुप ।

темп (पुं०) वेग ; गति ; तेज़ी ।

те́мпера (स्त्री०) १. एक विशेष प्रकार का रँग ; २. ऐसे रँग में चित्रित चित्र ।

темпера́мент (पुं०) प्रकृति ; स्वभाव ; **—ный** (वि०) स्वाभाविक ; प्राकृतिक ; चिड़चिड़ा ; (शीघ्र ही) उत्तेजित होनेवाला ।

температу́р||а (स्त्री०) ताप ; तापांक ; तापमान ; т. кипе́ния क्वथनांक ; т. замерза́ния हिमांक ; у него́ повы́шенная т. उसे ज्वर है ; ме́рить —у तापांक लेना ; **—ный** (वि०) ताप का ; ताप-सम्बन्धी ; तापांक का ; तापमान का ।

темь (स्त्री०) अन्धकार ।

те́мя (स्त्री०) शीर्ष ; सिर का ऊपरी भाग ; चोटी ; शिखर ; т. горы́ पर्वत-शिखर ।

тена́кль (पुं०) (छपाई-सम्बन्धी) कापीहोल्डर ; कम्पोज़ करते समय पांडुलिपि सँभालकर रखने का स्टैंड ।

тенденцио́зн||ость (स्त्री०) उद्देश्यमूलकता ; पक्षपातिता ; पूर्वाग्रहयुक्त होने का भाव ; **—ый** (वि०) उद्देश्यमूलक ; पक्षपातपूर्ण ; पूर्वाग्रहयुक्त ।

тенде́нц||ия (स्त्री०) १. (उपन्यास आदि का) उद्देश्य ; основна́я т. मूल उद्देश्य ; рома́н с. —ей सोद्देश्य उपन्यास ; २. प्रवृत्ति ; проявля́ть —ию प्रवृत्ति दिखाना ।

те́ндер (पुं०) १. रेल के इंजन के साथ की कोयले-पानी की गाड़ी ; २. जहाज़ के साथ की छोटी नाव ।

тенево́й (वि०) छायादार ।

тенёта (बहुं०) (जंगली जानवरों को पकड़ने का) जाल ; फन्दा ; папа́сть в т. फन्दे में फँसना ।

тени́стый (वि०) छायादार ।

те́ннис (पुं०) टेनिस (खेल) ।

теннси́ст (पुं०), **—ка** (स्त्री०) टेनिस का खिलाड़ी ।

тен||ь (स्त्री०) १. छाया ; छाँह ; свет и т. प्रकाश और छाया ; сиде́ть в —и́ छाया में बैठना ; २. परछाईं ; ३. लेश ; अणु ; कण ; ни —и пра́вды सत्य का लेश भी नहीं ।

теого́ния (स्त्री०) देवताओं की वंशावली ।

теодоли́т (पुं०) उँचाई तथा कोण नापने का यन्त्र ।

теокра́тия (स्त्री०) धर्मतन्त्र ; धर्म को ही विधान माननेवाला राज्य ।

теоло́гия (स्त्री०) धर्मतन्त्र ।

теоре́ма (स्त्री०) (गणित) प्रमेय ।

теоре́тик (पुं०) सिद्धान्तवादी ।

теорети́ческ||и (क्रि० वि०) सिद्धान्त रूप से ; **—ий** (वि०) सैद्धान्तिक ।

теорети́чный (वि०) केवल सैद्धान्तिक ।

тео́рия (स्त्री०) सिद्धान्त ।

теосо́фия (स्त्री०) ब्रह्मविद्या ।

тепе́решн||ий (वि०) अब का ; वर्तमान- ; в —ее вре́мя वर्तमान समय में ; आजकल ।

тепе́рь (क्रि० वि०) अब ; वर्तमान समय में ; э́то на́до сде́лать т. же यह अभी किया जाना चाहिए ।

тёпленьк||ий (वि०) गुनगुना ; नीम गर्म ; थोड़ा गर्म ; □ —ое месте́чко = тёплое месте́чко दे० тёплый.

тепле́ть (अपू०), **по—** (पू०) गर्म होना ; नीम गर्म होना ।

те́пли||ться (आत्म० अपू०) चमकना ; प्रभा ; द्युति ; в нём ещё —тся наде́жда उसे अब भी आशा है ।

тепли́||ца (स्त्री०) काँचगृह (कोमल वनस्पतियों को गर्म रखने का काँच का मकान) ; **—чный** (वि०) कोमल वनस्पतियों को गर्म रखने के काँचगृह का ।

тепл||о́ -I. (नपुं०) उष्णता ; गर्माई ; गर्मी ; 16 гра́дусов —а́ सोलह दर्जे तापांक ; пе́чка не даёт никако́го —а́ अँगीठी में बिल्कुल आँच नहीं ; держа́ть в —е́ गर्म रखना ।

тепло́ -II. (क्रि० वि०) भावोष्णता से ; हार्दिकता से ; उत्साहपूर्वक ; जोश से ; одева́ться т. गर्म कपड़े पहनना ; т. встре́тить кого́-л. किसीका हार्दिक स्वागत करना ।

тепловáт||ость (स्त्री०) गुनगुनापन ; थोड़ी गरमाई ; **—ый** (वि०) गुनगुना ; नीम गरम ; थोड़ा गरम ।

тепловóз (पुं०) रेल का इंजन ।

тепловóй (वि०) उष्मीय ; ताप- ।

теплоёмкость (स्त्री०) उष्माधारिता ; удéльная т. विशिष्ट उष्मा ।

тепломéр (पुं०) उष्मामापी ; कलरीमापी ।

теплопровóдн||ость (स्त्री०) उष्मा-चालकता ; **—ый** (वि०) उष्मा-चालक ।

теплотá (स्त्री०) १. उष्णता ; भावोष्णता ; स्नेह ; हार्दिकता ; ज़ोश ; т. вóздуха वायु की उष्णता ; душéвная т. भावोष्णता ; अनुरागपूर्णता ; २. (भौ०) उष्मा ; скрытая т. गुप्त उष्मा ; удéльная т. विशिष्ट उष्मा ।

теплотвóрный (वि०) उष्मीय ।

теплохóд (पुं०) इंजन से चलनेवाला जहाज़ ।

теплоцентрáль (स्त्री०) केन्द्रीय तापन-संयन्त्र ।

теплýшка (स्त्री०) १. (जाड़ों में खेल के मैदान या काम करने की जगह पर) तापने का स्थान ; २. (तपाया हुआ) मालगाड़ी का डिब्बा ।

тёпл||ый (वि०) गर्म ; मित्रतापूर्ण ; हार्दिक ; अनुरागपूर्ण ; पुरजोश ; т. приём हार्दिक स्वागत —ые словá भावदीप्त शब्द/अनुरागपूर्ण शब्द ; □ —ое местéчко ऐसा पद जहाँ ऊपर की आमदनी हो ; —ая компáния एक ही थैली के चट्टे-बट्टे/चंडाल-चौकड़ी ।

теплы́нь (स्त्री०) गर्म मौसम ।

терапéвт (पुं०) ओषधिशास्त्रवेत्ता ; **—и́ческий** (वि०) ओषधिशास्त्र-सम्बन्धी ।

терапи́я (स्त्री०) ओषधि-विज्ञान ।

тéрбий (पुं०) (रस०) टर्बियम ।

тереби́ть (अपू०) (треблю́, тереби́шь) १. खींचना ; (बाल) नोंचना ; (उँगली से) छूना ; т. вóлосы बाल नोंचना ; २. तंग करना ।

тéрем (पुं०) अटारी ; अट्टालिका ।

терéть (अपू०) (वर्त० тру, трёшь) १. मलना ; т. глазá आँखें मलना ; २. पालिश करना ; चमकाना ; ३. (रगड़ से) घाव करना ; (घिसकर) नष्ट कर देना ; ४. कद्दूकस पर कसना ; कसना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनेआप को रगड़ना/मलना ; २. терéть का कर्मवाच्य ।

терзáние (नपुं०) यातना ; वेदना ; सन्ताप ।

терзáть (अपू०), **ис—** (पू०) १. विदीरण ; विदीर्ण करना ; चीरकर टुकड़े-टुकड़े कर देना ; волк —ет овцý भेड़िया बकरी को चीरे दे रहा है ; २. यातना देना ; पीड़ा देना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनेआप को यातना देना ; कष्ट सहना ; २. терзáть का कर्मवाच्य ।

тёрк||а (स्त्री०) कद्दूकस ; натерéть на —е कद्दूकस पर कसना ।

тéрмин (पुं०) अवधि ।

терминолóгия (स्त्री०) पारिभाषिक शब्दावली ; परिभाषा ।

терми́т (पुं०) **I**. (रस०) थेरमाइट ; **II.** दीमक ।

терми́ческ||ий (वि०) उष्मीय ; —ая обрабóтка उष्मीय उपचार/उष्मा-सेवन ।

термогрáф (पुं०) तापलेखी ।

термодинáмика (स्त्री०) उष्मागतिकी ।

термóметр (पुं०) तापमापी ; थर्मामीटर ।

термопáра (स्त्री०) तापीय युग्म ।

тéрмос (पुं०) थर्मस ।

термостáт (पुं०) तापस्थापी ।

термоэлектри́чество (नपुं०) तापविद्युत् ।

тёрн (पुं०) एक प्रकार का जंगली बेर ।

тéрнии (बहु०) काँटे ।

терни́стый (वि०) काँटेदार ; कँटीला ; т. путь काँटेदार रास्ता ।

тернóвник (पुं०) एक प्रकार का जंगली बेर ।

терпели́в||о (क्रि० वि०) धैर्यपूर्वक ; सब्र से ; **—ость** (स्त्री०) धैर्य ; सब्र ; सहनशीलता ; सन्तोष ; **—ый** (वि०) धीर ; सहनशील ; सहिष्णु ।

терпéни||е (नपुं०) १. धैर्य ; सहिष्णुता ; सब्र ; выводи́ть когó-л. из —я किसीका धीरज तोड़ना ; २. तत्परता ; लगन ।

терпенти́н (पुं॰) तारपीन ; **—ный, —овый** (वि॰) तारपीन का ; —овое ма́сло तारपीन का तेल ।

терпе́ть (अपू॰) (терплю́, те́рпишь) १. सहन करना ; बरदाश्त करना ; т. боль पीड़ा सहना ; т. пораже́ние हारना ; т. хо́лод सर्दी सहना ; он не мо́жет бо́льше терпе́ть тако́й бо́ли वह इस पीड़ा को अधिक नहीं सह सकता ; २. (अकर्मक) धैर्य रखना ; सन्तोष रखना ; ☐ вре́мя те́рпит बहुत समय है ; вре́мя не те́рпит समय बहुत कम है/समय निकल रहा है ; **—ся** (आत्म॰) (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ не те́рпится वह बहुत उतावला है ।

терпи́м||о (क्रि॰ वि॰) १. सहनशीलता से ; सब्र से ; २. ख़ासा ; **—ость** (स्त्री॰) सहनशीलता ; **—ый** (वि॰) १. सहनशील ; २. सहन करने योग्य ।

те́рпк||ий (वि॰) तेज़ ; —ое вино́ तेज़ शराब ।

терпу́г (पुं॰) सोहन ; मोटी रेती ।

террако́та (स्त्री॰) १. भूरे लाल रँग की मिट्टी जिससे बर्तन, मूर्त्तियाँ आदि बनायी जाती है ; २. (समू॰) इस मिट्टी से बने बर्तन, मूर्त्तियाँ आदि ।

терра́са (स्त्री॰) चबूतरा ।

территориа́льн||ый (वि॰) प्रादेशिक ; —ая а́рмия प्रादेशिक सेना ।

террито́рия (स्त्री॰) देश ; प्रदेश ; भू-भाग ।

терро́р (पुं॰) आतंक ; भय ; **—изи́ровать** (अपू॰ और पू॰) (—рую) आतंकित करना ; **—и́зм** (पुं॰) आतंकवाद ; **—исти́ческий** (वि॰) терро́р और террори́зм से वि॰ ; **—и́ст** (पुं॰), **—и́стка** (स्त्री॰) आतंकवादी ।

тёртый : १. тере́ть से कृदन्त ; २. (रँग आदि) पिसा हुआ ।

те́рция (स्त्री॰) १. (संगीत) मध्यम ; २. (गणित) तीसरा ; (छपाई-सम्बन्धी) १८ पौइंट ।

терье́р (पुं॰) एक प्रकार का कुत्ता ।

теря́ть (अपू॰), **по—** (पू॰) खोना ; (पत्ते, सींग आदि) गिर जाना ; झड़ जाना ; т. кого́-л. и́з виду किसीका ध्यान न रखना ; не т. и́з виду ध्यान में रखना / नज़र रखना ; т. в ве́се भार कम होना ; не т. му́жества हिम्मत न हारना ; т. вре́мя समय खोना/गँवाना ; т. си́лу शक्ति खोना ; दुर्बल होना ; **—ся** (आत्म॰) १. खो जाना ; अदृश्य हो जाना ; ग़ायब हो जाना ; २. आपे से बाहर होना ; ३. теря́ть का कर्मवाच्य ।

тёс (पुं॰) (समू॰) (लकड़ी के) पतले तख़्ते ; फट्टियाँ ।

теса́к (पुं॰) (सेना॰) खाँडा ; चौड़े फलवाली तलवार ।

теса́ть (अपू॰) (वर्त॰ тешу́, те́шешь) काटना ; ☐ ему́ хоть кол на голове́ теши́ चाहे उसका सिर काट दो ।

тесёмка (स्त्री॰) тесьма́ का अल्प॰ ।

тесо́мочный (वि॰) тесёмка से वि॰ ।

тесёмчат||ый (वि॰) : —ые глисты́ चिपटे आकार के केंचुए ।

теси́на (स्त्री॰) (लकड़ी का) पतला तख़्ता ; फट्टी ।

тесло́ (नपुं॰) (बढ़ई का) बसूला ; तेसा ।

тесни́на (स्त्री॰) दर्रा ; करिका ; पर्वत के बीच का संकुचित मार्ग ।

тесни́ть (अपू॰), **с—, по—** (पू॰) १. दबाना ; पीछे हटाना ; т. неприя́теля शत्रु पर दबाव डालना / पीछे हटाना ; २. (стесни́ть पू॰ के साथ) दबाना ; भींचना ; ३. (केवल अपू॰) दमन करना ; पीड़ा देना ; **—ся** (आत्म॰) १. भीड़ करना ; धक्का-मुक्की करना ; २. भींचकर/सटकर बैठना ।

те́сно -I (कर्तृ-निरपेक्ष) здесь т. यहाँ भीड़ है ; в ваго́не бы́ло о́чень т. रेलगाड़ी का डिब्बा खचाखच भरा था ; **II**. (क्रि॰ वि॰) सटकर ; कसकर ; भींचकर ; घनेपन से ; идти́ т. в ряд कन्धे से कन्धा मिलाकर चलना ; т. сиде́ть भिंचकर/सटकर बैठना ।

тесова́тый (वि॰) कुछ तंग ; कुछ कसा हुआ ; कुछ छोटा ।

теснота́ (स्त्री॰) संकीर्णता ; संकुचितता ।

те́сн||ый (वि॰) १. भिंचा हुआ ; (स्थान, गली, रास्ता आदि) संकीर्ण ; तंग ; (वस्त्र, बूट, जूता

ग्रादि) तंग ; छोटा ; २. कसकर बँधा हुग्रा ; घना ; समीप का ; идти́ —ым стро́ем कन्धे से कन्धा मिलाकर चलना ; —ая дру́жба घनिष्ठ मित्रता ; —ая связь निकट सम्बन्ध ।

тесо́вый (वि०) लकड़ी के तख्तों का ; फट्टियों का ।

те́сто (नपुं०) साना हुग्रा ग्राटा ; (पेस्ट्री ग्रादि के लिए तैयार किया हुग्रा) ग्राटा ; **—меси́лка** (स्त्री०) ग्राटा साननेवाला ; पेस्ट्री ग्रादि के लिए ग्राटा तैयार करनेवाला ।

тесть (पुं०) ससुर ।

тесьма́ (स्त्री०) तस्मा ; फ़ीता ।

те́танус (पुं०) दाढ़ का चिपक जाना ग्रौर न खुलना ।

тётенька (स्त्री०) चाची ।

те́терев (पुं०) कुक्कुट ; जंगली मुर्ग़ा ।

тетёрка (स्त्री०) भूरी मुर्ग़ी ।

тете́ря (स्त्री०) जंगली मुर्ग़ी ; ☐ глуха́я т. बहरा ।

тетива́ (स्त्री०) १. (धनुष की) प्रत्यंचा ; डोरी ; २. धरन (जिसमें सीढ़ी का डंडा लगाया जाता है) ।

тётка (स्त्री०) चाची ; मामी ; फूफी ; बुग्रा ; मौसी ।

тетра́дка, тетра́дь (स्त्री०) (लिखने की) कापी ; тетра́дь для рисова́ния ड्राइंग की कापी ।

тетра́эдр (पुं०) (गणित) चतुष्फलक ।

тётушка (स्त्री०) (प्यार का शब्द) चाची ।

тётя (स्त्री०) चाची ।

тех दे० тот.

тех- : техни́ческий से संक्षिप्त ।

те́хник (पुं०) प्राविधिक ; शिल्पी ; कारीगर ; मिस्त्री ।

те́хника (स्त्री०) प्रविधि ; टेकनीक ।

те́хникум (पुं०) प्राविधिक स्कूल ; टेकनीकल स्कूल ।

техни́ческий (वि०) प्राविधिक ; टेकनीकल ।

техно́лог (पुं०) प्रविधिज्ञ ; प्राविधिक ; कारीगर ।

техноло́гия (स्त्री०) प्राविधिकी ; टेकनोलोजी ।

тече́ние (नपुं०) १. प्रवाह ; धारा ; т. ре́чи वाक्प्रवाह/वाक्धारा ; в т. дня दिन में ; в т. всего́ дня सारा दिन ; в т. неде́ли सप्ताह के दौरान में/एक सप्ताह में ; с —м вре́мени समय में/यथासमय ; २. धारा ; प्रवाह ; бы́строе т. तेज़ धारा ; ३. प्रवृत्ति ।

те́чка (स्त्री०) (केवल एकवचन) पशुग्रों की ऋतुगत कामोत्तेजना/गर्म होना ।

теч‖ь -I (ग्रपू०) (वर्त० теку́, течёшь) १. बहना ; (लोगों का) ताँता बँधना ; (समय) बीतना ; река́ —ёт नदी बह रही है ; у него́ кровь —ёт и́з носу उसके नकसीर फूट रही है/उसकी नाक से ख़ून बह रहा है ; у него́ и́з носу —ёт उसकी नाक बह रही है ; с него́ —ёт пот उसके पसीना बह रहा है/वह पसीने से तरबतर है ; вре́мя —ёт бы́стро समय भागा जा रहा है ; २. चूना ; रिसना ।

течь -II (स्त्री०) : रिसना ; дать т. चूने लगना ; रिसने लगना ।

те́шить (ग्रपू०), **по—** (पू०) मन बहलाना ; प्रसन्न करना ; सन्तुष्ट करना ; т. взор नज़रों को भरमाना/बहलाना ; **—ся** (ग्रात्म०) १. ग्रपना मन बहलाना ; २. (над) खिल्ली उड़ाना ।

тёшка (स्त्री०) सुखायी हुई नमकीन मछली ।

тёща (स्त्री०) सास ।

тиа́ра (स्त्री०) मुकुट ।

тибе́тский (वि०) तिब्बत का ।

ти́гель (पुं०) (भौ०) (धातु गलाने की) घड़िया ।

тигр (पुं०) चीता ; **—ёнок** (पुं०) चीते का बच्चा ; **—и́ца** (स्त्री०) चीते की मादा ; **—о́вый** (वि०) चीते का ; —о́вая шку́ра चीते की खाल ।

тик (पुं०) **I.** मुख की पेशियों की सिकुड़न ; **II.** गद्दा बनाने का मोटा कपड़ा ; **III.** सागौन का पेड़ ; सागौन की लकड़ी ।

ти́канье (नपुं०) टिक्-टिक् का शब्द ।

ти́кать (ग्रपू०) टिक्-टिक् का शब्द करना ।

ти́ковый (वि०) тик, २, ३ से वि० ।

тимиа́н (पुं०) एक प्रकार का सुगन्धित पत्तियों का पौधा ।

тимпа́н (पुं०) १. (संगीत) ढोलक ; २. कान का पर्दा ; ३. द्वार का छज्जा जिस पर सजावट के लिए चित्रकारी की जाती है ।

тимья́н = **тимиа́н.**

ти́н||а (स्त्री०) (केवल एकवचन) पंक ; लिसलिसी मिट्टी ; कीचड़ ; करैली मिट्टी ; **—истый** (वि०) पंकिल ; कीचड़दार ।

тинкту́ра (स्त्री०) : т. ио́да टिंकचर आयोडिन ।

тип (पुं०) प्रकार ; नमूना ; **—и́ческий, —и́чный** (वि०) प्रारूपगत ; विशिष्ट ; अनन्य-सामान्य ; नमूने का ।

типово́й (वि०) प्रारूप- ; मानक ; प्रतिमानात्मक ; नमूने का ; आदर्श ; т. догово́р आदर्श समझौता ।

типо́граф (पुं०) १. मुद्रक ; छापनेवाला ; २. छापने की मशीन ।

типогра́ф||ия (स्त्री०) मुद्रणालय ; छापाख़ाना ; **—ский** (वि०) छापने का ; —ское иску́сство मुद्रण-कला ।

типу́н (पुं०) पक्षियों का एक रोग ; ☐ т. тебе́ на язы́к ! आग लगे तुम्हारी ज़बान को !

тир (पुं०) चाँदमारी ; निशानेबाज़ी का अभ्यास करने की जगह ।

тира́да (स्त्री०) लम्बा लैक्चर ; लम्बी कड़ी फटकार ।

тира́ж (पुं०) १. (लाटरी का) निकाला जाना ; २. (पत्र-पत्रिका का) प्रचारण ; बिक्री की संख्या ; (पुस्तक का) संस्करण ।

тира́н (पुं०) निरंकुश शासक ; स्वेच्छाचारी ; **—ить** (अपू०) निरंकुश शासन करना ; स्वेच्छाचारिता से काम लेना ; यातना देना ; **—и́ческий** (वि०) क्रूर ; अत्याचारी ; **—и́я** (स्त्री०) अत्याचार ; क्रूरता ; ज़ुल्म ; **—ство** (नपुं०) क्रूरता ; अत्याचार ; **—ствовать** (अपू०) (—ствую) -पर अत्याचार करना ; क्रूरता से काम लेना ; ज़ुल्म करना ।

тире́ (नपुं०) डैश का चिह्न (—) ।

тис (पुं०) एक सदाबहार वृक्ष ।

ти́скальщик (पुं०) छापे की मशीन पर काम करनेवाला ।

ти́скать (अपू०), **ти́снуть** (पू०) (केवल अपू०) १. दबाना ; भींचना ; २. (छपाई-सम्बन्धी) छापना ; प्रूफ़ या कापी निकालना ।

тиски́ (बहु०) शिकंजा ; зажа́ть в т. शिकंजे में कसना ।

тисне́ние (नपुं०) १. भींचने की क्रिया ; २. छापा ।

ти́снуть दे० ти́скать-२.

тита́н (पुं०) **I.** दानव ; दैत्य ; **II.** (रस०) टिटैनियम ; **III.** बायलर ; बाष्पित्र ; **—и́ческий** (वि०) दानवीय ; दैत्योचित ; **—овый** (वि०) (रस०) टिटैनियम का ।

ти́тло (नपुं०) १. शीर्षक ; २. उपाधि ।

титр (पुं०) १. (रस०) टाइटर ; २. (फ़िल्म का) शीर्षक/नाम ।

ти́тул (पुं०) १. उपाधि ; पदवी ; ख़िताब ; २. अधिकार ; **—ова́ть** (अपू० और पू०) (—лу́ю) उपाधि देना ; पदवी देना ; ख़िताब देना ।

ти́тульный (वि०) : т. лист (पुस्तक का) मुखपृष्ठ ।

титуля́рный (वि०) पदवीधारी ; т. сове́тник पदवीधारी सलाहकार (ज़ार-राज्य में एक पदवी) ।

тиф (पुं०) टाइफ़स (एक संक्रामक ज्वर) ; брюшно́й т. मियादी बुख़ार ।

тифо́зн||ый (वि०) : —ая лихора́дка मियादी बुख़ार ।

ти́х||ий (वि०) १. शान्त ; निश्चल ; धीमा ; निःशब्द ; —ая ночь शान्त रात्रि ; т. стон धीमी कराह ; говори́ть —им го́лосом धीमे बोलना ; २. शान्तिपूर्ण ; —ая жизнь शान्तिपूर्ण जीवन ; Ти́хий океа́н प्रशान्त सागर ।

ти́хо (क्रि० वि०) १. चुपके से ; धीरे ; धीमे स्वर में ; т. говори́ть धीरे बोलना ; २. शान्तिपूर्वक ; चुपचाप ; жить т. शान्तिपूर्वक रहना ।

тихомо́лком (क्रि० वि०) चुपचाप ।

тихо́ня (क्रि० वि०) धीरे से ; धीमे स्वर में ।

тихóня (उभ०) शान्त ; गम्भीर ।

тихоокеáнский (वि०) प्रशान्त सागर का ।

тихохóд (पुं०) अमरीका देश का एक चौपाया जो धीरे-धीरे चलता है ।

тихохóдный (वि०) धीरे-धीरे चलनेवाला ; मन्दगति ।

тихóхонько (क्रि० वि०) बहुत धीरे-धीरे ।

ти́ше १. ти́хо का तर-प्रत्ययान्त रूप ; २. चुप ! खामोश ! ; खबरदार !

тишин||á (स्त्री०) चुप्पी ; मौन ; खामोशी ; शान्ति ; соблюдáть —ý शान्त रहिए ; нарушáть —ý शान्ति भंग करना ।

тишь = тишинá.

ткáный (वि०) बुना हुआ ।

ткань (स्त्री०) १. कपड़ा ; २. (जीव-विज्ञान) ऊतक ; मांस-तन्तु ; ३. (केवल एकवचन) तत्त्व ; सार ।

тканьё (नपुं०) १. बुनाई ; २. कपड़ा ।

ткать (अपू०), **со—** (पू०) (тку, ткёшь) बुनना ; т. паути́ну जाला बुनना ।

ткáцк||ий (वि०) बुनने का ; बुनाई का ; т. станóк करघा ; —ое дéло बुनाई का काम ।

ткацкопряди́льный (वि०) कपड़ा- ; वस्त्र-निर्माण का ।

ткач (पुं०) बुनकर ; जुलाहा ; **—и́ха** (स्त्री०) बुननेवाली ; जुलाहिन ।

ткнýть दे० ты́кать-I ; **—ся** दे० ты́каться.

тлéн||ие (नपुं०) १. विघटन ; सड़ाँध ; २. (कोयलों का) सुलगना ; **—ность** (स्त्री०) क्षयशीलता ; नश्वरता ; **—ный** (वि०) भंगुर ; नश्वर ।

тлетвóрный (वि०) १. हानिकर ; हानि करनेवाला ; अपकारक ; २. उग्र गन्ध का ; सड़ा हुआ ।

тлеть (अपू०) १. सड़ना ; दुर्गन्धयुक्त होना ; क्षय होना ; २. सुलगना ; **—ся** (आत्म० अपू०) सुलगना ।

тля (स्त्री०) पौधों का चीचड़ ।

тмин (पुं०) (वन०) १. अजमोद ; २. अजवायन ।

тми́нный (वि०) अजमोद का ।

то -I दे० тот ; то, что वह जो ; он узнáл то, что емý нáдо वह जो चाहता था, जान गया ; ☐ то есть अर्थात् ; не тó वरना / नहीं तो ; приезжáй вó-время, (а) не тó уéду без тебя́ समय पर आना वरना मैं तेरे बिना ही चला जाऊँगा ।

то -II (सम्बन्धसूचक अ०) १. तो ; éсли вы не пойдёте, то я пойдý यदि आप नहीं जायेंगे तो मैं चला जाऊँगा ; २. то...то कभी... कभी ; то тут, то там कभी यहाँ, कभी वहाँ ; не то... не то या... या ; не то по неóпытности, не то по небрéжности अनुभवहीनता के कारण या लापरवाही से ; не то снег, не то дождь मिली-जुली बर्फ़ और वर्षा ; आधी बर्फ़, आधी वर्षा ; то ли... то ли या... या ।

-то : तो ; в том-то и дéло यही तो बात है ; э́того-то я и хотéл यही तो मैं चाहता था ।

тó-бишь = тó есть (दे० то-I.)

тобóю दे० ты.

товáр (पुं०) पण्य ; माल ; хóдкий т. बिकाऊ माल / पण्य ।

товáрищ (पुं०) १. साथी ; मित्र ; т. по рабóте काम का साथी ; шкóльный т. पाठशाला का साथी ; т. дéтства बचपन का साथी ; т. по клáссу सहपाठी ; २. सहायक ; उप- ; товáрищ-мини́стра उपमन्त्री ।

товáрище||ский (वि०) मित्रतापूर्ण ; मित्रता का ; т. обéд प्रीति-भोजन ; с —ским привéтом ! (पत्र के अन्त में) मित्रतापूर्ण शुभकामनाएँ ! ; **—ство** (नपुं०) १. साथी होने का भाव ; मित्रता ; २. समाज ; कम्पनी ; —ство по совмéстной обрабóтке земли́ कृषि-समाज ; —ство на пая́х संयुक्त पूँजी-कम्पनी ।

товáрка (स्त्री०) товáрищ का स्त्री०-रूप ; सखी ; सहेली ।

товáрн||ость (स्त्री०) पण्य/माल के उत्पादन और समग्र उत्पादन में अनुपात ; **—ый** (वि०) माल का ; —ый знак व्यापार-चिह्न / ट्रेड मार्क ;

—ый скла́д मालगोदाम ; —ый по́езд मालगाड़ी ।

товарове́д (पुं०) १. पण्यविद् ; पण्य-विशेषज्ञ ; माल का जानकार ; २. माल-मैनेजर ।

товаро||обме́н (पुं०) वस्तु-विनिमय ; माल की अदला-बदली ; **—оборо́т** (पुं०) वस्तु-चक्रण ; **—отправи́тель** (पुं०) प्रेषक ; माल भेजनेवाला ; **—получа́тель** (पुं०) आप्रेषी/प्रेषिती ; जिसको माल भेजा जाये ; **—производи́тель** (पुं०) माल का उत्पादक ।

то́га (स्त्री०) चोग़ा ; लबादा ।

тогда́ (क्रि० वि०) १. तब ; उस समय ; т. же तभी/उसी समय ; २. (अ०) т. как अत:/अतएव ।

тогда́шний (वि०) उस समय का ; तत्कालीन ।

того́ दे० тот.

тожде́ственн||ость (स्त्री०) तादात्म्य ; तद्रूपता ; अनन्यता ; **—ый** (वि०) तदात्म ; तद्रूप ; समान ; वही ।

то́ждество (नपुं०) तादात्म्य ; तद्रूपता ; अनन्यता ।

то́же (क्रि० वि०) भी ; он т. пойдёт वह भी जायेगा ; он т. не зна́ет वह भी नहीं जानता ; у меня́ т. нет मेरे पास भी नहीं ।

тоже́ственный = тожде́ственный.

то́жество = то́ждество.

ток (पुं०) **I.** (पानी की) धारा ; (हवा का) झोंका ; **II.** मेमों की एक प्रकार की टोपी ; **III.** (नर और मादा पक्षियों के) मिलने का स्थान ; **IV.** खलिहान ; अनाज कूटने का स्थान ।

тока́й, —ское вино́ तोके/नाम की शराब ।

тока́рн||ый (वि०) खराद का ; —ая мастерска́я खराद का कारखाना ; т. стано́к खराद ।

тока́рня (स्त्री०) खराद-कारखाना ।

то́карь (पुं०) खरादिया ; खराद पर काम करनेवाला ।

токова́||ние (नपुं०) (पक्षियों की) हेला-ध्वनि ; **—ть** (अपू०) (—ку́ю) (पक्षियों का) हेला-ध्वनि करना ।

токсиколо́гия (स्त्री०) विष-विद्या ।

токси́н (पुं०) एक प्रकार का विष ; टाक्सीन ।

токси́ческий (वि०) विष का ; विषैला ।

то́левый (वि०) (निर्माण०) काग़ज़ की दफ़्ती का ।

толк (पुं०) १. अर्थ ; उपभोग ; लाभ ; с —ом बुद्धिमत्ता से ; бе́з —у निरर्थक/फ़िज़ूल ; говори́ть бе́з —у बकवास करना ; сбить с —у घबरा देना ; २. रुझान ; प्रवृत्ति ; ३. (बहु०) अफ़वाह ; किम्वदन्ती ; иду́т —и о том, что अफ़वाह है कि . . . /कहा जाता है कि . . . □ взять в т. समझना ।

толка́ть (अपू०), **толкну́ть** (पू०) १. धक्का देना ; धकेलना ; т. ло́ктем (ध्यान आकर्षित करने के लिए) कोहनी से धक्का देना ; २. आगे को करना; उकसाना ; भड़काना ; **—ся** (आत्म०) १. धक्का-मुक्की करना ; एक-दूसरे को धक्का देना ; २. (किसीके) किवाड़ खटखटाना ; ३. (केवल अपू०) बेकार घूमना ; टहलना ।

толка́ч (पुं०) १. मूसल ; लोढ़ा ; २. (रेल का डिब्बा आदि) धकेलनेवाला ; ३. (व्यक्ति) उद्यमी ; ४. चलता-पुर्ज़ा ; धूर्त ।

толкну́ть(ся) दे० толка́ть(ся).

толкова́||ние (नपुं०) व्याख्या ; टीका ; **—тель** (पुं०) व्याख्याता ; व्याख्याकार ; टीकाकार ।

толкова́ть (अपू०) (—ку́ю) १. व्याख्या करना ; भाष्य करना ; टीका करना ; т. зако́н क़ानून की व्याख्या करना ; २. स्पष्टीकरण करना ; समझाना ; ско́лько ему́ не толку́й, он ничего́ не понима́ет उसको कितना ही समझाओ परन्तु उसकी समझ में कुछ नहीं आता ; ३. बातचीत करना ; что тут мно́го т. इसके विषय में बातचीत करना व्यर्थ है ; толку́ют, бу́дто... कहा जाता है कि... ; कहते हैं कि... ।

толко́вый (वि०) १. सुबोध ; सुगम ; स्पष्ट ; २. (व्यक्ति) समझदार ; बुद्धिमान ; ३. व्याख्यात्मक ; т. слова́рь व्याख्यात्मक शब्दकोश ।

то́лком (क्रि० वि०) १. स्पष्ट रूप से ; साफ़-साफ़ ; २. गम्भीरतापूर्वक ; सच्चे मन से ।

толкотня́ (स्त्री०) भीड़-भड़क्का ।

толкýчий (वि०) : т. ры́нок कबाड़ी-बाज़ार ।

толкýчка : १. = **толкотня́ = толкýчий ры́нок** दे० толкýчий.

толма́ч (पुं०) व्याख्याता ; टीकाकार ।

толокно́ (नपुं०) जई का आटा ।

толоко́нный (वि०) जई के आटे का ; ☐ т. лоб मूर्ख ।

толо́чь (अपू०), **рас—** (पू०) (वर्त० толкý, толчёшь) दलना ; पीसना ; चूर्ण करना ; बुकनी करना ; **—ся** (आत्म०) १. टहलना ; इधर-उधर घूमना ; २. толо́чь का कर्मवाच्य ।

толп||а́ (स्त्री०) भीड़ ; **—и́ться** (आत्म० अपू०) (толплю́сь, толпи́шься) भीड़ करना ; भीड़ में एकत्रित होना ; **—о́й** (क्रि० वि०) भीड़ से ; जमघट से ।

то́лстенький (वि०) मोटा ; स्थूलकाय ।

толсте́ть (अपू०), **по—** (पू०) मोटा होना ।

толсти́ть (अपू०) मोटा करना ।

толстова́тый (वि०) मोटा-सा ; स्थूल-सा ;

толсто́вец (पुं०) ताल्स्ताय का अनुयायी ।

толсто́вка (स्त्री०) **I.** толсто́вец का स्त्री०-रूप ; ताल्स्ताय की अनुयायिनी ; **II.** तोलस्तोवका (एक प्रकार की पुरुषों की कमीज़) ।

толсто́вство (नपुं०) ताल्स्तायवाद ।

толстогýбый (वि०) मोटे ओठोंवाला ।

толстоко́жий (वि०) (जन्तु) मोटी खालवाला ; (फल आदि) मोटे छिलकेवाला ।

толстосýм (पुं०) (धन रखने की) थैली ।

толстýха (स्त्री०) मोटी या गोलमटोल स्त्री/लड़की ।

толстýшка (स्त्री०) मोटी/गोलमटोल स्त्री या लड़की ।

то́лст||ый (वि०) मोटा ; स्थूल ; गोलमटोल ; —ые щёки फूले हुए गाल ; —ая па́лка मोटी छड़ी ; —ое сукно́ मोटा कपड़ा ; ☐ т. журна́л साहित्यिक मासिक ।

толстя́к (पुं०) मोटा/गोलमटोल आदमी या लड़का ; मोटू ।

толче́ние (नपुं०) दलने/बुकनी करने की क्रिया ; चूर्ण करने की क्रिया ।

толчея́ (स्त्री०) भीड़-भड़क्का ।

толчо́к (पुं०) १. धक्का ; झटका ; २. उत्तेजना ; प्रेरणा ; बढ़ावा ; дава́ть т. чемý-л. किसी काम को चलाना/आरम्भ करना ।

то́лща (स्त्री०) मुटापा ; मुटाई ।

то́лще : то́лстый का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

толщина́ (स्त्री०) मुटापा ; मुटाई ।

толь (पुं०) (छत पर लगाने का) काग़ज़ या दफ़्ती ; (दीवारों पर चिपकाने का) काग़ज़ ।

то́лько (क्रि० वि०) १. केवल ; एकमात्र ; он т. хоте́л узна́ть वह केवल जानना चाहता था ; т. потомý, что केवल इसलिए कि.... ; २. परन्तु ; он согла́сен, т. име́йте в видý, что वह सहमत है परन्तु ध्यान रखिए कि... ; ☐ т. что अभी ; अभी-अभी ; то́лько ? बस ? ; лишь т., как т. जैसे ही/ज्योंही ; лишь т. он вошёл ज्योंही वह अन्दर आया ; каки́х т. книг он не чита́л ! उसने कौन-सी पुस्तक नहीं पढ़ी ! ; подýмайте т. तनिक सोचिए तो !

том (पुं०) (पुस्तक की) जिल्द ; भाग ।

тома́т (पुं०) टमाटर ; **—ный** (वि०) टमाटर का ।

то́мик (पुं०) पुस्तिका ; छोटी पुस्तक ।

томи́тельн||ость (स्त्री०) वेदना ; दुःख ; सन्ताप ; **—ый** (वि०) क्लान्तिजनक ; थकानेवाला ; अत्यन्त क्लेशकर ; दुःखद ; —ая жара́ सख़्त गर्मी ।

томи́ть (अपू०) (томлю́, томи́шь) १. थकाना ; तंग करना ; दुःख या पीड़ा देना ; सताना ; यातना देना ; т. кого́-л. в тюрьме́ किसीको जेल में यातना देना ; т. кого́-л. го́лодом и жа́ждой किसीको भूख-प्यास से सताना ; т. кого́-л. расспро́сами प्रश्न पर प्रश्न करके किसीको तंग करना ; २. सिमेंट से पक्का करना या जोड़ देना ;

३. (माँस आदि को) मन्दी/धीमी-धीमी आँच पर पकाना ; **—ся** (आत्म०) १. तड़पना ; तरसना ; —ся ожида́ния प्रतीक्षा में तड़पना ; —ся жа́ждой प्यास से तड़पना ; —ся тоско́й विरहाग्नि में जलना ; २. томи́ть का कर्मवाच्य ।

томле́ние (नपुं०) १. तड़प ; तरस ; २. (सिमेंट से) पक्का करने या जोड़ने की क्रिया ।

томлён||ый (वि०) १. मन्दी/धीमी-धीमी आँच पर पका हुआ (मांस आदि) ; २. —ая сталь सिमेंट लगा इस्पात ।

то́мность (स्त्री०) तड़प ; झूरने का भाव ।

тому́ दे० тот.

тон (पुं०) लहजा ; लय ।

тона́льность (स्त्री०) (संगीत) तालिका ।

то́ненький (वि०) बहुत पतला ; महीन ; बारीक ; т. го́лос महीन आवाज़ ।

тонзу́ра (स्त्री०) मुंडन ।

то́ника (स्त्री०) मूल स्वर ।

тонина́ (स्त्री०) क्षीणता ; पतलापन ।

тони́ческий (वि०) पौष्टिक/बलवर्धक (ओषधि) ।

то́нк||ий (वि०) १. पतला ; बारीक ; महीन ; т. слой पतली तह ; т. лист бума́ги पतला काग़ज़ ; —ая пыль महीन धूल ; т. шёлк महीन रेशम ; —ие ни́тки बारीक धागे ; —ие па́льцы पतली उँगलियाँ ; т. го́лос महीन आवाज़ ; २. स्वादिष्ट ; कोमल ; नाज़ुक ; т. ужи́н स्वादिष्ट (रात्रि का) खाना ; —ая рабо́та नाज़ुक काम ; ३. पैना ; तेज़ ; т. слух तेज़ कान ; ४. सूक्ष्म ; т. намёк सूक्ष्म संकेत ; т. вопро́с सूक्ष्म प्रश्न ; —ое разли́чие सूक्ष्म अन्तर/भेद ; т. знато́к सूक्ष्म चिह्न ; т. кри́тик सूक्ष्मदर्शी समीक्षक/विवेकी आलोचक ; т. худо́жник सूक्ष्मदर्शी कलाकार ; т. ум सूक्ष्मबुद्धि ; ५. चतुर ; धूर्त ; т. поли́тик चतुर राजनीतिज्ञ ।

то́нко (क्रि० वि०) १. т. очи́ненный каранда́ш बारीक बनायी हुई पेंसिल ; т. наре́занные ло́мтики хле́ба डबलरोटी के पतले काटे हुए टुकड़े (पतले स्लाइस) ; २. सूक्ष्मता से ; बारीकी से ।

тонко||зерни́стый (वि०) बारीक दानेदार ; **—ко́жий** (वि०) पतली खालवाला ।

то́нкос||ть (स्त्री०) १. पतलापन ; बारीकी ; महीन होने का भाव ; सूक्ष्मता ; т. ума́ बुद्धि की सूक्ष्मता ; २. सूक्ष्म ब्योरा ; вдава́ться в —ти बाल की खाल निकालना ।

то́нна (स्त्री०) (तोल) टन ।

тонна́ж (पुं०) टन-भार ; टनों में जहाज़ का वज़न ।

тонне́ль = тунне́ль.

то́нный (वि०) (व्यंग्य का शब्द) डून की हाँकनेवाला ।

-тонный : двадцатито́нный बीस टन का ।

то́нус (पुं०) स्वर ।

тону́ть (अपू०), **по—, у—** (पू०) डूब जाना ; धँसना ; т. в снегу́ बर्फ़ में धँसना ; в дела́х काम में डूब जाना/मग्न हो जाना ।

то́ньше : то́нкий का तर-प्रत्ययान्त-रूप ।

то́ня (स्त्री०) १. मत्स्य-केन्द्र ; मछली पकड़ने का स्थान ; २. एक बार डाला हुआ जाल ।

топа́з (पुं०) पुखराज ।

то́пать (अपू०), **то́пнуть** (पू०) पाँव पटकना ; पाँव से ठपठपाना ।

топи́ть (अपू०) (वर्त० топлю́, то́пишь) **I.** तपाना ; आग जलाना ; т. печь अँगीठी तपाना ; **II.** पिघलाना ; т. лёд बर्फ़ पिघलाना ; □ т. молоко́ खूब औटाया हुआ दूध ।

топи́ть -III (अपू०), **по—, у—** (पू०) डुबोना ; т. су́дно जहाज़ डुबोना ।

топи́ться -I (आत्म० अपू०) (अँगीठी का) तपना ; जलना топи́ть-I का कर्मवाच्य ।

топи́ться -II (आत्म० अपू०) पिघलना ; पिघलाया जाना ।

топи́ться -III (आत्म० अपू०), **у—** (आत्म० पू०) डूब जाना ।

то́пка (स्त्री०) **I.** १. तपाने/आँच देने की क्रिया ; २. भट्टी ; अँगीठी ; **II.** पिघलाने की क्रिया ।

то́пк||ий (वि०) दलदली ; दलदलवाला ;

—ость (स्त्री॰) दलदल से युक्त होने का भाव ; दलदलापन ।

топлён||ый (वि॰) तपाया/गर्म किया हुआ ; पिघलाया हुआ ; —ое мáсло घी ; —ое сáло पिघलायी हुई चर्बी ।

тóпливо (नपुं॰) (केवल एकवचन) ईंधन ; жи́дкое т. तेल का ईंधन ।

тóпнуть दे॰ тóпать.

топóграф (पुं॰) तल-मानचित्रकार ।

топогрáфия (स्त्री॰) तल-मानचित्र ; तलरूप ।

тóполевый (वि॰) चिनार (वृक्ष) का ।

тóполь (पुं॰) चिनार का वृक्ष ।

топóр (पुं॰) कुठार ; कुल्हाड़ा ; удáр —óм कुठाराघात ; **—ик** (पुं॰) १. топóр का अल्प॰ ; २. कुल्हाड़ी ; **—и́ще** (नपुं॰) कुल्हाड़े का दस्ता ।

топóрн||ый (वि॰) भद्दा ; खुरदरा ; —ая рабóта भद्दा काम ।

топóрщить (अपू॰), **вс—** (पू॰) (मूँछों पर) ताव देना ; (धागा आदि बटकर) खड़ा करना ; т. ýсы मूँछों को ताव देना ।

тóпот (पुं॰) (पाँव की) ठपठप ; पद-चाप ।

топотáть (अपू॰) (पाँव से) ‘ठपठप’ का शब्द करना ।

тóпочный (वि॰) अँगीठी का ।

топтáть (अपू॰) (топчý, тóпчешь) १. (पाँव से) रौंदना ; т. трáву घास रौंदना ; т. гли́ну गारा रौंदना ; २. (पाँव से) मलिन करना ; गन्दा करना ; **—ся** (आत्म॰ अपू॰) पदक्षेप करना ; पाँव मारना ; т. на мéсте मन्द पदक्षेप करना ; т. без дéла (बिना काम के) टहलना ; इधर-उधर घूमना ।

Топты́гин (पुं॰) (मज़ाक का शब्द) भालू ।

топчáк (पुं॰) पाँवचक्की (सीढ़ियों पर पाँव रखने से चलनेवाली चक्की जो जेल में क़ैदियों से चलवायी जाती है) ।

топь (स्त्री॰) दलदल ; कच्छ भूमि ।

тóрба (स्त्री॰) तोबड़ा (घोड़े को दाना खिलाने का थैला) ।

торг (पुं॰) १. सौदा ; २. मंडी ; ३. (बहु॰) नीलामी ; продавáть с —ов नीलाम करना ; **—áш** (पुं॰) फुटकर व्यापारी ।

торговáть (अपू॰) (—гýю) १. व्यापार करना ; बेचना ; т. óптом थोक में बेचना ; т. в рóзницу फुटकर में बेचना ; магази́н торгýет до 8 часóв вéчера दुकान रात के आठ बजे तक खुली रहती है ; २. सौदा करना ; मोल-भाव करना ; **—ся** (आत्म॰) १. सौदा करना ; मोल-भाव करना ; २. (अकर्मक) तर्क करना ; बहस करना ।

торгóв||ец (पुं॰) सौदागर ; व्यापारी ; крýпный т. थोक व्यापारी ; ýличный т. फेरीवाला ; **—ка** (स्त्री॰) सौदा बेचनेवाली ।

торгóвля (स्त्री॰) वाणिज्य ; व्यापार ; госудáрственная т. राज्य-व्यापार ; свобóдная т. मुक्त व्यापार/निर्बन्ध व्यापार ; меновáя т. वस्तु-विनिमय ; óптовая т. थोक व्यापार ; рóзничная т. फुटकर व्यापार ।

торгóвый (वि॰) торгóвля से वि॰ ; т. капитáл व्यापार-पूँजी ; —ая поли́тика वाणिज्य-नीति ।

торгпрéд (पुं॰) (торгóвый представи́тель) वाणिज्य-प्रतिनिधि ।

торéц (पुं॰) १. (सड़क पर फ़र्श लगाने का) लकड़ी का चौरस तख्ता ; २. (केवल एकवचन) लकड़ी की बनी पटरी ।

торжéственн||ость (स्त्री॰) १. उत्सवता ; धूमधाम ; २. गम्भीरता ; **—ый** (वि॰) १. पर्व- ; त्योहार का ; धूम-धाम का ; —ый день त्योहार का दिन ; उत्सव ; २. गम्भीर भाव से किया हुआ ; —ая кля́тва दृढ़ (गम्भीर) प्रतिज्ञा ।

торжеств||ó (नपुं॰) १. उत्सव ; पर्व ; октя́брьские —á अक्तूबर-क्रान्ति का उत्सव ; २. (केवल एकवचन) विजय ; जीत ; т. справедли́вости न्याय की विजय ; ३. (केवल एकवचन) परम आनन्द ; परम हर्ष ; उल्लास ; हुलास ; сказáть что-л. с —óм सोल्लास/सहर्ष कहना ।

торжествова́ть (अपू०) (—ству́ю) १. उत्सव मनाना ; т. побе́ду विजयोत्सव मनाना ; २. (-पर) विजय पाना ; ३. उल्लसित होना ; खुशियाँ मनाना ।

то́ри (पुं०) (ब्रिटेन की राजनीतिक पार्टी) टोरी ।

то́рий (पुं०) (रस०) थोरियम ।

торма́шк||и (बहु०) १. вверх т., вверх —ами कलाबाज़ी ; २. उलट-पुलट ।

торможе́ние (नपुं०) ब्रेक लगाने की क्रिया ।

то́рмоз (पुं०) ब्रेक ; रुकावट ; अवरोध ।

тормози́ть (अपू०) (торможу́, тормози́шь) ब्रेक लगाना ; रुकावट डालना ।

тормоши́ть (अपू०) १. खींचना ; छेड़ना ; т. ребёнка बच्चे को छेड़ना ; २. तंग करना ; परेशान करना ; पीछे पड़ना ।

то́рн||ый (वि०) घिसा-पिटा ; साफ़ (रास्ता) ; пойти́ по —ой доро́ге घिसे-पिटे रास्ते पर चलना ; लीक-लीक चलना ।

торова́т||ость (स्त्री०) उदारता ; **—ый** (वि०) उदार ।

торопи́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० торoплю́, торо́пишь) जल्दी करना ; т. кого́-л. (с) -के लिए जल्दी कराना ; он торо́пит меня́ с отве́том वह उत्तर के लिए मुझ पर जोर डाल रहा है ; **—ся** (आत्म०) जल्दी करना ; जल्दबाज़ी करना ; —ся на рабо́ту काम पर जाने की जल्दी करना ; вам на́до —ся आपको जल्दी करनी चाहिए ; торопи́тесь ! जल्दी कीजिए ! ; он торо́пится ко́нчить рабо́ту वह काम समाप्त करने की जल्दी में है ।

торопли́в||о (क्रि० वि०) उतावलेपन से ; शीघ्रता से ; जल्दबाज़ी से ; **—ость** (स्त्री०) उतावलापन ; शीघ्रता ; जल्दबाज़ी ; **—ый** (वि०) उतावला ; जल्दबाज़ ; जल्दी करनेवाला ।

то́рос (पुं०) हिमखंड ; बर्फ़ का ढेला ; **—иться** (आत्म० अपू०) (торошу́сь, торо́сишься) बर्फ़ का ढेला बनना ।

торпе́да (स्त्री०) तारपीडो ; अन्तर्ध्वंसक ।

торс (पुं०) रुंड ; मूर्ति का धड़ ।

торт (पुं०) केक ।

торф (पुं०) दलदल का कोयला ।

торф||одобыва́ние (नपुं०), **—одобы́ча** (स्त्री०) दलदल का कोयला निकालने की क्रिया ; **—оразрабо́тки** (बहु०), **—яни́к** (पुं०) दलदल का कोयला निकालने का स्थान ; **—яни́стый** (वि०) दलदल के कोयले से युक्त ; **—яно́й** (वि०) दलदल के कोयले का ; —яно́е боло́то कोयलेवाला दलदल ; —яна́я промы́шленность दलदल से कोयला निकालने का व्यवसाय ।

торцо́в||ый (वि०) : —ая мостова́я लकड़ी के तख़्तों की बनी सड़क की पटरी ।

торча́ть (अपू०) १. (ऊपर को) निकलना ; उभकना ; २. т. пе́ред глаза́ми सदा आँखों के सामने रहना ; т. где-л. день сара दिन कहीं लगे रहना ।

торч||ко́м, —мя (क्रि० वि०) (बाहर को) निकाला हुआ ; у́сы т. ताव दी हुई मूँछें ।

тоск||а́ (स्त्री०) १. अवसाद ; वेदना ; पीड़ा ; предсме́ртная т. मृत्यु-वेदना ; невыноси́мая т. असह्य पीड़ा/वेदना ; २. उदासी ; मन उचाट होना ; ऊबना ; там така́я т. वहाँ मन ऊब जाता है ; э́та кни́га, одна́ т. यह मन उबानेवाली पुस्तक है ; ३. विरह-वेदना ; तड़पन ; испы́тывать —у́ по ком-л. किसीके विरह में जलना ; т. любви́ प्रेम की पीर ।

тоскли́в||о (क्रि० वि०) उचाट होकर ; ऊबकर ; नीरसता से ; शोक से ; विषाद से ; ему́ т. वह बड़ा उदास है/वह ऊब गया है ; **—ость** (स्त्री०) अवसाद ; विषाद ; मन ऊबना ; उदासी ; **—ый** (वि०) उदास ; शोकग्रस्त ; उबानेवाला ; नीरस ; —ое настрое́ние उदासी ; —ая жизнь नीरस जीवन ; —ая пого́да खराब मौसम ।

тоск||ова́ть (अपू०), (—ку́ю) झूरना ; अवसन्न रहना ; (वियोग में) तड़पना ; он —у́ет по дру́гу वह अपने मित्र के वियोग में तड़प रहा है ।

тост (पुं०) टोस्ट ; провозглаша́ть т. (за)

(किसीके लिए) जामे-सेहत पीना/किसीके स्वास्थ्य के लिए टोस्ट का प्रस्ताव करना ।

тот (सर्व०) (पुं०), **та** (स्त्री०), **то** (नपुं०), **те** (बहु०) १. वह ; (बहु०) वे ; да́йте мне тот каранда́ш मुझे वह पेंसिल दीजिए ; где те кни́ги ? वे पुस्तकें कहाँ हैं ? ; тот же वही ; в ту же мину́ту उसी पल ; с. того́ вре́мени с тех пор तब से ; २. अन्य ; दूसरा ; на той стороне́ दूसरी ओर ; ३. वही ; वह (जिसकी आवश्यकता थी) ; э́то не тот по́езд यह वह गाड़ी नहीं है/यह ग़लत गाड़ी है ; ४. उस ; э́то употребля́ется в том слу́чае, кото́рый был опи́сан вы́ше यह उक्त स्थिति में प्रयोग किया जाता है ; ☐ до того́, что यहाँ तक कि- ; по ме́ре того́, как इतना कि . . . ; по́сле того́, как (-के) पश्चात् ; пе́ред тем, как (-के) पूर्व ; с тем, что́бы ताकि ; несмотря́ на то́, что -के बावजूद ; вме́сте с тем इसके साथ-साथ ; кро́ме того́ (-के) अतिरिक्त ; тем вре́менем, между те́м इतने में ; со всем тем इस सबके होते हुए ; и тому́ подо́бное इत्यादि ; к тому́ же इसके अतिरिक्त ; мно́го лет тому́ наза́д (बहुत) कई वर्ष हुए ; ни с того́, ни с сего́ अकारण ही ।

тоталита́рный (वि०) सर्वाधिकारी ।

тота́льный (वि०) योगफल ; जोड़ का ।

тоте́м (पुं०) गणचिह्न ; किसी जन-जाति का कुल चिह्न (पशु या पौधा) ।

то́-то (क्रि० वि०) १. कितना ; то́-то он удиви́тся वह कितना चकित होगा ? ; क्या उसको अचम्भा नहीं होगा ? ; २. देखा !

то́тчас (क्रि० वि०) तुरन्त ; एकदम ।

точи́лка (स्त्री०) सान ; चाक़ू आदि तेज़ करने की सिल्ली ।

точи́ло (नपुं०) सान ; औज़ार तेज़ करने की सिल्ली ।

точи́льный (वि०) तेज़ करने का ; धार बाँधने का ; т. брусо́к ка́мень = точи́лка ; т. стано́к सान ।

точи́льщик (पुं०) सानगर ; चाक़ू आदि की धार बाँधनेवाला ।

точи́ть -I (अपू०), **на—** (पू०) १. तेज़ करना ; धार बाँधना ; т. каранда́ш पेंसिल बनाना ; २. खरादना ; ☐ т. зу́бы на кого́-л. किसी पर दाँत पीसना/किटकिटाना ।

точи́ть -II (अपू०) खा जाना ; कुतर डालना ; मोरचा खा जाना ; काट देना ; вода́ то́чит ка́мень पानी पत्थर को काट देता है ।

точи́ть -III (अपू०) टपकाना ; т. слёзы आँसू बहाना ; т. смолу́ (पेड़ काटकर) गन्दा बिरोजा निकालना ।

точи́ться : точи́ть-I और II का कर्मवाच्य ।

то́чка -I (स्त्री०) १. बिन्दु ; अंक ; т. кипе́ния क्वथनांक ; т. замерза́ния हिमांक ; т. опо́ры (भौ०) आलम्ब ; २. (व्या०) पूर्ण विराम ; т. с запято́й अर्धविराम (;) ; ☐ т. зре́ния दृष्टिकोण ; то́чка ! बस !

то́чка -II (स्त्री०) १. तेज़ करने या धार बाँधने की क्रिया ; २. खरादने की क्रिया ।

то́чно -I (क्रि० वि०) यथावत् ; ठीक-ठीक ; ठीक समय पर ; वस्तुत: ; सचमुच ; т. в пять часо́в ठीक पाँच बजे ; т. переводи́ть ठीक-ठीक अनुवाद करना ; так т. बिल्कुल ठीक है ।

то́чно -II (सम्बन्धसूचक अ०) मानों ; जैसे ; सदृश ; т. он чита́ть не уме́ет मानों वह पढ़ ही नहीं सकता ; он т. поме́шанный वह पागलों जैसा है ।

то́чн||ость (स्त्री०) १. अन्वर्थता ; परिशुद्धता ; यथार्थता ; सहीपन ; २. समयानुपालन ; в —и यथार्थ में ; ठीक समय पर ; वस्तुत: ; т. перево́да अनुवाद की अन्वर्थता/यथार्थता ।

то́чн||ый (वि०) १. ठीक ; यथार्थ ; शुद्ध ; अन्वर्थ ; २. समयनिष्ठ ; समयानुपालक ; —ый перево́д शुद्ध/अन्वर्थ अनुवाद ; —ое вре́мя ठीक समय ।

точь-в-точь (क्रि० वि०) ठीक-ठीक ; अक्षरश: ।

тошн||и́ть (अपू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) меня́ —и́т मेरा जी मतला रहा है ।

то́шно (विधेय) (कर्तृ-निरपेक्ष) мне т. मेरा जी मतला रहा है ; मुझे क़ आ रही है ।

тошно||та́ (स्त्री०) वमन ; मतलाहट ; **—тво́рный** (वि०) जी मतला देनेवाला ; कुत्सित ; घृणाजनक ।

то́шный (वि०) १. मतली पैदा करनेवाला ; २. थक्का देनेवाला ; ३. उवा देनेवाला ।

тоща́ть (अपू०), **о—** (पू०) दुर्बल होना ; क्षीण होना ।

то́щий (वि०) १. दुबला-पतला ; क्षीण ; २. खाली ; कम ; थोड़ा ; на т. желу́док खाली पेट ; т. у́голь कच्चा कोयला ।

тпру! (विस्मय०) पुचकार ! (घोड़े को ठहराने का शब्द) ।

трав||а́ (स्त्री०) घास ; तिनका ; तृण ; со́рная т. मोथा ; лека́рственные целе́бные тра́вы जड़ी-बूटियाँ ; лежа́ть на —е́ घास पर लेटना ।

трави́нка (स्त्री०) तिनका ।

трави́ть (अपू०) (травлю́ тра́вишь) **I.** १. (शिकार) खदेड़ना ; २. क्लेश देना ; पीड़ा देना ; т. соба́ками (-पर) कुत्ते छोड़ना ; **II.** १. विष देना ; т. крыс विष देकर चूहे मारना ; २. धातु-पत्र पर तेज़ाब आदि से खुदाई करना ।

трави́ть -III (अपू०), **по—** (पू०) पाँव से कुचलना ; रौंदना ।

трави́ться -I (आत्म० अपू०) трави́ть I, III का कर्मवाच्य ।

трави́ться -II (आत्म० अपू०) १. विष खाना ; २. трави́ть-II का कर्मवाच्य ।

травле́ние (नपुं०) (अम्ल या तेज़ाब से धातु पर चित्र की) खुदाई ।

тра́вля (स्त्री०) (शिकार) खदेड़ना ; पीछा करना ।

травоя́дн||ый (वि०) घास खानेवाला ; —ое живо́тное घास खानेवाला पशु ।

травян||и́стый (वि०) १. घासवाला ; २. बेस्वाद ; **—о́й** (वि०) घास का ; —о́й за́пах माँस की गन्ध ; —о́й цвет (घास के सदृश) हरा रँग ।

траге́дия (स्त्री०) त्रासदी ; दुःखान्त नाटक ; दुर्घटना ।

тра́гик (पुं०) त्रासदीकार ; दुःखान्त नाटककार या अभिनेता ।

трагикоме́дия (स्त्री०) कारुणिक कामदी ; त्रासिककामदी ; दुखान्त-सुखान्त नाटक ।

траги́ческ||и (क्रि० वि०) करुण रूप से ; दुःखान्त रूप से ; око́нчиться т. करुण अन्त होना ; दुःखान्त होना ; **—ий** (वि०) त्रासदीय ; कारुणिक ; दुःखान्त- ; —ий актёр त्रासदी-अभिनेता ; दुःखान्त नाटक का अभिनेता ; —ое зре́лище करुण दृश्य ।

траги́чно = траги́чески.

траги́чн||ость (स्त्री०) कारुणिकता ; दुःखान्तता ; दुःखद घटना ; **—ый** (वि०) दुःखान्त ।

традицио́нн||ость (स्त्री०) परम्परागत स्वभाव ; परम्परागत आचरण ; **—ый** (वि०) परम्परागत ।

тради́ция (स्त्री०) परम्परा ।

траекто́рия (स्त्री०) किसी गतिशील वस्तु का वक्र-मार्ग ।

тракт (पुं०) १. बड़ी सड़क ; राजमार्ग ; २. रास्ता ।

тракта́т (पुं०) १. (अन्तर्राष्ट्रीय) सन्धि ; २. (वैज्ञानिक) कृति ; रचना ।

тракти́р (पुं०) सराय ; शराबखाना ; ढाबा ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) सराय का स्वामी / की स्वामिनी ; ढाबे का मालिक / की मालकिन ; शराबखाने का स्वामी/की स्वामिनी ।

трактова́ть (अपू०) (—ту́ю) १. बहस करना ; तर्क करना ; २. व्याख्या करना ; (विषय का) विवेचन करना ; **—ся** (आत्म०) □ о чём трактýется в э́той кни́ге इस पुस्तक का विषय क्या है ? ; трактова́ть का कर्मवाच्य ।

тракто́вка (स्त्री०) (विषय) विवेचन ; व्याख्या ; बहस ।

тра́ктор (पुं०) ट्रैक्टर ; **—и́ст** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) ट्रैक्टर चलानेवाला/वाली ;

—ный (वि०) ट्रैक्टर का ; **—остроéние** (नपुं०) ट्रैक्टर-निर्माण ।

трал (पुं०) १. (मछलियाँ पकड़ने का बोरी जैसा) जाल ; २. (बारूद की) सुरंगें साफ़ करने का साधन ; **—ер** (पुं०) जालपोत (जाल से मछलियाँ पकड़ने का जहाज़) ।

тра́лить (अपू०) बड़े जाल से मछलियाँ पकड़ना ।

тра́ловый (वि०) (पानी में) सुरंगें साफ़ करने का ।

тра́льщик (पुं०) (पानी में) सुरंगें साफ़ करनेवाला जहाज ।

трамб||ова́ть (अपू०), (—бу́ю) (मोगरी/मुगदर आदि से कूटकर) समतल करना ; т. зе́млю (मोगरी आदि से) भूमि एकसार करना ; **—о́вка** (स्त्री०) १. (मोगरी/मुगदर आदि से कूटकर) समतल करने की क्रिया ; २. मोगरी ; मुगदर ।

трамв||а́й (पुं०) ट्राम ; ट्राम की पटरी ; е́хать на —а́е ट्राम में जाना ; сесть на т. ट्राम में बैठना ; вы́йти из —а́я ट्राम से उतरना ; **—а́йный** (वि०) ट्राम का ; —а́йный биле́т ट्राम का टिकट ।

трамва́йщик (पुं०) ट्राम पर काम करनेवाला ।

трампли́н (पुं०) छलाँग लगाने में सहायता देने का लचकदार तख़्ता ।

транжи́р||а (उभ०) अतिव्ययी ; मुक्तहस्त ; खर्चीला ; **—ить** (अपू०) अतिव्यय करना ; धन लुटाना ।

транзи́т (पुं०) (रास्ते में) चलता हुआ माल ।

транзи́тн||ый (वि०) : —ая ви́за पारवहन-वीज़ा ।

транс (पुं०) मूर्च्छा ; अचेत अवस्था ।

трансаркти́ческий (वि०) उत्तरी ध्रुव के पार का ।

трансгре́ссия (स्त्री०) अतिक्रमण ।

транскри́пция (स्त्री०) नक़ल ; प्रतिलेख ।

трансли́ровать (अपू० और पू०) (—рую) (रेडियो द्वारा) प्रसारित करना ।

транслитера́ция (स्त्री०) लिप्यन्तरण ; दूसरी लिपि में लिखना ।

трансляцио́нный (वि०) (रेडियो द्वारा) प्रसारित करने का ।

трансля́ция (स्त्री०) (रेडियो द्वारा) प्रसारण ।

трансокеа́нский (वि०) सागर-पार का ।

транспара́нт (पुं०) १. पारदर्शक बेल-बूटेदार कपड़ा ; २. (काली सतरोंवाला) पारदर्शक काग़ज़ ।

транспира́ция (स्त्री०) निःश्वास (अंग्रेज़ी—ट्रांसपिरेशन) ।

транспланта́ция (स्त्री०) पौध लगाने की क्रिया ।

транспози́ция (स्त्री०) स्थान-विनिमय ; जगह बदलने की क्रिया ; एक जगह से उठाकर दूसरी जगह पर रखने की क्रिया ।

транспони́р||овать (अपू० और पू०) (—рую) स्थान बदलना ; **—овка** (स्त्री०) स्थान-विनिमय ।

тра́нспорт (पुं०) १. यातायात ; т. гру́зов माल का यातायात ; २. (माल का) भेजा जाना ; ३. परिवहन ।

транспо́ртер, транспортёр (पुं०) वाहक ; ले जानेवाला ।

транспорти́р (पुं०) चाँदा (अंग्रेज़ी—प्रोट्रैक्टर) (कोण नापने या बनाने का उपकरण) ।

транспорти́ровать (अपू० और पू०) (—рую) १. (माल) भेजना ; २. ले जाना ।

трансформа́тор (पुं०) (भौ०) परिवर्तक (अंग्रेज़ी—ट्रांसफ़ार्मर) ।

трансформа́ция (स्त्री०) रूपान्तरण ।

трансформи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) रूपान्तर करना ।

трансцендента́льный (वि०) (दर्शन०) सर्वातीत ; देशकालातीत ।

трансценде́нтный (वि०) (दर्शन०) सर्वातिशायी सिद्धान्त-सम्बन्धी ; सर्वातीतवादीय ; सर्वातीत-सिद्धान्त का ।

транше́йный (वि०) (सेना०) खाई का ।

транше́я (स्त्री०) खाई ; खन्दक ।

трап (पुं०) १. पोत की सीढ़ी २. (फ़र्श पर पानी निकलने का) छोटा छेद ; नाली ।

трáпез||а (स्त्री०) १. मठ में सार्वजनिक भोजन करने की मेज़ ; сидéть за —ой मठ में खाने की मेज़ पर बैठना ; २. भोजन ।

трáпезная (स्त्री०) भोजन-कक्ष ।

трапéция (स्त्री०) १. (गणित) समलम्ब ; २. (कसरत करने का) झूला ।

трапецóид (पुं०) समलम्ब चतुर्भुज (जिसकी केवल दो भुजाएँ समानान्तर होती हैं) ।

трáсса (स्त्री०) १. रेखा-चित्र ; खाका ; ढाँचा ; २. पथ ; воздýшная т. वायु-मार्ग ; हवाई पथ ।

трассáнт (पुं०) हुंडी-प्रेषक ; हुंडी लिखनेवाला ।

трассáт (पुं०) वह पक्ष जिसके नाम हुंडी भेजी जाये ।

трасси́ровать (अपू० और पू०) (—рую) रेखा-चित्र या खाका तैयार करना ।

трáта (स्त्री०) व्यय ; खर्च ।

угоди́ть (पू०) १. दे० угождáть ; २. गिर जाना ; टकराना ; у. в темнотé в я́му अँधेरे में गड्ढे में गिर जाना ; у. головóй в дверь द्वार से सिर टकराना ; ३. मारना ; у. пря́мо в глаз комý-л. किसीकी आँख पर थप्पड़ मारना ।

угóдлив||ость (स्त्री०) चापलूसी ; जी-हुज़ूरी करने का भाव ; **—ый** १. (वि०) चापलूस ; जी-हुज़ूरी करनेवाला ।

угóдничать (अपू०) १. चापलूसी करना ; २. अत्यनुवर्ती/बेहद फ़र्माबरदार होना ।

угóдно (विधेय) **I.** (कर्तृ-निरपेक्ष) как вам у. जैसी आपकी इच्छा ; что вам у. ? मैं आपकी क्या सेवा कर सकता हूँ ? ; у. ли вам вы́пить молокá ? क्या आप दूध पीना पसन्द करेंगे ? ; у. ли вам молокá क्या आप दूध पियेंगे ? ; **II.** кто у. कोई भी ; что у. कुछ भी ; дéлайте всё что (вам) у. (आप) जो/जैसा चाहें, कीजिए ; как у. जिस प्रकार भी ; какóй у. जो चाहो/कोई भी ; ☐ скóлько душé у. जी भरकर ; अघाकर ।

угóдный (वि०) वांछित ; पसन्द का ।

угóдь||е (नपुं०): лéсные —я जंगल ; полевы́е —я जोतने योग्य/कृष्य भूमि ।

угождáть (अपू०), **угоди́ть** (पू०) (भवि० угожý, угоди́шь) प्रसन्न करना ; емý (на негó) не угоди́шь उसे प्रसन्न करना बड़ा कठिन है ।

ýгол (पुं०) १. कोना ; в углý कोने में ; срезáть у. कोना काटना/गोलाई देना ; २. (गणित) कोण ; прямóй у. लम्ब/सम-कोण ; óстрый у. न्यून कोण ; тупóй у. अधिक कोण ; внýтренний у. अन्तःकोण ; внéшний у. बहिष्कोण ; дополни́тельный у. सम्पूरक कोण ; у. падéния आपतन-कोण ; у. отражéния परावर्तन-कोण ; ३. घर ; имéть свой у. अपना घर होना ; ४. कमरे का भाग ; कोना ; ☐ под э́тим углóм зрéния इस दृष्टिकोण से ।

уголёк (पुं०) уголь का अल्प० ; कोयले का छोटा-सा टुकड़ा ।

уголóвн||ый (वि०) दंड्य ; दंड- ; у. кóдекс दंड-संग्रह/दंड-संहिता ; у. суд फ़ौजदारी अदालत ; у. процéсс, —ое дéло फ़ौजदारी मामला ; —ое прáво दंड-विधान ; у. престýпник दंड्य अपराधी ।

уголóк (पुं०) ýгол का अल्प०

ýголь (पुं०) कोयला ; кáменный у. पत्थर का कोयला ; древéсный у. लकड़ी का कोयला ; пылáющие ýгли अंगार/दहकते कोयले ।

угóльник (पुं०) सैटस्क्वेयर ।

ýгольн||ый (वि०) कोयले का ; —ая промы́шленность कोयला-उद्योग ; —ая кислотá कार्बोनिक अम्ल ।

угóльный (वि०) कोने का ।

ýгольщик (पुं०) १. कोयला लादनेवाला ; २. कोयले से लदा जहाज़ ; ३. कोयले का व्यापारी ।

угомони́ть (पू०) शान्त करना ; चुप कराना ; **—ся** (आत्म०) शान्त होना ; चुप होना ; де́ти наконе́ц угомони́лись बच्चे आखिरकार चुप हो गये ।

уго́н (पुं०) १. दूर हाँक देने की क्रिया ; २. चोरी ।

угоня́ть (अपू०), **угна́ть** (पू०) (भवि० угоню́, уго́нишь) १. हाँकना ; у. скот в по́ле पशुओं को खेत में हाँक देना ; २. चुराना ; угна́ть ло́шадь со двора́ अस्तबल से घोड़ा चुराना ; угна́ть автомоби́ль कार चुराना ।

угора́зди||ть (पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ —ло попа́сть под автомоби́ль और फिर वह कार के नीचे आ गया ; как э́то вас —ло прийти́ сюда́ ? आप यहाँ आ कैसे गये ?

угора́ть (अपू०), **угоре́ть** (पू०) १. कोयला-गैस के ज़हर का असर होना ; २. (केवल पू०) पागल होना ; ты угоре́л, что-ли ? क्या तू पागल हो गया है ?

угоре́лый (वि०) पागल ; он ме́чется, как у. वह पागल की भाँति इधर-उधर भाग रहा है ।

угоре́ть दे० угора́ть.

у́горь (पुं०) **I.** मुहाँसा ; शरीर पर काला दाग़ (एक रोग) ; **II.** एक प्रकार की मछली ।

угости́ть(ся) दे० угоща́ть(ся).

угото́ванный (वि०) तैयार ; तैयार किया हुआ ।

угоща́ть (अपू०), **угости́ть** (पू०) (भवि० угощу́, угости́шь) सत्कार करना ; खिलाना-पिलाना ; खातिर करना ; **—ся** (आत्म०) १. खाना-पीना ; २. угоща́ть का कर्मवाच्य ।

угоще́ние (नपुं०) १. सत्कार ; खातिर ; २. व्यंजन ; स्वादिष्ट भोजन ।

угрева́тый (वि०) (मुख के विषय में) मुहाँसेदार ।

угро́бить (पू०) (भवि० угро́блю, угро́бишь) १. मार देना ; २. नष्ट करना ; у. чью-н. репута́цию किसीकी ख्याति नष्ट करना ।

угрож||а́ть (अपू०) धमकाना ; डराना ; आशंकित करना ; ему́ —а́ет смерте́льная опа́сность उसे एक भीषण खतरे की आशंका है/उसे एक भयंकर खतरे का सामना करना पड़ सकता है ; **—а́юще** (क्रि० वि०) धमकी या डर से ।

угро́за (स्त्री०) धमकी ; डर ; आशंका ; у. войны́ युद्ध का डर ।

угрозы́ск (पुं०) (уголо́вный ро́зыск) (पुलिस का) अपराध-अन्वेषण-विभाग ; खुफ़िया-पुलिस ; चर-विभाग ।

угрызе́ни||е (नपुं०) —я со́вести आत्म-ग्लानि ; पश्चात्ताप ।

угрю́м||ость (स्त्री०) उदासी ; उद्विग्नता ; **—ый** (वि०) उदास ; उद्विग्न ।

уда́в (पुं०) अजगर ; बड़ा भारी साँप ।

удава́ться (आत्म० अपू०), **уда́ться** (आत्म० पू०) (वर्त० удаю́сь, удаёшься ; भवि० уда́мся, уда́шься) १. सफल होना ; о́пыт сра́зу уда́лся प्रयोग तुरन्त सफल हुआ ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ удало́сь найти́ э́то वह इसे ढूँढने में सफल हुआ ।

удави́ть (पू०) (удавлю́, уда́вишь) फाँसी देना ; गला घोंटना ; **—ся** (आत्म०) फाँसी लगा लेना ; अपना गला घोंटना ।

уда́вка (स्त्री०) १. फन्दा ; २. मछली पकड़ने का पुराने ढँग का काँटा ।

удавле́ни||е (नपुं०) फाँसी ; смерть от —я फाँसी द्वारा मृत्यु ।

удале́ние (नपुं०) १. दूर करने/हटाने की क्रिया ; (जर्राह की) चीर-फाड़ ; शल्य-क्रिया ; у. зу́ба दाँत उखाड़ना ; २. पद-च्युति ; नौकरी से अलहदगी ; बरखास्तगी ।

удалённ||ость (स्त्री०) दूरी ; **—ый** : १. удаля́ть से कृदन्त ; २. (वि०) दूर ।

удале́ц (पुं०) साहसी ; बहादुर मनुष्य ।

удали́ть(ся) दे० удаля́ть(ся).

удало́й (वि०) साहसी ; बहादुर ।

у́дал||ь (स्त्री०), **—ство́** (नपुं०) साहस ; बहादुरी ।

удаля́ть (अपू०), **удали́ть** (पू०) १. दूर करना ; हटाना ; जाने के लिए विवश करना ;

चीर-फाड़ करना ; शल्य-क्रिया करना ; у. из зáла заседáния सभा-मंडप से बाहर निकालना ; у. вóлосы (बेकार) बाल काटना ; у. зуб दाँत उखाड़ना ; २. बरख़ास्त करना ; **—ся** (आत्म०) १. (-से) परे चले जाना ; हट जाना ; —ся от бéрега तट से परे चले जाना ; —ся от тéмы विषय से भटक जाना ; —ся от дел (नौकरी से) निवृत्ति पाना ; रिटायर हो जाना ; २. удалять का कर्मवाच्य ।

удáр (पुं०) १. प्रहार ; चोट ; आघात ; मार ; ठोकर ; одни́м —ом एक प्रहार में ; наноси́ть у. आघात करना ; २. चोट/प्रहार की ध्वनि/आवाज़ ; ३. (चिकि०) сóлнечный у. लू लगना ; ☐ у. пýльса नाड़ी के चलने का शब्द ; одни́м —ом двух зáйцев уби́ть एक पन्थ दो काज ।

ударéние (नपुं०) स्वराघात ।

удáрить(ся) दे० ударя́ть(ся).

удáрн||ик (पुं०) (सेना०) (हथियार में) गोली चलाने का पिन ; **—ица** (स्त्री०) धुआँधार काम करनेवाला ; धड़ल्ले से काम करनेवाला ; **—ичество** (नपुं०) धुआँधार काम ; धड़ल्ले का काम ।

удáрн||о (क्रि० वि०) धड़ल्ले से ; рабóтать у. धड़ल्ले से काम करना ; **—ый** (वि०) धड़ल्ले का ; बला का ; —ая бригáда धड़ल्ले से काम करनेवालों की टोली ; २. आवश्यक ; महत्वपूर्ण ; —ое задáние आवश्यक काम ; ३. (सेना०) प्रहार- ; —ые чáсти प्रहार-टोली ; ४. ताल- ; (हाथ से पीटकर) बजाने का ; —ые инструмéнты ताल-वाद्य ।

ударя́ть (अपू०), **удáрить** (पू०) चोट मारना ; आघात करना ; प्रहार करना ; मारना ; у. пáлкой छड़ी से मारना ; удари́ть по физионóмии मुँह पर थप्पड़ मारना ; у. в набáт ख़तरे की घंटी बजाना ; удари́ть в барабáн ढोल बजाना ; ☐ удари́ть по кармáну महँगा पड़ना ; пáлец о пáлец не удáрить उँगली तक न हिलाना ; **—ся** (आत्म०) १. टकराना ; चोट खाना ; удáриться голóвой о дверь दरवाज़ा से सिर टकराना ; лóдка удáрилась о скалý नाव एक चट्टान से टकरा गयी ; २. व्यसन लग जाना ; आदी हो जाना ।

удáться दे० удавáться.

удáч||а (स्त्री०) सफलता ; सौभाग्य ; желáть —и सफलता चाहना ; емý всегдá у. वह सदा सफलता प्राप्त करता है ; **—ливость** (स्त्री०) सफलता ; सौभाग्य ; **—ливый** (वि०) सफल ; भाग्यवान ; —ливый человéк भाग्यवान मनुष्य ; **—ник** (पुं०) भाग्यवान ; **—но** (क्रि० वि०) १. सफलतापूर्वक ; २. भली भाँति ; अच्छा ; (вы́шло) —но, что अच्छा हुआ कि... ; **—ный** (वि०) १. सफल ; —ная попы́тка सफल प्रयत्न ; २. अच्छा ; सुन्दर ; —ный перевóд अच्छा/सुन्दर अनुवाद ; —ное выражéние सुन्दर अभिव्यक्ति ।

удвáивать (अपू०), **удвóить** (पू०) दुगुना करना ; **—ся** (आत्म०) दुगुना किया जाना ।

удвоéние (नपुं०) दुगुना किये जाने की क्रिया ।

удвóенный (वि०) १. दुगुना किया हुआ ; २. दुगुना ।

удвóить दे० удвáивать.

удéл (पुं०) भाग्य ; २. मध्ययुगीन रूस में एक स्वतन्त्र सामन्त देश ।

удели́ть दे० уделя́ть.

удéльный (वि०) (भौ०) १. आपेक्षिक ; у. вес आपेक्षिक गुरुत्व ; २. у. пери́од मध्ययुगीन रूस में स्वतन्त्र सामन्त देश का युग ; у. князь मध्ययुगीन रूस में स्वतन्त्र सामन्त ।

удел||я́ть (अपू०), **удели́ть** (पू०) (समय, ध्यान आदि) देना ; —и́те мне 5 минýт मुझे पाँच मिनट दीजिए ; нáдо —и́ть э́тому внимáние इस पर ध्यान देना चाहिए ।

ýдерж (पुं०) : без —у बेरोक ; बिना रुकावट के ।

удержáние (नपुं०) १. रखना ; सुरक्षित रखना ; २. कटौती ।

удéрживать (अपू०), **удержáть** (पू०) १. सुरक्षित रखना ; у. в пáмяти मस्तिष्क में रखना/स्मरण करना ; २. (-से) रोकना ; у. когó-л. от рискóванного шáга किसीको

ख़तरनाक क़दम उठाने से रोकना ; ३. दबाना ; у. рыда́ние सिसकियाँ दबाना अथवा रोकना ; ४. (हिसाब में से) काट लेना ; मुजरा कर लेना ; **—ся** (आत्म०) १. मुक़ाबला करना ; डटना ; неприя́тель стара́лся удержа́ться на реке́ शत्रु ने नदी पर मुक़ाबला करने की कोशिश की ; —ся на нога́х अपने पाँव न उखड़ने देना ; डटे रहना ; २. он сде́лал всё, чтобы удержа́ться на слу́жбе उसने अपनी नौकरी रखने का भरसक प्रयत्न किया ; ३. दूर रहना ; परहेज़ करना ; —ся от куре́ния तम्बाकू पीने से परहेज़ करना ; он не мог удержа́ться от сме́ха वह अपनी हँसी न रोक सका ।

удесятерённый (वि०) दसगुना ।

удесятеря́ть (अपू०), **удесятери́ть** (पू०) दसगुना करना ; **—ся** (आत्म०) दसगुना होना ; दसगुना किया जाना ।

удешеви́ть(ся) दे० удешевля́ть(ся).

удешевле́ние (नपुं०) मूल्य में कमी ; सस्ता होने की क्रिया ।

удешевля́ть (अपू०), **удешеви́ть** (पू०) (भवि० удешевлю́, удешеви́шь) मूल्य कम करना ; सस्ता करना ; **—ся** (आत्म०) १. सस्ता होना ; मूल्य कम होना ; २. удешевля́ть का कर्मवाच्य ।

удиви́тельн||о (क्रि० वि०) १. आश्चर्य से ; अचम्भे से ; २. अति ; आत्यन्तिक रूप से ; प्रशंसात्मक रूप से ; **—ый** (वि०) १. आश्चर्यजनक ; विलक्षण ; विस्मयकारी ; ничего́ —ого कोई आश्चर्य की बात नहीं ; что —ого ? इसमें आश्चर्य की क्या बात है ? ; २. आश्चर्यजनक ; विलक्षण ; अद्भुत ।

удиви́ть(ся) दे० удивля́ть(ся).

удивле́ние (नपुं०) आश्चर्य ; विस्मय ; अचम्भा ।

удивля́ть (अपू०), **удиви́ть** (पू०) (भवि० удивлю́, удиви́шь) विस्मित करना ; आश्चर्यान्वित करना ; चकित करना ; **—ся** (आत्म०) विस्मित होना ; आश्चर्यान्वित होना ; चकित होना ।

удила́ (बहु०) लगाम का दहाना ।

уди́лище (नपुं०) मछलियाँ पकड़ने की छड़ी ।

уди́льщ||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) मछली पकड़नेवाला/वाली ।

удира́ть (अपू०), **удра́ть** (पू०) (भवि० удеру́, удерёшь) भाग जाना ; दुम दबाकर भागना ।

уди́ть (अपू०) (ужу́, уди́шь) у. ры́бу मछली पकड़ना ।

удлине́ние (नपुं०) दीर्घीकरण ; लम्बा करने की क्रिया ।

удлиня́ть (अपू०), **удлини́ть** (पू०) लम्बा करना ; у. черту́ रेखा लम्बी करना ; **—ся** (आत्म०) १. लम्बा होना ; २. удлиня́ть का कर्मवाच्य ।

удо́бн||о (क्रि० वि०) सुख से ; आराम से ; सुविधा से ; **—ый** (वि०) १. सुखद ; आरामदेह ; —ое кре́сло आरामकुर्सी ; २. सुविधापूर्ण ; सुगम ; —ый слу́чай सुअवसर ।

удобовари́м||ость (स्त्री०) पाच्यता ; **—ый** (वि०) पाच्य ।

удобо||исполни́мый (वि०) सहज-साध्य ; सहज-सम्पाद्य ; आसानी से ही पूरा किया जाने योग्य ; **—поня́тный** (वि०) सुबोध ; सुगम ; आसानी से समझा जाने योग्य ; **—произноси́мый** (वि०) उच्चारणीय ; सहज में उच्चारण किये जाने योग्य ; **—чита́емый** (वि०) (लिखाई) सुपाठ्य ; स्पष्ट ।

удобре́ние (नपुं०) १. उपजाऊ करने की क्रिया ; खाद आदि डालने की क्रिया ; २. खाद ।

удобря́ть (अपू०), **удо́брить** (पू०) उपजाऊ बनाना ; खाद आदि डालना ।

удо́бство (नपुं०) (केवल एकवचन) १. सुख ; आराम ; २. सुविधा ; кварти́ра со все́ми —ами हर तरह की सुविधावाला मकान ।

удовлетвор||е́ние (नपुं०) सन्तुष्टि ; परितृप्ति ; तसल्ली ; с больши́м —е́нием बड़ी तसल्ली से ; получа́ть по́лное у. पूरी तसल्ली होना ;

—ённо (नपुं०) तसल्ली से ; **—ённость** (स्त्री०) तसल्ली ; परितृप्ति ।

удовлетвори́тельн‖о (क्रि० वि०) १. तसल्ली से ; सन्तोषपूर्वक ; २. सन्तोषजनक ; तृप्तिकर ; **—ый** (वि०) सन्तोषजनक ; तृप्तिकर ।

удовлетворя́ть (अपू०), **удовлетвори́ть** (पू०) १. सन्तुष्ट करना ; तृप्त करना ; (इच्छा, मांग आदि) पूरी करना ; у. аппети́т अपनी भूख मिटाना ; у. про́сьбу प्रार्थना पूरी करना ; २. सम्भरण करना ; मुहैया करना ; **—ся** (आत्म०) १. सन्तुष्ट होना ; २. удовлетворя́ть का कर्मवाच्य ।

удово́льствие (नपुं०) १. (भावना) आनन्द ; प्रसन्नता ; हर्ष ; испы́тывать у. от чего́-л., находи́ть у. в чём-л. किसी काम में आनन्द प्राप्त करना ; с величáйшим —м बड़ी प्रसन्नता से ; २. मनबहलाव ; मनोरंजन ।

удово́льствоваться दे० дово́льствоваться.

удо́д (पुं०) एक प्रकार की चिड़िया ।

удо́й (पुं०) १. दूध दुहने की क्रिया ; २. दूध की मात्रा (जो एक गाय देती है) ।

удо́йливый (वि०) दुधारू ; अधिक दूध देनेवाली ।

удорожа́ние (नपुं०) महँगा होने की क्रिया ; मूल्य में बढ़ोतरी ।

удорожа́ть (अपू०), **удорожи́ть** (पू०) महँगा करना ; मूल्य बढ़ाना ; **—ся** (आत्म०) १. महँगा होना ; मूल्य बढ़ना ; २. удорожа́ть का कर्मवाच्य ।

удоста́ивать (अपू०), **удосто́ить** (पू०) १. अनुग्रह करना ; कृपा करना ; он не удосто́ил её отве́том उस (पुरुष/बालक) ने उस (स्त्री/बालिका) को उत्तर देने की कृपा नहीं की ; २. प्रदान करना ; अता फ़रमाना ; у. награ́ду पुरस्कार प्रदान करना ; **—ся** (आत्म०) १. अनुग्रह का पात्र होना ; कृपा-पात्र होना ; २. удоста́ивать का कर्मवाच्य ।

удостовере́ние (नपुं०) १. (क्रिया) सत्यापन करना ; तसदीक़ करना ; २. प्रमाण-पत्र ; सार्टिफ़िकेट ; выдава́ть у. प्रमाण-पत्र देना ।

удостоверя́ть (अपू०), **удостове́рить** (पू०) सत्यापन करना ; तसदीक़ करना ; प्रमाणित करना ; प्रमाण-पत्र देना ; साक्षी होना ; у. по́дпись हस्ताक्षरों को प्रमाणित करना ; **—ся** १. निश्चय करना ; जाँचना ; पता लगाना ; —ся в и́стинности सत्य की जाँच करना ; २. удостоверя́ть का कर्मवाच्य ।

удосто́ивать(ся) = **удоста́ивать(ся).**

удосто́ить(ся) दे० удоста́иваться.

удосу́живаться (आत्म० अपू०), **удосу́житься** (आत्म० पू०) (-के लिए) समय निकालना ; у. писа́ть письмо́ पत्र लिखने के लिए समय निकालना ।

у́дочка (स्त्री०) मछलियाँ पकड़ने की छड़ी ।

удра́ть दे० удира́ть.

удружи́ть (पू०) १. भला करना ; २. (मूर्खता से किसीको) हानि पहुँचाना ।

удруч‖а́ть (अपू०), **удручи́ть** (पू०) १. (किसी पर) शोक, चिन्ता आदि का भार डालना ; दबाना ; он —ён забо́тами वह चिन्ताओं के भार से दबा पड़ा है ; २. आकुल करना ; शोकाकुल करना ; शोकमग्न करना ; **—ённость** (स्त्री०) १. (शोक, चिन्ता आदि का) भार ; २. शोक ; शोकाकुलता ; **—ённый** (वि०) १. (चिन्ता आदि के) भार से दबा हुआ ; २. शोकाकुल ।

удуша́ть (अपू०), **удуши́ть** (पू०) गला घोंटना ; दम घोंटना ।

удуше́ние (नपुं०) गला घोंटने की क्रिया ।

удуши́ть दे० удуша́ть.

уду́шлив‖ый (वि०) श्वास-अवरोधी ; दम घोंटनेवाला ; —ые га́зы दमघोट गैसें ।

уду́шье (नपुं०) दमा ।

уедин‖е́ние (नपुं०) एकान्त ; अकेलापन ; निर्जनता ; **—ённо** (क्रि० वि०) एकान्त में ; अकेले ; жить —ённо अकेले रहना ; एकान्त में

रहना ; **—ённость** (स्त्री०) एकान्त ; अकेलापन ; निर्जनता ; **—ённый** : १. уединя́ть से कृदन्त ; २. एकान्त ; अकेला ; निर्जन ।

уединя́ть (अपू०), **уедини́ть** (पू०) (समूह से) अलग करना ; पृथक् करना ; **—ся** (आत्म०) अलग होना ।

уе́зд (पुं०) ज़िला ; **—ный** (वि०) ज़िले का ।

уезжа́ть (अपू०), **уе́хать** (पू०) (भवि० уе́ду, уе́дешь) चले जाना ; प्रस्थान करना ।

уж -I (पुं०) एक प्रकार का विषहीन साँप ।

уж -II (क्रि० वि०) १. = уже́ ; २. सचमुच ; विश्वास कीजिए ; уж он всё узна́ет विश्वास कीजिए, वह सब-कुछ जान लेगा ; уж я не зна́ю सचमुच, मुझे पता नहीं ।

ужа́лить दे० жа́лить.

ужа́риваться (आत्म० अपू०), **ужа́риться** (आत्म० पू०) १. खूब भुनना ; २. भुन जाने से वज़न में कम हो जाना ।

у́жас (पुं०) १. त्रास ; भय ; आतंक ; приводи́ть, поверга́ть в у. भयभीत करना/आतंकित करना ; объя́тый —ом भयभीत/त्रस्त ; २. विभीषिका ; —ы войны́ युद्ध की विभीषिकाएँ ; ३. (क्रि० वि०) भयंकर/भीषण रूप से ; у. как хо́лодно भीषण/कड़ाके की सर्दी है ।

ужаса́ть (अपू०), **ужасну́ть** (पू०) भयभीत/त्रस्त करना ; डराना ; **—ся** (आत्म०) त्रस्त/भयभीत होना ; डरना ।

ужа́сно (क्रि० वि०) भयंकर रूप से ; भय से ।

ужасну́ть दे० ужаса́ть.

ужа́сный (वि०) भयंकर ; भयानक ; भयावह ; भीषण ; у. вид भयंकर दृश्य ।

у́же : у́зкий और у́зко का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

уже́ (क्रि० वि०) पहले से ही ; अब ; у. 12 часо́в बारह बज भी चुके हैं ; он у. ко́нчил рабо́ту वह काम समाप्त भी कर चुका है ; у. давно́ बहुत देर हुई ; он у. не ребёнок वह अब बच्चा नहीं ।

уже́ли, уже́ль (क्रि० वि०) = неуже́ли.

уже́ние (नपुं०) (काँटे से) मछलियाँ पकड़ने की क्रिया ।

ужива́ться (आत्म० अपू०), **ужи́ться** (आत्म० पू०) (भवि० уживу́сь, уживи́шься) मिल-जुलकर रहना ; मेल-मिलाप से रहना ; они́ не ужили́сь वे मिल-जुलकर न रह सके ।

ужи́вчив||ость (स्त्री०) मिल-जुलकर/मेल-मिलाप से रहने की भावना ; **—ый** (वि०) मिलनसार ; मिल-जुलकर रहनेवाला ।

ужи́мка (स्त्री०) (बहुधा बहु०) चेहरा बिगाड़ना ; मुँह बनाना ।

у́жин (पुं०) ब्यालू ; रात्रि का भोजन ।

у́жинать (अपू०), **по—** (पू०) ब्यालू/रात्रि का भोजन करना ।

ужи́ться दे० ужива́ться.

узаконе́ние (नपुं०) १. वैध करण ; वैध रूप देने की क्रिया ; विधि के अनुकूल करने की क्रिया ; जायज़ करना ; २. संविधि ; क़ानून ।

узако́нивать (अपू०), **узако́нить** (पू०) विधि-संगत करना ; विध्यनुकूल बनाना ; क़ानून के अनुरूप बनाना ।

узаконя́ть = узако́нивать.

узда́ (स्त्री०) लगाम ।

узде́чка (स्त्री०) узда́ का अल्प० ।

уздцы́ (बहु०) держа́ть ло́шадь под у. घोड़े की लगाम पकड़ना ।

у́зел -I. (पुं०) १. गाँठ ; завя́зывать у. गाँठ लगाना ; развя́зывать у. गाँठ खोलना ; २. у. свя́зи संकेत/सिगनल-दफ़्तर ; संकेत/सिगनल-केन्द्र ; у. доро́г सड़कों का संगम ; ३. गठरी ; बंडल ; ४. (वन०) पर्ण-ग्रन्थि ; ५. (टेक०) संग्रह ; ☐ разруби́ть го́рдиев у. गुत्थी सुलझाना ; जटिल समस्या हल करना ।

у́зел -II. (नौचालन०) नॉट (जहाज़ की रफ़्तार की नाप) ।

узело́к (पुं०) १. छोटी गाँठ ; ग्रन्थि या गिरह ; २. छोटी गठरी ; बंडल ।

у́зк||ий (वि०) तंग ; कसा हुआ ; संकुचित ; संकीर्ण ; —ие взгля́ды संकुचित विचार ; у. челове́к संकुचित-हृदय मनुष्य ।

у́зко (क्रि० वि०) कसकर ; संकुचित रीति से ।

узкова́тый (वि०) कुछ तंग ; तंग-सा ; कुछ कसा हुआ ।

узкоколе́йный (वि०) (रेल-पथ) छोटी पटरी का ।

узколо́бый (वि०) संकुचित-ललाट ; तंगपेशानी-वाला ।

узкоспециа́льный (वि०) उच्चकोटि का विशेषज्ञ ।

узлова́тый (वि०) गँठीला ; ग्रन्थिल ; गांठदार ।

узлов||о́й (वि०) १. मुख्य ; у. вопро́с मुख्य प्रश्न ; २. —а́я ста́нция रेलवे जंकशन ; ३. गाँठ का ; ग्रन्थिल ।

узнава́ть (अपू०), **узна́ть** (पू०) (वर्त० узнаю́, узнаёшь ; भवि० узна́ю, узна́ешь) १. पहचानना ; он узна́л меня́ по го́лосу उसने मुझे आवाज़ से पहचान लिया ; २. (सूचनाएँ) प्राप्त करना ; ३. पूछना ; पता लगाना ; узна́йте по телефо́ну, когда́ нача́ло спекта́кля टेलीफ़ोन पर पूछिए कि खेल कब आरम्भ हो रहा है ; ४. परिचय प्राप्त करना ; जानना ; тепе́рь он её лу́чше узна́л अब वह (पुरुष/बालक) उस (स्त्री/बालिका) को अच्छी तरह जान गया है ।

у́зник (पुं०), **у́зница** (स्त्री०) बन्दी ; क़ैदी ।

узо́р (पुं०) नमूना ; —ы для выши́вания कढ़ाई के नमूने ।

у́зость (स्त्री०) संकुचितता ; संकीर्णता ।

узре́ть (पू०) देखना ; आभास पाना ।

узурп||а́тор (पुं०) अपहर्ता ; **—а́ция** (स्त्री०) अपहरण ; बलाद्ग्रहण ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) अपहरण करना ; बलाद्ग्रहण करना ।

у́зус (पुं०) (क़ानून-सम्बन्धी) परम्परा ; प्रयोग ।

у́зы (बहु०) बन्धन ; у. дру́жбы मित्रता के बन्धन ।

у́йма (स्त्री०) (केवल एकवचन) अपार ; ढेरों ; बहुत-सारा ।

уйти́ दे० уходи́ть.

ука́з (पुं०) आदेश ; हुक्म ।

указа́ни||е (नपुं०) १. संकेत ; २. अनुदेश, निर्देश ; дава́ть —я अनुदेश देना ।

указа́тель (पुं०) १. (पुस्तक में) अनुक्रमणिका ; सूची ; २. железнодоро́жный у. (रेलों की) समय-सारिणी ; у. абоне́нтов телефо́нной се́ти टेलीफ़ोन-दर्शिका ; ३. संकेतक ; दर्शी ; मापी ; मीटर ; у. ско́рости वेगमापी ; रफ़्तार-मापी ; **—ный** (वि०) दर्शानेवाला ; निर्देशक ; —ный па́лец दे० па́лец.

указа́ть दे० ука́зывать.

ука́зк||а (स्त्री०) आदेश ; हुक्म ; по чьей-л. —е किसीके आदेश से ।

ука́зч||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) : он мне не у. वह मेरा अफ़सर नहीं है ।

ука́зывать (अपू०), **указа́ть** (पू०) (भवि० укажу́, ука́жешь) १. दिखाना ; दर्शाना ; у. доро́гу रास्ता दिखाना ; २. (-की ओर) निर्देश करना ; ३. बताना ; указа́ть, как вы́полнить рабо́ту बताइए काम कैसे पूरा किया जाय ; ☐ указа́ть кому́-л. на дверь किसीको जाने का रास्ता दिखाना ।

украу́лить (पू०) पहरा देना ; रखवाली करना ।

уката́ть दे० ука́тывать-I.

укати́ть दे० ука́тывать-II.

укати́ться दे० ука́тываться.

ука́тка (स्त्री०) बेलन या रोलर फेरने की क्रिया ।

ука́тывать -I (अपू०), **уката́ть** (पू०) बेलन फेरना ; रोलर फेरना ; у. доро́гу सड़क पर बेलन या रोलर फेरना ।

ука́тывать -II (अपू०), **укати́ть** (पू०) (भवि० укачу́, укати́шь) १. (गोले, गेंद आदि को) लुढ़का देना ; २. (गाड़ी आदि में) ले जाना ।

ука́тываться (आत्म० अपू०), **укати́ться** (आत्म० पू०) (गाड़ी आदि में) चले जाना ।

ука́чивать (अपू०), **укача́ть** (पू०) १. झूला झुलाकर सुलाना ; २. (कर्तृ-निपेक्ष)

укача́ло (पोत आदि के हिचकोले खाने से) उसका जी मतला गया ।

укипа́ть (अपू०), **укипе́ть** (पू०) (भवि० укиплю́, укипи́шь) उबलकर कम हो जाना ; в ча́йнике вода́ укипе́ла наполови́ну चाय का पानी उबलकर आधा रह गया है ।

укла́д (पुं०) у. жи́зни जीवन-पद्धति ।

укла́дка (स्त्री०) ढेर लगाने/लादने की क्रिया ; क़रीने से लगाने की क्रिया ; रेल की पटरी बनाने की क्रिया ।

укла́дч||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) १. पैक करने/बाँधनेवाला/वाली ; २. रेल की पटरी बनानेवाला/वाली ।

укла́дывать (अपू०), **уложи́ть** (पू०) १. लिटाना ; у. в посте́ль बिस्तर पर लिटाना ; २. पैक करना ; बाँधना ; ३. (सामान आदि) लादना ; ढेर लगाना ; ४. (रेल की पटरी) बनाना ; ५. (जान से) मारना ; हत्या करना ।

укла́дываться (आत्म० अपू०), **уложи́ться, уле́чься** (आत्म० पू०) (уле́чься से уля́гусь, уля́жешься) (уложи́ться पू० के साथ) १. पैक करना ; सामान बाँधना ; (уложи́ться और уле́чься पू० के साथ) २. -में समाना/आना ; не всё укла́дывается в э́тот сунду́к इस सन्दूक़ में यह सब नहीं आयेगा ; э́то не укла́дывается в голове́ यह बात दिमाग़ में आना कठिन है ; ३. (уложи́ться पू० के साथ) (निश्चित सीमा में) रहना ; мо́жет ли он уложи́ться в 10 мину́т ? क्या उसके लिए दस मिनट पर्याप्त हैं ? ; ४. (уле́чься पू० के साथ) लेटना ; у. в посте́ль चारपाई पर लेटना ; ५. укла́дывать का कर्मवाच्य ।

укле́йка (स्त्री०) एक प्रकार की मछली ।

укло́н (पुं०) १. ढाल ; उतार ; ढलवान ; रुझान ; २. प्रवणता ; पक्षपात ; एकांगिता ; ३. विचलन ; मार्ग से हटना ।

уклоне́ние (नपुं०) विचलन ; (विषय से) हट जाना ; भटक जाना ; विषयान्तर करना ।

уклони́ться दे० уклоня́ться.

укло́нчив||о (क्रि० वि०) टालमटोल से ; टालने के लिए ; отвеча́ть у. टालमटोलवाला जवाब देना ; **—ость** (स्त्री०) टालने/टालमटोल करने की भावना ; **—ый** (वि०) टालनेवाला ; टालमटोल का ; छलयुक्त ।

уклоня́ться (आत्म० अपू०), **уклони́ться** (आत्म० पू०) पथभ्रष्ट होना ; टलना ; बचाव करना/बच निकलना ; (विषय से) विचलित होना/भटकना ; у. от боя युद्ध को टालना ; у. от уда́ра चोट बचाना ।

уклю́чина (स्त्री०) डाँडा/चप्पू लगाने का काँटा ।

укоко́шить (पू०) जान से मार देना ; वध करना ।

уко́л (पुं०) १. डंक ; गोदना ; नुकीली वस्तु से किया हुआ चिह्न ; २. इंजेक्शन ।

уколо́ть (पू०) चुभोना ; डंक मारना ; खुभोना ; у. ру́ку иго́лкой हाथ में सुई चुभोना ; **—ся** (आत्म० पू०) अपने सुई चुभोना ।

укомплекто́вывать (अपू०), **укомплектова́ть** (पू०) (—ту́ю) पूरा करना ; у. войско́вые ча́сти सेना की टुकड़ियाँ पूरी करना ; (सदस्य आदि) भर्ती करना ; **—ся** (आत्म०) १. पूरा होना ; सारे रिक्त स्थानों/पदों की भर्ती कर लेना ; २. укомплекто́вывать का कर्मवाच्य ।

уко́р (पुं०) धिक्कार ; भर्त्सना ; लानत-मलामत ।

укора́чивать (अपू०), **укороти́ть** (पू०) (भवि० укорочу́, укороти́шь) छोटा करना ; **—ся** (आत्म०) छोटा होना ; छोटा किया जाना ।

укорене́ние (नपुं०) जड़ लगाने या जड़ पकड़ने की क्रिया ।

укореня́ть (अपू०), **укорени́ть** (पू०) जड़ लगाना ; जड़ जमाना ; **—ся** (आत्म०) जड़ जमना ; जड़ पकड़ना ।

укори́зна (स्त्री०) धिक्कार ; भर्त्सना ; लानत-मलामत ।

укори́зненн||ый (वि०) भर्त्सनापूर्ण ; धिक्कारपूर्ण ; निन्दनीय ; —ые сло́ва भर्त्सनापूर्ण शब्द ; भर्त्सना के शब्द ।

укори́ть दे० укоря́ть.

укороти́ть दे० укора́чивать.

укоря́ть (अपू०), **укори́ть** (पू०) धिक्कारना; गाली देना; у. кого́-л. во лжи́ किसीको झूठ बोलने पर धिक्कारना।

укóс (पुं०) घास की फ़सल।

укра́дкой (क्रि० वि०) चोरी-चोरी; चुपके से।

украи́н||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) युक्रेन-निवासी/निवासिनी।

укра́сить(ся) दे० украша́ть(ся).

укра́сть दे० красть.

украша́ть (अपू०), **укра́сить** (पू०) (भवि० укра́шу, укра́сишь) सजाना; सुन्दर बनाना; у. фла́гами झंडों से सजाना; **—ся** (आत्म०) १. सजना; अपनेआप को सजाना; २. украша́ть का कर्मवाच्य।

украше́ние (नपुं०) १. अलंकरण; सजावट; २. अलंकार-प्रसाधन; सजावट का सामान।

укрепи́ть(ся) दे० укрепля́ть(ся).

укрепле́ние (नपुं०) १. सुदृढ़ बनाने की क्रिया; २. क़िलेबन्दी।

укрепля́ть (अपू०), **укрепи́ть** (पू०) (भवि० укреплю́, укрепи́шь) पक्का करना; सुदृढ़ करना; क़िलेबन्दी करना; **—ся** (आत्म०) १. पक्का होना; सुदृढ़ होना; अपनी स्थिति सुदृढ़ करना; २. укрепля́ть का कर्मवाच्य।

укро́мн||ый (वि०) एकान्त; —ое месте́чко एकान्त स्थान।

укро́п (पुं०) सोया की जाति का एक शाक।

укроти́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) सिधानेवाला/वाली; वश में करनेवाला/वाली; у. змей सँपेरा।

укроща́ть (अपू०), **укроти́ть** (पू०) (भवि० укрощу́, укроти́шь) वश में करना; पालतू बनाना; सिधाना; **—ся** (आत्म०) १. वश में होना; (क्रोध आदि) शान्त होना; २. укроща́ть का कर्मवाच्य।

укрупне́ние (नपुं०) संघनन; समेकन; विस्तारण; विशदीकरण; बढ़ाना।

укрупня́ть (अपू०), **укрупни́ть** (पू०) संघनित करना; समेकित करना; विस्तार देना; विशद करना; बढ़ाना; **—ся** (आत्म०) १. संघनित होना; समेकित होना; २. укрупня́ть का कर्मवाच्य।

укрыва́||ние (नपुं०) छिपाना; शरण देना; चोरी का माल लेने की क्रिया; **—тель** (पुं०), **—тельница** (स्त्री०) छिपानेवाला/वाली; अपराध छिपानेवाला/वाली; —тель кра́деного चोरी का माल लेनेवाला; **—тельство** (नपुं०) छिपाना; शरण देना; चोरी का माल लेने की क्रिया।

укрыва́ть (अपू०), **укры́ть** (पू०) (भवि० укро́ю, укро́ешь १. ढँकना; у. одея́лом कम्बल से ढँकना; २. आश्रय देना; छिपाना; चोरी का माल लेना; **—ся** (आत्म०) १. अपनेआप को ढँकना; २. आश्रय लेना; ३. नज़र से बचना; от него́ ничего́ не укро́ется उसकी नज़र से कुछ नहीं बचता; ४. укрыва́ть का कर्मवाच्य।

укры́тие (नपुं०) शरण; ओट; у. от огня́ गोलाबारी से ओट।

укры́ть(ся) दे० укрыва́ть(ся).

у́ксус (पुं०) सिरका; **—ница** (स्त्री०) सिरकेदानी।

уксуснoки́сл||ый (वि०): —ая соль (रस०) ऐसिटेट।

у́ксусн||ый (वि०) (रस०) ऐसिटिक; —ая кислота́ ऐसिटिक अम्ल।

уку́поривать (अपू०), **уку́порить** (पू०) १. = заку́поривать; гермети́чески у. मुहरबन्द करना; मुहर लगाना; २. बाँधना; पैक करना; लपेटना।

уку́порка (स्त्री०) १. डाट लगाने की क्रिया; гермети́ческая у. मुहरबन्द करना; २. बाँधने/पैक करने की क्रिया।

уку́с (पुं०) डंक; (कुत्ते आदि का) काटना; у. комара́ मच्छर का डंक।

укуси́||ть (पू०) (укушу́, уку́сишь) (कुत्ते

का) काट खाना ; डंक मारना ; одна́ соба́ка —ла мне ногу एक कुत्ते ने मेरी टाँग काट खायी ।

уку́тать(ся) दे० уку́тывать(ся).

уку́тывание (नपुं०) आवेष्टन ; लपेटने की क्रिया ।

уку́тывать (अपू०), **уку́тать** (पू०) लपेटना; ढँकना ; уку́тать ребёнка बच्चे को कपड़े में लपेटना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनेआप को ढँकना ; २. уку́тывать का कर्मवाच्य ।

ула́вливать (अपू०), **улови́ть** (पू०) (भवि० уловлю́, уло́вишь) पकड़ना ; улови́ть взгляд दृष्टि आकर्षित करना ; у. схо́дство किसीके सदृश होना ; अनुहारी होना ; у. смысл भाव को समझ लेना ; у. моме́нт अवसर से लाभ उठाना ; улови́ть удо́бный слу́чай सुअवसर से लाभ उठाना ।

ула́живать (अपू०), **ула́дить** (पू०) (भवि० ула́жу, ула́дишь) ठीक करना ; तय करना ; सुलझाना ; निपटाना ; फ़ैसला करना ; у. де́ло मामले को ठीक करना ; у. спо́рный вопро́с विवादास्पद प्रश्न हल करना ; **—ся** (आत्म०) ула́живать का कर्मवाच्य ।

ула́м||ывать (अपू०), **улома́ть** (पू०) (कठिनता से) मनाना ; его́ не улома́ешь उसको मनाना बड़ा कठिन है ।

ула́н (पुं०) (वर्दीवाला) घुड़सवार ; नेज़ेबाज़ ।

у́лей (पुं०) (मधुमक्खियों का) छत्ता ।

улепётывать (अपू०), **улепетну́ть** (पू०) दुम दबाकर भागना ; रफ़ूचक्कर होना ।

улет||а́ть (अपू०), **улете́ть** (पू०) (भवि० улечу́, улети́шь) उड़ जाना ; самолёт —е́л на се́вер वायुयान उत्तर की ओर उड़ गया ; бума́жка —е́ла со стола́ काग़ज़ मेज़ पर से उड़ गया ।

улету́чиваться (आत्म० अपू०), **улету́читься** (आत्म० पू०) (भाप बनकर) उड़ जाना ; камфора́ улету́чилось कपूर उड़ गया ।

уле́чься (आत्म० पू०) १. दे० укла́дываться २. (गर्द आदि का) दब जाना ; बैठ जाना ।

улизну́ть (पू०) खिसक जाना ; (आँख बचाकर) चले जाना ।

ули́к||а (स्त्री०) साक्ष्य ; गवाही ; прямы́е —и प्रत्यक्ष साक्ष्य ; ко́свенные —и परिस्थितिपरक साक्ष्य ।

ули́тка (स्त्री०) १. शम्बूक ; घोंघा ; २. कौक्लिया (कान के भीतर घोंघे के समान कोष्ठिका) ।

у́лиц||а (स्त्री०) सड़क ; на —е सड़क पर/बाहर ; он живёт на —е Го́рького в до́ме но́мер 10 वह गोर्की सड़क पर मकान नं० १० में रहता है ।

улича́ть (अपू०), **уличи́ть** (पू०) अपराधी सिद्ध करना ; у. кого́-л. во лжи किसीको झूठ बोलते पकड़ना ।

у́личн||ый (वि०) सड़क का; —ое движе́ние सड़क का यातायात ।

уло́в (पुं०) (मछलियों की) पकड़ी हुई मात्रा ।

улови́ть दे० ула́вливать.

уло́вка (स्त्री०) छल ; कपट ; चालाकी ; прибега́ть к ра́зным —м चालाकियों पर उतर आना ; धूर्तता पर उतर आना ।

уложе́ние (नपुं०) (विधि) संहिता ; कोड ।

уложи́ть(ся) दे० укла́дывать(ся).

улома́ть दे० ула́мывать.

у́лочка (स्त्री०) उपमार्ग ; छोटी सड़क ।

улуч||а́ть (अपू०), **улучи́ть** (पू०) (समय) निकालना ; (अवसर से) लाभ उठाना ; —и́ минутку एक मिनट दीजिए/एक मिनट का समय निकालिए ; —и́ть удо́бный слу́чай सुअवसर से लाभ उठाना ।

улучша́ть (अपू०), **улу́чшить** (पू०) बेहतर बनाना ; श्रेष्ठतर बनाना ; सुधारना ; у. рабо́ту काम सुधारना ; **—ся** (आत्म०) १. सुधरना ; ठीक होना ; अच्छा होना ; बेहतर होना ; его́ здоро́вье улу́чшилось उसका स्वास्थ्य सुधर गया ; пого́да улу́чшилась मौसम अच्छा हो गया ; २. улучша́ть का कर्मवाच्य ।

улучшéние (नपुं०) सुधार ; उन्नति ।

улýчшить दे० улучшáть.

улыбá||ться (आत्म० अपू०), **улыбнýться** (आत्म पू०) १. मुस्कराना ; २. अनुकूल होना ; पसन्द करना ; емý э́то не —ется यह उसको पसन्द नहीं ।

улы́бка (स्त्री०) मुस्कराहट ।

улыбнýться दे० улыбáться.

ультимáтум (पुं०) अन्तिम चेतावनी ; चुनौती ।

ультрамикроскóп (पुं०) अतिसूक्ष्मदर्शी ।

улюлю́кать (अपू०) (शिकार के पीछे) हाँका देना ; हँकारना ।

ум (पुं०) बुद्धि ; मन ; समझ ; человéк большóго умá अत्यन्त बुद्धिमान मनुष्य ; ☐ сходи́ть с умá पागल होना ; вы с умá сошли́ ? क्या आप पागल हो गये हैं ? ; своди́ть с умá पागल बनाना ; умá не приложý, ум за рáзум захóдит मेरी समझ में कुछ नहीं आता ; скóлько голóв - стóлько умóв जितने मुँह उतनी बातें ; у негó другóе на умé उसके मन में कुछ और है ; емý пришлó на ум उसको सूझा ; э́то не егó умá дéло यह उसकी समझ से बाहर की बात है ; счёт на умé मौखिक गणित/ज़बानी हिसाब ।

умалéние (नपुं०) अवमूल्यन ; क़द्र घटाने की क्रिया ; छोटा/कम करने की क्रिया ।

умали́ть(ся) दे० умаля́ть(ся).

умáлчивание (नपुं०) चुप्पी ; मौन ।

умáлчивать (अपू०), **умолчáть** (पू०) चुप होना ; मौन साधना ।

умаля́ть (अपू०), **умали́ть** (पू०) अवमूल्यन करना ; क़द्र घटाना ; कम करना ; घटाना ; у. дохóды आय कम करना ; у. значéние чегó-л. किसी वस्तु की महत्ता घटाना ।

умáсливать (अपू०), **умáслить** (पू०) १. (ख़ुशामद करके) फुसलाना ; बहकाना ; у. бáбушку दादी को फुसलाना ; २. (तेल आदि) चुपड़ना ; у. гóлову सिर पर तेल लगाना ।

умая́ть (पू०) थकाना ; **—ся** (आत्म० पू०) थकना ।

ýмбра (स्त्री०) अम्बर/केसरिया (एक प्रकार का पीला रंग) ।

умéлый (वि०) योग्य ; चतुर ; कुशल ; у. рабóтник कुशल कर्मचारी ।

умéнье (नपुं०) क्षमता ; योग्यता ; कुशलता ।

уменьшáть (अपू०), **уменьши́ть** (पू०) कम करना ; घटाना ; у. цéну मूल्य कम करना ; **—ся** (आत्म०) १. कम होना ; घटना ; २. уменьшáть का कर्मवाच्य ।

уменьши́тельный (वि०) अल्पार्थवाची ; ऊनवाचक ।

уменьши́ть(ся) दे० уменьшáть(ся).

умéренн||ость (स्त्री०) सौम्यता ; संयतता ; अनुग्रता ; समशीतोष्णता ; у. кли́мата जलवायु की समशीतोष्णता ; у. взгля́дов विचारों की संयतता/अनुग्रता ; **—ый** (वि०) सौम्य ; संयत ; अनुग्र ; समशीतोष्ण ; —ый климáт समशीतोष्ण जलवायु ; —ые взгля́ды संयत विचार ।

умерéть दे० умирáть.

умéрить दे० умеря́ть.

умертви́ть दे० умерщвля́ть.

умéрший : १. умирáть से कृदन्त ; २. (वि०) मृतक ।

умерщвля́ть (अपू०), **умертви́ть** (पू०) (भवि० умертвлю́, умертви́шь) हत्या करना ; वध करना ; मारना ; नष्ट करना ; у. насекóмых я́дом विष से कीड़े मारना ।

умеря́ть (अपू०), **умéрить** (पू०) सौम्य बनाना ; निग्रह करना ; रोकना ; संयत रखना ; у. гнев गुस्सा रोकना ; **—ся** (आत्म०) १. सौम्य बनना ; संयम में रहना ; २. умеря́ть का कर्मवाच्य ।

умести́ть(ся) दे० умещáть(ся).

умéстн||о (क्रि० वि०) उचित रूप से ; यथास्थान ; यथाकाल ; उचित स्थान पर ; **—ый** (वि०) उपयुक्त ; उचित ; उचित समय का ; उचित स्थान का ; э́тот расскáз вполнé умéстен इस कथा का वर्णन यहाँ सर्वथा उचित/उपयुक्त है ।

уме́||ть (अपू०) -सकना ; -जानना ; он не —ет чита́ть वह पढ़ नहीं सकता ; он не —ет де́лать э́того वह इसे करना नहीं जानता / वह यह नहीं कर सकता ।

умеща́ть (अपू०), **умести́ть** (पू०) (भवि० умещу́, умести́шь) स्थान निकालना ; रखना ; он не мо́жет умести́ть все ве́щи в этот чемода́н वह यह सब वस्तुएँ इस ट्रंक में नहीं रख सकता ; **—ся** (आत्म०) १. स्थान होना ; रखा जाना ; все го́сти умести́лись за сто́лом मेज़ पर सब अतिथियों के लिए स्थान था ; सब अतिथि मेज़ पर बैठ गये ; २. умеща́ть का कर्मवाच्य ।

уме́ючи (क्रि० वि०) कुशलता से ; चतुराई से ; समझदारी से ।

умил||е́ние (नपुं०) कोमल भावना ; **—ённый** (वि०) (कृदन्त और वि०) द्रवित ; द्रवीभूत ।

умили́тельн||ый (वि०) मर्मस्पर्शी ; करुण ; हृदयस्पर्शी ; हृदयद्रावक ; दिल पिघला देनेवाला ; —ое зре́лище हृदयस्पर्शी दृश्य ।

умили́ть(ся) दे० умиля́ть(ся).

уми́лостив||ить दे० умилостивля́ть ; **—ле́ние** (नपुं०) शमन/शान्त करने की क्रिया ।

умилостивля́ть (अपू०), **уми́лостивить** (पू०) (भवि० уми́лостивлю, уми́лостивишь) शमन करना ; शान्त करना ।

уми́льн||ость (स्त्री०) मिठास ; माधुर्य ; हृदयस्पर्शिता ; मर्मस्पर्शिता ; **—ый** (वि०) १. हृदयस्पर्शी ; मर्मस्पर्शी ; मीठा ; —ый го́лос मीठी आवाज़ ; २. सुशील ; शीलवन्त ; ३. अकारण हस्तक्षेप करनेवाला ।

умиля́ть (अपू०), **умили́ть** (पू०) (हृदय) स्पर्श करना ; छूना ; **—ся** (आत्म०) द्रवित होना ; प्रभावित होना ; हृदय पर प्रभाव पड़ना ।

умина́ть (अपू०), **умя́ть** (पू०) (भवि० умну́, умнёшь) १. आटा गूँधना ; २. पाँवों से रौंदना ; ३. पेट भरकर/अघाकर खाना ; **—ся** (आत्म०) умина́ть का कर्मवाच्य ।

умира́ние (नपुं०) मरण ।

умира́ть (अपू०), **умере́ть** (पू०) (भवि० умру́, умрёшь) मरना ; देहान्त होना ; он у́мер वह मर गया ; умере́ть сме́ртью геро́я वीरगति पाना ; умере́ть скоропости́жно अकस्मात् मृत्यु होना ; у. с го́лода भूख से मरना ।

умиротвор||е́ние (नपुं०) शमन/शान्त करने की क्रिया ; शान्तिस्थापन ; **—и́тель** (पुं०), **—и́тельница** (स्त्री०) शान्तिस्थापक/-स्थापिका ; सन्धि करानेवाला/वाली ।

умиротворя́ть (अपू०), **умиротвори́ть** (पू०) शान्ति स्थापित करना ; **—ся** (आत्म०) १. शान्त होना ; २. умиротворя́ть का कर्मवाच्य ।

умне́е : у́мный और умно́ का तर-प्रत्ययान्त-रूप ।

умне́ть (अपू०), **по—** (पू०) बुद्धिमान होना ।

у́мник (पुं०) चतुर व्यक्ति/बालक ; अच्छा बालक ।

у́мница (स्त्री०) १. चतुर या अच्छी लड़की ; २. (उभ०) अत्यन्त चतुर पुरुष/स्त्री ।

у́мничать (अपू०) अपनी बुद्धि का प्रदर्शन करना ; बाल की खाल निकालना ; फ़िलासफ़ी झाड़ना ।

умно́ (क्रि० वि०) बुद्धिमत्ता से ; चालाकी से ।

умножа́ть (अपू०), **умно́жить** (पू०) १. बढ़ाना ; у. дохо́ды आय बढ़ाना ; у. си́лы शक्ति बढ़ाना ; २. (गणित) गुणा करना ; ज़रब देना ; **—ся** (आत्म०) १. बढ़ना ; २. умножа́ть का कर्मवाच्य ।

умноже́ние (नपुं०) १. वृद्धि ; बढ़ोतरी ; २. (गणित) गुणा ; ज़रब ।

умно́жить दे० умножа́ть और мно́жить ; **—ся** दे० умножа́ться.

умозаключ||а́ть (अपू०), **умозаключи́ть** (पू०) निष्कर्ष निकालना ; उपसंहार करना ; **—е́ние** (नपुं०) निष्कर्ष ; उपसंहार ; де́лать —ение निष्कर्ष निकालना ।

умозаключи́ть दे० умозаключа́ть.

умозрéние (नपुं०) चिन्तन ।

умозрúтельн||ость (स्त्री०) चिन्तनशीलता ; **—ый** (त्रि०) चिन्तनशील ; चिन्तनपरक ।

умоисступлéние (नपुं०) सन्निपात ; बेहोशी ।

умолúть (पू०) द्रवीभूत करना ; दिल पिघलाना ।

ýмолк (पुं०) без —у बिना चुप हुए/लगातार ; говорúть без —у लगातार बोलते रहना ।

умолкáть (अपू०), **умóлкнуть** (पू०) चुप होना ; он умóлк वह चुप हो गया ।

умолóт (पुं०) (केवल एकवचन) (अनाज की) उपज ।

умолчáние (नपुं०) १. चुप्पी ; मौन ; २. (साहित्य में) अनुल्लेख ।

умолчáть दे० умáлчивать.

умолять (अपू०) विनती करना ; अनुनय-विनय करना ।

умопомешáтельство (नपुं०) पागलपन ।

умопомрач||éние (नपुं०) (अस्थायी) पागलपन ; **—úтельный** (वि०) अद्भुत् ; विचित्र ; आश्चर्यजनक ; असाधारण ; это —úтельно यह आश्चर्यजनक/अद्भुत् है ।

умóра (स्त्री०) हास्य ।

уморúтельный (वि०) हास्यजनक ।

уморúть (पू०) १. मारना ; वध करना ; он её уморúт वह (पुरुष/बालक) उस (स्त्री/बालिका) को मार डालेगा ; २. थका देना ; ☐ у. сó смеху हँसा-हँसाकर मार डालना ; **—ся** (आत्म० पू०) बिल्कुल थक जाना ; थककर चूर हो जाना ।

ýмственн||ый (वि०) मानसिक ; बौद्धिक ; —ые спосóбности बौद्धिक शक्ति ; —ая рабóта मानसिक कार्य ।

ýмствование (नपुं०) तर्क ; बुद्धि-प्रदर्शन ।

ýмствовать (अपू०) (—ствую) तर्क करना ; बुद्धि का प्रदर्शन करना ।

умудрять (अपू०), **умудрúть** (पू०) बुद्धिमान बनाना ; óпыт умудрил егó अनुभव ने उसे बुद्धिमान बना दिया ; **—ся** (आत्म०) बुद्धिमान बनना ।

умч||áть (पू०) १. (वेग से) ले जाना ; трóйка —áла седóков (तीन घोड़ोंवाली) गाड़ी सवारियों को वेग से ले गयी ; २. (किसी सवारी पर वेग से) चले जाना ; всáдники —áлись в пóле घुड़सवार वेग से खेतों में से चले गये ।

умывáльн||ая (स्त्री०) (वि० रू०) हाथ-मुँह धोने का कमरा ; **—ик** (पुं०) हाथ-मुँह धोने का टब रखने की तिपाई ; **—ый** (वि०) (हाथ-मुँह) धोने का ; —ый прибóр हाथ-मुँह धोने का सामान ।

умывáни||е (नपुं०) (हाथ-मुँह) धोना ; प्रक्षालन ; для —я धोने के लिए ।

умывáть (अपू०), **умыть** (पू०) (भवि० умóю, умóешь) (हाथ-मुँह) धोना ; у. рýки हाथ धोना ; **—ся** (आत्म०) (अपने) हाथ-मुँह धोना ।

умыкáние (नपुं०) (किसी लड़की का) अपहरण ; भगा ले जाने की क्रिया ।

умыкáть (अपू०) (किसी लड़की का) अपहरण करना ; भगा ले जाना ।

ýмыс||ел (पुं०) मन्तव्य ; पूर्वयोजना ; इरादा ; с —лом जान-बूझकर/किसी विशेष उद्देश्य से ; злой у. बुरा इरादा ।

умы́слить दे० умышлять.

умы́ть(ся) दे० умывáть(ся).

умы́шленн||ость (स्त्री०) मन्तव्य ; पूर्वयोजना ; इरादा ; **—ый** १. умышлять से कृदन्त ; २. (वि०) पूर्वयोजित ; जान-बूझकर किया हुआ ।

умышлять (अपू०), **умы́слить** (पू०) (भवि० умы́шлю, умы́слишь) १. (-की) योजना बनाना ; मन्तव्य होना ; (-का) इरादा करना ; २. (на) -के विरुद्ध षड्यन्त्र रचना ।

умягчáть (अपू०), **умягчúть** (पू०) नर्म करना ।

умять(ся) दे० уминáть(ся).

унавáживать (अपू०), **унавóзить** (पू०)

(भवि० унавóжу, унавóзишь) (गोबर की) खाद डालना ; у. поля́ खेतों में खाद डालना ।

унасле́довать दे० сле́довать.

унести́(сь) दे० уноси́ть(ся).

универма́г (पुं०) (универса́льный магази́н) सामान्य भंडार ; बड़ा भंडार ।

универсали́зм (पुं०) विश्ववाद ; सार्वभौमवाद ।

универса́льн||ость (स्त्री०) विश्वव्यापकता ; सार्वभौमता ; **—ый** (वि०) विश्वव्यापी ; सार्वभौम ; व्यापक ; —ое образова́ние बहुमुखी शिक्षा ।

университе́т (पुं०) विश्वविद्यालय ; **—ский** (वि०) विश्वविद्यालय का ; —ское образова́ние विश्वविद्यालय की शिक्षा ।

унижа́ть (अपू०), **уни́зить** (पू०) (भवि० уни́жу, уни́зишь) नीचा दिखाना ; मानमर्दन करना ; घमंड तोड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने-आप को नीचे गिराना ; दीन होना ; २. унижа́ть का कर्मवाच्य ।

униж||е́ние (नपुं०) मानमर्दन ; नीचा दिखाने/घमंड तोड़ने की क्रिया ; **—ённость** (स्त्री०) नम्रता ; विनय ; दीनता ।

уни́женный १. унижа́ть से कृदन्त ; २. (वि०) दीन ।

унижённый = уни́женный.

униза́ть दे० уни́зывать.

унизи́тельн||ость (स्त्री०) नीचता ; **—ый** (वि०) अधम ; नीच ; —ый посту́пок नीचता का काम ।

уни́зить(ся) दे० унижа́ть(ся).

уни́з||ывать (अपू०), **униза́ть** (पू०) (भवि० унижу́, уни́жешь) ढँकना ; जड़ना ; मंडित करना ; у. пла́тье же́мчугом वस्त्रों पर मोती जड़ना ; не́бо бы́ло —ано звёздами आकाश तारों से मंडित था ।

уника́льный (वि०) अद्वितीय ; अनोखा ।

у́никум (पुं०) अद्वितीय ; अनोखा ।

унима́ть (अपू०), **уня́ть** (पू०) भवि० уйму́, уймёшь) १. शान्त करना ; चुप कराना ; уня́ть ребёнка बच्चे को चुप कराना ; २. रोक देना ; у. кровотече́ние из ра́ны घाव से खून बहना रोक देना ; **—ся** (आत्म०) १. शान्त होना ; (खून का बहना) बन्द होना ; २. унима́ть का कर्मवाच्य ।

унисо́н (पुं०) स्वरैक्य ; स्वर-सामंजस्य ।

унита́з (पुं०) टट्टी का कमोड ।

унита́рный (वि०) एकात्मक ।

унифика́ция (स्त्री०) एकीकरण ।

унифици́ровать (अपू० और पू०) (—рую) एकीकरण करना ।

уничижи́тельный (वि०) निकृष्टवाची ; बुरे अर्थवाला ।

уничтожа́ть (अपू०), **уничто́жить** (पू०) नष्ट करना ; बरबाद करना ; मिटा देना ; उन्मूलन करना ; ого́нь всё уничто́жил अग्नि ने सब-कुछ नष्ट कर दिया ; у. проти́вника शत्रु को मिटाना ; у. зло पाप का नाश करना ; у. ра́бство दासता का उन्मूलन करना ।

уничтожа́ющий १. уничтожа́ть से कृदन्त ; २. (वि०) विनाशक ; विध्वंसक ।

уничтоже́ние (नपुं०) विनाश ; विध्वंस ।

уничто́жить दे० уничтожа́ть.

у́ния (स्त्री०) संघ ।

уноси́ть (अपू०), **унести́** (पू०) (वर्त० уношу́, уно́сишь ; भवि० унесу́, унесёшь) ले जाना ; у. с собо́й अपने साथ ले जाना ; воображе́ние унесло́ его́ далеко́ उसकी कल्पना उसे दूर ले गयी ; **—ся** (आत्म०) वेग से चले जाना ; दूर चले जाना ; его́ мы́сли унесли́сь в про́шлое उसके विचार उसे अतीत में ले गये ।

у́нтер = унтер-офице́р.

унтер-офице́р (पुं०) अ-समादिष्ट अधिकारी (नॉन-कमिशंड अफ़सर) ।

у́нция (स्त्री०) औंस ।

уныва́||ть (अपू०) उत्साह खोना ; हिम्मत हारना ; निरुत्साहित होना ; निराश होना ; он ни́когда не —ет वह कभी हिम्मत नहीं हारता।

уны́л||о (क्रि० वि०) निराशापूर्वक ; खिन्न होकर ; हतोत्साह होकर ; **—ый** (वि०) अवसन्न ; निराश; हतोत्साह ; खिन्न।

уны́ние (नपुं०) अवसन्नता ; उत्साहहीनता ; खिन्नता : निराशा ; впасть в у. उत्साह खोना ; हिम्मत हारना।

уня́ть(ся) दे० унима́ть(ся).

упа́д (पुं०) до —у गिरने तक ; танцева́ть до —у तब तक नाचते रहना जब तक थककर चूर न हो जाये।

упа́док (पुं०) १. क्षय ; ह्रास ; अध:पतन ; गिरावट ; приходи́ть в у. ह्रास होने लगना ; २. у. сил नि:शक्त होना।

упа́дочничес||кий (वि०) क्षयशील ; पतनोन्मुख ; **—тво** (नपुं०) क्षय ; अध:पतन ; गिरावट।

упа́дочн||ый (वि०) अवसादकारी ; क्षयशील ; ह्रासशील ; पतनोन्मुख ; पतनशील ; —ое настрое́ние अवसाद।

упакова́ть(ся) दे० упако́вывать(ся).

упако́вка (स्त्री०) १. पैक करने की क्रिया ; बाँधने/लपेटने की क्रिया ; २. पैक करने का सामान ; बाँधने की सामग्री।

упако́вочный (वि०) पैक करने का ; बाँधने का ; у. материа́л पैक करने/बाँधने की सामग्री।

упако́вщ||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) पैक करनेवाला/वाली।

упако́вывать (अपू०), **упакова́ть** (पू०) (भवि० —ку́ю) पैक करना ; у. това́р सामान बाँधना/पैक करना ; बंडल बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपना सामान बाँधना/पैक करना ; २. упако́вывать का कर्मवाच्य।

упа́ривать (अपू०), **упа́рить** (पू०) भाप देना ; भाप द्वारा नर्म करना ; у. сви́ную ко́жу सूअर की खाल को भाप देकर नर्म करना ; **—ся** (आत्म०) १. पसीने से तरबतर होना ; २. упа́ривать का कर्मवाच्य।

упа́сть दे० па́дать.

упека́ть (अपू०), **упе́чь** (पू०) (भवि० упеку́, упечёшь) १. (रोटी आदि) हद से ज्यादा पकाना ; २. у. под суд मुक़दमा चलाना ; у. в тюрьму́ जेल में जाना।

упере́ть(ся) दे० упира́ть(ся).

упе́чь दे० упека́ть.

упива́ться (आत्म० अपू०), **упи́ться** (आत्म० पू०) (भवि० упью́сь, упьёшься) १. (तृप्त होने तक या नशा चढ़ने तक) पीना ; २. आनन्द लेना।

упира́ть (अपू०), **упере́ть** (पू०) (भवि० упру́, упрёшь) १. सहारा देना ; (-के सहारे) टेकना ; у. шест в сте́ну बाँस को दीवार के सहारे टेकना ; упере́ть глаза́ в кого́-л. किसी को घूरना/किसी की ओर आँखें फाड़-फाड़कर देखना ; २. चुराना ; ३. (केवल अपू०) -पर जोर देना ; **—ся** (आत्म०) १. सहारा लेना ; -के सहारे टेकना ; —ся ло́ктем в сте́ну कोहनी दीवार के सहारे टेकना ; २. सीधा होना ; शरीर सीधा करना ; ३. रुकावट का कारण होना ; весь вопро́с упира́ется в недоста́ток вре́мени सारा प्रश्न समय की कमी पर निर्भर/अवलम्बित है।

упи́сывать (अपू०), **написа́ть** (पू०) (भवि० упишу́, упи́шешь) १. लिखना ; у. письмо́ на одно́й страни́чке पत्र एक पृष्ठ पर लिख लेना ; २. पेट भरकर भोजन करना ; **—ся** (आत्म०) १. (पन्ने में) आ जाना/लिखा जाना ; २. упи́сывать का कर्मवाच्य।

упи́танн||ость (स्त्री०) सुपोषणता ; मुटापा ; **—ый** (वि०) सुपोषित ; अच्छी तरह पाला हुआ ; मोटा ; स्थूल।

упи́ться दे० упива́ться.

упла́та (स्त्री०) (केवल एकवचन) अदायगी ; भुगतान ; у. по ве́кселю हुंडी का भुगतान ; у. до́лга ऋण का भुगतान।

упла́чивать (अपू०), **уплати́ть** (पू०) (भवि० уплачу́, упла́тишь) अदा करना ;

भुगतान करना ; चुकाना ; у. долг ऋण चुकाना ; у. по счёту हिसाब चुकाना ; у. в рассро́чку क़िस्तों में अदा करना ।

уплести́ दे० уплета́ть.

уплета́ть, уплести́ = упи́сывать-२.

уплотне́ние (नपुं०) १. संघनन ; २. (चिकि०) अन्तःस्रवण ; भीतर रिस जाना ।

уплотня́ть (अपू०), **уплотни́ть** (पू०) १. घना करना ; у. рабо́чий день दिन के काम की अच्छी तरह योजना बनाना ; २. रिहाइशी क्षेत्र में कमी करना ; **—ся** (आत्म०) १. भिंचकर रहना ; अपने रिहाइश के स्थान में कमी करना ; २. уплотня́ть का कर्मवाच्य ।

уплыва́ть (अपू०), **уплы́ть** (पू०) (भवि० уплыву́, уплывёшь) तैर जाना ; (धन का) खर्च हो जाना ; (समय का) तेज़ी से बीत जाना ।

упова́ние (नपुं०) (दृढ़) आशा ; पूरा भरोसा ।

упова́ть (अपू०) (-पर) बड़ी-बड़ी आशाएँ रखना ; पूरा भरोसा रखना ।

упод́обить(ся) दे० уподобля́ть(ся).

уподобле́ние (नपुं०) १. सादृश्य ; २. (भाषा-विज्ञान) पाचन ; आत्मसात् करने की क्रिया ।

уподобля́ть (अपू०), **уподо́бить** (पू०) (भवि० уподо́блю, уподо́бишь) १. सदृश बनाना ; २. (भाषा-विज्ञान सम्बन्धी) पचाना ; आत्मसात् करना ; **—ся** (आत्म०) १. सदृश होना ; २. पच जाना ; आत्मसात् हो जाना ; ३. уподобля́ть का कर्मवाच्य ।

упое́ни||е (नपुं०) अपार हर्ष ; आनन्द ; быть в —и अति हर्षित होना ।

упои́тельн||ый (वि०) बहुत लुभावना ; परम आकर्षक ; मोहक ; —ая красота́ मोहक सौन्दर्य ।

уполза́ть (अपू०), **уползти́** (पू०) (भवि० уползу́, уползёшь) रेंगकर चले जाना ।

уполнома́чивать = уполномо́чивать

уполномо́чивать (अपू०), **уполномо́чить** (पू०) पूर्ण अधिकार देना ।

уполномо́чие (नपुं०) पूर्णाधिकार ।

уполномо́чить दे० уполномо́чивать.

упомина́ние (नपुं०) उल्लेख ; जिक्र ।

упомина́ть (अपू०), **упомяну́ть** (पू०) (-का) उल्लेख करना ; (-के बारे में) जिक्र करना ।

упомни́ть (पू०) स्मरण करना ; याद करना ।

упомяну́ть दे० упомина́ть.

упо́р (पुं०) सहारा ; आसरा ; टेक ; ☐ сказа́ть что-л. пря́мо в у. кому́-л. किसीके मुँह पर कुछ कहना ; смотре́ть в у. на кого́-л. किसीको घूरना/आँखें फाड़-फाड़कर देखना ।

упо́рный (वि०) दृढ़ ; आग्रही ; डटा रहनेवाला ; у. челове́к आग्रही मनुष्य ; у. ка́шель स्थायी खाँसी ; —ая борьба́ दृढ़ संघर्ष ।

упо́рствовать (अपू०) (—ствую) दृढ़ रहना ; डटे रहना ; आग्रह करना ; у. в свои́х требова́ниях अपनी माँगों पर दृढ़ रहना ।

упорхну́||ть (पू०) (फर-फर करके) उड़ जाना ; ла́сточка —ла चिड़िया उड़ गयी ।

упоря́дочение (नपुं०) व्यवस्थित करने या क्रम से रखने की क्रिया ।

упоря́дочить (पू०) सुव्यवस्थित करना ; क्रम में रखना ।

употреби́тельн||ость (स्त्री०) प्रयोग ; सामान्यता ; आवृत्ति ; **—ый** (वि०) सामान्य ; सामान्यतः प्रयुक्त/प्रचलित ; —ые выраже́ния सामान्यतः प्रयुक्त अभिव्यक्तियाँ ।

употреби́ть दे० употребля́ть.

употребле́ни||е (नपुं०) प्रयोग ; इस्तेमाल ; выходи́ть из —я अप्रचलित होना/लुप्तप्रयोग होना ; вводи́ть в у. प्रयोग में लाना/व्यवहार में लाना ; непра́вильное у. दुरुपयोग ; спо́соб —я प्रयोग-विधि ; सेवन-विधि ।

употреб||ля́ть (अपू०), **употреби́ть** (पू०) (भवि० употреблю́, употреби́шь) प्रयोग में लाना ; इस्तेमाल करना ; у. спиртные напи́тки शराब आदि पीना ; —и́ть во зло दुरुपयोग करना ; —и́ть два часа́ दो घंटे खर्च

करना ; —и́ть наси́лие अहिंसा का प्रयोग करना ; у. с по́льзой (-से) लाभ उठाना ।

употребля́ться (आत्म० अपू०) १. प्रयुक्त होना ; २. употребля́ть का कर्मवाच्य ।

упра́в||а (स्त्री०) १. (केवल एकवचन) न्याय ; иска́ть —ы न्याय माँगना ; २. मंडल ; बोर्ड ; городска́я у. नगर-परिषद् ।

управдо́м (управля́ющий до́мом) घर का प्रबन्धकर्ता ।

управи́тель (पुं०) सम्पत्ति का प्रबन्धकर्त्ता ; कारकुन ; कारिन्दा ।

управи́ться दे० управля́ться.

управле́ние (नपुं०) १. प्रशासन ; प्रबन्ध करने की क्रिया ; नियन्त्रण ; двойно́е у. द्वैध प्रशासन/दुराज ; у. огнём गोलाबारी का नियन्त्रण ; २. दफ़्तर ; प्रशासन ; मंडल ; निदेशालय ; ३. (वाद्यवृन्द आदि का) निर्देशन ; ४. (व्या०) समन्वय ।

управле́нческий (वि०) प्रशासनिक ; प्रशासन-सम्बन्धी ; प्रबन्ध-; प्रबन्ध-सम्बन्धी ।

управля́емый १. управля́ть से कृदन्त ; २. (वि०) गुब्बारा जो इच्छानुसार इधर-उधर उड़ाया जा सकता है ।

управля́ть (अपू०) १. प्रशासन करना ; नियन्त्रण करना ; प्रबन्ध करना ; २. (मशीन, मोटर आदि) चलाना ; ३. (व्या०) समन्वय करना ।

управля́ющий १. управля́ть से कृदन्त ; २. व्यवस्थापक ; मैनेजर ; प्रबन्धक ।

упражне́ние (नपुं०) अभ्यास ।

упражня́ть (अपू०) अभ्यास कराना ; **—ся** (आत्म०) अभ्यास करना ; —ся в му́зыке संगीत का अभ्यास करना ।

упраздне́ние (नपुं०) समापन ; मंसूख़ी ।

упраздня́ть (अपू०), **упраздни́ть** (पू०) समाप्त करना ; मंसूख़ करना ; बन्द कर देना ; у. учрежде́ние संस्था को बन्द कर देना ।

упра́шивать (अपू०), **упроси́ть** (पू०) (भवि० упрошу́, упро́сишь) १. प्रार्थना करके मनाना ; मनुहार करना ; наси́лу его́ упроси́ли आख़िर उसको मना लिया गया ।

упрева́ть (अपू०), **упре́ть** (पू०) १. सिझाना ; धीमी आँच पर अच्छी तरह पकाना ; २. पसीने से तरबतर होना ; ло́шадь упре́ла घोड़ा पसीने से तरबतर हो गया ।

упрежда́ть (अपू०), **упреди́ть** (पू०) (भवि० упрежу́, упреди́шь) पहले से ही जान लेना ; पेशबन्दी कर लेना ; у. проти́вника शत्रु की पेशबन्दी कर लेना ।

упрежде́ние (नपुं०) पहले से ही जानने की क्रिया ; पेशबन्दी करने की क्रिया ।

упрёк (पुं०) झाड़ ; फटकार ।

упрека́ть (अपू०), **упрекну́ть** (पू०) झाड़ना ; फटकारना ; बुरा-भला कहना ।

упре́ть दे० упрева́ть और преть.

упроси́ть दे० упра́шивать.

упрости́ть(ся) दे० упроща́ться.

упроче́ние (नपुं०) दृढ़ीकरण ; सुदृढ़ करने की क्रिया ।

упро́чивать (अपू०), **упро́чить** (पू०) सुदृढ़ करना ; मज़बूत करना ; он упро́чил своё положе́ние उसने अपनी स्थिति सुदृढ़ कर ली ; **—ся** (आत्म०) १. सुदृढ़ होना ; २. упро́чивать का कर्मवाच्य ।

упроща́ть (अपू०), **упрости́ть** (पू०) (भवि० упрощу́, упрости́шь) १. सरल बनाना ; सुगम बनाना ; у. зада́чу समस्या को सुगम बनाना ; २. कम करना ; **—ся** (आत्म०) १. सुगम होना ; у. смысл собы́тий घटनाओं की महत्ता को कम करना ; २. упроща́ть का कर्मवाच्य ।

упроще́нец (पुं०) भोला ; छिछला ।

упроще́ние (नपुं०) सरलीकरण ; सरल बनाने की क्रिया ।

упроще́н||ство, —чество (नपुं०) सरलतावाद ।

упру́г||ий (वि०) लचीला ; लचकदार ; नम्र ; —ая пружи́на लचकदार स्प्रिंग ; **—ость**

(स्त्री०) लचीलापन ; लचक ; नम्यता ; —ость пружи́ны स्प्रिंग की लचक ।

упря́жка (स्त्री०) एक साथ जोते हुए कई घोड़े ।

упряжн||о́й (वि०) जोतने का ; —а́я ло́шадь जोतने का घोड़ा ; गाड़ी का घोड़ा ।

у́пряжь (स्त्री०) (केवल एकवचन) (घोड़े आदि का) साज ।

упря́мец (पुं०) हठी ; ज़िद्दी ; अक्खड़ ।

упря́миться (आत्म० अपू०), **за—** (आत्म० पू०) (वर्त० упря́млюсь, упря́мишься) हठ करना ; ज़िद करना ; अक्खड़पन/हेकड़ी दिखाना ।

упря́мство (नपुं०) हठ ; ज़िद ; अक्खड़पन ।

упря́мствовать (अपू०) (—ствую) हठ करना ; ज़िद करना ; अक्खड़पन/हेकड़ी दिखाना ।

упря́мый (वि०) हठी ; ज़िद्दी ; अक्खड़ ।

упря́тывать (अपू०), **упря́тать** (पू०) (भवि० упря́чу, упря́чешь) छिपाना ; (जेल में) डालना ; у. в тюрьму́ जेल में डालना ; **—ся** (आत्म०) १. छिपना ; २. упря́тывать का कर्मवाच्य ।

упуска́ть (अपू०), **упусти́ть** (पू०) (भवि० упущу́, упу́стишь) १. छोड़ना ; упусти́ть коне́ц верёвки रस्सी का सिरा छोड़ना ; २. चूकना ; у. слу́чай अवसर से चूकना ।

упуще́ни||е (नपुं०) उपेक्षा ; प्रमाद ; भूल ; चूक ; —я по слу́жбе कर्तव्य-पालन में प्रमाद ।

упы́рь (पुं०) पिशाच जो रात को क़ब्र से उठकर सोते हुए मनुष्य का ख़ून पी लेता है ।

упятери́ть (पू०) पाँचगुना करना ।

ура́! (विस्मय०) जय ! जय ! ; हुर्रा !

уравне́ние (नपुं०) समानीकरण ; у. в права́х अधिकारों का समानीकरण ।

ядови́т||о (क्रि० वि०) विषैलेपन से ; दुर्भाव से ; **—ость** (स्त्री०) विषैलापन ; दुर्भाव ; **—ый** (वि०) विषैला ; ज़हरीला ; —ая змея́ विषैला साँप ।

ядрёный (वि०) (व्यक्ति) स्वस्थ ; पुष्ट ; ओजस्वी; (वायु) शक्तिप्रद ; स्वास्थ्यप्रद ।

я́дрица (स्त्री०) मोथा नामक अन्न (छिलका उतारा हुआ परन्तु पिसा हुआ नहीं) ।

ядро́ (नपुं०) १. (अखरोट आदि की) गिरी ; २. गूदा ; ३. सार ; मूल ; ४. गोला ।

я́зва (स्त्री०) फोड़ा ; नासूर ; морова́я я. प्लेग ।

я́звенный (वि०) नासूरवाला ।

язви́тельн||ость (स्त्री०) कटुता ; तीखापन ; **—ый** (वि०) कटु ; तीखा ।

язви́ть (अपू०), **съязви́ть** (पू०) (वर्त० язвлю́, язви́шь) १. डंक मारना ; २. ताना मारना ।

язы́к (पुं०) १. जिह्वा ; जीभ ; показа́ть я. (डाक्टर को) जीभ दिखाना ; २. भाषा ; ру́сский я. रूसी भाषा ; родно́й я. मातृभाषा ; разгово́рный я. बोलचाल की भाषा ; литерату́рный я. साहित्यिक भाषा ; ३. (घंटे का) लोलक ; ४. (सेना०) शिनाख़्त क़ैदी ; ☐ у него́ отнялся́ я. उसकी जीभ उसके क़ाबू में न रही/उसकी ज़बान बेलगाम हो गयी ; держа́ть я. за зуба́ми, прикуси́ть я. जीभ सँभालकर रखना ; э́то сло́во ве́ртится у меня́ на —е́ यह शब्द मेरी ज़बान पर आ रहा है ।

языкове́д (पुं०) भाषाविद् ; **—ение** (नपुं०) भाषा-विज्ञान ; **—ческий** (वि०) भाषाविज्ञान-सम्बन्धी ।

языкозна́ние = языкове́дение.

язы́чес||кий (वि०) विधर्मी ; **—тво** (नपुं०) विधर्मिता ।

язычко́вый (वि०) १. अतिजिह्वा (गले की घंटी)-सम्बन्धी ; २. नरकट का बना हुआ ; я. инструме́нт नरकट का बना हुआ वाद्ययन्त्र ।

язы́чный (वि०) जिह्वा/जीभ-सम्बन्धी ।

язычо́к (पुं०) १. язы́к का अल्प० ; २. अतिजिह्वा ; गले की घंटी ; ३. नरकट ।

язь (पुं०) एक प्रकार की मछली ।

я́ичко (नपुं०) १. छोटा अंडा ; २. अंडकोष ।

я́ичник (पुं०) अंडकोष ।

я́ичница (स्त्री०) अंडे का आमलेट ।

я́ичный (वि०) अंडे का ; я. желто́к अंडे की ज़र्दी ; я. порошо́к अंडे का पाउडर ।

я́йла́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) (क्रीमिया में) पहाड़ी चरागाह ।

яйце||ви́дный (वि०) अंडे के सदृश ; अंडाकार ; **—кладу́щий** (वि०) अंडा देनेवाला ; **—ро́дный** (वि०) अंडों से बच्चा पैदा करनेवाला ।

яйцо́ (नपुं०) अंडा ; डिम्भ ; डिम्ब ; स्त्रियों का अंडरज ; я. всмя́тку थोड़ा उबला हुआ अंडा ; я. в мешо́чек पोच अंडा ; я. вкруту́ю, круто́е я. पूरा उबला हुआ अंडा ; я́йца из-под ку́рицы बिल्कुल ताज़े अंडे ; ☐ я́йца ку́рицу не у́чат बूढ़े तोते राम-राम नहीं सीखते ।

як (पुं०) चामर ; सुरागाय ।

я́кобы (क्रि० वि०) मानो ; जैसे ; он я. всё по́нял जैसे उसने सब-कुछ समझ लिया हो ।

я́корный (वि०) (नौचालन०) लंगर का ।

якорце́пь (स्त्री०) (नौचालन०) लंगर डालने का लोहे का रस्सा या ज़ंजीर ।

я́корь (पुं०) (नौचालन०) लंगर ।

якша́ться (आत्म० अपू०) मेल-मिलाप करना ; मैत्री करना ।

я́лик (पुं०) छिछली नाव ; दो या चार चप्पुओं-वाली नाव ।

я́личник (पुं०) छोटी नाव चलानेवाला ।

я́лов||ость (स्त्री०) (कृषि-सम्बन्धी) बंजरपन ; खुश्की ; **—ый** (वि०) परती ; बंजर ; खुश्क ; —ая коро́ва सूखी गाय (ऐसी गाय जिसने दूध देना बन्द कर दिया हो) ।

я́ма (स्त्री०) गड्ढा ; ☐ рыть кому́-л. я́му किसीके लिए गड्ढा खोदना ; не рой друго́му я́мы, сам в неё попадёшь दूसरों के लिए गड्ढा मत खोदो, तुम स्वयं उसमें गिरोगे ।

яма́йский (वि०) जमाइका देश का ।

я́мка (स्त्री०) я́ма का अल्प० ।

я́мочка (स्त्री०) (गाल का) गड्ढा ।

ямщи́к (पुं०) कोचवान ।

янва́рский (वि०) जनवरी (मास) का ।

янва́рь (पुं०) जनवरी (मास) ।

янта́рный (दि०) १. अम्बर का ; २. अम्बरी (रंग) का ।

янта́рь (पुं॰) अम्बर।

япо́н||ец (पुं॰), **—ка** (स्त्री॰) जापान-निवासी/निवासिनी ; **—ский** (वि॰) जापानी ; —ский язы́к जापानी भाषा।

яр (पुं॰) (नदी का) ढलवाँ तट।

ярд (पुं॰) गज़।

яре́мн||ый (वि॰) : —ая ве́на ग्रीवाशिरा।

я́ркий (वि॰) चमकदार ; चटकदार ; я. цвет चटकदार रँग।

я́рко (क्रि॰ वि॰) चमक से ; दीप्त होकर।

ярлы́к, ярлычо́к (पुं॰) नामपत्र ; लेबल।

я́рмар||ка (स्त्री॰) मेला ; **—очный** (वि॰) मेले का।

ярмо́ (नपुं॰) (घोड़े आदि को जोतने का) जुआ।

я́ро (क्रि॰ वि॰) चाव से ; जोश से।

яров||о́й (वि॰) (कृषि-सम्बन्धी) वसन्त का ; —ы́е хлеба́ वसन्त का अनाज।

я́ростн||ый (वि॰) प्रचंड ;- तीव्र ; ज़ोरदार ; —ая ата́ка प्रचंड आक्रमण /ज़ोरदार हमला।

я́рост||ь (स्त्री॰) रोष ; क्रोध ; उग्रता ; आवेश ; привести́ в я. कुपित करना ; прийти́ в я. कुपित होना ; вне себя́ от —и गुस्से में आपे से बाहर।

я́рус (पुं॰) १. (नाटक-गृह में) वर्तुलाकार अलिन्द (अंग्रेज़ी—सर्कल) ; २. तह ; स्तर।

я́рый (वि॰) प्रचंड ; उत्कट।

я́сень (पुं॰) अखरोट की तरह का एक वृक्ष (अंग्रेज़ी—ऐश)।

я́сли (बहु॰) १. चरनी ; (पशुओं के लिए) चारे की नाँद ; २. दिन में बच्चों को सँभालने का स्थान जब उनके माँ-बाप काम में लगे होते हैं।

я́сно (क्रि॰ वि॰) १. स्पष्टता से ; स्पष्ट ; ко́ротко и я. संक्षिप्त और स्पष्ट ; я. говори́ть स्पष्ट बोलना ; (कर्तृ-निरपेक्ष) я. यह स्पष्ट है।

ясновидд||ение (नपुं॰) योग-दृष्टि ; परोक्ष तथा भविष्य देखने की शक्ति ; **—ец** (पुं॰) योगद्रष्टा ; **—ящий** (वि॰) योगबल से देखने की शक्ति सम्बन्धी।

я́сн||ость (स्त्री॰) स्पष्टता ; внести́ я. स्पष्ट करना ; **—ый** (वि॰) स्पष्ट ; साफ़।

я́ства (बहु॰) जीवनोपयोगी भोज्य पदार्थ ; पक्वान्न इत्यादि।

я́стреб (पुं॰) बाज़ ; **—ный** (वि॰) १. बाज़ का २. पैनी दृष्टिवाला।

ястребо́к (पुं॰) लड़ाकू वायुयान (फ़ाइटर)।

ять (पुं॰) : на я. खूब अच्छी तरह ; знать что-л. на ять किसी बात को अच्छी तरह जानना/पूर्ण ज्ञान होना।

я́хонт (पुं॰) लालमणि ; माणिक ; **—ный** (वि॰) लालमणि का ; माणिक का।

я́хта (स्त्री॰) एक प्रकार की नाव।

яче́йка (स्त्री॰) १. कोष्ठिका ; २. (जाल आदि की) कड़ी।

ячме́нн||ый (वि॰) जौ का ; я. отва́р जौ का पानी ; —ое зерно́ जौ।

ячме́нь (पुं॰) १. जौ ; २. गुहेरी ; आँख की बिलनी।

я́чнев||ый (वि॰) : —ая крупа́ जौ का महीन आटा।

я́шм||а (स्त्री॰) सूर्यकान्त मणि ; **—овый** (वि॰) सूर्यकान्त मणि का।

я́щер (पुं॰) मोर खानेवाला एक जन्तु।

я́щерица (स्त्री॰) एक प्रकार की छिपकली।

я́щик (पुं॰) १. डिब्बा ; बक्सा ; почто́вый я. पत्रपेटी/लेटरबक्स ; २. (मेज़ आदि की) दराज ; ☐ откла́дывать что-л. в до́лгий я. खटाई में डालना (अनिश्चित काल के लिए उठा रखना)।

я́щур (पुं॰) एक प्रकार का पशु-रोग।

भौगोलिक नाम

Австра́лия ऑस्ट्रेलिया ।
А́встрия ऑस्ट्रिया ।
Аддис-Абе́ба अदीस अबाबा ।
А́ден अदन ।
А́зия एशिया ।
Алба́ния अलबानिया ।
Алжи́р अल्जियर्स ।
Алжи́рия अल्जीरिया ।
Аля́ска अलास्का ।
Амстерда́м एम्स्टरडम ।
А́нглия इंगलैंड ।
Андама́нские о-ва́ अंदमान द्वीप ।
Анкара́ अंनक़रा ।
Ара́вия अरब ।
Аргенти́на अर्जेन्तीना ।
Атланти́ческий океа́н अटलांटिक महासागर ।
Афганиста́н अफ़ग़ानिस्तान ।
Афи́ны एथन्स ।
А́фрика अफ्रीक़ा ।
Бага́мские о-ва́ वहामा द्वीपसमूह ।
Багда́д वग़दाद ।
Бангко́к बैंगकॉक ।
Барбадо́с बारबेडोस ।
Бейру́т बेरुत ।
Белгра́д बेलग्राड ।
Белуджиста́н बलोचिस्तान ।
Белору́ссия बाइलोरूस, श्वेत रूस ।
Бе́льгия बेल्जियम ।
Бена́рас वाराणसी ।
Бенга́лия बंगाल ।
Берли́н बर्लिन ।
Берму́дские о-ва́ बरमूदा द्वीपसमूह ।
Берн बर्न
Би́рма बर्मा ।
Болга́рия बल्गेरिया ।
Боли́вия बोलिविया ।
Бомбе́й बम्बई ।
Бонн बॉन ।
Борне́о बोर्नियो ।
Брази́лия ब्राज़ील ।
Брамапу́тра ब्रह्मपुत्र ।
Брюссе́ль ब्रसेल्स ।
Будапе́шт बुडापेस्ट ।
Бута́н भूटान ।
Бухаре́ст बुख़ारेस्त ।
Буэ́нос-А́йрес बुआनोस आइरेज़ ।
Варша́ва वारसा ।
Вашингто́н वाशिंगटन ।
Великобрита́ния ग्रेट ब्रिटेन ।
Ве́ллингтон वेलिंग्टन ।
Ве́на वियना ।
Ве́нгрия हंगरी ।
Венесуэ́ла वेनीज़ुएला ।
Вест-И́ндия पश्चिमी-हिन्द द्वीपसमूह ।
Во́лга वोलगा ।
Вьетна́м वियतनाम ।
Гаа́га हेग ।
Гава́йские о-ва́ हवाई द्वीपसमूह ।
Гаи́ти हेती ।
Га́на घाना ।
Ганг गंगा ।
Гангто́к गंगतोक ।
Гватема́ла ग्वातेमाला ।
Гвиа́на गिआनी ।

Гену́я जेनोआ ।
Герма́ния जर्मनी ।
Гибралта́р जिब्राल्टर ।
Гимала́и हिमालय ।
Голла́ндия हालैंड ।
Гондура́с होंदरस ।
Гонко́нг हांगकांग ।
Гонолу́лу होनोलुलु ।
Гренла́ндия ग्रीनलैंड ।
Гре́ция यूनान ।
Гуа́м ग्वाम ।
Дака́р डाकार ।
Дама́ск दमिश्क ।
Да́ния डेन्मार्क ।
Де́ли दिल्ली ।
Джака́рта जकार्ता ।
Джибу́ти जिबूती ।
Доминика́нская Респу́блика, Респу́блика Сан-Доми́нго डोमिनिकन गणराज्य ।
Евро́па यूरोप ।
Еги́пет मिस्र ।
Золото́й Бе́рег गोल्ड कोस्ट ।
Иерусали́м यरूशलम ।
Изра́иль इसराईल ।
Инд सिन्धु (नदी) ।
Инди́йский океа́н हिन्द महासागर ।
И́ндия भारत ।
Индокита́й हिन्दचीन ।
Индоне́зия हिंदेशिया ।
Иорда́н जोर्दन ।
Ира́к ईराक़ ।
Ира́н ईरान ।
Ирла́ндия आयरलैंड दे॰ Эйре.
Исла́ндия आइसलैंड ।
Испа́ния स्पेन ।
Ита́лия इटली ।
Йеме́н यमन ।
Кабу́л काबुल ।
Каи́р काहिरा ।
Кальку́тта कलकत्ता ।
Камбо́джа कम्बोडिया ।
Камеру́н केमरून ।
Кана́да कनाडा ।
Канбе́рра कनबेरा ।
Кара́чи कराची ।
Кароли́нские о-ва́ करोलिन द्वीपसमूह ।
Катманду́ काठमांडू ।
Кашми́р काश्मीर ।
Ке́ния कीनिया ।
Кипр साइप्रस ।
Кита́й चीन ।
Коло́мбо कोलम्बो ।
Колу́мбия कोलम्बिया ।
Комо́рин мыс कुमारी अंतरीप, रास कुमारी ।
Ко́нго कांगो ।
Копенга́ген कोपनहागन ।
Коре́я कोरिया ।
Ко́рсика कॉर्सिका ।
Ко́ста-Ри́ка कोस्टा रिका ।
Крым क्रीमिया ।
Ку́ба कूबा ।
Лаккади́вские о-ва́ लक्कदीव द्वीपसमूह ।
Лао́с लाओस ।
Ленингра́д लेनिनग्राद ।
Либе́рия लाइबेरिया ।
Лива́н लबनान ।
Ли́вия लीबिया ।
Ли́ма लीमा ।
Лиссабо́н लिज़बन ।
Ло́ндон लन्दन ।
Люксембу́рг लक्समबर्ग ।
Мадага́скар मदग़ास्कर ।
Мадра́с मद्रास ।
Мадри́д मेड्रिड ।
Мала́йя मलय ।
Ма́льта माल्टा ।
Мани́ла मनीला ।

Мариа́нские о-ва́ मेरिआना द्वीपसमूह ।
Маро́кко मराकश ।
Мартини́ка मार्टिनिक ।
Марша́льские о-ва́ मार्शल द्वीपसमूह ।
Ме́кка मक्का ।
Ме́ксика मेक्सिको ।
Минск मिंस्क ।
Мозамби́к मोज़ाम्बिक ।
Мона́ко मोनाको ।
Монго́лия मंगोलिया ।
Монтевиде́о मॉन्तेविदेओ ।
Москва́ मास्को ।
Непа́л नेपाल ।
Ни́гер नाइजर ।
Ниге́рия नाइजीरिया ।
Нидерла́нды (Голла́ндия) नीदरलैंड्स ।
Никарагуа́ निकारागुआ ।
Никоба́рские о-ва́ निकोबार द्वीपसमूह ।
Нилги́ри नीलगिरी ।
Но́вая Гвине́я न्यू गिनी ।
Но́вая Зела́ндия न्यूज़ीलैंड ।
Но́вые Гибри́ды न्यू हेब्रिडिज ।
Норве́гия नॉर्वे ।
Нью-Йо́рк न्यूयार्क ।
Нью-Фаундле́нд न्यूफ़ाउन्डलैंड ।
Оркне́йские о-ва́ ऑर्कनी द्वीपसमूह ।
О́сло ओस्लो ।
Отта́ва ओटावा ।
Пакиста́н पाकिस्तान ।
Палести́на फ़िलस्तीन ।
Пана́ма पनामा ।
Панджа́б पंजाब ।
Парагва́й पाराग्वाई ।
Па́пуа पापुआ ।
Пари́ж पेरिस ।
Пеки́н पीकिंग ।
Пе́ру पेरू ।
По́льша पोलैंड ।
Португа́лия पुर्तगाल ।
Пра́га प्राग ।
Пхенья́н प्येंगयांग ।
Рангу́н रंगून ।
Ре́йкьявик रेक्याविक ।
Респу́блика Сан-Доми́нго दे॰
Доминика́нская Респу́блика.
Ри́га रीगा ।
Рим रोम ।
Ри́о де-Жане́йро रियो द जनेरिओ ।
Росси́я रूस ।
Румы́ния रूमानिया ।
Саа́р सार ।
Сальвадо́р साल्वादोर ।
Само́а सामोआ ।
Сан-Сальвадо́р सां साल्वादोर ।
Сант-Я́го सन्तियागो ।
Сарди́ния सार्दीनिया ।
Сау́довская Ара́вия सऊदी अरब ।
Саха́ра सहारा ।
Свято́й Еле́ны (о́стров) सेन्ट हेलेना ।
Севасто́поль सेवास्तोपोल ।
Се́верная Аме́рика उत्तरी अमरीका ।
Сеу́л सिऊल ।
Сиби́рь साइबेरिया ।
Сикки́м सिक्किम ।
Сингапу́р सिंगापुर ।
Си́рия सीरिया ।
Сици́лия सिसिली ।
Соединённые Шта́ты Аме́рики संयुक्त राज्य अमरीका ।
Соломо́новы о-ва́ सुलेमान द्वीपसमूह ।
Сомали́ सोमालीदेश ।
Софи́я सोफ़िया ।
Сою́з Сове́тских Социалисти́ческих Респу́блик (СССР) सोवियत समाजवादी गणराज्य संघ ।
Средизе́мное мо́ре भूमध्य सागर ।
Сталингра́д स्तालिनग्राद ।
Стамбу́л इस्तंबूल ।

Стокго́льм स्टॉकहोम ।

Суда́н सूडान ।

Сума́тра सुमात्रा ।

Суэ́цкий кана́л स्वेज़ नहर ।

Таила́нд थाईदेश ।

Тайва́нь ताइवान ।

Танже́р तानजिएर ।

Тасма́ния ताज़मानिया ।

Ташке́нт ताशकंद ।

Тегера́н तेहरान ।

Тибе́т तिब्बत ।

Тира́на तिराना ।

Ти́хий океа́н प्रशान्त महासागर ।

То́кио टोकियो ।

Трие́ст त्रीस्त ।

Три́поли त्रीपोली ।

Туни́с तूनिस ।

Ту́рция तुर्की ।

Уга́нда उगान्दा ।

Украи́на यूक्रेन ।

Ула́н-Ба́тор उलान बातोर ।

Урагва́й उरुग्वाई ।

Фалькле́ндские о-ва́ फॉकलैंड द्वीपसमूह ।

Фи́джи о-ва́ फिजी द्वीपसमूह ।

Филиппи́нские о-ва́ फ़िलिपीन द्वीपसमूह ।

Финля́ндия फ़िनलैंड ।

Формо́за फ़ारमोसा ।

Фра́нция फ्रांस ।

Ха́йберский перева́л दर्रा ख़ैबर ।

Хано́й हनोइ ।

Хе́льсинки हेलसिंकी ।

Цейло́н श्रीलंका ।

Це́лебес सेलेबेज़ ।

Чёрное мо́ре कृष्ण सागर ।

Чехослова́кия चेकोस्लोवाकिया ।

Чика́го शिकागो ।

Чи́ли चिली ।

Швейца́рия स्विट्ज़रलैंड ।

Шве́ция स्वीडन ।

Шетла́ндские о-ва́ शेटलैंड द्वीपसमूह ।

Шотла́ндия स्कॉटलैंड ।

Э́динбург एडिनबरा ।

Эквадо́р एक्वादोर ।

Э́йре आयर ; दे० Ирла́ндия.

Эфио́пия इथियोपिया ।

Югосла́вия युगोस्लाविया ।

Ю́жная Аме́рика दक्षिण अमरीका ।

Ю́жно-Африка́нский Сою́з दक्षिण अफ़्रीका संघ ।

Я́ва जावा ।

Яма́йка जमेका ।

Япо́ния जापान ।

परिशिष्ट

रूसी भाषा का संक्षिप्त व्याकरण

गोतफ्रिद गेर्मनि ने लिखा है "Duae res longe sunt difficillimae—lexicon scribere et grammaticam अर्थात् दो काम विशेष रूप से कठिन हैं—शब्दकोश-निर्माण और व्याकरण लिखना। रूसी शब्दकोश का संकलन और सम्पादन करने का जो प्रयास मैंने किया है वह पाठकों के सामने है। रूसी भाषा को समझने और शब्दों का समुचित रूप से प्रयोग करने के लिए इस भाषा के व्याकरण का साधारण ज्ञान आवश्यक है। इसलिए पाठकों के सामने रूसी भाषा के व्याकरण की स्थूल रूप-रेखा प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहा हूँ।

वीर राजेन्द्र ऋषि

रूसी वर्णमाला

क्रम संख्या	छपाई में अक्षर		उच्चारण	ध्वनि जैसे इन शब्दों में	अक्षरों के नाम
१.	А	а	आ	आदमी	आ
२.	Б	б	ब	बकरी	बे
३.	В	в	व	वकील	वे
४.	Г	г	ग	गमला	गे
५.	Д	д	द	दही	दे
६.	Е	е	ये	येन	ये
७.	Ё	ё	यो	योगी	यो
८.	Ж	ж	झ़	दे० पृष्ठ ९०१	झ़े (ज़्हे)
९.	З	з	ज़	ज़मीन	ज़े
१०.	И	и	ई	ईख	ई
११.	Й	й	य	उपाय	इ-क्रातकोय
१२.	К	к	क	कमल	का
१३.	Л	л	ल	लड़का	एल
१४.	М	м	म	मछली	एम
१५.	Н	н	न	नदी	एन
१६.	О	о	ओ	ओस	ओ
१७.	П	п	प	पगड़ी	पे
१८.	Р	р	र	रूस	एर
१९.	С	с	स	सड़क	एस
२०.	Т	т	त	तलवार	ते (रूसी भाषा में 'ट' नहीं है)
२१.	У	у	उ	उल्लू	उ
२२.	Ф	ф	फ़	फ़कीर	एफ़
२३.	Х	х	ख	खरगोश	खा
२४.	Ц	ц	त्स	वत्स	त्से
२५.	Ч	ч	च	चन्द्रमा	चे
२६.	Ш	ш	श	शक्कर	शा
२७.	Щ	щ	श्च	पश्चात्ताप	श्चा
२८.	Ъ	ъ	मूक अक्षर	दे० पृष्ठ ९००	त्व्योर्दी ज़्नाक (कठोर चिह्न)
२९.	Ы	ы	उइ	दे० पृष्ठ ९००	—
३०.	Ь	ь	मूक अक्षर	दे० पृष्ठ ९००	म्याग्की ज़्नाक (कोमल चिह्न)
३१.	Э	э	ए	एक	ए
३२.	Ю	ю	यू	सरयू	यू
३३.	Я	я	या	यात्रा	या

नोट : १. अक्षर й और ы शब्दों के शुरू में बहुत कम आते हैं।

२. अक्षर ъ और ь शब्दों के शुरू में कभी नहीं आते।

ध्वनि

स्वर

रूसी स्वरों का उच्चारण इस प्रकार होता है :—

कठोर :

a —	जैसे 'आदमी' और 'आकाश' में 'आ' का।
э —	जैसे 'ऐनक' और 'ऐसा' में "ऐ" का।
o —	जैसे 'बॉल' और पॉट' में 'ऑ' का (इसके उच्चारण में ओठ गोल करके बाहर को निकाले जाते हैं)। इसका उच्चारण बँगला भाषा के 'অ' अक्षर की भाँति किया जाता है। (दे० पृष्ठ ९०३ पर 'स्वराघात' का अन्तिम पैरा)।
ы —	इस ध्वनि को हिन्दी में व्यक्त करना असम्भव है परन्तु यह कहा जा सकता है कि इस अक्षर की ध्वनि 'इमली' 'इस' आदि शब्दों में हिन्दी की ध्वनि 'इ' के ही निकट है। इस ध्वनि के उच्चारण के लिए जीभ का पृष्ठ भाग भी ऊपर उठता है।
у —	जैसे 'उ' का, परन्तु 'उ' जितना ह्रस्व नहीं और 'ऊ' जितना दीर्घ नहीं। (इसके उच्चारण में ओठ गोल करके बाहर को निकाले जाते हैं)।
и —	इसकी ध्वनि न तो 'इमली' की 'इ' जितनी ह्रस्व होती है और न 'ईख' की 'ई' जितनी दीर्घ।

अर्धस्वर :

й —	वास्तव में यह अक्षर व्यंजन है परन्तु कुछ पाठ्य पुस्तकों में इसे अर्धस्वर भी कहा जाता है। इसकी ध्वनि तालस्ताय में 'य' की भाँति होती है।

कोमल :

я —	'यात्रा' में 'या' जैसा।
е —	'येन' में 'ये' जैसा।
ё —	'योगी' में 'यो' जैसा।
ю —	'सरयू' में 'यू' जैसा।

я, е, ё, ю अक्षरों का उच्चारण स्वरों के साथ й की ध्वनि 'य' के संयोजन के समान होता है : (йа, йэ, йо, йу)। यह संयोजन या तो शब्द के अन्त में होता है या अन्य स्वरों के बाद होता है, जैसे я пою́ में गाता/गाती हूँ। ये अक्षर व्यंजनों की कोमलता को इंगित करते हैं, जैसे не́бо (आकाश), лю́ди (लोग)।

मूक अक्षर

रूसी वर्णमाला में दो अक्षरों ь (कोमल चिह्न) और ъ (कठोर चिह्न) का उच्चारण नहीं होता। ь (कोमल चिह्न) व्यंजनों की कोम्लता व्यक्त करने के लिए प्रयोग में लाया जाता है। जैसे мать

(मात्य्) इसमें 'त' अक्षर कोमल हो गया है। इसी प्रकार। केवल व्यंजन की कोमलता को इंगित करने के लिए ही नहीं बल्कि शब्द के मूल में विभाजक चिह्न के रूप में भी प्रयुक्त होता है, जैसे семья́ (परिवार)। अक्षर ъ मुख्यत: я, е, ё, ю अक्षरों से पहले लगाये गये उपसर्गों के बाद प्रयुक्त होता है, जैसे съезд.

अक्षर ь और ъ शब्दों के आरम्भ में कभी नहीं आते।

व्यंजन

б, п, в, ф, д, т, з, с, м, н, л, р, г, к, х उच्चारण की विधि के अनुसार इन सबको कठोर व्यंजन कहा जाता है। इनके उच्चारण बहुत साधारण हैं जो वर्णमाला में दे दिये गये हैं।

इन कठोर रूसी व्यंजनों में से हर एक के अनुरूप एक कोमल व्यंजन होता है। कोमल व्यंजन शब्द के अन्त में आ सकते हैं या किसी अन्य व्यंजन के पहले आ सकते हैं। ऐसी दशा में उनकी कोमलता अक्षर ь द्वारा इंगित की जाती है जिसे 'म्याग्की ज़्नाक' अर्थात कोमल चिह्न कहते हैं, जैसे мать (मात्य्)। हिन्दी भाषा में कठोर और कोमल व्यंजनों के इस प्रकार के जोड़े नहीं होते। 'तास्' के 'त' और 'मात्य्' के कोमल 'त्' से इन दोनों में अन्तर का आभास हो सकता है।

ж का उच्चारण कुछ 'ज़्ह' जैसा होता है। हिन्दी में इस ध्वनि का कोई अक्षर नहीं। अंग्रेज़ी भाषा में *pleasure* और *measure* आदि शब्दों में इस ध्वनि का अनुमान लगाया जा सकता है। दक्षिण भारत की भाषा तामिल के अक्षर ழ और उर्दू भाषा के अक्षर ژ की ध्वनि इससे मिलती है।

ш का उच्चारण 'शब्द' में अक्षर 'श' जैसा होता है।

щ का उच्चारण शब्द 'पश्चात्ताप' में 'श्च' जैसा होता है।

ц का उच्चारण शब्द 'वत्स' में 'त्स' जैसा होता है।

ч का उच्चारण 'चन्द्रमा' में 'च' जैसा होता है।

घोष तथा अघोष व्यंजन

समस्त रूसी व्यंजन घोष तथा अघोष व्यंजनों में विभाजित हैं। घोष ध्वनियाँ कंठनली को कँपाने से होती हैं। अघोष व्यंजन प्राय: बिना किसी कंठस्वर के उच्चारित होते हैं।

अधिकांश रूसी घोष व्यंजनों के अनुरूप अपने-अपने अघोष व्यंजन होते हैं :

घोष	б	в	г	д	-	ж	-	-	з	-	л	м	н	р	й
अघोष	п	ф	к	т	х	ш	ч	щ	с	ц	-	-	-	-	-

घोष व्यंजनों л м н р й के अनुरूप कोई अघोष व्यंजन नहीं है और अघोष х, ч, щ, ц के अनुरूप कोई घोष व्यंजन नहीं हैं।

व्यंजनों का अघोषीकरण

शब्दों के अन्त में आनेवाले सभी रूसी व्यंजनों का उच्चारण क्षीण होता है। इसके फलस्वरूप अन्तिम घोष व्यंजनों (б, в, г, д, ж, з) की प्रवृत्ति अपने अनुरूप अघोष उच्चारण (п, ф, к, т, ш, с) धारण करने की होती है जैसे :—

б—п	хлеб	(रोटी)
в—ф	Ивано́в	(इवानोफ़-नाम)
г—к	друг	(मित्र)
д—т	сад	(बाग़)
ж—ш	нож	(चाक़ू)
з—с	моро́з	(तुषार)

अघोषीकरण इस बात के विचार के बिना हो सकता है कि अन्त में कोमल व्यंजन है या कठोर : "любо́вь" (प्रेम) इस शब्द में अन्तिम вь का उच्चारण фь जैसा होता है।

यदि कोई घोष व्यंजन किसी अघोष व्यंजन के पहले आता है तो अघोषीकरण शब्द के आरम्भ या बीच में भी हो सकता है। उदाहरण के लिए, "всю́ду" (सर्वत्र) यहाँ आद्यक्षर 'в' का उच्चारण ф की तरह होता है क्योंकि वह अघोष व्यंजन 'с' से पहले आया है।

शब्द 'ло́дка' (नाव) में व्यंजन 'д' का उच्चारण भी 'т' की तरह होता है (ло́тка) क्योंकि वह अघोष к के पहले आया है।

ध्वनि-परिवर्तन

शब्द-रचना और शब्द-परिवर्तन में कई एक ध्वनियों के मूल तथा बाद में आनेवाले उपसर्ग भी बदल जाते हैं। इनमें से कतिपय प्रमुख निम्नलिखित हैं :—

व्यंजन

к — ч : जैसे рука́—ру́чка, гро́мко—гро́мче.
г — ж : जैसे могу́—мо́жешь, сапо́ги—сапо́жник.
х — ш : जैसे поте́ха—по́тешный, у́хо—у́ши.

ц—ч : जैसे столи́ца—столи́чный.

т—ч : जैसे свети́ть—свечу́, ответи́ть—отвеча́ть.

д—ж : जैसे води́ть—вожу́, ле́бедь—лебя́жий.

с—ш : जैसे носи́ть—ношу́, посла́ть—пошлю́.

з—ж : जैसे вози́ть—вожу́, низóк—ни́же.

ск—щ : जैसे иска́ть—ищу́, доска́—доще́чка.

ст—щ : जैसे свисте́ть—свищу́, густóй—гу́ще.

б—бл : जैसे люби́ть—люблю́.

п—пл : जैसे купи́ть—куплю́.

в—вл : जैसे лови́ть—ловлю́.

м—мл : जैसे корми́ть—кормлю́.

ф—фл : जसे разграфи́ть—разграфлю́.

д और т—с (т से पूर्व) : जैसे веду́—вести́, плету́—плести́.

स्वर

е — о : जैसे везу́—вóзит, несу́—нóсит.

е — ё : जैसे теку́—тёк, несу́—нёс.

о — а : जैसे разбрóсить—разбра́сывать, заморóзить—замора́живать.

е — и — ध्वनि का लोप : जैसे запере́ть—запира́ть—запру́, соберу́—собира́ть—собра́ть.

о — ы — у — ध्वनि का लोप जैसे : посóл—посыла́ть—посла́ть, зов—созыва́ть—звать.

г, к, х, ж, ч, ш, щ के बाद ы, я, ю क्रमश: и, а, у में बदल जाते हैं ।

к, п, т, ф, х, ц, ч, щ से पहले воз, из, низ, раз, без, че́рез में з का с हो जाता है ।

चलायमान e और o

कुछ अवस्थाओं में 'e' और 'o' की ध्वनि लुप्त हो जाती है, जैसे :

сон—сна ; день—дня ;

молоде́ц—молодца́ ;

кусóк—куска́ ; окнó—окóн ;

स्वराघात

रूसी शब्दों के उच्चारण में इस बात का बहुत महत्त्व होता है कि शब्द के किस अंश (सिलेबल) पर ज़ोर दिया जाये अर्थात् आवाज़ के ज़ोर से शब्द के किस अंश को उभारा जाये। रूसी भाषा में शब्द के किसी एक भाग पर ज़ोर बहुत स्पष्ट होता है। यह शब्द के उस अंश के अन्तिम स्वर पर (') चिह्न लगाकर इंगित किया जाता है जिस पर ज़ोर दिया जाना होता है। कुछ शब्दों में ज़ोर पहले अंश पर दिया जाता है (ро́за, ла́мпа) और कुछ शब्दों में आखिरी अंश पर ज़ोर दिया जाता है (страна́, футбо́л) या शब्द के बीच वाले अंश पर (рабо́та)।

शब्दकोष और पाठ्य पुस्तकों में बहुधा प्रत्येक शब्द में स्वराघात (ज़ोर देने का स्थान) इंगित किया जाता है। एक अंश (सिलेबल) वाले शब्दों में बहुधा यह इंगित नहीं किया जाता कि जोर शब्द के किस स्थान पर दिया जाये।

शब्द के अलग-अलग अंश पर ज़ोर देने से शब्द का अर्थ बदल सकता है। जैसे за́мок (महल) और замо́к (ताला); сбежа́ть (नीचे को भागना), сбе́гать (भाग कर कहीं पहुँचना और वापिस लौट आना)।

शब्दांशों की ये श्रेणियाँ होती हैं: जिन पर ज़ोर न दिया जाये, ज़ोर दिये गये अंश से पहलेवाला अंश और ज़ोर दिये गये अंश से बाद का अंश। इस प्रकार शब्द бума́га (कागज़) में पहला अंश ज़ोर दिये गये अंश से पहले आता है, दूसरे अंश पर जोर दिया जाता है और तीसरा अंश ज़ोर दिये गये अंश के बाद आता है।

जिन स्वरों पर ज़ोर नहीं दिया जाता वे भी ज़ोर दिये गये स्वरों की अपेक्षा कमज़ोर होते हैं
क्योंकि उनके उच्चारण में कम समय लगता है। उनमें से कुछ का गुण भी बदल जाता है। स्वर о की
और विशेष ध्यान देना चाहिए; इस स्वर पर जब ज़ोर नहीं दिया जाता तब इसका गुण बदल जाता है।
उदाहरण के तौर पर यदि अक्षर о शब्द के ज़ोर दिये गये अंश से पहलेवाले अंश में आये तो उसका
उच्चारण हल्के 'आ' की तरह होता है जैसे она́, окно́, Москва́, вода́।

संज्ञा

लिंग

संस्कृत की भाँति रूसी भाषा में भी तीन लिंग होते हैं: पुंलिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग।

(१) पुंलिंग संज्ञाओं की पहचान:

इनके अन्त में

(क) व्यंजन होता है, जैसे сто́л (मेज़), бог (ईश्वर) इत्यादि;

(ख) ь (कोमल चिह्न) होता है, जैसे ого́нь (अग्नि), конь (घोड़ा) आदि;

(ग) й होता है, जैसे бой (युद्ध), чай (चाय) आदि।

(२) स्त्रीलिंग संज्ञाओं की पहचान :

इनके अन्त में

(क) а होता है, जैसे газéта (समाचार-पत्र), кóмната (कमरा) आदि। अपवाद : ю́ноша (युवक), слугá (नौकर) : ये पुंलिंग हैं।

(ख) я होता है, जैसे земля́ (भूमि), пуля́ (गोली) आदि। अपवाद : дя́дя (चाचा), судья́ (मध्यस्थ) : ये पुंलिंग हैं।

(ग) ь होता है, जैसे дверь (द्वार), соль (नमक) आदि।

(३) नपुंसकलिंग संज्ञाओं की पहचान :

इनके अन्त में

(क) о होता है, जैसे окнó (खिड़की), нéбо (आकाश) ;

(ख) е होता है जैसे полé (खेत), имéние (सम्पत्ति) ;

(ग) мя अथवा я होता है जैसे врéмя (समय), дитя́ (बच्चा)।

वचन

रूसी भाषा में दो वचन हैं, एकवचन और बहुवचन।

संज्ञा के सामान्य रूप का बहुवचन बनाने की विधि :

लिंग		एकव		बहुवचन	
		अन्तिम अक्षर	उदाहरण	अन्तिम अक्षर	उदाहरण
(क) पुंलिंग	(i)	व्यंजन	стол	ы	столы́
	(ii)	ь	гость	и	гóсти
	(iii)	й	бой	и	бой
(ख) स्त्रीलिंग	(i)	а	кóмната	ы	кóмнаты
	(ii)	я	земля́	и	зéмли
	(iii)	ь	степь	и	стéпи
(ग) नपुंसकलिंग	(i)	о	окнó	а	óкна
	(ii)	е	пóле	я	поля́

नोट : अक्षर г, ж, к, х, ч, ш, щ के पश्चात् ы कभी नहीं आता, इनके पश्चात् सदा и आता है।

(क) (i) के कुछ अपवाद :

(१) व्यंजन में अन्त होनेवाली बहुत से ऐसी पुलिंग संज्ञाएँ हैं जिनका बहुवचन में 'ы' अथवा 'и' में अन्त न होकर 'á' में होता है जैसे :

एकवचन	बहुवचन
рукáв (आस्तीन)	рукавá

एकवचन	बहुवचन
бéрег (तट)	берегá
глаз (नेत्र)	глазá
рог (सींग)	рогá
горóд (नगर)	городá
лес (वन)	лесá
гóлос (आवाज़)	голосá
дом (घर)	домá
дóктор (डाक्टर)	докторá

(२) कुछ ऐसी पुंलिंग संज्ञाएँ हैं जिनके बहुवचन रूप बनाने के लिए उनके अन्त में ья जोड़ दिया जाता है, जैसे

एकवचन	बहुवचन
брат (भ्राता)	брáтья
муж (पति)	мужья́
зять (जामाता, जीजा)	зятья́

(३) сын का बहुवचन сыновья́ है ।

(४) сосéд का बहुवचन сосéди है ।

(५) 'ин' में अन्त होनेवाली संज्ञाओं का बहुवचन रूप बनाने के लिए 'ин' का लोप करके अन्त में е और कभी-कभी ы जोड़ दिया जाता है, जैसे :

граждани́н (नागरिक) से грáждане
татáрин (तातार) से татáры (татáре)

(६) друг का बहुवचन друзья́ है ।

(ख) (iii) का अपवाद :

एकवचन	बहुवचन
дочь (बेटी)	дóчери
мать (माता)	мáтери

(ग) (i) का अपवाद :

एकवचन	बहुवचन
óко (नेत्र)	óчи
ýхо (कान)	ýши
колéно (१. जाति)	колéна
(२. घुटना)	колéни
(३. जोड़)	колéнья
дéрево (पेड़)	дерéвья
перó (कलम)	пéрья

एकवचन	बहुवचन
крылó (पंख)	кры́лья
нéбо (आकाश)	небесá
чýдо (अजूबा)	чудесá

мя और я में अन्त होनेवाली नपुंसकलिंग संज्ञाओं का बहुवचन अनियमित होता है, जैसे :

एकवचन	बहुवचन
врéмя (समय)	временá
дитя́ (बच्चा)	дéти

कुछ संज्ञाएँ जो केवल एक वचन में ही प्रयुक्त होती हैं :

картóфель (पुं०) (आलू)
капýста (स्त्री०) (बन्द गोभी)
моркóвь (स्त्री०) (गाजर)
рéпа (स्त्री०) (शलजम)
зóлото (नपुं०) (सोना)
серебрó (नपुं०) (चाँदी)
желéзо (नपुं०) (लोहा)
молокó (नपुं०) (दूध)
мáсло (नपुं०) (तेल)
соль (स्त्री० (नमक)
пéрец (पुं०) (काली मिर्च)
рожь (स्त्री०) (राई)
пшени́ца (स्त्री०) (गेहूँ)
ячмéнь (पुं०) (जौ)
горóх (पुं०) (मटर)

कुछ संज्ञाएँ जो केवल बहुवचन में ही प्रयुक्त होती हैं :

पुंलिंग

близнец-ы́ (óв) (जुड़वें)
вес-ы́ (óв) (बट्टे)
дух-и́ (óв) (इत्र)
коньк-и́ (óв) (स्केट)
носк-и́ (óв) (जुराबें)
обó-и (ев) (दीवार पर चिपकाने का काग़ज़)
час-ы́ (óв) (घड़ी)
штан-ы́ (óв) (पतलून)
щипц-ы́ (óв) (सँड़ासी)

स्त्रीलिंग

брю́ки (брюк) (पतलून)
де́ньги (де́нег) (धन)
имени́ны (имени́н) (नाम-दिवस)
кани́кулы (кани́кул) (छुट्टियाँ)
но́жницы (но́жниц) (कैंची)
сли́вки (сли́вок) (मलाई)
су́тки (су́ток) (दिन-रात)
इत्यादि, इत्यादि

नपुंसकलिंग

воро́та (воро́т) (दरवाज़ा)
дрова́ (дров) (जलाने की लकड़ी)
пери́ла (пери́л) (जंगला)
черни́ла (черни́л) (स्याही)
очки́ (очко́в) (ऐनक)

उभयलिंग

бродя́га (आवारा)
бедня́га (बेचारा/बेचारी, ग़रीब)
заи́ка (हकला/हकली)
левша́ (बायें हाथ से काम करनेवाला/वाली)
обжо́ра (पेटू)
сирота́ (अनाथ)
इत्यादि, इत्यादि

इनके रूप स्त्रीलिंग संज्ञाओं की भाँति होते हैं

कारक

रूसी भाषा में संज्ञाओं का रूप वाक्य में उनके व्यापार के अनुसार बदलता है। इस रूप को कारक कहते हैं।

रूसी भाषा में छह कारक हैं। कारकों के अनुसार संज्ञा में आनेवाले परिवर्तन को संज्ञा का रूप कहते हैं।

कारकों के नाम निम्न प्रकार हैं :

(१) Имени́тельный паде́ж कर्त्ता कारक
(२) Роди́тельный ,, सम्बन्ध ,,

(३)	Дáтельный	падéж	सम्प्रदान कारक
(४)	Винúтельный	,,	कर्म ,,
(५)	Творúтельный	,,	करण ,,
(६)	Предлóжный	,,	अधिकरण ,,

प्रत्येक कारक एक निश्चित जिज्ञासा या प्रश्न का उत्तर देता है। विभिन्न कारकों के साथ मेल खानेवाले मुख्य प्रश्न निम्नलिखित हैं :

(१)	कर्ता	Кто ?	Что ?	कौन ? किसने ?
(२)	सम्बन्ध	Когó ?	Чегó	किसका ? किस वस्तु का ?
		Чей ?		,,
(३)	सम्प्रदान	Комý ?	Чемý ?	किसे ? किसको ?
(४)	कर्म	Когó ?	Что ?	किसे ? क्या (वस्तु) ?
(५)	करण	Кем ?	Чем ?	किसके द्वारा ? किस चीज़ से ?
(६)	अधिकरण	О ком ?	О чём ?	किस व्यक्ति/वस्तु के बारे में ?
		В ком ?	В чём ?	किस व्यक्ति में ? किस चीज़ में ?

संज्ञाओं के कारक-रूप बनाने की विधि

पुंलिग संज्ञाएं

व्यंजन में अन्त होनेवाली संज्ञाओं के कारक-रूप (हाइफ़न चिह्न के पश्चात कारक-रूपों के अवसान हैं)।

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	стол	стол-ы́
सम्बन्ध	стол-á	стол-óв
सम्प्रदान	стол-ý	стол-áм
कर्म	стол	стол-ы́
करण	стол-óм	стол-áми
अधिकरण	стол-é	стол-áх

ь (कोमल चिह्न) में अन्त होनेवाली पुंलिग संज्ञाओं के कारक-रूप।

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	кон-ь	кóн-и
सम्बन्ध	кон-я́	кон-éй
सम्प्रदान	кон-ю́	кон-я́м
कर्म	кон-я́	кон-éй
करण	кон-ём	кон-я́ми
अधिकरण	кон-é	кон-я́х

й में अन्त होनेवाली पुंलिंग संज्ञाओं के कारक-रूप :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	сара́-й	сара́-и
सम्बन्ध	сара́-я	сара́-ев
सम्प्रदान	сара́-ю	сара́-ям
कर्म	сара́-й	сара́-и
करण	сара́-ем	сара́-ями
अधिकरण	сара́-е	сара́-ях

नोट : १. जड़ संज्ञाओं के कर्मकारक-रूप (एकवचन और बहुवचन) कर्ताकारक-रूप जैसे ही होते हैं, जैसे :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	стол	столы́
कर्म	стол	столы́

नोट : २. चेतन संज्ञाओं के कर्मकारक-रूप उसके सम्बन्धकारक-रूप जैसे होते हैं, जैसे :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	конь	ко́н-и
कर्म	кон-я́	кон-е́й

परन्तु नकारात्मक-रूप में जड़ संज्ञा का कर्मकारक-रूप भी उसके सम्बन्धकारक-रूप जैसा होता है जैसे :

я не купи́л стол-а́

(मैने मेज़ नहीं खरीदी)

नोट : ३. अधिकरणकारक से पहले हमेशा о (या об) (-के बारे में), в (में) आदि शब्द जोड़ दिये जाते हैं, जैसे :

мы говори́ли об уро́ке

(हमने पाठ के बारे में बात की)

бума́га лежи́т в карма́не

(कागज़ जेब में पड़ा है)

नोट : ४. कारकों के अन्य रूपों से पहले भी ऐसे शब्द जोड़े जाते हैं और नहीं भी। करणकारक से पहले "के साथ" के अर्थ मे 'с' का प्रयोग किया जाता है, जैसे :

я говори́л с бра́том

(मैंने भाई से बात की)

вот стака́н с водо́й

(यह रहा पानी का गिलास)

'कुछ मात्रा' इंगित करने के लिए कई एक पुंलिंग संज्ञाओं का सम्बन्धकारक (एकवचन) у अथवा ю लगाकर बनाया जाता है।

कुछ (मात्रा में) चाय	чáю	(чáя के स्थान पर).
कुछ (मात्रा में) खाँड	сáхару	(сáхара ,,)
कुछ (मात्रा में) तम्बाकू	табакý	(табакá ,,)
कुछ (मात्रा में) बादाम	миндалю́	(миндаля́ ,,)

निम्नलिखित अभिव्यक्तियों में भी पुंलिंग संज्ञाओं के सम्बन्धकारक (एकवचन) में у लगता है।

мнóго нарóду	(बहुत लोग)
без тóлку	(व्यर्थ)
с вéрху	(ऊपर से)
с ни́зу	(नीचे से)

(сни́зу, свéрху क्रिया-विशेषण इसी प्रकार से बने हैं)

निम्नलिखित अभिव्यक्तियों में अधिकरणकारक-रूप में उनके पूर्व в और на होने पर 'е' के स्थान पर ý अथवा ю́ लगता है।

в лесý	(जंगल में)
в годý	(वर्ष में)
в садý	(बाग में)
в снегý	(बर्फ़ में)
в бою́	(युद्ध में)
в раю́	(स्वर्ग में)
на полý	(फर्श पर)
на льдý	(बर्फ़ पर)
на берегý	(तट पर)

परन्तु 'о' के साथ अधिकरणकारक का अवसान е ही रहता है।

о лéсе	(जंगल के बारे में)
о гóде	(वर्ष के बारे में)

कुछ पुंलिंग संज्ञाओं के बहुवचन कारक-रूप -ья लगाकर निम्नप्रकार से बनाये जाते हैं :

बहुवचन					
कर्त्ता	брáт-ья	камéн-ья	стýл-ья	ýгол-ья	ли́ст-ья
सम्बन्ध	брáт-ьев	камéн-ьев	стýл-ьев	ýгол-ьев	ли́ст-ьев
सम्प्रदान	брáт-ьям	камéн-ьям	стýл-ьям	ýгол-ьям	ли́ст-ьям
कर्म	सम्बन्ध कारक के रूप की ही भाँति				
करण	брáт-ьями	камéн-ьями	стýл-ьями	ýгол-ьями	ли́ст-ьями
अधिकरण	брáт-ьях	камéн-ьях	стýл-ьях	ýгол-ьях	ли́ст-ьях

बहुवचन सम्बन्धकारक के रूप के अलावा друг, князь, муж, зять के दूसरे कारकों के बहुवचन रूप भी ऊपर की भाँति बनते हैं। इनके बहुवचन सम्बन्धकारक के रूप निम्न प्रकार हैं :

कर्ता (बहुवचन)	सम्बन्ध (बहुवचन)
друз-ья́	друз-е́й
княз-ья́	княз-е́й
муж-ья́	муж-е́й
зят-ья́	зят-е́й

сосе́д (पड़ौसी), और чорт (чёрт) (शैतान) के कारक-रूप एकवचन में तो कठोर व्यंजनों में अन्त होनेवाली संज्ञाओं की भाँति, परन्तु बहुवचन में कोमल व्यंजनों में अन्त होनेवाली संज्ञाओं की भाँति होते हैं, जैसे :

बहुवचन	कर्ता	сосе́д-и	че́рт-и
	सम्बन्ध	сосе́д-ей	черт-е́й
	सम्प्रदान	сосе́д-ям	черт-я́м
	कर्म	сосе́д-ей	черт-е́й
	करण	сосе́д-ями	черт-я́ми
	अधिकरण	сесе́д-ях	черт-я́х

-ин में अन्त होनेवाली जातिसूचक संज्ञाओं में बहुवचन कारकों के सब रूपों में -ин का लोप हो जाता है और कर्ता बहुवचन में 'е' और 'а' जोड़ दिया जाता है, जैसे :

	बहुवचन	
	कर्ता	सम्बन्ध
англича́н-ин	англича́н-е	англича́н
господ-и́н	господ-а́	госпо́д

स्त्रीलिंग संज्ञाएँ

'а' में अन्त होने वाली स्त्रीलिंग संज्ञाओं के रूप :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	же́нщин-а	же́нщин-ы
सम्बन्ध	же́нщин-ы	же́нщин
सम्प्रदान	же́нщин-е	же́нщин-ам
कर्म	же́нщин-у	же́нщин
करण	же́нщин-ой	же́нщин-ами
अधिकरण	же́нщин-е	же́нщин-ах

नोट : १. करणकारक में ж, ч, ш, щ, और ц के बाद शब्द के अन्त में 'ой' की बजाय 'ей' आता है और इस पर ज़ोर नहीं दिया जाता जैसे— у́лица से у́лицей, туча́ से ту́чей.

नोट : २. कभी-कभी करणकारक में, विशेष रूप से कविता में, 'ой' और 'ей' की बजाय 'ою', 'ею' प्रयुक्त होता है।

नोट : ३. उन पुंलिग संज्ञाओं के कारक भी जिनके अन्त में 'а' आता है (जैसे мужчи́на) स्त्रीलिंग संज्ञा (же́нщина) के कारक-रूपों जैसे ही होते हैं।

नोट : ४. जैसा कि पहले बताया जा चुका है 'в' का प्रयोग अधिकरणकारक में विषयवस्तु की स्थिति को इंगित करने के लिए किया जाता है। (в столе́, в до́ме, в ко́мнате)। शब्द से पहले 'в' का प्रयोग कर्मकारक के साथ भी किया जाता है, जब वह क्रिया की दिशा या गति को इंगित करता है और प्रश्न куда́ ? (कहाँ को ?) का उत्तर देता है; जैसे в шко́ле (где ?) (अधिकरण) स्कूल में ? ; в шко́лу (куда́ ?) (कर्म) स्कूल को।

'я' में अन्त होने वाली स्त्रीलिंग संज्ञाओ के रूप :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	ня́н-я	ня́н-и
सम्बन्ध	ня́н-и	ня́н-ь
सम्प्रदान	ня́н-е	ня́н-ям
कर्म	ня́н-ю	нян-ь
करण	ня́н-ей	ня́н-ями
अधिकरण	ня́н-е	ня́нях

नोट : इस प्रकार की बहुवचन संज्ञाओं के सम्बन्धकारक में कोई कारक-चिह्न नहीं होता (उनके अन्त में 'ь' आता है जो कारक-चिह्न नहीं है)। यदि मूल शब्द के अन्तिम दो अक्षर व्यंजन हों तो बीच में अक्षर 'е' डाल दिया जाता है, जैसे зе́мли— земе́ль, дере́вни— деревéнь.

'ь' में अन्त होनेवाली स्त्रीलिंग संज्ञाओं के कारक-रूप निम्नलिखित होते है :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	при́стан-ь	при́стан-и
सम्बन्ध	при́стан-и	при́стан-ей
सम्प्रदान	при́стан-и	при́стан-ям
कर्म	при́стан-ь	при́стан-и
करण	при́стан-ью	при́стан-ями
अधिकरण	при́стан-и	при́стан-ях

दो स्त्रीलिंग संज्ञाओं мать (माता) और дочь (बेटी) के कारक-रूप अनियमित होते हैं और निम्न-प्रकार से बनाये जाते हैं :

	एकवचन		बहुवचन	
कर्त्ता	доч-ь	мат-ь	до́ч-ери	ма́т-ери
सम्बन्ध	до́ч-ери	ма́т-ери	доч-ере́й	мат-ере́й
सम्प्रदान	до́ч-ери	ма́т-ери	доч-еря́м	мат-еря́м

	एकवचन		बहुवचन	
कर्म	доч-ь	мат-ь	доч-ере́й	мат-ере́й
करण	до́ч-ерью	ма́т-ерью	доч-ерьми́ (доч-еря́ми)	ма́т-ерьми (мат-еря́ми)
अधिकरण	до́ч-ери	ма́т-ери	доч-еря́х	мат-еря́х

नपुंसकलिंग संज्ञाएं

'o' में अन्त होनेवाली संज्ञाओं के रूप निम्न प्रकार से बनाये जाते हैं ;

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	де́ло	дел-а́
सम्बन्ध	де́л-а	дел
सम्प्रदान	де́л-у	дел-а́м
कर्म	де́л-о	дел-а́
करण	де́л-ом	дел-а́ми
अधिकरण	де́л-е	дел-а́х

नोट :—यदि बहुवचन सम्बन्धकारक में 'o' से पहले दो व्यंजन आ जायें तो उच्चारण की सुविधा की दृष्टि से उनमें 'o' अथवा 'e' जोड़ दिया जाता है, जैसे :

कर्ता एकवचन	सम्बन्ध बहुवचन
зло (पाप)	зол
дно (तल)	дон
кольцо́ (अँगूठी)	коле́ц
окно́ (खिड़की)	о́кон
кре́сло (आरामकुर्सी)	кре́сел
стекло́ (शीशा)	стёкол
ведро́ (बाल्टी)	вёдер
письмо́ (पत्र)	пи́сем

'e' अथवा 'ё' में अन्त होनेवाली नपुंसक संज्ञाओं के रूप निम्न प्रकार से बनाये जाते हैं :

	एकवचन		बहुवचन	
कर्ता	по́л-е	ружь-ё	пол-я́	ру́жь-я
सम्बन्ध	по́л-я	ружь-я́	пол-е́й	ру́же-й
सम्प्रदान	по́л-ю	ружь-ю́	пол-я́м	ру́жь-ям
कर्म	по́л-е	ружь-ё	пол-я́	ру́жь-я
करण	по́л-ем	ружь-ём	пол-я́ми	ру́жь-ями
अधिकरण	по́л-е	ружь-е́	пол-я́х	ру́жь-ях

नोट : १. 'ие' में अन्त होनेवाली भाववाचक नपुंसकलिंग संज्ञाओं के अधिकरणकारक-रूप एकवचन में 'ие' के स्थान पर -ии और सम्बन्धकारक बहुवचन में -ий जोड़ दिया जाता है, जैसे :

	अधिकरण एकवचन	सम्बन्ध बहुवचन
имéн-ие (जागीर)	имéн-ии	имéн-ий
желáн-ие (इच्छा)	желáн-ии	желáн-ий

नोट : २ 'ье' में अन्त होनेवाली संज्ञाओं के साथ सम्बन्धकारक बहुवचन में 'ье' के स्थान पर -ьев जोड़ दिया जाता है, जैसे :

	सम्बन्धकारक (बहुवचन)
плáт-ье (कपड़े)	плáт-ьев

нéбо (आकाश) और чýдо (अजूबा) के बहुवचन कारक-रूप 'ес' लगाकर बनाये जाते हैं, जैसे :

	एकवचन		बहुवचन	
कर्ता	нéб-о	чýд-о	неб-есá	чуд-есá
सम्बन्ध	нéб-а	чýд-а	неб-éс	чуд-éс
सम्प्रदान	нéб-у	чýд-у	неб-есáм	чуд-есáм
कर्म	нéб-о	чýд-о	неб-есá	чуд-есá
करण	нéб-ом	чýд-ом	неб-есáми	чуд-есáми
अधिकरण	нéб-е	чýд-е	неб-есáх	чуд-есáх

'мя' में अन्त होनेवाली नपुंसकलिंग संज्ञाओं और дитя́ के कारक-रूप अनियमित होते हैं, जैसे :

	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	дитя́	дéт-и	врéм-я	врем-енá
सम्बन्ध	дитя́-ти	дет-éй	врéм-ени	врем-ён
सम्प्रदान	дитя́-ти	дéт-ям	врéм-ени	врем-енáм
कर्म	дитя́	дет-éй	врéм-я	врем-енá
करण	дитя́-тею (дитёй)	дет-ьми́ (дéт-ями)	врéм-енем	врем-енáми
अधिकरण	дитя́-ти	дéт-ях	врéм-ени	врем-енáх

брéмя (बोझ) (केवल एकवचन में ही प्रयुक्त), плéмя (जाति), сéмя (बीज), стрéмя (एड़), знáмя (पताका), плáмя (ज्वाला) (केवल एकवचन में ही प्रयुक्त), и́мя (नाम), вы́мя (थन) आदि के कारक-रूप भी врéмя की भाँति ही बनाये जाते हैं ।

अल्पवाचक या ऊनवाचक शब्द

लगभग सारी रूसी संज्ञाओं और कई विशेषणों का अल्पवाचक रूप होता है । अल्पवाचक शब्द निम्न अर्थों को व्यक्त करते हैं :

(१) केवल अल्पवाचक अर्थ, जैसे дом (घर) से до́мик (छोटा घर),

(२) 'प्रिय' होने का अर्थ, जैसे го́лос (आवाज़) से голосо́чек (नन्हीं प्यारी आवाज),

(३) घृणा सूचित करने के लिए, जैसे голоси́шко भद्दी आवाज़।

अल्पवाचक शब्द बनाने की विधि :

(१) केवल अल्पवाचक अर्थ सूचित करने के लिए :

पुंलिंग संज्ञाओं के बाद -ик, -ок, -ек, -ец जोड़कर, जैसे

дом (घर)	до́мик (छोटा घर)
го́лос (आवाज़)	голосо́к (छोटी आवाज़)
ого́нь (अग्नि)	огонёк (छोटी आग)
хлеб (रोटी)	хле́бец (छोटी रोटी)

नपुंसकलिंग संज्ञाओं के पश्चात् -ко, -цо जोड़कर, जैसे

окно́ (खिड़की)	око́шко (छोटी खिड़की)
письмо́ (पत्र)	письмецо́ (छोटा पत्र)

स्त्रीलिंग संज्ञाओं के बाद -ка जोड़कर, जैसे

нога́ (टाँग)	но́жка (छोटी टाँग)
кни́га (पुस्तक)	кни́жка (छोटी पुस्तक)

(२) 'प्रिय' होने का अर्थ सूचित करने के लिए :

पुंलिंग संज्ञाओं के बाद -ичек, -очек जोड़कर, जैसे

нож (चाक़ू)	но́жичек (नन्हां प्यारा चाक़ू)
го́лос (आवाज़)	голосо́чек (नन्हीं प्यारी आवाज़)

स्त्रीलिंग संज्ञाओं के बाद -ичка, -очка, -ечка, -енька, -ушка, -юшка जोड़कर, जैसे

сетра́ (बहन)	сестри́чка (नन्हीं प्यारी बहन)
ма́ма (माँ)	ма́менька (प्यारी अम्मा)
тётя (चाची)	тётушка (प्यारी चाची)
ло́жка (चमचा)	ло́жечка (छोटा-सा चमचा)
дед (दादा)	де́душка (प्यारा दादा)
дя́дя (चाचा)	дя́дюшка (प्यारा चाचा)

नपुंसकलिंग संज्ञाओं के बाद -ечко, -ышко जोड़कर, जैसे

кольцо́ (अँगूठी)	коле́чко (नन्हीं अँगूठी)
перо́ (पंख)	пёрышко (नन्हां पंख)

(३) घृणा सूचित करने के लिए :

पुंलिंग संज्ञाओं के बाद -ишка, -ишко जोड़कर, जैसे

мальчи́шка	(छोटा)	(शरारती लड़का)
городи́шко	(छोटा)	(मामूली शहर)

स्त्रीलिंग संज्ञाओं के बाद -ёнка, -онка जोड़कर, जैसे

коро́ва (गाय)	коровёнка (भद्दी गाय)
ла́вка (दुकान)	лавчо́нка (भद्दी दुकान)

नपुंसकलिंग संज्ञाओं के बाद -ишко जोड़कर, जैसे

де́ло (काम)	дели́шко (मामूली काम)

(४) अल्पत्ववाचक विशेषणों के अवसान -ова́тый, -ева́тый, -онький, -енький हैं, जैसे

бе́лый (सफ़ेद)	белова́тый (सफ़ेद सा)
	бе́ленький (सफ़ेद छोटा...)
си́ний (नीला)	синева́тый (नीला-सा)
	си́ненький (नीला छोटा...)
мя́гкий (नर्म)	мягкова́тый (नर्म-सा)
	мя́конький (नर्म छोटा...)।

विशेषण

रूसी विशेषण लिंग और वचन के अनुसार बदलते हैं। उनका लिंग और वचन उन संज्ञाओं के अनुकूल होता है जिनके साथ वे प्रयुक्त किये जाते हैं :

до́брый оте́ц	(भला बाप)
до́брая мать	(भली माँ)
до́брое дитя́	(भला बच्चा)
до́брые люди	(भले लोग)
си́ний каранда́ш	(नीली पेंन्सिल)
си́няя ле́нта	(नीला फ़ीता)
си́нее не́бо	(नीला आकाश)
си́ние цветы́	(नीले फूल)
большо́й дом	(बड़ा घर)
больша́я ко́мната	(बड़ा कमरा)
большо́е окно́	(बड़ी खिड़की)
больши́е заво́ды	(बड़े कारखाने)

विशेषण दो प्रकार के होते हैं : कठोर और कोमल। ऊपर के उदाहरणों से स्पष्ट है कि विशेषणों के निम्नलिखित अवसान हैं :—

	कठोर			कोमल		
	पुं०	स्त्री०	नपुं०	पुं०	स्त्री०	नपुं०
एकवचन	—ый	—ая	—ое	—ий	—яя	—ее
	—ой	—ая	—ое			
बहुवचन		—ые			—ие	

विशेषणों के संक्षिप्त रूप

विशेषणों के संक्षिप्त रूपों का उनके पूरे रूप से भेद किया जाता है। पुंलिंग में उनके अवसान का लोप हो जाता है, स्त्रीलिंग में अवसान 'a' होता है, नपुंसकलिंग में 'o' और बहुवचन में 'ы' होता है।

	पूरे रूप	संक्षिप्त रूप
पुं०	молодо́й	мо́лод
स्त्री०	молода́я	молода́
नपुं०	молодо́е	мо́лодо
बहु०	молоды́е	мо́лоды

विशेषण के पूरे रूप के अवसान से पहले अगर दो व्यंजन हों तो संक्षिप्त रूप पुंलिंग में व्यंजनों के बीच एक स्वर का समावेश किया जाता है जो प्राय: 'e' (और कभी-कभी 'ë' या 'o') होता है, जसे

	पूरे रूप	संक्षिप्त रूप
पुं०	я́сный	я́сен
स्त्री०	я́сная	ясна́
नपुं०	я́сное	я́сно
बहु०	я́сные	я́сны

नोट : १. विशेषणों का संक्षिप्त रूप बहुधा संज्ञा के बाद आता है। अस्तु, उसका स्थान चाहे कुछ भी हो पर वाक्य में वह हमेशा विधेय के रूप में ही आता है, जैसे :

не́бо я́сно	आकाश निर्मल है
я́сно не́бо	निर्मल है आकाश

नोट : २. 'o' में अवसित होनेवाले विशेषण (या क्रिया-विशेषण) के संक्षिप्त रूप द्वारा कर्तृ-निरपेक्ष वाक्य का निर्देश किया जा सकता है :

хорошо́	यह अच्छा है।
ему́ хорошо́	उसके लिए अच्छा है।

विशेषणों के कारक-रूप

विशेषणों के कारक-रूप निम्न प्रकार से बनाये जाते हैं।

कठोर	एकवचन			बहुवचन
	पुं०	स्त्री०	नपुं०	सभी लिंगों में।
कर्ता	бе́л-ый	бе́л-ая	бе́л-ое	бе́л-ые
सम्बन्ध	бе́л-ого	бе́л-ой	бе́л-ого	бе́л-ых
सम्प्रदान	бе́л-ому	бе́л-ой	бе́л-ому	бе́л-ым
कर्म	бе́л-ый (जड़) бе́л-ого (चेतन)	бе́л-ую	бе́л-ое	бе́л-ые (जड़) бе́л-ых (चेतन)

	एकवचन			बहुवचन
	पुं०	स्त्री०	नपुं०	सभी लिंगों में।
करण	бéл-ым	бéл-ою бéл-ой	бéл-ым	бéл-ыми
अधिकरण	бéл-ом	бéл-ой	бéл-ом	бéл-ых
कोमल				
कर्ता	сúн-ий	сúн-яя	сúн-ее	сúн-ие
सम्बन्ध	сúн-его	сúн-ей	сúн-его	сúн-их
सम्प्रदान	сúн-ему	сúн-ей	сúн-ему	сúн-им
कर्म	сúн-ий (जड़) сúн-его (चेतन)	сúн-ей	сúн-ее	сúн-ие (जड़) сúн-их (चेतन)
करण	сúн-им	сúн-ею сúн-ей	сúн-им	сúн-ими
अधिकरण	сúн-ем	сúн-ей	сúн-ем	сúн-их

विशेषणों के तर-प्रत्ययान्त और तम-प्रत्ययान्त रूप

सहायक शब्द द्वारा

विशेषणों के तर-प्रत्ययान्त रूप бóлее या мéнее शब्दों की सहायता से बनाये जाते हैं, जैसे бóлее красúвый (सुन्दरतर, अधिक सुन्दर), мéнее ширóкий (कम चौड़ा, इतना चौड़ा नहीं जितना...)। इसमें विशेषण के कारक-रूप तो संज्ञा के कारक-रूप के अनुसार बदलते रहते हैं, परन्तु бóлее या мéнее शब्दों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, जैसे я вúдел бóлее красúвую дерéвню मैंने सुन्दरतर गाँव देखा।

विशेषणों का तम-प्रत्ययान्त रूप сáмый सर्वनाम की सहायता से बनाया जाता है, जैसे сáмый прекрáсный (सुन्दरतम, सबसे अधिक सुन्दर)। कभी-कभी विशेषण के तर-प्रत्ययान्त रूप से पहले शब्द 'наи-' जोड़ने से भी विशेषण का तम-प्रत्ययान्त रूप बनाया जाता है, जैसे наилýчший सबसे अच्छा, наимéньший सबसे छोटा।

сáмый शब्द के कारक-रूप भी संज्ञा के कारक-रूप के अनुसार बदलते हैं, जैसे я дал емý сáмую спéлую грýшу (मैंने उसे सबसे अधिक पकी हुई नाशपाती दी)।

तर-प्रत्ययान्त और तम-प्रत्ययान्त रूप बनाने के लिए विशेषणों के -ый, -ая -ое अवसानों को हटाकर तर-प्रत्ययान्त के लिए 'ее' (संक्षिप्त रूप के लिए केवल 'е') और तम-प्रत्ययान्त के लिए -éйший, -éйшая, -éйшее, अथवा -áйший, -áйшая, -áйшее जोड़ दिये जाते हैं, जैसे

но́вый से нове́е, нове́йший, нове́йшая, нове́йшее
стро́гий से стро́же, строжа́йший, строжа́йшая, строжа́йшее

विशेषण का तर-प्रत्ययान्त रूप किसी भी लिंग और वचन में नहीं बदलता। इसमें чем संयोजक का प्रयोग किया जाता है, जैसे

э́тот дом краси́вее, чем наш (यह घर हमारे घर से अधिक सुन्दर है)।

э́та кни́га интере́снее, чем на́ша (यह पुस्तक हमारी पुस्तक से अधिक दिलचस्प है)।

э́то зе́ркало нове́е, чем на́ше यह शीशा हमारे शीशे से अधिक नया है)।

чем संयोजक का लोप भी किया जा सकता है, परन्तु उस हालत में तर-प्रत्ययान्त विशेषण के बाद के शब्द का रूप सम्बन्धकारक में प्रयुक्त होता है, जैसे :

э́тот дом краси́вее на́шего
э́та кни́га интере́снее на́шей
э́то зе́ркало нове́е на́шего

तम-प्रत्ययान्त (-ейший अथवा -айший) विशेषणों के कारक-रूप सामान्य विशेषणों की भांति बनाये जाते हैं, जैसे उदाहरण के तौर पर я дал пода́рок добре́йшему ма́льчику (मैंने पुरस्कार सबसे अच्छे लड़के को दिया)।

रूसी भाषा में कुछ विशेषणों के तर-प्रत्ययान्त और तम-प्रत्ययान्त रूप अनियमित ढंग से बनते हैं। इनके रूपों की सूची एक तालिका में दे दी गयी है। (देखिए पृष्ठ ९४६)

संख्याबोधक अंक

ये दो प्रकार के होते है

(क) मुख्य (या बुनयादी), जैसे एक, दो, तीन इत्यादि ;
(ख) क्रमबोधक, जैसे पहला, दूसरा, तीसरा इत्यादि।

मुख्य और क्रमबोधक अंकों की सूची

	मुख्य अंक	क्रमबोधक अंक				
१	оди́н, одна́, одно́	पहला	пе́рв-ый,	-ая,	-ое,	-ые
२	два, две, два	दूसरा	втор-о́й,	-а́я,	-о́е,	-ы́е
३	три	तीसरा	тре́т-ий,	-ья,	-ье,	-ьи
४	четы́ре	चौथा	четвёрт-ый,	-ая,	-ое,	-ые
५	пять	पाँचवाँ	пя́т-ый,	,,	,,	,,
६	шесть	छठा	шест-о́й,	-а́я,	-о́е,	-ы́е
७	семь	सातवाँ	седьм-о́й,	,,	,,	,,

मुख्य अंक		क्रमसूचक अंक				
८	во́семь	आठवाँ	восьм-о́й,	-а́я,	-о́е,	-ы́е,
९	де́вять	नौवाँ	девя́т-ый,	-ая,	-ое,	-ые
१०	де́сять	दसवाँ	деся́т-ый,	"	"	"
११	оди́ннадцать	ग्यारहवाँ	оди́ннадцат-ый,	"	"	"
१२	двена́дцать	बारहवाँ	двена́дцат-ый,	"	"	"
१३	трина́дцать	तेरहवाँ	трина́дцат-ый,	"	"	"
१४	четы́рнадцать	चौदहवाँ	четы́рнадцат-ый,	"	"	"
१५	пятна́дцать	पन्द्रहवाँ	пятна́дцат-ый,	"	"	"
१६	шестна́дцать	सोलहवाँ	шестна́дцат-ый,	"	"	"
१७	семна́дцать	सत्रहवाँ	семна́дцат-ый,	"	"	"
१८	восемна́дцать	अठारहवाँ	восемна́дцат-ый,	"	"	"
१९	девятна́дцать	उन्नीसवाँ	девятна́дцат-ый,	"	"	"
२०	два́дцать	बीसवाँ	двадца́т-ый,	"	"	"
२१	два́дцать оди́н, одна́, одно́	इक्कीसवाँ	два́дцать перв-ый,	"	"	"
३०	три́дцать	तीसवाँ	тридца́т-ый,	"	"	"
४०	со́рок	चालीसवाँ	сороков-о́й,	-а́я,	-о́е,	-ы́е
५०	пятьдеся́т	पचासवाँ	пятидеся́т-ый,	-ая,	-ое,	-ые
६०	шестьдеся́т	साठवाँ	шестидеся́т-ый,	"	"	"
७०	семьдеся́т	सत्तरवाँ	семидеся́т-ый,	"	"	"
८०	во́семьдесят	अस्सीवाँ	восьмидеся́т-ый,	"	"	"
९०	девяно́сто	नब्बेवाँ	девяно́ст-ый,	"	"	"
१००	сто	सौवाँ	со́т-ый,	"	"	"
१०१	сто оди́н, одна́, одно́	एकसौ एकवाँ	сто пе́рв-ый,	-ая,	ое	"
२००	две́сти	दोसौवाँ	двухсо́т-ый,	"	"	"
३००	три́ста	तीनसौवाँ	трёхсо́т-ый,	"	"	"
४००	четы́реста	चारसौवाँ	четырёхсот-ый,	"	"	"
५००	пятьсо́т	पाँचसौवाँ	пятисо́т-ый,	"	"	"
६००	шестьсо́т	छहसौवाँ	шестисо́т-ый,	"	"	"
७००	семьсо́т	सातसौवाँ	семисо́т-ый,	"	"	"
८००	восемьсо́т	आठसौवाँ	восьмисо́т-ый,	"	"	"
९००	девятьсо́т	नौसौवाँ	девятисо́т-ый,	"	"	"
१०००	ты́сяча	हज़ारवाँ	ты́сячн-ый,	"	"	"
२०००	две ты́сячи	दोहज़ारवाँ	двухты́сячн-ый,	"	"	"
५०००	пять ты́сяч	पाँचहज़ारवाँ	пятиты́сячн-ый,	"	"	"
१,००,०००	сто́ ты́сяч	लाखवाँ	стоты́сячн-ый,	"	"	"
१०,००,०००	миллио́н	दसलाखवाँ	миллио́нн-ый,	"	"	"

मुख्य अंक संज्ञा के पहले रखे जाते है। संज्ञा के बाद रखने से इनका अर्थ 'लगभग', का हो जाता, है जैसे дня два लगभग दो दिन, го́да три लगभग तीन वर्ष।

मुख्य अंकों में केवल оди́н के स्त्रीलिंग (одна́), नपुंसकलिंग (одно́) और बहुवचन (одни́) के रूप होते है। इसके कारक-रूप сам, сама́, само́ की भाँति बनाये जाते है।

два, две, о́ба, о́бе, три, четы́ре के बाद की संज्ञा का सम्बन्धकारक (एकवचन) रूप आता है, जैसे два стола́ (दो मेज़ें), три окна́ तीन खिड़कियाँ, четы́ре кни́ги (चार पुस्तकें)। परन्तु पाँच या पाँच से ऊपर के अंकों के बाद संज्ञा का सम्बन्धकारक (बहुवचन) रूप आता है, जैसे пять столо́в (पाँच मेज़ें), шесть о́кон (छह खिड़कियाँ), семь книг (सात पुस्तकें)।

पाँच या पाँच से ऊपर के अंकों के बाद 'человек' शब्द का सम्बन्धकारक (बहुवचन) रूप आता है, जैसे шесть челове́к (छह व्यक्ति), се́мьдесят челове́к (सत्तर व्यक्ति), परन्तु мно́го людей́।

संयुक्त संख्या के बाद जो संज्ञा आती है उसका कारक उससे फ़ौरन पहले आनेवाले अंक पर निर्भर करता है, जैसे

два́дцать оди́н час (इक्कीस घंटे)।
два́дцать два часа́ (बाइस घंटे)।
два́дцать пять часо́в (पच्चीस घंटे)।

संख्याबोधक अंकों के कारक-रूप

मुख्य अंक : मुख्य अंकों के कारक-रूप उनके अवसानों के अनुसार बनते हैं जैसे :

	एकवचन			बहुवचन
	पुं०	नपुं०	स्त्री०	
कर्ता	оди́н	одно́	одна́	одни́
सम्बन्ध	одного́	одного́	одно́й	одни́х
सम्प्रदान	одному́	одному́	одно́й	одни́м
कर्म	оди́н (जड़) одного́ (चेतन)	одно́ (जड़) одного́ (चेतन)	одну́	одни́м (जड़) одни́х (चेतन)
करण	одни́м	одни́м	одно́ю одно́й	одни́ми
अधिकरण	одно́м	одно́м	одно́й	одни́х

	पुं० और नपुं०	स्त्री०		
कर्ता	два	две	три	четы́ре
सम्बन्ध	двух	двух	трёх	четырёх
सम्प्रदान	двум	двум	трём	четырём
कर्म	два (जड़) двух (चेतन)	две (जड़) двух (चेतन)	три (जड़) трёх (चेतन)	четы́ре (जड़) четырёх (चेतन)
करण	двумя́	двумя́	тремя́	четырьмя́
अधिकरण	двух	двух	трёх	четырёх

५ से ३० और ५० से ८० तक 'ь' में अवसित होनेवाले अंकों के रूप 'ь' में अवसित होनेवाली स्त्रीलिंग संज्ञाओं की भाँति बनाये जाते हैं, जैसे

कर्ता	пять	шесть	семь	вóсемь
सम्बन्ध	пятú	шестú	семú	восьмú
सम्प्रदान	пятú	шестú	семú	восьмú
कर्म	пять	шесть	семь	вóсемь
करण	пятью́	шестью́	семью́	восемью́
अधिकरण	пятú	шестú	семú	восьмú

сóрок के कारक-रूप कर्मकारक के अलावा सभी कारकों में 'a' जोड़कर बनाये जाते हैं, जैसे

कर्ता	сóрок
सम्बन्ध	сорокá
सम्प्रदान	сорокá
कर्म	сóрок
करण	сорокá
अधिकरण	сорокá

сто और девянóсто के कारक-रूप कर्मकारक के अलावा सभी कारकों में 'о' को 'a' में बदल दिया जाता है, जैसे

ста	девянóста

२ से ९ तक के अंकों के साथ сто के कारक-रूप नपुंसकलिंग संज्ञा शब्द के बहुवचन (एक शब्द में संयुक्त) के रूप की भाँति बनते हैं, जैसे

कर्ता	двéсти	трúста	пятьсóт
सम्बन्ध	двухсóт	трёхсот	пятисóт
सम्प्रदान	двумстáм	трёмстам	пятистам
कर्म	двéсти	трúста	пятьсóт
करण	двумястáми	тремястáми	пятьюстáми
अधिकरण	двухстáх	трёхстах	пятистáх

óба (पुं० और नपुं०) और óбе (स्त्री०) के कारक-रूप निम्नलिखित हैं :

	पुं० और नपुं०	स्त्री०
कर्ता	óба	óбе
सम्बन्ध	обóих	обéих
सम्प्रदान	обóим	обéим
कर्म	óба (जड़) обóих (चेतन)	óбе (जड़) обéих (चेतन)
करण	обóими	обéими
अधिकरण	обóих	обéих

नोट : १. किसी घटना का वर्ष इंगित करने के लिए केवल अन्तिम अंक के कारक-रूप बनते हैं, जैसे

१९०३ में в ты́сяча девятьсо́т тре́тьем году́

नोट : २. महीनों की तारीख़ के साथ क्रमसूचक संख्याएं नपुंसकलिंग में इस्तेमाल की जाती है क्योंकि संज्ञा 'число́ (तारीख़) जिसकी वे व्याख्या करती है, नपुंसकलिंग होती है। परन्तु आम तौर पर क्रमसूचक संज्ञा के साथ शब्द 'число́' प्रयोग नहीं किया जाता है, जैसे

како́е сего́дня число́ ? (आज कौन-सी तारीख़ है ?)
сего́дня—девя́тое (आज नौ तारीख़ है।)

क्रमबोधक अंकों के कारक-रूप

क्रमबोधक अंको के कारक-रूप विशेषणों की भाँति बनाये जाते हैं।

समूहवाचक अंक

ये हैं дво́е (दोनों), тро́е, (तीनों), че́тверо (चारों), пя́теро (पाँचों), ше́стеро (छहों), се́меро (सातों), во́сьмеро (आठों), де́вятеро (नौओं), де́сятеро (दसों)। इनके कारक-रूप निम्न प्रकार से बनाये जाते हैं :

कर्ता	дво́е	тро́е	че́тверо
